

परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती पट्टाधीशाचार्यश्री

सुविधिसागर जी महाराज

के

50 वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर

सुविधि–परिवार के द्वारा आयोजित

जिनवाणी-महोत्सव

सहस्रग्रन्थसंग्रह

* जन्मदिवस 19–03–1971 * मुनिदीक्षा–11–05–1989 * आचार्यपद– 20–06–2004

पट्टाधीशपद– 24–12–2010 (20–06–2004 को की गई उद्घोषणा के अनुसार)

परम पूज्य आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज के द्वारा की गई उद्घोषणाः–

हमारी समाधि के पश्चात् आपको इस संघ के संचालकपद पर नियुक्त करते हैं।

(अंकलीकर वाणी–जुलाई 2004) (अक्षयज्योति–अक्तूबर 2004)

अपभ्रंश कथाकाव्य एवं हिन्दी प्रेमाख्यानक

लेखक
डॉक्टर प्रेमचन्द जैन

प्रकाशक
सोहनलाल जैनधर्म प्रचारक समिति
अमृतसर (पंजाब)

(परम्परानायक)

परम पूज्य चारित्र-चक्रवर्ती,
आचार्यश्री आदिसागर जी महाराज
(अंकलीकर)

(द्वितीय पट्टाधीश)

परम पूज्य तीर्थभक्त-शिरोमणि,
आचार्यश्री महावीरकीर्ति जी महाराज

(तृतीय पट्टाधीश)

परम पूज्य सिद्धान्त-चक्रवर्ती,
आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज

(चतुर्थ पट्टाधीश)

परम पूज्य तपश्चर्या-चक्रवर्ती, आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

दिगम्बर साधु निरन्तर पगविहार करते रहते हैं। ग्रन्थभण्डार को साथ में रख कर विहार करना अशक्यप्रायः होता है। फलतः उनको ग्रन्थों के सन्दर्भ देखने में असुविधा होती है। उनकी सुविधा के लिये इस कोश का निर्माण किया गया है। इस कोश के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यापारिक हेतु नहीं है।

आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न श्रावकबन्धुओं से निवेदन है कि वे ग्रन्थ का विक्रय कर अध्ययन करने की परम्परा को कायम रखें।

मुखपृष्ठ पर हमने ग्रन्थकर्त्ता, अनुवादक, सम्पादक, प्रकाशक आदि के नाम दिये हैं। किसी संस्थान का कर्तृत्व हमने लुप्त नहीं किया है।

इस कोश के लिये आवश्यक ग्रन्थ हमें अनेक स्रोतों से प्राप्त हुये हैं। हम उन सभी का आभार मानते हैं।

सुविधि-परिवार

बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी द्वारा पी-एच० डी०
की उपाधि के लिए स्वीकृत शोध-प्रबन्ध

प्रकाशक :
सोहनलाल जैनधर्म प्रचारक समिति
गुरु बाजार
अमृतसर

प्राप्ति-स्थान :
पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान
जैन इंस्टिट्यूट
आई० टी० आई० रोड, वाराणसी–५

मुद्रक :
वर्द्धमान मुद्रणालय
गौरीगंज
वाराणसी–१

प्रकाशन-वर्ष :
सन् १९७३

मूल्य :
बीस रुपये

समर्पण

कहा विअक्खण णाणगुरु, वन्ध णिवन्ध सुहाउ ।
नव दस्सण मइ सहअ मण, गुरुवर सीव पसाउ ।।
जिण्ह अवहंस अगाह दह, कियउ पंथ निम्माण ।
तिन्ह केरउ कर कवँल मँह, अप्पिय सोह पमाण ।।

● ●

पूज्य गुरुवर डा० शिवप्रसाद सिंह जी
एव वन्दनीया माँ श्रीमती धर्मा जी
के कर-कमलो मे सादर
सविनय समर्पित

● ● ●

प्रकाशकीय

पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध सस्थान के रतनचन्द स्मारक शोधछात्र डा० प्रेमचन्द्र जैन, एम०ए०, पी-एच०डी० का अपभ्रंश कथाकाव्य एव हिन्दी प्रेमाख्यानक नामक प्रस्तुत प्रवन्ध सोहनलाल जैनधर्म प्रचारक समिति द्वारा प्रकाशित सातवां शोध-ग्रन्थ है। इसके पूर्व प्रकाशित छहो शोध-ग्रन्थो का विद्वद्वर्ग ने समुचित आदर किया, यह समिति के लिए हर्ष एव सन्तोष का विषय है।

प्राचीन भारतीय साहित्य के महत्त्वपूर्ण अंग अपभ्रंश कथाकाव्यो का हिन्दी प्रेमाख्यानको के शिल्प पर क्या व कितना प्रभाव पड़ा है, इसका दिग्दर्शन कराना ही प्रस्तुत प्रवन्ध का प्रतिपाद्य विषय है। लेखक ने विषय-विवेचन में पर्याप्त सफलता प्राप्त की है।

समिति पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान के अध्यक्ष एव वनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी के सम्मान्य प्राध्यापक डा० मोहनलाल मेहता का आभार मानती है जिन्होने प्रस्तुत ग्रन्थ का परिश्रमपूर्वक सम्पादन किया है। प्रवन्ध के लेखक डा० प्रेमचन्द्र जैन एवं निर्देशक डा० शिवप्रसाद सिंह के प्रति भी समिति कृतज्ञता व्यक्त करती है जिनके प्रशसनीय पुरुषार्थ के कारण समिति को यह ग्रन्थ प्रकाशित करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है।

हरजसराय जैन
मन्त्री

पुरोवाक्

प्रस्तुत ग्रन्थ काशी विश्वविद्यालय को पी-एच० डी० उपाधि के लिए लिखे गए 'अपभ्रंश कथाकाव्यो का हिन्दी प्रेमाख्यानको के शिल्प पर प्रभाव' शीर्षक शोध-प्रवन्ध का प्रकाशित रूप है। मैने इस ग्रन्थ को पूज्य गुरुवर डा० शिवप्रसाद सिंह जी के निर्देशन मे लगभग साढे चार वर्षो के अनवरत प्रयत्न से पूर्ण किया था। एकाधिक बार अपभ्रंश के अगाध सागर के विस्तार को देख भयभीत होने की स्थितियो ने मुझे कूल से ही लौट चलने को विवश किया। परन्तु गुरुवर ने अवगाहन-विधि प्रदान करके मुझे अपभ्रंश-सागर मे उतार ही दिया। मै कबीर की साखी गुनगुनाते कार्य करता रहा—

सतगुरु की महिमा अनँत, अनँत किया उपगार।
लोचन अनँत उघाडिया, अनँत दिखावणहार॥

और वही कार्य आज प्रकाशित होकर आपके सामने पहुँच रहा है। मै अपने श्रम और उसके फल से संतुष्ट हूँ। फिर भी इस दिशा मे किया गया यह कार्य सर्वथा पूर्ण ही है, ऐसा मै नही कहूँगा। हिन्दी प्रेमाख्यानो के शिल्प पर कार्य करने की काफी गुजाइश है। हाँ, आगे मेरे जैसे कार्य करने वालों को इस ग्रन्थ से कुछ दिशाबोध होगा—इस कथन मे कोई अत्युक्ति नही समझनी चाहिये। ग्रन्थ मे क्या और वह कहाँ है, इसकी जानकारी विषयानुक्रमणिका से तथा अध्यायो का साराश उपसंहार से ज्ञात हो सकेगा। अतः यहाँ मै अध्यायो के विषयो की रूपरेखा प्रस्तुत करने की परम्परा का निर्वाह नही कर रहा हूँ।

श्रद्धेय आचार्य हजारीप्रसाद जी द्विवेदी ने ग्रन्थ का प्राक्कथन लिखने का अनुग्रह किया है। शोध-प्रबन्ध लिखने से लेकर अब तक उनकी सदैव मुझ पर कृपादृष्टि रही है, इसे मै अपना सौभाग्य मानता हूँ। वस्तुत. किसी भी निर्माण-प्रक्रिया मे अनेकविध वस्तुओ की आवश्यकता होती है। मुझे यह कहने मे कोई सकोच नही है कि यदि मुझे शोध-प्रबन्ध लिखते समय सरक्षक, निर्देशक, सहयोगी, प्रेरक अथवा प्रोत्साहित करने वालो का सद्भाव न प्राप्त होता तो मै निश्चित ही अपना कार्य सम्पन्न करने मे

असमर्थ रहता। ऐसी सस्थाओ एव व्यक्तियों की एक लम्बी तालिका है जिनसे मैं उपकृत और लाभान्वित हुआ हूँ। इस अवसर पर मै सभी का स्मरण करना चाहता हूँ। फिर भी स्थानाभाव अथवा भूल से कुछ असावधानी हो जाये तो मै क्षमा चाहूँगा। काशी विश्वविद्यालय का मै चिरऋणी रहूँगा, चूँकि मै इस सस्था का विद्यार्थी रहा हूँ। पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध-सस्थान, वाराणसी के मत्री श्री हरजसराय जैन तथा अध्यक्ष डा० मोहनलाल मेहता का किन शब्दो मे आभार मानूं जिन्होने मुझे शोध-छात्रवृत्ति प्रदान की तथा इस प्रबन्ध को प्रकाशित करने की कृपा की। प० वाचस्पति पाठक, स्व० डा० हीरालाल जैन, डा० ए० एन० उपाध्ये, प० दलसुख मालवणिया, डा० भागचन्द्र जैन ने मेरी शोध-सम्बन्धी कठिनाइयो को पत्रो द्वारा हल करने की कृपा की। मै उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ। डा० कृष्णविहारी मिश्र, डा० दरबारी-लाल कोठिया, पं० फूलचन्द्र शास्त्री, डा० गोकुलचन्द्र जैन, श्री सूर्यमणि मिश्र, श्री छोटेलाल गुप्त, श्री दुर्गाप्रसाद भट्टाचार्य, श्री एस० के० 'हिन्दी' और डा० चन्द्रप्रकाश त्यागी भी मेरे लिए अविस्मरणीय है। इन सभी ने मुझे बराबर लिखने की प्रेरणा दी। मित्रो मे श्री मोहनलाल, लालचन्द्र-बालचन्द्र शास्त्री, जयप्रसाद बलोधी, के० रवि० मेनन, शालिग्राम त्रिपाठी और बलराम रेकबार के सहयोग को नही भुलाया जा सकता। पिता श्री शोभाराम जी जैन, अग्रज डा० ज्ञानचन्द्र जी जैन ने अध्ययन के लिए पारि-वारिक समस्त दायित्वो से मुक्त रखकर मुझे पूर्ण स्वतन्त्र और निश्चिन्त रहने दिया। विशेष रूप से यह कार्य इसीलिए सम्पन्न हो सका। मैं नतमस्तक हूँ।

अन्त मे मैं उन समस्त लेखकों, आलोचको और ग्रन्थकारो का आभारी हूँ जिनसे मैने शोध-प्रबन्ध के लिए सहायता ली है। विद्वान् पाठको से निवेदन है कि वे मेरी त्रुटियो को सुझाकर उन्हे दूर करने का अवसर प्रदान करें।

सुमेर आई हॉस्पिटल
इस्लामनगर, बदायूँ
१६-६-७३

प्रेमचन्द्र जैन
प्रवक्ता, हिन्दी विभाग
साहू जैन कॉलेज
नजीबाबाद (उ० प्र०)

प्राक्कथन

अपभ्रंश कथाकाव्य एवं हिन्दी प्रेमाख्यानक डा० प्रेमचन्द्र जैन का विवेचनापूर्ण ग्रथ है। अस्पष्ट रूप से बराबर ही अनुभव किया गया है कि अपभ्रश कथाकाव्यो की परंपरा का विकास ही हिन्दी के प्रेमाख्यानक काव्य है। परन्तु दो कारणो से इसे स्पष्ट रूप से प्रमाणित करने में बाधा पडी है। एक तो यह है कि अपभ्रंश के कथाकाव्य अधिकतर जैन कवियो की रचना है और यह मान लिया गया है कि वे धार्मिक ग्रंथ हैं। दूसरा यह है कि हिन्दी मे पाये जाने वाले प्रेमाख्यानक नामक काव्य अधिकतर मुसलमान कवियो के हैं और उनमे पारसी कविता के प्रभाव की सभावना अधिक है। परन्तु ये दोनो बातें एक हद तक ही सही है। इन दोनो प्रकार के काव्यो का बारीकी से अध्ययन आवश्यक था। किस प्रकार की कथानक-रूढ़ियो का दोनो प्रकार के काव्यो मे प्रयोग हुआ है और किस हद तक दोनो प्रकार के काव्यो मे काव्य की अन्यान्य रूढियों और अभिप्रायो का आश्रय लिया गया है, यह जाने बिना इनकी प्रकृति की ठीक-ठीक जानकारी नही हो सकती। सौभाग्य से हमे कुछ ऐसे भी अपभ्रंश के कथाकाव्य मिले है जो जैन परपरा के नही कहे जा सकते। और कुछ ऐसे भी प्रेमाख्यानक काव्य मिले है जो मुसलमान कवियो से भिन्न सम्प्रदाय के कवियो द्वारा लिखे गये है। इन सबकी सावधानी से परीक्षा की जानी चाहिये। मुझे प्रसन्नता है कि आयुष्मान् डा० प्रेमचन्द्र जी ने हिन्दी-अपभ्रंश के इन कथाकाव्यो का परिश्रमपूर्वक परीक्षण किया है। उनमें पायी जाने वाली कथानकगत एवं काव्यगत रूढियों का, विभिन्न श्रेणियो के अभिप्रायो का तथा प्रतीकों का बहुत अच्छा विश्लेषण किया है और एक लम्बी परम्परा का संधान पाया है। इस विवेचन से हिन्दी साहित्य के अनुशीलन को एक नयी दिशा मिलेगी। मुझे आशा है कि साहित्य-प्रेमी इसका स्वागत करेंगे। मैं आयुष्मान् डा० प्रेमचन्द्र जैन को उनको परिश्रमपूर्वक की गयी खोज के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ।

वाराणसी
१६.६.७३

हजारीप्रसाद द्विवेदी

प्रस्तुत पुस्तक में

अध्याय १

प्रास्ताविक १

अध्याय २

हिन्दी प्रेमाख्यानको का ऐतिहासिक विकास २४–९३
प्रेमाख्यानक . परिभाषा का प्रश्न २४
हिन्दू प्रेमाख्यानको का संक्षिप्त परिचय ३१
सूफी प्रेमाख्यानक ६६
प्रेमाख्यानको मे सकेतित प्रेमाख्यान ९१

अध्याय ३

हिन्दी प्रेमाख्यानकों का शिल्प ९४–१५१
चन्दायन (दाऊद) की कथानक-रूढिया १२८
मझनकृत मधुमालती की कथानक-रूढिया १२९
जायसीकृत चित्ररेखा की कथानक-रूढिया १३०
पदमावत मे कथानक-रूढिया १३१
लक्ष्मणसेन-पद्मावती की कथानक-रूढिया १३३
चतुर्भुजदासकृत मधुमालतीवार्ता की कथानक-रूढिया १३४
छिताईवार्ता की कथानक-रूढिया १३५
रसरतन की कथानक-रूढिया १३६
समयसुन्दरकृत मृगावती की कथानक-रूढिया १३७
समीक्षा १३८

अध्याय ४

सूफीकाव्यो मे प्रतीक-विधान और भारतीय प्रतीक-विद्या १५२

अध्याय ५

अपभ्रंश कथा : परिभाषा, व्याप्ति और वर्गीकरण	**१९५–२६६**
लीलावईकहा	२२६
पउमसिरीचरिउ	२२९
भविसयत्तकहा	२३०
जसहरचरिउ	२३३
णायकुमारचरिउ	२३७
जम्बूसामिचरिउ	२४४
करकंडुचरिउ	२५१
सुअंधदहमीकहा	२५७
मयणपराजयचरिउ	२६०

अध्याय ६

हिन्दी प्रेमाख्यानकों और अपभ्रंश कथाकाव्यों के शिल्प का तुलनात्मक अध्ययन	**२६७–३४३**
सांस्कृतिक पृष्ठभूमि	२६७
राजनैतिक स्थिति	२६८
भाषागत स्थिति	२७१
धार्मिक अवस्था	२७२
सामाजिक स्थिति	२७३
साहित्यिक अवस्था	२७४
अपभ्रंश-हिन्दी प्रेमाख्यानकों में पूर्वापर सम्बन्ध	२७५
कथा-विन्यास	२७५
पुरविन्यास और कथाविन्यास	२७६
कथाकाव्यों के चरित्र	२८१
चरित्रों की मुख्य विशेषताएँ	२८२
कथोद्देश्य	२८३
वस्तु-वर्णन	२८६
नगर-वर्णन	२८६
द्वीप-वर्णन	२८७

सरोवर-वर्णन	२९०
जल-क्रीडा	२९३
वाग-वन-वर्णन	२९५
चित्रशाला-वर्णन	२९७
हाट-वर्णन	२९९
अश्व-वर्णन	३०१
युद्ध-वर्णन	३०२
युद्ध-वाद्य-वर्णन	३०७
मोटिफ—अभिप्राय	३०८
लीलावईकहा की कथानक-रूढिया	३०९
पउमसिरिचरिउ की कथानक-रूढिया	३१०
भविसयत्तकहा की कथानक-रूढ़िया	३१०
जसहरचरिउ की कथानक-रूढियां	३११
णायकुमारचरिउ की कथानक-रूढिया	३१२
जम्बूसामिचरिउ की कथानक-रूढिया	३१३
करकडुचरिउ की कथानक-रूढ़िया	३१४
दोहद	३१५
मगलाचरण	३१९
पूर्ववर्ती कवियो का स्मरण	३२०
सज्जन-दुर्जन-उल्लेख	३२१
ऋतु-वर्णन	३२२
छद	३२८

अध्याय ७

उपसंहार	३४४
सहायक ग्रंथ-सूची	३४९
अनुक्रमणिका	३५७

अपभ्रंश कथाकाव्य एवं हिन्दी प्रेमाख्यानक

अध्याय १

प्रास्ताविक

भारतीय वाङ्मय मे ही नही अपितु विश्व-वाङ्मय मे प्रेम-प्रसग अधिकांश काव्यों की विषयवस्तु रहा है। नही कहा जा सकता कि प्रेम तत्त्व की उत्पत्ति और अनुभूति मानव-हृदय में कब कैसे हुई। इतना सच है कि भारतीय साहित्य मे वैदिककाल से वर्तमान समय तक प्रेम को लेकर चर्चाएँ हुई, आख्यानक, चरित, चम्पू एव कथा-काव्यो से लेकर उपन्यास, कहानी और वार्ताएँ तक लिखी गईं। वैदिककाल के पुरुरवा-उर्वशी, यम-यमी सवाद, श्यावाश्य आदि, सस्कृतकाल के अथवा सस्कृत भाषा मे रचित पुरुरवा-उर्वशी, नल-दमयन्ती, दुष्यन्त-शकुन्तला, उषा-अनिरुद्ध, कृष्ण-रुक्मिणी, अर्जुन-सुभद्रा, भीम-हिडिम्बा आदि के प्रेम प्रसंगो को आधार बनाकर लिखे गये काव्यो तथा नैषधचरित, वासवदत्ता, कादम्वरी आदि प्रेमकृतियो, प्राकृत भाषा मे प्रणीत तरगवईकहा, लीलावईकहा, आरामसोहाकहा, सिरिवालकहा, अजनासुन्दरीकहा, जयसुन्दरीकहा, भव्यसुन्दरीकथा, पद्मश्रीकथा, विश्वसेनकुमारकथा, सुरसुन्दरकथा आदि, अपभ्रंश भाषा मे प्रणीत भविसयत्तकहा, पुरदरकहा, जिनरत्तिकहा, सुअंधदसमीकहा, विलासवईकहा, सिरिवाल-कहा, वर्द्धमानकथा, निद्दुहसत्तमीकहा, सुदसणचरिउ, ज़बूसामिचरिउ, पासणाहचरिउ, करकंडुचरिउ, णायकुमारचरिउ, जसहरचरिउ, पउम-सिरिचरिउ, सुलोयणाचरिउ, भविसयत्तचरिउ, सनत्कुमारचरित, णेमिनाहचरिउ, चदप्पहचरिउ आदि का उक्त सन्दर्भ मे उल्लेख किया जा सकता है।

हिन्दी का प्रेमाख्यान साहित्य भी पूर्व प्रेमाख्यानको की शृखला मे महत्त्वपूर्ण कड़ी के समान जुडा हुआ है। गोस्वामी तुलसीदास जी के पहले लोकभाषा मे प्रेम-कथानको का ऐसा साहित्य काफी अधिक सख्या मे लिखा गया था जिसके कथा-अंश का आधार लोकप्रचलित कथानक

थे।[1] इन प्रेमाख्यानको का उस समय वही मूल्य था जो आज प्रेमविषयक उपन्यासो का। रसिकजन अथवा रोजी-रोटी की समस्या से मुक्त समय यापन करने वाले लोग तत्कालीन प्रेमाख्यानको को रुचि से पढ़ते थे। जैन कवि बनारसीदास के आत्म-चरित 'अर्द्धकथानक' से यह बात प्रमाणित हो जाती है

तब घर में बैठे रहै, जॉहि न हाट बजार।
मधुमालति मिरगावती, पोथी दोइ उचारि॥ ३३५॥[2]

यो तो हिन्दी प्रेमाख्यानो का प्रारम्भ हिन्दी के रासो ग्रन्थों से ही मानना चाहिए। रासो ग्रन्थ परम्परा मे पृथ्वीराजरासो एक विशाल ग्रन्थ के रूप मे हमारे सामने आता है। इसम अपभ्रंश की अनेक प्रकार की शैलियो का सम्मिश्रण मिलता है। वस्तुतः इस ग्रन्थ को भी प्रेमाख्यानकों की कोटि मे ही समझना चाहिए।[3] इस सन्दर्भ मे पं० हजारीप्रसाद द्विवेदी का मत है : 'मूलतः ये सभी प्रेम-कथानक हैं। इनमे प्रेमकथानको की सभी विशेषताएँ प्राप्त होती हैं। अन्तर इतना ही है कि यहाँ नायक की युद्ध-पटुता और शौर्य-प्रदर्शन मुख्य हो गया है और प्रेम-व्यापार गौण।'[4] इसी प्रकार वीसलदेवरासो भी एक प्रेम-कहानी ही है। यह मसृणरास काव्य है जिसमें युद्ध का कही भी प्रसग नही आता। खासतौर से यह विप्रलंभ शृगार की महत्त्वपूर्ण कृति है।

इसी प्रकार मध्ययुगीन हिन्दी प्रेमाख्यानको मे चन्दायन, सखमसेन, पद्मावतीकथा, चंदकुंवरि री वात, सदयवत्स-सावलिगा की कथा, मधुमालतीवार्ता (चतुर्भुजदास), छिताईवार्ता, मझनकृत मधुमालती, मृगावती, उषाहरण, प्रेमविलास-प्रेमलता, रूपमंजरी, कृष्ण-रुक्मिणी, चित्ररेखा, चित्रावली, इन्द्रावती, रसरतन, नल-दमयन्तिकथा, ज्ञानदीप, माधवानल, कामकन्दला पर आधारित अनेक कृतियाँ (कुशललाभ, गणपति, बोधा, आलम और दामोदर कृत), रुक्मिणीपरिणय, सत्यवती की कथा, हस-जवाहिर, अनुरागवाँसुरी, प्रेमदर्पण, भाषाप्रेमरस,

---

१. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी, हिन्दी साहित्य, वि० स० २००९, पृ० २५९.
२. बनारसीदास, अर्धकथानक, स० नाथूराम प्रेमी, १९५७, पृ० ३८.
३ डा० सरला शुक्ल, हिन्दी-सूफी कवि और काव्य, वि०सं० २०१३, पृ० ३७५.
४ डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी, हिन्दी साहित्य, पृ० २६१.

कनकावती, कामलता, मधुकरमालती, रतनावली, छीता आदि जान कवि कृत उनतीस प्रेमाख्यानो तथा नूरजहाँ, लैला-मजननूँ, युसुफ-जुलेखा आदि की गणना की जा सकती है।

उक्त हिन्दी प्रेमाख्यानक साहित्य के सम्बन्ध मे एक बात जो उल्लेखनीय है वह यह कि हिन्दी प्रेमाख्यानको की दो धाराएँ रही हैं— १ विशुद्ध भारतीय या हिन्दू प्रेमाख्यान, २ सूफी प्रेमाख्यानक। इन धाराओं का विशद विवेचन प्रस्तुत प्रबन्ध के द्वितीय अध्याय में किया गया है अतः यहाँ इनका उल्लेख मात्र ही पर्याप्त होगा। सूफी कवियो ने मसनवी पद्धति मे रचनाएँ की। परिणामत भारतीय प्रेमाख्यानको की शैली में परिवर्तन आ गया। सूफियो के मतानुसार लौकिक प्रेम तथा अलौकिक प्रेम मे कोई विशेष अन्तर नही होता। उनकी मान्यता है कि इश्क हकीकी (अलौकिक प्रेम) के लिए इश्क मजाज़ी (लौकिक प्रेम) का होना भी अनिवार्य है :

इश्क हक़ीकी के लिए इश्क मजाजी है जरूर।
बैवसीला कहीं बन्दे को खुदा मिलता है॥

(एक सूफ़ी कवि)

इन सूफी साधकों और कवियो ने भारतीय-अभारतीय पद्धतियो का ध्यान न कर दोनो का मिश्रण कर दिया। इस प्रकार हिन्दी प्रेमाख्यानक साहित्य एक नये काव्यरूप मे विकसित हुआ। इसका एक कारण यह भी था कि मध्यकालीन राजनीतिक उथल-पुथल के कारण प्रेमाख्यानको की शैली पर विभिन्न प्रकार के प्रभाव पड़े।

डा० शिवप्रसाद सिंह भारतीय प्रेमाख्यानको के विषय मे लिखते हैं· 'भारतीय प्रेमाख्यानक सम्पूर्ण एशियाई सस्कृति की प्रतिफलन पीठिका है। इनमे अनुस्यूत तत्त्वो के समाजशास्त्रीय, पुरातात्त्विक और ऐतिहासिक अध्ययन का अभी आरम्भ हो हुआ है। यह विपुल ज्ञानराशि अनेकानेक सुधीजनो के श्रम और शक्ति का आह्वान करती है।'[1] वस्तुत हिन्दी प्रेमाख्यान साहित्य मे विविध रूपो का मिश्रण होने से एक नये काव्य रूप का जन्म हुआ है। हिन्दी साहित्य मे पौराणिक प्रेमाख्यानो के आधार पर भी कई रचनाएँ हुईं जिनके माध्यम से यह कहा जा सकता है कि

---

१. डा० शिवप्रसाद सिंह, रसरतन की भूमिका, पृ० ७३.

पौराणिक प्रेमाख्यानसम्बन्धी रचनाओ की दृष्टि से भी हिन्दी साहित्य किसी हीनत्व की भावना से ग्रसित नही था। हिन्दी प्रेमाख्यानकों में चरित-नायको की भूमिका में कभी-कभी ऐतिहासिक व्यक्तियों को उतारा गया है और कभी उनकी कथावस्तु नितान्त काल्पनिक अथवा ख्यात एवं प्रतिपाद्य का मिश्रण लेकर सामने आई है। इन काव्यो की पृष्ठभूमि के रूप मे संस्कृत के चरित-कथाकाव्यों के विषय में संक्षेप मे विचार किया जा रहा है।

अपभ्रंश साहित्य मे चरितकाव्यो की बहुलता है। वैसे चरित-काव्यों की परम्परा संस्कृत साहित्य से ही अपभ्रंश में आई, ऐसा मानना उचित है। संस्कृत साहित्य मे बुद्धचरित, हर्षचरित, दशकुमारचरित आदि प्रमुख चरित-काव्य है। 'चरित' शब्द का प्रयोग बाण से पहले ही होने लगा था।[1] अश्वघोष के बुद्धचरित से इस बात की पुष्टि होती है। अश्वघोष का समय १०० ई० के आसपास माना गया है।[2] बुद्धचरित भगवान् बुद्ध के जीवन की महत्त्वपूर्ण घटनाओ से सम्बन्धित है। इस प्रकार आगे चल कर चरितकाव्यो की एक परम्परा ही कायम हो गई। अश्वघोष के बुद्ध-चरित से लेकर तुलसी के रामचरितमानस तक चरित-काव्यो की अविच्छिन्न परम्परा मिलती है।[3]

संस्कृत साहित्य के महान् गद्य-कवि बाणभट्ट के दो कथाकाव्य सस्कृत साहित्य को उनकी अभूतपूर्व देन है। यह वही बाण हैं जिनके विषय में कहा जाता है 'बाणोच्छिष्ट जगत्सर्वम्'। बाण ने हर्षचरित मे राजा हर्ष के चरित्र का सविस्तार वर्णन किया है। वैसे हर्षचरित विशुद्ध ऐतिहासिक चरित-काव्य नही है। ग्रन्थ मे बाण ने हर्ष के चरित्र को काव्यमयी शैली मे प्रस्तुत किया है अतएव उसका ऐतिहासिक रूप विशृंखलित हो गया है। बाण के अनुसार हर्षचरित आख्यायिका है और कादम्बरी कथा। उनके मतानुसार आख्यायिका मे ऐतिहासिक आधार होना चाहिए और कथा के लिए कल्पनाप्रसूत। हर्षचरित और कादम्बरी के कथानकों पर तो यह लक्षण घटित हो जाता है। परन्तु यह लक्षण विरोधपूर्ण था। दडी और बाण के समय में कथा-आख्यायिका के लक्षणो को लेकर मतभेद

---

१ डा० वासुदेवशरण अग्रवाल, हर्षचरित · एक सास्कृतिक अध्ययन, पृ० ९.

२ ए० बी० कीथ, सस्कृत साहित्य का इतिहास (हिन्दी अनुवाद), पृ० ६८.

३ डा० बा० अग्रवाल, हर्षचरित · एक सास्कृतिक अध्ययन, पृ० ९

था। जिसका विवेचन कथा और आख्यायिका का लक्षण प्रस्तुत करते समय इसी अध्याय मे आगे किया जायेगा।

बाणभट्ट की कादम्बरी संस्कृत साहित्य मे एक अनमोल रत्न है। कादम्बरी का कथानक एक विशिष्ट महत्त्व रखता है। इसमे प्रमुख पात्रो के चरित्र को तीन जन्मो की व्यापक पीठिका पर प्रस्तुत किया गया है। फिर भी विशेषता यह है कि कही भी शैली-प्रवाह मे, कथानक की रोचकता और उसके तारतम्य मे अवरोध उत्पन्न नही होता। कादम्बरी की कथा के सम्बन्ध मे डा० वासुदेवशरण अग्रवाल ने लिखा है : 'कथा की दृष्टि से कादम्बरी का सस्थान उस वसुधान-कोश के समान है जिसमे ढक्कन के भीतर ढक्कन खुलता हुआ पद-पद पर नया रूप, नया यश और नया विधान आविष्कृत करता है। यहाँ पात्रो के चरित्र एक जीवन में नही, तीन-तीन जीवन पर्यन्त हमारे सामने आते है।'[1] इसकी कथावस्तु को संक्षेप मे इस प्रकार देखा जा सकेगा[2]—

१. शूद्रक की राजसभा मे चांडाल कन्या का आगमन तथा वैशम्पायन तोते का परिचय और उसके द्वारा कथा का आरम्भ।
(अनुच्छेद १–११ तथा अनु० १२–१६)

२ विंध्याटवी-वर्णन। (अनु० १७–३५)
जावालिका आश्रम, जावालि ऋषि द्वारा वैशम्पायन तोते की कथा का आरभ। (अनु० ३६–४३)

३. उज्जयिनी और तारापीड का वर्णन, चन्द्रापीड का जन्म।
(अनु० ४४–६७)
चंद्रापीड की शिक्षा, यौवराज्याभिषेक और दिग्विजय।
(अनु० ६८–१२३)

४ अच्छोद सरोवर का वर्णन, चन्द्रापीड और महाश्वेता की भेंट एवं महाश्वेता का अपना वृतात कथन। (अनु० १२४–१८१)
कादम्बरी और चन्द्रापीड का प्रथम मिलन। (अनु० १८२–२१२)

५. चन्द्रापीड का उज्जयिनी में लौटना, कादम्बरी का विरह और प्रेम-सदेश। (अनु० २१३–२५७)

---

१. डा० वा० अग्रवाल, कादम्बरी एक सास्कृतिक अध्ययन, पृ० ३.
२ वही, पृ० ३-४

चन्द्रापीड का पुन. गधर्व लोक मे जाना और मृत्यु।
(अनु० २५८–३००)

६ महाश्वेता और कादम्वरी का शोक एव प्रतिवोधन।
(अनु० ३०१-३१५)

तारापीड और विलासवती का शोक, जावालि ऋषि द्वारा उद्घाटित कथासूत्र की समाप्ति। (अनु० ३१६—३२९)

७ श्वेतकेतु द्वारा भेजे हुए कपिजल का वैशम्पायन से जावालि आश्रम में आकर मिलना। (अनु० ३३०–३३७)

जावालि आश्रम से वैशम्पायन तोते का भागना और चाडाल कन्या द्वारा पकड़कर शूद्रक की सभा में लाया जाना। (अनु० ३३८–३४७)

८ लक्ष्मी द्वारा शूद्रक तथा वैशम्पायन के पूर्वजन्म का परिचय देना और उनका जन्म शापमोचन। (अनु० ३४१)

महाश्वेता और पुडरीक एवं चन्द्रापीड और कादम्वरी का समागम।
(अनु० ३४२–५२)

कादम्वरी के विषय मे उक्त प्रसंगों के उल्लेख करने का केवल यही उद्देश्य है कि जिस प्रकार इस कथा-काव्य मे प्रधान अथवा प्रमुख पात्रो की कथा तीन भवो की कथा का निर्देश करती है, ठीक उसी प्रकार अपभ्रंश के एकाधिक जैन चरित-कथाकाव्यो मे कई-कई भवो की कथाओ का उल्लेख होता है। प्राकृत भाषा मे रचित समराइच्चकहा[1] में तो समरादित्य के नौ भवो तक का इतिहास प्रस्तुत किया गया है।

सस्कृत के चरितकाव्यो की परम्परा मे दण्डी (६०० ई०) का दशकुमारचरित भी एक महत्त्वपूर्ण कृति है। इसमे दस राजकुमारो के देशाटन की कथा है। दशकुमारचरित के नायक अपनी इष्टसिद्धि के लिए उचितानुचित सभी साधनो का प्रयोग करते हैं। लक्षण-निर्माताओ या आचार्यो द्वारा निर्धारित परम्पराओ का दण्डी द्वारा उल्लघन किया गया है। क्योकि गद्य काव्य मे भी कथा-नायक शीलवान्, धैर्यवान् और गुणवान् होना चाहिए। परन्तु दशकुमारचरित के दसों राजकुमारों को कुत्सित और गर्हित स्थानो पर भी विचरण करते देखा जा सकता है। इस कृति

---

१ हरिभद्रसूरिविरचित समराइच्चकहा (इसका सपादन हर्मन जैकोबी एव उसके वाद एम० सी० मोदी ने किया है)।

मे साधु, पाखण्डी, जादूगर, कामान्ध, धूर्त, वेश्याओं और सेठों आदि के विषय मे सजीव चित्रण तो है ही, साथ ही ऐसे अनुभवसिद्ध प्रयोग भी हैं जो सामाजिक जीवन निर्वाह करने वालो के लिए वडे उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। दण्डी के मत से कथा और आख्यायिका मे केवल नाम का भेद है।[1] बाण ने हर्षचरित को आख्यायिका और कादम्वरी को कथा माना है। हर्षचरित के प्रारम्भ मे बाण लिखते हैं—**'करोम्याख्यायिकाम्बोधौ जिह्वाप्लवनचापलम्'** अर्थात् मैं इस आख्यायिका रूपी समुद्र मे चपलता-वश जिह्वा चला रहा हूँ। कादम्वरी को बाण ने 'कथा' द्वारा सम्बोधित किया है—**'धिया निबद्धेयमतिद्वयी कथा'**।[2] बाण ने कथा और आख्यायिका सम्बन्धी जो विचार प्रस्तुत किया था उससे स्पष्ट है कि कथा कल्पना-जन्य और आख्यायिका का आधार इतिहास होता था। ऐसा प्रतीत होता है कि आख्यायिका और कथा के परवर्ती लक्षण निर्धारण में बाण के इस सकेत में वड़ी सहायता मिली। चाहे चरितकाव्य हो अथवा कथा-काव्य, उसमे किसी न किसी रूप मे कथा तो अनुस्यूत रहेगी ही। अतएव यदि किंचित् विचार करके देखे तो आख्यान-चरित और कथाकाव्यो मे कोई विशेष मौलिक अन्तर नही मिलता। इन सभी का मूलोद्देश्य कथा को रसमयी अभिव्यक्ति ही है।

डा० शम्भूनाथ सिंह चरितकाव्य को प्रबन्धकाव्य का ही एक विशेष रूप मानते हैं।[3] उनका कथन है कि प्रबन्धकाव्य, कथाकाव्य और इति-वृत्तात्मक कथा (पुराणकथा आदि) के लक्षणो का समन्वय हुआ है इसीलिए प्राय. चरितकाव्यो ने अपने को कभी चरित, कभी कथा और कभी पुराण कहा है। चरितकाव्य की कुछ निजी विशेषताएँ होती हैं जिससे वह पुराण, इतिहास और कथा से भिन्न एक विशेष प्रकार का प्रवन्धकाव्य माना जाता है। सस्कृत साहित्य मे चार शैलियो—शास्त्रीय शैली, ऐतिहासिक शैली, पौराणिक शैली और रोमासिक शैली मे लिखे

---

१. डा० सत्यनारायण पाडेय, सस्कृत साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, पृ० २५८.

२ कादम्वरी, पूर्वार्द्ध, श्लोक २०

३ डा० शम्भूनाथ सिंह, हिन्दी महाकाव्यो का स्वरूप और विकास, पृ० २८६-८७.

प्रबन्धकाव्य मिलते हैं। अपभ्रंश में पौराणिक और रोमांसिक दो ही शैलियो के प्रबन्धकाव्य मिलते है और वे सभी चरितकाव्य है।

चरितकाव्यो का लक्षण इस प्रकार किया गया है

१. चरितकाव्य की शैली जीवनचरित की शैली होती है। उसमे चरितकाव्य के जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त की अथवा कई जन्मो (भवान्तरो) की कथा रहती है।

२. चरितकाव्यों मे प्रायः प्रेम, वीरता और धर्म या वैराग्य-भावना का समन्वय दिखलाई पड़ता है। सबमें कोई न कोई प्रेमकथा अवश्य होती है और उसका स्थान गौण नही, महत्त्वपूर्ण होता है। प्रायः सभी चरितकाव्यो मे प्रेम का प्रारम्भ समान रूप से होता है।

३ प्रायः सभी मे कथारम्भ के लिए वक्ता-श्रोता योजना अवश्य रहती है।

४. उसमे अलौकिक, अतिप्राकृत और अतिमानवीय शक्तियों, कार्यो और वस्तुओ का समावेश अवश्य रहता है, जो पौराणिक और रोमांसिक शैली के कथाकाव्यो, पौराणिक कथाओ और लोककथाओं की देन है।

५. उनका कथानक शास्त्रीय प्रबन्धकाव्यो जैसा पंचसंधियो से युक्त और कार्यान्विति वाला नही होता। वह कथानको की तरह स्फीत, विशृंखल, गुम्फित या जटिल होता है।

६. शैली कथाकाव्यो से अधिक उदात्त होती है।

७ यह उद्देश्यप्रधान होता है, मनोरंजनप्रधान नही।

उद्देश्य और विषयवस्तु की दृष्टि से चरितकाव्य छः प्रकार के होते हैं—धार्मिक, प्रतीकात्मक, वीरगाथात्मक, प्रेमाख्यानक, प्रशस्तिमूलक और लोकगाथात्मक। हिन्दी के अधिकाश मध्यकालीन प्रबन्धकाव्य अपभ्रंश के प्रबन्धकाव्यों को भाति चरितकाव्य ही हैं।

यहाँ हम सस्कृत के लक्षणग्रन्थो के आधार पर कथा-आख्यायिका के रूप पर विचार करेंगे। 'कथा' शब्द संस्कृत की 'कथ्' धातु से बना है। इसका सामान्य अर्थ होता है 'जो कुछ कहा जाये' वह कथा है। बगला भाषा में भी उक्त अर्थ मे ही इसका प्रयोग किया गया है। यदि कथा का अर्थ उसके सामान्य अर्थ पर से ही निर्धारित किया जाये तब कदाचित् वह अनुपयुक्त होगा। क्योकि जो कुछ कहा जाये वह सभी कथा नही माना जा सकता। श्रीमद्भागवत मे संसार ताप से संतप्त प्राणो के लिए कथा को पीयूष के समान जीवनदायिनी कहा गया है·

तव कथामृतं तप्तजीवनं कविभिरीडितं कल्मषापहम् ।
श्रवणमंगलं श्रीमदाततं भुवि गृणन्ति ते भूरिदा जनाः ॥[1]

श्रीमद्भागवत में हो 'वार्ता' और 'कथा' शब्द समान अर्थ मे प्रयुक्त हुए हैं।[2] संस्कृत-आचार्यो ने महाकाव्य, कथा और आख्यायिका में भेद किया है। दंडी का कथन है कि कथा गद्य मे ही निबद्ध होनी चाहिए। साहित्यदर्पणकार आचार्य विश्वनाथ का मत है कि कथा मे वस्तुवर्णन सरस हो और वह गद्य मे ही रचित हो। कहीं पर इसमे आर्या तथा कही वक्रापवक्र छन्द भी आते हो। कथा के प्रारम्भ मे नमस्कार एव दुर्जनादि के चरित्र पद्यमय वर्णित होते हैं। जैसे कादम्बरी आदि

कथायां सरसं वस्तु गद्यैरेव विनिर्मितम् ॥
क्वचिदत्र भवेदार्या क्वचिद्वक्रापवक्त्रके ।
आदौ पद्यैर्नमस्कार खलादेर्वृत्तकीर्तनम् ॥[3]

यथा—कादम्बर्यादिः ।

अग्निपुराण मे गद्य-काव्य के पाँच भेद कहे गये हैं–आख्यायिका, कथा, खडकथा, परिकथा और कथानिका।[4] उसके अनुसार आख्यायिका वह है जिसमे लेखक के वश की कुछ विस्तार से प्रशसा हो, जिसमे कन्याहरण, सग्राम, विप्रलम्भ आदि विपत्तियो का वर्णन हो, जिसमे रीति और वृत्ति अति प्रदीप्त शैली मे हो, जिसमें उच्छ्वास नामक परिच्छेद हो, जिसमे चूर्णक शैली का वाहुल्य हो एव वक्त्र और अपवक्त्र नामक श्लोक हो।[5]

इसके विपरीत कथा का लक्षण इस प्रकार किया गया है :

श्लोकैः स्ववंशं संक्षेपात् कविर्यत्र प्रशंसति ।
मुख्यस्यार्थावताराय भवेद् यत्र कथान्तरम् ॥
परिच्छेदो न यत्र स्याद् भवेद् वा लम्बकैः क्वचित् ।
सा कथा नाम तद्गर्भे निबध्नीयाच्चतुष्पदीम् ॥[6]

---

१. श्रीमद्भागवत, १० ३१ ९

२ यत्र भागवती वार्ता तत्र भक्त्यादिकं व्रजेत् ।
कथाशब्दं समाकर्ण्य तत्त्रिक तरुणायते ॥ श्रीमद्भागवत (माहात्म्य), ३. ९.

३ आचार्य विश्वनाथ, साहित्यदर्पण, षष्ठोच्छ्वास, श्लो० ३३२-३३

४ अग्निपुराण, ३६६ १२

५ वही, ३३६. १३-१४

६. वही, ३३६ १५-१७

अर्थात् कथा वह है जिसमे आरम्भ में कविवंश का संक्षिप्त वर्णन हो, मुख्यार्थ का आरम्भ कराने के लिए भूमिका मे दूसरी कथा कही जाय और जिसमे परिच्छेद न हो, अथवा कही-कही पर लम्बक हो।

आचार्य भामह ने कथा को 'इतिहासाश्रित' माना है।[1] आख्यायिका के विषय मे भामह के मत से सुन्दर गद्य मे लिखी सरस कहानी वाली रचना को आख्यायिका कहते हैं। यह उच्छ्वासों मे विभक्त होती है। कथा कहने वाला नायक ही होता है। उसके बीच-बीच मे वक्त्रापवक्त्र छन्द आते है। कन्यापहरण, युद्ध और अन्त मे नायक की विजय का वर्णन होता है।[2] दण्डी कथा और आख्यायिका में भेद स्वीकार नहीं करते। उनके अनुसार कथा और आख्यायिका एक ही कोटि की रचनाएँ हैं। चूंकि कहानी नायक कहे अथवा कोई अन्य, अध्याय का विभाजन हो या न हो, उनका नाम उच्छ्वास अथवा लम्भक रखा जाये, बीच मे वक्त्रापवक्त्र छन्द आवे या नही इन सबसे कहानी मे क्या अन्तर पड़ता है? इसीलिए इन बाह्य भेदों के कारण कथा और आख्यायिका मे भेद नही करना चाहिए।[3] भामह ने कथा और आख्यायिका में भेद किया है, यह पहले लिखा जा चुका है परन्तु वे कथा और आख्यायिका का प्रयोजन एक ही मानते है। वह प्रयोजन है—अभिनय।[4]

अमरकोषकार के मतानुसार आख्यायिका मे ऐतिहासिक आधार होना चाहिए, परन्तु कथा कल्पना-प्रसूत होती है। आचार्य विश्वनाथ ने पूर्ववृत्त को आख्यान की सज्ञा दी है।[5] सस्कृत आख्यान-साहित्य दो भागो मे विभक्त किया गया है—नीतिकथा (Diadectic fables) और लोककथा अथवा मनोरंजक कथा (Fairy-tales)। प्रथम प्रकार की

---

१ शब्दश्छन्दोऽभिधानार्था इतिहासाश्रया कथा.।
लोको युक्ति कलाश्चेति मन्तव्या. काव्ययैर्वशी ॥

—काव्यालकार, १ ९.

२ भामह, काव्यालंकार, १. २५-२८.

३ दण्डी, काव्यादर्श, १. २३-२८

४ सर्गबन्धोऽभिनेयार्थं तथैवाख्यायिकाकथे। —काव्यालंकार, १ १८.

५ आख्यान पूर्ववृत्तोक्ति.।

कथाओ का लक्ष्य होता है उपदेश और दूसरे प्रकार की कथाओ का मात्र मनोरंजन।[1]

इस प्रकार कथा-आख्यायिका की परिभाषा विभिन्न आचार्यो तथा कोशकारो ने विभिन्न प्रकार से की है। हिन्दी साहित्य कोश मे कथा की परिभाषा इस प्रकार की गई है : 'किसी ऐसी कथित घटना का कहना या वर्णन करना जिसका कोई निश्चित परिणाम हो। घटना के वर्णन मे कालानुक्रम भी आवश्यक है, जैसे सोमवार के पश्चात् मगलवार, दिन के बाद रात, बचपन के बाद यौवन आदि। मनुष्य, पशु-पक्षी, नदी-पहाड आदि। विभिन्न प्रकार की वस्तुओं से कथा की घटना का सम्बन्ध हो सकता है। जिससे सम्बन्धित घटना हो, उसकी किसी विशेष परिस्थिति या परिस्थिति का आदि और अन्त से युक्त वर्णन ही कथा है'।[2] प्रसिद्ध उपन्यास आलोचक ई० एम० फोर्सटर ने लिखा है कि कथा, समय की शृखला मे बँधा हुआ घटनाओ का पूर्वापर विवरण है।[3] इसी के समान एडविन म्योर की भी परिभाषा है। वे लिखते है 'गद्य-काव्य की सबसे सरल विधा कथा है जो घटनाओ को अद्भुत ढग से ब्योरेवार रिकार्ड करती है'।[4]

यहाँ सस्कृत कथाकाव्यो के लक्षणो के साथ-साथ यह जान लेना भी अनिवार्य हो जाता है कि कथाकाव्यो की भाषा के विषय में आचार्यों का क्या मत रहा था। यो दण्डी आदि के अनुसार कथा गद्य मे ही रचित होनी चाहिए। परन्तु रुद्रट की मान्यता है कि कथा के आरम्भ मे देवता और गुरु की वंदना होनी चाहिए। ग्रन्थकार को ग्रथ एव स्वय का परिचय देना चाहिए। कथोद्देश्य व्यक्त करना चाहिए। सकल शृंगारो से

---

१ डा० सत्यनारायण पाडेय, सस्कृत साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, पृ० २७१

२ डा० धीरेन्द्र वर्मा, हिन्दी साहित्यकोश, पृ० १८३-८४

३. "It is narrative of events arranged in their time sequence" —E M Forster, Aspects of Novel, p 47.

४ "The most simple form of prose fiction is the story which records a succession of events, generally marvellous" —Edwin Muir, The Structure of Novel, p 17

विभूषित कन्यालाभ ही इस कथा का उद्देश्य होता है। इस प्रकार संस्कृत मे कथा गद्य और अन्य भाषाओ मे पद्य में लिखी जाती है :

कन्यालाभफला वा सम्यग्विन्यस्य सकलशृङ्गारम्।
इति संस्कृतेन कुर्यात् कथामगद्येन चान्येन ॥[1]

उपर्युक्त श्लोक मे 'कथामगद्येन चान्येन' पद ध्यान देने योग्य है। सस्कृत भाषा का स्पष्ट उल्लेख करके लक्षणकार ने 'अन्येन' पद से अपभ्रंश-प्राकृत की ओर इंगित किया है, यह अधिक संभव जान पड़ता है। यदि संस्कृताचार्यो के कथासम्बन्धी उक्त लक्षणो से निष्कर्ष निकाला जाए तो रुद्रट की परिभाषा का दृष्टिकोण काफी उदार कहा जायगा। वैसे लक्षणग्रंथो मे आचार्यो ने इन सब बातो का ध्यान न्यूनतम ही रखा है। आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी ने लिखा है कि रुद्रट से कुछ पूर्व की कौतूहल कवि की 'लीलावती' नामक कथा मिली है जो ठीक रुद्रट के कथालक्षणों पर घटित होती है। इससे यह सिद्ध होता है कि रुद्रट ने कथा या महाकथा के लिए जो लक्षण बताये हैं वे उस समय की प्राकृत या अपभ्रंश की कथाओ को देख कर ही लिखे गये होगे। हिन्दी प्रेमाख्यानकों मे से एकाधिक प्रेमाख्यानको पर रुद्रट की परिभाषारूपी कसौटी कसी जा सकती है। पुहुकर कवि कृत 'रसरतन' मे रुद्रट की परिभाषा का अनुसरण किया गया है।[2] पुहुकर ने आरम्भ मे देव-वंदना की है। सूफी प्रेमाख्यानकों की तरह शाहेवक्त की स्तुति भी की है—आदि।

कथा और आख्यायिको मे कुछ सूक्ष्म भेदों के होते हुए भी इनके संदर्भ में कहा जा सकता है कि ये एक ही श्रेणी की रचनाएँ होती थी। इनमे कोई मौलिक भेद प्रतीत नही होता। हितोपदेश, कथासरित्सागर, सिंहासनबत्तीसी, बैतालपचीसी, कादम्बरी, हर्षचरित, वासवदत्ता, दशकुमारचरित आदि कथा-आख्यायिकाओं की बहुत-कुछ प्रकृति एक-दूसरे से मिलती है। कथा-आख्यायिका के उपर्युक्त सभी मतो को एकत्र करके सर्वमान्य लक्षणों की रूपरेखा इस प्रकार बन सकती है :

१. कथा-आख्यायिका मे रोमांचक तत्त्वो और साहसिक कार्यों जैसे युद्ध, बलपूर्वक विवाह, कन्याहरण, भयकर यात्रा, मार्ग की दुरूह

---

१ रुद्रट, काव्यालंकार, १६. २०-२३.

२ डा० शिवप्रसाद सिंह, रसरतन की भूमिका, पृ० ७८

कठिनाइयाँ, देव-असुर, गन्धर्व-यक्षादि के अलौकिक कार्यों का बहुत अधिक विस्तार होता है।

२. कथा-आख्यायिका का कथानक अधिक प्रवाहयुक्त, इतिवृत्तात्मक और आकर्षक होता है किन्तु उसका मूलाधार यथार्थ जीवन नही होता (बाण की हर्षचरित सदृश कुछ रचनाएँ इसके लिए अपवादस्वरूप हैं)। इसमें कल्पना-जन्य अलौकिक, अतिमानवीय एवं अतिप्राकृत तत्त्वों, यात्राओ तथा असम्भव घटनाओ की अधिकता होती है। परिणामस्वरूप उसमे काल्पनिक कथा का चमत्कार और असम्भव या अविश्वसनीय घटनाओ की भरमार होती है।

३ कथा-आख्यायिका मे कथानक की कोई शृखलित योजना नही होती। उसका कथानक स्फीतियुक्त, उलझा हुआ और जटिल होता है। प्राय. उसका प्रारम्भ ही कथांतर से होता है, फिर उसमें कथा के भीतर कथा और उस अन्तर्गत कथा में भी गर्भकथाएँ भरी रहती हैं। कुछ कथाएँ ऐसी भी होती हैं जिनमें अनेक कथाएँ किसी एक सूत्र से परस्पर बाँध दी गई रहती है। यद्यपि उन सबका अस्तित्व अलग-अलग ही रहता है।

४ कथा-आख्यायिकाओं की कथाओं मे विवाह और उसके लिए युद्ध तथा प्रेम के सयोग एवं वियोग पक्ष के वर्णन पर अधिक ध्यान दिया जाता है। परिणामस्वरूप उसके नायक प्राय धीर ललित होते हैं और उनका जीवन अयथार्थ पर आधारित होता है। वे प्राय. निजन्धरी होते हैं या कथाकार द्वारा निजन्धरी ऊँचाई तक पहुँचा दिये जाते हैं। भारतीय कथाओ मे विक्रमादित्य, सातवाहन, उदयन, दुष्यन्त और नल आदि ऐसे ही चरित्र हैं, जो ऐतिहासिक होते हुए भी निजन्धरी व्यक्तित्व द्वारा गढ़े हुए हैं। युद्ध, साहस एव वीरता के कार्यों का वर्णन कथा-आख्यायिकाओ में भी होता है पर वैसा नहीं जैसा अलंकृत काव्यो मे होता है। कथाकार युद्ध और वीरता को प्रेम और शृंगार का साधनमात्र समझता है, जिससे उसका मन इन बातो मे ही रमता है।[1]

पहले लिखा जा चुका है कि हिन्दी प्रेमाख्यानको की एक सुदृढ परम्परा

---

१. विस्तार के लिए देखिए—डा० शम्भूनाथ सिंह, हिन्दी महाकाव्यो का स्वरूप और विकास, पृ० ४०१-४

विषय मे विद्वानो के सकेत मात्र मिलते है। जैसे, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के शब्दों मे 'ध्यान देने की बात है कि चरित्रकाव्य या आख्यानकाव्य के लिए अधिकतर चौपाई, दोहे की पद्धति ग्रहण की गई है। चौपाई-दोहे को यह परम्परा हम आगे चलकर सूफियो की प्रेम कहानियो मे, तुलसी के रामचरितमानस मे तथा छत्रप्रकाश, ब्रजविलास, सबलसिंह चौहान के महाभारत इत्यादि अनेक आख्यानक काव्यो मे पाते हैं।'[1] डा० भगीरथ मिश्र लिखते हैं—'जायसी, तथा प्रेमाख्यानक कवियों की कहानी और प्रेमवर्णन का मूल जैनाचार्यो द्वारा लिखी प्राकृत और अपभ्रश कथाओ ... मे मिलना है। · जायसी, तुलसी आदि की दोहा-चौपाई वाली शैली जो हिन्दी मे इतनी सफल सिद्ध हुई, अपभ्रश से ही प्रारम्भ हुई है।'[2] डा० हरिकान्त श्रीवास्तव की मान्यता है कि ' · हिन्दी आख्यानक काव्य अपभ्रश के चरित्र और पुराण काव्यो के उत्तराधिकार मे मिले।'[3] प्रो० हरिवश कोछड़ का कथन है—'अपभ्रश काव्यो के प्रेमाख्यानक काव्य हिन्दी साहित्य मे जायसी के पद्मावत के रूप मे प्रकट हुए।'[4] इसी प्रकार अन्य कतिपय विद्वानो ने इस सन्दर्भ की सूचना मात्र दी है।

हिन्दी प्रेमाख्यानकों पर जो शोध अथवा समालोचनात्मक ढग के ग्रंथ लिखे गये हैं, उनमे डा० हरिकान्त श्रीवास्तव के 'भारतीय प्रेमाख्यान काव्य', डा. कमल कुलश्रेष्ठ के 'हिन्दी प्रेमाख्यानक काव्य'; श्री गणेशप्रसाद द्विवेदी द्वारा सपादित 'हिन्दी प्रेमगाथा काव्य संग्रह'; प० परशुराम चतुर्वेदी के 'मध्यकालीन प्रेमसाधना' और 'हिन्दी के सूफी प्रेमाख्यान'; डा० शिवसहाय पाठक के 'मलिक मोहम्मद जायसी और उनका काव्य', श्री चन्द्रवली पाडेय के 'तसव्वुफ अथवा सूफीमत'; डा० श्याममनोहर पांडेय के 'मध्ययुगीन प्रेमाख्यान' और डा० सरला शुक्ल के 'हिन्दी-सूफी कवि और काव्य' आदि का उल्लेख किया जा सकता है। यहाँ यह भी कहना अनिवार्य है कि हिन्दी साहित्य के इतिहास मे भी हिन्दी-प्रेमाख्यानको के सन्दर्भ मे थोडी-घनी सामग्री दी ही गई थी। उल्लिखित सभी सामग्री अपने क्षेत्र मे महत्त्वपूर्ण स्थान तो रखती है, परन्तु इन सभी मे शिल्प पर

---

१. आ० रामचन्द्र शुक्ल, हिन्दी साहित्य का इतिहास, प्रथम स०, पृ० ८-९
२. डा० भगीरथ मिश्र, हिन्दी काव्यशास्त्र का इतिहास, पृ० ४८
३. डा० हरिकान्त श्रीवास्तव, भारतीय प्रेमाख्यान काव्य, पृ० २६.
४. प्रो० हरिवंश कोछड, अपभ्रंश-साहित्य, पृ० ३८८.

विचार का अभाव है। कही शिल्प की चर्चा उठाई भी गई है तो वह नगण्य है।

हिन्दी प्रेमाख्यानको के शिल्पगठन पर वास्तविक प्रभाव अपभ्रंश कथाकाव्यों का पडा। शुद्ध भारतीय शैली के प्रेमाख्यानक अपभ्रंश के पुराण और चरितकाव्यों की देन हैं। विचारको ने उक्त सत्य को स्वीकार किया है, फिर भी इस विषय पर विस्तार के अभाव मे हिन्दी प्रेमाख्यानकों की वस्तु-गठन, शैली-शिल्प आदि का अध्ययन अधूरा ही रह जाता है। मूल प्रश्न शिल्प-विधि की कठिनाइयो का था। उक्त प्रसंग मे हमने देखा कि शिल्प-विधि के अध्ययन की कठिनाइयो का समाधान अत्यधिक श्रम-साध्य एव दुहरा व्यापार है। कारण इसका यही है कि शिल्पविधि पर आधिकारिक ढग से किसी ने नही सोचा या कार्य किया। नये सिरे से कोई भी कार्य किया जाये उसमे कठिनाइयाँ होना स्वाभाविक है। ठीक यही बात हिन्दी-प्रेमाख्यानको की शिल्पविधि के अध्ययन की कठिनाइयो के संदर्भ मे कही जा सकती है।

हिन्दी प्रेमाख्यानकों का शिल्प क्या है ? इसे निर्दिष्ट करने के लिए एक कसौटी चाहिये और उसका प्रारूप यह होगा

१ **कथावस्तु** · मगलाचरण, सज्जन-प्रशसा, दुर्जन-निन्दा, कथान्यास, कथाविस्तार, कथोद्देश्य, युद्धवर्णन, कन्या-प्राप्ति, पारलौकिक या इहलौकिक सुख (आरम्भ, विकास-सघर्ष और फलप्राप्ति)।

२ **कथासंघटन-वस्तुवर्णन :**

१ नगर, वन, बाग, गिरि, ताल, सरिता, हाट आदि।
२ अश्व, सेना, आयुध, सिंहासन आदि।
३. सास्कृतिक आलम्बन—सगीत, विधाएँ, धार्मिक विश्वास, अन्ध-विश्वास, आकस्मिक घटना, सयोजन आदि।
४ भाषा-शैली, कथा-शैली, दोहा-चौपाई, कडवक, घत्ता, संधि, अध्याय आदि का विवेचन आवश्यक है।

'शिल्प' शब्द के अर्थ अथवा अर्थ-विस्तार पर प्रस्तुत प्रबन्ध के तृतीय अध्याय मे मूलरूप से विचार किया जायगा। यहाँ यह कहना आवश्यक होगा कि मै शिल्प को सिर्फ शैली नही मानता। शिल्प एक व्यापक शब्द है जिसमे शैली की विशेषताएँ तो आ ही जाती हैं, पर इसके अतिरिक्त कथा की गठन (स्ट्रक्चर), रूढियाँ (मोटिफ्स), वस्तुवर्णन, साज-

रही है। यहाँ विचारणीय यह है कि हिन्दी प्रेमाख्यानको का मुख्य लक्षण क्या है? यह तो सुनिश्चित ही है कि प्रेमाख्यानको अथवा प्रेमगाथाओं का आधार कोई न कोई प्रेम-कथा, प्रेम-कहानी, प्रेम-वार्ता अथवा कोई लोकवार्ता या प्रचलित कहावत ही होगी। जहाँ तक मेरा इस विषय मे अध्ययन है वहाँ तक मैं यह कह सकता हूँ कि संस्कृत कथाकाव्यो की भाँति हिन्दी प्रेमाख्यानको को किसी एक परिभाषा के वृत्त मे नही घेरा जा सकता। हिन्दी प्रेमाख्यान अपनी पृष्ठ-भूमि मे जहाँ एक ओर भारतीय प्राचीन परम्परा को सुरक्षित रखे हुए हैं वहाँ दूसरी ओर अभारतीय विशेषकर सूफी परम्परा के प्रभाव से अछूते नही रह सके हैं। सूफी प्रेमाख्यानको की एक अलग धारा रही है। इस बात का सकेत मैंने पूर्व भी किया है कि कोई भी प्रेम-कथा चाहे वह चरितकाव्य के रूप में अथवा दन्तकथा के आधार पर रचित अथवा लोकवार्ता आदि से सम्बन्धित होकर सामने आई, उसे प्रेमगाथा या प्रेमाख्यान कहने मे संकोच की क्या बात है? हाँ, यह बात अवश्य द्रष्टव्य होगी कि उस कथा, आख्यायिका अथवा आख्यान मे प्रेमकथा की प्रधानता है या नही। यदि प्रेमकथा की प्रधानता नही है तो अवश्य ही विषयान्तर होगा।

साधारणतया प्रेमाख्यानको के सन्दर्भ मे लोक-मर्यादा का प्रश्न उठता है। ऐसी स्थिति मे मेरा विचार है कि कोई भी सजग कृतिकार जान-बूझकर लोकमर्यादा के परे की बात नही लिखता। यदि वह चरमोत्कर्ष को वेला मे लोकमर्यादा का अतिक्रमण बरबस कर जाता है तो क्षम्य है। चूँकि 'प्रेमाख्यानको मे लोकमर्यादा का अतिक्रमण दोष नही गुण समझा जाता है।'[1]

हिन्दी प्रेमाख्यानको को अध्ययन की सुविधा के लिए तीन भागो मे विभक्त करके देखा जा सकता है। अथवा इसे यो भी कह सकते हैं कि उपलब्ध प्रेमाख्यानक तीन प्रकार के हैं[2]

१. आध्यात्मिक सिद्धान्तो के प्रचार के लिए लिखे गये काव्य।
२. विशुद्ध लौकिक प्रेम-काव्य।
३ अर्द्ध-ऐतिहासिक प्रेमगाथाएँ।

---

१. डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी, मध्यकालीन धर्मसाधना, पृ० २४८
२ डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी, हिन्दी साहित्य, पृ० २६३

प्रथम श्रेणी मे मुख्य रूप से सूफी कवियो की रचनाएँ आती है। सूफियो के अतिरिक्त अन्य भक्त कवियो ने भी इस शैली को अपनाया है। अत- एव इन काव्यो की दो श्रेणियाँ हो जाती हैं[1] :

१. सूफी कवियो के लिखे प्रेमकाव्य

२. अन्य भक्त कवियो द्वारा लिखे गये प्रेमकाव्य

उक्त भेद को निम्न प्रकार से भी कहा गया है

१ **शुद्ध प्रेमाख्यानक काव्य** : जिसमे स्त्री-पुरुष के लौकिक प्रेम का चित्रण किया हो, जैसे—छिताईवार्ता।

२ **रहस्यवादी प्रेमाख्यानक काव्य** जिन काव्यो मे लौकिक प्रेम के माध्यम से पारलौकिक प्रेम का निरूपण किया जाता हो। इस प्रकार के काव्यों मे सूफी कवियो की रचनाएँ प्रमुख है।

३. **प्रेमप्रभाव-निरूपक काव्य** : इसमे कथा नाममात्र को होती है, सारा बल प्रेम-निरूपण मे ही दिया जाता है।[2]

हिन्दी के प्रेमख्यानको का मुख्य लक्षण निर्धारित करने से यह स्पष्ट हो जाता है कि वे सस्कृत के लक्षणो को पूर्णत नही स्वीकार करते। हिन्दी प्रेमख्यानकों का अपना एक निजी और नया काव्यरूप है।

हिन्दी प्रेमाख्यानको की शिल्प-विधि की कठिनाइयो का जहाँ तक प्रश्न है, वे तो आज तक भी ज्यो की त्यो बनी हुई हैं। उसका मूलभूत कारण प्रथम तो यही है कि प्रेमाख्यानको के मुद्रण के अभाव मे उस ओर किसी की सावधान दृष्टि पडी ही नही। द्वितीय यह कि किसी वस्तु से उसके शिल्प को अलग नही किया जा सकता। चूँकि हिन्दी साहित्य अपभ्रश साहित्य का चिर-ऋणी है अथवा डा० वीरेन्द्र श्रीवास्तव की शब्दावली मे, 'हिन्दी भाषा और साहित्य की विकास-शृंखला का सम्यक् परिचय बिना अपभ्रश भाषा के अध्ययन के सभव नही है।'[3] अतएव उस ओर दृष्टिपात करना भी आवश्यक है। मध्यकालीन हिन्दी के प्रेमाख्यानको का शिल्प और कथा-सघटन अपभ्रश से बहुत प्रभावित है। अब तक इस

---

१ डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी, हिन्दी साहित्य, पृ० २७८

२ छिताईवार्ता, सं० —डा० माताप्रसाद गुप्त, परिचय, पृ० १२

३ डा० वीरेन्द्र श्रीवास्तव, अपभ्रश भाषा का अध्ययन, पृ० ३९

सज्जा तथा कथाकाव्यो का पूरा रचाव भी शिल्प के अन्तर्गत आता है। मै यही प्रभाव शब्द की भी व्याख्या कर देना चाहता हूँ। प्रभाव का अर्थ सीधी छाप या सादृश्य नहीं, प्रभाव को व्यापक अर्थ में ग्रहण किया गया है, इसे एक प्रकार से अपभ्रंश कथा-शिल्प का हिन्दी कथा-शिल्प के विकास में योगदान ही कहना चाहिये। इसी योगदान की भूमिका मे मेरे शोध प्रवन्ध का उद्देश्य हिन्दी प्रेमाख्यानको और अपभ्रंश कथा-काव्यो मे शिल्पगत शृंखला नियोजित करना है।

हिन्दी प्रेमाख्यानको की तालिका

एक[1]

कृति	कृतिकार	कृतिकाल
१ चन्दायन	मुल्लादाऊद	सन् १३७० ई० (७७२ हि०)
२ सत्यवती	ईश्वरदास	,, १५०१ (१५५८ वि० स०)
३ मृगावती	कुतुबन	,, १५०१ (९०९ हि०)
४ पद्मावती	जायसी	,, १५४० (९४७ हि०)
५ मधुमालती	मंझन	,, १५४५ (९५२ हि०)
६ रूपमंजरी	नंददास	,, १५५० के लगभग
७. माधवानल-काम-कन्दला	आलम	,, १५९१ (९९२ हि०)
८ चित्रावली	उसमान	,, १६१३ ई०
९. रसरतन	पुहकर	,, १६१६ ई०
१० ज्ञानदीप	शेख नवी	,, १६१९ ई०
११. कनकावती	जान	,, १६१८ ई०
१२. पुहुप-वरिखा	,,	,, १६२१ ई०
१३ कामलता	,,	,, १६२२ ई०
१४. रत्नावली एवं बुद्धिसागर	,,	,, १६३४ ई०

---

१. डा० शिवगोपाल मिश्र द्वारा सपादित एवं हिन्दी प्रचारक पुस्तकालय वाराणसी से नवम्बर १९५७ में प्रकाशित 'मझनकृत मधुमालती' से

कृति	कृतिकार	कृतिकाल
१५. छीता	जान	सन् १६३६ ई०
१६. रूपमंजरी	,,	,, १६३७ ई०
१७ कमलावती	,,	,, १६३९ ई०
१८ कलदर	,,	,, १६४५ ई०
१९ नल-दमयन्ती	,,	,, १६५६ ई०
२० नलदमन	सूरदास लखनवी	,, १६५७ ई०
२१. मृगावती की कथा	मेघराज प्रधान	,, १६६६ ई०
२२ पुहुपावती	दुखहरनदास	,, १६६९ ई०
२३. हस-जवाहिर	कासिमशाह	,, १७२१ ई०
२४. इन्द्रावती	नूरमुहम्मद	,, १७४४ ई०
२५ विरह-वारीश	वोधा	,, १७५२-५८ ई०
२६ प्रेमरतन	फाजिलशाह	,, १८४८ ई०

दो[1]

१ मृगावती	शेख कुतवन	१५६० वि०
२ पद्मावती	जायसी	१५७८ वि०
३. मधुमालती	मलिक मझन	१६०२ वि०
४ चित्रावली	उसमान	१५७० वि०
५. कनकावती	जान कवि	१६७५ वि०
६. कामलता	,,	१६७८ वि०
७. मधुकरमालती	,,	१६९१ वि०
८ रतनावली	,,	१६९१ वि०
९ छीता	,,	१६९३ वि०
१० हस-जवाहर	कासिम शाह	१७९३ वि०
११ इन्द्रावती	नूरमुहम्मद	१८०१ वि०
१२ अनुरागवाँसुरी	,,	१८२१ वि०
१३ यूसुफ-जुलेखा	शेख निसार	१८४७ वि०

१. डा० सत्येन्द्र, मध्ययुगीन हिन्दी साहित्य का लोकतात्विक अध्ययन, पृ० २९१–२९२ से उद्धृत

कृति	कृतिकार	कृतिकाल
१४ नूरजहाँ	ख्वाजा अहमद	१९६२ वि०
१५ भाषा-प्रेमरस	शेख रहीम	१९७२ वि०
१६ ढोला-मारू रा दूहा		
१७ रसरतन	नारायण	१६७५ वि०
१८ छिताईवार्ता	,,	१६४७ वि०
१९ विरहवारीश	बोधा	१८०९ वि०
२० माधवानल-कामकन्दला	गणपति	१५८४ वि०
२१ माधवानलकथा	दामोदर	१७३७ वि०
२२. प्रेमविलास-प्रेमलता कथा	नटमल	१६१३ वि०
२३ राजा चित्रमुकुट-रानी चन्द्रकिरन की कथा		

प्रकाशित प्रेमाख्यानकों की सूची

१ **पद्मावत**—मलिक मुहम्मद जायसीकृत, सं०—डा० वासुदेवशरण अग्रवाल, प्र०—साहित्य सदन, चिरगाँव, झाँसी, सं० २०१२

२ **जायसी-ग्रन्थावली**—स० —आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, प्र०—ना० प्र० सभा, काशी, सं० २००८

३ **मंझनकृत मधुमालती**—सं०—डॉ० शिवगोपाल मिश्र, हिन्दी प्रचारक पुस्तकालय, वाराणसी, सन् १९५७.

४ **छिताईवार्ता**—नारायणदासकृत, सं०—डा० माताप्रसाद गुप्त, स० २०१५

५ **रसरतन**—पुहुकरकृत, स०—डा० शिवप्रसाद सिंह, स० २०२० (दोनों ही ना० प्र० सभा, काशी से प्रकाशित).

६ **मंझनकृत मधुमालती**— स०—डा० माताप्रसाद गुप्त, मित्र प्रकाशन प्रा० लि०, इलाहाबाद, सन् १९६१

७ **चंदायन**—मौलाना दाऊद दलमईकृत, स०—डा० परमेश्वरीलाल गुप्त, हिंदी ग्रथ रत्नाकर प्रा० लि०, बबई–४, सन् १९६४

८ **माधवानल-कामकन्दला**—गणपति, कुशललाभ और दामोदर रचित, स०—एम० आर० मजूमदार, ओरियन्टल इस्टीट्यूट, बड़ौदा, सन् १९४२

९ **कुतुबनकृत मृगावती**—सं०—डा० शिवगोपाल मिश्र, हि० सा० सम्मेलन, प्रयाग, शक सं० १८८५.

१० **मधुमालतीवार्ता**—चतुर्भुजदासकृत, स० —डा० माताप्रसाद गुप्त, ना० प्र० सभा काशी, स० २०२१

११ **रुक्मिणीपरिणय**—रघुराज सिंह जूदेवकृत, स०—गगाविष्णु, श्रीकृष्णदास लक्ष्मी वैकटेश्वर, कल्याण-मुबई, स० १९८१

१२ **वेलिक्रिसन रुक्मिणी री**—प्रिथीराजकृत, स०—आनन्द प्रकाश दीक्षित, विश्वविद्यालय प्रकाशन, गोरखपुर

१३ **कथा हीर रॉझनि की**—कवि गुरुदास गुणीकृत, स०—सत्येन्द्र तनेजा, पटियाला, सन् १९६१

१४ **विरहवारीश माधवानल कामकन्दला चरित्रभाषा**—बोधाकृत, नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ

१५. **इन्द्रावती**—नूरमुहम्मदकृत, स०—श्यामसुन्दरदास, ना० प्र० सभा, काशी.

१६. **ढोला-मारू रा दूहा**—ना० प्र० सभा से प्रकाशित

१७ **अनुरागबाँसुरी**—नूरमुहम्मदकृत, सं०—रामचन्द्र शुक्ल, चन्द्रवली पाडेय.

१८ **उसमानकृत चित्रावली**—स०—जगन्मोहन वर्मा.

१९. **चित्ररेखा**—जायसीकृत, स०—शिवसहाय पाठक, हिन्दी प्रचारक पुस्तकालय, वाराणसी.

२०. **बीसलदेवरास**—नरपति नाल्हकृत, स०—माताप्रसाद गुप्त तथा अगरचन्द नाहटा

इनके अतिरिक्त उषाहरण, रूपमजरी, बात सयाणी चारिणी री, सत्यवती की कथा, प्रेमदर्पण, हसजवाहिर और भाषा-प्रेमरस आदि प्रेमाख्यान भी सपादित-प्रकाशित हुए हैं। हिन्दी प्रेमाख्यानको का उक्त कार्य प्रेमाख्यानको की परम्परा को जीवित रखने के लिए आवश्यक होने का साथ-साथ उनका अध्ययन करने वालो के लिए अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। प्रेमाख्यानको के संदर्भ मे शोधपूर्ण कार्यो की कमी बराबर अखरती है। सपादित कार्यों की सूची मे सपादन और शोधपूर्ण भूमिकाओ को प्रस्तुत करने मे सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कार्य 'रसरतन' के सम्पादक डॉ० शिवप्रसाद सिंह एव 'चदायन' के संपादक डॉ० परमेश्वरीलाल गुप्त का है।

अध्याय २

हिन्दी प्रेमाख्यानकों का ऐतिहासिक विकास

प्रेमाख्यानक : परिभाषा का प्रश्न

प्रेमाख्यानक, प्रेमगाथा, प्रेमकहानी और प्रेम-कथा लगभग एकार्थ-वाचक शब्द हैं। प्रेमाख्यानकों को ही कतिपय विद्वानों ने प्रेमगाथा कहा है।[1] समान अर्थ वाले शब्दो को पर्यायवाची शब्द माना जाता है। मूलतः यह व्यवस्था कामचलाऊ ही है। आख्यानक शब्द मे कथा, कहानी, गाथा और कथानक आदि सभी अर्थ अन्तर्निहित हैं, जिसका उल्लेख हम आगे करेंगे। प्रेमाख्यान शब्द प्रेम और आख्यान के संयोग से बना है, यह प्रत्यक्ष ही है। इन दोनो शब्दो की अलग-अलग और सम्मिलित व्याख्या से प्रेमाख्यानक की परिभाषा करने मे सरलता होगी। प्रेम ससार की एक ऐसी नौका है, जिसमे बैठकर ससार की सैर भी की जा सकती हैं और ससार से ऊब होने पर उससे पार भी उतरा जा सकता है। प्रेम एक ऐसा भाव है जिस पर किन्ही वाह्य पदार्थों का प्रभाव नही पड़ता

> नूरमुहम्मद प्रेम पर लहे न मन्त्र न जन्त्र।
> प्रेम-पीर जहाँ ऊपजे, तहाँ न औषद मन्त्र॥[2]

प्रेम का प्रभाव इतना दिव्य होता है कि 'प्रेम के दिव्य प्रभाव से उसे (प्रेमी को) अपने आस-पास चारो ओर सौन्दर्य की छाया फैली हुई दिखाई पडती है, जिसके बीच वह बड़े उत्साह और प्रफुल्लता के साथ अपना कर्मसौन्दर्य प्रदर्शित करता है। यह प्रवृत्ति इस बात का पूरा सकेत करती है कि मनुष्य की अत प्रकृति मे जाकर प्रेम का जो विकास हुआ है वह सृष्टि के बीच सौन्दर्य-विधान की प्रेरणा करने वाली एक दिव्य शक्ति के रूप मे है।'[3] सत्य तो यह है कि प्रेम अनुभूतिपरक है। अतएव जिसने जैसा अनुभव किया उसने अपने ढंग से 'प्रेम' को परिभाषित किया। प्रिय से प्रेमी

---

१ डा० सत्येन्द्र, मध्ययुगीन हिन्दी साहित्य का लोकतात्विक अध्ययन, पृ० १३९

२ डा० सरला शुक्ल, हिन्दी-सूफी कवि और काव्य, पृ० ४७१ से उद्धृत।

३. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, चिन्तामणि, प्रथम भाग, पृ० ८९

की मिलनेच्छा ही प्रेम है। यह प्रेम प्रेमी और प्रेमिका को एक स्तर पर ला खड़ा करता है, जिससे वे परस्पर मिलकर एकात्म हो सके।[1] कुछ लोगो के मत मे प्रेम आनन्द (भौतिक) के अतिरिक्त कुछ नही है। कार्लमेनिंगर के विचार से दो व्यक्तियो के सम्मिश्रण से प्राप्त अनुभूत्यात्मक आनन्द प्रेम है।[2] परन्तु भारतीय दृष्टिकोण इससे भिन्न है। हमारे यहाँ इस प्रकार के आनन्द को 'काम' सज्ञा दी गई है। कामशास्त्र-प्रणेता वात्स्यायन लिखते हैं, **'स्पर्शविशेषविषयात्त्वस्याभिमानिकसुखानुविद्धा फलवत्यर्थप्रतीतिः प्राधान्यात्कामः।'** अर्थात् 'स्पर्शादिक विशेष क्रिया से सुख के साथ जो फलवान् आनन्द की प्रतीति होती है, वह काम है।[3]

कबीरदास जी ने बडी हृदयस्पर्शी घोषणा की थी

पोथी पढ़ि-पढ़ि जग मुआ पंडित भया न कोय।
ढाई आखर प्रेम का पढ़े सो पंडित होय॥[4] **४ २७७**

परन्तु इस 'ढाई आखर' की तह तक पहुँच पाना सबके वश की बात नही। जायसी इस प्रेम की उत्पत्ति 'विरहजन्य' मानते हैं—

'जब लगि विरह न होइ तन, हिये न उपजइ प्रेम'

—जायसी, चित्ररेखा, ६. ९८

और जब विरह होने पर 'प्रेम' उपज गया तब भी कार्य अधूरा ही रहता

---

१ डा० भगवानदास, साइंस आफ इमोशंस, पृ० २७ "Love is the desire for union with the object loved, and therefore even tends to bring subject and object to one level in order that they may unite and become one."

२. कालमेनिंगर, लव अगेन्स्ट हेट, पृ० २७ "Love is experienced as a pleasure in proximity of a desire for fuller knowledge of one another, a yearing for mutual personality fusion"

३ वात्स्यायन, कामसूत्र, १ २. १२

४ (अ) सं०—डा० शिवसहाय पाठक, चित्ररेखा, पृ० १४२
कोटिक पोथी पढि मरे, पंडित भा नहिं कोइ।
एकै अक्षर प्रेम का पढे सो पडित होइ॥—चि०रे० ५१
(ब) सं०—डा० श्यामसुन्दरदास, कबीर ग्रन्थावली, पृ० ३०,

है अर्थात् उसे प्रेम-रस का पान नही होता। प्रेम-रस का पान तो उसे ही होता है जो अपना हृदय प्रेम की व्यथा से उसी प्रकार छेद लेता है जिस प्रकार कि केतकी के कांटे से भौंरा अपना तन छेद डालता है :

भंवर भयेउ जस केतकि कांटा, सो रस पाइ होइ गुर चांटा ॥

—वही, पृ० ९७

वास्तव में तो इस प्रेम को वही पा सकता है जिसकी पैठ अतिशय गहरी हो सके। कविवर देव की स्वीकारोक्ति है—

प्रेम सों कहत कोउ-ठाकुर न ऐंठो सुनि।
बैठो गाड़ि गहरे, तो पैठो प्रेम घर में ॥

इस प्रेम-घर तक पहुँचने का मार्ग अत्यन्त सुगम भी है और दुर्गम भी। सुगम तब है जब मन छल-कपट से रहित हो। घनानंद के शब्दों में :

अति सूधो सनेह को मारग है जहाँ नेक सयानप बांक नही।
तहं साँचे चलें तजि आपनपो, झिझकें कपटी जे निसांक नहीं ॥[1]

और दुर्गम तब है जब मन अस्थिर हो, कपटयुक्त हो। तब यह मार्ग मृणालतन्तु पर आधारित होता है। किसी क्षण भी प्रेम-सड़क रसातल मे जा सकती है। अतएव यह कहा जा सकता है कि प्रेम का पथ अति विकराल है। बोधा ने कहा है :

अति छीन मृणाल के तारहु ते तेहि ऊपर पांव दे आवनो है।
सुई वेह ते द्वारस कीन तहाँ परतीति को टांडो लदावनो है ॥
कवि बोधा अनी घनी तेजहु तें चढ़ि तापै न चित्त डरावनो है।
यह प्रेम को पथ कराल महा तलवार की धार पे धावनो है ॥

जो भी हो, चाहे प्रेम के अनेक रूप हो, अथवा उसके पथ अनेक हो, फिर भी सच्चा प्रेम सभी अवस्थाओ मे एक-सा रहता है। भवभूति ने लिखा है, सच्चा प्रेम सुख दु ख मे अद्वैत रहता है। वृद्धावस्था आने पर भी प्रेमरस मे कोई न्यूनता नही आती। समय व्यतीत होने पर बाह्यावरणो के हट जाने से जो स्नेह का सार स्थित रहता है, वही सच्चा प्रेम है।

---

१ आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, घनानद (सुजानहित), पद्य २६७, पृ० ८६

अद्वैतं सुखदुःखयोरनुगतं सर्वास्ववस्थासु यत्,
विश्रामो हृदयस्य यत्र जरसा यस्मिन्नहार्यो रसः।
कालेनावरणात्ययात्परिणते यत्स्नेहसारे स्थितं,
भद्रं तस्य सुमानुषस्य कथमप्येकं हि तत्प्राप्यते ॥[1]

भवभूति ने प्रेम को सभी अवस्थाओ मे अद्वैत माना है। इस रहस्य का निर्गुणिया सत कवीर ने उद्‌घाटन किया है.

कवीर बादल प्रेम का हम पर वरस्या आय।
अंतर भीग्यी आत्मा, हरी भई वनराइ ॥ ३४ ॥[2]
(गुरु० कौ अग)

जिसकी आत्मा ही प्रेम में डूब चुकी हो, निःसदेह उसका प्रेम अद्वैत होगा। जो व्यक्ति प्रेम-शून्य है उसे कवीर धिक्कारते है·

जिहि घटि प्रीति न प्रेमरस, फुनि रसना नहिं राम।
ते नर इस संसार में, उपजि भये बेकाम ॥ १७ ॥[3]
(सुमि० कौ अग)

प्रेम-जगत का विस्तार इतना अधिक है कि उसे लिपिबद्ध कर पाना कठिन है। उल्लेखनीय और आश्चर्य की बात तो यह है कि निर्गुण सतो ने भी 'प्रेम' बिना अपना निस्तार सभव नही समझा। अस्तु, मुख्यरूप से उक्त प्रेम को लौकिक एव पारलौकिक इन दो भेदो मे विभाजित किया गया है। प्रेमाख्यानको की परिभाषा के सदर्भ मे डॉ० सत्येन्द्र का यह कथन है 'उपी के (निर्गुणधारा के) साथ प्रबन्धकथाओ को लेकर एक काव्यधारा और खडी हुई। इन कथाओ मे प्रेमकथाओ की प्रधानता रही। ये प्रेमगाथाएँ कहलाती हैं।'[4] फलत मेरे विचार से, जिस कहानी, कथा, गाथा, लोकवार्ता अथवा आख्यानादि मे सफल या असफल प्रेम की सोद्देश्य पूरी बात कही जाये, उसे प्रेमाख्यान की सज्ञा दी जानी चाहिए। आगे 'आख्यानक' शब्द के अर्थ पर विवरण प्रस्तुत किया गया है।

---

१ भवभूति, उत्तररामचरित, १ ३९.

२. स०—डा० श्यामसुन्दरदास, कवीर ग्रन्थावली, पृ० ३

३ वही, पृ० ५.

४. डा० सत्येन्द्र, मध्ययुगीन हिन्दी साहित्य का लोकतात्विक अध्ययन, पृ० १३९.

आख्यान शब्द की व्युत्पत्ति (आ + ख्या + ल्युट् (अन्) भावे) की गई है। सामान्य और विशेष के भेद से इसके दो अर्थ किये गये हैं :

(क) सामान्य अर्थ . १. कथन, निवेदन, उक्ति. २ कथा, कहानी ३. प्रतिवचन. ४ उत्तर (यथा · **अनन्त्यस्यापि प्रश्नाख्यानयोः**)—**अष्टाध्यायी**, ८ २ १०५.

(ख) विशेष अर्थ

१ भेदक धर्म (इस अर्थ मे उपर्युक्त 'ल्युट्' प्रत्यय 'भाव' (क्रियापद से प्रकट होने वाला कर्म) अर्थ न होकर 'करण' अर्थ मे गृहीत होगा एव **'आख्यायते अनेनेति–आख्यानम्'** यह व्युत्पत्ति होगी।)

इस शब्द का इस अर्थ मे प्रयोग **'लक्षणेत्थंभूताख्यानभागवीप्सासु प्रतिपर्यनवः'** (अष्टाध्यायी, १ ४ ९०) मे हुआ है।[1]

२ पुरावृत्तकथन (**'आख्यानं पूर्ववृत्तोक्तिः'** सा० द०), ऐतिहासिक कहानी, पौराणिक कथा।

वेदो मे आये हुए ऐसे ही आख्यानो का संग्रह 'पुराणसंहिता' नाम से अथर्ववेद मे उल्लिखित है। जैसे, सुपर्ण और पुरुरवा इत्यादि के आख्यान ऋग्वेद मे मिलते हैं। मनुस्मृति के तृतीयाध्याय मे पितृश्राद्ध के अवसर पर किये जाने वाले कर्मो के विवरण मे लिखा है :

स्वाध्यायं श्रावयेत्पित्र्ये धर्मशास्त्राणि चैव हि।
आख्यानानीतिहासांश्च पुराणानि खिलानि च॥

—मनुस्मृति, ३ २३२.

इसी पर कुल्लक भट्ट ने मन्वर्थमुक्तावली मे व्याख्यान लिखते हुए लिखा है . **'आख्यानानि सौपर्णमैत्रावरुणादीनि।'**

३ महाभारत इत्यादि इतिहास ग्रन्थ . अनेक आख्यानो एवं उपाख्यानो का 'जय' नामक इतिहास ग्रन्थ मे (वर्तमान महाभारत के मूल रूप मे) संग्रह होने के कारण ही परिवर्द्धित महाभारत को आख्यान-काव्य का नाम प्राप्त हुआ होगा।

---

१. देखिये, तारानाथकृत वाचस्पत्यम् कोश.

४. इन महाभारत आदि आर्षकाव्यो के सर्गो मे वर्णित अलग-अलग उपाख्यानो को भी आख्यान कहा जाता था। इस अर्थ के प्रामाण्य मे तारानाथ ने स्वकृत **'वाचस्पत्यम्'** मे निम्नलिखित श्लोक उद्धृत किया है

नामास्य सर्गोपादेयकथया सर्गनाम तु।
अस्मिन्नार्षे पुनः सर्गा भवन्त्याख्यानसंज्ञकाः॥

और इनका उदाहरण देते हुए लिखा है, **'यथा भारते रामोपाख्यानं, नलोपाख्यानं इत्यादि।**

(ग) हिन्दी मे यह शब्द प्राय. प्राचीन कथानक या वृत्तान्त के ही अर्थ मे प्रयुक्त होता है।

(घ) पर्याय : कथा, कथानक, आख्यायिका, वृत्तान्त इत्यादि।

(ङ) व्यापक अर्थ · कहानी, कथा और इसी अर्थ मे उपर्युक्त पर्याय दिये गये हैं। इसका सीमित अर्थ है ऐतिहासिक कथानक, पूर्ववृत्त-कथन।[1]

आख्यान शब्द के उपर्युक्त अर्थो से आख्यान की व्यापकता पर विशद प्रकाश पड़ता है। वास्तव मे कहानी, कथा, कथानक, आख्यायिका और वृत्तान्त को आख्यान के पर्यायवाची मान लेने पर उसके अर्थ-विस्तार का स्पष्टीकरण हो जाता है। सभवत. आख्यान शब्द के उक्त अर्थविस्तार से कुछेक लोगो को यह सदेह होगा कि 'फिर कहानी, कथा आदि का भेद कैसे जाना जा सकेगा ?' यहाँ मै यह कहना चाहूँगा कि जहाँ कथा, कहानी और उपन्यास मे भेद है, वही सभी मे किसी न किसी रूप मे कथा-तत्त्व का पाया जाना अवश्यम्भावी है। अतएव आख्यान के अर्थ-विस्तार को भी एक सीमित घेरे मे देखना चाहिए। यहाँ मैं यह भी स्पष्ट कर दूँ कि चरित, पुराण, काव्य, खण्डकाव्य, रासो-रासक और महाकाव्य तक को (यदि उनमे प्रेमकथा की प्रधानता है तो) प्रेमाख्यान या प्रेमाख्यानक कहने मे मुझे कोई सीमोल्लघन की बात दृष्टिगोचर नही होती। इससे कोई साहित्यिक गतिरोध भी उत्पन्न नही होता।

हिन्दी में हिन्दू और सूफी दो प्रकार के आख्यानक काव्य लिखे गये हैं। दोनो ही प्रकार के आख्यानको के रचयिता भारतीय थे। अत. उन

---

१ डा० आद्याप्रसाद मिश्र, हिन्दी साहित्यकोश, भाग १, पृ० ८८ से उद्धृत.

आख्यानकों को भारतीय कहा जा सकता है। यह सत्य है कि हिन्दू कहे जानेवाले आख्यानको मे भारतीय संस्कृति के लोकतत्त्वो, दन्तकथाओ अथवा पौराणिक कथनो से कथा का सयोजन तो किया ही गया है, दूसरी ओर भारतीय परिवेश का भी पूर्ण ध्यान रखा गया है। सूफी आख्यानो मे ऐसी बात नही है। इन आख्यानो के कथा-स्रोत भले ही भारतीय हो, कथा की आत्मा और उद्देश्य भारतीयेतर रहे हैं। जो हो, अपने सिद्धान्तो को उदार बनाकर सूफियो ने हिन्दी-साहित्य को उपकृत तो किया ही है। भारतीय संस्कृति और साहित्य मे इतर संस्कृति और साहित्य को खपाने की क्षमता प्रारम्भ से ही रही है। हिन्दी प्रेमाख्यानकों को हिन्दू और सूफी इन दो वर्गों मे बाँटना बहुत वैज्ञानिक नही प्रतीत होता क्योकि धार्मिक मान्यताओ के आधार पर साहित्य का वर्गीकरण कथमपि उचित नही है। वैसे भी शिल्प की दृष्टि से इनमें कोई विशेष अन्तर भी दिखाई नही पड़ता। दोनो ही अपभ्रंश कथाशिल्प से पूरी तरह प्रभावित हैं। पर साहित्य मे इस तरह के वर्गीकरण चलते रहे है। स्वय शुक्ल जी ने 'हिन्दू हृदय' और 'मुस्लिम हृदय' की बात कही है। आगे चलकर हरिकान्त श्रीवास्तव ने भारतीय आख्यान-काव्य परम्परा को हिन्दू और सूफी वर्गो मे बाँट दिया है। मैं भी सुविधा के लिए यह वर्गीकरण स्वीकार करके चला हूँ। वैसे मेरा उद्देश्य दोनों ही प्रकार के आख्यानको के शिल्प पर अपभ्रंश का प्रभाव दिखाना ही है।

हिन्दू प्रेमाख्यानको की श्रेणी मे ढोला-मारू रा दोहा, वीसलदेवरासो, सदयवत्स-सावलिगा, लखमसेन-पद्मावतीकथा, सत्यवती की कथा, माधवानल-कामकन्दला (गणपति, कुशललाभ, दामोदर और अज्ञात कवि द्वारा रचित), प्रेमविलास, प्रेमलताकथा, रूपमंजरी, उषा को कथा, वेलि कृष्ण-रुक्मिणी री, छिताईवार्ता, रसरतन, नल-दमयन्तीकथा, रुक्मिणीमगल, नलदमन, माधवानल नाटक, पुहुपावती, चदकुँवर री वात, नलचरित्र, विरहवारीश, नलोपाख्यान, मधुमालती, नल-दमयन्ती-चरित, कामरूप-चन्द्रकला को प्रेम कहानी, उपाहरण, उषाचरित, उषा की कथा (कवि रामदासकृत), रमणशाह-छवीली-भटियारी की कथा, कामरूप की कथा, रुक्मिणीमगल, रुक्मिणीपरिणय, नलदमयन्ती की कथा (अज्ञात कवि), प्रेमपयोनिधि, वात सायणी चारणी री और राजा चित्रमुकुट और रानो चन्द्रकिरण की कथा आदि प्रेमाख्यानक आते हैं।

इनमे से कतिपय प्रेमाख्यानको का सक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया जा रहा है।

हिन्दू प्रेमाख्यानकों का संक्षिप्त परिचय

ढोला-मारू रा दोहा[1]—यह लोक-काव्य है। इसके रचनाकाल के सवध मे एक मत नही है। डॉ० सत्येन्द्र इसका १००० से आरम्भ और सत्रहवी शताब्दी मे अन्तिम रूप मानते हैं।[२] डा० हरिकान्त श्रीवास्तव १००० से १६०८ स० इसका रचनाकाल मानते हैं।[3] डॉ० मोतीलाल मेनारिया स० १५३०,[४] डा० शम्भूनाथ सिह १४५०[५] स० से पूर्व और डॉ० नामवर सिह १५वी शताब्दी[६] इसका रचनाकाल मानते हैं। समय निर्धारण की मुख्य कठिनाई का कारण इसका किसी एक कवि की रचना का न होना ही रहा है। नि सन्देह इसकी कथा बड़ी सरस और मार्मिक है जो सक्षेप में इस प्रकार है.

नरवर के राजा नल को ढोला नामक एक सुन्दर पुत्र था। एक बार पूगल मे दुर्भिक्ष पड़ा। वहाँ के राजा पिंगल ने नरवर मे आकर शरण ली। पिंगल के मारवणी नाम की एक पद्मिनी कन्या थी। यद्यपि उस समय ढोला की अवस्था ३ वर्ष और मारवणी डेढ वर्ष की थी तथापि दोनो के अभिभावकों ने उनको परिणयसूत्र मे बाँध दिया। कालान्तर मे सुकाल आने पर राजा पिंगल अपने पूगल देश लौट गया। पुत्री के छोटी होने के कारण, उसको भी साथ लेता गया। ढोला के युवक होने तक वह अपने पीहर मे ही थी। इधर ढोला का विवाह मालव की राजकुमारी मालवणी से हो गया। मारवणी के परिवार मे इस विवाह के समाचार से चिंता होना स्वाभाविक ही था। अतः पिंगल ने नल के पास सदेशवाहकों को

---

१. सं०—श्री रामसिंह, सूर्यकरण पारीक और नरोत्तम स्वामी, ना० प्र० सभा, काशी, ई० १९३४

२ डा० सत्येन्द्र, मध्ययुगीन हिन्दी साहित्य का लोकतात्विक अध्ययन, पृ० २२६

३ डा० हरिकान्त श्रीवास्तव, भारतीय प्रेमाख्यान काव्य, पृ० ३४

४ श्री मोतीलाल मेनारिया, राजस्थानी भाषा और साहित्य

५ डा० शम्भूनाथ सिह, हिन्दी महाकाव्यो का स्वरूप विकास, पृ० २२४

६ डा० नामवर सिह, हिन्दी के विकास में अपभ्र श का योग, पृ० २६०.

भेजा। परन्तु मालवणी संदेशवाहको को ढोला से भेट होने के पूर्व ही मरवा देती थी। एक वार पिंगल ने ढाढियो को दूत बना कर भेजा। मालवणी ने इन्हे दीन जान कर नही मरवाया। ढाढ़ियो से मारवणी का समाचार ज्ञात करके ढोला विरह से व्याकुल हो गया। ढोला मारवणी के पास जाने की तैयारी मे था कि मालवणी को मालूम हो गया। वह चौकन्नी हो गई। एक दिन उसके सोने पर ढोला ऊँट लेकर चला। परन्तु दैवात् ऊँट के वोल उठने से वह जाग गई और ढोला को रोकने का असफल प्रयास किया। इस पर भी मालवणी ने सुग्गे को पढ़ाकर भेजा कि रास्ते मे ढोला को संदेश दो कि मालवणी मर गई। परन्तु ढोला ने इस समाचार को भी अनसुना कर दिया।

प्रेमी को प्रेमिका के प्राप्त करने मे यदि अनेको अकल्पित और दुःसाध्य बाधाओ का सामना न करना पड़े तो वह प्रेम ही क्या ? शायद इसीलिए ढोला के मार्ग मे एक रोड़ा और आ टकराया। ऊमर सूमरा ने मारवणी से परिणय का प्रस्ताव पिंगल को भेजा। प्रस्ताव अस्वीकृत हो जाने पर वह जल उठा। वह मौके की तलाश मे रहने लगा। ऊमर सूमरा को जब यह पता चला कि ढोला अकेले ही जा रहा है तो उसने अपने भाग्य को सराहा। उसने ढोला से मिलकर घात करने का निश्चय किया। ढोला उसकी चाल मे फँस गया। मारवणी को एक नर्तकी ने जो उसके पोहर की ही थी, उसे ऊमर सूमरा की चाल वता दी। मारवणी ने ऊँट को छड़ी मार कर भगा दिया, जिससे ढोला उसे पकड़ने आया तो उसने उसे रहस्य वता दिया। वे ऊँट लेकर भागे। ऊमर सूमरा ने उनका पीछा किया। ऊँट के पैर वँधे होने पर भी वह बडी तेजी से भाग रहा था। मार्ग में किसी चारण के ध्यान आकृष्ट करने पर, ऊँट पर बैठे ही बैठे उसने अपनी छुरी द्वारा ऊँट का बन्धन कटवाया। अब ऊँट और भी तेजी से भागा। ऊमर सूमरा हताश होकर लौट आया। नरवर पहुँचकर ढोला ने मारवणी और मालवणी दोनो को समझाकर एक कर लिया और सभी साथ-साथ आनन्दपूर्वक रहने लगे।

वीसलदेवरासो—वीसलदेवरासो के तीन सस्करण प्राप्त हैं।[1] इसके

---

१ (क) सं०—सत्यजीवन वर्मा, का० ना० प्र० सभा से प्रकाशित, सं० १९८२
(ख) स०—डा० माताप्रसाद गुप्त, हिन्दी-परिषद, प्रयाग विश्वविद्यालय.
(ग) सं०—डा० तारकनाथ अग्रवाल, हिन्दी प्रचारक, वाराणसी, ई० १९६२

रचयिता नरपति नाल्ह नामक कवि है। राजमती का विरह-वर्णन इसमे बारहमासे के माध्यम से अधिक उभरा है। इसे प्रेमकथानक अथवा काव्य न मानने वालो का कारण युक्तियुक्त साथ ही सामयिक नही जान पड़ता। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के लिए 'यह काव्यग्रन्थ नही, केवल गाने के लिए लिखा गया था।'[१] 'न तो इसमे कोई काव्यसौष्ठव है और न वर्णनो में किसी प्रकार की रोचकता मिलती है।'[२] जान पड़ता है, वात कुछ दूसरे ढंग की कह दी गई है। आचार्य विश्वनाथ प्रसाद का कथन है कि अनुभूतिरहित या हृदयहीन काव्य यह नही है।[३] डॉ० माताप्रसाद गुप्त इस रचना को महत्त्वपूर्ण मानते हैं। वीसलदेव के वियोग में राजमती का बारहमासा है, वह ललित है किन्तु प्रयास के अनन्तर जो दोनो का मिलन कवि ने वर्णित किया है, वह भी बहुत सरस है।[४] ग्रंथ के रचनाकाल के सम्बन्ध में भी प्रमाणो की भिन्नता के कारण मत-वैभिन्य है। श्री सत्यजीवन वर्मा इसका रचनासं० १२१२ मानते है। डॉ० तिवारी ने विजोल्या के शिलालेख का प्रमाण देते हुए विग्रहराज तृतीय को भोज के भाई उदयादित्य का समकालीन सिद्ध किया है। भोज की पुत्री राजमती का विवाह वीसलदेव तृतीय से सिद्ध किया है। उन्होने विग्रहराज का समय ११५० और ग्रन्थरचनासं० १२७२ माना है।[५] डॉ० माताप्रसाद गुप्त ने सं० १४०० के आसपास रचनाकाल सिद्ध किया है।[६] अस्तु, इस विषय मे विस्तार आवश्यक नही है। ग्रन्थ की सक्षिप्त कथा इस प्रकार है.

कवि कथा प्रारम्भ करने से पहले अपनी सुप्त काव्य शक्ति को पुन. प्राप्त करने के लिए गणेशजी और सरस्वती की वदना करता है। धारा नगरी मे राजा भोज का राज था। इनके अस्सी सहस्र हाथी और ५ अक्षौहिणी सेना थी। पुत्री राजमती के विवाहयोग्य हो जाने के कारण अपनी रानी के प्रस्ताव पर राजा भोज ने ज्योतिषी को वर खोजने को

१. पं० रामचन्द्र शुक्ल, हिन्दी साहित्य का इतिहास, पृ० ३०.
२. डा० उदयनारायण तिवारी, वीरकाव्य, पृ० १९६
३ आ० विश्वनाथप्रसाद मिश्र, हिन्दी-साहित्य का अतीत, पृ० ७६.
४ डा० माताप्रसाद गुप्त, हिन्दी-साहित्यकोश, भाग २, पृ० ३६६
५ डा० उदयनारायण तिवारी, वीरकाव्य, पृ० १९४
६ डा० माताप्रसाद गुप्त, हिन्दी-साहित्यकोश, भाग २, पृ० ३६६.

कहा। अजमेर के राजा से विवाह तय हुआ। समय से वारात राजद्वार पर पहुँची। चारों ओर स्वागत में हर्षोल्लास का वातावरण था।

भाँवरो के समय प्रथम फेरे में राजा भोज ने अपने जामाता वीसलदेव को आलीसर तथा मालदेश दे दिया। दूसरे फेरे मे रानी सपादलक्ष देश, अपार धनराशि, तोडा, टंडक, वूँदी और कुडालदेश देती है। तीसरे फेरे में भोज राजमती के साथ ताजी और केंकाण (घोड़े) मंडीवर का देश देता है। चौथे फेरे मे उसे समस्त गुजरात और चित्तौड़ आदि मिलते हैं। इस प्रकार वहुत से सामान देकर भोज ने वीसलदेव को विदा किया। राजमती को हाथी पर वैठाकर वीसलदेव अजमेर की ओर गया। रास्ते मे 'आनासागर' मिलता है। राजा अजमेर पहुँचकर सुख-भोग से रहने लगता है।

मुख्य कथा अब प्रारम्भ होती है। वीसलदेव को अधिक धन मिलने से घमड हो गया। वह एक दिन रानी राजमती से भी घमंड की वातें करने लगा। राजमती ने भी ताना मारा कि गर्व नही करना चाहिए, उडीसा के राजा तो तुमसे कई गुने अधिक धनी हैं। राजा को ठेस पहुँची। उन्होने रानी से पूछा कि तुम जैसलमेर की रहने वाली हो, तुम्हें उडीसा का कैसे पता चला ? इस पर राजमती अपने पूर्वजन्म की कहानी सुनाती है कि मै पूर्वजन्म मे हरिणी थी और उडीसा के जंगलो मे रहती थी। एकादशी का व्रत निर्जल करती थी। एक दिन मुझे एक अहेरी ने बाण मारे और मैने जगन्नाथ जी के सामने अपने प्राण त्याग दिये। उनसे यह प्रार्थना भी की कि अव मेरा जन्म पूर्व देश मे न हो, क्योकि वहाँ के लोग खराब होते हैं और अच्छी वस्तुओ का भोग नही करते।

वीसलदेव उडीसा जाने का दृढ़ निश्चय करता है। राजमती के अनेक प्रकार से समझाये जाने पर तथा अपनी भाभी द्वारा भी समझाये जाने पर वह उड़ीसा जाने का निर्णय अटल रखता है। वह ज्योतिषी से जाने का मुहूर्त्त पूछता है। परन्तु उस ज्योतिषी को रानी पहले ही मना लेती है कि मुहूर्त्त ४ माह बाद का निकाले। रानी ने सोचा था कि इस अवधि में वह अपने पति को मना लेगी। किन्तु कोई लाभ नही हुआ। मुहूर्त्त आने पर वह यात्रा पर निकल पड़ा।

इधर जैसे-जैसे दिन वीतते है, रानो की व्यथा वढ़ती जाती है। वारहमासे द्वारा रानी की व्यथा का वर्णन कवि ने किया है। ११ वर्ष

वाद रानी एक दूत अपने पति के पास भेजती है। वह सातवे मास मे उड़ीसा पहुंचता है। राजा से राजमती की शोचनीय दशा का वर्णन करता है। राजा आने के लिए वहाँ के राजा से कहता है। वहाँ की रानी कई शादियो का प्रलोभन देकर रोकने का असफल प्रयास करती है। वीसलदेव वहाँ एक योगी को रानी को अविलम्ब अपने पहुचने की सूचना देने के लिए राजी कर लेता है। योगी इधर से पहुँच रहा है और उधर राजमती की बाँई भुजा और बाँई आँख फड़कने का शुभ शकुन होता है। योगी पहुचकर रानी को सूचना देता है कि तुम्हारा पति तीसरे दिन तक आ जायेगा।

योगी के कथनानुसार राजा तीसरे दिन पहुँच जाता है। रानी वहुत प्रसन्न होती है। अजमेर मे खुशियाँ मनाई जाती हैं। रानी एक बात से अधिक प्रसन्न है। वह कहती है कि पति की अनुपस्थिति मे उसे किसी प्रकार का कलक नही लगा। यद्यपि एक कुटनी ने उसे विचलित करने की चेष्टा की थी। वीसलदेव के आ जाने पर दोनो सुखपूर्वक रहने लगे। कवि अपने ग्रन्थ को इस शुभकामना के साथ समाप्त करता है कि जिस प्रकार राजमती रानी अपने राजा से मिली, इसी प्रकार इस ससार मे सभी मिलें। यही ग्रन्थ समाप्त होता है।

सदयवत्स-सावलिंगा—इसको रचना सवत् १५०० मे श्री केशव द्वारा हुई।[1] डॉ० श्याम परमार ने 'सारंगा-सदावृज' के परिचय मे लिखा है : 'उत्तर भारत का यह कथा-गीत गुजरात मे 'सदैवत (सदयवत्स)-सावलिंगा', छत्तीसगढ के गोडा मे 'सदाविरज-सारंगा' तथा मालवा और राजस्थान मे 'सुदवुद-सारगा' नाम से प्रचलित है। जायसी ने इस प्रेम-कथा का उल्लेख किया है। अब्दुल रहमानरचित 'सदेशरासक' मे इसका उल्लेख आया है। छत्तीसगढ मे प्रचलित कथा उत्तर भारतीय रूप से तनिक भिन्न है। उसमे सारगा का नवलखा हार कही खो जाता है। सदाविरज अनेक कठिनाइयो का सामना करके उसे खोज लाता है और सारगा को प्रदान करता है। वस्तुत कहानी बहुत पुरानी है। राजस्थानी और मालवी मे इसके आधार पर अनेक 'ख्याल' और 'माच' (लोक नाट्य) की रचना हुई है।[2] इस कथा की लोकप्रियता के

१ डा० सत्येन्द्र, मध्ययुगीन हिन्दी साहित्य का लोकतात्विक अध्ययन, पृ० २२६.

२. डा० श्याम परमार, हिन्दी-साहित्यकोश, भाग २, पृ० ५८८

विषय मे श्री अगरचन्द नाहटा ने एक लेख मे लिखा है · 'सदयवत्स-कथा का सर्वाधिक प्रचार राजस्थान मे रहा प्रतीत होता है। केवल हमारे सग्रह में ही इस कथा की (राजस्थानी भाषा की) १२ प्रतियाँ उपलब्ध हैं। बीकानेर की अनूप सस्कृत लाइब्रेरी मे १२, सरस्वती भंडार उदयपुर मे ५, कुँवर मोतीचन्द जी के सग्रह मे ३, वृहद् ज्ञान भंडार मे ३ प्राप्त हैं।[1]

लखमसेन-पद्मावतीकथा[2]—इस कथा के लेखक दामो ने इसे 'वीरकथा' कहा है और इसका रचनाकाल ज्येष्ठ वदी नवमी, दिन बुध-वार सं० १५१६ लिखा है :

संवत् पनरह सोलोत्तरा|मझारि, जेष्ठ वदि| नवमी बुधवार।
सप्त तारिका नक्षत्र द्रढ जाणि, वीर कथा रस करूँ वखाण ॥४॥[3]

ऐसा लगता है कि वीररसप्रधान रचना के उद्देश्य से दामो ने काव्य के प्रारम्भ मे ही यह सूचना दे दी है। जिस काव्य मे कुमारी कन्या ही १०१ राजाओ के वध करने वाले से विवाह करने की बात कहे, उसमे वीररस तो प्रधान होगा ही। फिर भी यह रचना प्रेमाख्यान है। रचना आकार-प्रकार मे लघु है। प्रकाशित रूप मे मात्र ३४ पृष्ठों की रचना है। कथा का साराश इस प्रकार है ·

प्रारम्भ मे कवि शारदा माँ और विघ्नहरण गणेशजी की वन्दना करता है। स्वरचना-समय आदि लिखकर कथा प्रारम्भ करता है। एक सिद्धनाथ नाम का योगी था जो घर-घर, ग्राम-ग्राम सर्वत्र विचरण करता चलता था। एकवार गढसामोर भी वह योगी आकाश मार्ग से पहुँचा। वहाँ का राजा हंसराज था। योगी ने उसकी मनमोहिनी कन्या पद्मावती को देखा और उस पर मोहित हो गया। राजकुमारी से उसने प्रश्न किया कि तुम विवाहिता हो या अविवाहिता। सुकुमारी ने उत्तर दिया कि जो व्यक्ति १०१ राजाओ का वध करेगा मै उसी से शादी करूँगी। योगी इसके उपाय पर विचार करने लगा। वह तो सिद्ध था ही। उसने किसी एक कुएँ से गढसामोर तक सुरंग बनाई। गढसामोर के राजा

---

१. श्री अगरचन्द नाहटा, राजस्थान-भारती, अप्रैल, ई० १९५०.

२. सं०—नर्मदेश्वर चतुर्वेदी, परिमल प्रकाशन, प्रयाग, ई० १९५९.

३ दामोचरित, वही, पृ० १

हसराय को वाला को प्राप्त करने के लिए चन्द्रपाल, चन्द्रसेन, अजयपाल, धरपाल, हमीर, हरपाल, दडपाल, सहसपाल, विजयचंद्र आदि ९९ राजाओ को सुरग वाले कुएँ मे डाल दिया। अब कुमारी के कथनानुसार दो राजाओ का लाना शेष था। अतः उसी प्रयत्न मे योगी एक विजौरा नीवू लेकर लखनौती के राजा लखमसेन के पास पहुँचा। वहाँ पर आवाज लगाकर आकाश मे उड़ गया। प्रतिहार ने लखमसेन से कहा तो उन्होने योगी की खोज की। योगी आकर वह विजौरा नीवू देकर फिर गायब हो गया। इस चमत्कार से लखमसेन उसकी ओर आकृष्ट हो गया और अपना राजपाट छोड़कर वन मे चला गया। वहाँ योगी से भेट हुई। राजा को प्यास लगने पर योगी उसे उसी निर्मित कुएँ पर ले गया और धक्का देकर उसी मे गिरा दिया। लखमसेन को सुरग मे पड़े ९९ अन्य राजाओ से योगी के छल का पता चल गया। उसने धीरे-धीरे सभी राजाओ को बाहर कर दिया। वह स्वय वहाँ रह गया। इस बात का पता योगी को भी चल गया। योगी शीघ्र ही सुरग पर पहुँचा और एक ५२ हाथ की शिला कुएँ पर ढक दी जिससे कुएँ मे अँधेरा हो गया। लखमसेन को बडी घुटन होने लगी और वह आत्महत्या की सोचने लगा। वह कुएँ से ईंटे उखाडने लगा। ईंटे उखाडते समय उसे कुछ प्रकाश दिखाई दिया। अतएव उसे आशा हो गई। उसने वही से मार्ग खोज निकाला और उससे वह एक सुन्दर तालाब पर पहुँच गया। वहाँ के सुन्दर दृश्यों का अवलोकन करता हुआ निकटवर्ती नगर मे पहुच गया। वहाँ उसने अपने को लखनौती के लखमसेन का पुरोहित बताया और एक ब्राह्मण के घर में रहने लगा। एक बार वह ब्राह्मण उसे राजदरबार मे भी ले गया। बाद मे उसे वही पुरोहित भी नियुक्त करा दिया। इसी बीच पद्मावती को उसने देखा, पद्मावती ने भी उसे देखा। पद्मावती उस समय तक विवाह योग्य हो चली थी। अत उसका स्वयवर रचा गया। अन्य राजाओं के साथ ही लखमसेन ब्राह्मण के वेष मे आया। राजकुमारी ने उसी को माला पहना दी। सभी लोग बिगड गये। उसने अपनी वीरता का परिचय दिया। कनकावली के राजा वीरपाल से उसका घोर युद्ध हुआ। अन्त मे उसका वास्तविक परिचय मिल जाने के कारण पद्मावती का विवाह उसी के साथ सम्पन्न हुआ।

दूसरी ओर सिद्धनाथ योगी जो कि उसकी विजय से चिढ़ा था, उसने लखमसेन को स्वप्न दिया कि मुझे पानी पिला नही तो मैं तुझे श्राप दूँगा। जिससे राजा डर गया और पद्मावती से कहकर उसे पानी पिलाने चल पडा। परन्तु योगी ने कहा कि मेरी आज्ञा मानने की प्रतिज्ञा करो तभी मैं पानी पियूँगा। राजा ने स्वीकार किया। जब राजा को पुत्रोत्पन्न हुआ तो वह उसे पूर्व प्रतिज्ञा के अनुसार योगी के पास ले गया। योगी ने पुत्र के ४ टुकड़े करने को कहा। शिशु के चार टुकड़े कर दिये गये। जिससे प्रथम टुकडे से एक धनुषबाण निकला, दूसरे से एक तलवार निकली, तीसरे से एक धोती और चौथे से एक सुन्दरी निकल पड़ी। राजा इस घटना के कारण मर्माहत हो गया और घर-बार त्यागकर जंगल की राह ली। वह काफी दूर निकल गया। उसने वही धोती पहन आकाश मे गमन किया और कपूरधारा नगर मे पहुँचा, जहाँ का राजा चन्द्रसेन था। वहाँ उसने हरिया सेठ के लड़के को जल मे डूबने से बचाया। उसी सेठ के यहाँ वह रहने लगा और तब उसने वहाँ की राजकुमारी चद्रावती का दर्शन किया। दोनो एक-दूसरे पर आसक्त हो गए। आगे प्रेम बढ़ता गया। वे चुपके-चुपके एक-दूसरे से मिलने लगे। जिसका भण्डाफोड़ होने से चन्द्रसेन बहुत क्रुद्ध हुआ और लखमसेन को मरवाना चाहा। चन्द्रसेन को इसका वास्तविक परिचय मिल जाने पर दोनो का विवाह सम्पन्न हो गया। पद्मावती भी लखमसेन के बिना विरह में छटपटा रही थी। वह सिर्फ एक बार तो अवश्य उससे मिलना चाहती थी। इस कारण वह अनेको प्रयत्न कर रही थी। इसी बीच योगी और लखमसेन की भिड़न्त हो जाती है। राजा ने योगी को मार डाला। फिर पद्मावती और लखमसेन एक-दूसरे से मिलते हैं। पद्मावती की भेट चन्द्रावती से होती है। लखमसेन अपनी इन दोनो पत्नियो को साथ लेकर अपने श्वसुर हसराय के यहाँ पहुंचा। वहाँ से प्रसन्नतापूर्वक कुएँ के मार्ग से पुन. लखनौती आ गया। वहाँ आकर सभी के साथ सुख से रहने लगा।

सत्यवती की कथा[1]—सवत् १५५८ मे ईश्वरदास द्वारा प्रणीत इस रचना मे इन्द्र के पुत्र ऋतुवन और चन्द्रोदय की पुत्री सत्यवती की कहानी है। यह विशेष महत्त्वपूर्ण कृति नही है।

---

१. हिन्दुस्तानी पत्रिका, भाग ७, पृ० ८१ में प्रकाशित.

माधवानल-कामकन्दलाप्रवन्ध[1]—मध्यकालीन प्रेमाख्यानकों में कामकन्दला का महत्त्वपूर्ण स्थान है। उस समय यह कथा इतनी अधिक लोकप्रिय थी कि कई कवियो ने इसे अपनी रचनाओ का विषय वनाया। जिस माधवानल-कामकन्दलाप्रवन्ध की यहाँ चर्चा की जा रही है, वह कविवर गणपतिकृत स० १५८४ की रचना है। इसका कथासार इस प्रकार है :

सर्वप्रथम कवि ने रतिपति मदन की वंदना की है तब फिर सरस्वती और गणेश की। अभिधेय, प्रयोजन, संवन्ध और कविपरिचय देने के वाद प्रवन्ध का प्रारम्भ किया है। सरस्वती नदी के तीर पर शुक शंकर जी का तप करता है। काम का आह्वान करता है। काम से कर जोड़कर प्रार्थना करता है कि **'कृपा करके मुझे दीजिए'**। काम प्रश्न करता है **'क्या काम दूँ'**। इसके वाद वेदव्यासवचन, काम-युद्धप्रयाण, कामप्रयोग और उसकी निष्फलता, रति-प्रोत्साहन तथा शुक-काम सवाद होता है। शुक काम को श्राप देता है। काम की कृपायाचना पर शापानुग्रह होता है। इसके वाद ब्रह्मशाप का माहात्म्य वतलाया गया है। माधव का जन्म होता है और यक्षिणी उसका हरण कर ले जाती है। कथा इस प्रकार आगे वढती है। पुष्पावती नगरी मे कामसेन नाम का नृप राज्य करता था। उस नगरी मे एक ब्राह्मण युवक रहता था जो मदन के समान सुन्दर था। उसके सौन्दर्य पर नगरागनाएँ मुग्ध हो उसके पीछे-पीछे हो लेती थी। नागरिको ने मिलकर राजा से इसका समाधान करने को कहा। राजा ने इसकी जाँच की तो पता चला कि उनकी स्वय की स्त्री की भी रुझान उधर होने लगी तो उसे देशनिकाला दे दिया।

माधवानल देशाटन करते हुए अमरावती पहुँचा। वहाँ के राजा को जब इसके असाधारण गुणो का पता चला तो राजा ने इसे अपने दरबार मे ससम्मान स्थान दिया। राजा की दरवारी नर्तकी जिसका नाम कामकन्दला था, सभा मे नृत्य कर रही थी। एक षट्पद ने गुजार के साथ नर्तकी का व्यवधान किया। फिर भी वह अवाधित नृत्य करती रही। माधवानल ने उसकी अत्यधिक प्रशंसा की और उसे वही उपहार दे दिया जो राजा ने उसे ससम्मान भेंट किया था।

राजा अविलम्ब आक्रोशित हो उठा और उसने माधवानल को शहर

---

१ श्री एम० आर० मजूमदार द्वारा संपादित और गायकवाड़ ओरियण्टल सिरीज़ से प्रकाशित.

छोड़ देने की आज्ञा दी। सुन्दरता उसके लिए अपराध बन गई थी। वह शहर छोड़ने से पहले कामकन्दला से मिला। कामकन्दला ने उसे अपने घर आमन्त्रित किया। दोनों ही उस मुलाकात से एक-दूसरे के प्रति प्रेम में आवद्ध हो गये। दोनों ने प्रेम-प्रतिज्ञाएं की और दुःखित हृदय दोनों एक-दूसरे से अलग हो गये।

माधव उज्जैन पहुँचा। वहाँ उसने अपने दुःख को महाकालेश्वर के मंदिर की दीवाल पर लिख दिया। राजा विक्रम रात्रि में शहर की जानकारी के लिए परिभ्रमण को निकला। वह मंदिर गया तव वहाँ दीवाल पर माधव द्वारा लिखित लाइनों को पढा। राजा ने इन लाइनों के लेखक का पता लगाने का काम एक वृद्ध राज्य कर्मचारी को सौंपा। माधव का पता लगा लिया गया और उसे राजा विक्रम के सामने पेश किया गया। विक्रम ने माधव के प्रेम को देख कामकन्दला को उसे दिलाने का निश्चय किया। और यह भी निश्चय किया कि यदि कामसेन कामकन्दला को नही देगा तो उससे युद्ध करके उसे लाया जायेगा।

विक्रम ने पहले कामकन्दला के प्रेम की परीक्षा लेने का विचार किया। वह छिपकर कामकन्दला के पास गया और अपने लिए उससे इच्छा व्यक्त की। उससे यह भी कहा कि माधव की मृत्यु हो गई है। इतना सुनते ही कामकन्दला अचेत होकर मरणासन्न हो गई। राजा को इसके प्रेम पर विश्वास हो गया। तव उसने वापिस होकर माधव की भी परीक्षा ली। माधव की भी वही दशा हुई।

विक्रम अपने इस कृत्य पर हार्दिक पश्चात्ताप करने लगे। वे इस सोच मे पड़ गये कि उन्हे एक स्त्रीहत्या और ब्रह्महत्या का पाप लगेगा। इतने मे उनके एक मित्र वेताल की शक्ति ने परलोक से आकर इस संकट का निवारण किया। दोनो प्रेमियो को पुन. मिला दिया। विक्रम ने उन दोनो की शादी खूब सजधज और धूमधाम से की। दोनो प्रेमी-प्रेमिका आनन्द और सामाजिक प्रतिष्ठा के साथ जीवन यापन करने लगे।

इस काव्य की कतिपय अपनी विशेषताएँ है। प्रथम तो काव्य का आरम्भ कामदेव की स्तुति से किया गया है। प्रबन्ध के द्वितीय अंग में कला-अभिज्ञान, कामकन्दला का नखशिखान्त वर्णन, तृतीय अंग में पुष्पावती नगरी का विस्तृत वर्णन, चतुर्थ अंग में चमत्कार, माधववशी-

करण प्रयोग, पचम अंग में कामकन्दलानृत्य-प्रसग, वस्त्रपरिधान, केशप्रसाधन, केलियुद्ध, षष्ठ अंग मे वेश्याव्यवसाय, द्वादशमासविरह-वर्णन, पद्मिनीचरित, शुभशकुनसूचक, सप्तम अंग मे विकटमार्ग-वर्णन, महावन-प्रवेश, कामामृत-प्रयोग, माधव-कामकंदला-मिलन और अष्टम अंग मे मदनावाससामग्री-वर्णन और द्वादशमासभोग-वर्णन विशेष द्रष्टव्य तथा महत्त्वपूर्ण अश हैं।

माधवानल-कामकन्दला—यह अज्ञात कवि द्वारा रचित स० १६०० की रचना है। याज्ञिक संग्रह, लखनऊ मे इसकी प्रति सुरक्षित है।[1] इसमे माधव और कामकन्दला की प्रसिद्ध कथा वर्णित है।

जैसा कि लिखा जा चुका है कि किसी समय माधव और कामकन्दला की कथा अत्यधिक प्रचलित थी। इसीलिए कई कवियो ने अपने काव्यो का इसे उपजीव्य वनाया। गणपतिकृत और एक अज्ञात कविकृत उक्त कथा का परिचय अभी कराया गया है। कुशललाभकृत कामकन्दलाचउपई सं० १६१३ मे लिखी गई।[2] दूसरी रचना एक संस्कृत मे मिलती है जो संस्कृत गद्य-पद्य मिश्रित है। इसके रचनाकार का नाम आनन्दधर है। कृति का माधवानलाख्यानम्, माधवानलनाटकम् और माधवानलकथा नाम दिया हुआ है।[3] रचनाकार ग्रन्थ-समाप्ति पर लिखता है कि जो इस कथा को सुनता है उसे कभी विरह-दुःख नही आ सकता।[4] स० १७३७ मे इसी कथा को लेकर दामोदर कवि ने भी माधवानल-कामकन्दलाकथा लिखी।[5]

कविवर दामोदर विरचित कथा मे कहा गया है कि राजा गोविन्दचन्द्र की महाराज्ञी माधव पर आसक्त हो गई। माधव से उसने प्रेम-

---

१. डा० शिवप्रसाद सिंह द्वारा संपादित रसरतन, पृ० ६७ (भूमिका) से उद्धृत

२ ये रचनाएँ गायकवाड ओरियण्टल सिरीज़ में प्रकाशित हैं

३ वही.

४ आनन्दधर विरचित कामकन्दलाख्यानम्, पृ० ३७९

माधवानलसज्ञ हि नाटक शृणुयान्नर ।
न जायते पुनस्तस्य दुःख विरहसभवम् ॥२३३॥

५ गायकवाड ओरियण्टल सिरीज़ में प्रकाशित

प्रस्ताव किया। माधव के अस्वीकार कर देने पर उसने राजा से कहकर (कि सारे नगर की स्त्रियाँ इसके पीछे-पीछे घूमती हैं, इसका आचरण ठीक नही है आदि) माधव को देशनिकाला दिलवा दिया। माधव इधर-उधर भटकता फिरा। वह वीणा वादन मे प्रवीण था। कामावती नगरी के राजा कामसेन को अपने गुणो से प्रभावितकर उनके दरवार में सम्मान पाता है। उनके यहाँ की वेश्या कामकन्दला से प्रेम करने पर वहाँ से भी निष्कासित होता है। उज्जैन पहुँचकर राजा विक्रम की सहायता से कामकन्दला को प्राप्त करता है और सुख के साथ भोग करता है।

इन रचनाओं के अतिरिक्त श्री योगेन्द्रप्रताप सिंह ने कुछ अन्य रचनाओ की सूचना दी है। वे लिखते हैं : 'इनके अतिरिक्त अवधी में रचित आलमकृत 'माधवानलभाषा' अधिक प्रसिद्ध हुई है। आलम के पश्चात् बोधा कवि ने भी सुमान नामक वेश्या को सम्बोधित करके खेतसिंह के मनोरजनार्थ एक अन्य 'माधवानल-कामकन्दला' की रचना की थी। सन् १८१२ ई० मे हरिनारायण कवि द्वारा भी 'माधवानल-कामकन्दला' के प्रणयन का उल्लेख मिलता है। इन समस्त रचनाओं में आलमकृत 'माधवानलभाषा' सर्वोत्तम कही जा सकती है। इसका रचनाकाल सं० १६४० है'।[1]

बुद्धिरासो[2]—यह एक प्रेमकथा है। इसकी प्रति मेरे देखने मे नही आई। अतः इसके विषय मे अधिक नही लिखा जा सकता। इसके विषय मे हिन्दी-साहित्यकोश मे जैसा लिखा है वह इस प्रकार है : 'जल्ह की कृति वुद्धिरासो का रचनाकाल अनिश्चित है। कृति की हस्तलिखित प्रति सन् १६४७ ई० की लिखी हुई मिलती है। 'बुद्धिरासो' एक प्रेमकथा है, जिसमे चम्पावती नगरी के राजकुमार और जलधितरगिनी नामक सुन्दरी के प्रेम-वियोग और पुनर्मिलन की सरस कथा है। हिन्दी की मेनासत जैसी प्रेमकथाओ के समान ही कथा की रूपरेखा है। कृति के जो उद्धरण प्रकाशित हुए हैं उनके आधार पर कृति की भाषा पृथ्वीराजरासो जैसे ग्रन्थों मे प्राप्त भाषा से बहुत भिन्न नही लगती। किन्तु पृथ्वीराजरासो

---

१. हिन्दी-साहित्यकोश, भाग २, पृ० ४१७.

२. वही, पृ० ३६६-६७.

की भाषा की कृत्रिमता उसमे नही मिलती। दोहा, छप्पय, गाहा, पाधड़ी, मोतीदाम, मुडिल्ल आदि छन्दो का प्रयोग कृति मे हुआ है। कृति मे १४० छन्द हैं। कथा और काव्य की दृष्टि से कृति का जितना महत्त्व है उससे अधिक भाषा की दृष्टि से है। अपभ्रंश के चिन्हो से मुक्त उसे राजस्थानी व्रजभाषा कहा जा सकता है।'

मधुमालतीवार्ता[1]—चतुर्भुजदास के इस ग्रन्थ के रचना-सवत् के विषय मे ठीक-ठीक नही कहा जा सकता। इसे १८३७ स० का माना गया है। इसी कथा मे कुछ सशोधन करके माधवशर्मा ने भी इसी नाम की रचना की थी। मधुमालतीवार्ता में विशेष द्रष्टव्य यह है कि इसमे जन्मान्तर की कथा का भी उल्लेख है, जो कि एक कथानक-रूढि है। अवान्तर कथाओ के माध्यम से कथा का विस्तार किया गया है। इसमे पशु-पक्षियो की कहानी को भी स्थान मिला है। यह कथा पूर्णरूपेण भारतीय है, किन्तु एक बात अवश्य ऐसी है जो खटकती है। वह यह कि मालती जब शिक्षाग्रहण करने गुरु के पास बैठती है तो पर्दा लगाया जाता है। यह पर्दे की प्रथा तो मुगलो की देन है और फिर गुरु के सामने पर्दा लगाकर पढने बैठना अटपटा लगता है। यह अवश्य ही विदेशी प्रभाव है। कवि ने अपनी रचना को कामप्रबन्ध कहा है।

काम प्रबंध प्रकास फुनि मधुमालती विलास।
प्रदुमन की लीला इह कहत चतुर्भुज दास॥ ६४७॥

अतिम दोहे मे रचना की विशेषता पर भी कवि ने प्रकाश डाला है।

राजा पढ़े सो राज गति मंत्री पढ़े ताहि बुद्धि।
कामी काम बिलास रस ग्यानी ग्यान संसुद्ध॥ ६४८॥

कथा इस प्रकार है· आरम्भ में कवि गणेशजी की स्तुति करता है। लीलावती नामक एक सुन्दर देश था। वहाँ का राजा चन्द्रसेन वहुत वैभव वाला था। उसका तारनसाह नाम का एक वुद्धिमान मन्त्री था। राजा को चार रानियाँ थी। परन्तु मालती नामक मात्र एक कन्या सन्तान थी जो अत्यधिक सुन्दर थी। इसी प्रकार मन्त्री को भी एक पुत्र ही था जिसे वह मधु कहता था। जब मधु वडा हुआ तो वह मान-

---

१ चतुर्भुजदासकृत मधुमालतीवार्ता, डा० माताप्रसाद द्वारा संपादित और काशी नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित, स० २०२१

जान शंकर और सूर्यादि देवताओं की प्रार्थना की। मधु ने अकेले ही रक्षा मे समर्थ होने के सन्दर्भ मे मलयंद सुत की कथा मालती को सुनाई जिसने मन्त्री कन्या रूपरेखा के साथ वाटिका में विहार किया था। वहाँ अचानक सिंह के आक्रमण करने पर भी उसने अपनी आत्म-रक्षा की थी।

राजा ने मधु का वध करने के लिए पदातिकों को भेजा। मधु ने उन सबको गुलेल से ही भगा दिया। पुन: राजा ने एक हजार घुड़सवारो को भेजा, परन्तु इस वार भी मधु ने उन्हे भगा दिया। जैतमाल वड़ी निपुण सखी थी। उसने सोचा कि अब राजा वहुत वड़ी सेना भेजेगा। अत: मधु-मालती ने जैतमाल की सलाह से भ्रमर-मालती-कुल का विस्तार किया। मालती की सुगन्ध से सैकड़ो भ्रमर आ गये। इस वार राजा ने पाँच हजार सेना भेजी, परन्तु भ्रमरकुल उनसे चिपक गया और सैनिकों के छक्के छूट गये। फिर राजा ने स्वयं युद्ध करने की ठानी। वह अपने हाथी-घोड़ो पर चमड़े मढ़वाकर युद्ध मे आया। इस वार मालती घवड़ा गई तो जैतमाल ने कहा कि मधु काम एवं प्रद्युम्न का अवतार है अत. कृष्ण को याद करने से वे अवश्य सहायता करेंगे। मधु-मालती ने ऐसा ही किया। कृष्ण ने सहायतार्थ दो विशालकाय भारण्ड पक्षियों को और शिव-दुर्गा ने एक सिंह को भेजा। इनके आ जाने से राजा मधु-मालती का कुछ नही विगाड़ सका।

राजा इस हार से वहुत व्यग्र हुआ और अपने मन्त्री तारनसाह से यह समस्या हल करने को कहा। मन्त्री को दुर्गा का वर प्राप्त था अत: उन्होने सिंह और भारण्ड पक्षियो को रोक दिया। तारनसाह की प्रार्थना पर दुर्गा ने साक्षात् प्रकट होकर राजा की भूल बताई। उसे बताया कि मधु देवांश है, साधारण व्यक्ति नही। इसके बाद राजा ने अपनी भूल पर पश्चात्ताप किया और क्षमायाचना की तथा मालती और जैतमाल का विधिवत् विवाह करके उन्हे सारा राजपाट सौप दिया। स्वय वह गोकुलवास के लिए चला गया। इस प्रकार कथा का अन्त हुआ।

रूपमंजरी—प्रस्तुत रचना नन्ददासकृत सं० १६२५ की रचना है। निर्भयपुर के राजा की कन्या का विवाह एक क्रूर कुपुरुष से हुआ था। अपनी सखी की सलाह से अपने पूर्व पति को छोडकर वह कृष्ण से प्रेम करने लगी। अन्त मे कृष्ण उसे प्राप्त हुए। हिन्दी-साहित्यकोश मे श्री

व्रजेश्वर वर्मा ने इस कृति के विषय मे लिखा है : 'रूपमजरी' एक छोटा सा कथा-काव्य है, जिसमे एक सुन्दर स्त्री के सौन्दर्य तथा लौकिक प्रेम को छोड़कर कृष्ण के प्रति उसके 'जारभाव' के प्रेम तथा उसकी एक सखी इन्दुमती के साथ उसके सम्बन्ध का वर्णन है। काव्य की नायिका रूप-मजरी स्वयं नन्ददास की मित्र रूपमजरी है और सखी स्वयं नन्ददास है। यद्यपि रूपमजरी का कथानक लौकिक शृगार से सम्बद्ध है किन्तु उसमे नन्ददास ने अपने आध्यात्मिक भावो तथा प्रेमलक्षणा-भक्ति के अन्तर्गत परकीया प्रेम के आदर्श को स्पष्ट किया है। काव्यकला की दृष्टि से यह रचना उत्कृष्ट है।[1]

वेलि कृष्ण-रुक्मिणी री[2]—इसकी रचना स० १६३७ मे पृथ्वीराज राठौर ने की। इसकी मूलकथा का आधार भागवत है, जिसका उल्लेख लेखक ने स्वय किया है.

वल्ली तसु बीज भागवत वासो महि थाणो पृथुदास मुख।
मूल ताल जल अरथ मण्डहे सुथिर करणि चढ़ि छाँह सुख ॥२९१॥[3]

भागवत की कथा और वेलि की कथा मे अन्तर है। कारण कि भागवत की कथा पूर्ण भक्तिपरक है और यह कथा प्रेमकथा है। इसमे षड्ऋतु-वर्णन और रुक्मिणी के सौन्दर्य के वर्णन अश बडे ही रोचक है। इस कृति की मुख्य विशेपता यह है कि रचयिता ने ग्रन्थ-रचना तथा अपने सम्बन्धो का खुलकर परिचय दिया है। भापा के विषय मे भी कवि कहता है कि उसकी लेखनी और वाणी भापा मे, सस्कृत और प्राकृत सभी मे एक समान चलती है।[4] आगे कहता है कि ज्योतिषी, वैद्य, पौराणिक, योगी, संगीतज्ञ, तार्किक, चारण-भाट तथा भाषा मे विचित्र रचना करनेवाले सुकवि जब एकत्रित होगे तब इसके पूरे अर्थ तक पहुँच

---

१ नंददास, रूपमजरी, व्रजेश्वर वर्मा—हिन्दी-साहित्यकोश, भाग २, पृ० २२६

२ पृथ्वीराज राठौर, स०—श्री कृष्णशकर शुक्ल, साहित्य निकेतन, कानपुर से प्रकाशित

३. वेलि कृसन रुक्मिणी री, श्री कृष्णशकर शुक्ल द्वारा संपादित, साहित्य निकेतन, कानपुर, पृ० ११३

४ वही, पृ० ११४

सरोवर पर जाने लगा। मालती भी वहाँ आती थी। मधु को देखकर मालती के मन मे उसके प्रति अनुराग हो गया। अन्य स्त्रियाँ भी जो मानसरोवर पर जल लेने आती थी उसपर मुग्ध होती थी।

तारनसाह ने अपने घर पर ही पुत्र की शिक्षा प्रारम्भ कर दी। राजा ने मालती की शिक्षा के लिए मन्त्री से सलाह ली तो उसने मालती को नंद के यहाँ ही पढाने की सलाह दी। मालती को जब नन्द पढ़ाते थे, बीच मे एक पर्दा रहता था जिसकी ओट मे मालती बैठती थी। मधु नन्द के पास बैठता था।

एक दिन गुरुजी की अनुपस्थिति मे मालती ने पर्दा हटाकर मधु को देखा। वह तत्काल उसपर मुग्ध हो गई और अपना प्रेम प्रकट किया। मधु ने कहा कि मै मन्त्री का पुत्र हूँ, तुम राजा की कन्या। अतः सम्बन्ध नही हो सकता। इस बात की पुष्टि मे उसने सिंहिनी और मृग को मार डालने की कथा का उल्लेख किया। अतः हम लोगो मे भी वैषम्य के कारण सम्बन्ध कैसे हो सकता है। इसी तरह मृग के सिंहिनी से पूछने पर घूहड़-काग विरोध की एक कथा सुनाई। इन कथाओ से मधु ने विषमता के सम्बन्ध दु खदायी होते हैं यह मालती को बताया। परन्तु मालती ने कथा मे सुधार करके बताया कि सिंहिनी ने अपने प्रेम को प्राण देकर भी निभाया। जब सिंह मृग के प्राण ले रहा था तब सिंहिनी मृग के सीगो पर जा पड़ी और मृग की मृत्यु से पहले ही अपने प्राण त्याग दिये। इस प्रकार सिंहिनी के प्रेम को सच्चा प्रमाणित किया।

इसके बाद मालती ने मधु को नृपति कुँवर कर्ण और पद्मावती की कथा सुनाई। नृपति कुँवर ने मन मे निश्चय कर रखा था कि जो स्त्री उससे प्रेम करने के उद्देश्य से आगे बढेगी वह उसी से प्रेम करेगा। उसने अपने इस हठ पर साठ विवाह किए। किन्तु एक भी स्त्री ने प्रथम मिलन पर प्रणयानुरोध नही किया। अत. उसने सभी स्त्रियो को छोड़ दिया। उसके गुणों की प्रशंसा सोरठ की राजकन्या पद्मावती तक पहुँची। उसने नृपति कुँवर से ही विवाह करने की प्रतिज्ञा की। उसे समझाया गया परन्तु वह नही मानी। विवाहोपरान्त पद्मावती भी पूर्व साठ पत्नियों के समान ही छोड़ दी जाती। परन्तु उसकी चैनरेखा नामक सखी ने समय पर सहायता की। उसने छिपकर एक गुलाबभरी पिचकारी पद्मावती को मारी, जिससे वह अचानक नृपति कुँवर के गले से लिपट

गई। नृपति ने इसे उसका प्रणय-निवेदन समझा और फिर केलि-क्रीड़ा की। मालती ने मधु से कहा कि आपने भी नृपति कुँवर जैसा हठ ठान रखा है। पुरुष को तो स्त्री के सकेत मात्र पर आगे वढना चाहिये। किसी प्रकार भी मालती का आग्रह मधु ने स्वीकार नही किया। वह वार-वार सम्बन्ध की विषमता को ही असमर्थता वताता। अन्त मे मालती के न मानने पर उसने नन्द के यहाँ पढना ही छोड दिया।

मधु अकेला ही गुलेल लेकर मानसरोवर पर जाता। परन्तु वहाँ भी नगर की स्त्रियाँ पानी भरने के मिस आने लगी। मालती को भी यह समाचार मिला। वह भी आने लगी। उसने यह सोचकर कि अकेले के कहने से मधु नही मानेगा उसने अपनी सखी जैतमाल को स्थिति से अवगत कराया। जैतमाल वहाँ पहुँची और मधुकर को लक्ष्य करके मधु को उसी की निष्ठुरता पर व्यग्य सुनाने लगी। इसी प्रकार उसने आगे चलकर मधु और मालती के पूर्वजन्म के सम्वन्धो का स्मरण कराया। उसने कहा आप दोनो मधुकर और मालती थे तथा मै सेवती थी। प्रथम हिमपात के कारण और फिर वन मे आग लगने से वह झुलस गई थी। मधुकर उसे छोड़कर चला गया था। सेवती द्वारा सेवा किये जाने पर वह ठीक हुई परन्तु मधुकर के विरह मे उसने अपने प्राण तज दिये। इसके वाद जैतमाल ने समझाया कि वही मधुकर आप मधु और वही मालती मालती के रूप मे अवतरित हुई है। अतः पूर्वभव का प्रेम निभाना चाहिये। मधु को पूर्वभव का तो स्मरण हो आया परन्तु उसने सम्वन्धवैषम्य की अपनी टेक को नही छोडा। इसी बीच जैतमाल ने सोलह शृगार से सजी मालती को मधु के सामने किया। मालती ने मोहन और वशीकरण मन्त्र का प्रयोग किया। मधु अब उसके वश में हो गया। जैतमाल ने दोनो का गठबन्वन कर दिया।

वे दोनो मानसरोवर के पास की वाटिका मे जैतमाल के साथ ही रहने लगे। मालती ने इस बात को राजा तक पहुँचा दिया। राजा ने मालती की माँ कनकमाल से सारा वृत्तान्त कहा और उनको मरवाने के अपने निश्चय से उन्हे अवगत कराया। रानी ने यह सूचना गुप्तरूप से मालती के पास भेज दी। मालती ने मधु को कही चले चलने को कहा। मधु अपनी हठ पर अड़ा रहा कि वह अकेले अपनी गुलेल से सवको भगा देगा। मालती ने मधु के वहाँ से टस से मस न होने के निश्चय को

सकते है।[1] अपनी रचना की श्रेष्ठता सिद्ध करने के लिए कवि ने कृति को भागीरथी से भी बढकर कहा है। वह कहता है : रे भागीरथी ! तू गर्व मत कर। मेरी वेलि की तुझसे क्या समता ? चूँकि तू हर और हरि दोनो के आश्रित है, जो तैरना नही जानते उन्हे डुबा देती है। तू एक देश मे ही प्रवाहित होती है। परन्तु मेरी वेलि ठीक इससे विपरीत काम अर्थात् सभी को पार कर देती है :

वे हरि हर भजे अतारू बोड़े ते गव भागीरथी म तूं।
एक देस वाहणी न आणा सुरसरि सम सरि वेलि सूं ॥ २९० ॥

रचना की कथा इस प्रकार है : विदर्भ देश के कुन्दनपुर नामक नगर मे राजा भीष्मक राज्य करता था। उसके ५ पुत्र और लक्ष्मी के समान रुक्मिणी नामक कन्या थी। कन्या अति शीघ्र यौवन को प्राप्त हुई। अत: माता-पिता ने श्रीकृष्ण से शादी करने का निश्चय किया। रुक्मिणी अपने पूर्व जन्म की बात याद करके कृष्ण से ही विवाह करना चाहती थी। अत. वह सफलता के लिए महादेव और पार्वती का पूजन करने लगी। जब उसके भाई रुक्म को इस शादी के निश्चय का पता चला तो उसने गाय चरानेवाले कृष्ण से शादी करने का विरोध किया। अपने माता-पिता की परवाह न करते हुए उसने शिशुपाल के पास तिलक लेकर पुरोहित को भेज दिया। शिशुपाल अन्य राजाओं के परिकर के साथ कुन्दनपुर की ओर रवाना हुआ। वहाँ उसके स्वागत की तैयारी होने लगी। रुक्मिणी इन सभी बातों से बहुत घबड़ाई। उसने नख की लेखनी और काजल की स्याही से पत्र लिखकर रास्ते में जाते हुए ब्राह्मण पथिक को देकर श्रीकृष्ण के पास भेजा। ब्राह्मण स्वयं चिंतित था क्योंकि समय इतना कम था कि मथुरा नही पहुँचा जा सकता था। वह कुन्दनपुर के बाहर एक वृक्ष के नीचे सो गया। प्रातःकाल जब उसकी आँख खुली तब उसने इस चमत्कार के रहस्य को जाना। कृष्ण के यहाँ जाकर पत्र दिया। श्रीकृष्ण अविलम्ब रथ लेकर चल पड़े। कुन्दनपुर पहुँचकर रुक्मिणी को सूचना भेजी। रुक्मिणी अपनी सखियो के साथ मन्दिर गई। उसके साथ जो सैनिक योद्धा गये थे वे उसके रूप को देखकर मूर्च्छित हो गये। इतने मे श्रीकृष्ण ने आकाश मार्ग से अपना रथ पृथ्वी पर उतारा और रुक्मिणी का हाथ पकडकर रथ मे बिठाया तथा लेकर चल पड़े। इसके पूर्व

---

१ वही, पृ० ११६

रुक्मिणी को बहुत भय था कि कृष्ण आयेंगे या नही। परन्तु बाईं ओर से छीक का होना और इसी प्रकार के अन्य शुभ शकुन हुए तो उसे कुछ सान्त्वना हुई।

जब कृष्ण ने अपना रथ दौडाया तो चारो ओर से आवाज आई कि दौडो रे दौडो, माधव रुक्मिणी का हरण कर भाग रहा है। इस आवाज को सुनकर रुक्म के सैनिको ने पीछा किया। वे सैनिक कह रहे थे— रे ग्वाले! यह माखन की चोरी नही है। यह गूजरी नही है। इस प्रकार युद्ध हुआ। बलराम भी अपनी छोटी-सी सेना के साथ युद्ध मे पहुँच ही चुके थे। उन्होने शिशुपाल के छक्के छुड़ा दिये। रुक्मिणी का भाई रुक्म बड़े दावे के साथ यह कहता हुआ आगे बढा कि अबला को पकडकर ले जा रहे हो, मेरा सामना करने पर पता चलेगा। कृष्ण को क्रोध आ गया परन्तु रुक्मिणी के मन का भाव समझकर उसे जान से नही मारा। नि.शस्त्र करके उसके बाल मुड़ा दिए। रुक्मिणी का मन इससे खिन्न हुआ अत· उसने उसके सर पर हाथ रख दिया तो फिर तुरन्त उसके सिर पर वैसे ही बाल आ गए।

उधर श्रीकृष्ण को जब द्वारिका पहुँचने मे देर हुई तो पुरजन चिन्तित हुए। इतने मे हाथ मे हरी डालियाँ लिए कुछ पथिको को आता देख लोग समझ गये कि कृष्ण आ रहे हैं। अत नगरी के एक ओर से नारियाँ और दूसरी ओर से पुरुष पंक्तिबद्ध हो श्रीकृष्ण के स्वागत मे आ रहे थे। ऐसा लगता था द्वारिकापुरी दोनो भुजाए फैलाये कृष्ण का आलिंगन करने को तैयार हो। जिस प्रकार समुद्र मे नदी प्रवेश करती है उसी प्रकार बलराम और कृष्ण ने द्वारिका मे प्रवेश किया।

वसुदेव-देवकी ने ज्योतिषी को बुलाकर विवाह की अन्य रस्मे पूरी की। इसके पश्चात् वर-वधू केलिगृह मे चले गये। केलिगृह का वर्णन कवि ने अपनी लेखनी से नही किया। वह बडी सूझ के साथ कहता है कि आगे की कथा देवो और ऋषियो ने भी नही जान पाई तो मै उसका वर्णन कैसे कर पाता :

एकन्त उचित क्रीड़ा चौ आरम्भ
दीठी सु न किहि देव दुजि।
अदिठ अश्रुत किम कहणो आवै,
सुखते जाणणहार सुजि॥ १७३॥

इस प्रकार कृष्ण और रुक्मिणी सुख के दिन विताने लगे। इसके वाद षड्ऋतुओं के आगमन का सुन्दर वर्णन है। वसन्तु ऋतु मे कामदेव ने आकर रुक्मिणी के गर्भ में वास किया। समय आने पर कृष्ण को प्रद्युम्न नामक पुत्र की प्राप्ति हुई। आगे चलकर प्रद्युम्न को भी अनिरुद्ध नामक पुत्र हुआ जिसका विवाह वाणासुर की कन्या उषा से हुआ। अन्त मे कवि ग्रन्थ का उपसंहार के साथ समापन करता है।

छिताईवार्ता[1]—ग्रन्थ के रचयिता है नारायणदास। इसके रचना-काल के सम्बन्ध में कई प्रतियो मे भिन्न-भिन्न तिथियाँ लिखी होने के कारण मतभेद है। डा० हरिकान्त श्रीवास्तव ने इसका रचनाकाल सं० १६४७ माना है।[2] परन्तु डा० माताप्रसाद गुप्त ने सप्रमाण इसका रचनाकाल सं० १५०० तथा रतनरगकृत कृति का समय सं० १५५० माना है, जो युक्तिसंगत है।[3]

रचना कई दृष्टियो से महत्त्वपूर्ण है। रचना मे कई स्थल ऐसे हैं जिनसे तत्कालीन वास्तुशिल्प[4], मूर्तिशिल्प[5] और चित्रशिल्प[6] के विषय मे जानकारी प्राप्त होती है। युद्ध के वर्णन मे उस समय की युद्धप्रणाली के साथ उस समय के युद्धास्त्रो का भी उल्लेख किया गया है। युद्ध का वर्णन साक्षात् युद्ध का दृश्य सामने ला देता है जैसे कि युद्धस्थल पर खड़े सब देख रहे हो।[7] कथा इस प्रकार है :

देवगिरि के राजा रामदेव पर अलाउद्दीन की सेना ने नुसरत खा के सेनानायकत्व मे आक्रमण किया। रामदेव ने नुसरत खां को संधिपत्र देकर युद्ध टाल दिया तथा उसी के साथ दिल्ली चला गया। वादशाह प्रसन्न हो गया और उसे ससम्मान महल मे स्थान दिया। रामदेव तीन वर्षों तक वही रहा।

---

१ डा० माताप्रसाद द्वारा संपादित, काशी ना०प्र० सभा से सं० २०१५ में प्रकाशित

२. भारतीय प्रेमाख्यान काव्य, पृ० ३५

३ छिताईवार्ता मे डा० माताप्रसाद की भूमिका देखिए, पृ० २४-२६

४ वही, पद्य १०५ से ११३ तक और ३८२ से ३८६ तक और ३८९-९०.

५. वही, पद्य ११४ से १२२ तक

६. वही, पद्य १२५ से १२८ तक

७. वही, पद्य ४९६ से ५०१ तक.

इधर रामदेव की कन्या छिताई विवाह योग्य हो गयी थी। अत· रानी ने रामदेव को इसकी सूचना देकर बुलाया। रामदेव ने अलाउद्दीन से देवगिरि आने की आज्ञा माँगी। बादशाह रामदेव की सेवा से प्रसन्न था। अत उससे कोई माँग पेश करने को कहा। रामदेव ने एक श्रेष्ठ चित्रकार माँगा जिसे बादशाह ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। रामदेव कुशल चित्रकार के साथ देवगिरि वापिस आ गया।

रामदेव ने चित्रकला प्रदर्शन के लिए एक राजभवन का निर्माण कराया जिसमे उस चित्रकार ने सुन्दर-सुन्दर चित्र बनाने प्रारभ किये। एक दिन छिताई उस भवन मे चित्र देखने आई। चित्रकार छिताई के सौन्दर्य को देखकर मूच्छित हो गया। उसके बाद वह छिताई की प्रतोक्षा मे रहा। पुन जब छिताई चित्रशाला मे आई तो चित्रकार ने उसे जिस रूप मे देखा उसी रूप मे कागज पर उतार लिया। कुशल चित्रकार ने छिताई का मुस्कराना, चलना, बैठना सब अकित कर लिया। एक बार पुन. छिताई आई तो वह मृग शावको को हाथ मे हरे जौ खिला रही थी। उसकी इस मुद्रा को देखकर चित्रकार पुनः मूछित हो गया। जब उसे चेत हुआ तो उसने पुन इस मुद्रा को चित्रित कर लिया।

जब राजा का नवीन भवन बनकर तैयार हो गया तब उसने द्वारसमुद्र के राजा भगवान् नारायण के पुत्र सोरसी के साथ छिताई का विवाह निश्चित कर दिया। छिताई का विवाह सम्पन्न हो गया। छिताई अपने ससुराल चली गई। कुछ दिन बाद पिता के बुलावे पर अपने पति के साथ आई। वे दोनो सानन्द वहाँ रहने लगे।

सोरसी को शिकार खेलने का व्यसन पड गया था। रामदेव के मना करने पर भी वह नही माना। एक बार एक मृग के पीछे दौडते-दौडते पूरी रात बीत गई किन्तु वह मृग हाथ नही आया। मृग गहन जंगल मे भर्तृहरि के आश्रम मे पहुँच गया। भर्तृहरि की समाधि टूट गई। उन्होंने सोरसी को बहु विधि समझाया परन्तु वह नही माना। अत भर्तृहरि ने उसे स्त्री-वियोग का शाप दे दिया। सोरसी को अपने कृत्य पर पश्चात्ताप होने लगा। वह वापस देवगिरि आ गया।

इधर चित्रशाला का कार्य पूरा हो चुका था। अत बहुत सी भेट के साथ अलाउद्दीन के पास चित्रकार को भेज दिया। दिल्ली पहुँचकर सभी भेंट का सामान चित्रकार ने अलाउद्दीन के सामने प्रस्तुत किया। चित्र-

कार का चेहरा कुम्हलाया देख बादशाह ने कारण जानना चाहा। सभा समाप्त होने पर चित्रकार को बादशाह ने अलग महल में बुलाया। चित्रकार ने छिताई का चित्र जब बादशाह को दिखाया तो वे मूर्च्छित हो गये। चेत आने पर उन्होने चित्र अपनी हिन्दुनी स्त्री हयवतो को दिखाया। उसने मुग्ध होकर किसी भी प्रकार छिताई को सजीव देखने की इच्छा प्रकट की।

अलाउद्दीन स्वयं विशाल सैन्यदल के साथ मार्ग मे मन्दिरों को ध्वस करके मस्जिदो का निर्माण करता हुआ देवगिरि पहुँचा। वहाँ उसने घेरा डाल दिया। सोरसी के नेतृत्व मे देवगिरि की सेना ने युद्ध किया। दोनो ओर की क्षति हुई।

अलाउद्दीन छ. माह तक घेरा डाले रहा। रामदेव ने सोंरसी से छिताई को लेकर अन्यत्र चले जाने का प्रस्ताव किया। वह इस बात पर तैयार नही हुआ। किन्तु वह द्वारसमुद्र से सैन्य सहायता लेने चला गया। जाते समय छिताई को अपना अगरखा (वस्त्र), कण्ठमाला तथा दक्षिणी जमघर चिह्नस्वरूप दे गया। सोरसी के जाते ही छिताई तपस्विनी का सा जीवन बिताने लगी।

इधर अलाउद्दीन को सदेह हुआ कि दुर्ग से सोंरसी छिताई को लेकर तो नही निकल गया। उसने राघव चेतन को बुलवाकर अपना सदेश व्यक्त किया। उसने पद्मिनी को न पा सकने की भी बात दुहरायी! यदि उसे निश्चित पता लग जाये कि छिताई कहाँ है तो वह उसी स्थान पर आक्रमण करेगा।

राघव चेतन दो दूतियो के साथ वसीठ के रूप मे दुर्ग के अन्दर पहुच गया। बादशाह भी दुर्ग को अन्दर से देखने की इच्छा से राघव चेतन के अनुचर के रूप मे उसके साथ गया। दूतियाँ रनिवास की ओर चली गईं। राघव चेतन दरबार की ओर चला गया और बादशाह नगर की ओर चला गया। बादशाह देवगिरि के सुन्दर रामसरोवर के किनारे पहुंचा। वह अपने साथ गुलेल तथा गोलियाँ लेता आया था उनसे पक्षियो का शिकार करने लगा। छिताई भी अपनी सखी मैनरेखा के साथ वहाँ पहुँची। उसे इस व्यक्ति पर सदेह हुआ अत· अपनी सखी को उसका पता लगाने के लिए छोडकर चली गई।

मैनरेखा बादशाह के पास पहुंची और उसे गोलियाँ थमाने लगी। अब गोलियाँ समाप्त होते ही मैनरेखा ने बादशाह से कहा कि वह उसे

पहचान गई है, वह रामदेव के पास उसे ले जायेगी। वादशाह के सेना लेकर वापिस चले जाने के आश्वासन से वह मान गई। उससे लिखित प्रतिज्ञापत्र भी ले लिया। वादशाह अपनी प्रतिज्ञा के अनुसार सेना लेकर वापिस जा ही रहा था कि मन्त्री की जिद्द से काम बिगड़ गया। वादशाह पुन रुक गया। फिर भीषण युद्ध हुआ। मन्त्री पीपा वहुत ही लज्जित हुआ।

दोनो दूतियाँ छिताई को पथभ्रष्ट करने चली थी। परन्तु छिताई को जव सदेह हुआ तो दूतियो ने वहाना कर दिया कि वे उसकी परीक्षा ले रही थी। सुवह नित्य की भाँति छिताई शिवमदिर गई। दूतियो ने सब आकर वादशाह को वता दिया। दूसरे दिन वादशाह इन्ही दूतियो और सैनिको के साथ सुवह ही शिवमदिर पर पहुँच गया। छिताई मदिर आई, उसकी ४० सखियो ने युद्ध किया और मारी गईं। छिताई को वादशाह ने पकड़ लिया और अपने पीछे घोडे पर विठा लिया। छिताई ने उसे पिता के समान कहा तो वह लज्जित हो गया, परन्तु उसे दिल्ली ले गया। छिताई वहाँ वहुत समझाने पर भी दु खी रहने लगी। वादशाह ने उसे राघव चेतन की सरक्षता मे हर सुविधा के साथ रख दिया।

सोरसी के द्वारसमुद्र से वापिस होने पर पूरी घटना ज्ञात हुई। वह योगी हो गया। वह दिल्ली जमुना के किनारे के विंध्यवन उद्यान मे पहुँचा और अपनी वीणा बजाई। वहाँ के सभी जीवजतु उसके पास आ गये। उसने सभी आभूषण उनको दे डाले। तदनन्तर वह नगर मे गया।

छिताई के पास एक ऐसी वीणा थी जिसे सोरसी ही बजा सकता था। उसने वह वीणा दिल्ली के कलावत के यहाँ यह कहकर रख दी थी कि जो भी इस वीणा को बजा देगा वह उसी की हो जायेगी। योगी सोरसी उस कलाकार के यहाँ पहुँचा और उस वीणा को निनादित किया। छिताई इस समाचार से अत्यधिक प्रसन्न हुई। योगी वहाँ से राघव चेतन के यहाँ गया और उससे अनुरोध किया कि वह वादशाह से मिलना चाहता है। वादशाह से मिलने पर उसने अपने को सिंहल का निवासी बताया और दिल्ली मे लुट जाने की कहानी वतायी। उसने वादशाह को साथ ले जाकर पुनः वीणा बजाई, सभी जीवजन्तु जुट गये। उसने बादशाह को अपने सभी आभूषण उन जन्तुओ के पास दिखाये और लुटेरा बता दिया।

वादशाह ने योगी के कौशल के प्रदर्शन का आयोजन किया। आयोजन मे वादशाह के निकट छिताई थी। योगी के वेश मे देखने और फिर

उसके वीणावादन से छिताई के आँसू बहने लगे। वे आँसू बादशाह के कधो पर गिरे। सोरसी से बादशाह ने कुछ माँगने को कहा। उसने बादशाह से छिताई को माँगा। बादशाह ने छिताई की इच्छा जाननी चाही। छिताई ने सोरसी का वास्तविक परिचय कराया तो बादशाह ने उसका बड़ा सत्कार किया और एक पिता के रूप मे स्वय छिताई को सोरसी के सुपुर्द किया।

बादशाह ने उन्हे विदा करते समय गुजरात का देश दिया। वे दोनों देवगिरि आये। वहाँ उनका बड़ा स्वागत-सम्मान हुआ। पुन. वे द्वारसमुद्र पहुँचे। सोरसी के पिता भगवान् नारायण उन्हे देख अत्यधिक प्रसन्न हुए।

रसरतन[1] —ऐतिहासिक या साहित्यिक स्तर पर सभी प्रेमाख्यानको का अपना-अपना महत्त्व है। फिर भी पुहकरकृत रसरतन के विषय मे यह कहना आवश्यक है कि रसरतन हिन्दी प्रेमाख्यानको की परम्परा की एक मूल्यवान् कड़ी है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने रसरतन का महत्त्व इन शब्दो मे स्वीकार किया था . 'कल्पित कथा लेकर प्रवन्ध-काव्य रचने की प्रथा पुराने हिन्दी कवियो मे बहुत पाई जाती है। जायसी आदि सूफ़ी शाखा के कवियों ने ही इस प्रकार की पुस्तके लिखी हैं, पर उनकी परिपाटी बिल्कुल भारतीय नही थी। इस दृष्टि से रसरतन को हिन्दी साहित्य मे विशेष स्थान देना चाहिए।'[2] परन्तु आश्चर्य होता है कि विशेष स्थान दिलाने की सिफ़ारिश करके शुक्ल जी ने रसरतन पर इससे अधिक कुछ नही लिखा। बाद मे यत्किंचित् स्थानों पर इसकी चर्चा की गई। सन् १९५५ मे डा० हरिकान्त श्रीवास्तव ने अपने 'भारतीय प्रेमाख्यान काव्य' मे इस पर लिखा। इसके बाद १९६० मे डा० शिवप्रसाद सिंह द्वारा महत्त्वपूर्ण विस्तृत भूमिका सहित सम्पादित होकर यह ग्रन्थ प्रकाश मे आया है। कवि ने ग्रन्थ का नामकरण रसरतन इसलिए किया चूँकि उनका ग्रन्थ नवरसो से अलंकृत है। उन्होने गुणसमुद्र को ज्ञान की मथानी और प्रेम की डोरी से मथा तब उन्हे वह नवनीत प्राप्त हुआ :

---

१. डा० शिवप्रसाद सिंह द्वारा सम्पादित पुहकरकृत रसरतन, ना० प्र० सभा, काशी.

२ आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, हिन्दी साहित्य का इतिहास, पृ० २२८.

गुन समुद्र मंथान ग्यान मंथानिय ढुंढिय।
जेतु हेतु गहि हाथ रतन नवरस मथ कढ्ढिय॥
वागेसुर परसाद प्रघट क्रम क्रम सब दिष्षह।
अलप वुद्धि कहं हेत धीर मुंहि दोस न दिज्जह॥
गुरु नाम सुमर पोहकर सुकवि गरुव ग्रंथ आरंभ किय।
रस रचित कथा रसकनि रुचित रुचिर नाम रसरतन दिय॥२०॥

वहि समुद्र चौदा रतन, मथे असुर सुर सैन।
इहि समुद्र नव रस रतन नाम धरो कवि तैन॥ २१॥

भारतीय प्रेमाख्यानको का अधिकांश मूल लोक-गीतो, मुहावरो, लोक-प्रचलित किंवदंतियो अथवा दतकथाओ के आधार पर खोजा जा सकता है। रसरतन भी एक 'दतकथा' अर्थात् काल्पनिक कथा है। पुहकर ने इसे दंतकथा के रूप मे स्वीकार किया है·

पहले दंतकथा हम सुनी। तिहि पर छंद वंद हम गुनी॥
श्रवनन सुनी कथा हम थोरी। कछुवक आप उकति तैं जोरी॥आदि खंड८९॥

रसरतन मे कथा की सरसता और रोचकता का पूरा-पूरा पता उसका पाठ करने से ही चलता है। रसरतन मे प्रेमाख्यानको मे आने वाली कथानक रूढियो का भी प्रयोग हुआ है जिनका उल्लेख यथास्थान किया जायेगा। रसरतन की रचना का समय स० १६७३ है। कथा का साराश इस प्रकार है :

पुहकर ने रसरतन मे अद्वितीय कथा-निर्माण किया है। कामकन्दला मे तो काम ने सिर्फ जन्म ही लिया था, यहाँ उसे वैरागर के राजा सोमेश्वर के पुत्र सूरसेन और चम्पावती नरेश को तनया रभावती का सयोग कराने के लिए स्वय दूत वनना पड़ा

नृप तनया रंभावती, सूर पृथ्वीपति पूत।
वरनो तिनको प्रेमरस, मदन भयो तहं दूत॥ आदि खंड १०२॥

वैरागर के राजा सोमेश्वर पूर्व दिशा मे राज्य करते थे। सूर्योदय के कारण यह दिशा सर्व दिशाओ से महत्त्वपूर्ण है। राजा अतुल वैभवसपन्न था। परन्तु पुत्राभाव के कारण वह अत्यत मर्माहत था। एक बार वह अपनी रानियो के साथ काशी आया। यहाँ चिंतामणि पडित ने उन्हे

मनसा, वाचा, कर्मणा शिवसेवा करने को कहा। उनके ऐसा करने पर शिव प्रसन्न हुए और महारानी कमलावती ने एक पुत्ररत्न को जन्म दिया। ज्योतिषियो ने जन्म-लग्न-विचार करके उसके सम्बन्ध में भविष्यवाणी की कि राजकुमार बहुत-गुणी होगा, चक्रवर्ती नरेश बनेगा, किन्तु तेरहवे वर्ष मे त्रिया-विरह से दु खी होगा। विरह मे ३ वर्ष तक इधर-उधर कष्ट झेलता हुआ भटकेगा। चौथे वर्ष प्रिया-संयोग होने के कारण सभी दु.खो से छुटकारा पा सकेगा। इसके दो स्त्रियाँ होगी और चार पुत्र, जो कि पृथ्वी का शासन करेगे। यह कुमार रूप मे काम, ज्ञान मे गोरख, दान मे बलि, साहस मे विक्रमादित्य, शस्त्र-प्रयोग मे अर्जुन, बल मे भीम, व्रत मे भीष्म, विद्या मे भोज, सौन्दर्य मे चन्द्रमा और शौर्य मे सूर्य की तरह होगा। इसकी आयु पाँच कम सौ वर्ष की होगी। राजा ने पडितो को दान देकर विदा किया। कुमार का लालन-पालन राज-घरानों के अनुकूल होने लगा। १२ वर्ष मे उसने वेद, व्याकरणादि तथा अस्त्र-शस्त्रादि चौदह विद्याएँ सीख ली। जब १३वे वर्ष मे कुमार का प्रवेश होने लगा तो उसके अग-अग मे तरुणाई फूट पड़ी। ज्योतिपियो की वाणी का स्मरणकर राजा ने तय किया कि कुमार से कोई प्रेम की बात न करे और न वह किसी तरुणी को देख सके।

गुर्जर देश की चम्पावती नगरी मे राजा विजयपाल का राज्य था। यह राजा भी सर्वसाधनसपन्न और सुखी था। उसके अन्त.पुर मे अनेक रमणीक रमणियाँ थी। परन्तु सन्तान के न होने से सभी व्यर्थ थी। एक बार राजा शोचनीय दशा मे बैठा हुआ था तो एक सिद्ध आया। राजा के अभिलाषा व्यक्त करने पर सिद्ध ने इन्हे चण्डी-पूजा करने का उपदेश दिया और भविष्यवाणी की कि तुम्हे एक कन्यारत्न की प्राप्ति होगी। समय आने पर महारानी पुष्पावती को स्वाति नक्षत्र में कन्योत्पत्ति हुई। पंडितो ने जन्म-लग्न देखकर भविष्यवाणी की कि यह बड़ी होनहार और भाग्यशालिनी पुत्री है। इसकी कहानी युगों तक चलेगी। ११वे वर्ष मे इसे पीड़ा होगी। वह रोग चौदहवे वर्ष मे दूर होगा। कन्या का लालन-पालन नृप ने बडे लाड-प्यार से किया। रंभा के ११वे वर्ष मे प्रवेश करते ही उसके अंग में अचानक मन्मथ का प्रवेश हो गया। उसके प्रत्येक अग का सौन्दर्य बढ़ने लगा। यौवन जल मे झाँकती कमलकली की भाँति फूटने लगा।

एक समय अपने पति की सेज पर सुख मे खोई रति ने पूछा—नाथ सारा त्रिभुवन तुम्हारे अधीन है, कोई भी तुम्हारे प्रेमपाश से मुक्त नही है। अत· मुझे वताइये कि तीनों लोको मे कौन तरुण और तरुणी सर्वाधिक सुन्दर है। काम ने कहा कि यो तो वहुत सो मे ठीक-ठीक बता पाना कठिन है, फिर भी चपावती नरेश की कन्या रभावती और वैरागर के राजा सोमेश्वर का पुत्र अद्वितीय है। काम की बात सुनकर रति ने हठ किया कि दोनों का सयोग करा दीजिये। काम ने उसके हठ को पूरा करने के लिए उसे वताया—'हे सुन्दरी ! दर्शन तीन प्रकार के होते है· स्वप्न, चित्र और प्रत्यक्ष।' तुम वैरागर जाकर रंभा के वेश मे सूरसेन को दर्शन दो और मै सूरसेन के वेश मे रभा को दर्शन दूँगा। रति ने ऐसा करके सूरसेन को प्रेम-समुद्र मे निमग्न कर दिया।

कामदेव चम्पावती रम्भा के शयनकक्ष मे गये। कामदेव ने रंभा पर उच्चाटन और मोहनशर का प्रयोग किया। अबला को अधीन बनाकर मदन अन्तर्धान हो गये। प्रात·काल राजकुमारी की दशा देखकर सखियाँ तरह-तरह की शका करने लगी। कोई कहती हवा लगी है कोई कहती भूत का भय है। इसी प्रकार सभी परेशान थी। इतने मे आकाशवाणी हुई कि आस रखो, 'सूर विथाहर' होगे। रानी को खबर मिली। राजा-रानी वहुत दु·खी हुए। वैद्य, सयानो के तरह-तरह के उपचार किये गए। कोई लाभ नही हुआ। मदनमुदिता नामक सखी ने रंभा की स्वेद, स्तंभ, रोमांच, वेपथु आदि स्मरदशाओ को देखकर उसे प्रेमपीडा होने का अनुमान किया। अपनी इस शंका को उसने अन्य सखियो पर प्रकट किया। सभी सखियाँ रभा के पास गईं। मदनमुदिता ने छलपूर्वक नलदमयती, कामकन्दला, उषाअनिरुद्ध की कथा सुनाई। अन्तिम कथा को सुनकर रम्भा आकृष्ट हुई। मदनमुदिता ने कसम दिलाकर मन मे पैठे चोर का नाम पूछ लिया। रम्भा के कुछ ही दिनो मे जव काम की दसवी दशा निधन समीप आने लगी तव लाचार हो मदनमुदिता ने रानी को वता दिया। मुदिता की राय मानकर रानी ने राजा से छिपाकर अनेक चित्रकार राजकुमारो का चित्र लाने के लिए भेजे।

इधर रम्भा अपने प्रिय की आशा लगा रही थी। उधर सूरसेन बिना जल की मछली के समान तड़फ रहे थे। उन्हे दिन, रात, सूर्य-चन्द्र किसी की पहचान नही रही। जिस दिन से उन्होने रम्भा को स्वप्न मे देखा था

उसी दिन से विरहवृक्ष अंकुरित हो गया था। उनके विरह को दूर करने के विभिन्न उपाय किये जा चुके थे, परन्तु सभी असफल सिद्ध हुए। इसी बीच वैरागर मे बुद्धिविचित्र नामक चित्रकार देश-देशान्तरो का भ्रमण करता हुआ पहुँचा। नगर मे प्रवेश करते हुए उसे शकुन हुए। वह राज-भवन के पुजारी देवदत्त के यहाँ ठहरा। उन्हो के माध्यम से राजकुमार से मिला और उनसे राजकुमारी की सही-सही स्वप्न आदि की बातें बताई। राजकुमार ने भी चित्रकार को स्वप्न की बात सुनाई। तब चित्रकार ने रम्भा का ७ सखियो के साथ वाला चित्र दिखाया। वह चित्र पहचान गया और उसे हृदय से लगाकर शान्ति पाता तथा नैनो से अलग नही कर पाता। चित्रकार ने राजकुमार को बातो की गोप-नीयता की शपथ दिलाई। राजकुमार ने रम्भा के लिए एक पत्र और अँगूठी चित्रकार के हाथ भेज दी। चित्रकार को भी बहुत से उपहार भेट कर विदा किया। रम्भा के स्वयंवर मे आने की बात चित्रकार ने राजकुमार से समझा दी।

बुद्धिविचित्र चपावती पहुचकर मंत्री सुमतिसागर से मिला। मुदिता ने चित्र, पत्र और मुद्रिका राजकुमारी के पास भेज दिए। रानी को जब यह खुशखबरी मिली उसने राजा को सुता-स्वयंवर करने की सलाह दी। स्वयवर की विधिवत् तैयारी होने लगी। राजभवन और उसके सामने अनेक साज-सामान एकत्र होने लगा।

इधर रंभा की सखियाँ प्रिय को रिझाने, वशीभूत करने और स्वय के शृंगार के नवीन ढंग रभा को सिखाने लगी। लज्जा, पतिसेवा आदि की दीक्षाएँ मिली। मदन के प्रमुख स्थान और उन्हे उद्दीप्त करने की विधियाँ बताई गईं। कोककला का पूरा ज्ञान कराया गया। चौरासी मुद्राएँ सखियों ने बताईं। प्रिय के अप्रिय वचनो को भी सह जाने की सलाह दी गई। इस प्रकार सखियो ने उसे अनेक शिक्षाओ से अवगत कराया।

सूरसेन ने विजयपाल द्वारा आयोजित स्वयंवर मे जाने की इच्छा मत्री से व्यक्त की। मत्री ने राजा को सूरसेन को चंपावती भेजने के लिए तैयार कर लिया। वैशाख कृष्णा पचमी तदनुसार पुष्य-नक्षत्र गुरुवार के दिन विजययात्रा का निश्चय हुआ। पुत्र को विदा करते समय रानी कमलावती का कठ भर आया।

सूरसेन की सेना चली। सेना मे हाथी-घोड़े आदि सभी अच्छी नस्ल के थे। इसका वर्णन कवि ने आलंकारिक भाषा में विस्तृत रूप से किया है। सूरसेन अपनी सेना के साथ विस्तृत मार्ग तय करके मानसरोवर के तट पर पहुचे। वहाँ का दृश्य वडा मनोरम और सुहावना था। सूरसेन ने वहीं रात्रि-विश्राम का निश्चय किया। उसी दिन अर्द्धरात्रि के वाद अप्सराएं वहीं जलक्रीडा करने आईं। सभी अप्सराएँ सुन्दर आभूषणो से युक्त थी। चादनी रात का सुहावना मौसम था। ये अप्सराएँ रंभा की सलाह से क्रीडा-कमलो से खिलवाड करती रही। मदिर के वहाँ उन्होने देखा कि एक सुन्दर युवक एक वहुमूल्य पलग पर सोया हुआ है। सूरसेन के रूप को देखकर अप्सराओ को अपनी अभिशप्ता सखी कल्पलता की याद आई जो इन्द्र के शाप से पृथ्वी पर आ गई थी। उन्होने सोचा कि यदि कल्पलता का विवाह इस सुन्दर युवक से हो जाय तो उसका अभिशाप वरदान मे वदल जायेगा। इसी उद्देश्य से अप्सराओ ने पलंग उठाया और ब्रह्मकुण्ड की ओर ले चली। कल्पलता के पास पहुँचकर अप्सराओ ने उसको उस युवक से गंधर्व-रीति से विवाह करने पर राजी कर लिया। शीघ्र ही कल्पलता का शृंगार करके उससे युवक को जगवाकर आरती उतरवाई। सखियाँ उन दोनो को केलिक्रीडा करने के लिए छोड़कर हट गईं। सूरसेन ने इसे रभा समझा। क्योंकि जो जिसकी आखो मे वसता है उसे वही दिखाई पड़ता है। दोनो आलिंगन-पाश मे वंध गये। इस स्थान पर दोनो की सुरति-केलि का वर्णन कवि पुहकर ने कामशास्त्र के आचार्य के रूप मे ही किया है। सुरति के वीच मे कल्पलता की 'चतुराई' से सूरसेन को सन्देह हुआ कि यह रभा नही है। कुमार ने उसका परिचय पूछा। कल्पलता ने वताया कि वह इन्द्रसभा की एक अप्सरा है। एक नृत्य मे वाधा के कारण नल ने उसे मर्त्यलोक मे आने का शाप दे दिया। परन्तु उसने दया करके कहा कि तेरा पति एक नरेश होगा, मेरी कृपा से सुख-भोग मे कमी नही होगी। वाद मे कुमार के अनुरोध पर कल्पलता ने अप्सराओ का नृत्य दिखलाया। एक दिन सोये हुए कुमार के गले मे रत्न-जटित 'उरवसी' मे रभा का चित्र देखकर उसका भेद पूछा। कुमार ने बात छिपा ली। कुछ समय वाद कुमार को रभा की याद सताने लगी। वह एक साधु-मण्डली के पास चम्पावती का मार्ग पूछने के लिए गया। मार्ग का पता चला कि वह विकट मार्ग है। परन्तु कुमार योगी का वेश वना,

वीणा बजाता हुआ कठिन मार्ग पर शकर का ध्यान करता हुआ चंपावती की ओर चला।

इधर प्रात.काल वैरागर के मन्त्री गुनगभीर ने कुमार को शैया के साथ लापता पाया तो उनकी सारी गम्भीरता समाप्त हो गई। सभी विह्वल हो उठे। मत्री ने चित्ररेखा और मधुमालती की कथा सुन रखी थी। अत. उन्होने सोचा—हो न हो शैया को कोई अप्सरा उड़ा ले गई हो। उन्होने सेना को चंपावती की ओर वढने का आदेश दिया।

वहुत दिनो तक पथ-पीड़ाओ के झेलने के वाद कुमार एक अद्भुत-अनुपम वाग मे पहुचे। वहाँ एक सुन्दर तालाव था। उसमे सुन्दरियाँ जल भर रही थी। उसी स्थान पर सूरसेन ने अपनी वीणा बजाई, जिससे समस्त स्त्रियाँ, जीव-जन्तु इकट्ठे हो गये एव मुग्ध हो उठे। सूरसेन ने चम्पावती नगर मे प्रवेश किया। उनके आने की सूचना नगर में पहले ही फैल चुकी थी। वे शिवमन्दिर मे पहुँचे और शिव की स्तुति की।

इधर लग्न का समय आ पहुँचा परन्तु सूरसेन का कोई पता नही। देश-देश से कुमारी के स्वयवर के लिए भूपति आने लगे। रम्भा को चिन्ता हो चली। सूरसेन की वीणा का नगर मे शोर था। रम्भा की सखी गुन-मंजरी इस रहस्यमयी योगी का रहस्य जानने आई जिससे योगी ने एक विरह की गाथा कही। गुनमजरी ने अन्त पुर जाकर सारा भेद मदनमुदिता को वताया। रम्भा की आज्ञा से मदनमुदिता योगी से मिलने गई। कुमार ने वुद्धिविचित्र का पता पूछा और रम्भा से मिलने की इच्छा व्यक्त की। मुदिता ने रम्भा को आश्वस्त किया कि सेना पीछे आ रही है। रम्भा विवाह के पूर्व शिवयाचना के लिए शिवमन्दिर पहुँची। चम्पावती की सेना रम्भा के साथ गई और मन्दिर के चारो तरफ खड़ी रही। सूरसेन और रम्भा प्रथम मिलन के अवसर पर एक-दूसरे को अवाक् देखते रह गये। रम्भा लौटी तो कुमार वेहोश हो गया। मदनमुदिता ने उसे सब काम सावधानी से करने की सलाह दी। वह लौटकर वैरागर से आने वाली अपनी सेना से मिला। चम्पावती नरेश ने अपने मन्त्री को वुलाकर सूरसेन और उनकी सेना को उचित स्थान देने को कहा।

शुभ दिन पर मडप की रचना कराकर विजयपाल ने स्वयवर के लिए मडप मे आगमन का सभी नरेशो को निमन्त्रण दिया। रम्भा की सखियो ने रम्भा को वहुविध सजाया-सवारा। उसका रूप अप्सराओ से

भी आकर्षक था। मडप मे लगातार नरेश आ-आकर अपना स्थान ग्रहण कर रहे थे। सभी नरेशो के बीच सूरसेन सूर्य के समान तेजवान् था। कुमारी ने मडप मे प्रवेश किया और अनेक नरेशो के सामने से होती हुई वह सूरसेन तक पहुँचकर रुक गई और गले में जयमाला डालकर पैरो पर झुक गई। यह विवाह वड़े उल्लास और आनन्द के साथ सम्पन्न हुआ।

चम्पावती नरेश ने सूरसेन से प्रार्थना की कि सूरसेन रम्भा को पुत्र प्राप्ति तक चम्पावती मे रहे। विजयपाल ने अपना राज्य रम्भा के होने वाले पुत्र के नाम सकल्प कर दिया। मन्त्री ने राजा की आज्ञा मानकर सूरसेन से चम्पावती रहने का आग्रह किया। रम्भा को रात्रि के समय छलपूर्वक सूरसेन के पास चित्रशाला मे पहुचा दिया। उसके मनोरथ पूर्ण हुए। सूरसेन ने कल्पलता से विवाह की बात छिपा ली।

उधर कल्पलता विरह से तडप रही थी। यही कवि ने बारहमासे का सुन्दर चित्रण किया है। सभी सुहावने महीने वीतते गये पर कल्पलता का प्रिय नही आया। अन्त मे उसने विद्यापति नाम के शुक को अपना विरह वताकर चम्पावती भेजा। ऐसे विलक्षण शुक को रम्भा ने अपने बाग मे देखकर पकड़ लिया और सोने के पिंजरे मे बन्द करके दूध-भात खिलाया। शुक के रहस्य को रम्भा ने सूरसेन से जान लिया और कल्पलता को शीघ्र ले आने का आग्रह किया। कुमार अपनी सेना लेकर ब्रह्मकुड की ओर चल पड़ा। साथ मे परिचारिकाएँ और रम्भा भी थी। मायानगर की सीमा पर पहुँचते ही मदन ने मार्ग रोका। अत युद्ध हुआ। युद्ध मे विजय हुई। उसमे कटे हुए मुण्डो की माला सूरसेन ने शिव को पहनाई। कल्पलता की और रम्भा की भेंट दो बहनो के समान हुई। समय से रम्भा को पुत्रोत्पत्ति हुई। जिसकी खुशी मे याचक भी अयाचक बन गये, इतना दान दिया गया।

उधर पुत्र के पास न होने से राजा सोमेश्वर और रानी कमलावती की वुरी दशा थी। वे बार-वार कलियुग को कोसते जिसमे बेटे जन्मदाता माँ-बाप को भूलकर पत्नी के ही हो जाते हैं। उन्होने पुरोहित-पुत्र पुरुषोत्तम को चम्पावती से सूरसेन को लाने के लिए भेजा। सूरसेन माँ-बाप को खवर पाते ही अविलम्ब अपनी रानियो के साथ वैरागर के लिए चल पड़ा। कुछ आवश्यक जनो को साथ लिया और दहेज आदि का सामान पीछे आने को छोड़ दिया। सूरसेन अपने माँ-बाप के घर पहुँच गया। माँ

का आँचल दूध से भीग गया। सूरसेन ने स्वयं के और रानियो के लिए एक भव्य प्रासाद का निर्माण कराया। सूरसेन समस्त राजाओ को जीत चक्रवर्ती हुए। कुमार के चार लड़के थे। जब सूरसेन ने ३० वर्ष तक युवराज पद संभाला तो सोमेश्वर की मृत्यु हो गई। इससे उन्हे बहुत दु:ख हुआ। किसी प्रकार धैर्य धारण किया। रम्भा ने अपने पुत्र चन्द्रसेन को चम्पावती से बुला लिया। एक बार एक नटमण्डल ने एक खेल रचाया। यह खेल २२ खंडो के महल मे रचाया गया। इस खेल को देख कर सूरसेन को वैराग्य हो गया और वे पडित चिन्तामणि तथा अपनी रानियो के साथ काशी चले गये।

मृगावती—इस नाम की कई रचनाएँ लिखी गईं। जिस रचना का यहाँ उल्लेख किया जा रहा है, वह मेघराज प्रधान की कृति है। इसका रचनाकाल सं० १७२३ है। डा० हरिकान्त श्रीवास्तव ने इसका रचनाकाल सं० १६०६ सम्भवतः प्रमाणाभाव के कारण ही लिखा होगा।[1] कुतुबनकृत मृगावती का सम्पादन डा० शिवगोपाल मिश्र ने किया है। उसकी भूमिका मे उन्होने मृगावती नाम की आठ विभिन्न लेखको की रचनाओ का उल्लेख किया है।[2] प्रस्तुत कृति के विषय मे जो उन्होने लिखा है, यहाँ मैं वैसा ही उद्धृत कर रहा हूँ :

'मेघराज प्रधानकृत स० १७२३ मे ओडछा के राजा सुजान सिंह के भतीजे अर्जुन सिंह की आज्ञा के अनुसार मेघराज ने मृगावती कथा लिखी। इसकी एक प्रति बूँदी के राजकीय पुस्तकालय मे है और एक दूसरी प्रति की सूचना भी उदयशकर शास्त्री ने दी है जो सं० १८०६ की चैत्र सुदी २ को लिखी है (देखिए—साप्ताहिक 'आज '२३ मार्च, १९५८) ···· ।'[3]

प्रेमपयोनिधि—कवि मृगेन्द्र द्वारा रचित इस रचना का प्रणयन स० १९१२ मे हुआ था। रचना के अन्तर्गत वे सभी विशेषताएँ मौजूद हैं जो एक प्रेमाख्यान मे होनी चाहिए। जगह-जगह अद्भुत चमत्कार की बाते प्रस्तुत की गई हैं। समुद्र मे तूफान से नौका का टूटना, शुक आदि पक्षियो

---

१. डा० हरिकान्त श्रीवास्तव, भारतीय प्रेमाख्यान काव्य, पृ० ४१.

२. कुतुबनकृत मृगावती, डा० शिवगोपाल मिश्र द्वारा सम्पादित, हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग से प्रकाशित, भूमिका, पृ० ६.

३ वही.

का कथानक मे भाग लेने जैसी अनेक कथानक रूढ़ियो का भी प्रयोग हुआ है। कथा इस प्रकार है ·

प्रजापालक एवं धर्मात्मा राजा प्रभाकर सुन्दरनगर मे राज्य करते थे। सन्तान न होने के कष्ट से दुःखी थे। भगवान् के भजन-पूजन से उन्हे एक पुत्ररत्न हुआ। ज्योतिषियो ने लग्न देख भविष्यवाणी की कि यह बालक बहुत प्रतापी राजा होगा। पन्द्रह वर्ष की आयु मे प्रेम-पीड़ा के कारण घर छोड देगा। इधर-उधर मार्ग मे कठोर कष्ट होगे। बाद मे ३ विवाह करके घर लौट आयेगा।

पिता ने इसीलिए १३ वर्ष की अवस्था तक पहुँचते-पहुँचते कुमार की शिक्षा समाप्त करा दी और विवाह कर दिया। इसकी पत्नी चन्द्रप्रभा नामक एक रूपवती राजकुमारी थी। इन दोनो का जीवन बड़े आनन्द के साथ बीतने लगा। एक दिन दोनो नगर मे घूमते-घूमते 'गुदडी' बाजार की ओर निकल गये। वहाँ एक कोने मे बहुत भीड जमा थी। राजकुमार कुतूहलवश उधर देखने गया तो देखा एक आदमी एक सुन्दर तोते को बेच रहा है। कुमार ने तोता खरीद लिया और चन्द्रप्रभा के साथ घर वापिस आ गया।

राजकुमार तोते को अपने शयनागार मे ही रखता था। एक दिन चन्द्रप्रभा ने खूब शृङ्गार किया और अपने रूप के विषय मे उसने सखियो से पूछा, सखियो ने प्रशंसा की। लेकिन चन्द्रप्रभा और कुछ सुनना चाहती थी। वह अपने रूप पर मुग्ध हो रही थी। इससे वह तोते के पिंजरे के पास गई और उससे पूछा कि "क्या तुमने मुझ-सी सुन्दरी को कही देखा है?" तोते ने कोई उत्तर नही दिया। उसने फिर वही प्रश्न दोहराया। तोता फिर चुप ही रहा। चन्द्रप्रभा ने पुनः वही प्रश्न किया। इस बार तोते ने नम्रता से कहा कि "किसी को गर्व नही करना चाहिए क्योकि रावण का भी गर्व टूट गया था, तुम्हारा क्या?" वह इस उत्तर से आग-बबूला हो उठी। उसका चेहरा क्रोध से लाल था। इतने मे राजकुमार आ गया और उसने चन्द्रप्रभा से उसके क्रोध का कारण पूछा। चन्द्रप्रभा कुछ नही बोली। तोते ने सारी बात यथावत् सुना दी और कहा—इसी पर यह क्रुद्ध है। उसने राजकुमार को बताया कि उत्तर देश मे कनकपुर नाम का एक सुन्दर नगर है। वहाँ पहुचने मे १ वर्ष लगेगा। उस नगर की राजकुमारी ससार की सबसे सुन्दर स्त्री है। उसका नाम 'ससिकला'

काल सं० १९०७ है। काव्य की दृष्टि से यह कोई महत्त्वपूर्ण कृति नही है। यह श्रीमद्भागवत के आख्यानों के आधार पर लिखी गई रचना प्रतीत होती है। प्रथम खंड मे रुक्मिणीपरिणय का सक्षिप्त परिचय मात्र है। इसके बाद जरासधवध, कालिवध आदि की कथा कई अध्यायों में दी गई है। सातवे अध्याय मे कृष्ण और बलराम के विवाह का नारद-उग्रसेन द्वारा वार्तालाप कराया गया है। इसके बाद नारद रुक्मिणी के पिता भीमसेन के पास जाते हैं और उनसे श्रीकृष्ण के रूप-गुणों की प्रशसा करते हैं। यह कथा विस्तार से कही गई है जिससे रुक्मिणी के हृदय मे कृष्ण के प्रति अनुराग उत्पन्न हो जाता है। नारद इसी प्रकार द्वारिकापुरी पहुँचकर कृष्ण से रुक्मिणी के गुणो की चर्चा करते हैं जिसे सुनकर कृष्ण के हृदय मे रुक्मिणी को व्याह लाने की इच्छा होती है। कृष्ण उसे विवाहने जाते हैं। सभी समस्याओ पर विजय पा वे रुक्मिणी का परिणय करके ले आते है। रुक्मिणी की अनेक सखियो के साथ रास का भी वर्णन किया गया है।

इस प्रकार हिन्दू प्रेमाख्यानको की एक लम्बी परम्परा रही है। मध्य-युगीन हिन्दू प्रेमाख्यानकों की परम्परा (स० १०००–१९१२) मे मृगेन्द्र के प्रेम-पयोनिधि को अन्तिम कृति माना जा सकता है।[1]

सूफ़ी प्रेमाख्यानक

सूफ़ी प्रेमाख्यानको के अन्तर्गत निम्नलिखित रचनाएँ परिगणित की जा सकती हैं :

रचना	रचयिता	रचनाकाल
चन्दायन	दाऊद दलमई	१३७९ ई०
मृगावती	कुतुबन	१५०३–४ ई०
पद्मावती	जायसी	१५४० ई०
मधुमालती	मंझन	१५४५ ,,
रतनावती	जान	१६३४ ,,
रतनमंजरी	,,	
कामलता	,,	१६२१ ,,
मधुकरमालती	,,	१६३४ ,,
कथा मोहनी	,,	

१. डा० हरिकान्त श्रीवास्तव, भारतीय प्रेमाख्यान काव्य, पृ० २१.

रचना	रचयिता	रचनाकाल
ग्रन्थ लैलै-मजनूँ	जान	
रूपमंजरी	,,	
कथा कलन्दर तथा तमीम-अंसारी आदि	,,	१६४५ ई०
ज्ञानदीप	शेख नवी कृत	१६१९ ई०
इन्द्रावती	नूरमुहम्मद	११७८ हि० सन्
पुहुपावती	हुसेन अली	११३८ हि० सन्
प्रेमचिन्गारी	नजफ अली	१८०९ ई०
भाषा प्रेमरस	शेख रहीम	१९१५ ई०
कथा कामरूप	कवि अज्ञात	
चित्रावली	उसमान	१६१३ ई०
पुहुप-वरिषा	जान	१६२१ ई०
छीता	,,	१६३६ ई०
कनकावती	,,	१६१८ ई०
कवलावती	,,	
नलदमयन्ती	,,	१०७२ हि० सन्
कलावती	,,	१०८३ ,,
कथा विजरखाँ साहिजादे वा देवल दे की चौपाई	,,	

चन्दायन[1]—चन्दायन मौलाना दाऊद की रचना है। इसका रचनाकाल सन् १३७९ ई० आँका गया है। सूफी प्रेमाख्यानको मे सर्वाधिक प्राचीन कृति चन्दायन ही है। इसे प्रकाश मे लाने का पूरा-पूरा श्रेय डॉ० परमेश्वरी लाल गुप्त को है। उन्होने चन्दायन के अनुशीलन मे चन्दायन पर हुए अद्यतन कार्यो का ब्योरा सप्रमाण प्रस्तुत किया है[2] जो अत्यन्त महत्त्व का है। उन्हे इस बात की टीस थी कि इतने समय बाद तक यह कृति प्रकाश मे क्यो नही आई। वे लिखते हैं—'१९२८ ई० से लेकर १९५६ ई० तक

१. डा० परमेश्वरीलाल गुप्त द्वारा संपादित, हिन्दी ग्रंथ रत्नाकर, बबई से प्रकाशित।

२. विस्तार के लिए देखिये—अनुशीलन, वही, पृ० १-१८.

है। चन्द्रप्रभा तो उसके सामने कुछ भी नही है। इतना सुनते ही चन्द्रप्रभा पिंजरे को उठाकर ले गई। उस दिन से कुमार ससिकला के विरह से सन्तप्त रहने लगा।

एक दिन तोते से मार्गदर्शन कराने की प्रार्थना की। इस पर प्रेम-मार्ग की कठिनाई का तोते ने उपदेश दिया। किन्तु राजकुमार मानने को तैयार नही हुआ। दूसरे दिन राजकुमार तोते को साथ ले सगैन्य कनकपुर की ओर चल पडा।

तीन दिन के वाद वह एक सुन्दर वन में पहुँचा। मृगो को देखकर कुमार के मन में मृगया का विचार आ गया। उसने अपना घोड़ा मृग के पीछे दौड़ा दिया। शाम हो गई परन्तु मृग हाथ नही आया। कुमार को प्यास लगी। वह सामने ही एक झोपड़ी मे गया। वहाँ एक संन्यासी ध्यानस्थ था। इसके पहुँचने पर उसने अपनी आँखें खोली और इससे वहाँ आने का कारण पूछा। राजकुमार ने सारी घटना वता दी। सन्यासी ने राजकुमार को आँख मिलाने को कहा। राजकुमार ने जव आँख मिलाई तो उसमें कनकपुर, ससिकला आदि साक्षात् हुए। कुमार ससिकला का रूप देख मूर्च्छित हो गया। जव उसे चेत हुआ तो उसने अपने को वही पाया जहाँ से वह चला था। परन्तु वहाँ उसके साथी नही मिले।

दूसरे दिन कुमार अकेला ही कनकपुर की ओर चला। गर्मी के कारण वह एक सरोवर मे स्नानहेतु प्रविष्ट हुआ। उसमे घुसते ही उसे ऐसा लगा कि कोई नीचे की ओर खीच रहा है। नीचे वह जमीन पर पहुँच गया। वहाँ उसने एक सुन्दर फुलवारी देखी। उसमे एक महल वना था। वह महल की ओर वढने लगा तो उसे सुन्दरियाँ दृष्टिगोचर हुई। उनमे से एक सुन्दरी मणिजटित सिंहासन पर वैठी थी।

कुमार के पहुँचते ही सुन्दरी ने कुमार का स्वागत किया और उसे सिंहासन पर विठाया। उसे सुस्वादु भोजन कराया। अपने महल में ले जाकर उसे वताया कि वह जादूगर महिपाल की वेटी है। उसने यह भी वताया कि वह वहुत दिनो से उसकी प्रतीक्षा कर रही थी। कुमार ने ससिकला के प्रति अपना अनुराग बताया और जाने की अनुमति चाही। सुन्दरी ने कुमार से एक दिन रुक जाने को कहा। वह रुक गया। दूसरे दिन जब वह जाने लगा तो उसने जादू से भस्म करने की धमकी दी। अतः वह नही गया, वही रहने लगा। महिपाल-सुता ने काफी दिन वाद

कुमार को एक गुटिका दी और कहा कि मै प्रतिदिन रात को लौटती हूँ। आप अकेले रहते हैं अतः इस गुटिका को लेकर कही भी घूम सकते हैं। कुमार एक दिन वहाँ से निकल धरमपुर नगर पहुँचा। इस नगर मे उसकी भेंट वहाँ की राजकुमारी सूरजप्रभा से हो गई। वह उसे अपने महल मे ले गई। दूसरे दिन उससे छुटकारा पा वह कनकपुर की ओर चला। १४ दिन बाद वह कनकपुर पहुँचा। वहाँ उसे पता चला कि ससिकला को कुछ लोग मन्त्रबल से उठा ले गये हैं। कुमार ने उसे खोजने का सफल प्रयास किया। इस प्रकार दोनो मिले और दोनो का विवाह हुआ। कुमार घर को लौटा तो उसने रास्ते मे सूरजप्रभा को भी साथ ले लिया। मार्ग मे उसकी भेट मत्रीसुत से हो गई। मत्रीसुत दोनो राजकुमारियो को पाने का षड्यन्त्र रचने लगा। एक बार दोनो मित्र घूमने निकले तो एक मृत बन्दर मिला। कुमार ने अपना मन्त्रबल दिखाने के लिये बन्दर के शरीर मे प्रवेश किया। मंत्रीसुत ने धोखा किया। वह कुमार के शरीर मे प्रविष्ट हो गया और अपने शरीर को काट डाला। कुमार के वेश मे राजकुमारियो के पास गया। परन्तु राजकुमारियो को शक हो गया। इधर उस बुद्धिमान् बन्दर की चर्चा सब जगह हो रही थी। सूरजप्रभा उस बन्दर के पास गई तो बन्दर (कुमार) ने उसे पहचाना। दूसरे दिन सूरजप्रभा एक मरा तोता ले गई और बन्दर के प्राण तोते मे लेकर घर आ गई। तोते ने मत्रीसुत को अपना परिचय दिया। वह घबड़ाया। सूरजप्रभा ने मन्त्रबल से मत्रीसुत के प्राण निकाल दिये और तोते के प्राण उसमे डाल दिये।

कुमार दोनों रानियो को साथ ले घर लौटा। रास्ते मे महिपाल-सुता का घर मिला। महिपाल ने अपनी लडकी का अपमान करने के कारण राजकुमार से युद्ध किया। महिपाल हार गया। यही चन्द्रप्रभा द्वारा भेजा हुआ उसे एक तोता मिला। उसने चन्द्रप्रभा के विरह की दशा का वर्णन किया। कुमार जहाज पर चढ़कर घर वापिस आ रहा था कि समुद्र मे भयंकर तूफान आ गया और जहाज टूट गया। कुमार की चीत्कार पर सिन्धुपुरुष ने प्रकट होकर उसे सान्त्वना दी और उसकी दोनो रानियो को यक्षिणी की सहायता से खोजकर कुमार को सौंप दिया। इस प्रकार कुमार अपनी पत्नियों के साथ घर पहुँचा।

रुक्मिणीपरिणय[1]—इसके रचयिता श्री रघुराज सिंह जूदेव है। रचना-

१. सं०—प्र०—गंगाविष्णु श्रीकृष्णदास, लक्ष्मी वेंकटेश्वर, कल्याण-मुंबई, सं० १९८१.

सूफी साहित्य और प्रेमाख्यानक काव्यों को लेकर शोध का ढिंढोरा तो खूब पिटा, पर हिन्दी साहित्य के विद्वानों और अनुसन्धित्सुओ की जानकारी इस बात तक ही सीमित रही कि दाऊद ने चन्दायन नामक कोई प्रेमाख्यानक काव्य लिखा था। उसकी एक प्रति उन्हें ज्ञात भी हुई तो उसकी ओर समुचित ध्यान ही नही दिया गया। लोग रामकुमार वर्मा की धुरी पर चक्कर काटते रहे।'[1]

चन्दायन में अपने परवर्ती काव्यो मे पाई जानेवाली सभी विशेषताएँ मिलती हैं। इसकी अपनी विशेषता यह है कि कथा का प्रारम्भ नायिका के जन्म से होता है। दाऊद ने प्रेमाख्यानकों मे पाये जानेवाले कथा-अभिप्रायों का भी प्रयोग किया है। इसकी रचना लोककथा के आधार पर ही हुई। दाऊद के समय में लोरक-चदा की लोक-कथा काफ़ी प्रचलित थी। रचना सभी दृष्टियो से महत्त्वपूर्ण है। कथा इस प्रकार है :

ईश्वर-मुहम्मदादि की स्तुति के उपरान्त कवि ने गोवर महर नामक स्थान के सरोवर, मन्दिर, खाई, दुर्ग, नगर निवासियो, सैनिको, बाजार-हाट, राजदरबार और महल आदि का वर्णन किया है। राय मेहर के ८४ रानियाँ थी जिनमे फूलारानी नामक महारानी थी।

राय मेहर के घर चाँद नामक कन्या उत्पन्न हुई। खूब खुशियाँ मनाई गईं। जब तक चाँद १२ महीने की ही हो पाई थी कि द्वारसमुद्र, मारवाड़, गुजरात, तिरहुत, अवध और बदायूँ तक उसकी प्रशंसा फैल गई। जब चाँद ४ वर्ष की हुई तो जीत के अनुरोध पर उसके बेटे बावन से सहदेव ने चाँद का विवाह रचा दिया। विवाह की १२ वर्ष की लम्बी अवधि बीत गई। चाँद का यौवन फूट पड़ा। परन्तु उसका पति उसकी सेज पर नही आया। वह विलाप करने लगी। उसकी ननद ने विलाप सुनकर अपनी माँ से कहा। चाँद की सास से उसकी कहासुनी हो गई और चाँद अपने पिता के यहाँ से आदमी बुलाकर पीहर चली गई। वहाँ उसे स्नानादि कराके उसका शृंगार किया गया। चाँद की सखियों ने उससे पति-प्रसंग की बाते पूछी। इस पर उसने अपनी कामव्यथा कह सुनाई।

एक बार गोवर मे वज्रयानी साधु आया। वह गाता हुआ नगर में भिक्षाटन कर रहा था। चाँद ने अपने झरोखे से उसे देखा। साधु की दृष्टि

---

१. वही, पृ० ७.

झरोखे में खड़ी चांद पर पड़ी तो वह देखते ही मूर्च्छित हो गया। लोगों के पूछने पर उसने चाँद से अपनी आसक्ति की बात बताई। परन्तु सहदेवराय के भय से वह नगर छोड़कर चला गया। वाजिर एक माह इधर-उधर घूमने के बाद एक नगर में पहुंचा। वहाँ वह चाँद के विरह के गीत गा रहा था, जिन्हे सुनकर वहाँ के राजा रूपचन्द ने उसे बुलाया। रूपचन्द के पूछने पर वाजिर ने अपना स्थान उज्जैन बताया। उसने चाँद के दर्शन और उसके वियोग की बात भी राजा को बताई। राजा ने जिज्ञासावश चाँद के विषय मे विस्तार से जानना चाहा। तब वाजिर ने चाँद की माँग, केश, ललाट, भौह, नेत्र, नासिका आदि प्रत्येक अंग के सौन्दर्य का सविस्तार वर्णन किया।

चाँद के रूपसौन्दर्य का वर्णन सुनकर रूपचन्द ने सेनापति को सेना तैयारकर गोवर नगर की ओर कूच कर देने को कहा। कवि ने सेना के हाथी-घोड़ों आदि का वर्णन करने के बाद लिखा है कि राजा को मार्ग मे अपशकुन हुए, परन्तु वह गोवर नगर को घेरने तक आगे बढता रहा। उसने जाकर नगर घेर लिया। रूपचन्द की सेना के आ जाने से नगर में खलबली मच गई। सहदेव ने अपने दूत भेजकर आक्रमण का कारण पुछवाया। दूतो ने आकर बताया कि वह चाँद से विवाह करना चाहता है। सहदेव ने अपने मन्त्रियो के परामर्श से युद्ध ठान दिया क्योकि उसके पास भी अश्व, अश्वारोही, हाथी आदि कम नही थे। दूसरे दिन युद्धारम्भ हो गया। युद्ध की भयानकता देखकर भाट ने सहदेव को सलाह दी कि सहायता के लिए लोरक को बुला लीजिए क्योकि रूपचन्द के योद्धा शक्तिशाली हैं। राजा की आज्ञा से भाट ही लोरक को लेने गया। लोरक के आते समय उसकी पत्नी मैना उसके सामने खड़ी हो गयी और युद्ध मे जाने से रोकने लगी। उसे आश्वासन दे लोरक अजयी से युद्ध-कौशल की शिक्षा ले महर के पास पहुंचा। महर ने उसे तीन पान के बीड़े दिये और कहा कि विजयी होने पर वह उसे तीन सुसज्जित घोडे देगा।

लोरक ने अपनी सेना को लेकर युद्ध किया। युद्ध मे उसकी विजय हुई। युद्ध की जीत पर महर ने लोरक को पान का बीडा दिया और हाथी पर बैठाकर उसका जुलूस निकाला। चाँद अपनी दासी विरस्पत के साथ धौरहर के ऊपर जुलूस देखने गई। वह लोरक को देखते ही विकल होकर मूर्च्छित हो गई। विरस्पत ने चाँद के मन की बात पूरी कर देने को कहा।

दूसरे दिन चाँद ने विरस्पत से कहा कि जिसे मैंने कल देखा था उसे मेरे घर बुलाओ या मुझे उसके घर ले चलो। विरस्पत ने लोरक को नागरिक-ज्योनार मे बुलाने को कहा। चाँद ने अपनी मनौती की बात गढ़कर पिता से ज्योनार कराई। ज्योनार के व्यंजनो, पशु-पक्षियो के शिकार आदि का वर्णन किया गया है। चाँद ज्योनार के समय धौरहर पर खडी देख रही थी। लोरक ने उसे देखा और खाना-पीना भूल गया।

वह अपने घर जाकर चारपाई पर पड गया। उसकी माँ विलाप करने लगी। सयाने, वैद्यादि बुलाये गये। पर उसे कोई रोग नही निकला। वह कामविद्ध था। विरस्पत ने लोरक की माँ का विलाप सुना तो वह उसके घर पहुँची और रोने का कारण पूछा। कारण जानकर वह लोरक के पास गई। उसने लोरक से कहा—मैं चाँद की धाय हूँ। बुलाने पर आई हूँ। आँख खोलकर अपनी बात कहो। चाँद के नाम से लोरक उठकर बैठ गया। उसने बात कहने में लज्जा का अनुभव किया। इससे उसकी माँ वहाँ से हट गई। लोरक ने विरस्पत से चाँद को मिलाने की विनय की। उसने कहा—जोगी-वेश मे भभूत लगाकर मंदिर मे बैठना, वहीं वह आयेगी तब दर्शन कर लेना। वह उसकी माँ को समझाकर चली गई।

लोरक जोगी बनकर १ वर्ष तक मंदिर की सेवा मे लगा रहा और प्रेम की कामना करता रहा। दीवाली के अवसर पर चाँद सखियो के साथ मदिर आई। रास्ते मे उसका हार टूट गया। सखियाँ उसके मोतियो को इकट्ठा करने लगी। विरस्पत ने चाँद से मदिर में चलकर विश्राम करने को कहा। चाँद और विरस्पत मंदिर गईं। विरस्पत ने मंदिर मे झाँककर कहा कि आजकल मदिर मे एक भगवंत आये हुए हैं, जाकर दर्शन कर लो, सारे पाप भाग जायेंगे। चाँद योगी को देखते ही बाहर निकल आई और योगी की स्थिति बताई। सखियाँ हार लेकर आ गईं। वह हार पहन घर चली आई। चेत आने पर लोरक विलाप करने लगा। उधर चाँद ने विरस्पत से लोरक से भेंट कराने को कहा। विरस्पत ने मदिरवाले योगी लोरक की बात बताई तो चाँद को उससे बात न करने का दु.ख हुआ। विरस्पत लोरक से योगीवेश त्यागकर घर जाने को कह आई। उसने वैसा ही किया। अब दोनों एक-दूसरे से मिलने को छटपटाते थे परन्तु कोई उपाय नही था।

चाद ने पुन. विरस्पत को लोरक के पास भेजा। विरस्पत ने चाँद के धौरहर का मार्ग लोरक को दिखा दिया। लोरक ने एक पाट और

उसका रस्सा खरीदा। उसमे वीच-वीच में गाँठ लगाकर ऊपर एक अकुरी बाँध ली। रात मे महल की ओर चला। भादों की अँधेरी रात में उसे कुछ नही दिखाई पड़ रहा था। बिजली चमकी तो चाँद का दरवाजा उसे दिखा। चाँद ने लोरक को देखा। वह प्रसन्न हुई। लोरक ऊपर रस्सा फेंकता, चाँद उसे मजाक करने को बार-बार नीचे डाल देती। बाद मे लोरक ऊपर पहुँचा। उसके साथ रातभर केलि की। प्रात. चाँद ने देर हो जाने के कारण उसे चारपाई के नीचे छिपा दिया। शाम को अँधेरा होते ही उसे पुनः मिलने का वायदा करके विदा किया। लोरक घर पहुँचा तो मैना का सन्देह दूर करने को उसने कहा—राजा का रास देखने में ही रात बीत गई।

इधर महर और महरि को ज्ञात हो गया कि रात्रि मे महल मे कोई पुरुष आया था। भृत्यों द्वारा सारे नगर में वात फैल गई। मैना को भी पता लगा। वह लोरक से क्रुद्ध हो गई। पण्डित ने चाँद को बताया कि वह असाढी के पर्व पर होम-जापकर सोमनाथ की पूजा करे तो मनोकामना पूरी होगी। उसने वैसा ही किया और लोरक को पतिरूप मे प्राप्त करने की मनौती मानी। मैना भी दर्शन करने गई। मैना की उदासी का कारण चाँद ने हँसकर पूछा। इस पर दोनो मे मारपीट शुरू हो गई। लोरक ने आकर वीच-बचाव किया। मैना ने घर आकर चाँद की शिकायत महरि के पास भेजी जिससे वह लज्जित हुई।

चाँद की सव बात खुल जाने के कारण वह मरने की सोच रही थी। उसने विरस्पत द्वारा लोरक के पास सदेश भेजा कि वह रात में उसे भगाकर ले जाय, नही तो वह सुबह कटार मारकर मर जायेगी। लोरक समझाने से भगाने को तैयार हो गया। रात्रि मे दोनो आभरण, मानिक, मोती के साथ भागे। लोरक और चाँद ने अपने दोनो हाथो मे अस्त्र लिये। दोनों काले कपड़े पहनकर चल दिये। गोवर से दस मील दूर लोरक का भाई कँवरू रहता था अतः वे वहाँ से कतराकर चलने लगे। लोरक के भाई ने उसे देख लिया और उसके पीछे भागा। लेकिन चाँद को पीछे-पीछे आते देख वह ठिठक गया। उसने उन दोनो की भर्त्सना की।

वे तेजी से भागते हुए रात होने पर गगा के किनारे पेड के नीचे सो गये। सुबह लोरक छिपा रहा। चाँद किनारे पर खड़ी हो नौका की प्रतीक्षा करने लगी। नाविक आया और उसे नौका मे बैठाकर ले चला।

उससे अकेले होने का कारण पूछा। आधी नदी आने पर लोरक पानी में से निकला और नाविक को ढकेल स्वयं नौका को ले बढ़ा। इतने में बावन आ पहुचा और केवट से सारी स्थिति समझकर नदी में कूद गया। बावन ने नदी पार करके उनका पीछा किया और दस कोस पर जाकर उन्हे पकड़ा। लोरक पर उसने तीन बाण चलाये जो बेकार गये। वह हार मानकर वापिस आ गया।

लोरक को रास्ते मे विद्यादानी नामक एक ठग मिला। उसने दान के बहाने चाँद को माँगा। लोरक ने उसके हाथ-कान काटकर छोड़ दिया। विद्या ने राव करका से इसकी शिकायत की। राव ने लोरक को बुलवाकर उससे स्थिति जानी और लोरक का सम्मान किया। वहाँ लोरक एक ब्राह्मण के घर फूलों की शय्या पर सोया। रात्रि मे सुगन्ध के कारण एक सांप आया और उसने चाँद को काट लिया। सात दिन तक लोरक विलाप करता रहा तब एक गुनी ने मन्त्र से चाँद को जीवित कर दिया। वे अब हरदी की ओर चले। मार्ग में उसे युद्ध करके आगे का रास्ता मिला। मार्ग के एक वन में रात हो गई। वे वही पेड़ के नीचे सो गये। रात्रि मे चाँद को पुनः सर्प ने काट लिया। लोरक उसे चिता पर रख ही रहा था कि गुनी ने आकर उसे जिन्दा कर दिया।

लोरक और चाँद ने पुन हरदी की ओर कूच किया। गारुड़ी कहता हुआ निकल गया कि पाटन देश मत जाना, जाना हो तो दाहिने रास्ते को अपनाना। उन्होंने उसकी बात पर ध्यान नही दिया। शाम तक वे सारंगपुर पहुँचे। वहाँ उसने वहाँ के राजा के साथ जुआ खेला और चाँद सहित सब कुछ हार गया। चाँद ने एक बार पुनः खेलने को कहा। महीपति इस बार हार गया। लोरक ने उसे मार डाला। मार्ग में फिर साँप ने काटा। उसने जीवित होकर चार स्वप्न देखने की बात कही। उसका विवरण चाँद ने दिया। वे फिर चल पडे। चार दिन चलने के बाद एक नगर में पहुँचे। चाँद को मन्दिर मे बैठाकर लोरक नगर मे खाने-पीने का सामान लाने चला गया। पूर्व स्वप्न के अनुसार टूंटा योगी आया और उसने आकर सिंगी नाद किया। चाँद बेसुध होकर उसके पीछे चल पड़ी। लोरक सामान लेकर आया तो चाँद को गायब देख विलाप करने लगा। किसी प्रकार टूटे योगी का पता लगा वहाँ पहुँचा। परन्तु योगी के आँख दिखाते ही भाग निकला। तभी उसे सिद्ध का वचन स्मरण हो आया।

स्मरण करते ही सिद्ध उसके पास आ खड़ा हुआ। लोरक और टूंटा झगड़ने लगे। सिद्ध ने सभा मे चलने को कहा। वहाँ पहुँचने पर साक्षी के अभाव मे बात नही सुलझी। चाँद पर टूटे ने मन्त्र चला दिया जिससे उसे कुछ याद ही नही रहा।

इन सब संकटों को पार करके लोरक और चाँद हरदी पहुँच गये। जिस समय इन्होने हरदी की सीमा मे प्रवेश किया, वहाँ का राजा झेतम शिकार के लिए बाहर जा रहा था। राजा ने उनका परिचय प्राप्त कर आने का कारण पूछा। तदनतर उनको ससम्मान नाना सामग्री भेट की। दोनो वहाँ सानन्द रहने लगे।

उधर मैना लोरक-विरह मे परेशान थी। एक बार नगर में एक टाड आया हुआ था। उसने नायक सिरजन को खोलिन के घर बुलाकर उससे उसकी यात्रा के विषय मे पूछा और हरदीपाटन जाने का अनुरोध किया। उससे बहुत अनुनय की कि वह लोरक को वहाँ से भेज दे।

सिरजन मैना का सदेश लेकर चार माह मे हरदीपाटन आ पहुँचा। सिरजन लोरक के घर पहुँचा। लोरक को द्वारपाल ने सूचना दी कि कोई ब्राह्मण आया है। वह तुरन्त आया और आकर ब्राह्मण को प्रणाम किया। ब्राह्मण ने आशीर्वाद देकर अपनी पोथी खोलकर बताया कि तुम्हारा राजपाट गोवर मे है, तुमने मैना पत्नी को छोड़ चाँद को अपना लिया है। मैना का नाम सुनते ही लोरक घबराने लगा। उसने सिरजन से सारा हाल सुना और उसे बहुत-सा दान देकर दूसरे दिन वापिस चलने को कहा। वहाँ के राजा ने लोरक को बुलाकर सब समाचार जाना और गोवर जाने की सब तैयारी करा दी। सैनिक भी साथ कर दिये। चाँद को लेकर वह गोवर की ओर चला।

वे लोग जब गोवर से ३० मील दूर थे तब किसी ने वहाँ जाकर सूचना दे दी कि कोई राव सेना लेकर गोवर पर आक्रमण करने आ रहा है। गोवर में खलबली मच गई। परन्तु मैना को अपने स्वप्न पर विश्वास था कि लोरक सुबह तक आ जायगा। सुबह लोरक ने माली को बुलाकर गोवर जाने को कहा और उससे मना किया कि यह मत बताना कि किसने भेजा है। माली मैना को फूल देने लगा तो मैना रोने लगी। उसने कहा—पति के घर पर न रहते क्या फूल ? उसे फूलो मे लोरक की ही बास लगी। माली से मैना ने पूछा तो माली ने कहा—मै तो परदेशी

हूँ, नगर देखने आया हू। यदि तुम दूध लेकर बाग मे आओ तो लोरक मिलेगा। सुबह होते ही मैना अपनी दस सहेलियो के साथ दूध-दही बेचने चली। लोरक ने चाँद को पहले ही मैना को इशारे से बता दिया और उसे चौगुने पैसे, सोना आदि से दही खरीदने को कहा। चाँद ने वैसा ही किया। चाँद ने सभी अहीरिनो को सिंदूर भरा। मैना ने ऐसा करने से रोक दिया। उसने अपने पति का हरदी मे चले जाने का दु.ख प्रकट किया। लोरक ने मैना से छेड़छाड़ की तो वह विगड़ गई और घर चली आई।

दूसरे दिन पुनः सब दही बेचने गईं। चाँद ने मैना को अन्दर बुलाया और लोरक की करनी पूछने लगी। मैना ने सब पहली कहानी बता दी और यह भी कहा कि कही चाँद मिले तो उसका मुँह काला कर दूँ। वे दोनों झगड़ गईं। वीच में लोरक आकर प्रकट हो गया। मैना प्रसन्न हो उठी।

नगर मे ऐसा शोर हो गया कि मैना आगन्तुक के साथ रहती है। इस पर अजयी उससे लड़ने आया। उसने खौडा चलाया जो वीच मे ही टूट गया। लोरक को पहचान वह गले लिपट गया। लोरक घर आया, खोलिन के पैर छुए और उसने दोनो वहुओ का स्वागत किया। लोरक ने अपनी माँ से पूछा कि पीछे कैसे रही। माँ ने बताया—पीछे बावन आया था और मैना को गाली दी। मौकर भी अपनी सेना लेकर आया। कवरू ने उसका सामना किया। परन्तु अकेला होने से मारा गया। माँ ने कहा—तुम्हारे पीछे रात-दिन जागती-रोती रही हूँ।

मृगावती[1]—इस कृति के रचयिता कुतुवन हैं। मृगावती नाम से कई रचनाएँ प्राप्त हैं जिनका उल्लेख मेघराज प्रधानकृत मृगावती का विवरण प्रस्तुत करते समय किया जा चुका है। सूफी प्रेमाख्यानक साहित्य मे जव तक चन्दायन प्रकाश मे नही आई थी तब तक यही प्राचीन कृति मानी जाती थी। मृगावती की कथा संस्कृत, जैन-बौद्ध ग्रन्थो में पाई जाती थी। कुतुवन ने दाऊद की परम्परा का ही निर्वाह किया। मृगावती मे अन्तर्कथाएँ भी आई हैं जो उसके परवर्ती प्रेमाख्यानको में भी रूढ़ हुई हैं। इसमें पुरुष-नारी दोनों पात्रो की बहुलता है। कथा इस प्रकार है :

१. डा० शिवगोपाल मिश्र द्वारा सम्पादित, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग से प्रकाशित.

अतुल वैभव-सम्पन्न तथा धर्म में रुचि रखने वाला एक राजा पुत्रोत्पत्ति न होने के कारण अत्यन्त दु खी था। भगवान् की मनसा, वाचा, कर्मणा पूजा करने पर राजा को पुत्ररत्न प्राप्त हुआ। पण्डितों ने कुमार को तीव्र भाग्यशाली बताया। परन्तु आगे चलकर इसे स्त्री-वियोग होगा। राजा ने खूब दान दिया। उसके लालन-पालन की भरपूर व्यवस्था की। १० वर्ष की अवस्था तक आते ही वह बडे-बड़े ग्रन्थ समझने लगा। शिकार भी खेलने लगा।

एक दिन राजकुमार आखेट करने गया। वहाँ वह एक सप्तरंगी मृगी को देखकर मोहित हो गया। मृगी पास के एक मानसरोवर मे कूद गई। राजकुँवर ने अपना घोड़ा वृक्ष मे बाँध, वस्त्र उतारकर सरोवर मे मृगी को खोजा। पता नही लगने पर वृक्ष के नीचे आकर उसकी याद मे विलाप करने लगा। उसके साथी उसे खोजते-खोजते उस वृक्ष के नीचे आये। राजकुमार से उसके रुदन का कारण जानकर साथियो ने भी मृगी को खोजा परन्तु असफल रहे। राजकुमार की चिट्ठी लेकर वे घर लौट गये। राजकुमार वही रहा।

दो प्रहर के भीतर ही राजा ससैन्य वहाँ पहुँच गया। राजकुमार ने राजा से प्रार्थना की कि उसके लिए वही एक महल बनवा दिया जाय। राजा ने वैसा ही किया। चित्रशाला में अनेक प्रकार के चित्र निर्मित किये गये। कुमार इसी महल मे विरह मे पड़ा रहता। दैवात् उसकी धाय वहाँ पहुँची। सारा वृत्तान्त जानकर कुमार को बताया कि प्रत्येक एकादशी को मृगावती यहाँ स्नान करने आती है। यदि उसी समय उसके वस्त्र चुरा ले तो वह सदा उसी के पास रहेगी।

राजकुमार ने धाय की बात मान ली। मृगावती भी राजकुमार पर आसक्त थी। वह एकादशी के दिन अपनी सखियो के साथ स्नानार्थ वहाँ पहुँची। राजकुमार धाय के बताये मत्रानुसार वहाँ पहले से बैठा ही था। जब सभी जल मे उतर गईं तो राजकुमार ने चोर चुरा लिये। सखियाँ जो पहले से ही आशंकित थी मृगावती को छोड़ पक्षी बनकर उड गईं। मृगावती मानसरोवर के अन्दर वस्त्ररहित रह गई।

मृगावती की अनुनय पर भी राजकुमार ने वस्त्र नही दिये। उसने एक दूसरा वस्त्र लाकर दिया। फिर उससे अपने विरह की दशा कह सुनाई। भोग-विलास से पहले ही मृगावती ने कुमार से उसकी सखियो

को आने देने की और कुमार ने उससे जीवनभर प्रेम में अनुरक्त रहने की प्रतिज्ञाएँ ली।

राजकुमार ने पिता को इसकी सूचना दी। राजा ने प्रसन्नतापूर्वक दोनो का विवाह सम्पन्न कर दिया। वे सानन्द रहने लगे। कुछ समय बाद मृगावती के पास धाय को छोडकर राजकुमार पिता से मिलने गया। मृगावती ने चोर प्राप्त कर लिए और धाय से यह कहकर उड़ गई—'मेरे पिता का नाम रूपमुरारि और स्थान कंचनपुर है। राजकुमार ने मुझे बड़ी सरलता से पा लिया, इसलिए मेरे महत्त्व को नही जानता। मैं जा रही हूँ, किन्तु वह मुझसे अवश्य मिले।'

राजकुमार वापिस आया तो धाय को विलखते देखा। वह मृगावती को न देख मूर्च्छित हो गिर पडा। फिर योगी का वेश धारण करके खोजने चल पड़ा। मार्ग में एक राजा मिला जिसने उसके योग का कारण पूछा। उसने सारी कथा कह सुनाई। उसे दया का सचार हुआ। अतः जंगम को बुलाकर कंचननगर का मार्ग दिखाने को उसके साथ भेज दिया। उसने समुद्र के किनारे लाकर खड़ा कर दिया और कहा—यही घाट है। एक नौका पर योगी चढ़कर चला।

समद्र मे तेज़ लहर से नाव लपेट मे आ गई। उसी समय एक भयंकर सर्प दिखाई पडा। राजा ने प्राणरक्षा के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उसी समय दूसरा सर्प भी आ गया और दोनो आपस में लड़ गये। नाव भी किसी प्रकार किनारे लगी। फिर उसने एक वाटिका मे प्रवेश किया जहाँ उसे एक अपूर्व भवन दिखाई पड़ा। भवन के अन्दर एक राघववंशी राजा देवराय की कन्या रूपमनि थी जिसे एक वर्ष पूर्व राक्षस उठा लाया था।

प्रथम वह उसकी सेज पर जाना नही चाहता था परन्तु उसके अनुरोध पर वह उसकी सेज पर बैठ गया। तभी सात सिर और चौदह भुजाओ वाला राक्षस दिखाई पड़ा। रूपमनि भयभीत हुई परन्तु राजकुमार ने अपने चक्र से उस राक्षस का वध कर दिया।

रूपमनि उसकी इस वीरता पर मुग्ध हो गई। राजकुमार ने उसे अपना पता बताया। योगी होने का कारण भी बताया। उसी समय रूपमनि का पिता अपनी पुत्री की खोज मे आ पहुँचा। राजकुमार की शूरता देखकर राजा बहुत प्रसन्न हुआ। राजकुमार से अपनी कन्या से

विवाह करने का प्रस्ताव रखा और आधा राज्य देने को कहा। उसने आनाकानी की, फिर मानना पडा। दोनों का विवाह हुआ। राजकुमार रूपमनि की सेज पर कभी नही सोया। वह एक दिन अवसर पाकर मृगावती की खोज में निकल गया। काफी कठिनाई के बाद उसे एक गड़रिया मिला। गड़रिये ने राजकुमार को स्थान तक न पहुँचाकर अपने कमरे में बन्द कर लिया। वहाँ और भी अनेक बंदी थे। वह प्रतिदिन एक आदमी को भूनता था और खा जाता था। एक दिन युक्ति से गड़रिये को बकरियो के साथ कुमार बाहर निकल आया।

भागकर जा रहा था कि उसे एक भवन दिखाई पड़ा जहाँ वह छिप गया। चार पक्षी आये जो स्त्रीरूप में बदल गये। उन्होने शृंगी बजाई तो चार मोर आये जो मनुष्य बन गये। वहाँ से वह भागा। मृगावती की खोज करने लगा। एक दिन कुमार एक वृक्ष के नीचे बैठा था। उस पर बैठे एक पक्षी ने कहा—'एक कुवर मृगावती से अनुरक्त है। उसके लिए उसने इतने कष्ट सहे हैं किन्तु अब दोनो के मिलन का समय निकट है।' इतना कहकर पक्षी उड़ गया। आगे चलकर वह कंचनपुर नगर मे पहुँच गया। उसने किंगरी बजाना प्रारंभ किया, सभी लोग दौड़े आये। रानी ने इस योगी को बुला भेजा।

मृगावती ने उसे तुरन्त पहचान लिया। फिर भी सप्रभुता के मद मे वह उसका परिचय पूछती है। राजकुवर के सही-सही बतला देने पर वह तिलमिला उठती है, फिर उसे वस्त्र पहनाकर मंदिर ले जाती है और राजा बना देती है। एक दिन मृगावती बाहर गई तो राजकुवर से कहती गई कि इस कोठरी को मत खोलना। उसने मना करने पर भी कुतूहलवश उसे खोल दिया। उसमे एक बन्दी था जो मुक्त होने पर राजकुमार को आकाश मे लेकर उड़ गया और उसे मार डालने को कहा।

मृगावती वापिस आई तो वहाँ राजकुमार नही था। सब जगह खोजा गया। परन्तु राजकुमार उस मायावी का अन्त करके स्वय ही लौटा।

उधर रूपमनि के दिन विरह मे बीत रहे थे। एक टाडा से उसने रो-रोकर अपनी दशा राजकुमार से कह देने को कहा। दूलभ कचनपुर पहुँचा। राजकुमार उससे मिलने आया। राजकुमार सभी समाचारो से अवगत हुआ। अपने पिता का पत्र मृगावती को सुनाया। राजकुमार ने आधा राजपाट अपने बड़े पुत्र को देकर मृगावती और छोटे पुत्र के साथ

चन्द्रगिरि के लिए प्रस्थान किया। रास्ते मे वह रूपमनि से मिला। रूपमनि के पिता ने खूब स्वागत-सत्कार किया। रूपमनि को साथ लेकर वह चल पड़ा।

राजकुमार को आखेट का शौक था। एक बार एक बहेलिये ने उसे वन में एक सिंह के आने की सूचना दी। राजकुमार जगल मे जाकर सोते सिंह को जगाने लगा। सिंह ने जागकर राजकुमार को समाप्त कर दिया। मृगावती और रूपमनि सती हो गईं। नगरवासियो ने कनेराय को सिंहासन पर बैठाया।

पद्मावती अथवा पदमावत[1]—पद्मावती हिन्दी-सूफी-साहित्य के प्रसिद्ध कवि मलिक मुहम्मद जायसी की रचना है। रचनाकाल के विषय मे प्राय मतभेद रहा है। यह सन् १५४० ई० की रचना है। हिन्दी के सूफी-साहित्य पर अबतक जितना भी काम हुआ है उसमे से अधिक भाग जायसी को ही मिला है। पद्मावती की 'सर्वप्रथम उल्लेखनीय चर्चा फ्रेंच लेखक गार्साद तासो ने अपनी पुस्तक **इस्तार दल लितरेत्यूर एन्दूई ए ऐन्दुस्तानी** के द्वितीय भाग मे की थी।'[2] इसका पहला सुसम्पादित सस्करण आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने 'जायसी ग्रन्थावली' के नाम से नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित कराया। अबतक पद्मावती की टीका-व्याख्याएँ और सुसम्पादित सस्करण कई स्थानो से प्रकाशित हो चुके हैं। डा० वासुदेव-शरण अग्रवाल ने पदमावत को संजीवनी व्याख्यासहित सम्पादित किया है।[3]

सूफी-साहित्य का महत्त्वपूर्ण प्रेमाख्यान जायसी की इस रचना को कहा जा सकता है। यही कारण है कि सन् १८८१ ई० से लेकर इसके अनेक सस्करण अबतक संपादित होकर प्रकाश में आये हैं :

१ नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ से १८८१ ई० मे प्रकाशित.
२. सं०-प० रामजस मिश्र, चन्द्रसभा प्रेस, काशी, ई० १८८४
३. बगवासी फर्म द्वारा प्रकाशित, ई० १८९६.

---

१. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल द्वारा 'जायसी-ग्रन्थावली' ना० प्र० सभा से प्रकाशित
२ पं० परशुराम चतुर्वेदी, हिन्दी साहित्यकोश, भाग २, पृ० २९१.
३. डा० वासुदेवशरण अग्रवाल, पदमावत, साहित्य सदन चिरगांव, झाँसी से प्रकाशित

४. सं०—मौलवी अलीहसन, कानपुर से प्रकाशित
५. दि पदुमावति आफ म० मु० जायसी, ई० १९११-१२ मे ग्रियर्सन और सुधाकर द्विवेदी द्वारा सपादित, रायल एशियाटिक सोसायटी आफ बंगाल.
६. जायसी ग्रन्थावली, स०—पं० रामचन्द्र शुक्ल, प्र० स० ई० १९२४, द्वि० सं० ई० १९३५ मे ना० प्र० सभा काशी से प्रकाशित
७. पदमावत पूर्वार्द्ध, स०—लाला भगवानदीन, प्रका०—हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, ई० १९२५.
८ सक्षिप्त पदमावत, सं०—डा० श्यामसुन्दरदास, ई० १९२६.
९ पदुमावति, श्री सूर्यकान्त शास्त्री, लाहौर, ई० १९३४.
१०. पदुमावति, दी लिंग्विस्टिक स्टडी आफ दि सिक्स्टीन्थ सेन्चुरी हिन्दी, डा० लक्ष्मीधर (केवल १०६ छन्द), लदन, ई० १९४९
११. जायसी ग्रन्थावली, सं०—डा० माताप्रसाद गुप्त, हिन्दुस्तानी एकेडेमी प्रयाग, ई० १९५१
१२ पदमावत संजीवनी व्याख्यायुक्त, सं०—डा० वासुदेवशरण अग्रवाल, चिरगाव, झासी से ई० १९५५ मे प्रकाशित[1]

यह अपनी प्रेम-परम्परा के लिए प्रसिद्ध है। इस ग्रन्थ मे ऋतुवर्णन, समुद्र-वर्णन, प्रकृतिवर्णन, युद्ध-वर्णन, विरह-वर्णन और सुस्वादु-वर्णन आदि विस्तार के साथ वर्णित हैं। इनके अतिरिक्त कथा मे रहस्यवाद एवं आध्यात्मिक पक्ष तथा सूफी सिद्धान्तो का भी प्रतिपादन किया गया है। कथा मे शुक, सिंहलद्वीप, योगी, बारहमासा, स्वप्नदर्शन आदि अनेको कथानक-रूढ़ियो का प्रयोग खूब किया गया है जिनका परवर्ती प्रेमाख्यान साहित्य पर पूर्ण प्रभाव पड़ा—इसमे सन्देह नही। पद्मावती नाम की बहुत सी रानियो का उल्लेख साहित्य मे मिलता है। परन्तु जिस पद्मावती का वर्णन जायसी ने किया है वह अद्वितीय है। कथासार इस प्रकार है :

सिंहलद्वीप के राजा गदर्भसेन और चम्पावती की कन्या पद्मावती परमसुन्दरी थी। उसके योग्य वर नही मिल रहा था। पद्मावती के पास एक हीरामन तोता था जो अत्यधिक वाक्पटु और पण्डित था। एक दिन

---

१ जायसीकृत चित्ररेखा, सं०—डा० शिवसहाय पाठक के प्राक्कथन से उद्धृत, पृ० ४९-५०

तोता पद्मावती के वर के विषय में वार्तालाप कर रहा था तो राजा ने इसे सुन लिया। राजा ने क्रुद्ध हो उसे मरवाने को कहा। इस बार वह बचा लिया गया। परन्तु भविष्य के भय की आशंका से वह उड़ गया। उड़कर जंगल मे पहुँचा, वहाँ किसी बहेलिये ने उसे पकड़ लिया। तोते को बहेलिये ने ब्राह्मण के हाथो बेच दिया। ब्राह्मण ने उसे चित्तौर के राजा रतनसेन को एक लाख रुपये मे बेच दिया। रतनसेन का तोते से बहुत प्रेम बढ़ गया। एक दिन राजा रतनसेन आखेट मे गया हुआ था। उसकी रानी नागमती ने तोते से सगर्व पूछा—'तोते सच-सच कहो, क्या मेरे समान इस ससार मे कोई अन्य सुन्दरी है?' हीरामन ने सिंहलद्वीप की राजकुमारी की प्रशसा कर दी। अत: रानी क्रोधित हो गई और उसे अपनी चेरी से मरवाने को कहा। चेरी रानी के कहने से उसे ले गई परन्तु राजा के भय से मारा नही, छिपाकर रख लिया। राजा ने आखेट से लौटने पर तोते के लिए पूछा। राजा को क्रोधित होते देख चेरी ने उनके सामने तोता रख दिया।

राजा ने हीरामन से सारी बात पूछ ली। हीरामन से पद्मावती के सौन्दर्य का वर्णन सुनकर राजा मूर्च्छित हो गया। हीरामन के बहुत समझाने पर भी राजा को धैर्य नही हुआ और वह सिंहलद्वीप जाने को उद्यत हुआ। हीरामन के कहने पर राजा ने योगी का वेश बनाया। राजा के साथ मे १६ सहस्र राजकुमार भी यात्रा पर चले। सबका पथप्रदर्शन हीरामन तोता कर रहा था।

रतनसेन मार्ग की आपदाओ को झेलता हुआ कलिंग देश पहुँचा। कलिंग से जहाजो मे बैठकर सिंहलद्वीप की ओर सोलह सहस्र योगी राजकुमारो के साथ रतनसेन चल पड़ा। सात समुद्रों को पार करके वह सिंहलद्वीप पहुँचा। हीरामन तोते ने सभी को शिवमदिर में ठहरा दिया। रतनसेन से उसने कहा कि वसन्तपञ्चमी के दिन पद्मावती यहाँ पूजन करने आती है अत. तबतक यही ठहरना होगा। हीरामन पद्मावती के पास चला गया।

हीरामन ने पद्मावती से रतनसेन के विषय में सब कुछ बताया। वह उसके लिए विकल हो गई। वसन्तपञ्चमी को वह मंदिर गई और वहाँ रतनसेन को देखा। रतनसेन पद्मावती को देखते ही मूर्च्छित हो गया। वह मूर्च्छित रतनसेन के पास गई और चन्दन से उसके सीने पर

लिखकर चली आई कि तूने अभी भिक्षा के योग्य योग नही सीखा है, जब समय आया तो तू सो गया।

रतनसेन को जब चेत हुआ तो वह जल मरने को उद्यत हुआ। परन्तु उसके प्रेम को सच्चा जानकर शिव-पार्वती ने साक्षात् उपस्थित होकर उसे आश्वस्त किया और एक सिद्धि-गुटिका प्रदान की। इस गुटिका की शक्ति से राजा ने योगियों के साथ गढ मे प्रवेश किया। गधर्वसेन ने रतनसेन को पकड़कर फाँसी पर लटका देने की आज्ञा दी। एक योगी को आपत्ति मे देख पार्वती और शिव भाट-दम्पति के रूप मे आये और रतनसेन राजा को पद्मावती के योग्य वर कहकर गधर्वसेन से कहा कि वह पद्मावती का विवाह इससे कर दे। गधर्वसेन के क्रोधित होने पर योगी भी क्रोधित हो गये। किसी प्रकार गधर्वसेन ने शिव को पहचान लिया और उनके पैरो पर गिरकर क्षमा माँगी। पद्मावती का विवाह रतनसेन से सम्पन्न हुआ।

इधर सिंहलद्वीप मे रतनसेन सानन्द रहने लगा। उधर नागमती की वियोग मे दुर्दशा हो रही थी। उसके वियोग से पशु-पक्षी भी व्याकुल थे। एक दिन एक पक्षी ने रानी से उसकी व्यथा सुनी और उसका सदेश लेकर सिंहलद्वीप पहुँचा। पक्षी से चित्तौड़ और नागमती का दु ख सुनकर रतनसेन बहुत दु खित हुआ। कुछ समय बाद वह पद्मावती और अपार धनराशि को लेकर चल पडा।

जिन जहाजों से वे लोग आ रहे थे, समुद्र मे तूफान आ जाने के कारण सब छिन्न-भिन्न हो गये। सब सम्पत्ति, मित्रादि समुद्र के गर्भ मे समाहित हो गये। पद्मावती बहकर समुद्र की कन्या लक्ष्मी के पास पहुच गई। लक्ष्मी ने जब पद्मावती की कथा सुनी तो उसने अपने पिता से सभी को खोज लाने की प्रार्थना की। समुद्र ने सबको मिला दिया। वे सभी चित्तौड वापिस आ गये। नागमती पति को पाकर अति प्रसन्न हुई।

राजा रतनसेन के दरबार मे राघवचेतन नामक एक पडित था। उसने एक बार यक्षिणी की सिद्धि से राजा को गलत तिथि मे द्वितीया बताकर सिद्ध कर दिया। बाद मे भेद खुलने पर राजा ने उसे देश-निकाला दे दिया। उसने पद्मावती को देखा और उस पर मुग्ध हो गया। बाद मे धन पाने की लालसा से उसने अलाउद्दीन के समीप जाकर पद्मावती के रूप की प्रशंसा की।

अलाउद्दीन ने पद्मावती को पाने की इच्छा से एक दूत चित्तौड भेजा। रतनसेन ने साफ मना कर दिया। अलाउद्दीन सेना लेकर आ धमका। आठ वर्ष तक वह गढ को न जीत सका। अन्त मे उसने एक चाल चली। उसने सन्धिपत्र लिखकर गढ मे प्रवेश किया। वहाँ दर्पण मे पद्मावती के रूप को देखकर वह मूर्च्छित हो गया। पुन राजा जब उसे गढ-द्वार तक छोडने आया तो उसने उसे बन्दी बना लिया। वह राजा को दिल्ली ले गया और जेल मे डाल दिया।

सभी रानियाँ दु:खी थी। राजा देवपाल ने अवसर देखकर पद्मावती के पास दूतियो द्वारा घृणित प्रस्ताव भेजा, जिसमे वह असफल रहा। पद्मावती ने गोरा-बादल से मिलकर एक युक्ति सोची। उसने सोलह सौ पालकियो को सजवाकर उनमे राजपूतो को सवार करा दिया। पालकी उठाने वाले भी राजपूत ही थे। वह दिल्ली पहुँची। बादशाह बहुत प्रसन्न हुआ। रानी की प्रार्थना पर उसने राजा रतनसेन के बधन काट दिये। उसे बादल और कुछ वीरो के साथ चितौड़ भेज दिया गया। उधर गोरा ने वीरता के साथ अलाउद्दीन की सेना का सामना किया। परन्तु सभी मारे गये।

चित्तौड आने पर जब रतनसेन ने देवपाल का घृणित कार्य सुना तो उसने देवपाल पर आक्रमण कर दिया। इस युद्ध मे देवपाल और रतनसेन दोनो ही मारे गये। नागमती और पद्मावती दोनों ही अपने पति के साथ सती हो गईं। तदनन्तर अलाउद्दीन अपनी सेना के साथ चित्तौड पर चढ आया। बादल ने उसका सामना किया परन्तु उसके साथ समस्त राजपूत काम आ गये। स्त्रियो ने भी आत्मदाह कर लिया। अलाउद्दीन ने जब गढ मे प्रवेश किया तो सर्वत्र उसे राख की ढेरियाँ ही दिखाई पडीं।

चित्ररेखा[1]—पदमावत के रचयिता जायसी की ही यह रचना है। चित्ररेखा भी एक प्रेम-कथा है। विषय की दृष्टि से यह एक छोटी रचना है। प्रारम्भ मे कवि पदमावत की शैली मे ही जगत् के सर्जनहार की स्तुति करता है। इसके बाद मुहम्मद साहब, चार यार, पैगम्बर आदि

---

१. जायसीकृत चित्ररेखा, सं०—शिवसहाय पाठक, प्रका०—हिन्दी प्रचारक पुस्तकालय, वाराणसी, ई० १९५९

का वखान कर अपनी लघुता का प्रदर्शन करता है। इसके वाद कथा चलती है, जो इस प्रकार है ·

गोमती नदी के तट पर चन्द्रपुर नामक एक रमणीक नगर था। वहाँ का राजा चन्द्रभानु था। नगर के सभी मदिर मुक्ता-माणिको से जड़े थे। वहाँ की स्त्रियाँ स्वर्ग की अप्सराओं के सामान थी। राजा की अतीव सुन्दरी ७०० रानियाँ थी। महिषी का नाम रूपरेखा था। उसके गर्भ से एक मुन्दर कन्या उत्पन्न हुई। ज्योतिषियो ने उसका नाम चित्ररेखा रखा और उसे चन्द्रमा के समान, पर निष्कलक बताया। रूप, गुण और शील मे उसके समान अन्य कोई भी नही होगा, यह कन्नौज की रानी होगी—आदि अनेक भविष्यवाणियाँ की गईं। धीरे-धीरे चाँद की कला के समान वह बढती गई। दसवें वर्ष के आते-आते उसका बदन पूर्णिमा के चन्द्रमा जैसा प्रकाशित हुआ। उसके केश भ्रमर, सर्प और शेषनाग जैसे काले हो गये। उस गौरागी की ज्योति शरद् की पूर्णिमा जैसी थी। नेत्र खंजन के समान थे। भौंहे धनुष और बरौनी बाणो के समान तथा पलके तलवार के समान हो गई थी।

जव वह सयानी हुई तो राजा चन्द्रभानु ने ब्राह्मणो को वर की खोज मे भेजा। ब्राह्मणो ने सैकड़ो स्थानो पर वर को देखा परन्तु उपयुक्त वर कही नही मिला। अन्त मे वे सिंहल के राजा सिंघनदेव के यहाँ आये। सिंघनदेव के एक लडका था जोकि कुबडा था। ब्राह्मण परेशान हो चुके थे अत उन लोगो ने अच्छा राजपाट देखकर वही 'वरच्छा' दे दिया। उन लोगो ने निश्चय कर लिया कि विवाह के समय दूसरा वर दिखा देंगे और विवाह होने के बाद देखा जायेगा। पुरोहितो ने स्वस्तिपाठ के साथ कुबडे को टीका लगा दिया। लग्न निर्धारित किया गया तो ज्योतिषियो ने राहु और चन्द्रमा का योग बताया और कहा कि यह विवाह नही होगा।

इधर कन्नौज नगर के राजा कल्याणसिंह थे। उनके पास अपार सेना, धन-सम्पत्ति थी। परन्तु पुत्र के अभाव से अत्यधिक दुःखी थे। उन्होने घोर तप किया, जिसके फलस्वरूप उन्हे पुत्ररत्न की प्राप्ति हुई। पण्डित और सामुद्रिक ज्योतिषी आदि पधारे। उन्होने कुमार को बत्तीस लक्षणो से युक्त, भाग्यवान् और सब प्रकार से उत्तम बतलाया। कुमार का

नाम प्रीतम कुँवर रखा गया। पण्डितो ने कुँवर को अल्पायु बतलाया। कुमार अपनी अवस्थानुसार बढने लगा। दस वर्ष की अवस्था मे ही कुमार ने अपनी सेना एकत्रित करके शत्रु पर चढाई कर दी। पिता कल्याणसिंह ने पुत्र की योग्यता पर प्रसन्न होकर सब राजपाट का भार पुत्र को ही सौंप दिया। राजकुमार की योग्यता से उसके माता-पिता को इतना हर्षातिरेक हुआ कि वे कुँवर का व्याह रचाना भी भूल गये। पण्डितो की बताई गई आयु मे सिर्फ ढाई दिन जब शेष रह गये तब सभी करुण क्रन्दन करने लगे। उन्हे पश्चात्ताप हुआ कि पुत्र का विवाह भी नही किया और वंश का सूर्य अस्त होने लगा।

प्रीतम कुँवर ने माता-पिता को समझाया तथा घोड़े पर सवार होकर काशी की ओर मुक्ति पाने के लिए प्रस्थान किया। उसके प्रस्थान करते ही कन्नौज नगर उजाड हो गया। माता-पिता की दशा शोचनीय हो गई।

चन्द्रपुर नगर में चित्ररेखा के विवाह की तैयारी हो रही थी। उस नगर के समीप पहुँचते-पहुँचते धूप के कारण कुँवर ने एक वृक्ष की छाया मे विश्राम किया। काल के भय से उसे नीद आ गई। सिंघनदेव उसी राह से अपने कुबड़े बेटे का विवाह करने आ रहा था। संयोगवश वह भी उसी छाया मे विश्राम करने के लिए रुका जहाँ कि पहले से ही प्रीतमसिंह विश्राम कर रहा था। सिंघनदेव देखते ही समझ गया कि प्रीतमसिंह किसी राजा का पुत्र है। उसके रूप को देखकर वह बहुत प्रसन्न हुआ और वही समीप मे बैठकर उसको पखे से हवा करने लगा। इतने मे प्रीतमसिंह चौंककर उठ गया। जब वह चलने लगा तो सिंघनदेव ने उसके पैर पकड़ लिये और उसकी जाति-कुल तथा उदासी का कारण पूछा। उसकी बातें सुनकर सिंघनदेव ने अपनी समस्या बताई और आग्रह किया कि मेरे कुबड़े बेटे के स्थान पर तुम आज रात विवाह कर लो, कल काशी चले जाना।

सिंघनदेव ने उसे बीड़ा दिया। प्रीतमसिंह को वर के वेश मे लाया गया। वह अपने मन मे काशी जाने की बात सोच रहा था। राजा चन्द्रभानु के अगवानी करने वाले लोगो ने जब दूल्हे को देखा तो वे सब प्रसन्न हुए। बारात धूम-धाम से चन्द्रभानु के द्वार पर पहुँची। सखियो ने बारात और दूल्हे को देखकर चित्ररेखा से बड़ी-बड़ी बाते

कही। विवाह सम्पन्न हुआ। सात खण्ड के धौरहरे मे उन दोनो को सुलाया गया।

प्रीतम कुँवर को अपने स्वर्गारोहण की चिन्ता लगी थी। अत वह दुलहिन की ओर पीठ करके चुपचाप चिन्ता मे निमग्न रहा। कुमारी सो गई। जब पिछला पहर हुआ तब राजकुमार ने उस राजकुमारी के अंचल-पट पर लिखा—'मै कन्नौज के राजा का बेटा हूँ। जो विधाता ने लिख दिया है वह मिटाया नही जा सकता। मेरी आयु मात्र बीस वर्ष की थी। वह पूर्ण हो गई। कल दोपहर के पूर्व मै काशी मे मोक्ष प्राप्त करूँगा। तुम्हारे लिए यह झंखना हुआ और मुझे यह दोष लगा।' इतना लिखकर प्रीतम कुँवर घोडे पर सवार हो काशी की ओर चल पड़ा।

प्रात काल जब सखियाँ चित्ररेखा के समीप गईं तो देखा कि वह सोई हुई है। उसके सभी साज-सिंगार अछूते हैं। सखियो ने कुमारी को जगाया और उसके कात के विषय मे पूछा कि वह किधर है? तुम्हारे अग अनालिंगित ही लगते है, इसका क्या कारण है? सखियो के बार-बार पूछे जाने पर चित्ररेखा ने कहा—'मुझे कुछ भी ज्ञात नही। मुझे तो उनके दर्शन भी न हुए। केवल 'पीठ' मिली। मैने तो उनके रूप को भी नही देखा।' अचानक उसकी दृष्टि अपने अचल पर पडी। उसने वह लिखा हुआ पढकर सब बाते जान ली और स्वय भी चिता मे जलने का निश्चय किया। इसके बाद उसने अपना सिंधोरा निकाला। सिंदूर लगाकर अचल की गाँठ को हृदय से लगाकर उसने कहा कि यह गाँठ प्रीतम ने लगाई है अत इसी के साथ मैं स्वर्ग जाऊँगी। वही उनसे मिलूंगी।

प्रीतम कुँवर ने काशी पहुँच कर मरने की तैयारी की। उसने दान देना प्रारम्भ किया। दान लेने वालो मे महर्षि व्यास जी भी खडे हो गये। कुवर ने व्यास जी को भी मुट्ठी भर कर कहा—'गुसाई! आप भी लीजिये।' और दान दिया। व्यास जी के मुख से निकल पडा–'चिरजीव होओ'। राजकुमार ने आश्चर्य प्रकट किया। तब व्यास जी ने समझा। फिर भी व्यास जो ने अपना आशीर्वाद ब्रह्मा की ओर से ही बताया। कुमार की आयु की अवधि वढ गई। राजकुवर ने व्यास जी के चरणो मे प्रणाम किया। उसे चित्ररेखा की याद हो आई और वह वहाँ से तुरन्त घोड़े पर चढकर चल पड़ा।

इधर चित्ररेखा चिता मे जलने को उद्यत थी। ठीक उसी समय उसे प्रीतम कुंवर दिखाई पडे। उसने लज्जावश अपना सिर ढक लिया और चिता से उतर राजमन्दिर मे चली गई। सखियों ने पुनः उसे सजाया। चारो ओर आनन्द-सा छा गया। जायसी ने 'प्रेम' की प्रसिद्ध गाथा से कथानक को अन्तिम रूप दिया ·

कोटिक पोथी पढ़ि मरे, पण्डित भा नहिं कोइ।
एकै अच्छर पेम का, पढ़े सो पण्डित होइ॥

मधुमालती[1]—मधुमालती नाम की कथा एक प्रख्यात कथा रही है। इस नाम की रचना का उल्लेख हमे जायसी के पदमावत, उसमानकृत चित्रावली और वनारसीदास के अर्द्ध-कथानक आदि में मिलता है। अब यह अलग प्रश्न है कि वह मझनकृत मधुमालती थी अथवा कोई अन्य। अस्तु, मझनकृत मधुमालती जायसी के वाद की रचना है। इसका रचना-काल सन् १५४५ है। जायसी ने जिस मधुमालती का उल्लेख किया है वह कोई दूसरी रचना रही होगी। इसकी कथा पूर्ण काल्पनिक है। अन्य प्रेमाख्यानको की भाँति इसमे भी अन्तरकथाएँ, वारहमासे आदि का वर्णन किया गया है। रचना की कहानी वडी रोचक है। अप्सराओ का मनोहर को ले जाना, योगी का वेश, नौका का टूटना आदि अनेक कथानक-अभिप्रायो का भी प्रयोग मिलता है। कथा इस प्रकार है :

कनैगिरिगढ़ नामक सुन्दर नगर मे सूरजभान राजा राज्य करता था। उसके कोई सन्तान नही थी। इसी बोच कोई तपस्वी वहाँ आया। राजा ने तपस्वी की वारह वर्ष सेवा की। फलत. राजा को पुत्रोत्पत्ति हुई। ज्योतिषियो ने लग्न विचारकर उसका नाम मनोहर रखा। इसको चौदह वर्ष ग्यारह महीने का होने पर प्रेम-वियोग होगा और एक वर्ष तक भटकेगा। पाँचवे वर्ष मे उसने विद्या आरम्भ की। बारह वर्ष मे समस्त विद्याओ मे पारगत हुआ। राजकुमार जब बारह वर्ष का हुआ तो राजा ने उसका राजतिलक कर दिया और स्वय तपस्या को चला गया।

---

१ (क) डा० शिवगोपाल मिश्र द्वारा सम्पादित, हिन्दी प्रचारक, वाराणसी, ई० १९५७

(ख) डा० माताप्रसाद गुप्त द्वारा सम्पादित, मित्र प्रकाशन, इलाहावाद, ई० १९६१.

मनोहर को सगीत से बडा प्रेम था। एक दिन कुछ परदेशी नृत्य करने वाले आये। मनोहर बारह बजे तक नृत्य देखता रहा। जब वह गाढ निद्रा मे सो गया तो अप्सराएँ उसके रूप को देखकर उसके अनुकूल कन्या राजकुमारी मधुमालती के पास उसे शय्यासहित महासरनगर उठा ले गईं। मधुमालती शयन कर रही थी। उसी की शय्या के पास इसकी शय्या डाल दोनो के रूप निखरने लगी। बाद मे अप्सराओ के चले जाने पर दोनो की नीद खुली। वे दोनो एक-दूसरे पर मोहित हो गये। दोनो अपना-अपना प्रेम एक-दूसरे पर प्रकट करते है और एक-दूसरे का परिचय प्राप्त करते हैं। कुमार की प्रेमवार्ता सुन मालती को अपने पूर्वजन्म की बात स्मरण हो आई। दोनो बातें करते-करते एक ही सेज पर सो जाते हैं। अप्सराएँ मनोहर को उसके घर पहुँचा देती हैं। इधर सखियो ने मधुमालती की दशा देखी तो सब समझ गईं। मधुमालती ने भी उनसे कुछ छिपाया नही। मनोहर और मधुमालती एक-दूसरे के वियोग से व्याकुल रहने लगते हैं। मनोहर अपनी धाय से अपने प्रेम की बात बतलाता है। बाद मे किसी की बात न मानकर वह योगी के वेश मे मधुमालती की खोज मे चल पड़ता है। वह समुद्र मे नौका द्वारा यात्रा करता है। तूफान आने से नौका टूट जाती है। सभी साथी बिछुड जाते हैं। एक लकडी के तख्ते पर बैठकर मनोहर एक जगल के किनारे पर पहुँचता है।

जगल मे एक सेज पर उसे एक सुन्दर युवती दिखाई दी। राजकुमार के पूछने पर वह अपना नाम प्रेमा बतलाती है। चित्रविश्रामपुर के राजा चित्रसेन की वह कन्या है। वह बतलाती है कि एक बार वह अपनी सखियो के साथ खेल रही थी कि एक राक्षस उसे उठा लाया। जगल मे एक वर्ष से उसने किसी मनुष्य को नही देखा। प्रेमा की कहानी से मनोहर को यह भी पता चलता है कि मधुमालती उसके बचपन की सखी है। प्रेमा के दिये हुए अस्त्र से मनोहर राक्षस को मारता है। प्रेमा को साथ ले वह चित्रविश्रामपुर पहुँच जाता है। उसके पिता मनोहर का स्वागत करते है। एक विशेष तिथि को मधुमालती अपनी मा के साथ प्रेमा के घर आया करती थी। मधुमालती इस बार प्रेमा के प्रयत्न से मनोहर से मिलती है। मधुमालती की मा को पता चल जाता है तो वह उसे शाप

दे डालती है। शाप के कारण मधुमालती पक्षी बनकर उड जाती है। पक्षी के रूप मे उडती हुई वह मानगढ के कुंवर ताराचन्द को देखती है। ताराचन्द को वह अपनी कहानी बतलाती है। ताराचन्द मनोहर से उसे मिला देने की प्रतिज्ञा करता है। उसे पिंजड़े मे साथ लेकर ताराचन्द अपने साथियो के साथ महासरनगर पहुँचता है। मधुमालती के माता-पिता को जब यह पता लगता है तो वे उसे शापमुक्त करते है। ताराचंद से मधुमालती के विवाह का उन लोगों ने प्रस्ताव किया तो ताराचन्द मधुमालती को अपनी बहन बता देता है। मधुमालती की मां सब समाचार प्रेमा के पास पहुँचाती है। अपनी मा से छिपाकर अपनी एक वर्ष की पक्षीरूप की व्यथा को लिखकर प्रेमा के पास भेजती है। यह सब वर्णन बारहमासे के रूप मे है। सयोग से इसी समय मनोहर योगी के वेश मे प्रेमा के नगर में पहुँचता है। प्रेमा और मनोहर का सदेश पाकर मधुमालती के माता-पिता उसे साथ ले प्रेमा के नगर पहुँचते है। मनोहर और मधुमालती का विवाह होता है। प्रेमा और ताराचन्द का विवाह हो जाता है। कुछ दिन वहाँ रहने के बाद दोनो दम्पति अपने-अपने घरो को लौट जाते हैं।

अन्त मे मझन लिखते है कि प्रेम की शरण मे जाकर ही कोई काल की चपेट से बच सकता है। प्रेम की शरण-शाला ऐसा स्थान है जहाँ अमृत शोभित होता है और जब तक काव्य-शरीर बना रहता है, प्रेमी का नाम भी इस ससार मे बना रहता है।

चित्रावली[1]—कवि उसमानकृत चित्रावली का रचनाकाल सन् १६१३ है। अन्य सूफ़ी प्रेमाख्यानको की भाँति ही कवि ने घटनाओं का विस्तृत वर्णन किया है। यौगिक क्रियाएँ, जैसे–लुक अंजन लगाकर गायब हो जाना आदि का भी प्रयोग किया है। आश्चर्य तत्त्वो की भी कवि ने योजना की है, जैसे–देव का राजकुमार सुजान को लेकर चित्रसेन के राज्य रूपनगर उड़ जाना और पुन. उसे सुबह तक लाकर मढी मे सुला देना। कुछ आश्चर्यजनक घटनाएँ भी है, जैसे–अजगर सुजान को निगल जाता है। परन्तु सुजान को विरहज्वाला थी, इससे अजगर का पेट जलने लगा

१. चित्रावली, सम्पा०—जगमोहन वर्मा, प्र०—ना० प्र० सभा, काशी

और उसने सुजान को उगल दिया। ऐसे कार्यो से कथा रोचक वन पडी है। कथा इस प्रकार है ·

नेपाल के राजा धरनीधर नि सन्तान थे। शिव से याचना करने पर उन्हे सुजान नामक पुत्र पैदा हुआ। उसने कुछ काल मे ही सब विद्याएँ सीख ली। उसे मृगया का वहुत शौक था। एक दिन सदल-वल वह आखेट से लौट रहा था। आँधी आ जाने से वह मार्ग भूल गया और एक देव की मढी मे जाकर सो गया। वह देव अपने दूसरे देव मित्र के साथ रूपनगर को राजकुमारी चित्रावली की वर्षगाठ का महोत्सव देखने गया। सोये हुए सुजान को भी वह अपने साथ लेता गया। देवो ने राजकुमार को चित्रसारी मे सुला दिया। जागने पर चित्रसारी मे चित्रावली के चित्र को देखकर वह उस पर मोहित हो गया। उसने वहाँ रखे हुए रग और तूलिका से अपना चित्र बनाया और उसे राजकुमारी के चित्र के वरावर टाग कर सो गया। देव लौटते समय उसे लेते गये। प्रात जागने पर रात की घटना से वह विकल हो गया। इसी समय उसे खोजते-खोजते कुछ लोग वहाँ आये और उसे लिवाकर चले गये।

चित्रावली का वियोग राजकुमार को असह्य हो गया। उसके मित्र सुवुद्धि ने एक युक्ति वताई। उसी के अनुसार दोनो मित्र उसी मढी मे रहने लगे और दानसत्र खोल कर चलाने लगे। उधर चित्रावली ने जब राजकुमार का चित्र देखा तो वह भी विरह मे विकल हो गई। एक कुटीचर ने राजकुमार के चित्र की सूचना रानी को दे दी। रानी ने इस चित्र को धुलवा दिया। इधर एक नपुसक भृत्य राजकुमार को रूपनगर ले गया। वहाँ शिवमदिर मे चित्रावली और राजकुमार ने एक-दूसरे को देखा। जो कुटीचर चित्रावली ने निकाल दिया था उसने राजकुमार को अंधा कर दिया और उसे गुफा मे छोड दिया। वहाँ उसे एक अजगर निगल गया। परन्तु उसकी विरहाग्नि से दग्ध हो अजगर ने उसे उगल दिया। एक वनमानुप ने उसे अजन दिया जिससे उसे दिखाई देने लगा। थोडी देर वाद उसे एक जगली हाथी ने पकड़ लिया। परन्तु एक बृहद् पक्षी उसे आकाश मे ले उडा जिससे हाथी ने उसे छोड़ दिया और वह एक समुद्र मे गिर गया। वहाँ से निकलकर वह सागरगढ पहुँचा और कवलावती की पुष्प-वाटिका मे विश्राम करने लगा। वहाँ राजकुमारी उसे

देखकर मोहित हो गई। घर पहुँचकर उसने उसे भोजन पर बुलाया और हार की चोरी लगाकर उसे बन्दी बना लिया।

कवलावती के सौन्दर्य पर मुग्ध हो सोहिल नाम के राजा ने सागरगढ पर आक्रमण कर दिया। सुजान ने अपने पराक्रम से उसे परास्त कर दिया। उसने कवलावती से परिणय कर लिया। परन्तु यह निश्चय किया कि चित्रावली के मिलने तक वह सयम से रहेगा। वह राजकुमारी के साथ गिरनार-यात्रा पर निकला। सयोग से चित्रावली ने जो योगी भेजा था वह भी गिरनार पहुचा। राजकुमार का सदेश लेकर वह चित्रावली के पास लौट गया। पुन योगी के वेश मे वह राजकुमारी का एक पत्र लेकर सागरगढ आया और राजकुमार को अपने साथ रूपनगर ले गया। कथक द्वारा सोहिल के युद्ध की गाथा सुनकर राजा को चित्रावली के विवाह की चिन्ता हुई। उसने चारो दिशाओ मे राजकुमारो के चित्र लाने को चार चित्रकार भेज दिये। सुजान के पास जो दूत राजकुमारी ने भेजा उसकी सूचना रानी को मिल गई। वह सुजान को रास्ते मे बैठाकर नगर मे आ रहा था कि बन्दी बना लिया गया। इससे विलम्ब हुआ और राजकुमार पागल की तरह चित्रावली का नाम ले-लेकर पुकारने लगा। राजा ने उसका वध करने को एक हाथी भेजा जिसे उसने मार डाला। राजा स्वय उसे मारने को उद्यत हुआ कि चित्रकार ने सुजान का चित्र दिया और बताया कि इसी ने सोहिल को मारा था। राजा ने चित्र से राजकुमार को पहचाना और उसे अपने महल मे ले आया। चित्रावली का पाणिग्रहण उसके साथ हुआ।

सागरगढ से सुजान के जाने के बाद कवलावती दु खी रहने लगी। उसने हसमित्र को दूत बनाकर रूपनगर भेजा। उसने भ्रमर की अन्योक्ति से राजकुमार को सूचना दो। उसे कवलावती का स्मरण आ गया और वह चित्रावली को लेकर सागरगढ आया। वहाँ से कवलावती को लेकर वह समुद्री मार्ग से नौका द्वारा नेपाल की ओर रवाना हुआ। समुद्र मे तूफान आने से नौका टूट गई। किसी प्रकार कठिनाइयों को पार करके वह नेपाल पहुँचा। वहाँ राजा ने उसे सारा राजपाट सौप दिया। उसने दोनो रानियो के साथ बहुत समय तक राज्य किया।

प्रेमाख्यानको में संकेतित प्रेमाख्यान

उक्त प्रेमाख्यानक काव्यो मे से कतिपय ऐसे भी आख्यानक काव्य हैं जिनमे कथा-परम्परा का उल्लेख किया गया है। जायसी ने अपनी रचना पद्मावती मे कुछ कथाओ का उल्लेख किया है

विक्रम धंसा प्रेम के वारा। सपनावति गएउ पातारा॥
मधु पाछ मुगधावति लागी। गगनपूर होइगा वैरागी॥
राजकुंवर कंचनपुर गएऊ। मिरगावति कहं जोगी भयऊ॥
साध कुंवर खंडावत जोगू। मधुमालति कर कीन्ह वियोगू॥
प्रेमावति कहुँ सुरसर साधा। उषा लगि अनिरुध वर बांधा॥[1]

जायसी की उक्त सूची से यह तो निश्चितप्राय है कि उनके ग्रन्थरचना-काल मे (१) स्वप्नावती, (२) मुग्धावती, (३) मृगावती, (४) मधुमालती, (५) प्रेमावती और (६) उषा-अनिरुद्ध की कथाएँ लिखी जा चुकी थी।

१७वी शताब्दी के कवि वनारसीदास ने अपने आत्मचरित मे इस आशय की सूचना दी है·

तव घर में बैठे रहें जाहिं न हाट बाजार।
मधुमालती मिरगावती पोथी दोइ उदार॥
ते वांचहि रजनी समे आवहि नर दस बीस।
गावैं अरु वातें करहिं नित उठि देहिं असीस॥[2]

इस प्रकार इन्होने दो पोथियो का उल्लेख किया है।

उसमान ने अपने काव्य चित्रावली मे मिरगावती, पदमावती और मधुमालती इन तीन का वर्णन किया है :

मृगावती मुख रूप बसेरा। राजकुंवर भयो प्रेम अहेरा॥
सिहल पदुमावति मोरूपा। प्रेम कियो है चितउर भूपा।
मधुमालति होइ रूप देखावा। प्रेम मनोहर होइ तह आवा॥[3]

इसके वाद रसरतनकार ने भी कतिपय प्रेमकथाओ का उल्लेख किया है

---

१. प० रामचन्द्र शुक्ल, जायसी-ग्रन्थावली, पृ० १००

२. वनारसीदास, अर्ध-कथानक, सं०—नाथूराम प्रेमी, हि० ग्र० र० वम्वई, ई० १९५७

३ उसमानकृत चित्रावली, सं०—जगमोहन वर्मा, पृ० १३

दमयन्ती–नल प्रीति कहानी, भाषति सरस मधुर मुख बानी।
बहुत आनन्द प्रेम गुन गावै, एक-एक अच्छर समुझावै॥
माधव काम की कीर्ति बखानी, जिहि सुनि मन बिसरावै रानी।
उषा कथा जबै अनुसारी, तब चितई भरि नैन कुमारी॥[१]
चित्ररेख अनुरुद्ध को लाई, जब ऊषा मनमथ्थ सताई।
मधुमालति सो कुँवर मिलावा, सो कविता गुन गाननि गावा॥[२]
(चंपा० ७८)

चित्रित सकल प्रेमरस प्रीती, माधौ कामकन्दला रीति।
अग्निमित्र यौरावत धाता, भरतरि प्रेम पिंगला राता॥
(स्वयं० २३३-३४)

इन विभिन्न प्रेमाख्यानको की उल्लिखित कथाओ मे से मात्र दो मृगावती और मधुमालती की ही उपलब्धि हुई है। शेष उल्लिखित कथाए हिन्दी मे प्राप्त नही हैं। इन कथाओ के विषय मे पीछे लिखा गया है।

कथाकाव्यो के शिल्पगत विकास की दृष्टि से उन पर विचार करने के बाद पता चलता है कि लगभग सभी प्रेमाख्यानो ने अपने पूर्ववर्ती प्रेमाख्यानो के पथ का अनुगमन किया है। कथाविन्यास, चरित्र, कथोद्देश्य, वस्तुवर्णन, नगरवर्णन, हाटवर्णन, सरोवर-वर्णन, युद्ध-सामग्रीवर्णन और प्रसाधन-सामग्री-वर्णन आदि में प्रायः एक जैसी वर्णन-परिपाटियाँ देखने को मिलती हैं। उदाहरण के लिए शायद ही कोई प्रेमाख्यानक ऐसा हो जिसके नायक-नायिका के माता-पिता को सन्तान न होने का दु.ख न रहा हो। बाद मे शिव-पार्वतीस्तुति अथवा योगी आदि की इष्टसिद्धि से सतान की प्राप्ति और उस सन्तान के भविष्य की ज्योतिषियो द्वारा घोषणा। भविष्य की घोषणा में प्रायः प्रेम-विरह की घटना का समावेश, किसी दैवी सहायता का होना आदि बाते आवश्यक रूप से मिलेगी। इन उदाहरणो को खोजने के लिए किन्ही विशिष्ट काव्यों का नामोल्लेख करना इसलिए आवश्यक नही है कि यह तथ्य सभी प्रेमाख्यानकों (अपवाद-स्वरूप एक-दो को छोड़कर) को थाती है।

---

१. पुहकरकृत रसरतन, सं०—डा० शिवप्रसाद सिंह, पृ० १३८.
२. वही, पृ० १९१.

प्रेमाख्यानको मे एक बात और देखने को मिलती है वह है नायक का योगीवेश धारण करना। जैसे—छिताईवार्ता में सोरसी योगी बनता है, चन्दायन का नायक लोरक, पदमावत मे रतनसेन, मधुमालती मे मनोहर, चित्रावली मे सुजान और मृगावती का नायक ये सभी अपनी प्रेमिकाओं की प्राप्ति के लिए योगी बनते हैं। पुहकर, नारायणदास, दाऊद, कुतुवन, मझन और उसमान आदि सभी ने नायिकाओ का शिख-नख वर्णन किया है, जिसमे केश, ललाट, भृकुटि, नासिका, नयन, कपोल, अधर, दतपक्ति, कर्ण, ग्रीवा, वक्षस्थल, कुच, कटि ,नितम्ब आदि सभी का विशद वर्णन है। नायिका के विरह-वर्णन को चमत्कारिक और गभीर करने के लिए सभी ने षड्ऋतुओ या बारहमासे की पद्धति अपनाई है। विरहिणी नायिका अपना सन्देश किसी पक्षी द्वारा (जैसे—नागमती के विरह का सदेश सिंहल लेकर एक पक्षी जाता है) अथवा शुक द्वारा अथवा बनजारो की टोली आदि से नायक के पास भेजती है। उस सदेश की उपेक्षा कोई भी नायक नही करता। किन्ही-किन्ही कथाओ के कथानको मे अथवा कथानक-अभिप्रायो मे काफी साम्य भी देखा गया है। इन सबसे यह प्रमाणित हो जाता है कि हिन्दी प्रेमाख्यानक अपने पूर्ववर्ती साहित्य के विकसित रूप हैं।

●

अध्याय ३

हिन्दी प्रेमाख्यानकों का शिल्प

'शिल्प' कला का अविभाज्य अग है जो कलाकार की अमूर्त भावना को साकार रूप प्रदान करता है। आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी से मैंने शिल्प-विषय की जानकारी के लिए अपनी जिज्ञासा प्रकट की तो उन्होने बताया कि शिल्प एक ऐसा प्राणतत्त्व है जिसे तथाकथित वस्तु से अलग करके नही देखा जा सकता। मतलब यह कि जिस वस्तुविषय का शिल्प है, यदि वह उस वस्तुविषय से पृथक् कर दिया जाय तो पूर्वोक्त वस्तु या विषय निष्प्राण हो जाएगा। यो तो कला मे शिल्प का विकास सैद्धान्तिक पक्ष से पृथक् माना जा सकता है, परन्तु व्यवहार मे उसे अभिव्यक्ति से पृथक् नही किया जा सकता। माध्यम के उपयोग को महत्ता पर अधिक जोर दिया जा सकता है, उसे कलात्मक कथ्य के स्वरूप से पूर्णतया अलग नही किया जा सकता। इस प्रकार जहाँ कला-वैशिष्ट्य का सैद्धान्तिक अध्ययन हो सकता है वहाँ 'अच्छी तकनीक' या शिल्प की परिभाषा 'वह योग्यता' होगी जो पूर्व निर्धारित अभिव्यक्त प्रभाव की प्राप्ति के लिए किसी माध्यम मे प्रयोग की गई हो।[1]

---

1 The development of technique in the arts is theoretically, but not practically separable from the development of expression While facility in the use of a medium may be stressed in education and developed by practice, it can never be completely divorced from the character of an artistic statement Thus while virtuousity may be theoretical studies, "good technique" must be defined in practice as the ability to employ a medium adequately to achieve a predetermined expressive effect

Encyclopaedia of the Arts, p 999, edited by Dagobert Runes and H G Schrickles, Peter Owen, London, 1965

एक साधारण-सा उदाहरण लेकर इस कथन को स्पष्ट किया जा सकता है—बढई जब एक कुर्सी बनाता है तब उसके मस्तिष्क में कुर्सी का पूर्व-निर्धारित ढाँचा (स्ट्रक्चर) रहता है और उसी के अनुसार वह काष्ठ की पट्टियो को छीलकर उन्हे ढाँचे के अनुसार जोड देता है। निर्मित कुर्सी के आकार मे निर्माता ने जो शिल्प गढा है उसे कुर्सी से अलग नही किया जा सकता। हाँ, कुर्सी के ढाँचे को अलबत्ता अलगाया जा सकता है। ठीक इसी प्रकार रचनाकार, कलाकार और कथाकार अपनी-अपनी अनुभूतियो से अपनी कृतियो की तो रचना करता ही है, शिल्प और विधा की भी सर्जना करता है। टाल्स्टाय का कथन है—'प्रत्येक महान् कलाकार आवश्यक रूप से अपनी विधा (फार्म) का भी निर्माता होता है।'[1] 'फार्म' अथवा विधा का स्वरूप कैसा है ? यह एक अलग प्रश्न है। रचनाकार, कलाकार या कथाकार अपने 'फार्म' का निर्माता तो होता है परन्तु 'फार्म' का सुगठन एव उसकी सुडौलता आदि आवश्यक गुण निर्माता की क्षमता और व्यक्तित्व पर निर्भर करते है। यही कारण है कि 'फार्म' परम्परा (ट्रेडीशन) से जुडा नही रहता, वह पीढी दर पीढी बदलता रहता है।'[2] कलाकार सदैव नये शिल्प की तलाश मे रहते हैं और उनका यह प्रयत्न तबतक चलता रहेगा जबतक कि वे अपने कार्य से सन्तुष्ट नही हो जाते।[3] स्टीवेन्सन के मत से भी 'सच्चा कलाकार प्रत्येक नये विषय के साथ अपने ढग (मेथड) को अलगाता जायगा।'[4] यही नही, उपन्यासो की शिल्प-विधि के सम्बन्ध में स्काट जेम्स ने जो मत व्यक्त किया है उसे यहाँ उद्धृत किया जा सकता है। स्काट जेम्स का मत है कि साधनापूर्वक लिखा प्रत्येक उपन्यास शिल्प-शैली मे अपनी पृथक् समस्या उपस्थित करता है।[5] प्रत्येक उपन्यास जो उपन्यास कहलाने के योग्य

---

1 "That every great artist necessarily creates his own form also"—Novelist on the Novels, p 265

2 "Form is not tradition It alters from generation to generation"—E M Forster, Two Cheers for Democracy, p 103

3 "Artists always seek a new technique and will continue to do so as long as their work excites them"—Ibid

4 "With each new subject the true artist varies his method"—Novelist on the Novels, p 82

5 "Every carefully written novel presents its own separate problem in method and technique"

है, अपने पृथक् नियम रखता है।[1]

भावात्मक क्रान्ति लाने के लिए अभिनव शिल्प अथवा तकनीक की अपेक्षा होती है। जब ससार को जानने के परम्परागत मार्ग अवरुद्ध हो जाते है तब व्याख्या करने के रूढिवादी ढग भी अमान्य हो जाते हैं।[2] इसी कारण डा० रूथ के मत से 'कला को नित्य नया होते रहना चाहिए। उसका रचनात्मक प्रभाव अभिनव आश्चर्यकारी तत्त्वो पर निर्भर करता है। एक बार प्रस्तुतीकरण की नवीनता जहाँ धूमिल हुई नही कि पाठक उसे छोड अपने दैनिक कार्यो मे संलग्न हो जाता है।'[3] उपर्युक्त उद्धरणो से यह स्पष्ट हो जाता है कि कलाकार अपने युग के अनुरूप अभिनव शिल्प की हमेशा तलाश करते रहते है। यह अभिनवता क्या परम्परा से पूर्णत· विच्छिन्न होकर ही आती है? ऐसा नही होता है। क्योकि परम्परा और अतीत पर्यायवाची नही है। परम्परा का अर्थ ही है अपने से भिन्न के साथ सम्बद्ध होती हुई प्रक्रिया। यानी परम्परा हमेशा अपने को युगानुरूप बदल लेती है जबकि अतीत किसी खास कालखण्ड मे सीमित होकर रुक जाता है। परम्परा गतिशील प्रक्रिया है, वह पुराने से अनावश्यक को छोडकर और नये से जीवत को पकडकर अपना संतुलन बनाये रहती है। शिल्प के साथ भी ऐसा ही होता है। कोई शिल्प अयाततः नया नही हो सकता। तकनीक अथवा रचना-विधान नये हो सकते हैं, परन्तु वे कही न कही परम्परा से सूत्रबद्ध अवश्य दृष्टिगोचर होगे। यदि कथाकार अथवा रचनाकार को ऐसा कुछ कहना है जो पहले नही कहा गया था तो संभवत· वह अपने प्रयोग के लिए ठीक ढंग और विषय

---

1 Writers at Work, p 37

2 A revolution in sensibility demands new techniques When traditional ways of knowing the world collapse, traditional forms of expression are invalidated —A Walton Litz, Art of James Joyce, p 53.

3 Art must always be renewed Its creative influence depends on surprise When once the freshness of the presentment has faded, the reader relapses into his daily habits —Dr H V Routh, English Literature and Ideas in the Twentieth Century, p 2

नही पा सकेगा।'[1] जान वेन का यह कथन पूर्णतः सत्य प्रतीत होता है। हिन्दी प्रेमाख्यानको के अध्ययन के आधार पर कहा जा सकता है कि पूर्ववर्ती अपभ्रंशादि में रचित प्रेम-काव्यो से हिन्दी के प्रेमाख्यानक ने शिल्प-शैली और ढंग मे बहुत कुछ लिया है। इस सन्दर्भ मे भाषा, काल और रचनाकार की रुचि का प्रभाव तो स्वीकार करना ही होगा। स्पष्टतया यो कहे कि हिन्दी-प्रेमाख्यान के शिल्प पर अपभ्रश कथाकाव्यो का प्रभाव अवश्य पडा परन्तु वे हू-बहू उन्ही की नकल नही है।

शिल्प शब्द के लिए शिथिल ढंग से कौशल, स्थापत्य, तकनीक, ढंग, रीति, शैली, विधान, विषय और आकृति (कण्टेण्ट्स एण्ड फार्म्स) आदि शब्द भी प्रयुक्त किये जाते हैं। विचारणीय यह है कि शिल्प शब्द के प्रचलित अर्थ क्या हैं ? किसी भी कथा, कहानी, नाटक या उपन्यास को श्रेष्ठतम करार देने में उसका प्रभावोत्पादक शिल्प ही मुख्य होता है। उपन्यासो के शिल्प-विधान पर विचार प्रकट करते हुए मेण्डिलो लिखते हैं कि जितने जीवत उपन्यास हैं उतनी ही तकनीकें हैं। वास्तव में किसी को उपन्यास की तकनीक की अपेक्षा उपन्यासो की तकनीको पर चर्चा करनी चाहिये।[2] असल में शिल्प को सब कुछ मानने वालो की सख्या कुछ कम नही है। मार्क शोरर का कथन है कि जब हम शिल्प की चर्चा करते है तब हम लगभग प्रत्येक वस्तु (रचना) की चर्चा करते हैं।[3] इसी प्रत्येक वस्तु मे रचना का दृष्टिकोण भी सम्मिलित है और वह शिल्पविधि मे जुडकर उसे व्यापक बनाता है। 'औपन्यासिक गठन मे

---

1 If he has something to say that has not been said before, it is very unlikely that he will find, ready for use, exactly the right form and content in step —John Wain, Essays on Literature & Ideas, p 3

2. There are thus as many techniques as there are living novels Indeed one should not talk of the technique of the novel, but of techniques of novels —Time and the Novel, p 234–235

3 When we speak of technique, then, we speak of nearly everything —Technique as Discovery, Forms of Modern Fiction, p 9

दृष्टिकोण शिल्प का मूलभूत सिद्धान्त है। एक या दूसरे दृष्टिकोण को ग्रहण करने मे विषयवस्तु, चरित्र-चित्रण, वातावरण, विस्तार सभी कुछ सीमा तक निश्चित होते हैं।'[1]

ल्यूबक ने रचना के रूपाकार (फार्म) को रचनाकार के विचारो या उद्देश्यो का साधन माना है।[2] शिल्प का अर्थ करते हुए प० सीताराम चतुर्वेदी लिखते हैं—'किसी भी कलाकृति मे विशेष सौन्दर्य उत्पन्न करने का जो बौद्धिक नियोजन किया जाता है उसी को कौशल कहते हैं।'[3] यह शीर्षक-कौशल, इतिवृत्त-पुरुष-कौशल, रूपकौशल, प्रबन्ध-कौशल, पात्र-योजना-कौशल, लक्ष्य-कौशल और वर्णन-कौशल के रूप मे आयोजित किया जाता है।[4] डा० नेमिचन्द्र शास्त्री 'टेकनिक' का स्थापत्य अर्थ करते हुए उसकी परिभाषा देते है कि 'चित्रकार ने जिस प्रयत्न के सहारे अपने चित्र को पूर्ण किया है, वह उसकी शैली माना जायेगा और भावाभिव्यक्ति की समस्त प्रक्रिया टेकनिक या स्थापत्य कही जायेगी। कथा में भावो को निश्चित रूप देने के लिये जो विधान प्रस्तुत किये जाते है, जिस प्रक्रिया को अपनाया जाता है, वही उसका स्थापत्य है।'[5] प्राकृत कथा-साहित्य के स्थापत्य पर विचार प्रस्तुत करते समय डा० नेमिचन्द्र शास्त्री ने प्राकृत-कथाओ मे प्रयुक्त स्थापत्यो का सविस्तार उल्लेख अपने शोध-प्रबन्ध मे किया है। प्राकृत जैन कथा-साहित्य और अपभ्रश जैन कथा-साहित्य की

---

1 The point of view, it is apparent, is the fundamental principle of technique in the novel structure By the adaptation of one or another point of view, plot, characterisation, tone, description are all to some degree determined
—Carl H Grabo, Technique of Novel, p 81

2 The form of the book depends on it (the intention of the novelists) and until it is known there is nothing to be said of form —Lubbock, Craft of Fiction, p 12

३ पं० सीताराम चतुर्वेदी, शैली और कौशल, पृ० ३२.

४ वही, पृ० ४५५.

५ डा० नेमिचन्द्र शास्त्री, हरिभद्र के प्राकृत कथा-साहित्य का आलोचनात्मक परिशीलन, पृ० १२१.

विषयवस्तु लगभग एक ही रही है। इसका कारण यह रहा है कि जैनो का जितना भी कथा-साहित्य है—चाहे वह प्राकृत, अपभ्रश या सस्कृत मे हो—कही न कही उनके तिरसठ शलाका पुरुषो के जीवन-चरितो अथवा जैनधर्म के प्रतिपादन से सम्बधित विचारो से जुडा हुआ रहता है। उनके विषयो मे वैभिन्य रहने पर भी उद्देश्यो मे साम्य देखा जाता है। अतएव प्राकृत-अपभ्रश कथा-साहित्य के स्थापत्य मे कोई विशेष मौलिक अन्तर का न पाया जाना स्वाभाविक है। डा० नेमिचन्द्र जी ने प्राकृत कथा-साहित्य के जिन स्थापत्यो का उल्लेख किया है उनके मात्र नाम देना यहाँ सगत होगा : १. वक्ता-श्रोतारूप कथा-प्रणाली, २. पूर्वदीप्ति-प्रणाली, ३. काल-मिश्रण, ४. कथोत्थ-प्ररोह-शिल्प, ५ सोद्देश्यता, ६ अन्यापदेशिकता, ७ राजप्रासाद-स्थापत्य, ८. रूपरेखा की मुक्तता, ९ वर्णन-क्षमता, १० मडन-शिल्प, ११ भोगायतन-स्थापत्य, १२ प्ररोचन-शिल्प, १३. उपचारवक्रता, १४ एतिह्य-आभास-परिकल्पना, १५. रोमांस-योजना, १६. सिद्ध प्रतीको का प्रयोग और नये प्रतीको का निर्माण, १७. प्रतीको की उपयोगिता और वर्गीकरण, १८ कुतूहल की योजना, १९ औपन्यासिकता, २० वृत्तिविवेचन, २१. पात्रबहुलता, २२ औचित्य-योजना और स्थानीय-विशेषता, २३ चतुर्भुजो स्वस्तिक-सन्निवेश, २४ उदात्तीकरण, २५. सामरस्य-सृष्टि और प्रेषणीयता, २६ भाग्य और संयोग का नियोजन, २७ परामनोवैज्ञानिक शिल्प, २८ अलौकिक तत्त्वो की योजना, २९ मध्यमौलिकता या अवातर-मौलिकता[1]।

उक्त विवेचन से इतना तो स्पष्ट है कि कुछ लोग शिल्प को बहुत व्यापकता और विस्तार देना चाहते हैं। वास्तव मे शिल्प के सम्बन्ध मे जल्दी निर्णय लेना खतरे से खाली नही। एलन टेट ने तो यहाँ तक कहा है कि उपन्यासकार अपने उपन्यास के विषय और उसकी रचना (स्ट्रक्चर) को पाठक के सामने इस तरह मिले-जुले रूप मे रखता है कि आलोचक उसके मुख्य-गौणरूपता का परिज्ञान कदापि नही पा सकता।[2]

---

१ वही, पृ० १२३-१४६

2 The novelist keeps before him constantly the structure and substance of his fiction as a whole to a degree to which

टी० एस० इलियट जैसे महान् कवि भी शिल्प को परिभाषित करने मे स्वय को असमर्थ पाते है। 'हम कविता के शिल्प को परिभाषित नही कर सकते, हम नही कह सकते कि शिल्प कहाँ से आरम्भ होता है और उसका अन्त कहाँ होता है।'[1] फिलिप टायनबी आलोचक का सारा साहस बटोरकर कहते हैं कि हम सब रचना और उसके पीछे काम करने वाले तत्त्वो की अविभाज्यता को जानते हैं, लेकिन फिर भी यदि हम आलोचक है तो हमें अत्यधिक सावधान होकर उनके अन्तर को जानना चाहिए।[2] वस्तुत· यह बात तो सच है कि रचना से शिल्प तत्त्व को अलग करके नही देखा जा सकता परन्तु ऐसा नही कि उस तत्त्व को समझा ही नही जा सकता हो। एक भेदक दृष्टि की स्थापना तो करनी ही होगी। मूलत: रचना से शिल्प-तत्त्व को अलग करके देखने और न देखने का प्रश्न है वह कला के साथ विशेष रूप से जुडा हुआ है। लेखक की स्थिति मे कुछ भिन्न दृष्टिकोण अपेक्षित है। किसी भी लेखक को उसकी रचना-प्रक्रिया के लिए शिल्प साधन है, साध्य नही—कम से कम इतना अन्तर तो मानना ही चाहिए। जोयस केरी का कथन है कि 'हम सदैव विषयवस्तु और फार्म को अविभाज्य मानने की बात करते हैं परन्तु यह बात दार्शनिक-कला मे सच हो सकती है। लेखक के लिए ऐसी स्थिति अत्यधिक पेचीदा है।'[3] मार्क शोरर का मत

---

the critic can never apprehend it.—Allen Tate, On the Limits of Poetry, p 130

1 We observe that we cannot define the technique of verse, we cannot say at what point technique begins or ends —T S Eliot, Sacred Wood, Preface, p ix-x

2. "We know all about the inseparability of method from those other elements which lie behind it, but if we are critics we had better beware of knowing too much about it" — Phillip Toynbee, London Magazine, May 1956

3 "We are always told that they (content and form) are inseparable but this is true only in the art of philosophy. For the writer the situation is very much more complex"— Joyce Cary, Art and Reality, p. 96

भी उद्धरणीय है—'विषयवस्तु या अनुभूति और अर्जित विषयवस्तु या कला के बीच के अन्तर को शिल्प कहते हैं।'[1]

शिल्प की चर्चा के प्रसग में यह प्रश्न कि क्या कहानी या कथा शिल्प-हीन हो सकती है ? एक पेचीदा प्रश्न है। इसके उत्तर मे जैनेन्द्र जी कहते हैं कि—'नही हो सकती। क्या कोई शिशु ऐसा हो सकता है जिसके भीतर वह जटिल यन्त्र न हो जिसे मानव-यष्टि कहते हैं ? लेकिन एक अबोधा भी माता बन जाती है और उसे उस जटिलता का कुछ पता नही होता जिसका निष्पन्न रूप उसका शिशु है। कथा का शिल्प हो सकता है और उसको जानने की भी आवश्यकता हो सकती है। किन्तु शरीर-यन्त्र का कितना भी ज्ञान हो, क्या केवल उस भरोसे किसी वैज्ञानिक ने अपने में से शिशु की सृष्टि की है ? शायद ज्ञान अपनी खातिर सृष्टिमर्म से सगत ही नही है।'[2] जैनेन्द्र जी का इसी के अनुरूप एक वक्तव्य और भी है—'मुझे ख्याल होता है कि कही ऐसा तो नही कि कहानी कला या शिल्प हो ही नही, बल्कि सृष्टि हो। हर शिशु अपना बनाव और स्वभाव लेकर जन्मता है। दो प्राणी कभी एक से हो नही सकते। कारण, वे सृष्ट होते हैं, बनते नही है। एक माता-पिता की सन्तति समान नही हो पाती। क्योकि प्रत्येक सृष्टि पृथक् गर्भ का फल है। यानी अपना पृथक् आनन्द, पृथक् वेदना। एक फार्मूले और एक युक्ति मे से जब जितनी चाहे एक नमूने की वस्तु निकाली जा सकती है और इस काम मे शायद कुछ हुनर भी दरकार हो। पर कहानी लिखने मे ठीक वैसा सुभीता होता है, यह मेरा अनुभव नही है।'[3] इन उद्धरणो से दोनो हाथो मे मोदक वाली उक्ति अधिक चरितार्थ होती है। फिर भी जैनेन्द्र जी जैसे कथाकार शिल्प की आवश्यकता को नजरन्दाज कैसे कर सकते थे ? मैं तो यही समझा हूँ कि जिस प्रकार मानस-विहीन मानव की कल्पना करना व्यर्थ होगा उसी प्रकार शिल्प-हीन कहानी या कथा की भी।

---

1 "The difference between content or experience and achieved content or art is technique"
—Technique as Discovery, Forms of Modern Fiction, p 9

२ जैनेन्द्रकुमार, कहानी अनुभव और शिल्प, पृ० ७४-७५

३ वही, साहित्य का श्रेय और प्रेय, पृ० ३५४-'५५.

भवन-निर्माण के लिए ईंट, सुर्खी-चूना और सीमेंट आदि आवश्यक सामग्री है। ठीक इसी प्रकार कथा-कहानी के लिए अनुभूति, कथावस्तु की योजना, चरित्र-अवतारणा आदि तत्त्वो की आवश्यकता होती है और उन्ही की रचना-प्रक्रिया का नाम शिल्प है। भाव प्रकाशित करने की जो प्रक्रिया है वह शैली है। शैली शिल्प नही अपितु उसका एक अंग है। शैली का सीधा सम्बन्ध व्यक्ति के शील से या भाव से है। यही कारण है कि रचना-प्रक्रिया पर रचयिता के शील की जो छाप होती है वही उस रचना की शैली होती है। इसका कारण यह है कि शैली अभिव्यक्ति अथवा भाव-प्रकाशन का साधन है। परन्तु कोई भी रचनाकार या कलाकार अपनी कृति को सवार-सजा-कर ही प्रस्तुत करना चाहता है अर्थात् वह उसे प्रभावोत्पादक देखने की आकाक्षा रखता है। साहित्य-कला मे शैली का स्थान महत्त्वपूर्ण है। शैली उस साधन का नाम है जो रमणीय, आकर्षक एवं प्रभावोत्पादक रूप से वाक्शक्ति के समस्त सरस तत्त्वो की अभिव्यक्ति मे अभिनव तथा उचित शक्ति का सचार करे।[1] सस्कृत साहित्य मे वृत्ति और रीति का उल्लेख किया गया है। इन शब्दो का प्रचलन शिल्प-सम्बन्धी भावो के प्राकट्य के लिए ही था। वृत्ति का उल्लेख भरतमुनि ने अपने नाट्यशास्त्र मे किया है। कैशिकी, सात्वती, भारती और आरभटी ये चार प्रकार की वृत्तियाँ मानी गई हैं।[2] इन वृत्तियो को भरतमुनि ने काव्य की माता माना है (वृत्तय

---

१ पं० करुणापति त्रिपाठी, शैली, पृ० २९.

२ वृत्तियो का लक्षण इस प्रकार दिया है :

कैशिकी—

या श्लक्ष्णनेपथ्यविधानचित्रा, स्त्रीसंकुला पुष्कलनृत्यगीता। कामोपभोगप्रभवोपचारा, सा कैशिकी चारुविलासयुक्ता ॥

—आचार्य विश्वनाथ, साहित्यदर्पण

सात्वती—या सत्वजेनेह गुणेन युक्ता, न्यायेन वृत्तेन समन्विता च।
हर्षोत्कटासंहृतशोभनावा, सा सात्वती नाम भवेत्तु वृत्ति. ॥

भारती—या वाक्प्रधाना पुरुषप्रयोज्या, स्त्रीवर्जिता संस्कृतवाक्ययुक्ता।
स्वनामवेषैर्भरतै. प्रयुक्ता, सा भारती नाम भवेत्तु वृत्ति ॥

—भरतमुनि, नाट्यशास्त्र

काव्यमातृका)। इनकी उत्पत्ति के विषय में भरतानुशासन मे कहा गया है कि भारती-वृत्ति ऋग्वेद से, सात्वती-वृत्ति यजुर्वेद से, कैशिकी-वृत्ति साम-वेद से और आरभटी-वृत्ति अथर्ववेद से उत्पन्न हुई .

ऋग्वेदाद् भारती वृत्तिर्यजुर्वेदात्तु सात्वती।
कैशिकी सामवेदाच्च शेषा चाथर्वणी तथा॥

वास्तव मे भरत ने अपने नाट्शास्त्र मे जिन वृत्तियो का उल्लेख किया है उनकी उपयोगिता नाट्यशास्त्र तक ही सीमित है। तथापि वृत्ति शब्द के इतिहास की दृष्टि से इस स्थान पर उनका उल्लेख करना असंगत नही है। उद्भट दूसरे पडित हैं जिन्होने अपने 'काव्यालकार-सारसग्रह' नामक अलकारग्रन्थ मे परुषा, उपनागरिका और ग्राम्या या कोमला नामक वृत्तियो का उल्लेख किया है। परुषा . जब किसी अनुप्रास मे श, ष, रेफ वाले वर्ण, ह्र, ह्व, ह्य आदि प्रयुक्त होते है। उपनागरिका द्विरुक्त वर्णों का प्रयोग, वर्ग के अक्षरो का वर्ग-पञ्चमो से सयोग जिसमे होता है। ग्राम्या या कोमला जिसमे परुषा और उपनागरिका वृत्ति वाले वर्णो के अतिरिक्त अक्षरो का संघटन होता हो।[1] रुद्रट ने अपने काव्यालकार मे वृत्ति को समासाश्रित कहा है। आचार्य मम्मट ने उपनागरिका, परुषा तथा कोमला वृत्ति का सकेत किया है और इन्हे रीतियो के अन्तर्गत ही रखा है।[2]

रीति के प्रमुख प्रतिष्ठापको मे से वामन का नाम प्रथम है। उन्होने रीति को काव्य की आत्मा माना।[3] विशिष्ट पद-रचना को रीति का

आरभटी—या चित्रयुद्धभ्रमशस्त्रपात-मायेन्द्रजालप्लुतिलघिताढ्या।
ओजस्विगुर्वक्षरबन्धगाढा, ज्ञेया बुधै सा रमटीति वृत्ति॥
—शृङ्गारतिलक

१ शषाभ्या रेफसयोगेष्टवर्गेण च योजिता।
परुषा नाम वृत्ति स्यात् ह्रह्वह्याद्यैश्च सयुता॥
सरूपसयोगर्युता मूर्ध्नि वर्गान्तियोगिभि।
स्पर्शैर्यता च मन्यन्ते उपनागरिका बुधा॥
शेषैर्वर्गैर्यथायोग कथिता कोमलाख्यया।
ग्राम्या वृत्ति प्रशसन्ति काव्येष्वादृतबुद्धय॥—उद्भट, का० १ ५. ३ ७

२ केषाचिदेता वैदर्भी प्रमुखा रीतयो मता।—काव्यप्रकाश, ९ ४

३ रीतिरात्मा काव्यस्य। —काव्यालकार, २ ६

लक्षण माना।[1] मूलत. तो रीति का सर्वप्रथम उल्लेख भामह का मिलता है। परन्तु द्रष्टव्य यह है कि भामह ने 'रीति' शब्द का प्रयोग नही किया है। उन्होने जिन दो मार्गों का उल्लेख किया है वे हैं वैदर्भ तथा गौडीय। दोनो मे से वे किसी एक को महत्त्व नही देते। वे कहते हैं कि यह काव्य गौडीय है, यह वैदर्भ है, इस प्रकार का कथन मूर्खों की चाल है।[2] भामह का मत है कि काव्य के उदात्त होने के लिए उसका अलंकार से युक्त होना, अर्थ्य, अग्राम्य, न्याय्य तथा अनाकुल होना आवश्यक है, इस तरह का गौडीय मार्ग भी ठीक है और वैदर्भ मार्ग भी ठीक है।[3] वैदर्भी के गुण अनतिपोष, अनतिवक्रोक्ति, प्रसाद, ऋजुता, कोमल और श्रुतिपेशलत्व हैं।[4] भामह के पश्चात् दण्डी ने भी मार्गो का उल्लेख करते हुए गौडी (रीति) को हेय दृष्टि से देखा है। उनके मतानुसार गौडी काव्यपद्धति पौरस्त्य है तथा उसकी विशेषता अनुप्रास और शब्दालकारडम्बर है।[5] अत. दण्डी वैदर्भी मार्ग [रीति] को श्रेष्ठ मानते हैं।

दण्डी के बाद काव्य की रीतियो के विषय मे बाणभट्ट के हर्षचरित मे चर्चा आई है। बाण ने काव्य की चार पद्धतियो का उल्लेख इस प्रकार किया है—'उत्तरवासी श्लेषमय काव्य को तथा पश्चिम के लोग केवल अर्थ को ही पसन्द करते हैं। दक्षिण के लोगो मे उत्प्रेक्षा और गौड देश के लोगो मे अक्षराडम्बर को पसन्द किया जाता है।[6] इन चारो प्रकार की पद्धतियो का काव्य मे एक स्थान पर मिलना दुर्लभ होता है। बाण के अनुसार यदि काव्य मे इनका समन्वय हो तो वही उत्तम काव्य है। 'नवीन अर्थ, अग्राम्य, स्वभावोक्ति, सरल श्लेष, स्फुट रस और विकट

---

१ विशिष्टपदरचना रीति ।—वही, २. ७.

२ गौडीयमिदमेतत्तु वैदर्भमिति किं पृथक् ।
गतानुगतिकन्यायान्नाख्येयममेधसाम् ॥ —काव्यालकार, १ ३२.

३. वही, १ ३५

४. वही, १. ३३

५. इत्यनालोच्य वैषम्यमर्थालंकारडम्बरम् ।
अवेक्ष्यमाणा ववृधे पौरस्त्या काव्यपद्धतिः ॥—काव्यादर्श, १ ५०

६ श्लेषप्रायमुदीच्येषु प्रतीच्येष्वर्थमात्रकम् ।
उत्प्रेक्षा दाक्षिणात्येषु गौडेष्वक्षरडम्बर. ॥ —हर्षचरित.

अक्षरो की संघटना काव्य मे दुर्लभ है।'[1] जैसा कि पूर्व मे उल्लेख किया जा चुका है आचार्य वामन ने 'रीति' शब्द का प्रथमोल्लेख किया है। वे विशिष्ट पद-रचना को रीति कहते हैं। वामन ने शब्दगुण और अर्थगुण के भेद से गुणो के मुख्य दो भेद किये और उन्हे रीति से सबधित बताया। इन्होने वैदर्भी, गौडी और पाचाली तीन रीतियाँ मानी है। इन तीनो रीतियो मे से वैदर्भी रीति की वामन ने सर्वाधिक प्रशसा की है। वैदर्भी का ही अधिक प्रयोग करने की उनकी सलाह है क्योकि उसमे समस्त गुण पाये जाते हैं। अन्य दोनो मे कम गुण पाये जाते है।[2]

रुद्रट ने उक्त तीनो रीतियो मे एक चौथी 'लाटीया' नामक रीति और जोडकर इनकी संख्या चार कर दी।[3] इनके अनुसार 'वैदर्भी और पाचाली रातियो का उपयोग शृगार तथा करुण रस मे होना चाहिए, भयानक, अद्भुत और रौद्र रसो मे लाटी और गौडी रीतियो का यथोचित प्रयोग करना चाहिए।'[4] आनन्दवर्धनाचार्य ने रीति को सघटना' नाम दिया है। संघटना तीन प्रकार की मानी गई है—१ समासरहित, २ मध्यम समासो से अलकृत और ३ दीर्घसमासयुक्त।[5] आनन्दवर्धनाचार्य ने 'असमासा' से वैदर्भी, 'समासेन मध्यमेन च भूषिता' से पाचाली और 'दीर्घसमासा' से गौडी रीति का निरूपण किया है। इनके अनुसार सघटना माधुर्यादि गुणो का आश्रय करती हुई रसो को अभिव्यक्त करती है।[6] राजशेखर ने उक्त तीन रीतियो के अतिरिक्त एक चौथी 'मागधीरीति' का

---

१ नवोऽर्थो जातिरग्राम्या श्लेषो क्लिष्ट स्फुटो रस ।
विकटाक्षरवन्धश्च कृत्स्नमेकत्र दुर्लभम् ॥—वही.

२ तासां पूर्वा ग्राह्या । गुणसाकल्यात् । न पुनरितरे स्तोकगुणत्वात् ।
—काव्यालकार, १. २. १४-१५

३. काव्यालंकार, २, ४-६

४. वैदर्भीपाचाल्यौ प्रेयसिकरुणे भयानकाद्भुतयो ।
लाटीयागौडीये रौद्रे कुर्याद् यथौचित्यम् ॥ —वही, १५. २०

५. असमासा, समासेन मध्यमेन च भूषिता ।
तथा दीर्घसमासेति त्रिधा सघटनोदिता ॥—ध्वन्यालोक, ३. ५

६ गुणानाश्रित्य तिष्ठन्ति, माधुर्यादीन् व्यनक्ति सा ।
रसान् तन्नियमे हेतुरौचित्यं वक्तृवाच्ययो ॥—वही ३ ६.

भी उल्लेख किया है। आगे चलकर इन्हीं चारो रीतियों में भोजराज ने 'अवन्तिकारीति' नामक एक नई रीति को स्वीकारते हुए 'सरस्वतीकंठाभरण मे' वैदर्भी, गौडी, पाचाली, लाटी, आवन्ती और मागधी इन छः रीतियो का उल्लेख किया है। जहाँ दो, तीन या चार समस्त पद हों तथा जो पाचाली और वैदर्भी के अन्तराल में स्थित हो वहाँ आवन्तीरीति मानी गई है।[1]

साहित्यदर्पणकार आचार्य विश्वनाथ ने साहित्यदर्पण के नवें परिच्छेद मे रीतियो के नामोल्लेख के साथ-साथ उनकी विशद परिभाषाएँ भी दी है। इनके अनुसार रीति, अंग-रचना की भाँति, पद-रचना अथवा पद-सघटना है जो कि रसभावादि की अभिव्यंजना मे सहायक हुआ करती है।[2] रीति चार प्रकार की है —१ वैदर्भी, २. गौडी, ३. पांचाली और ४ लाटी।[3] वैदर्भी वह रीति है जिसे माधुर्य के अभिव्यंजक वर्णों से पूर्ण, असमस्त अथवा स्वल्प-समासयुक्त ललित रचना कहा गया है।[4] वैदर्भी को रुद्रट ने इस प्रकार परिभाषित किया है—'वैदर्भी रीति अथवा ललित-पद-रचना इस प्रकार की हुआ करती है जिसमें समस्त पदावली का प्रयोग नही हुआ करता, जहाँ एकाध पद समस्त हो जाय तो कोई हानि नही, जिसमे श्लेषादि दसो गुण विद्यमान रहते हैं, जिसमे द्वितीय वर्ग के वर्णो का बाहुल्य सुन्दर लगता है और जिसमें ऐसे वर्ण रहा करते है जो कि स्वल्प प्रयत्न से उच्चारित हो सकते हैं।'[5]

---

१. अन्तराले तु पाचाली वैदर्भ्योर्यावतिष्ठते।
सावन्तिका समस्त स्याद्वित्रैस्त्रिचतुरै पदै ॥
—सरस्वतीकण्ठाभरण, २ ३२.

२ पदसघटना रीतिरंगसंस्थाविशेषवत्।
उपकर्त्री रसादीना—साहित्यदर्पण ९ १

३ [illegible] सा पुन· स्याच्चतुर्विधा।
वैदर्भी चाथ गौडी पाचाली लाटिका तथा ॥—वही

४. माधुर्यव्यजकैर्वर्णै रचना ललितात्मिका।
अवृत्तिरल्पवृत्तिर्वा वैदर्भी रीतिरिष्यते ॥—वही, ९. २.

५ असमस्तैकसमस्ता युक्ता दशभिर्गुणैश्च वैदर्भी।
वर्गद्वितीयबहुला स्वल्पप्राणाक्षरा च सुविधेया ॥—रुद्रट, काव्यालंकार.

गौडी वह रीति है जिसे ओज गुण के अभिव्यजक वर्णो से पूर्ण, समास-प्रचुर, उद्भट रचना कहा गया है।[1] 'जिसे माधुर्य और ओज के अभिव्यजक वर्णो को छोडकर अन्य अवशिष्ट वर्णो अर्थात् प्रसाद के अभिव्यजक वर्णों से ऐसी पद-रचना कहा गया है जिसमे पाँच या छ. पदो के समासो से बड़े समासो का प्रयोग नही हुआ करता, वह पाचाली रीति है।'[2] भोजराज ने पाचाली रीति के विषय मे लिखा है कि 'पाचाली रीति वह है जिसमे पांच या छ पदो से अधिक पद वाले समास प्रयुक्त नही किये जाते, जिसमे ओज और कान्ति के गुण विराजमान रहा करते हैं और जो माधुर्य के अभिव्यजक किंवा कोमल वर्णो से पूर्ण पद-रचना हुआ करती है।'[3] लाटी वह रीति है जिसमे वैदर्भी और पांचाली दोनो की विशेषताए अन्तर्भूत हो।[4] इस प्रकार चार प्रकार की रीतियो की व्याख्या साहित्यदर्पणकार ने की है। कतिपय काव्याचार्यो ने चारो प्रकार की रीतियो का सक्षिप्त स्वरूप बताते हुए लिखा है कि 'वैदर्भी रीति का अभिप्राय 'मधुरबन्ध', गौडी रीति का अभिप्राय 'उद्धतबन्ध,' पांचाली रीति का अभिप्राय 'मिश्रबन्ध' और लाटी रीति का अभिप्राय 'मृदुबन्ध' से है।[5]

शिल्प और शैली के प्रसग मे मार्ग, वृत्ति, रीति और सघटना आदि को ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के साथ प्रस्तुत करने का मेरा उद्देश्य मात्र इतना रहा है कि हम भारताय साहित्यशास्त्र मे शिल्प-शैली आदि के बारे मे प्रचलित धारणाओ का आकलन कर सकें और शिल्प के बारे मे प्रचलित

---

१ ओज प्रकाशकैर्वर्णैर्बन्ध आडम्बर पुन. ।
समासबहुला गौडी' ·· —साहित्यदर्पण, ९ ३-४.

२ · ·· ··· वर्णे शेषै पुनर्द्वयो ।
समस्तपचषपदो बन्ध. पाचालिका मता ॥—वही, ९ ४.

३ समस्तपंचषपदामोज कान्तिसमन्विताम् ।
मधुरा सुकुमारा छ पाचाली कवयो विदु. ॥—वही, टीका

४ लाटी तु रीतिर्वैदर्भीपाञ्चाल्योरन्तरे स्थिता ।—वही, ९ ५

५. गौडी डम्बरबद्धा स्याद्वैदर्भी ललितक्रमा ।
पाचाली मिश्रभावेन लाटी तु मृदुभि पदै ॥

—वही, पृ० ६६२ से उद्धृत

पाश्चात्य मतो के साथ उनकी तुलना कर सके। उपर्युक्त रीतियाँ शैलियां ही हैं। उनका प्रयोग कथा, आख्यायिका और महाकाव्यो मे होता था। परन्तु द्रष्टव्य है कि शैली शिल्प नही क्योकि शिल्प मे भाव और रचना-प्रक्रिया दोनो का समावेश है। वाल्टर रेले के अनुसार साहित्य का कार्य द्विविध है—अर्थ के लिए शब्द ढूँढ़ना और शब्द के लिए अर्थ ढूंढ़ना।[1] प्रत्येक व्यक्ति की अपनी शैली (स्टाइल इज़ दी मेन हिमसेल्फ) होती है तथापि व्यवस्था की दृष्टि से उनका श्रेणी-निबन्धन भी होता ही रहा है।

महाकाव्य, खण्डकाव्य, कथा, आख्यानक, कहानी, नाटक, निबन्ध, पत्र और आत्मकथा आदि विभिन्न विधाओ की अपनी-अपनी विवेच्य शैलिया होती हैं। ये शैलिया अनेक रूपो मे प्रचलित हैं। पं० परशुराम चतुर्वेदी ने शैलियो को रूपशैली और भावशैली इन दो भेदो मे विभक्त किया है। रूपशैली के अन्तर्गत उन्होने जिन शैलियों का निर्देश किया है वे इस प्रकार हैं :

१. वर्णन . सूक्ष्म और स्थूल के भेद से व्यक्ति, स्थान, वस्तु, दृश्य और अवसर का, २ इतिवृत्त या कथन : (क) कथा के रूप मे, (ख) बच्चो को समझाई जाने वाली कहानियो के रूप मे, (ग) वार्ता के रूप मे, ३ वर्णन और कथन (इतिवृत्त) मिश्रित, ४. कविता : (क) मुक्तक, (ख) प्रगीत (ग) उक्तिवन्ध, (घ) वर्णनात्मक कविता, ५ गीत, ६ पद्यप्रवन्ध, ७. गद्यप्रवन्ध, ८ पत्र, ९ समीक्षा, १० दिनचर्या, ११ यात्रा, १२. निमन्त्रण-पत्र, १३. आवेदन-पत्र, १४ सूचना, १५ अभिनन्दन, १६ अभ्यर्थना, १७ समाचार, १८ विज्ञापन १९ निवन्ध : (क) समीक्षात्मक, (ख विचारात्मक, (ग) विवेचनात्मक, (घ) तर्कपूर्ण अध्ययनात्मक, (ङ) गवेषणात्मक, (च) भावात्मक, २०. संवाद, २१. स्वगत, २२ नाटक: (क) एकागी, (ख) अनेकांगी, (ग) भृत्यनाटक, (घ) श्रव्यनाटक, २३. गद्य-काव्य, २४ भूमिका या प्रस्तावना, २५ संक्षेपीकरण, २६ लेख-सपादन, २७. व्याख्या, २८. टीका, २९. आत्मकथा, ३०. परिचय, ३१ जीवन-चरित, ३२ रेखाचित्र, ३३. श्रव्य-व्याख्या, ३४ भविष्यवाणी, ३५ नाट-कीय आत्म-परिचय।

---

1 To find words for a meaning and to find a meaning for words —Style, p 63

भावशैली के अन्तर्गत निम्नलिखित शैलियाँ आती हैं

१ विनोदात्मक, २ आत्मचिन्तनशैली, ३ आत्म-विश्लेषण, ४ विचारात्मक, ५ प्रमाणबहुला, ६. व्यंग्यात्मक, ७. व्यास-शैली, ८ आवेगात्मक, ९ भावात्मक, १०. उपालम्भात्मक, ११. लोमहर्षणशैली, १२. क्रमिकउत्तेजन शैली।[1]

पं० करुणापति त्रिपाठी ने शैलियो का व्यक्तिप्रधान शैली और विषयप्रधान शैली के रूप मे वर्गीकरण किया है,[2] जो अधिक सटीक है। इन दोनो ही भेदो मे वे तीन-तीन उपभेद स्वीकार करते हैं। वे हैं—रागात्मक, इन्द्रियानुभवात्मक और ज्ञानात्मक शैली। इनके अनुसार एक तीसरी शैली है आलोचनात्मक शैली जो दो प्रकार की होती है १ निर्णयात्मक आलोचना, २. व्याख्याप्रधान आलोचना शैली।[3] चौथी रूढ-धार्मिक और राष्ट्रीय-शैली का भी उल्लेख आपने किया है।[4]

इन सारे मतमतान्तरो को देखने से स्पष्ट हो जाता है कि हमारे यहाँ जिसे रीति, वृत्ति, काव्यापभेद, स्थापत्य आदि कहा गया है वह वस्तुत शिल्प से काफी भिन्न है। पश्चिम मे शैली जिसे स्टाइल या टेकनिक कहते हैं वह भी शिल्प का पूरा अर्थ लेने मे असमर्थ है। वस्तुत शिल्प एक व्यापक शब्द है जिसमे वस्तु के मूल गठन, स्थापन-संगठन, विधा-आकृति तथा शैली सभी का समावेश हो जाता है। चूंकि यह शब्द केवल कथ्य-वस्तु की अभिव्यक्ति-प्रणाली से ही सीमित नही है, इसलिए इसे साहित्यिक कोटियो में श्रेणी-विभक्त करना भी पूर्णत सगत नही होगा। शिल्प मे किसी भी जाति की मनोवृत्ति का पूर्ण प्रतिबिम्ब देखा जा सकता है। भारतीय कथा-साहित्य का शिल्प भारतीय मानस की मनोवृत्ति का परिचायक है। सूफी आख्यानो में इसी कारण शुद्ध भारतीय शिल्प से किंचित् भिन्न मनोवृत्ति का रूप दिखाई पडता है। यद्यपि आगे चलकर भारतीय कथा और सूफी आख्यानको का शिल्प एक-दूसरे से मिल-जुलकर नया रूप ले लेता है

---

१. पं० परशुराम चतुर्वेदी, काव्य में शैली और कौशल, पृ० २४-३२
२. पं० करुणापति त्रिपाठी, शैली, पृ० १९३
३ वही, पृ० २०१.
४. वही, पृ० २१९

जिसे मध्यकालीन हिन्दी आख्यानकाव्यो का सही शिल्प कहेगे, पर अध्ययन की दृष्टि से इन्हे अलग-अलग मानकर चलना ही उचित होगा।

शिल्प के दृष्टिकोण से हिन्दी-प्रेमाख्यानको को मोटे तौर पर दो वर्गो मे विभक्त किया जा सकता है : १ भारतीय, २ अभारतीय अथवा सूफी। सूफी और हिन्दू दोनो ही प्रकार के प्रेमाख्यानक पौराणिक शैली, चरितशैली और रोमाचक शैली मे लिखे गये। फारसी के प्रभाव से सूफी काव्यो की मसनवी शैली कुछ दृष्टियों से भारतीय प्रेमकाव्यो की शैली से भिन्न जरूर है, पर अपने को कथा और चरित्र कहने वाले हिन्दी के प्राय सभी प्रबन्धकाव्य सीधे अपभ्रंश के चरितकाव्यो की परम्परा में आते हैं। अपभ्रंश के चरितकाव्यों की प्रायः सभी विशेषताएँ इनमे भी उसी प्रकार दिखलाई पड़ती है।[1] सूफी और हिन्दू परम्पराओ मे रचित प्रेमाख्यानकों का सविस्तार विवरण दूसरे अध्याय मे दिया गया है। अतः उनका नामोल्लेख आवश्यक नही है। आगे शिल्प के अन्तर्गत आने वाले सभी तत्त्वो पर विचार करते समय कथानको की शिल्प-शैली का उल्लेख किया जायेगा। मुख्य रूप से यह स्पष्ट हो जाना चाहिए।

शिल्प और काव्यरूप का घनिष्ठ सम्बन्ध है। शिल्प में भाव और अभिव्यक्ति के प्रकार दोनो अन्तर्भूत होते हैं। काव्य किसी अभिव्यक्ति का माध्यम मात्र होता है। प्रत्येक अनुभूति की अभिव्यक्ति काव्य नही होती। किसी भी काव्य की अनुभूति के स्फुरण के साथ ही काव्य-रूप का भी उद्भव होता है। काव्य केवल शब्दो, वाक्यो और छन्दो में ही नही, काव्य-रूपो मे भी बंधकर प्रकट होता है। काव्यरूप के साथ काव्य का निजी व्यक्तित्व खड़ा होता है।[2] रूप और पदार्थ दोनो ही सापेक्ष शब्द हैं। आकार या रूप के बिना वस्तु की और वस्तु के आधार के बिना आकार की कल्पना नही हो सकती। अशरीरी वस्तुओ के भी रूप होते हैं, जो केवल बोधगम्य हैं।[3] अरस्तू ने रूप [फार्म] की परिभाषा देते हुए लिखा है कि कला के क्षेत्र में इस रूप या फार्म का अर्थ बाहरी आकार-प्रकार नही है बल्कि रूप मे वह सब कुछ शामिल है जो किसी वस्तु को स्पष्ट करने,

---

१ डा० शम्भूनाथ सिंह, हिन्दी महाकाव्यों का स्वरूप-विकास, पृ० १९७.

२ डा० सत्येन्द्र, हिन्दी काव्यरूपो का अध्ययन, भूमिका, पृ० ६.

३. डा० शिवप्रसाद सिंह, सूरपूर्व ब्रजभाषा और उसका साहित्य, पृ० ३१३.

उसकी अभिव्यक्ति कराने तथा उसके अस्तित्व का स्पष्ट बोध कराने मे समर्थ हो।[1]

साहित्यशास्त्र के विभिन्न आचार्यो ने काव्य के लक्षणो पर अपना-अपना मत प्रकट किया है। आचार्य भामह शब्द और अर्थ के सहभाव को काव्य मानते हैं, जो कि गद्य-पद्य के भेद से दो प्रकार का होता है।[2] दण्डी ने काव्य के लक्षण के विषय मे पूर्वाचार्यों का स्मरण करते हुए लिखा है कि प्रजाजनो की व्युत्पत्ति को ध्यान मे रखकर विद्वानो ने विचित्र मार्गों से युक्त काव्यवाणी-रचना के प्रकारो का विवरण दिया है, जिसमे उन्होने काव्य के शरीर तथा उसके अलकारो का वर्णन किया है। इस अर्थ से युक्त पदावली ही काव्य का शरीर है।[3] भामह और दण्डी ने काव्य के शरीर का आकार ही प्रस्तुत किया था परन्तु इनके बाद के आचार्य वामन ने उसमे आत्मतत्त्व की स्थापना भी कर दी। इन्होने कहा कि रीति काव्य की आत्मा है—**रीतिरात्मा काव्यस्य**।[4] ध्वनिकार आनन्दवर्धन ने ध्वनि को काव्य की आत्मा मानकर काव्य का लक्षण किया।[5] जिस काव्य के शरीर-आत्मा आदि का जो रूपक आचार्यों ने प्रस्तुत किया था उसे राजशेखर ने स्पष्टरूप से 'काव्यपुरुष' का आकार प्रदान करके उसका वर्णन इस प्रकार किया—'शब्द-अर्थ इस पुरुष का शरीर है, सस्कृत मुख है, प्राकृत भुजा है, अपभ्रश जघा है, पैशाची पाद है, उरस्थल मिश्र [भाषा]

---

१ वही

२. भामह, काव्यालकार, १ १६

३. दण्डी, काव्यादर्श, १ ९–१०
अत प्रजाना व्युत्पत्तिमभिसन्धाय सूरय ।
वाचा विचित्रमार्गाणा निबवन्धु क्रियाविधिम् ।।
तै शरीरं काव्यानामलकाराश्च दर्शिता ।
शरीर तावदिष्टार्थ–व्यवच्छिन्ना पदावली ।।

४ काव्यालंकार, १ १

५. काव्यस्यात्मा ध्वनिरिति बुधैर्य समाम्नातपूर्व,
तस्याभाव जगदुरपरे भाक्तमाहुस्तमन्ये ।
के चिद्वाचा स्थितमविषये तत्त्वमूचुस्तदीयं ।
तेन ब्रूम. सहृदयमन प्रीतये तत्स्वरूपम् ।।—ध्वन्यालोक, १ १.

है। सम, प्रसन्न, मधुर, उदार और ओजस्वी इसके गुण हैं। उक्तिवर्ण इसके वचन हैं, रस आत्मा है, छन्द रोम है, प्रश्नोत्तर, प्रहेलिकादि वाग्विनोद है और अनुप्रास, उपमा आदि उसे अलकृत करते हैं।[1] इनके बाद आचार्य कुन्तक ने काव्य का लक्षण अधिक विस्तार के साथ किया है। इनके अनुसार शब्द और अर्थ सहित व्यजना-व्यापार-प्रधान मनोरम हृदयाह्लादक व्यवस्थित बन्ध काव्य है।[2] आचार्य क्षेमेन्द्र का 'औचित्य-सिद्धान्त' प्रसिद्ध है। उसी के अनुसार वे 'औचित्य' को ही काव्य का जीवित मानते हैं।[3] साहित्यदर्पणकार आचार्य विश्वनाथ 'रसात्मक वाक्य' को काव्य मानते हैं। **वाक्यं रसात्मकं काव्यम्** में 'रसात्मक वाक्य' का अर्थ 'जिस वाक्य का आत्मतत्त्व रस हुआ करता है' किया है।[4] उक्त काव्य के लक्षणों का निरूपण करने के बाद निष्कर्ष यह निकलता है कि शब्द और अर्थ को ही अधिकांश आचार्यों ने काव्य माना है।[5] काव्य के प्रयोजन और उसके हेतुओं की भी

---

१ शब्दार्थौ ते शरीरं, सस्कृत मुखं, प्राकृत बाहु, जघन्यमपभ्रंश, पेशाचं पादौ, उरो मिश्रम्। समः प्रसन्नो मधुर उदार ओजस्वी चासि। उक्तिवर्ण च ते वच., रस आत्मा, रोमाणि छन्दांसि, प्रश्नोत्तरप्रवल्हिकादिक च वाक्केलि., अनुप्रासोपमादयश्च त्वामलंकुर्वन्ति।—काव्यमीमासा, पृ० १४.

२. शब्दार्थौ सहितौ वक्र-कविव्यापारशालिनि।
बन्धे व्यवस्थितौ काव्यं तद्विदाह्लादकारिणी॥ —वक्रोक्तिजीवित, १.

३ औचित्यविचारचर्चा, ४–५.
काव्यस्यालमलंकारैः किं मिथ्यागणितैर्गुणैः,
यस्य जीवितमौचित्यं विचित्यापि न दृश्यते।
अलंकारास्त्वलकारा गुणा एव गुणाः सदा,
औचित्यं रससिद्धस्य स्थिरं काव्यस्य जीवितम्॥

४. साहित्यदर्पण, १. ३.

५ (अ) शब्दार्थौ सहितौ काव्यं गद्यं पद्यं च तद् द्विधा—काव्यालंकार, १ १६
(ब) काव्यशब्दोऽयं गुणालंकारसस्कृतयोः शब्दार्थयोर्वर्तते —वही १. १.
(स) शब्दार्थौ काव्यम्—वही, २. १.
(द) अदोषौ सगुणौ सालंकारौ च शब्दार्थौ काव्यम्—काव्यानुशासन, पृ० १६

उक्त आचार्यों ने विस्तृत चर्चा की हैं। काव्य के मूल मे मम्मट ने तीन कारणो का उल्लेख किया है—१. शक्ति या प्रतिभा, २. लोक, शास्त्र तथा काव्य आदि के पर्यालोचन से उत्पन्न निपुणता, ३. काव्य को जानने वाले की शिक्षा के अनुसार अभ्यास।[1] इन्ही तीन हेतुओ से काव्य का उद्भव होता है। प्राय काव्य के हेतुओं मे आचार्यों के मतो मे अधिक भेद नही है।

काव्य के रूपो का वर्गीकरण प्रथमत अभिव्यक्ति के माध्यम से किया गया। भामह और दण्डी के अनुसार सस्कृत काव्य, प्राकृत काव्य और अपभ्रश काव्य के भेद से तीन काव्यरूप हैं। साहित्यदर्पणकार ने इस ओर ध्यान देकर काव्यरूपो का दृश्य और श्रव्यकाव्य के भेदो मे विभाजन किया।[2] काव्य की दृश्यता और श्रव्यता के आधार पर ही यह वर्गीकरण किया गया है। जो चाक्षुष हो, जिसे देख सकें वह दृश्य; जो सुना जा सके, जो कानो का विषय हो वह श्रव्य काव्य कहलाता है। इसका विशद विवेचन साहित्यदर्पण के षष्ठ परिच्छेद मे देखा जा सकता है। दण्डी ने काव्यो को सस्कृत, प्राकृत, अपभ्रश और मिश्र रूप मे स्वीकार किया। रुद्रट ने सस्कृत, प्राकृत, मागध, पिशाच, शूरसेन और अपभ्रश को काव्य का रूप माना। शास्त्रों के आधार पर काव्य के रूपो का विकासक्रम उक्त प्रकार से मिलता है। परन्तु काव्यरूपो मे भी परिवर्तन होता रहा है। क्योकि 'काव्यरूपो का निर्माण, उनके उद्भव और विकास की प्रक्रिया देश-काल की सामाजिक और ऐतिहासिक परिस्थितियो से परिचालित होती है। भाषा और कवि की कारीगरी पर भी इन परिस्थितियो का प्रभाव पड़ता है।'[3] सस्कृत के आचार्यो ने जिस काव्यरूप की चर्चा की है वह सस्कृत काव्यो को देखकर। मध्यकाल मे विदेशी जातियो के सम्पर्क और लोक-भाषा के उदय के कारण लोकजीवन से सम्पृक्त बहुत से काव्यरूप सामने आये। हिन्दी के काव्यरूप इसी सास्कृतिक परस्परावलबन की देन हैं।

---

१ शक्तिर्निपुणता लोकशास्त्रकाव्याद्यवेक्षणात्।
काव्यज्ञशिक्षयाभ्यास इति हेतुस्तदुद्भवे॥ —काव्यप्रकाश, १. ३

२ दृश्यश्रव्यत्वभेदेन पुन. काव्य द्विधा मतम्।
दृश्यं तत्राभिनेयं तद्रूपारोपात्तु रूपकम्॥—साहित्यदर्पण, ६ १

३ डा० शिवप्रसाद सिंह, सूरपूर्व ब्रजभाषा और उसका साहित्य, पृ० ३१४.

काव्यरूपो के परिवर्तन का मुख्य कारण भाषा में परिवर्तन का आना हो है। आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी के शब्दो मे 'जब-जब कोई जाति नवीन जातियों के सम्पर्क मे आती है तब-तब उसमे नई प्रवृत्तियां आती हैं, नई आचार-परम्परा का प्रचलन होता है, नये काव्यरूपो की उद्भावना होती है और नये छन्दो मे जनचित्त मुखर हो उठता है, नया छन्द नये मनोभाव को सूचना देता है।'[1] अतः स्पष्ट है कि काव्यरूपो का इतिहास युगानुकूल प्रवृत्तियो से जुड़ा हुआ है। काव्यरूप मात्र काव्यरूप नही अपितु अपने उद्भवकाल की परिस्थिति के उद्घोषक भी हैं। लोकभाषा अपभ्रंश और हिन्दी के काव्यरूपों का आकलन किया जाये तो एक लम्बी सूची बन जायेगी। भाषा-काव्यो का परिचय देते हुए श्री अगरचन्द नाहटा ने एक लम्बी सूची दी है, जिसे अविकल रूप में नीचे उद्धृत किया जा रहा है·

१ रास, २ संधि, ३ चौपाई, ४ फागु, ५ धमाल, ६ विवाहलो, ७. धवल, ८. मगल, ९ वेलि, १० सलोक, ११. संवाद, १२ वाद, १३ झगड़ो, १४. मातृका, १५ वावनी, १६. कक्क, १७ बारहमासा, १८ चौमासा, १९ पवाडा, २० चर्चरी (चाचरि), २१ जन्माभिषेक, २२ कलश, २३ तीर्थमाला, २४. चैत्यपरिपाटी, २५ संघवर्णन, २६ ढाल, २७ ढालिया, २८ चौढालिया, २९ छढालिया, ३०. प्रबंध, ३१. चरित, ३२. सबध, ३३ आख्यान, ३४ कथा, ३५ सतक, ३६ बहोत्तरी, ३७ छत्तीसी, ३८ सतरी, ३९ बत्तीसो, ४० इक्कीसी, ४१ इकतीसी, ४२. चौबीसी, ४३ वीसी, ४४. अष्टक, ४५ स्तुति, ४६ स्तवन, ४७ स्तोत्र, ४८ गीत, ४९ सज्झाय, ५० चैत्यवंदन, ५१ देववंदन, ५२ वीनती, ५३. नमस्कार, ५४ प्रभाती, ५५. मगल, ५६ साझ, ५७ वधावा, ५८ गहूँली, ५९ होयालो, ६० गूढ़ा, ६१ गजल, ६२ लावणी, ६३ छंद, ६४ नीसाणी, ६५. नवरसो, ६६ प्रवहण, ६७ पारणो, ६८ वाहण, ६९ पदावली, ७० गुर्वावली, ७१. हमचड़ो, ७२ हीच, ७३ मालमालिका, ७४ नाममाला, ७५ रागमाला, ७६ कुलक, ७७ पूजा, ७८. गीता, ७९ पद्याभिषेक, ८० निर्वाण, ८१. संयम श्री विवाह-वर्णन, ८२ भास, ८३. पद, ८४ मंजरी, ८५ रसावली, ८६. रसायन, ८७

---

१. डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी, हिन्दी साहित्य का आदिकाल, पृ० ९०.

रसलहरी, ८८ चद्रावला, ८९ दीपक, ९० प्रदीपिका, ९१ फुलडा, ९२ जोड, ९३. परिक्रम, ९४ कल्पलता, ९५ लेख, ९६ विरह, ९७ मूंदडी, ९८ सत, ९९ प्रकाश, १०० होरी, १०१ तरग, १०२ तरगिणी, १०३ चौक, १०४ हुडी, १०५ हरण, १०६ विलास, १०७ गरवा, १०८ वोली, १०९ अमृतध्वनि, ११० हालरियो, १११. रसोई, ११२. कडा, ११३ झूलणा, ११४. जकडी, ११५. दोहा, ११६ कुडलिया, ११७ छप्पय आदि।[1]

हिन्दी-काव्यरूपो पर विचार करते समय श्री गुलाबराय ने वि० १४वी शताब्दी से पूर्व के जिन काव्यरूपो का उल्लेख किया है, वे इस प्रकार है : १ चरितकाव्य, २. कवित्त-सवैया, ३. वरवै, ४ दोहा, ५. मंगलकाव्य, ६ सवद, ७ रमैनी, ८ कहरा, ९ वसन्त, १०. चाचर, ११ रासक, १२ फाग, १३. लीला के पद, १४. आल्हा या वीर छन्द, १५. सोहर, १६ हिंडोला तथा वीर काव्यों के छप्पय, तोमर आदि छन्द।[2]

डा० रामबाबू शर्मा ने अपने शोध-प्रबन्ध मे ३३८ प्रामाणिक ग्रन्थो के आधार पर २४ काव्यरूपो की उद्भावना की है। वास्तव मे डा० शर्मा का यह कार्य हिन्दी-साहित्य की एक उपलब्धि मानना चाहिए। उन्होने १५वी शताब्दी से १७वी शताब्दी तक के प्रचलित काव्यरूपो की तालिका इस प्रकार दी है १ वानी, २ चरितकाव्य, ३ रास, ४ कथा-वार्ता-काव्य, ५ पद, सबद, लीला के पद, ६ स्तोत्र, स्तुति, विनती-काव्य, ७. सिद्धान्त एव उपदेशपरक काव्य, ८. प्रशस्तिकाव्य, ९. पुराण, १०. ऐतिहासिक काव्य, ११. मगलकाव्य, १२. लीला-काव्य, १३ साखी, १४. छन्द-गीतपरक काव्य, १५ माल या मालाकाव्य, १६ सवाद, वादू, गोष्ठी, वोधसज्ञक काव्य, १७ बारहलड़ी या बावनी, १८ बारहमासा, १९ सख्यापरक काव्य, २० भ्रमरगीत, २१ कथा, २२. अष्टयाम, २३ नखशिख तथा २४. नाटक।[3]

---

१ अगरचन्द नाहटा, प्राचीन काव्यो की रूप परपरा, पृ० २

२. गुलाबराय, काव्य के रूप, पृ० ४४.

३. डा० रामबाबू शर्मा, हिन्दी काव्यरूपो का अध्ययन, पृ० ७८

डा० सत्येन्द्र ने ८वी शती से १४वी शती तक के काव्यरूपों की सूची इस प्रकार दी है : १ गाथाबध, २. दोहाबंध, ३. पद्धडियाबध, ४ चौपाई-दोहावली-रमैनी, ५ छप्पयबध, ६. कुंडलिनीबध, ७. रासा-बंध, ८ चर्चरी या चांचर, ९ फाग, १० साखी, ११. सबदी, १२ दोहरे, १३ सोहर, १४ पद, १५ मंगलकाव्य, १६. चौतीसा, १७ विप्रमतीसी, १८ बसत, १९ वेलि, २०. विरहुली, २१ हिंडोला, २२ कवित्त-सवैया, २३ कहरा, २४ बरवै, २५ विनय, २६ लीला, २७ अखरावट, २८ नहछू, २९ रासक, ३० रास, ३१ भ्रमरगीत, ३२ मुकरी, ३३ दो सखुने, ३४ अनमिल, ३५ ढकोसला, ३६. बुझावल, ३७ षड्ऋतु, ३८ बगसाला, ३९. नखशिख, ४० दसम . दशावतार, ४१. भडोआ, ४२. जीवनी, ४३ सतसई, ४४. मंगल, ४५ माहात्म्य, ४६. पच्चीसी, ४७ बत्तीसी, ४८ पुराण, ४९. संवाद, ५०. घोडी, ५१ पत्तल. ५२. काव्य, ५३ चरित। इन रूपो का नामकरण छद, गीत, शैली, सख्या और विषय के आधार पर है।[1]

आरम्भिक ब्रजभाषा के काव्यरूपो का विवेचन करते हुए डा० शिव-प्रसाद सिह ने निम्नलिखित काव्यरूप बताए हैं·

१ चरितकाव्य, २ कथा-वार्ता, ३. रास और रासो, ४ लीलाकाव्य, ५. षड्ऋतु और बारहमासा, ६ बावनी, ७ विप्रमतीसी, ८ वेलिकाव्य, ९ गेयमुक्तक, १० मंगलकाव्य।[2]

उपर्युक्त काव्यरूपों की सूचियो से हिन्दी साहित्य के आदिकाल से १९वी शताब्दी तक के काव्यरूपो पर प्रकाश पड़ता है।

हिन्दी मे प्रेमाख्यानको के कहा (कथा), कहाणी (कीर्तिलता), चरित, रास या रासो, वार्ता (छिताईवार्ता) आदि नाम मिले हैं। आज भी गुजराती मे कहानी को वार्ता ही कहते हैं। ख्यात और बात ये दोनो शब्द पुरानी राजस्थानी मे प्रचुर सख्या मे कथाकाव्यो के नाम के साथ प्रयुक्त हुए हैं। इन आख्यानो मे स्तवन, स्तोत्र, षड्ऋतु-वर्णन, बारह-

---

१. डा० सत्येन्द्र, मध्ययुगीन हिन्दी साहित्य का लोकतात्विक अध्ययन, पृ० ४६७-६८

२ डा० शिवप्रसाद सिंह, सूरपूर्व ब्रजभाषा और उसका साहित्य, पृ० ३१५

मासा, उपालभ, मगल, विआहलो, प्रहेलिका, फागु, धमाल, चांचरी, नख-शिख आदि अनेक काव्यरूप अन्तर्भुक्त मिलेगे। पद्मावत मे स्तवन, बारहमासा, षड्ऋतु-वर्णन, नखशिख आदि मिल जाते है। रसरतन मे स्तोत्र, स्तवन, नखशिख, विवाहलो, राजप्रशस्ति, नायिकाभेद, बारहमासा आदि कई काव्यरूप अन्तर्भुक्त दिखाई पडते है।

शिल्प के अन्तर्गत शैली, काव्यरूप, कथाविन्यास और कथातत्त्वो को भी समाविष्ट करना चाहिए। यद्यपि वटवृक्ष का बीज अत्यधिक सूक्ष्म होता है तथापि उसके अन्दर एक विशाल वटवृक्ष का रूप छिपा रहता है। ठीक वैसे ही 'शिल्प' शब्द के उल्लेख मात्र से रचना (कथा-वार्ता, चरित, आख्यान आदि) की रचना-प्रक्रिया का—भाव से अभि-व्यक्ति और उसके माध्यम तक की रचना-प्रक्रिया का—बोध होता है। शिल्प का मैंने उसी व्यापक अर्थ मे प्रयोग किया है।

मानवशरीर पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश पाच तत्त्वो से निर्मित होता है, हाथ, पैर, आख, कान आदि उसके अग-प्रत्यग होते हैं। यदि शरीर का एक भी अंग-भंग है तो वह पूर्ण सुख से वचित रहेगा। कथा का निर्माण भी अलग-अलग तत्त्वो के मेल से होता है। कथा के उन तत्त्वो मे से यदि किसी तत्त्व का शिल्प-गठन कमजोर हुआ तो वही कथा का दोष बन जायेगा। दूसरे शब्दो मे यह कि कथा के विभिन्न अगो मे सामंजस्य ही कथा को प्रभावोत्पादक और ग्राह्य बनाता है। कथा को विभिन्न तत्त्वो के माध्यम से, उसकी पूर्णता को समझने का एक शिल्प होता है। सस्कृत साहित्य-शास्त्रियो ने वस्तु, नेता और रस को कथा के तीन तत्त्व स्वीकार किये हैं। प्राकृत भाषा के वसुदेवहिण्डी नामक ग्रन्थ मे कथा के छः अगो का उल्लेख किया गया है.

१ कथोत्पत्ति—कथा की उत्पत्ति कैसे हुई, इसका विवरण।
२. प्रस्तावना—कथा की पृष्ठभूमि।
३ मुख—कथा का आरम्भ।
४ प्रतिमुख—कथा के आरम्भोपरान्त फल की ओर गमन।
५ शरीर—कथा का विकास और प्राप्ति, प्रयत्न और नियताप्ति की स्थिति।

६. उपसहार—फल की प्राप्ति ।

पउमचरिय मे चरित के अवयवो की संख्या सात मानी गई है और इन अवयवो की पूर्णता के ऊपर ही चरित की सम्पूर्ण स्थिति निर्भर करती है। वे सात अवयव इस प्रकार है

१. स्थिति—देश, नगर, ग्राम आदि का वर्णन ।
२. वंशोत्पत्ति—वश, माता-पिता, ख्याति आदि का वर्णन ।
३. प्रस्थान—विवाह, उत्सव, राज्याभिषेक प्रभृति का वृत्तात ।
४ रण—राज्यविस्तार या राज्य-सरक्षण के लिए युद्ध ।
५. लवकुशोत्पत्ति—साधारण क्षेत्र मे या अन्य चरितो मे सन्तानोत्पत्ति ।
६. निर्वाण—ससार मे विरक्ति, आत्मकल्याण मे प्रवृत्ति एव धर्मदेशना श्रवण या वितरण आदि का निरूपण ।
७ अनेक भवावली—अनेक भवावलियो का वर्णन, भवान्तर या प्रासगिक कथाओ का सघन वितान ।

कथा के उपर्युक्त अंग-विवेचन से यह स्पष्ट है कि कथा की पूर्णता और अपूर्णता इन्ही कथा-तत्त्वो अथवा अगो पर निर्भर करती हैं। हिन्दी साहित्य के समीक्षको ने कथा के कथानक, पात्र, कथोपकथन या सवाद, वातावरण, भाषा-शैली और उद्देश्य छ तत्त्व माने हैं। कहानी, नाटक, उपन्यास और कथाकाव्यो की समीक्षा की कसौटी के लिए भी यही छ. तत्त्व स्वीकृत हैं। कथा के निर्माण के लिए कथानक का होना अनिवार्य शर्त है। स्पष्ट है कि कथावस्तु ही नही होगी तो कथा का अस्तित्व ही खतरे मे पड़ जायेगा। कथावस्तु के लिए कथानियोजन का चातुर्य आवश्यक है। यह कथाकार की क्षमता पर निर्भर करता है। साहित्य समाज का दर्पण इसीलिए कहा गया है कि लेखक गतिमान् ससार से ही कथावस्तु का नियोजन करता है और उसे समाज के सम्मुख प्रस्तुत कर देता है। कथानक मे घटनाओ और परिस्थितियो की कुतूहलपूर्ण योजना ही कथा की महत्त्वपूर्ण विशेषता होती है। अपभ्रश साहित्य के कथाकारो ने भविसयत्तकहा, पउमचरिउ, करकंडुचरिउ, जसहरचरिउ आदि रच-

१. वसुदेवहिण्डी, प्रका०—जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर, पृ० १.

नाओ के कथा-सगठन मे अद्‌भुत कौशल का परिचय दिया है। कथा की सफलता कथानक के प्रयोग या उसके विकास पर ही निर्भर करती है। कथावस्तु की रोचकता के लिए आवश्यक है कि उसमे प्रयुक्त घटनाएँ अस्वाभाविक न हो, इसीलिए कथानक मे घटनाओ के स्वाभाविक विकास और प्रवाह का विशेष ध्यान रखा जाता है। प्राय· कथानक दो प्रकार के होते हैं : (१) साधारण अथवा स्थूल कथानक, (२) जटिल अथवा सूक्ष्म कथानक।

साधारण या स्थूल कथानक मे चरित्र-चित्रण पर लेखक का ध्यान स्वभावत नही पहुँच पाता, वह घटनाओं की परिधि मे ही घिर जाता है। सूक्ष्म कथानको मे चरित्रोद्‌घाटन और मनोविश्लेषण के लिए पर्याप्त स्थान रहता है। वहा वातावरण के सर्जन मे घटनाओ को भरा नही जाता। कथावस्तु मे कथानक के विकास की पाँच स्थितियाँ होती हैं—शीर्षक, प्रारम्भ, आरोह, मध्यबिन्दु और अन्त। कथा के शीर्षक का चुनाव करना भी एक कला है। कुछ कथाओ के शीर्षक उनके प्रधान पात्रो अथवा नायको के नाम से मिलते हैं और कुछ ·प्रधान पात्राओ के नाम पर। अपभ्रश मे अधिकाश कथाए नायको के नाम से ही हैं। हिन्दी प्रेमाख्यानको मे, विशेषकर सूफियो मे, नायिकाओ के नाम पर ही कथाओ के शीर्षक रखे गए, जैसे—पद्मावती, मृगावती, मधुमालती, कनकावली, पुहुपावती, रतनावली, कवलावती आदि। लगता है यह भी कालगत रूढि ही चली आई थी। कुछ कथाओं के शीर्षक विषय के आधार पर भी रखे जाते हैं।

दूसरा कथा-तत्त्व पात्रो के निर्माण का है। कथावस्तु को सजीव बनाने के लिए पात्रो का होना नितान्त आवश्यक है। पात्रों के निर्माण मे कथाकारो को स्वाभाविक, सजीव और कथा के अनुकूल पात्रो का चुनाव करना होता है। विशिष्ट कथाकार की प्रमुख विशेषता यही है कि वह कथा मे ऐसे जीवन्त पात्रो का चुनाव करे कि वे परिस्थितियो के अनुकूल हो।

पात्रो के निर्माण का प्रश्न जहा समाप्त हुआ वही कथोपकथन का प्रश्न प्रारम्भ होता है। घटनाक्रम को आगे बढाने के लिए तो कथोपकथन का होना आवश्यक है ही, कथा मे रोचकता और प्रभावना लाने के लिए

भी उसका होना आवश्यक है। कथोपकथन से ही कथा मे कुतूहल तत्त्व का समावेश होता है।

वातावरण देश, काल और परिस्थिति के अनुकूल होना चाहिए। पात्रो और घटनाओ को वातावरण के साथ मेल खाना चाहिए। क्योकि वातावरण का सीधा सम्बन्ध पात्रो, घटनाओ और परिस्थितियों से ही होता है। वातावरण की कल्पना दो प्रकार की कीगई है: १ बाह्य, २ आभ्यन्तर। बाह्य वातावरण से तात्पर्य सामाजिक बाह्य स्थितियो से है। आभ्यन्तर वातावरण मानसिक विचारधारा का बोध कराता है। यो दोनो ही एक-दूसरे के पूरक है।

कथा-तत्त्वो मे भाषा-शैली को सर्वाधिक महत्त्व देना चाहिए। कथा पाठक को तभी आकर्षित कर सकती है जब वह बोधगम्य हो। न तो इतनी दुरूह और नीरस हो कि पाठक उसे देखकर ही छोड़ दे और न इतनी चटकीली हो हो। भाषा बोधगम्य, प्रवाहपूर्ण और युगानुरूप होगी तभी वह पाठक को आकर्षित कर सकेगी। भाषा स्वाभाविक हो और पाठक को कुतूहल वृत्ति को जाग्रत करने की क्षमता रखती हो यही उसकी कथागत विशेषता होगी। रसरतन की भाषा मे यह गुण है।

अतिम कथा का तत्त्व उद्देश्य है। ऐसा लोकव्यवहार मे देखा जाता है कि निरुद्देश्य कोई कार्य नही किया जाता। तब कथाएँ क्यो निरुद्देश्य लिखी जाने लगी? "सकल शृङ्गारो से युक्त कन्यालाभ ही कथा का उद्देश्य है" यह आचार्य रुद्रट का मत है किन्तु हिन्दी प्रेमाख्यानको मे इसे ही एकमात्र उद्देश्य नही माना गया है। कन्यालाभ मनुष्य के पुरुषार्थो मे सिर्फ काम के साथ सम्बद्ध है। भारतीय प्रेमाख्यानको में अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष की सम्यक् सिद्धि पर भी ध्यान दिया गया है। कथा मे रस के लिए कन्या-प्रसंग पर जोर अवश्य ही ज्यादा दिया जाता है। अपभ्रंश-प्राकृत प्रेमाख्यानको मे भी कन्यालाभ से ही मात्र उद्देश्य की पूर्ति नही होती। यहाँ दोहरी स्थिति उपस्थित हो जाती है—या यो कहे कि कन्यालाभ तो होता ही है, धर्मलाभ भी होता है। इसका मूलभूत कारण यह है कि प्राकृत-अपभ्रंश के प्रेमाख्यानक हो अथवा अन्य ग्रन्थ, प्राय: ही जैनों द्वारा जैन सिद्धान्तो के प्रतिपादन के लिए रचे गये। अत: कथानक चाहे जिस ढंग के रचे गये, वहाँ व्यक्ति का अन्तिम लक्ष्य मोक्ष-

प्राप्ति ही माना गया। ये ग्रन्थ तव प्रेमाख्यानको की साहित्यिक कोटि मे कैसे रखे जा सकते हैं? इस प्रसंग मे इतना कहना पर्याप्त होगा कि जैनाचार्यो ने, सुन्दर अलकारो से विभूपित, सुस्पष्ट मधुरालाप और भावो से नितान्त मनोहर तथा अनुरागवश स्वय ही शय्या पर उपस्थित नववधू की तरह सुगम, सुश्राव्य, मधुर, सुन्दर शब्दावली से गुम्फित, कौतूहलयुक्त, सरस और आनन्दानुभूति उत्पन्न करने वाली कथा होती है[1], यह परिभाषा दी है। इन सव मूल्यो के रहते उद्देश्य मे यदि प्राय सभी एक ही तरह के उद्देश्यो को लेकर रचनाओ का अन्त करने की परम्पराओ मे वँधे हैं तो भी हमारे साहित्यिक स्तर मे उनसे कोई बाधा नही आती। द्रष्टव्य यह है कि अपभ्रश की उद्देश्य वाली परम्परा से हिन्दी के सभी प्रेमाख्यान अछूते रहे ऐसी बात भी नही है। कथातत्त्वों के निरूपणोपरान्त कथानियोजन पर एक दृष्टिपात आवश्यक है।

चित्रकार किसी चित्र को तूलिका आदि लेकर अकस्मात् नही रच डालता, अपितु चित्र का खाका प्रथम मस्तिष्क मे और तब चित्रपटल पर उकेरता है। भवनशिल्पी भी भवन-निर्माण के पूर्व भवन का मानचित्र वनाता है। इसी प्रकार कथाकार कथानियोजन करता है। यहाँ यह विचार करना अपेक्षित नही कि नियोजन की क्या प्रक्रिया होती है। प्रक्रिया तो कथाकार के ऊपर निर्भर करती है। वह चाहे कल्पित कथानक गढ़कर कथा को रूप दे, चाहे तो ऐतिहासिक घटना को कथा का आधार बनाये अथवा लोक-वार्ताओं को कथा में ढाल दे और वह सभी से कुछ न कुछ ग्रहणकर एक नया आयोजन प्रस्तुत करे। तात्पर्य यह कि कथाकार को कथा के लिखने के पूर्व उसका नियोजन करना आवश्यक है। चेखव का कथन है कि 'यदि कोई कलाकार मुझसे बिना किसी नियोजन के कहानी लिखने की शेखी के साथ केवल प्रेरणा से

---

१ सालकारा सुहया ललिय-पया मउय-मंजु-सलावा।
सहियाण देइ हरिसं उव्वूढा णव-वहू चेव॥
सुकइ-कहा-हय-हियमाण तुम्ह जइ विहुण लग्गए एसा।
पोढा-रयाओ तह वि हु कुणइ विसेस णव-वहुव्व॥

—कुवलयमाला, पृ० ४

कहानी लिखने का दम भरता है तो मैं उसे झक्की कहूंगा।' यदि कथाकार कथानियोजन को स्वीकारता है तो उसकी कोई कमजोरी नही है। कविता, मुक्तक या गीत विना नियोजन के एक उद्गाररूप में सामने आ सकते हैं। फिर भी उसमें किसी न किसी वाह्य या अन्तस्थ सूक्ष्म नियोजना को स्वीकार करना ही होगा। जॉयस केरी का मत है कि लेखक लिखने के पूर्व अपने से पूछता है कि 'मुझे कैसे चरित्रों की आवश्यकता है? प्रमुख पात्र किस प्रकार के हो? पृष्ठभूमि क्या हो? सामान्य योजना क्या हो? यहाँ तक कि यदि वह कथा प्रारम्भ करते समय कथावस्तु का नियोजन नही करता तो भी अपने पात्रों के चुनाव मे तथा क्रियात्मक प्रणाली के लिए एक सामान्य विचार तो स्थिर करता ही है।'[2]

कथा की परिभाषा के सम्वन्ध मे प्रवन्ध के प्रास्ताविक में रुद्रट की मान्यता का मैंने उल्लेख किया था। वे मानते हैं कि कथा के प्रारम्भ में इष्ट देव-गुरु आदि को नमस्कार करने के वाद अपने कुल का और कर्ता का उल्लेख करना चाहिए। कथा का उद्देश्य सकल शृङ्गार से युक्त कन्याप्राप्ति है। अस्तु, इस परिभाषा के अनुसार प्रेमाख्यानको को देखने से लगता है कि अधिकाश ने अपनी कथा-नियोजन की यही प्रणाली रखी है। पुहकर ने अपनी रचना रसरतन को 'दतकथा' कहा है। जैसा कि इस संदर्भ में पहले कह दिया गया है कि कथा का नियोजन काल्पनिक आधार पर किया गया है अथवा ऐतिहासिक या इतिहास और कल्पना के

---

1 " If an artist boasted to me of having written a story without a previously settled design, but by inspiration, I should call him a lunatic "—Novelist on the Novels

2 "He asks himself to start with 'what character shall I need? What kind of leading characters? What background? What general scheme?' Even if he does not design a plot to begin with, he forms, and has to form, a general idea of working out in action of his choice of characters" —Joyce Cary, Art and Reality, p 96

मेल से—यह लेखक के ऊपर निर्भर है। 'दंतकथा' से मतलब काल्पनिक कथा से होता है। पुहकर कहते हैं .

पहले दंत कथा हम सुनी। तिहि पर छंद वंद हम गुनी।
अवनन सुनी कथा हम थोरी। कछुवक आप उकति ते जोरी॥

—आदिखड, ८८.

रुद्रट की परिभाषा के अनुसार 'रसरतन' कसौटी पर खरा उतरता है। आदि मे पुहकर ने देवता के त्रिरूप की वंदना की है :

अगुन रूप निर्गुन निरूप बहुगुन विस्तारन।
अविनासी अवगति अनादि अप अटक निबारन॥
घट घट प्रगट प्रसिद्ध गुप्त निरलेख निरंजन।
तुम त्रिरूप तुम त्रिगुन तुमहि जैपुर अनुरजन॥

गणेश आदि देवताओ की वंदना के वाद इन्होने अपने पूर्ववर्ती कवियो का स्मरण किया है .

प्रथम सेष अरु व्यासुदेव सुषदेवहं पायौ।
वालमीक श्रीहर्ष कालिदासहं गुन गायौ॥
माघ माघ दिन जेमि वांन जयदेव सुदंडिय।
भानदत्त उदयेन चंद वरदाइक चंडिय॥
यं काव्य सरस विद्या निपुन वाकवानि कठह धरन।
कविराज सकल गुन गन तिलक सुकवि पोहकर वंदत चरन॥

—आदिखण्ड, १२

इसके बाद कथा के शीर्षक का नामकरण करके छत्रसिंहासन का वर्णन किया है। इसमे जहाँगीर की प्रशस्ति है।[1] तदुपरान्त कविकुल का सविस्तार वर्णन है।[2] तब कथाप्रसग के उल्लेख के साथ कवि कथानक की ओर अग्रसर हुआ है। कथा मे प्रेम, अपहरण, विवाह, विछोह, वारहमासा आदि की रचना उल्लेखनीय ढंग से हुई है। कन्या-लाभ को पुहकर स्वयं फल के रूप मे स्वीकार करते हैं .

१-२. रसरतन, स०—डा० शिवप्रसाद सिंह, पृ० ५-६.

जिहि कारन भव दधि मथ्यौ, अरु दुष सह्यो अपार।
जप तप सो त्रिय पाइ कै, त्रिपित भये तिहि वार ॥ स्वयवरखंड, ३२६.

किन्तु रसरतन का कथाकार रुद्रट की परिभाषा मे ही बंधा नही रहता। वह अन्त मे अद्वैतदर्शन के आधार पर सृष्टि, जीव और मुक्ति का रहस्य समझाता है। इस पूरी कथा को एक आध्यात्मिक अर्थ दे देने का संकेत भी करता है।

सूफी प्रेमाख्यानको मे भी कथानियोजन की दृष्टि से कोई मौलिक अन्तर नही दिखाई पडता। यहाँ कतिपय उदाहरणो से बात स्पष्ट हो जायेगी। चन्दायन में काव्य के आरम्भ में सृष्टिकर्ता की स्तुति की गई है :[1]

पहिले गावउं सिरजनहारा। जिन सिरजा इह देवस बयारा ॥१॥
सिरजसि धरती और अकासू। सिरजसि मेरु मंदर कबिलासू ॥२॥

इसके बाद पैगम्बर की स्तुति इस प्रकार की है :[2]

पुरुख एक सिरजसि उजियारा। नाँउ मुहम्मद जगत पियारा ॥१॥
सहि लगि सबै पिरिथिमी सिरी। औ तिह नाँउ मौनदी फिरी ॥२॥

चार यार का उल्लेख :[3]

अबाबकर उमर उसमान, अली सिंघ ये चारि ॥६॥
जे निदतु विज तिस, तुरहि झाले मारि ॥७॥

शाहेवक्त फिरोजशाह की सराहना :[4]

साहि फिरोज दिल्ली वड़ राजा। छात पाट औ टोपी छाजा ॥१॥
एक पण्डित औ है पडिन्नाहा। दान अपुरिस सराहै काहा ॥२॥

गुरु-प्रशंसा :

सेख जैनदी हों पथिलावा। धरम पन्थ जिह पाप गंवावा ॥१॥
पाप दीन्ह मै गांग बहाई। धरम नाव हौं लीन्ह चढ़ाई ॥२॥

तदनन्तर नगरवर्णन से कथा आरम्भ होती है। इसी तरह मंझनकृत मधुमालती मे भी प्रथम ईश्वर की वन्दना है—१-७ तक।

१-४ चन्दायन, सं०—डा० परमेश्वरीलाल गुप्त, पृ० ८१-८२.

मुहम्मद साहव की प्रशंसा :

मूल मुहम्मद सभ जग साखा। विधि नौ लाख मदुक सिर राखा॥
ओहि पटतर दोसर कोइ नाहीं। वह सरीर यह सभ परिछाहीं॥
ऊंचै कहौं पुकारि कै जगत सुनै सभ कोई।
परगट नाउं मुहम्मद गुपुत जो जानिय सोइ॥ ८॥

चार यार का उल्लेख :

अव सुनु चहूं मीत कै बाता। सत नियाउ सास्तर के दाता॥
प्रथमहि अबावकर परवानां। सत गुर बचन मत जिय जाना॥
दूजें उमर नियाउ के राजा। जेइं सुत पितैं हना बिधि काजा॥
तीजें ठाउ राउ उसमाना। जेइं रे भेद बेद का जाना॥
चौथें अली सिंघ बहु गुनी। दान खरग जेइं साधी दुनी॥ ९॥

शाह सलीम शाहेवक्त के वर्णन के बाद गुरु की स्तुति इस प्रकार है

सेख बड़े जग बिधि पियारा। ज्ञान गरुअ औ रूप अपारा॥
संवरि नाउं परसै जौ आवै। ज्ञान लाभ होइ पाप गंवावै॥
गुरु दरसन दुख धोवन धनि धनि दिस्टि जो भाउ।
जो गुरु सिक्ख दिस्टि प्रतिपालै सो चारिहुं जुग राउ॥१४॥

इसके वाद पीर औलिया आदि की प्रशसा के वाद नगरवर्णन से कथा प्रारम्भ होती है। इन उदाहरणो को देने का उद्देश्य सिर्फ इतना है कि इसी ढग पर मिरगावती, पद्मावत, चित्रावली आदि सभी प्रेमाख्यानको मे कथानियोजन का ढग रहा है।

सभी कथाएँ अपने-अपने विषयानुकूल परिस्थितियो मे ढले रहने पर भी एक ही क्रम से आगे बढती हैं। प्राय ही राजा या रानी अथवा दोनो नि सन्तान होने के कारण दु खी रहते हैं। भगवद्भक्ति अथवा किसी महात्मा की कृपा से पुत्ररत्न या कन्यारत्न की प्राप्ति होती है। पुत्रोत्पत्ति पर नाना ज्योतिषाचार्य जुटते है। पुत्र अत्यधिक भाग्यवान् होता है परन्तु विरह का दु ख उसके भाग्य में लिखा रहता है जो अपनी अवधि मे समाप्त हो जायेगा आदि भविष्यवाणियाँ की जाती हैं। भविष्यवाणियाँ सच घटित होती हैं।

उद्धार या प्रेम, १४ गणिका द्वारा दरिद्र नायक का स्वीकार और उसकी माता द्वारा तिरस्कार, १५. भरण्ड और गरुड आदि के द्वारा प्रिय युगलों का स्थानान्तरण, १६ पिपासा और जल की खोज मे जाते समय असुर-दर्शन और प्रियावियोग, १७. ऊजड नगर, १८. प्रिया की दोहद कामना की पूर्ति के लिए प्रिय का असाध्य साधन का सकल्प, १९. शत्रु-सतापित सरदार को उसकी प्रिया के साथ शरण देना और फलस्वरूप युद्ध इत्यादि।[1] नीचे कतिपय प्रेमाख्यानको की कथानक-रूढियो अथवा कथाभिप्रायो का सक्षिप्त परिचय प्रस्तुत है :

चन्दायन (दाऊद) की कथानक-रूढ़ियाँ

१ ईश्वर-वदना : मुहम्मदसाहब, चारमीत, शाहेवक्त दिल्ली सुलतान फीरोजशाह की प्रशस्ति आदि।

२ वस्तु-वर्णन के अन्तर्गत नगर तथा उसमे अमराइयो, सरोवरा, मन्दिर, नगर की खाईं, दुर्ग आदि का वर्णन।

३ पुरुषत्वहीन पति को छोड़कर परपुरुष के साथ भागना।

४ परस्त्री को अन्य पुरुष का भगा ले जाना चांद लोरक को भागने के लिए तैयार करती है।

५ रूप-गुणजन्य आकर्षण चन्दायन मे रूपचन्द ने जब बाजिर से चाँद की प्रशसा सुनी तो वह व्याकुल हो उठा और उसे प्राप्त करने की चेष्टा मे लग गया।

६ नायिका का अपहरण लोरक चाँद को मदिर मे छोड़ स्वयं बाजार चला जाता है तभी टूँटा अवसर का लाभ उठाता है और चांद को सम्मोहित करके उसका अपहरण कर लेता है।

७ पत्नी के सतीत्व की परीक्षा लोरक हरदीपाटन से लौटने पर मैना के सतीत्व को परखता है।

८ प्रवासी पति के वियोग मे पत्नी का क्षीण हो जाना : मैना लोरक के विरह मे (निसदिन झुरवइ आस बैआसी) रात-दिन झुरसती है।

९ नायक का योगी के वेष मे भटकना . चन्दायन मे विरस्पत के कथनानुसार लोरक जोगी बनकर मदिर मे जा बैठा। वह एक वर्ष तक मदिर की सेवा और चाँद के प्रेम को कामना करता रहा।

---

१ डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी, हिन्दी साहित्य का आदिकाल, पृ० ७४-७५.

१० किसो दैवी शक्ति या गुनी द्वारा नायिका की प्राण रक्षा चन्दायन मे चाँद को दो-दो बार साँप डंसता है, परन्तु गुनी आकर उसके प्राणों की दोनो बार रक्षा करता है।

मंझनकृत मधुमालती की कथानक-रूढ़ियां

१ मंगलाचरण रूप मे स्तुति, मुहम्मद साहब, चारमित्र आदि की प्रशसा। दुर्जन-निन्दा, सज्जन-प्रशंसा।

२ कनेगिरगढ नामक नगर का वर्णन।

३ सन्तानहीन राजा सूरजभान का एक तपस्वी की १२ वर्ष की सेवा के बाद सन्तानोत्पत्ति।

४ भविष्यवाणी . राजा को पुत्रोत्पन्न हुआ, उसके विषय मे ज्योतिषियो ने भविष्यवाणियाँ की।

५ राजकुमार को शय्यासहित अप्सराओ द्वारा उठा ले जाना राजकुमार मनोहर जब लगभग १५ वर्ष के हुए तो अप्सराओ ने उनके सौन्दर्य के अनुरूप कन्या दिलाने की सोचकर उन्हे मधुमालती के शयनागार में उनकी शय्यासहित पहुँचा दिया।

६ पूर्वानुराग मनोहर और मधुमालती ने एक-दूसरे को देखकर पूर्वभव से परिचित होने का स्मरण कर लिया और प्रेमासक्त हुए।

७ अभिज्ञान · दोनो ने आपस मे मुद्रिकाए बदल ली और सो गए।

८. शय्याओ का पुन यथास्थान पहुँचाना संयोग के बाद अप्सराओं ने पुन. राजकुमार को उनकी शय्यासहित घर पहुँचा दिया।

९ नायक का योगी वेष धारण करना · मनोहर ने मधुमालती की खोज करने के लिए योगी का वेष धारण किया।

१० जलयान का टूटना और नायक का बचना कुमार मधुमालती की खोज मे चलते-चलते समुद्रतट पर पहुँचे और सदल-बल जलयान पर बैठे। जलयान समुद्र की भवर मे पड़कर टूट गया। उसमे से कुमार दैवी-दृष्टि से बच गए और एक घने जगल के पास समुद्र के किनारे जा लगे।

११ असम्भावित घटना द्वारा सहायता वन में आगे बढने पर मधुमालती की सखी राजकुमारी से भेंट और उसके द्वारा मधुमालती का पता बताना।

चन्दायन मे लोरक ने चन्दा को पाने के लिए योगी का वेश धारण किया तो पद्मावत मे रतनसेन पद्मावती के लिए योगी बना। मधुमालती मे मनोहर ने अपनी प्रेयसी को पाने के लिए योग रमाया और चित्रावली मे सुजान भी योगी बनता है। इस तरह के प्रायः ही समान प्रसग प्रेमाख्यानको के कथा-नियोजन मे मिलते है। अपने पूर्ववर्ती अपभ्रंश चरित-कथाकाव्यो की पृष्ठभूमि मे प्रणीत हिन्दी प्रेमाख्यानको मे कथाभिप्रायो की भी कमी नही है। वास्तव मे किसी भी कथा के कथानक को गति प्रदान करने मे 'अभिप्राय' अथवा कथानकरूढि अद्वितीय साधन है।

वर्तमान मे हम जिस 'कथाभिप्राय' शब्द का प्रयाग करते है साहित्य-शास्त्र मे उसे 'कविसमय' कहा गया है। राजशेखर ने अशास्त्रीय, अलौकिक और परम्परागत जिन अर्थो को कवि उपनिवन्धित करते है—कविसमय की सज्ञा दी है।[1] 'कथाभिप्राय' के सन्दर्भ मे यह स्पष्ट कर देना आवश्यक प्रतीत होता है कि अभिप्राय सर्वथा असत्य या अशास्त्रीय नही होते। प्रतीकरूप में प्रयुक्त अभिप्राय अपना निजी मूल्य रखते हैं। मूलतः 'कथाभिप्राय' का प्रयोग हिन्दी मे 'मोटिफ' के लिए किया जाता है। शिप्ले के अनुसार 'अभिप्राय' वह शब्द या ढाँचे में ढला विचार है जो समान परिस्थितियों मे या समान मनःस्थिति उत्पन्न करने के लिए किसी एक कृति अथवा विभिन्न कृतियो मे पुन-पुन आता है।[2] इस परिभाषा को युक्तिपूर्ण कहना संगत होगा। 'अभिप्राय' कथानक मे घटना-क्रम के अनुसार कथा मे नया मोड़ लाने के लिए अथवा चमत्कार दिखाने के लिए भी प्रयुक्त किये जाते हैं। 'अभिप्राय सवसे छोटा, पहचान मे आने वाला तत्त्व है जो कि एक सम्पूर्ण कहानी का निर्माण कर देता है।'[3]

---

१. अशास्त्रीयमलौकिक च परम्परायात यमर्थमुपनिवन्धन्ति कवय. स कविसमय।—काव्यमीमासा, पृ० १९०.

2 'Motif—A word or a pattern of thought which recurs in a similar situation or to evoke a similar mood within a work or in various works of a genre'—T Shiple, Dictionaryof World Literature, p 274

3 The motif is the smallest recognizable element that goes to make up a complete story —Ibid., p 247

हिन्दी-जगत् मे कथानक-रूढियो के प्रथम प्रस्तोता हैं आचार्य हजारी-प्रसाद द्विवेदी। ऐतिहासिक चरितकाव्यो के प्रसग मे आचार्य जी ने लिखा है—'ऐतिहासिक चरित का लेखक सभावनाओं पर अधिक बल देता है। सम्भावनाओ पर बल देने का परिणाम यह हुआ कि हमारे देश के साहित्य मे कथानक को गति और घुमाव देने के लिए कुछ ऐसे अभिप्राय दीर्घकाल से व्यवहृत होते आ रहे हैं जो बहुत थोडी दूर तक यथार्थ होते हैं और आगे चलकर कथानक-रूढि मे बदल जाते हैं।'[1] कथानकरूढ़ि के स्रोतो के रूप मे लोक-साहित्य या लोककथाओ को स्वीकार किया जा सकता है। ब्लूमफील्ड, पेजर, बेनिफी, टानी, वेबर, ब्राउन आदि विद्वान् ऐसे हैं जिन्होने भारतीय कथानक-रूढियो का विस्तृत विवेचन किया है। कथाभिप्रायो पर विशेष विचार हम अपभ्रश कथाओ की कथानक रूढियो का विश्लेषण करते समय अगले अध्याय मे करेंगे। कथाभिप्राय विषय की दृष्टि से घटनाप्रधान अथवा लोकविश्वासो पर आधारित और विचारप्रधान अथवा कवि-कल्पित दो प्रकार के होते है। इन्ही से अनेकों उपभेद हो जाते हैं।

रासो की कथानकरूढियो पर विचार करते समय आचार्य हजारी-प्रसाद जी ने जिन कथाभिप्रायो का उल्लेख किया है वे इस प्रकार है :

१ कहानी कहने वाला सुग्गा, स्वप्न में प्रिय का दर्शन, चित्र देखकर, भिक्षुओ आदि से सौन्दर्यवर्णन सुनकर किसी पर मोहित होना, २ मुनि का शाप, ३ रूप-परिवर्तन, ४. लिंग-परिवर्तन, ५ परकाय-प्रवेश, आकाशवाणी, ६ अभिज्ञान या सहदानी, ७ परिचारिका का राजा से प्रेम और अन्त मे उसका राजकन्या और रानी की बहन के रूप मे अभिज्ञान, ८ नायक का औदार्य, ९ षड्ऋतु और बारहमासा के माध्यम से विरह-वेदना, १० हस-कपोत आदि से सदेश भेजना, ११ घोड़े का आखेट के समय निर्जन वन मे पहुँच जाना, मार्ग भूलना, मानसरोवर पर किसी सुन्दर स्त्री या उसकी मूर्ति का दिखाई देना, फिर प्रेम और प्रयत्न, १२ विजयवन मे सुन्दरियो से साक्षात्कार, १३ युद्ध करके शत्रु से या मत्त हाथी के आक्रमण से या कापालिक की बलिवेदी से सुन्दर स्त्री का

---

१. डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी, हिन्दी साहित्य का आदिकाल, पृ० ७४.

१२ प्रेमबाधक तत्त्व . वन मे राक्षस से युद्ध और राक्षस का मारा जाना।

१२ राक्षस का प्राण किसी अन्य वस्तु मे : राक्षस का प्राण इस कथा मे एक अमृतवृक्ष मे दिखाया गया है।

१४ नायिका का पक्षी बन जाना और पुन· नायक का भटकना इस कथा मे मधु की माँ ने प्रेमा के घर पर मनोहर और मधु को मिलते देख लिया था अत लोकभय से मधु को पानी छिड़ककर पछी बना दिया।

१५ उपनायक की सहायता से मधु पक्षी के रूप से पुनः पूर्ववर्ती नारी रूप धारण करती है।

१६ बारहमासा : मधु ने सदेशवाहको से अपना दु.ख कहलाया और अपने बारहमास का दु ख भी कहा।

जायसीकृत चित्ररेखा की कथानक-रूढ़ियां

१. ईश्वरस्तुति, पीर, गुरु, मित्र आदि की प्रशस्ति।

२ वाह्याडम्वरो का खण्डन।

३ राजा चन्द्रभानु के यहाँ गुणवती चित्ररेखा की उत्पत्ति, ज्योतिषियो की भविष्यवाणी कि यह कन्नौज की रानी होगी।

४. कन्नौज के राजा का नि·सतान होना। तपश्चरण के बाद पुत्रोत्पत्ति। परन्तु पुत्र के अल्पायु होने की ज्योतिषियो की घोषणा।

५. प्रीतमकुवर का काशी के मार्ग मे मृत्युभय से मूर्च्छित होना। सिंघनदेव का उसी मार्ग से अपने कुबड़े बेटे के विवाह के लिए जाना और प्रीतमकुँवर को कुबड़े बेटे के स्थान पर वर बनने को राजी करना।

६. सिंघनदेव ने उसे वीडा दिया। वर के रूप मे विवाह किया। सातखड के धौरहरे पर चित्ररेखा के साथ सुलाया गया। मृत्यु की याद आते ही चित्ररेखा की साड़ी पर लिखकर काशी जाना।

७ काशी मे दान देते समय व्यास जी से अचानक "चिरंजीव" का आशीर्वाद।

८. चित्ररेखा के आत्मदाह की तैयारी और इसका आयु प्राप्त कर वहाँ पहुँचना तथा चित्ररेखा को पाना।

पदमावत में कथानक-रूढ़ियाँ

१ सिंहलदीप ।

२. संदेशवाहक शुक ।

३. शुक का पकडा जाना और चित्तौड के ब्राह्मण द्वारा खरीदना ।

४ ब्राह्मण से राजा द्वारा क्रय किया जाना ।

५. रानी द्वारा पद्मिनी के सौतरूप मे आगमन की आशका से शुक को मारने का असफल प्रयास ।

६ एक राजा द्वारा शुक से पद्मिनी का रूप-वर्णन सुना जाना और मोहित होना ।

७. राजा द्वारा पहली रानी, राज्यादि का त्यागकर शुक का अनुगमन करना ।

८ राजा नौका से सात समुद्र पार करता है ।

९ सिंहल के अगम्य गढ मे रानी का निवास ।

१० शिव-मदिर मे राजा की तपस्या और वसतपचमी के दिन पद्मिनी का आगमन ।

११. राजा का मूर्च्छित होना और पद्मिनी का राजा की छाती पर कुछ सदेश लिखकर जाना ।

१२ सुध आने पर राजा का दु ख ।

१३. राजा की प्रेम परीक्षा—पार्वती द्वारा ।

१४. महादेव जी द्वारा गढ का मार्ग बताना और सिद्धि प्रदान करना ।

१५. गढ पर चढ़ाई, अगाध कुंड मे प्रवेश कर वज्र किवाड़ो को खोलना ।

१६. राजा का महल मे पकडा जाना और सूली पर चढाने का आदेश ।

१७. शिव-पार्वती का वेश बदलकर पद्मिनी के पिता को समझाना और उसका न मानना ।

१८. युद्ध की घोषणा, जोगी राजा की ओर से हनुमान, विष्णु और शिव को देख पद्मिनी के पिता का हार मानना ।

१९. पद्मावती रत्नसेन की हुई ।

२० नागमती ने पक्षी द्वारा रतनसेन को अपना सदेश भेजा ।

२१ रतनसेन बहुत सामग्री और पद्मावती को लेकर सिंहल से विदा हुआ।

२२. समुद्र का याचक बनकर धन मांगना और राजा का निषेध।

२३. समुद्र मे तूफान से अटककर जहाज लंका पहुँच गये जहां एक राक्षस भुलावा देकर एक अन्य समुद्र मे ले गया।

२४ राक्षस का राजपक्षी द्वारा लेकर उड़ जाना।

२५. जहाज टूट गया, रतनसेन और पद्मावती अलग-अलग वह गये।

२६ पद्मावती को लक्ष्मी ने बचाया।

२७. लक्ष्मी का रतनसेन को लाने का आश्वासन।

२८. रतनसेन की समुद्र ने ब्राह्मण का वेश धारणकर सहायता की ओर जहाँ पद्मावती थी वहाँ ले गया।

२९ लक्ष्मी द्वारा रतनसेन की परीक्षा।

३०. समुद्र ने अमृत, हस, सोनहा पक्षी, शार्दूल और पारस पत्थर देकर रतनसेन को विदा किया।

३१ लक्ष्मी के दिये बाड़े म रत्न लेकर लाव-लश्कर जगन्नाथ मे खरीदा और चित्तौड़ को चले।

३२ नागमती को देव ने पति के आने की सूचना दी।

३३. एक महापडित राघवचेतन ने आकर काव्य सुनाकर राजा को वश मे कर लिया।

३४ राघव द्वारा यक्षिणी-सिद्धि से प्रतिपदा को दूज का चन्द्रमा दिखाया जाना और पंडितो का अपमान।

३५ राघवचेतन को देश-निकाला।

३६ राघवचेतन द्वारा पद्मिनी का दर्शन और उसका कगन ग्रहण करना।

३७ पद्मिनी के रूप से वह बेहोश हो गया।

३८ राघव द्वारा अलाउद्दीन से पद्मिनी के सौन्दर्य का बखान और अमोल रत्नो की सूचना।

३९. अलाउद्दीन का रतनसेन को पत्र और रतनसेन द्वारा अस्वीकृति।

४०. घमासान युद्ध।

४१. कन्नौज के मलिक जहांगीर ने अलाउद्दीन के कहने पर नृत्य करती हुई एक नर्तकी पर बाण द्वारा प्रहार।

४२ अलाउद्दीन और रतनसेन मे सधि।

४३ अलाउद्दीन चित्तौड देखने गया। झरोखे से पद्मिनी का दीखना और सुलतान का बेहोश हो जाना।

४४. गढ से लौटते हुए शाह ने राजा को धोखे से बन्दी बनाया।

४५ राजा देवपाल द्वारा पद्मिनी को फुसलाने के लिए दूती भेजी।

४६. दूती की असफलता और उसका निष्कासन।

४७ शाह द्वारा पातुर जोगिन दूती को पद्मावती के पास भेजना।

४८. जोगिन के कहने से पद्मावती तैयार हुई पर सखियो ने रोका।

४९. गोरा-बादल द्वारा रतनसेन को छुडाने का वचन।

५०. बादल की नव-विवाहिता पत्नी द्वारा उसे रोका जाना और उसका न रुकना।

५१. सोलह सौ डोलियाँ सजाई गईं जिनमे पद्मिनी की सखियो के स्थान पर सैनिक दिल्ली गये।

५२. शाह से पद्मिनी को सोलह सौ सखियो के साथ आगमन की सूचना देकर रतनसेन से प्रथम मिलने की आज्ञा प्राप्त करना।

५३. इस विधि से रतनसेन का छुडा लेना और रतनसेन का चित्तौड़ की ओर आना।

५४. बादल रतनसेन के साथ चित्तौड लौटा, गोरा ने शाह की सेना को रोका, युद्ध में मारा गया।

५५. राजा चित्तौड पहुचा। पद्मावती द्वारा देवपाल की दूती का समाचार देना।

५६. राजा ने देवपाल पर चढ़ाई की और उसे मार डाला।

५७. राजा को देवपाल की सेल का घाव लग जाने से उसकी मृत्यु।

५८. नागमती व पद्मावती का सती होना।

लक्ष्मणसेन-पद्मावती की कथानक-रूढ़ियाँ

(यह कथा सूफी प्रेमाख्यानको से भिन्न है)

१. प्रारम्भ मे मगलाचरणरूप मे गणपति को नमस्कार किया

---

१. डा० सत्येन्द्र, मध्ययुगीन हिन्दी साहित्य का लोकतात्विक अध्ययन, पृ० २७९-८२.

गया है।

२. सिद्धनाथ नामक योगी कापालिक आकाश मार्ग से गमन करता और सर्वत्र उत्पात मचाता है।

३. पद्मावती नामक राजकुमारी को प्राप्त करने के लिए उसने एक सौ राजाओं के शिरोच्छेदन का प्रण किया और सबका अपहरण करके अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए एक कुएँ मे डाल दिया।

४. लक्ष्मणसेन को भी छल करके सिद्धनाथ ने कुएँ मे डाल दिया।

५. लक्ष्मणसेन ने सभी राजाओं को मुक्त किया। इस पराक्रम से वह अत्यधिक थक गया और प्यास से व्याकुल हो जल की तलाश में सामोर नगर के पास एक सरोवर के तट पर पहुँचा। वहाँ पद्मावती के साक्षात् दर्शन से उसके प्रति आकृष्ट हुआ।

६. कवि ने पद्मिनी, चित्रणी, शंखिनी और हस्तिनी के भेद से स्त्रियो का परिचय कराया है।

७. पद्मावती के स्वयंवर मे लक्ष्मणसेन ने ब्राह्मण के वेष में सभी राजाओ को परास्त करके पद्मावती का वरण किया।

८. योगी ने राजा से पद्मावती के प्रथम पुत्र की याचना की। पुत्रोत्पत्ति के बाद राजा का पुत्र के साथ योगी के पास पहुँचना। योगी के आदेशानुसार पुत्र के चार टुकड़े करना। कटे हुए टुकडे चमत्कारिक ढग से खड्ग, धनुष-बाण, वस्त्र और कन्या मे परिवर्तित।

९. राजा का पागल होना और जगल मे जाना। एक धनकुबेर के लड़के की डूबने से रक्षा की और उसका कृपापात्र बना।

१०. धारानगर की राजकुमारी से प्रेम और विवाह।

चतुर्भुजदासकृत मधुमालतीवार्ता की कथानक-रूढ़ियाँ

१. मंगलाचरण के रूप मे गणेश जी की वदना।

२. राजा की पुत्री और उसी के मत्री का पुत्र। दोनो का रामसरोवर पर जाना और एक-दूसरे के प्रति आकर्षण।

३. पुरोहित नद के यहाँ राजकुमारी और मत्रीपुत्र का पढने जाना। गुरु की अनुपस्थिति मे राजकुमारी मालती का पर्दा हटाकर मधु को देखना और उससे प्रेम-प्रस्ताव करना।

४. मधु द्वारा मालती को वैषम्य के विषय मे मृग और सिंहनी की कथा द्वारा समाधान करना। परन्तु मालती का भी अपने पक्ष के समर्थन मे दृष्टान्त देना।

५. मधु का हठ और नद के यहाँ पढना बद करना।

६. मधु का गुलेल लेकर रामसरोवर पर विनोदार्थ जाने लगना। वहाँ नगर की अन्य स्त्रियों का पानी भरने के बहाने आना तथा मधु को चाहने लगना।

७. मालती भी अपनी सखी जैतमाल के साथ रामसरोवर आने लगी और व्यग्य करने लगी।

८. मालती द्वारा मधु को पूर्वभव का स्मरण कराना।

९. मालती द्वारा मधु पर वशीकरण मन्त्रो का प्रयोग और गठ-बन्धन।

१०. नवदम्पति का वाटिका मे रहने लगना और माली द्वारा राजा को सूचना। राजा ने दोनो के वध का निश्चय किया।

११. मालती ने भागने की सलाह दी। परन्तु मधु ने अस्वीकार किया और श्रीहरि, सूर्य और शकर से प्रार्थना की। शकरजी ने रक्षा का वचन दिया।

१२. राजा द्वारा वध का प्रयास, मधु द्वारा सभी निष्फल कर दिये गए।

१३. राजा ने पुन विराट सेना भेजी। मालती ने केशव का स्मरण किया। केशव ने रक्षार्थ दो भारड पक्षियो को भेज दिया। शिव-दुर्गा ने एक सिंह भेज दिया। इस प्रकार राजा की चर्म-मडित सेना भी भाग गई।

१४. दुर्गा ने प्रकट होकर राजा की भूल बताई। राजा ने क्षमा-याचना की और मालती तथा जैतमाल का मधु के साथ विवाह किया।

छिताईवार्ता की कथानक-रूढ़ियाँ

१. चित्रकला के प्रदर्शन के लिए रामदेव राजा द्वारा नवीन प्रासाद मे चित्रशाला का निर्माण कराया जाना। राजकन्या छिताई का चित्रशाला देखने आना। उसके सौदर्य को देखकर चित्रकार का मूर्च्छित होना।

२. छिताई के पति सोरसी का मृगया के लिए जाना। मृग भर्तृहरि के आश्रम मे पहुँचा। उनके निषेध करने पर भी सोरसी ने मृग को नही छोडा तो उन्होने छिताई के अन्य पुरुष के वश मे होने का शाप दे दिया।

३. चित्रकार छिताई का चित्र बादशाह अलाउद्दीन को दिल्ली जाकर दिखाता है। बादशाह उसे प्राप्त करने का उपक्रम करने लगता है।

४. देवगिरि के किले को अलाउद्दीन घेर लेता है। फिर भी तोड नही पाता। राघवचेतन मंत्रशक्ति से हंसारूढ पद्मावती का दर्शन करके किले के गुप्त भेदों को जान लेता है।

५. अलाउद्दीन द्वारा प्रेषित दूतियाँ छिताई को पथभ्रष्ट करने का असफल प्रयास करती हैं।

६ छिताई का सुरग के मार्ग से "शिव-लिग" पूजन के लिए जाना और अलाउद्दीन द्वारा अपहरण।

७ सोरसी का योगीवेष धारण कर लेना। दिल्ली के निकटवर्ती वन मे वीणा निनादित करना जिससे समस्त जीव-जन्तु मुग्ध होकर उसके पास आ गए।

८. एक वीणा, जिसे सोरंसी ही वजा सकता था, छिताई ने दिल्ली के प्रसिद्ध कलाकार गोपाल नायक के यहाँ रख छोडी थी। सोरंसी जब उसके यहाँ पहुँचा तो उसने वह वीणा वजा दी। छिताई को यह समाचार मिला। संगीत आयोजन मे बादशाह द्वारा सोरंसी का परिचय प्राप्त होना और छिताई को उसे सौंपना।

रसरतन की कथानक-रूढ़ियाँ

१. मगलाचरण, शाहेवक्त आदि की प्रशस्ति, दुर्जन-निन्दा, सज्जन-प्रशंसा आदि।

२ पूर्ववर्ती कवियो का उल्लेख।

३ ईश्वरोपासना से सन्तानहीन दपति को पुत्रोत्पत्ति : राजा सोमेश्वर और पटरानी कमलावती को शिवाराधना से पुत्र उत्पन्न होता है।

४ स्वप्नदर्शन : रंभा को कामदेव सूरसेन के रूप मे दर्शन देकर और उसी प्रकार रति रंभा के रूप मे सूरसेन को स्वप्न दिखाकर आकृष्ट करती है।

५. आकाशवाणी . विरहाग्नि से रभा की अवस्था क्षीण हो जाती है तभी आकाशवाणी होती है।

६ बारहमासा।

७ अभिज्ञान या सहदानी : वैरागर जाकर बुद्धिविचित्र चित्रकार सूरसेन को रभा का चित्र दिखलाता है जिसे पहचानकर उसकी उन्मत्तावस्था दूर हो जाती है, उसी प्रकार सूरसेन के चित्र को देखकर रंभा अपने प्रिय को पहचान लेती है।

८. सूरसेन को मानसरोवर के किनारे से उठाकर अप्सराएँ ब्रह्मकुण्ड ले जाती हैं जहाँ वे अपनी शापित सखी कल्पलता का गन्धर्व रीति से विवाह रच देती है।

९ अप्सरा-नृत्य - सूरसेन अप्सरा पत्नी से विवाहोपरान्त उसकी सखियों का नृत्य देखता है।

१०. शिव-पूजा के बहाने रभा सूरसेन से आकर मिलती है।

११. राजकुमार सूरसेन रंभा का पता लगाने को योगी-वेष धारण करता है।

१२. सूरसेन की वीणा से पशु-पक्षी मोहित हो जाते हैं। चपावती की स्त्रियाँ वीणा सुनकर विपरीत आचरण करने लगती है।

१३. विद्यापति नामक शुक कल्पलता के विरह का सदेश लेकर चपावती आता है।[1]

समयसुन्दरकृत मृगावती की कथानक-रूढ़ियां

१. जिनेन्द्र-स्तुति।

२. रानी मृगावती को रक्त मे स्नान करने का दोहद हुआ।

३. रक्त के स्थान पर राजा ने लाक्षारस से तालाब भर दिया। रानी ने उसमे स्नान किया।

४. रानी स्नान करके तालाब से बाहर निकली तभी गरुड पक्षी ने मांसपिंड समझकर उस पर झपट्टा मारा और ले उड़ा।

५. घने जगल मे गरुड़ ने रानी को छोड दिया। वही एक ऋषि के आश्रम मे पुत्र उदयन उत्पन्न हुआ।

६. रानी ने उदयन को राजा के नाम से अकित एक आभूषण पहना दिया। भील द्वारा पशु-वध किया जा रहा था। उदयन ने पशु को नही मारने दिया और उसके बदले मे वह आभूषण भील को दे दिया।

---

१ डा० शिवप्रसाद सिंह, रसरतन की भूमिका, पृ० १०७

७. भील आभूषण बेचते समय राजकर्मचारियों द्वारा पकडा गया और राजा के समक्ष ले जाया गया।

८. राजा ने भील से वृत्तान्त जाना और वह आश्रम जाकर मृगावती और उदयन को ले आया।

९ एक चतुर चितेरे ने मृगावती का चित्र बनाया तथा उस चित्र मे मृगावती की जांघ पर तिल का चिन्ह अकित किया।

१०. राजा को चित्रकार के आचरण पर संदेह हुआ अत. उसे भला-बुरा कहा।

११. चित्रकार ने बदले की भावना से मृगावती का एक चित्र उज्जैन के राजा चडप्रद्योत को भेंट किया। राजा मोहित हो गया।

१२. चडप्रद्योत ने मृगावती की माँग की। कौशाम्बी के राजा द्वारा माँग अस्वीकार कर दी गई। अत. घमासान युद्ध हुआ।

१३. अंत में मृगावती ने जैन मुनि से दीक्षा ले ली।

समीक्षा

उपर्युक्त प्रेमाख्यानको में प्रयुक्त कथाभिप्रायो के सामान्य अध्ययन से यह स्पष्ट हो जाता है कि सभी प्रेमाख्यानको मे पक्षी—शुक, गरुड, हंस आदि; दोहद—गर्भवती की इच्छा, स्वप्नदर्शन-चित्रदर्शन आदि द्वारा प्रेमोत्पत्ति, योगी का वेष धारण करना; दैवी सहायता; विरहवर्णन—बारहमासा आदि द्वारा; पहले सन्तानविहीन और तत्पश्चात् शिव-पार्वती या अन्य किसी की कृपा से सन्तानोत्पत्ति होना आदि आदि ऐसी कथानक-रूढ़ियाँ हैं जो प्राय. ही आदि से अत तक के कथाकाव्यो मे प्रयुक्त हुई हैं। एक और कथानकरूढि वस्तुवर्णन के रूप मे कथाओ मे प्रयुक्त होती रही है जिसका उल्लेख भी आवश्यक है। अत. वस्तुवर्णन के विषय मे विचार करेंगे।

'वस्तुवर्णन काव्य का, चाहे वह किसी विधा का काव्य हो, एक अविभाज्य अंग रहा है। भारतीय साहित्य मे वस्तुवर्णन की सूक्ष्मता और रंगीनी एक स्तुत्य वस्तु रही है।' डॉ० शिवप्रसाद सिंह का यह कथन वस्तुवर्णन के महत्त्व को रेखांकित करता है। संस्कृत साहित्य के कथा-काव्यो का जिन लोगों ने अध्ययन किया है वह अवश्य ही वस्तुवर्णन के महत्त्व से परिचित होंगे। कवि या कथाकार को विस्तृत जानकारी का

परिचय कथाकाव्य के वस्तुवर्णन को देखकर ही लगाया जाता था। बाण का नाम इस प्रसग मे उल्लेखनीय है। परन्तु परवर्ती काल मे वस्तु-वर्णन कर्ता को वस्तुओ के ज्ञानाज्ञान की समस्या नही रही। यह एक कविसमय जैसी चीज़ या रूढ परिपाटी हो गई और इसकी एक पद्धति ही बन गई। तब वस्तुओ को जानकारी के लिए कवि ने श्रम और ज्ञान मे रुचि रखना विशेष आयश्यक नही समझा। यही कारण है कि कथाकाव्यो मे वस्तुवर्णन के नाम पर घिसी-पिटी सामग्री ही सामने आती है। जो हो, वस्तुवर्णन के अन्तर्गत किस वस्तु का, किस ढंग से वर्णन किया जाये यह भी निश्चित कर दिया गया। उन्ही मान्यताओ के अनुसार वस्तुवर्णन रूढ हो गया। मैंने प्रबन्ध के प्रास्ताविक मे हिन्दी प्रेमाख्यानको के शिल्प को निर्दिष्ट करने के लिए एक कसौटी का उल्लेख किया है। उसी के अन्तर्गत वस्तुवर्णन—नगर, वन, बाग, गिरि, ताल, सरिता, हाट, अश्व, गज, आयुध, सिंहासन इत्यादि—का अपना स्थान है। सभी प्रेमाख्यानको का वस्तुवर्णन तो इस स्थान पर करना मेरे लिए असभव होगा। अत हिन्दी-प्रेमाख्यानकों मे वस्तुवर्णन के अन्तर्गत आनेवाले तत्वो का आशिक विवेचन करूंगा।

आचार्य जिनसेन (८वी शताब्दी) ने आदिपुराण[1] मे नगर-ग्रामो का सविस्तार वर्णन किया है। उन्होने नगरो को खेट[2], खर्वट[3], मडम्ब[4], पत्तन[5] और द्रोणमुख[6] संज्ञाओ के अन्तर्गत रखा है। मानसार, समरागण, मयमत, मानसोल्लास, हरिवशपुराण, अग्नि, गरुड और मत्स्य पुराणो मे इस सदर्भ मे विपुल सामग्री है। मानसार मे नगर की परिभाषा करते हुए बताया गया है कि 'जिस स्थान पर क्रय-विक्रयादि वस्तु-व्यापार होते हो, अनेक जातियो के लोगो और कर्मकारो का जहाँ निवास हो और जहाँ पर सभी धर्मावलम्बियो के देवायतन हो उसे नगर कहते

१. आचार्य जिनसेन, आदिपुराण, १६ १६५-६८.
२ 'सरिद्गिरिभ्या सरुद्ध खेटमाहुर्मनीषिणः' —वही, १६ १७१
३ 'केवल गिरिसरुद्धं खर्वटं तत्प्रचक्षते' —वही
४ 'मडम्बमामनन्ति ज्ञाः पचग्रामशतीवृतम्' —वही, १६ १७२.
५ 'पत्तन तत्समुद्रान्ते यत्नौभिरवतीर्यते'। — वही.
६ 'भवेद् द्रोणमुख नाम्ना निम्नगातटमाश्रितम्' —वही, १६ १७३

है।'[1] हिन्दी साहित्य मे आचार्य केशवदास ने नगर-वर्णन मे आवश्यक वस्तुओ की सूची इस प्रकार दी है :

खाई, कोट, अटा, ध्वजा, वापी, कूप तड़ाग।
वारनारि असती सती, वरनहु नगर सभाग॥[2]

वन, बाग, तडागादि का वर्णन करते समय किन वस्तुओ का उल्लेख करना चाहिए, इसका भी निर्देश आचार्य केशव ने किया है।[3] वन-बाग एव सरिता के उद्धरण इस प्रकार हैं[4]

सुरभी, इभ, वन, जीव बहु, भूत, प्रेत भय भीर।
झिल्ल भवन, वल्ली, विटप, दव वरनहु मतिधीर॥ ६॥

बाग-वर्णन :

ललित लता, तरुवर, कुसुम, कोकिल कलरव, मोर।
बरनि बाग अनुराग स्यो, भंवर भंवत चहुं ओर॥ ८॥

सरिता-वर्णन .

जलचर हय गय जलज तट, यज्ञकुंड मुनिवास।
स्नान दान पावन नदी, बरनिय केशवदास॥ १४॥

हम यह पहले ही कह चुके हैं कि वस्तुवर्णन मे रूढियो का खुलकर प्रयोग हुआ है। जायसी ने पदमावत मे मानसरोवर का वर्णन इस प्रकार किया है :[5]

---

१. 'जनै परिवृत्त द्रव्यक्रयविक्रयकादिभि ।
अनेक जातिसयुक्तं कर्मकारै समन्वितम् ।
सर्वदेवतसंयुक्तं नगरं चाभिधीयते ।'

—मानसार, अध्याय १०, नगर विधान

२ आचार्य केशवदास, कविप्रिया, ७ ४.

३ विस्तार के लिए आचार्य केशवकृत कविप्रिया देखिए

४ कविप्रिया, ७ ६, ७ ८, ७ १४.

. पदमावत, स०—वासुदेवशरण अग्रवाल, पृ० ३१–३२

लंक दीप कै सिला अनाई। बांधा सरवर घाट बनाई॥
खंड खंड सीढ़ी भईं गरेरी। उतरहिं चढहिं लोग चहुँ फेरी॥
फूला कंवल रहा होइ राता। सहस सहस पंखुरिन्ह कर छाता॥
उलथहिं सीप मोति उतराही। चुगहिं हंस और केलि कराहीं॥
कनक पंखि पैरहिं अति लोने। जानहु चित्र संवारे सोने॥
ऊपर पाल चहुँ दिसि अंब्रित फर सब रूख।
देखि रूप सरवर कर गइ पिआस औ भूख॥
पानि भरइ आवहिं पनिहारीं। रूप सुरूप पदुमिनी नारी॥
पदुम गंध तेन्ह अंग बसाही। भंवर लागि तेन्ह संग फिराहीं॥

छिताईवार्ता मे सरोवर का वर्णन इस प्रकार मिलता है

फटिक सिला बैठक अति बनी। छाजैं मौजें मदिर तनी॥
चाप्यो घाट घटाए पाट। नीर भरैं सुन्दरि के ठाट॥
बाला अबला प्रौढा नारि। भरैं णीर न्यमल (निर्मल) पनिहारि।
तिन को रूपु बरनि को कहै। कहत कथा कछु अंतु न लहै॥
सोहैं कमल कमोदिनि पान। भंवर बास रस भूलहिं न्यान॥
निमसहिं हंस हंसिनी संग। भरे अनंद कुरंग कुलंग॥
क्रीलति चकई चक्क चकोर। बन के जीव गुंजरहिं मोर॥
ढैकि पंखि मटामरे घनै। जल कूकरी आरि अनगनै॥
सारिस बग्ग हंस उनहारि। निमसहि पंखि सरावर पारि॥
पुरइन कमल रहे जल छाइ। बहु फुलवारि रही महकाइ॥[1]

पुहुकरकृत रसरतन मे सरोवर-वर्णन के कई प्रसग आये हैं। जायसी ने जिस सरोवर के घाट और सीढियो का वर्णन किया है वे मात्र लका द्वीप से आये पत्थरो से निर्मित है। परन्तु पुहकर ने जिस सरोवर का वर्णन किया है उसके किनारे विद्रुम के और सीढियाँ मरकत मणियो से निर्मित है :

अंगनि चौक फटिक मनि साजा। ता मधि अमल सरोवर राजा॥
विद्रुम पारि रची दिसि चारी। मरकत मनकी सिढ़ी संवारी॥
नाना बरन सरोवर सोहै। दिजकुल केलि करत मन मोहै॥
—वैरागर० १४०-१४१.

---

१ छिताईवार्ता, सं०—डा० माताप्रसाद गुप्त, पृ० ६३.

रसरतन मे मानसरोवर की शोभा देखिए :

तहं मानसरोवर सोहनं । सुर नाग मनुज नर मोहनं ॥
सजि पारि चारिहु ओरई । मन युक्ति मरकत जोरई ॥
रंग अरुन वरनहिं मोहई । सित नील पीतति सोहई ॥
तिहिं तीर चहुदिसि काननं । चित चाह किय चतुराननं ॥
द्रुम साल ताल तमालनं । तहं करत पग वन पालनं ॥
जल मगन मनकुम पत्तनं । जिहिं मध्य मधुकर छत्तनं ॥
कलगुञ्ज गुञ्जत राजहो । जनु मान गंधप गाजहीं ॥

—विजयपाल० २३६-२३९.

चतुर्भुजदासकृत मधुमालतीवार्ता मे मानसरोवर की शोभा मुनियों को भी लुब्ध करने वाली है :[1]

राम सरोवर ताल की सोभा कही न जाय ।
सेत वरण पकज तिहां मुनिवर रहै लुभाय ॥
प्रफुलित कमल बास महमहै । वोपमा मानसरोवर लहै ॥
अवला किती इक पानी भरै । चित्रवत कुंभ सीस तें परै ॥
रीतै कलस हाथ तें गिरै । भूली मानुं बिना व्रत भरै ॥ इत्यादि ।

उपर्युक्त कतिपय प्रेमाख्यानको से उद्धृत सरोवरो के वर्णनो से सहज ही मे पता लगाया जा सकता है कि इनमे कितना साम्य है । रूढि हो जाने के कारण कुछ मे तो खाली पक्षियो आदि के नाम ही गिना दिये जाते हैं । उपर्युक्त प्रेमाख्यानको के पूर्ववर्ती 'चन्दायन' काव्य मे सरोवर-वर्णन के अन्तर्गत जलचर जन्तुओ के नाम इस प्रकार दिये हैं :

पैरहिं हंस मांछ बहिराहै । चकवा चकवी केरि कराहैं ॥
दबला ढेंक बैठ झरपाये । बगुला बगुली सहरी खाये ॥
बनलेउ सुवन घना जल छाये । अरु जलकुकुरी बर छाये ॥
पसरीं पुरई तूल मतूला । हरियर पात तइ रात फूला ॥
पांखी आइ देस कर परा । कार कंरजवा जलहर भरा ॥

सारस कुरलहिं रात, नींद तिल एक न आवइ ।
सबद सुहाव कान पर, जागहिं रैन बिहावइ ॥ २२ ॥

---

१ मधुमालतीवार्ता, सं०—वही, पृ० ३

वन, उपवन, बाग, बगीचों का वर्णन इन सभी काव्यो मे मिलता है। रसरतन के वर्णन मे केवल वृक्षो के नाम ही गिना दिए गए है :

सुन्यो पुर मित्र बढ्यो अनुराग। विलोकित नैन मनोहर बाग॥
रह्यो सुख संपति आनंद झेलि। घने फुल फुलंहि लसै द्रुम बेलि॥
सदा फर दाड़िम सोभित अंब। बनै वर पीपर नीम कदंब॥
महारग नारंग निब्बू सग। लता जनु अमृत सींचि लवंग॥
जमीरी गलग्गल श्रीफल सेव। फलै कदली फल चार्षिहं देव॥
षजूरिनि षारक ताल तमाल। सुधा सम दाख अनूप रसाल॥
चमेलिय चंपक बेल गुलाब। वंधूप सरूपित सोभित लाल॥

—चपावती० १००-१०३.

छिताईवार्ता मे भी इसी प्रकार पुष्पो और वृक्षो के नाम मात्र से सतोष कर लिया गया है

कुसुम कुंद मचकुंद मरुवौ केवरौ केतुकी कल्हार।
गुलाल सेवती मोकरो सुन्दर जाइ।
महंदी पदमाख केवरो अतिवर्ष चंपग पाइ।
जाति कूजौ जुही अति गनि रही महकाइ।
सघन दाष्यो दाख कमरख नारयंग निबुवा नारि।
वादम्म अंम जंभीर खारिक सघन सरवर पारि॥३९९॥
कुंद खिरणी जातो फुलवादि। गनत ब्रिच्छ को जाने आदि।
लौंग लाइची बेलि अनूप। चदन बन देखे महि भूप॥४००॥

इत्यादि।

जायसी के पदमावत को अमराइयो मे भी वृक्षो को सूची ही प्रस्तुत की गई है

फरे आँव अति सघन सुहाए। औ जस फरे अधिक सिर नाए॥
कटहर डार पींड सो पाके। बड़हर सोउ अनूप अति ताके॥
खिरनी पाकि खांड असि मीठी। जांबु जो पाकि भंवर असि डीठी॥
नरिअर फरे फरी खुरहुरी। फुरी जानु इन्द्रासन पुरी॥
पुनि महु चुवे सो अधिक मिठासू। मधु जस मीठ पुहुप जस बासू॥
और खजहजा आवन नाऊ। देखा सब रावन अबराऊं॥
गुआ सुपारी जायफर सब फर फरे अपूरि।
आस पास घनि इंबिली औ घन तार खजूरि॥ २८॥

नगर के हाट-वर्णन से तत्कालीन नगरों की समृद्धि का अनुमान किया जा सकता है। कई स्थानों पर चौरासी हाटों के होने के संकेत मिलते हैं। जैसे प्रद्युम्नचरित (१४११ वि० स०) सधारु अग्रवालकृत में :

इक सो वनं धवल आवास। मठ मंदिर देवल चउपास ॥
चौरासी चौहट्ट अपार। बहुत भाँति दीसइ सुविचार ॥ १७ ॥

मधुमालतीवार्ता (चतुर्भुजदास) :

'वसति पुर नगरे' जोजन च्यार। चौरासी चौहटा चौवार ॥ ३ ॥

रसरतन में हाटों का वर्णन देखिए :

पटवर मंडित सोभित हाट। रच्यो जनु देव सुरप्पति बाट ॥
कहूँ नग मोतिय बेतल लाल। करैं तहँ लच्छिम मोल दलाल ॥
कहूँ गढै कंचन चारु सुनार। कहूँ नट नाटिक कौतिक हार ॥
कहूँ पट पाट बनैं जरतार। कहूँ हय फेरत हैं असवार ॥
कहूँ गुहें मालिनि चौसर हार। कहूँ तें सवारत है हथियार ॥
कहूँ बरई कर फेरत पान। कहूँ गुनी गाइन साजत गान ॥
कहूँ पढे पडित वेद पुरान। कहूँ नर तानत बान कमान ॥
कहूँ गनिका गन रूप निधान। कहूँ मुनि ईस करे तप ध्यान ॥
चल्यौं नगरी सब देखत सूर। कहूँ मृगमद सुगंध कपूर ॥
रहै इक नागरि नैन निहार। चलै इक पाट गवाष उधार ॥

चपा-वती० १४६-१५३.

जायसी भी इस प्रकार के वर्णन मे क्यों पीछे रहते ? उन्होंने कनक-हाट, शृगारहाट और फूलहाट का सुन्दर चित्रण किया है :

पुनि देखिअ सिंघल की हाटा। नवौ निद्धि लछिमी सब बाटा ॥
कनक हाट सब कुंहकुंह लीपी। बैठा महाजन सिंघल दीपी ॥
रचे हंथोड़ा रूपइं ढारी। चित्र कटाउ अनेग संवारी ॥
रतन पदारथ मानिक मोती। हीर पंवार सो अनबन जोती ॥
सोन रूप सब भयउ पसारा। धवलसिरी पोतहिं घर बारा ॥
औ कपूर बेना कस्तूरी। चदन अगर रहाभरि पूरी ॥
जेइं न हाट एहि लीन्ह बेसाहा। ताकहं आन हाट फित लाहा ॥
कोई करे बेसाहना काहू केर बिकाइ।
कोई चला लाभ सौं कोई मूर गवांइ ॥ ३७ ॥

पुनि सिंगार हाट धनि देसा । कइ सिंगार तहं बैठी बेसा ॥ ३८ ॥
लै लै बैठ फूल फुलहारी । पान अपूरब धरे संवारी ॥
सोंधा सबै बैठु लै गांधी । बहुल कपूर खिरौरी बांधी ॥ ३९ ॥

चित्रशाला का वर्णन भी हिन्दी प्रेमाख्यानको मे अपने पूर्ववर्ती साहित्य के अनुरूप ही हुआ है । छिताईवार्ता की चित्रशाला की रचना देखिए .

बावन बस्त मीली (मिलीं) करि बान ।
अति अनूप आरसी समान ।
रची चित्रसाली चित लाइ ।
देखत ही मन रहै लुभाइ ॥ ११२ ॥
मानिक चोक स मन मोहनी । रची अनूप चोर मीचनी ॥
किए भौहरे अनु अनु भाति । तिन मांहि मनो अध्यारी राति ॥११३॥
बने हिंडोरे कंचन खभ । मानहु उपजइ उकति सुयंभ ॥
करी अनूप अति खरी सिंगार । मानहु भरति की भरी सुनारि ॥११४॥
चकवा चकवी एकै डारि । जल कूकरी मटामरि यार ॥११५॥
कमल कमोदनि पुरयनि पान । झलमलांहि सरवर समान ॥११६॥
मच्छ कच्छ ते दीरघ घने । ते साद्रिष्ट चलकर बने ।
सभा सरोवर दीसै तिसौ । हथनापुर पांडव कौ जिसौ ॥११७॥
जिनस जिनस मंदिर जिनसार । हेम जरित सोहइ सिजवारि ॥१२३॥

रसरतन मे सूरसेन की चित्रसारी का वर्णन इस प्रकार किया गया है

लखि रहइ भूमि मृग पहुंभिपाल । अति रुचिर रुचितवर चित्रसाल ॥
राखिय सुगंध भरि करि बनाइ । अंगनह मध्यि सरवर सुभाइ ॥
गुंजरत भृंग रसवास लीन । मृगवाल नाद स्वादहिं अधीन ॥
परजंक मंड तहं चित्त चारि । परवार हेतु जनु अमर नारि ॥
इन हथ्थ पाइ इक हथ्थ चौरि । इक कर सुगंध गहि मुकुर औरि ॥
पचरंग पाट सीरक बिछाइ । वहि रूप ओप बरनी न जाइ ॥
बहु फूल सूल सम धरि बनाइ । पटझीन झारि चादर चुनाइ ॥
गिडूव जुगल दुहुं और साज । सुर सरित सेज दोउ कूल राज ॥
झलकंति मुक्ति झालर अपार । चंदोव चंद जनु जलजतार ॥
चंपावती० २२३-२२८.

रसरतन के स्वयवरखड मे भी चित्रशाला का वर्णन किया गया है :

चित्रसाल चित्रित बहुरंगा । उपजतु निरषि सुषद सुष अंगा ॥
विविध चित्र अनवन विधि साजे । जल थल जीव जंतु सब राजे ॥
लिषी बहुत लीला करतारा । चित्र चारु दसऊं अवतारा ॥
ब्रज विनोद बहु भांतन चीन्हा । राम चरित्र चारु सब कीन्हा ॥
सोरह सहस अष्ट पटरानी । चित्री इंद्र धरनि इंद्रानी ॥
नायक नाथ लिषे सुर ग्यानी । रुकमिन आदि आट पटरानी ॥
रति रतिनाथ चित्र पुनि कीन्हा । ऊषा हित अनुरुध मनु लीन्हा ॥
चित्रित सकल प्रेम रस प्रीती । माधौ काम कंदला रीती ॥
अग्नि मित्र सौरावत धाता । भरथरि प्रेम पिंगला राता ॥
स्वयंवरखंड, २३०-२३४ और आगे.

मंझनकृत मधुमालती मे चित्रसारी का उल्लेख एकाधिक बार आया है परन्तु उसका वर्णन इस तरह का नही है । जैसे एक स्थान पर प्रेमा कहती है :

चित्रसारि एक तहां संवारी । तहं खैलै हम जाहिं धमारी ॥ पृ० १६६.

दूसरे स्थान पर कमलवदनियो को जब भ्रमर तंग कर रहे थे तब वे चित्रसारी मे भाग गईं :

दुहुं कर बदन छपाएं धाईं ते वर नारि ।
चित्रसारि भीतरगैं पैसीं बार पौंरि दीन्ह टारि ॥ पृ० १७४

बारी महं चित्रसारी जहां । तुम्ह परभात गै बैसहु तहां ॥
हम और वह मिलतहि मिलि जैहैं । खेल मिसुन चित्रसारी अैहैं ॥
पृ० २५१

इसी प्रकार के अन्य प्रसग पृ० ४१४, ४१५, ४२० आदि पर देखे जा सकते हैं । शय्या अथवा कुसुम-शय्या : प्राय प्रेमाख्यानको मे नायक-नायिका के समागम का प्रसंग आता है वही उनकी सेज फूलो से सजी दिखाई जाती है । कुसुम-शय्या उस शय्या का नाम है जिस शय्या पर फूल विछा दिए जाते है । हिन्दी का एक प्रचलित मुहावरा भी है 'फूलो की सेज' । रसरतन का एक उदाहरण :

चंपक बेलि गुलाबन हार। फूल सेज वह रचीं अपार॥
मलयागिरि उदीप सुखराती। चहुं दिसि वरै अगर की वाती॥
अप्सराखंड, ८५

चन्दायन मे शय्या-वर्णन इस प्रकार है

पालंग सेज जो आनि बिछाई। धरत पाउ भुइं लागै जाई॥
पान बने अरु फूलहिं भारी। सोनैं झारी हांस गुंदारी॥
सुरंग चीर एक आन बिछावा। धरती बैस झंवन अस आवा॥
तिहि चढि सूत रवउं बिकरारा। खोंपा छूट छिटक गये बारा॥
यहि भंति करै फूल पहिबासी। करंडी चारि फूर भर डासी॥२०७॥

प्रेमाख्यानको मे राजाओ की सेनाओ के उपयोग मे आने वाले अश्व, हाथी आदि उपयोगी जानवरो की विस्तृत जानकारी मिलती है। छिताईवार्ता मे अलाउद्दीन बादशाह ने सौरसी की विदाई पर उसे जो घोड़े दिए थे वे अनेक जाति के थे :

बरणुं तेजी ऊच तिहां तणे। ऊचे आहि कंध तिह तणे॥
एक तीरी ते हरीअे बरनां। कंध आगरे छोटे करनां॥
सेत तुरी चचल गुण बने। चित्रति जानि चितौरा तने॥
महुअ सबज सनेही बने। सीराजी मुगली हांसले॥
उपजे सींह नदी पश्चम देस। बडी पुंछ बरणइ कवि लेस॥
करतर काया तुरी तुखार। जरदे नीले बोर कयाह॥
जिते भुथार काबली आहि। साठि कोस थो आवइ जाइ॥
पीले नीले बोरु बहूत। चलत चाल ते भांभर भूत॥
गोट बहुत परबत के आहि। तै पुर दीनी अर चौगुन थाइ॥पृ०१३१.

वर्णरत्नाकर मे अश्वो के प्रकार इस भांति हैं—हरिअ, महअ, मागल, कुही, कुवाल, कओस, उरज, नील, गरुड, पीअर, राओट, दोरोज, उवाह, वलिआह, सेवाह, कोकाह, केयाह, हराह, पौराह, रोरिह ये अनेक वाल-घोल से अनुअह।[1]

चन्दायन मे राव महर के अश्वो का वर्णन देखिए.

१: वर्णरत्नाकर, पचम कल्लोल, पृ० २९

महरैं काढ़ि तुखार बुलाने । इन्ह दस धरे पौर मंह आने ॥
हंस हंसोली भंवर सुहाये । हिना यक खिगारे बहु आये ॥
उदिर संमुद भुइं पाउ न धरिहैं । भाव गरब ते नाचत रहैं ॥
यह तुरंग तीन पा ठाढ़े । नीर हरियाह पखरिन्ह गाढ़े ॥

पृ० १४१

रसरतन में घोड़े इस रूप में सामने आते हैं :

पलानैं तहां तेज-ताजी तुरंगा । परैं उच्च उच्छाल मानौ कुरंगा ॥
कथाहे सुलालं दुरंगा सुरंगा । खरे श्वेत पीतं तथा सावरंगा ॥
इराकी अरब्बी तुरक्की दवच्छी । ममोला अमोला लिये मोल लच्छी ॥
बजै घाव धावैं लसें पूंछ अच्छी । मनो उड्डहीं बांह बैठे सुपच्छी ॥
उभै कर्न ऊचे मह उच्च ग्रीवा । मनो उच्च उच्चैश्रवा सोम सीवां ॥
चढै सूर वंशी महा सूरवीरं । उलंघे मनो चंपि वाराधि नीरं ॥
सवै षड्ग धारी चितै चित्त मोहे । मनो चित्त औरेषि पेषंत सोहे ॥

पृ० १०३.

चन्दायन मे राव रूपचन्द के हाथी किस प्रकार के थे, यह मौलाना दाऊद के शब्दो मे देखिए :

पखरे हस्त दांत बहिराये । धानुक लै ऊपर बैसाये ॥
बनखंड जैस चले अतिकारे । आने जानु मेघ अंधकारे ॥
चलन लाग जनु चलहिं पहारा । छांह परै जग भा अंधियारा ॥
झेंकरहि चोटहिं आंकुस लागे । बरु दस कोस सहस अग भागे ॥
जो कोपहिं तो राइ संघारहिं । बन तरुवर जर मूर उपारहिं ॥

सीकर पाइ बानि उठ, उरै कांदो होइ ।
राउ रूपचंद कोपा, तेग न पारे कोई ॥ पृ० १३४.

सूरसेन की सेना के हाथियों का रसरतन में वर्णन :

चले मत्त मैमत घूमंत मता । मनौ बदला स्याम माथै चलंता ॥
बनी बग्गरी रूप राजंत दंता । मनौ वग्ग आसाढ़ पातैं उड़न्ता ॥
लसैं पीत लालै सुढालै ढलक्कैं । मनौ चंचला चौंध छाया झलक्कैं ॥
गिरी शृंग के कुंभ सिंदूर मंडे । घटा अग्र पातैं मनौ भारतंडे ॥

वहहिं जोर छंछाल ते मद्द नीरं। लगे गंउ गुंजार ते भौर भीरं॥
किये कुंडली कुंड सुडाहलीयं। लसौ चौरमरि जो शृंगार कीयं॥
विजयपाल० १९८-२०१

अश्वों-हाथियों आदि के अतिरिक्त युद्धो में रणवाद्यों का भी प्रयोग किया जाता था। इन रणवाद्यों में नगारा, भेरी, तूर्य, नीसान, ढोल आदि का प्रचलन था। रणवाद्यों के अतिरिक्त भी बाजों के नाम तत्कालीन काव्यों में आते हैं। छिताईवार्ता मे वाद्ययन्त्रों का विवरण इस प्रकार मिलता है :

एकणिकर सोहै स्यंगरी। जुवती जुबन रंग रसभरी।
एक रबाब दुतारौ धरे। सुंदरि सुघर बजावै खरै॥
ढोलक चंद्रमडलनि सार। अधिक अपूरब पुजवहि तार।
बिबिध बिचखिखण बोलहिं बैन। जनु कसुंभ केसरि रंगि नैन॥
एकति कामणि कंधणि जंत्र। मानहु बसीकरण के मंत्र।
जिती छिताई करी प्रवीण। ते संगीत रंग रस लीण॥
सरमंडल सरबीण संवारि। मुरज म्रिदंग लअै बर णारि।
पैम कपाट पखावज बीन। बैठी तरुणि तमासै लीण॥ पृ० ११८-११९.

रसरतन मे बाजो के नाम इस प्रकार आये हैं :

धुज पताक तोरन बने, सीच सुधा रस रंग।
पंच शब्द मंगल बजे, भेरो ढोल मृदंग॥
चली कुंवर पूजन गवरि, वाजन वाजन लग्न।
मुरज रुंज सहनाइय, वीना ताल तरंग॥
चंपावती० ३२४-२५.

वंव वाजि सोर घन घोर सादं। सब्द मिलि पंच वाजंत नादं॥
संष सहनाइ करताल तूरं। मिलि सब्द आकास पाताल पूरं॥
वही, ३८६.

अब युद्धवर्णन के दो-एक उद्धरण देखिए जिनसे इनकी रूढ परम्परा पर प्रकाश पड़ेगा। इन्द्रावती मे कवि नूरमुहम्मद ने घनघोर युद्ध का वर्णन किया है. जो इस प्रकार है :

भयउ घटा ढालन सो कारी, खरगन भये बीज चमकारी।
रौंदा सीस खरग चौंगानू, खेलहिं वीरहिं चढ़ि मैदानू।
हाल आपनो आपनो चाहै, अरि को हस्त चलान सराहै।
माला खरग इनै सब कोई, बोउन खरग ठनाठन होई।
गगन खरग घटा सो ठन गयऊ, हिन हिन औ धुन हन हन भयऊ।
ओनई घटा धूर सो, दिन मनि रहा छिपाय।
वहाँ महाभारत्य भा, सवद परेउ हू हाय॥ पृ० ९८.

इस पद्य मे खड्ग की चमक, तलवार की ठनाठन, हिन-हिन और हन-हन की शब्दावली का प्रयोग हुआ है। इसी से बहुत साम्य रखनेवाली शब्दावली मे युद्ध में धनुष टंकार और खड्गो की खनखनाहट स्वयभू के पउमचरिउ मे देखी जा सकती है :

हण-हण-हणंकार महारउद्दु। छण-छण-छणंतु गुणपि-पिछि-सद्दु।
कर-कर-करंजु कोयडं पवरु। धर-धर धरंतु णाराय-णियरु।
खण-खण-खणंतु तिक्खग्ग खग्गु। हिल-हिल-हिलंतु हय चंच लग्गु।
गुल-गुल-गुलंत गयवर विसालु। हणु-हणु भणतु णर वर विसालु॥
पउमचरिउ, ६३.३.

रसरतन मे घमासान युद्ध के बाद युद्धस्थल का वीभत्स रस मे वर्णन इस प्रकार उपस्थित किया गया है :

पिसाचन रच्छ रचैं ज्योनार। सरब्बत ओन करैं मनुहार॥
करे तहाँ प्रेम पिसाच अहार। ... ॥
मरोरत मुंड नचावत चाड़। कंटकट दंत चचरोत हाड़॥
बचै इक फेरि रक्कत्त अघाइ। गिले हकलीय अछंग वहाइ॥
युद्धखंड, २६८-६९.

चन्दायन मे भी युद्धस्थल पर ऐसा ही वीभत्स रस दिखाई पड़ता है। युद्ध के बाद मृत सैनिको को गृद्धादि पक्षी किस रुचि से भक्ष्य बनाते है :

गीधहिं नोता केतन हंकारा। कीत रसोई अगिन परजारा॥
आज वांठ इतै खंड तारा। लोर बसायें करउं जेउनारा॥
नोता काल देस कर आवा। चील्ह के दर मांडो छावा॥
सरग उड़त खबरहर खीनी। काल करोह भांत दस कीनी॥
सनां सियार पितरमुख आवा। रैन बास सब जात बुलावा॥

कूद मांस धर तोरब, रकत भरब लै कुण्ड।
आठ मांस धरि जेंवत, सात मांस लहि मुण्ड ॥ पृ० १५९.

इन सब वर्णनो के मिले-जुले रूप को देखकर यह अनुमान करने मे कठिनाई नही होती कि हिन्दी प्रेमाख्यानको के अन्तर्गत आनेवाला वस्तु-वर्णन-शिल्प अपभ्रंश चरितकाव्यों की शैली से अधिक भिन्न नही है। इसे हम आगे तुलनात्मक रूप से प्रस्तुत करेंगे।

●

अध्याय ४

सूफ़ी काव्यों में प्रतीक-विधान और भारतीय प्रतीक-विद्या

हिन्दी के सूफी प्रेमाख्यानको का प्रारम्भ परमात्मा की स्तुति, पैगम्बर का गुणानुवाद, गुरु या पीर का परिचय, चार यार की सिफ़त, शाहेवक्त की प्रशसा, काव्य-रचना का कारण आदि से होता है। इसके बाद मूलकथा प्रारम्भ होती है। मुख्य कथा कई भागो मे विभक्त रहती है। उन भागो के भी उपविभाग होते है। उन उपविभागो के ऊपर विषयानुसार शीर्षक रहता है। काव्य के अन्त मे कवि कुछ उपदेश या रचनाकाल आदि देकर कथा का समापन कर देता है। सूफी काव्यो के शिल्प और हिन्दू काव्यों के शिल्प का तुलनात्मक अध्ययन आगे प्रस्तुत किया जायेगा। फिलहाल यह कहना उचित होगा कि सूफ़ी काव्यो का शिल्प हिन्दू काव्यो के शिल्प से वैषम्य की अपेक्षा साम्य ही अधिक रखता है। हिन्दी के सूफ़ी प्रेमाख्यानकों मे काव्यगत रूढियां एवं विषयगत शीर्षको का चलन आदि भारतीय चरितकाव्यो की ही देन है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने लिखा है कि 'इन प्रेमगाथा काव्यो के सबंध मे पहली बात ध्यान देने की यह है कि इनकी रचना बिल्कुल भारतीय चरितकाव्यो की शैली पर न होकर फारसी की मसनवियो के ढंग पर हुई है जिनमे कथा सर्गों या अध्यायो मे विस्तार के हिसाब से विभक्त नही होती, बराबर चली चलती है, केवल स्थान-स्थान पर घटनाओ या प्रसगो का उल्लेख शीर्षक के रूप मे दिया रहता है।'[1] यह कथन उपलब्ध प्रमाणो के आधार पर प्रमाणित नही होता। यह सच है कि फारसी की मसनवी पद्धति और हिन्दी के सूफी प्रेमाख्यानको मे समानता देखी जा सकती है लेकिन यह भी सच है कि जिस तरह सूफी कवि ग्रन्थारम्भ मे परमात्मा, पैगम्बर की स्तुति करता है, गुरु-पीर-

---

१. जायसी-ग्रन्थावली, संपा०—पं० रामचन्द्र शुक्ल, पंचम सस्करण, भूमिका पृ० ४.

औलिया और शाहेवक्त की प्रशंसा करता है; ठीक वैसे ही अपभ्रश के जैन चरितकाव्यो के ग्रन्थारम्भ मे जिनेन्द्रदेव की स्तुति, सरस्वती-वंदना, अन्य वन्दनाओ के बाद पूर्व कवियों का गुणानुवाद या नामोल्लेखादि के बाद ही मूलकथा का प्रारम्भ होता है। तब यह क्यो न माना जाये कि हिन्दू-जैन चरितकाव्यो मे अपने-अपने धर्मानुसार देवी-देवताओ की स्तुति की जो परिपाटी थी उसी रूप मे सूफी कवियो ने भी अपने धर्मानुसार पैगम्बर आदि की स्तुति के बाद ही कथारम्भ करने के नियम का पालन किया ? मेरे कहने का तात्पर्य मात्र यह है कि सूफी प्रेमाख्यानको को अपभ्रश चरितकाव्यो और भारतीय लोकगाथाओ से सीधे सम्बद्ध मानना अधिक उपयुक्त होगा। इस सदर्भ मे डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी का कथन महत्त्वपूर्ण है—'जनसाधारण का एक और विभाग, जिसमें धर्म का स्थान नही था, जो अपभ्रंश साहित्य के पश्चिमी आकार से सीधे चला आ रहा था, जो गावो की बैठको मे कथानक रूप से और गान रूप से चल रहा था, उपेक्षित होने लगा था। इन सूफी साधको ने पौराणिक आख्यानो के बदले इन लोकप्रचलित कथानको का आश्रय लेकर ही अपनी बात जनता तक पहुँचाई।'[1]

हिन्दी-सूफी प्रेमाख्यानको के सूफी काव्य का अधिकाश फारसी अक्षरो से लिखा गया। मसनवी फारसी साहित्य की एक शैली है। 'मसनवी' का विश्लेषण करने पर निम्नलिखित तथ्य सामने आते हैं[2]

१ मसनवो के छन्दों मे प्रत्येक पद अपने आप मे स्वतन्त्र और पूर्ण होते हैं तथा वे तुकान्त होते हैं। एक चरण के शब्द दूसरे मे नही जाते।

२. प्रेमाख्यान, धार्मिक तथा उपदेशात्मक काव्यो के लिए मसनवी को अपनाया जाता है।

३. 'मसनवी' स्वय एक पूर्ण ग्रन्थ होता है और इसका नाम इसकी नायक-नायिका के नाम पर कवि रखता है। काल्पनिक नाम भी रखे जाते हैं।

---

१. डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी, हिन्दी साहित्य की भूमिका, चतुर्थ सस्करण, पृ० ५०.

२ डा० रामपूजन तिवारी, सूफीमत—साधना और साहित्य, पृ० ५२७.

४. साधारणत. मसनवी सर्गबद्ध होते हैं। पहले सर्ग मे परमात्मा का गुणानुवाद, दूसरे में पैगम्वर को स्मरण किया जाता है। तीसरे में पैगम्बर के 'मीराज' की चर्चा होती है। वाद में शासक सुल्तान आदि की प्रशसा रहती है। इसके वाद मूलकथा प्रस्तुत की जाती है।[1]

आचार्य शुक्ल ने लिखा है कि 'मसनवी के लिए साहित्यिक नियम तो केवल इतना ही समझा जाता है कि सारा काव्य एक ही मसनवी छन्द मे हो, परम्परा के अनुसार उसमे कथारम्भ के पहले ईश्वर-स्तुति, पैगम्वर की वन्दना और उस समय के राजा (शाहेवक्त) की प्रशसा होनी चाहिए। ये बातें पदमावत, इन्द्रावती, मृगावती इत्यादि सबमे पाई जाती हैं।'[2] इस संदर्भ मे पहले से कहा जा चुका है कि भारतीय चरितकाव्यों में भी इसी पद्धति का अनुसरण किया जाता था। फारसी मसनवियों के प्रभाव को दृष्टि में रखकर डा० रामपूजन तिवारी ने लिखा कि 'हिन्दी सूफी काव्य इस परम्परा से प्रभावित तो अवश्य है लेकिन उसमे हूबहू इसकी नकल नही की गई है। भारतीय वातावरण मे सूफी मत का विकास अरब और फारस जैसा न होकर मित्र रूप मे हुआ। भारतीय विचारधारा से वह बहुत प्रभावित हुआ। हिन्दी का सूफ़ी काव्य जितना भारतीय विचारधारा से प्रभावित मालूम होता है उतना फारसी या अरबी परम्परा से नही।'[3] जो बात विचारधारा के सम्बन्ध में कही गई है वही शैली-शिल्प के बारे में भी लागू होती है।

मसनवी और चरितकाव्यों की शिल्पगत तुलना करने पर यह और भी स्पष्ट हो जाता है कि जिन सूफी प्रेमाख्यानो को तथाकथित मसनवियो की कोटि में रखा जाता है उनमे भी मंगलाचरण प्रक्रिया से लेकर पूर्व कवियों के नामोल्लेख, काव्य रचने का कारण और शुक, चित्र-स्वप्न या प्रत्यक्ष दर्शन से प्रेमोत्पत्ति, नगर-वर्णन के साथ हाट, सर, अश्व, गज, युद्धादि वस्तुवर्णन आदि कन्याप्राप्ति तक की काव्यगत रूढ़ियाँ न्यूनाधिक

---

१ डा० रामपूजन तिवारी, सूफीमत—साधना और साहित्य, पृ० ५२७

२. जायसी-ग्रन्थावली, भूमिका पृ० ४

३. डा० रामपूजन तिवारी का 'सूफी काव्य-परम्परा' लेख, अवन्तिका, अक्टूबर १९५४, पृ० ४५.

रूप में ज्यों की त्यो मिलती है। इतना ही नही, इन सूफी प्रेमाख्यानकों में प्रतीकात्मक शैली से भी काम लिया गया है। भारत मे प्रतीको का वैदिक कालीन इतिहास आज भी वर्तमान है। बहुत कुछ प्रतीक हिन्दो की सतकाव्य-परम्परा से सूफी परम्परा मे ले लिए गए। विद्वानो मे इस बात की बहुत चर्चा रही है कि कथा का प्रतीक के रूप मे प्रयोग अथवा मूलकथा से अन्यापदेशिक आध्यात्मिक अर्थ निकालने की पद्धति सूफियो की देन है। पर यदि अपभ्रश के मयणपराजय अथवा सस्कृत के प्रबोध-चन्द्रोदय जैसे नाटको को देखा जाय तो लगेगा कि यह पद्धति भी भारतीय ही है। हिन्दी प्रेमाख्यानको (हिन्दी-सूफी) मे प्रयुक्त रूढियो का विवरण पिछले अध्याय मे दिया जा चुका है और वही यह भी दिखाया गया है कि वे अपभ्रश प्रेमाख्यानको अथवा चरितकाव्यो मे प्रयुक्त रूढियो से किस कदर जुड़ी हुई है। अत यहाँ मसनवी और चरितकाव्यो के तुलनात्मक अध्ययन के लिए उनकी पुनरावृत्ति करना उचित नही है। सूफी प्रेमाख्यानको मे प्रतीको का क्या उपयोग रहा है—यह अवश्य विचारणीय प्रश्न है।

कोई व्यक्ति जब अपनी अन्तर्भावनाओ की अभिव्यक्ति का माध्यम मात्र भाषा को नही बना पाता अथवा यो कहे कि भाषा उसकी अभिव्यक्ति के लिए पूर्ण सक्षम नही होती तब वह प्रतीको का प्रयोग करता है। सूफी सिद्धान्त की रीढ प्रेम है और आध्यात्मिक-अलौकिक प्रेम को अभिव्यक्त करने के लिए भाषा की साधारण क्षमता कैसे सक्षम हो सकती थी ? अलौकिक भाषा को काव्यो के माध्यम से समझने की शक्ति किसमे थी ? अत सूफियो ने अपने काव्यो मे प्रतीकों, अन्योक्तियो, सूक्तियो आदि का प्रचुर प्रयोग किया। इस विषय मे यह कहना सही है कि 'यदि हम प्रतीको का प्रयोग न करे तो हमारा दिव्यदर्शन किसी के भी हृदय मे उतर नही सकता और वह सचमुच औरो के लिए एक ऐसी पहेली बन जाता है जिसका सामान्य बुद्धि, विवेक और विश्वास से कुछ भी सम्बन्ध नही रह जाता।'[1] सूफियो ने अपने साहित्य मे प्रतीको का जो सहारा लिया उसका एक प्रधान कारण यह भी था कि उन्हे कट्टर इस्लामपथियो

---

१. डा० चन्द्रबली पाडे, तसव्वुफ अथवा सूफीमत, पृ० १००

से खतरा पैदा हो गया था। प्रतीकों के प्रयोग से सूफियों को दुहरा लाभ हुआ—एक तो वे अपने मत का प्रचार निर्बाधरूप मे कर सके, दूसरे कट्टर इस्लाम के रूढ़िवादी आक्रमण के सामने ये प्रतीक ढाल का काम देने लगे। संभवतः फारिज ने इसीलिए कहा कि प्रतीकों के प्रयोग से दो लाभ प्रत्यक्ष होते हैं। एक तो प्रतीकों की ओट लेने से धर्म-बाधा टल जाती है, दूसरे उनके उपयोग से उन बातों की अभिव्यंजना भी खूब हो जाती है जिनके निदर्शन में वाणी असमर्थ अथवा मूक होती है।[1]

प्रतीक शब्द की व्याख्या करते हुए जेम्स हेस्टिंग्स ने कहा है कि प्रतीक किसी दृश्य या श्रव्य रूप का अथवा किसी विचार, भाव या अनुभव का द्योतक है, जो तथ्यरूप में ज्ञान और कल्पना के माध्यम से अनुमेय की व्याख्या करता है। इस विषय मे जेम्स ने प्रतीकों का प्रयोग दो प्रकार से संभव बताया है : एक तो कार्यों या शब्दों के द्वारा प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति, दूसरे कला के माध्यम से अभिव्यक्ति।[2] इस विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रतीक स्वयं किसी भावना के प्रतीक है अर्थात् जो भावना या सूक्ष्म तत्त्व भाषा मे बध नही पाता उसे प्रतीक रूपायित करने का साधन है। प्रतीक कहलाने वाले वे शब्द या भाव और कार्य क्या है जो प्रतीक नाम से बोधगम्य होते हैं। प्रतीकवाद धर्म के लिए साधक भी है और बाधक भी। प्रतीक किसी विचार या भाव के द्योतक रहने तक उपयोगी सिद्ध होते हैं। परन्तु जब वे द्योतक न रहकर भाव ही बन जाते है

---

१. डा० चन्द्रबली पाडे, तसव्वुफ सूफीमत, पृ० ९७-९८

2 'A symbol is a visible or audible sign or emblem of some thought, emotion, or experience, interpreting what can be really grasped only by the mind and imagination by something which enters into the field of observation So far as Greek and Roman religions are concerned, we need speak only of two kinds of symbols—symbolic representation by means of actions or words and symbolic representation in art'—James Hastings, Encyclopaedia of Religion and Ethics, Vol 12, p 139

तब वे मूल्यहीन हो जाते हैं।[1] इस तरह का खतरा भी सूफी काव्यों में कम नही मिलता।

सूफी प्रेमाख्यानको एवं सूफी सिद्धान्त में प्रेम प्रधान तत्त्व है, इसका उल्लेख किया जा चुका है। इस प्रेम का अर्थ रति से है। रति का जो आलम्बन है वह सूफियो के प्रियतम का प्रतीक है। विदेशी सूफियो ने रति के आलम्बन के रूप मे किशोर को चुना, स्त्री को नही। इसका कारण यह था कि उनका प्रियतम सदैव किशोर के रूप मे ही प्रस्तुत होता है। परन्तु यह लौकिक आलम्बन के रूप मे स्वीकार किया गया। उनके प्रेम का जो प्रधान पात्र है वह तो परमात्मा ही है। यही कारण है कि सूफी मसनवियो मे दाम्पत्य भावना के जिस प्रेम का वर्णन किया गया है उसमे आलम्बन परमात्मा का द्योतक पाया जाता है। प्रेम की पुकार अविरल गति से होती रहे इससे सूफियो ने सुरति को स्थान दिया। सुरति मे आनन्द अथवा लगन तभी आ सकती है जब सुरा हो, अत. सुरति के साथ सूफियो ने सुरा को भी अपना लिया। जब सुरति, सुरा भी हो गई तो इस सुरा को ढालकर देनेवाला भी कोई होना ही चाहिए। अत. साकी या माशूक को स्थान मिला। यही सूफी काव्यो मे प्रतीक बन गए। भारतीय सूफी प्रेमाख्यानको मे यहाँ का प्रभाव होने के कारण साकी का अन्तर्भाव प्रेमिका में कर लिया गया। इन कवियो ने प्रेमिका का वर्णन जहाँ भी प्रस्तुत किया, उसके नख-शिख सौन्दर्य का भी सविस्तार चित्रण किया। वैसे रूप-सौन्दर्य का वर्णन करते समय भारतीय साहित्य में नख-शिख वर्णन की परम्परा बहुत प्राचीन रही है। परन्तु सूफी साहित्य मे यह नख-शिख वर्णन भी प्रतीकात्मक हो गया। इस संदर्भ मे डा० चन्द्रबली पाडे ने लिखा है कि 'जब माशूक प्रतीक है तो उसका नख-शिख भी उसके अन्तर्गत समझा जायेगा। उसके अग-अग प्रतीक होगे। नख-शिख मे मुख की प्रधानता होती है। उसका वर्णन प्रायः

---

1. 'In religion, symbolism is a help and hindrance It provides a sign for an idea and useful in recalling the idea. But when, instead of recalling, it replaces the idea, it becomes a menace' —Hopkins, Origin and Evolution of Religion, p 45

सभी कवि खूब करते है। पर उसका प्रगट दर्शन कितनो को होता है ? परदे के भीतर का दीदार ही तो तसव्वुफ का सब कुछ है।'[1] जैसा कि कहा जा चुका है हिन्दी-सूफी कवियो ने विदेशी सूफी काव्यों के प्रतीकों को उपयोग मे यदि लिया भी तो समन्वय के साथ। यही कारण था कि जिस 'किशोर' रूप को प्रेम का प्रतीक विदेशी सूफी काव्यो मे माना गया उसे भारत के वातावरण मे स्वीकार नही किया जा सका। फलतः प्रेमास्पद को 'किशोर' के स्थान पर तरुणी बनना पड़ा।

मुख को सूफी प्रेमाख्यानको मे ईश्वरीय सौन्दर्य का प्रतीक माना गया है। यही कारण है कि जहाँ भी सूफी कवि प्रियतमा के मुखका वर्णन करता है वहाँ उसकी उपमा दिव्य उपमानो से देता है। चित्रावली जब झरोखे से झाँकती है तो उसमान कवि को लगता है मानो चाँद स्वर्ग से झाँक रहा हो। किसी मानवी का इतना असाधारण स्वरूप नही हो सकता जबतक कि वह ईश्वरीय शक्ति का प्रतीक न हो। चित्रावली के रूपसौन्दर्य का प्रकाश दिव्यज्योति का ही प्रकाश है :

चित्रावली झरोखे आई। सरग चाँद जन दीन्ह देखाई॥
भयो अँजोर सकल संसारा। भा अलोप दिनकर मनियारा॥
चौंधे सुर सब सुरपुर माहीं। चौंधे नाग देखि परछांही॥
चौंधे महिमंडल नर नारी। चौंधे जल थल जिव सब झारी॥
चौंधे जोगी अहे तराहीं। कस अंजोर कोई जाने नाहीं॥[2]

चन्दायन मे चाँद के मुखमण्डल को छटा से सारा भवन जगमगाता है।[3] परन्तु इस ईश्वरीय सौन्दर्य को अज्ञानरूपी अन्धकार देखने नही देता। सूफियो ने केशो को अज्ञान या माया का प्रतीक माना जो 'मुखमण्डल' ब्रह्म के प्रतीक को ढँके रहते हैं। केशो को जायसी ने माया के प्रतीकार्थ मे ही प्रयोग किया है। उनका कथन है :

ससि मुख अंग मलैगिरि रानी। नागह्न झांपि लीह्न अरधानी॥
ओनए मेघ परी जग छाहां। ससि की सरन लीह्न जनु राहां॥[4]

---

१. डा० चन्द्रवली पाडे, तसव्वुफ और सूफीमत, पृ० ९५
२ चित्रावली, पृ० १०६
३. चन्दायन, पृ० ११६.
४. पदमावत, सपा०—डा० वासुदेवशरण अग्रवाल, पृ० ६१.

भारतीय दर्शन मे माया को अत्यधिक बलवती माना गया है। यही माया ब्रह्म और आत्मा के मिलन मे बाधक है। माया का विस्तार और प्रभाव गहरा होता है। इसके फदे में फँसकर निकलना कठिन ही होता है। जायसी ने इसी को केशो के प्रतीक द्वारा समझाया है :

अस फंदवारे केस वै राजा परा सीस गियं फांद।
अस्टौ कुरी नाग ओरगाने भै केसन्हि के बांद॥[1]

इस माया मे फमकर व्यक्ति को जीवन भर अज्ञानान्धकार मे भटकना पडता है। मायारूपी अज्ञानान्धकार का स्वरूप ठीक केशो को कालिमा के समान होता है

बेनी छोरि झारू जौं बारा। सरग पतार होइ अंधियारा॥[2]

सूफी कवियो ने केश या लट का वर्णन नायिका की मुखमण्डल की शोभा बढाने के लिए किया है। प्राय ही प्रेमाख्यानको मे नायिका के मुख पर लट को देखकर नायक मूच्छित होते अवश्य दिखाया गया है। इसका तात्पर्य यह है कि लट को देखकर व्यक्ति मार्गच्युत होता है क्योकि लट माया की प्रतीक है। नूरमुहम्मद ने लट का वर्णन इस प्रकार किया है ·

वहे उपवन पर लट सटकारी, तपी देवतभा निस अंधियारी।
मोहि परा दरसन कर चौरा, हना बान बन आँखिन फेरा।
एक कहा लट सो मुख सोभा, होत अधिक लखि मुरछा लोभा।
एक कहा लट नागिन मारी, डसा गरल सो गिरा भिखारी।
एक कहा लट जामिन होई, राति जानि जोगी गा सोई॥[3]

जायसी ने पद्मिनी की बरौनियो का वर्णन ब्रह्म की मोहिनी शक्ति के प्रतीक-रूप मे किया है

बरुनी का बरनौं इमि बनी। सांधे बान जानु दुइ अनी॥
जुरी राम रावन कै सैना। बीच समुंद भए दुइ नैना॥
वारहि पार बनावरि साधी। जासौं हेर लाग बिख बांधी॥

---

१. पदमावत, सपा०—डा० वासुदेवशरण अग्रवाल, पृ० ९६
२. वही
३. इंद्रावती, पृ० ६०.

उन्ह बानन्ह अस को को न मारा। बेधि रहा सगरौं संसारा॥
गंगन नखत जस जाहिं न गने। हैं सब बान ओहि के हने॥
धरती बान बेधि सब राखी। साखा ठाढ़ि देहिं सब साखी॥
रोवं रोवं मानुष तन ठाढ़े। सोतहि सोत बेधि तन काढ़े॥[1]

जैसा कि कहा जा चुका है कि प्रियतमा का नखशिख वर्णन ही प्रतीकात्मक है। प्रतीकों की बात केशों और बरौनियों तक ही सीमित नही रहती। जायसी ने पद्मावती की वाणी की जो महिमा गाई है वह, पूर्णरूप से प्रतीकात्मक है। ऐसी वाणी जो सबको सुखद हो वह परमात्मा की ही हो सकती है। जायसी कहते हैं कि पद्मावती के अमृत-वचनों को सुनकर सबका मन अनुरक्त हो जाता है। उस स्वर ने चातक और कोकिल का स्वर हर लिया। वीणा-वशी में भी वह स्वर नही मिलता। ..... वह प्रेम के अमृत से पगे वचन बोलती है, जो सुनता है वही मस्त हो चक्कर खाने लगता है। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद इन चारो वेदो मे जितना ज्ञान है सब उसके पास है। उसकी एक-एक बात मे चार-चार अर्थ भरे हुए हैं जिसको समझने मे इन्द्र मोहित और ब्रह्मा सिर धुनने लगते हैं। अमरकोश, महाभारत, पिंगल छद और गीता सम्बन्धी शास्त्रार्थ के पडित भी उससे नही जीतते ..... इत्यादि।

हरै सो सुर चात्रिक कोकिला। बीन बंसि वह बैनु न मिला॥
चात्रिक कोकिल रहहिं जो नाही। सुनि वह बैन लाजि छपि जाहीं॥
भरे पेम मधु बोलै बोला। सुनै सो माति घुमि के डोला॥
चतुर बेद मति सब ओहि पाहाँ। रिग जजु साम अथर्बन माहां॥
एक एक बोल अरथ चौगुना। इंद्र मोह बरम्हा सिर धुना॥
अमर भारथ पिंगल औ गीता। अरथ जूझ पंडित नहिं जीता॥१०८॥[2]

वास्तव मे पद्मावती के रूप-सौन्दर्य के वर्णन मे जायसी ने जो वर्णन प्रस्तुत किया है वह ब्रह्म के असीम सौन्दर्य का प्रतीक मानकर ही किया है, इसमे सन्देह नही। पद्मिनी की दतपक्ति के वर्णन से स्पष्ट ही परिलक्षित होता है कि वह ईश्वरीय प्रकाश की प्रतीक है :

जेहि दिन दसन जोति निरमई। बहुतन्ह जोति जोति ओहि भई॥
रबि ससि नखत दीन्हि ओहि जोती। रतन पदारथ मानिक मोती॥

---

१. पदमावत, पृ० १०१
२. वही, पृ० १०५

जहं जहं बिहंसि सुभावहिं हंसी। तहं तहं छिटकि जोति परगसी॥
दामिनि दमकि न सरबरि पूजा। पुनि वह जोति औरु को दूजा॥
बिहंसत हंसत दसन तस चमके पाहन उठे झरक्कि।
दारिव सरि जो न कै सका फाटेउ हिया दरक्कि॥१०७॥[1]

इन कवियो ने दंतपक्ति को प्रकाश का प्रतीक माना तो अधरों को अमृत का भंडार। परमात्मा की अमरत्व प्राप्त करानेवाली शक्ति के प्रतीक-स्वरूप अधरो को स्वीकार किया गया। नूरमुहम्मद कहते हैं कि अधर-सुधारस का पान करके मरण नही होता

अधर तैहिक जिउ दाता आही, देत भलो जीवन जस चाही।
तो मोहिं सोच जिउ कर नाही, होइ सुधा तेहि अधरन माही।
बहुर प्रान देई मोहि सोई, तित जीवन पुन मरन न होई।[2]

परन्तु यह अमृत सभी को प्राप्त नही होता। यह तो बडी साधना के माध्यम से ही सभव हो सकता है। वैसे अमृत का पान तो सभी करना चाहते हैं :

अमिअ अधर अस राजा सब जग आस करेइ।
केहि कहं कंवल बिगासा को मधुकर रस लेइ॥[3]

इस अपूर्व अलौकिक अधरामृत का पान साधक को परमात्मा-मिलन मे सहायता देता है। 'मय' और साकी का प्रयोग भी प्रतीक के रूप में हुआ है। 'मय' के पीने से साधक का सम्बन्ध जगत् से नही रह जाता। वह अपने प्रियतम की ओर सम्बन्ध जोड़ने मे सहायक होता है। साधक और साध्य के मिलने पर जो प्रेमरस प्रकट होता है उसे साधक मदिरा-रूप मे पान करके प्रियतमाकार हो जाना चाहता है। प्रेमी की यही इच्छा रहती है कि उसे 'मय' का लबालब भरा प्याला मिलता जाए जिससे उसका मानस प्रियतमा मे ही लगा रहे :

एक पियाला भर मद दीजै मोल पियारे मानस लीजै।[4]

---

१ पदमावत, पृ० १०४
२. इन्द्रावती, पृ० ७७
३ पदमावत, पृ० १०३
४. इन्द्रावती, पृ० ७८

पदमावत मे रतनसेन के मधुपान के समय पद्मावती आग्रह करती है कि मधु को थोड़ा-थोड़ा चखकर ही पिये। परन्तु वह अपने प्रियतम की हर आज्ञा को शिरोधार्य करने की इच्छा के साथ ही ऐसा सुझाव देती है। जायसी ने सुरा को प्रेमरस के प्रतीक अर्थ मे ही लिया है :

बिनति करैं पदुमावति बाला। सो धनि सुराही पीउ पियाला।
पिउ आएसु माथे पर लेऊं। जौं मांगै नै नै सिर देऊं।
पै पिय वचन एक सुनु मोरा। चाखि पियहु मधु थोरइ थोरा।
पेम सुरा सोई पै पिया। लखै न कोइ कि काहूं दिया ॥३१९॥[1]

परन्तु जो साधक प्रेमरस का पान कर चुका है वह साधना में आने वाली मौत जैसी बाधाओ से भी विचलित नही होता। उसे अपनी साधना मे ही डूबा रहना आनन्ददायक होता है। इसी भाव के प्रतीकार्थ जायसी ने लिखा है :

सुनु धनि पेम सुरा के पिएं। मरन जियन डर रहै न हिएं।
जह मद तहां कहां संभारा। कै सो खुमरिहा के मंतवारा।
सो पै जान पियै जो कोई। पी न अघाइ जाइ परि सोई।
जा कह होइ बार एक लाहा। रहै न ओहि बिनु ओही चाहा।
अरथ दरब सब देइ बहाई। कह सब आउ न जाउ पियाई।
रातिहुं देवस रहै रस भीजा। लाभ न देख न देखै छीजा।
भोर होत तव पलुह सरीरू। पाव खुमरिहा सीतल नीरू।

एक बार भर देहु पियाला बार बार को मांग।
मुहमद किमि न पुकारै अैस दाउ जेहि खांग ॥३२०॥[2]

नूरमुहम्मद ने मदिरा के विषय मे लिखा है :

बिना कदम्बरि के पिये, त्रास न मन सो जात।
दयावती होइ दीजिये, होलिक लागी प्रात ॥[3]

सूफी काव्यो में साधना एवं दर्शन से सम्बन्ध रखने वाले प्रतीक

---

१ पदमावत, पृ० ३१७-१८.

२ पदमावत, पृ० ३१८

३ इन्द्रावती, प० ३४.

अपेक्षाकृत काव्यात्मक प्रतीको के अधिक दृष्टिगत होते हैं। जैसे परम-तत्त्व के साक्षात्कार के लिए कुछ साधको ने चार अवस्थाएँ मानी हैं और कुछ ने सात स्थितिया (मुकामात) स्वीकार की हैं। सूफियो की मान्यता है कि साधना-पथ पर निरन्तर बढते जाने के लिए सात मुकामातो का बड़ा महत्त्व है। साधक अपनी साधना को क्रमशः अग्रसर करता जाता है और इन मुकामातो पर ठहर-ठहर कर अपनी स्थिति को मजबूत करता है। एक साथ किसी मार्ग को तय करने मे थकने की सभावना तो रहती ही है—खतरे की उसमे कही अधिक आशका हो जाती है। सूफी साधक अपने इष्ट की खोज मे 'सालिक' या यात्री की भूमिका का निर्वाह करता है। वह अपनी यात्रा पर पहुचने के लिए सात मुकामातो को तय करता हुआ (शरीअत, तरीकत, मारिफत आदि) अंतिम लक्ष्य 'फनाफिल-हक' को प्राप्त करता है अर्थात् परमात्मा मे विलीन हो जाता है।[1] इस प्रकार सूफी साधक की यात्रा समाप्त हो जाती है और उसकी प्यास बुझ जाती है, वह अपने प्रियतम मे एकाकार हो जाता है। रूमी के अनुसार अन्तिम लक्ष्य 'फना' तक साधक को पश्चात्ताप, त्याग, परमात्मा मे विश्वास और जप की स्थितियो को पार करना होता है।[2] अत्तार ने इन्ही स्थितियो को सात घाटियो के नाम से प्रकट किया है।[3] पहली घाटी खोज

---

1 The Sufi sets out to seek God, calls himself a traveller (Salik), he advances by slow stages (Magamat) along a path (Teriqat) to the goal of union with reality (Fanafil-Haqq) —Mystics of Islam, p 28

2 It is the way that leads away from self, though repentence, renunciation, trust in god (Tawakkul), recollection (Zikar) to ecstasy and union with God The final stage is fana, culminating in pana-al-fana —Influence of Islam, p 150

3 The first of the seven is the Valley of Search, the second is the Valley of Love The third Valley is that of Knowledge The fourth stage is the Valley of Detachment The fifth Valley is that of Unification The sixth Valley is the Valley of Bewilderment, the seventh and the last Valley

की है, द्वितीय प्रेम की घाटी है। तृतीय घाटी ज्ञान की है। चौथी घाटी विच्छेद की है, इसमे सारी इच्छाए विलीन हो जाती हैं। पाचवी घाटी प्रियमिलन की है। छठी घाटी विस्मय की है और सातवी घाटी आत्म-लय की है।

उक्त सदर्भ को दृष्टि मे रखकर भारतीय साधना की ओर ध्यान दे तो हमे योगदर्शन, बौद्ध और जैन साधनाओ में भी इस प्रकार की अवस्थाओ का स्पष्ट उल्लेख दिखाई पड़ेगा। योगदर्शन के अनुसार योग के यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि ये आठ अग हैं।[1] बौद्धो ने अष्टांगयोग के स्थान पर षडंगयोग को मान्यता दी।[2] जैन लोग आत्मा को स्वतन्त्र सत्ता मे विश्वास करते हैं। इसलिए वे आत्मा का परमात्मा मे विलय न दिखाकर केवलज्ञान और मोक्ष की स्थिति को चरम लक्ष्य मानते हैं। इसके लिए साधक को चौदह—मिथ्यात्व, सासादन, मिश्र, अविरत, देशविरत, प्रमत्तसंयत, अप्रमत्तसंयत, अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण, सूक्ष्मसंपराय, उपशान्तमोह, क्षीणमोह, सयोगीजिन और अयोगीजिन—गुणस्थानो को पार करना होता है।[3] केवलज्ञान की स्थिति मे ध्यान, ध्याता और ध्येय का कोई विकल्प नही रह जाता। संक्षेप मे यह कहना होगा कि प्रत्येक धर्मावलम्बी ने सोपानो की स्थितियाँ स्वीकार की है।

सूफी साधना में जिन सात मुकामातो अथवा चार अवस्थाओ का विधान है और इन मुकामातो को पार करने के लिए सूफी साधक बडी से बड़ी कीमत अदा करने को तैयार रहता है—इसी को ध्यान मे रखकर सूफी कवियो ने साधनापथ मे आनेवाली बाधाओ का प्रतीकात्मक सकेत समुद्रो, पर्वतो, घाटियों, नदियों आदि के रूप मे किया है। जायसी ने राजा के कूच (प्रयाण) करने पर मार्ग मे आनेवाली बाधाओ का जो वर्णन किया है वे साधना-पथ की बाधाओ के प्रतीक बनकर ही सामने आते हैं·

---

is the Valley of Annihilation

—Persian Mystics, Attar, pp 29-30

१. डा० धर्मवीर भारती, हिन्दी साहित्य कोश, पृ० ८८०.

२. वही.

३. देखिए—गोम्मटसार आदि ग्रथ.

कहेहि आजु कछु थोर पयाना। काल्हि पयान दूरि है जाना॥
ओहि मेलान जब पहुंचिहि कोई। तब हम कहब पुरुष भल सोई॥
एहि आगे परबत की पाटी। बिषम पहार अगम सुठि घाटी॥
बिच बिच खोह नदी औ नारा। ठावहिं ठांव उठहिं बटपारा॥
हनिवंत केर सुनब पुनि हाका। दहुं को पार होइ को थाका॥
अस मन जानि संभारहु आगू। अगुआ केरि होहु पछलागू॥
करहिं पयान भोर उठि नितहि कोस दस जाहिं।
पंथी पंथाँ जे चलहिं ते का रहन ओनाहिं॥ १३६॥[1]

वास्तव में जो बटोही मार्ग तय कर रहे हैं, वे क्या कभी टिके रहने के लिए ठहरते हैं? उन्हे तो लक्ष्य तक पहुँचना रहता है। अत विश्राम के लिए तथा अपनी स्थिति को और सुदृढ़ करने के लिए रुकते हैं और पुन: चलने लगते हैं। तब तक चलते जाते है जब तक कि प्रियतम का मिलन नही हो जाता। नूरमुहम्मद ने सात मुकामातो का 'सात बन' की सज्ञा देकर मार्ग की बीहडता प्रकट की है[2]

अगम पंथ मो सात बन, और समुद्र अथाह।
होत न कैसेहु मग मो, अगुवा बिना निबाह॥

जायसी के खार, खीर, खधि, जल, उदधि, सुरा और किलकिला नामक सात समुद्रो का उल्लेख[3] सात मुकामातो का ही द्योतक है। वर्णन करने मे जायसी ने प्रतीकात्मक बोध के लिए काफी गुजाइश छोडी है। सातो समुद्र मिले हुए हैं परन्तु सभी का जल एक-दूसरे से भिन्न है:

मिले समुंद वै सातौं बेहर बेहर नीर।[4]

तात्पर्य यह है कि सातों समुद्रो का जल भिन्न-भिन्न है परन्तु वे मिले हुए हैं। इसी प्रकार सातो मुकामातो का स्थितियाँ भिन्न-भिन्न हैं परन्तु एक स्थिति को पार किए बिना दूसरी मे नही पहुँचा जा सकता। तृतीय

१ पदमावत, पृ० १३१
२. इन्द्रावती, पृ० १४
३ पदमावत, पृ० १४४-१५१.
४ पदमावत, पृ० १४५

दधि समुद्र का वर्णन तीसरे मुकाम के समकक्ष है। इसमे 'दधि' का जो रूपक बांधा है वह स्पष्ट ही प्रतीकात्मक है। वे कहते हैं कि वह जीव धन्य है जो प्रेम से दग्ध हुआ हो। वही दही मे से मथकर घी निकालता है। दही की एक बूद से सब दूध जम जाता है, वह खटाई की एक बूंद से पानी हो जाता है। शरीर प्राणरूपी दही से भरी मटकी है। इसमे मन-रूपी मथानी से प्राणरूपी दही पर चोट किए बिना घी अर्थात् परम ज्ञान की उपलब्धि नही हो सकती :

दधि समुंद्र देखत मन डहा। पेम क लुबुध दगध पै सहा॥
पेम सो दाधा धनि वह जीऊ। दही माहिं मथि काढ़ै घीऊ॥
दधि एक बूंद जाम सब खीरू। कांजी बुंद बिनसि होइ नीरू॥
स्वांस दहेंड़ि मन मथनी गाढ़ी। हिएं चोट बिनु फूट न साढ़ी॥[1]

जायसी ने सूफियो के सात मुकामातो या चार अवस्थाओं की ओर एकाधिक बार संकेत किया है। वे एक स्थान पर इन्हे सात खंडों की सज्ञा देते हैं। उनका कहना है कि मार्ग अगम्य है परन्तु वह मार्ग सुई की नोक पर चलने के समान है। उसका चढना अत्यधिक तीखा है और सात खंड चढने पडते हैं।

पै सुठि अगम पंथ बढ़ बांका। तस मारग जस मुई क नाका॥
बांक चढ़ाव सात खंड ऊंचा। चारि बसेरे जाइ पहूँचा॥[2]

सिंहल द्वीप पर पहुँचना अत्यधिक कठिन है क्योकि मार्ग में सात समुद्र पड़ते हैं जो अथाह है :

खार खीर दहि उदधि सुरा जल पुनि किलकिला अकूत।
को चढ़ि बांधै समुंद ये सातौं है काकर अस बूत॥[3]

जायसी ने सातवे समुद्र मानसर का जो वर्णन किया है उसको तुलना सूफियों की अतिम फना की स्थिति से की जा सकती है। सातवें 'मानसर' मे आकर साधक का अज्ञानाधकार अथवा तमस् मिट जाता है तथा प्रात.-कालीन प्रकाश को ज्योति के समान उसकी आत्मा निर्मल हो जाती है।

---

१. पदमावत, पृ० १४६
२. जायसी-ग्रन्थावली, पृ० ३१५.
३ पदमावत, पृ० १३७.

'मानसर' समुद्र के वर्णन को देखकर कोई सहज मे ही इसे प्रतीकात्मक अर्थ से परिपूर्ण कहेगा

देखि मानसर रूप सोहावा । हियं हुलास पुरइनि होइ छावा ॥
गा अंधियार रैनि मसि छूटी । भा भिनुसार किरिन रवि फूटी ॥
अस्तु अस्तु साथी सब बोले । अंध जो अहे नैन बिधि खोले ॥
कंवल बिगस तह बिहंसी देही । भंवर दसन होइ होइ रस लेही ॥
हंसहिं हंस औ करहिं किरीरा । चुनहिं रतन मुकताहल हीरा ॥
जौं अस साधि आव तप जोगू । पूजै आस मान रस भोगू ॥
भंवर जो मनसा मानसर लीन्ह कंवल रस आइ ।
घुन जो हियाव न कै सका झूर काठ तस खाइ ॥ १५८ ॥[1]

कवि उसमान ने साधना की शरीयत, तरीकत, हकीकत और मारिफत की अवस्थाओ के प्रतीकस्वरूप भोगपुर, गोरखपुर, नेहनगर और रूपनगर का वर्णन किया है। साधक-यात्री जब रूपनगर को प्रस्थान करता है तो सर्वप्रथम भोगपुर पड़ता है। वास्तव मे यह भोग-विलास सामग्री का प्रतीक है। इस नगर में इन्द्रियाकर्षक वस्तुएँ है परन्तु साधक उनकी ओर बिना आकर्षित हुए आगे बढता है। मार्ग तो दुरूह है ही, इसी से कहा है कि इस पर वही चल सकता है जिसका कलेजा लोहे का हो :

जाइ सोई जो जिउ परतेजा । सार पांसुली लोह करेजा ॥[2]

जब भोगपुर मे साधक अपनी विजय पाता है तब वह गोरखपुर पहुचकर गुरु की सहायता से योग साधता है। जब उसे अन्तर्दृष्टि प्राप्त हो जाती है तब वह नेहनगर को प्रस्थान करता है और वही पहुँचकर उसे प्रेम की पूर्ण अभिव्यक्ति हो जाती है। जब सासारिक कोई मोह नही रहता तब वह रूपनगर में पहुँचता है। यही उसका अतिम लक्ष्य था। परन्तु यह मार्ग असिधार के तुल्य है।[3] सूफी कवियो ने सात समुद्र अथवा चार अवस्थाओ के विवेचन मे अलग-अलग उपमानो का प्रयोग किया है। नूरमुहम्मद ने

---

१. पदमावत, पृ० १५१.
२ चित्रावली, पृ० ७९
३ वही, पृ० ८४.

शरीर को स्थिति दिखाते हुए शरीअत, तरीकत, हकीकत और मारिफत की स्थिति को ही समझाया है। शरीर एक मूर्तिमान् मन्दिर है, उसमे मन एक फुलवारी है। तीसरी अवस्था मे जोव एक हकोकत है। चौथी अवस्था मारिफत 'ज्योतिसदन' है जहा अज्ञानान्धकार का पूर्ण क्षय हो जाता है :

एक सरीर मंदिर छविधारी। दूसर है यह मन फुलवारी॥
तीसरे मांहि जीवन अस्थाना। चौथा जोति सदन हम जाना॥[1]

जायसी ने सिंहलगढ का वर्णन करते समय जिन सात चढावो का वर्णन किया है वे भी साधना के क्षेत्र मे प्रतीक हैं

कहौं तोहि सिंघलगढ़ है खंड सात चढ़ाउ।
फिरा न कोई जिअति जिउ सरग पंथ दै पाउ॥[2]

इसी प्रकार नव द्वार इंद्रियों के प्रतीक के लिए, पाँच हरकारा ज्ञानेन्द्रियो आदि के लिए अनेक प्रतीकात्मक शब्द इन सूफी काव्यो मे मिल जाते हैं।

साधनात्मक प्रतीको के अतिरिक्त सूफियों ने जीवात्मा और परमात्मा के प्रेम स्थापन मे शुक, बुलबुल, चमन, चन्द्रमा-चकोर, सूर्य-कमल, पतग-दीपक, भौंरा-गुलाब, जल-मीन और बाँसुरी आदि प्रेम-प्रतीको की सहायता ली। जब सूफी कवि कमल और सूर्य के प्रीति निर्वाह की बात कहता है तब वह जीवात्मा और परमात्मा के प्रेम की ओर इंगित करता है। नूरमुहम्मद कमल-सूरज और चुम्बक तथा लोहे का वर्णन प्रतीकात्मक ही करते हैं :

तौ उत्तम को ध्यान भला है, कमल सुरज को प्रीति निबाहै।
कहां मयंक कहा ससिनेही, दीपक कहां कहां तमगेही॥[3]
आनवस्तु पर उपनत दोहा, चुम्बक पाहन चाहत लोहा।
देखौ पतंग गृह्या मन रीझा, मन भावन मरा ऊपर सीझा।
पंकरुह तिमिरारि लुभाना, जलमहं ताहि देखि बिगसाना।

---

१ इन्द्रावती, पृ० ७१.

२ पदमावत, पृ० २०४.

३. अनुराग वासुरी, पृ० १०४

पाइ गुलाव गुलाव सनेही, चहचहात आनन्द देही।
अमरकोस मृगमद नित रागी, प्रेम की रीति निरार सुभागी॥[1]

पद्मावती को जब रतनसेन का वियोग सताता है तो उसे रात्रि को नीद नही आती। शय्या पर लेटती है तो उसे ऐसा लगता है कि वहा किसी ने केंच (केच की कली के रेगे से शरीर पर अत्यधिक जलन और खुजाल होती है) लगा दी है। चन्द्रमा, चन्दनादि सभी उसे ताप देते हैं। विरहाग्नि मे शरीर झुलसता है। रात्रिकाल एक युग के समान बीतता है आदि—

पदुमावति तेहि जोग संजोगां। परी पेम बस गहे बियोगां॥
नींद न परै रैनि जौं आवा। सेज केवांछ जानु कोई लावा॥
दहै चाँद औ चन्दन चीरू। दगध करै तन बिरह गभीरू॥
कलप समान रैनि हठि वाढ़ी। तिल तिल मरि जुग जुग बर गाढ़ी॥[2]

जीवात्मा जब प्रियतम परमात्मा के वियोग मे तडफती है तो उसकी दशा वही होती है जो जल के विना मछली की। इसी बात को जायसी ने पद्मावती के सदर्भ मे प्रकट किया है। पद्मावती मछली की तरह तड़फती है और 'पिउ-पिउ' रटते-रटते पपीही हो हो गई है.

कौन मोहनी दहुँ हुत तोही। जो तोहि विद्या सो उपनी मोही॥
विनु जल मीन तलफ जस जीऊ। चातकि भइउं कहत 'पिउ-पिऊ'॥

चन्द्रमा और चकोर का प्रेम बहुचर्चित है। जिस प्रकार साधक जीवात्मा परमात्मा से मिलने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहता है उसी प्रकार चन्द्रमा को पाने के लिए चकोर मडराता ही रहता है। सूफियो ने चन्द्र और चकोर का प्रतीको के लिए उपयोग किया है। कवि नूरमुहम्मद ने एक स्थान पर नेत्र के लिए चकोर और मुख के लिए चन्द्रमा का रूपक दिया है·

मन लोचन मो चंद दिसि, रहिगा चितै चकोर।
चंद बिलोकत रहि गयउ, जिन चकोर की ओर॥[3]

---

१ अनुराग वासुरी, पृ० ११२
२ पदमावत, पृ० १६१.
३ इन्द्रावती पृ० ६०

सूफी काव्यों मे सूर्य-चन्द्र का उपमानों के रूप मे बहुतायत से प्रयोग किया गया है। भारतीय शास्त्रों मे सूर्य को अग्नितत्त्व और चन्द्रमा को सोमतत्त्व माना है। यह जगत् इन्ही दोनो तत्त्वो का प्रतिफल है। सूर्य को अग्नितत्त्व मानने का मूल कारण यह है कि वही सासारिक जीवन मे प्राणो का सचार करता है। सोमतत्त्व अर्थात् शीतल तत्त्व अर्थात् मातृतत्त्व है। जब सोमतत्त्व और अग्नितत्त्व का मिलन होता है तब सृष्टि की रचना होती है। जब तक सूर्य और चन्द्र या यो कहे कि पुरुषतत्त्व और स्त्रीतत्त्व का सयोग न हो तो सृष्टि हो न हो। इसी रूप को ध्यान मे रखकर सूफियो के प्रेमी-प्रेमिकाओ अथवा नायक-नायिकाओ तथा जीवात्मा व परमात्मा के लिए प्रयुक्त सूर्य-चन्द्र की व्याख्या से ज्ञात होता है कि उन्होने अनेक बार प्रतीकात्मक ढग से इन शब्दो का प्रयोग किया है। रतनसेन से पद्मावती के सौन्दर्य के विषय मे जब सुग्गा कहता है कि जिस प्रकार उगते हुए सूर्य की धूप से चाँद छिप जाता है उसी प्रकार सब स्त्रियाँ पद्मावती के रूप के आगे छिप जाती हैं :

उअत सूर जस देखिअ चांद छपै तेहि धूप।
अैसे सबै जाहिं छपि पदुमावति के रूप॥[1]

तब रतनसेन को कहना पड़ता है :

तुइं सुरंग मूरति वह कही। चित महं लागि चित्र होइ रही॥
जनु होइ सुरुज आइ मन बसी। सब घट पूरि हिएं परगसी॥[2]

अर्थात् पद्मावतीरूपी सूर्य ने उसके शरीर मे प्रवेशकर हृदय को प्रकाशित कर दिया। प्रकाशित ही नही किया अपितु उसे सूर्यरूप कर दिया और स्वयं छायारूप हो गई ·

अब हौं सुरुज चाँद वह छाया।[3]

अब रतनसेन सूर्य है और पद्मावती छाया और चन्द्र है। यही उपयुक्त भी है। स्त्रीतत्त्व ही शीतल और सोम होता है। इन दोनो का लय या

---

१. पदमावत, पृ० ९२
२ वही, पृ० ९३.
३. वही.

एकात्म होना ही सूफियो की अतिम परिणति है। जायसी ने पद्मावती के कानो के कुण्डलो को सूर्य और चन्द्रमा के समान चमकीला बताया है.

दुहु दिसि चाँद सुरुज चमकाहीं। नखतन्ह भरे निरखि नहिं जाहीं।[1]

जैसा कि पहले लिखा जा चुका है, सोम अथवा चन्द्र स्त्री का प्रतीक है और सूर्य पुरुष का प्रतीक है। जायसी ने एक स्थान पर स्पष्ट ही लिखा है।

सखी देखावहिं चमकहु बाहू। तूं जस चाँद सुरुज तोर नाहू॥
छपा न रहे सुरुज परगासू। देखि कंवल मन भएउ हुलासू॥[2]

अर्थात् पद्मावती की सखियां उसके पति को दिखाकर कहती है कि तू जैसे 'चाँद' है वैसे ही तेरा पति 'सूरज' है। सूर्य के प्रकाश से रात्रिरूपी अधकार नष्ट हो जाता है। कमल खिल उठते हैं। सूर्य और चन्द्रमा का मिलन सभव नही दिखाई पडता परन्तु जायसी ने प्रताको के माध्यम से वह भी सभव कर दिखाया और इस बात की भी पुष्टि कर दी कि चन्द्र स्त्री का और सूर्य पुरुष का प्रतीक है

चाँद सुरुज दुइ निरमल दुवौ संजोग अनूप।
सुरुज चाँद सौं भूला चाँद सुरुज के रूप॥

पद्मावती ने रतनसेन को देखा तो उसके मन मे काम के आठो भाव जाग्रत हो गए। जायसी ने इसे इस प्रकार लिखा है।

देखा चांद सुरुज जस साजा। अस्टौ भाउ मदन तन गाजा॥[3]

सूर्य और चन्द्र के प्रतीक रूपो को देखा। दीपक और पतग का प्रेम भी किसी से छिपा नही। जब तक दीपक की लौ से पतग जलकर राख नही हो जाता, वह दीपक पर ही मडराता रहता है। इसे उसकी प्रीति, स्वभाव अथवा यदि मानते हैं तो नियति भी कह सकते हैं

---

१. वही, पृ० १०७
२. वही, पृ० २६५
३ वही, पृ० २७२
४ वही, पृ० २६५

दीपक प्रीति पतंग जेउं जनम निवाह करेउं ।
नेवछावरि चहुँ पास होइ कंठ लागि जिउ देउं ॥[1]

पदमावत मे जायसी ने कथा को प्रतीको के आधार पर खड़ा किया है। कथा मे चित्तौड तन का प्रतीक और राजा रतनसेन मन का प्रतीक है। सिहल उसका हृदय है, पद्मावती बुद्धि है, नागमती दुनिया-धंधा है, सुआ गुरु है और राघव शैतान तथा अलाउद्दीन माया के प्रतीक है।[2] वास्तव मे हठयोग की साधना-प्रक्रिया को जायसी ने प्रतीकों के माध्यम से समझाने की चेष्टा की है। सिंहलगढ का जब वे वर्णन करते हैं तो कुडलिनी और ब्रह्माण्ड तक का चित्र उपस्थित हो जाता है

तरहिं कुरुंभ बासुकि कै पीठी । ऊपर इन्द्रलोक पर डीठी ॥
परा खोह चहुंदिसि तस बांका । कांपै जाघि जाइ नहिं झांका ॥
अगम असूझ देखि डर खाई । परै सो सप्त पतारन्ह जाई ॥
नव पंवरी बाकी नव खंडा । नवहुं जो चढ़ै जाइ ब्रह्मंडा ॥
कंचन कोट जरे कौसीसा । नखतन्ह भरा बीजु अस दीसा ॥
लंका चाहि ऊंच गढ़ ताका । निरखि न जाइ दिस्टि मन थाका ॥

हिज न समाइ दिस्टि नहिं पहुंचै जानहु ठाढ़ सुमेरु ।
कहं लगि कहौं ऊंचाई ताकरि कहं लगि वरनौं फेरु ॥४०॥[3]

गढ मे जो नौ द्वार और नौ मजिले है वही शरीर के नौ द्वारो के प्रतीक हैं। जो इन नवो स्थानो को पार कर लेता है वह ब्रह्माण्ड को पा लेता है। परन्तु उसे पाने के लिए गढ के वज्र किवाड़ो को तोड़कर जाना होता है जो इतना सरल नही। उसकी ऊचाई भी अधिक है। नौ खण्डो पर नौ द्वार हैं। उनमे वज्र के किवाड लगे हैं। उन पर चार पडाव देकर चढ़ना चाहिये और इसके लिए जो सत्यमार्ग का अनुसरण करेगा वही चढ पायेगा।

नवौ खंड नव पंवरीं और तहं बज्र केवार ।
चारि बसेरें सो चढै सत सौ चढ़ै जो पार ॥[4]

---

१ वही, पृ० ७०९
२ जायसी-ग्रन्थावली, उपसंहार पृ० ३४१
३. पदमावत, पृ० ४०.
४. वही, पृ० ४१

उक्त दोहे मे जो चार वसेरे की बात कही गई है वह स्पष्ट ही सूफियो के शरीअत, तरीकत, मारिफत और हकीकत इन चार अवस्थाओ की ओर लक्ष्य करके कही गई है। ये कुछ ऐसे उद्धरण है जिनमे हठयोग आदि सम्बन्धी अर्थों को प्रतिपादित करने मे आयास और श्रम की अपेक्षा नही।

श्वास प्रक्रिया से कुडलिनी को जाग्रत किया जाता है। उसी के द्वारा साधक ब्रह्माण्ड तक अथवा ब्रह्मज्ञान की स्थिति तक पहुँचता है। इसमे मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत, विशुद्धाख्य, आज्ञा और सहस्रादि चक्रो की स्थिति से गुजरना होता है। इस मार्ग को ऊचाई से तय करना अत्यधिक कठिन होता है। जायसी ने ब्रह्माण्ड की ऊँचाई का और उस तक पहुँचने के मार्ग का वर्णन सिहलगढ के माध्यम से इस प्रकार किया है :

सो गढ़ देखु गंगनु तें ऊंचा। नैन देख कर नाहिं पहूँचा॥
बिजुरी चक्र फिरै चहुं फेरी। औ जमकात फिरै जम केरी॥
धाइ जो बाजा कै मन साधा। मारा चक्र भएउ दुइ आधा॥
चंद सुरुज औ नखत तराईं। तेहि डर अंतरिख फिरैं सबाईं॥
पवन जाइ तहं पहुंचै चहा। मारा तैस टूटि भुइ बहा॥[1]

हठयोगी साधना की दुरूहता भी किसी से छिपी नही है। उक्त उद्धरण से यह बात और भी स्पष्ट हो जाती है। जायसी ने एक अन्य स्थान पर दशम द्वार का उल्लेख किया है जो कि यौगिक प्रक्रिया से ही सबंधित जान पड़ता है.

दसवं दुवार तारु का लेखा। उलटि दिस्टि जो लाव सो देखा॥
जाइ सो जाइ सांस मन बंदी। जस धंसि लीन्ह कान्ह कालिन्दी॥[2]

अर्थात् दशम द्वार अथवा ब्रह्माण्ड अत्यधिक ऊँचे स्थान पर है। जिसने अपनी दृष्टि अन्य वस्तुओ से हटाकर उसी ओर लगा दी है वही उसे देख सकता है। जिसका प्राण मन के साथ बंध जाता है वही उसके समीप पहुँच पाता है। गढ को शरीर की रचना द्वारा जायसी जब समझाने लगते हैं तब उनकी प्रतीकात्मक शैली की बात और भी मुखर होकर सामने आ जाती है। जायसी लिखते हैं.

---

१ पदमावत, पृ० १५४
२ वही, पृ० २०७

गढ़ तस बांक जैसि तोरि काया । परखि देखु तैं ओहि की छाया ॥
पाइअ नाहिं जूझि हठि कोन्हे । जेइं पावा तेइं आपुहि चीन्हे ॥
नौ पौरी तेहि गढ़ मंझिआरा । औ तह फिरहिं पांच कोटवारा ॥
दसवं दुआर गुपुत एक नाँकी । अगम चढ़ाव बाट सुठि बांकी ॥
भेदी कोइ जाइ ओहि घाटी । जौं लै भेद चढ़ै होइ चांटी ॥
गढ़ तर सुरङ्ग कुंड अवगाहा । तेहि महं पंथ कहो तोहि पाहां ॥
चोर पैठि जश सेंधि संवारी । जुआ पैंत जेउं लाव जुआरी ॥
जस मरजिया समुन्द धंसि मारैं हाथ आव तब सीप ।
ढूंढि लेहि ओहि सरग दुवारी और चढ़ु सिंघलदीप ॥१२५॥[1]

अर्थात् गढ वैसा ही बाका है जैसा तेरा शरीर । तू परीक्षा करके देख कि दोनो मे साम्य है कि नही । जिसने आत्मा को पहचान लिया उसने सिद्धि प्राप्त कर ली । शरीर मे नौ इन्द्रिय-द्वार है और पंच प्राण उसकी रक्षा करने वाले कोतवाल हैं । ब्रह्मरन्ध्र उसका दशम गुप्त द्वार है । उस तक पहुचने का मार्ग दुर्गम्य और टेढा है । उसका भेद गुरु से जानकर ही कोई भेदी पिपीलिका गति से उस घाटी तक पहुँच सकता है । इस शरीर-रूपी गढ़ मे सबसे नीचे सुषुम्नारूपी सुरंग है जो मूलाधाररूपी अगाध कुंड से आरम्भ होती है । ब्रह्माण्ड तक पहुँचने का मार्ग उसी में होकर गया है । जिस प्रकार चोर चुपचाप सेंध लगाकर घुसता है उसी प्रकार जो गुप्त साधना करता है, जिस प्रकार जुआरी अपनी सारी पूँजी दाव पर लगाकर जुआ खेलता है उसी प्रकार जो साधक अपना माया-मोह त्यागकर साधना करता है और समुद्र में घुसने वाले गोताखोर की भांति जोकि प्राणो को हथेली पर लेकर योग-साधना करता है उसी को ब्रह्मरूपी मणि प्राप्त होती है । जो सुषुम्ना के इस स्वर्गद्वार नामक आरम्भ को पा लेता है वही अंतिम सिद्धि-स्थान तक पहुँचता है ।

दशम द्वार को कोई मर्मी ही खोल सकता है, इसकी जानकारी नूर-मुहम्मद को भलीभाँति थी :

दसई द्वार न खोलत कोई । तव खोलैं जा मरमी होई ॥[2]

---

१ वही, पृ० २०५

२ इन्द्रावती, पृ० २७.

साधनात्मक प्रसगो में सूफी कवियों ने दर्पण का उल्लेख हृदय के प्रतीकार्थ मे किया है। साधक को चाहिये कि वह अपने हृदयरूपी दर्पण पर धूल न जमने दे अन्यथा वह अपने इष्ट का प्रतिबिम्ब नही देख सकेगा। इसीलिए उसमान दर्पण को सभालने की वात कहते हैं :

यह दरपन तुम्ह लेहु संभारी, जेहि महं देखहु दरस पियारो।
अब नींह लावहु चित बैरागा, मांजत रहब जो मैल न लागा॥[1]

नूरमुहम्मद का कथन है :

पै हबहीं नहि उचित परगट देउ देखाय।
देखे मेरो छाया, ऐसे करहु उपाय॥
झांका दरपन मों परछाहीं, परी बदन की बिछुरी नाहीं॥[2]

वास्तव में सूफियो को 'दर्पण' प्रतीक योजना से एक रहस्योद्घाटन होता है। भारतीय विचारधारा मे ईश्वर को विराटस्वरूप माना गया है। उस विराट को साक्षात् देखने की शक्ति साधारण प्राणी मे कैसे संभावित है ? वह तो उस स्वरूप को हृदयरूपी दर्पण मे उतारता है—देखता है। सूफी भी अपने प्रिय अर्थात् परमात्मा को हृदयरूपी दर्पण मे देखता है .

तेहि रूपवंती रूप सो, दरपन पायउ रूप।[3]

इन्द्रावती मे कुवर को स्वप्नदर्शन होता है। कुवर अपनी अनुभूति को इस प्रकार व्यक्त करता है

मोहिं अचरज हिरदय मो आही। कैसे मुकुर म देखा ताही॥
यह सपने को को पतियाई। मुकुर सौंहं बिनु देखिन जाई॥[4]

जायसी ने लिखा कि अमुक-अमुक वस्तुओ ने दर्पण के समान पद्मावती के अगो का प्रतिबिम्ब ग्रहण किया

---

१. चित्रावली, पृ० १०२.
२. इद्रावती, पृ० ११४
३ वही, पृ० १०
४. वही, पृ० ११.

पाए रूप रूप जस चहे। ससि मुख सब दरपन होइ रहे॥
नैन जो देखे कंवल भए निरमर नीर सरीर।
हंसत जो देखे हंस भए दसन जोति नग हीर॥[1]

इन प्रतीको के अतिरिक्त सूफियो ने दैनिक जीवनोपयोगी पदार्थो का भी प्रतीकार्थो के लिए प्रयोग किया है। उदाहरणार्थ जायसी ने कत्था, चूना, पान और सुपारी का उल्लेख किया है। ये चारों पदार्थ चार प्रकार की शून्य अवस्थाओ के प्रतीक हैं। पान शून्य, सुपारी अति शून्य, कत्था महाशून्य और चूना सर्वशून्य के प्रतीक हैं।[2]

पान सुपारी खैर दुहुं मेरैं करै चक चून।
तब लगि रंग न राचै जब लगि होइ न चून॥[3]

सूफी प्रतीको के सदर्भ मे डॉ० सरला शुक्ल ने 'इजिप्शियन लायब्रेरी' के हस्तलिखित ग्रन्थ 'अल सिर्रफि अनफास अल सूफ़िया' मे वर्णित सूफी मत की उनतीस परिभाषाओ को उद्धृत किया है[4] जो इस प्रकार हैं :

अलिफ	—	सूफी मत का तात्पर्य सद्गुणो की प्राप्ति एवं दुर्गुणों का अभाव है।		
वे	—	,,	,,	आत्मा की खोज एव लौकिक सुखो का त्याग है।
ते	—	,,	,,	सिद्धांत-रक्षा एवं तुच्छ विचारो का त्याग है।
टे	—	,,	,,	परमेश्वर की सेवा मे हृदय की दृढता है।
जीम	—	,,	,,	विषय-वासनाओ पर नियन्त्रण रखना है।
हे	—	,,	,,	गुप्त भेद की सुरक्षा, धर्मात्माओ की श्रद्धा एवं पतितो का पार्थक्य है।
खे	—	,,	,,	सग्रह-त्याग ही नही, उसकी आशा का भी त्याग है।

---

१. पदमावत, पृ० ६५
२. देखिए—पदमावत में डा० वासुदेवशरण अग्रवाल का प्राक्कथन, पृ० ४७.
३ वही.
४ हिन्दी सूफी कवि और काव्य, पृ० २२५.

जोय—सूफीमत का तात्पर्य कष्टो की उपस्थिति मे भी हर्ष एव कृतज्ञता प्रदर्शित करना है।

ऐन— ,, ,, महान् उद्देश्य एव ईश्वर की महान् अनुकम्पा है।

गैन— ,, ,, अवैध वस्तुओ से घृणा एव परमात्मप्रसाद से प्रेम है।

फे— ,, ,, मानवत्व से ऊपर उठकर परमात्मा तक पहुँचना है।

काफ— ,, ,, उस प्रकाश की प्राप्ति है जो मुक्ति देता है।

काफ— ,, ,, वास्तविकता-लाभ एव क्षणिकता का विनाश है।

लाम— ,, ,, परमेश्वर से एकत्व तथा अन्य वस्तुओ से विछोह है।

मीम— ,, ,, आत्मचिन्तन है।

नून— ,, ,, लालसा साफल्य की प्राप्ति की आतुरता है।

हे— ,, ,, परमेश्वर का क्रोध एवं दण्ड देने के समय भी निर्विकार होना है।

वाव— ,, ,, सत्यमार्ग के परिपालन से परमेश्वर की प्राप्ति है।

लाम-अलिफ— ,, ,, परमेश्वर की सत्ता के गुप्त भेद का प्रकाश है।

ये— ,, ,, पाप-कारण के समूलनाश का दृढ निश्चय है।

'इन परिभाषाओ का मनन करने से सूफीमत की सहनशीलता, उदारता एव स्नेहार्द्रता का परिचय मिलता है'[1] इसमे सदेह नही, परन्तु ये प्रतीको की श्रेणी मे रखे जाने चाहिये अथवा नही, यह अवश्य विचारणीय है। सूफी साहित्य मे वर्णमाला पर आधारित प्रतीको का उल्लेख मेरी दृष्टि मे नही आया। उर्दू के कुछ अक्षर ऐसे हैं जिनमे विन्दु (नुक्ते) के हेर-फेर से शब्दों मे काफी अन्तर पड जाता है, जैसे खुदा से जुदा

१. हिन्दी सूफी कवि और काव्य, पृ० २२६

हो जाता है। बुल्लेशाह ने अद्वैत की भावना के सम्बन्ध मे उर्दू के ऐन व ग़ैन का उल्लेख किया है कि ऐन पर एक बिन्दु (नुक्ता) लगा देने से ग़ैन बन जाता है और उसी बिन्दु को हटा देने पर पुनः गैन से ऐन बन जाता है :

टुक बूझ कवन छप आया है।
इक नुकते मे जो फेर पड़ा, तव ऐन गैन का नाम धरा।
जब मुरसद नुकता दूर किया, तब ऐनों ऐन कहाया है॥[1]

परन्तु इन उद्धरणो का प्रतीको के सन्दर्भ मे कोई महत्त्व नही है। कहने का भाव यह है कि उर्दू वर्णमाला के २९ अक्षरो पर आधारित सूफियो की जो परिभाषाएँ हैं वे प्रतीक नही अपितु परिभाषाएँ ही हैं।

जिन सूफ़ी कवियो ने जान-बूझकर अपने काव्यो मे प्रतीको को स्थान दिया है, उनमे से अधिकांश ने कथा को आध्यात्मिक धरातल पर उतारने के लिए ही उनका प्रयोग किया है। जायसी ने पदमावत के प्रारम्भ मे ही कथा के रहस्यपूर्ण अथवा आध्यात्मिक अर्थ की ओर स्पष्ट सकेत कर दिया है :

आदि अंत जसि कथ्था अहै। लिखि भाषा चौपाई कहै।
कवि बिआस रस कौंला पूरी। दूरिहि निअर निअर भा दूरी॥

भंवर आइ बनखण्ड हुति लेहि कंवल कै बास।
दादुर बास न पावहिं भलेहिं जो आछहिं पास॥[2]

पहले सकेत किया जा चुका है कि सूफियो का काव्य एवं अध्यात्म पक्ष प्रेमभित्ति पर खड़ा है। प्रेम की साधना से एक साधक वह सब कुछ पा लेता है जो उसे इष्ट होता है। प्रेम ऐसा माध्यम है जो परमात्मा से साक्षात्कार ही नही अपितु सामरस्य की स्थिति ला देता है। सूफी परिभाषा मे परमात्मा ही प्रेमिका है। जायसी ने पदमावत मे प्रमुख पात्रो के रूप मे जिन प्रतीको की स्थापना की है वे कथा की आध्यात्मिकता पर प्रकाश डालते हैं। पद्मावती विश्वज्योति के रूप मे अवतरित होती है। वह प्रकाश की प्रतीक है :

---

१. सूफीमत और हिन्दी साहित्य, पृ० १५६.
२. पदमावत, पृ० २४.

जानहु सुरज किरिन हुति काढ़ी। सूरुज करा घाटि वह बाढ़ी।
भा निसि मांह दिन क परगासू। सब उजिआर भएउ कबिलासू॥[1]

ग्रन्थ के अन्त मे जायसी ने सभी पात्रो के प्रतीकार्थों को स्पष्ट करके भ्रम-निवारण कर दिया है :

तन चितउर मन राजा कीन्हा। हिय सिंघल बुधि पदमिनि चीन्हा॥
गुरु सुआ जेइ पंथ देखावा। बिनु गुरु जगत का निरगुन पावा॥
नागमती यह दुनिया धंधा। बांचा सोइ न एहि चित बंधा॥
राघव दूत सोई संतानू। माया अलाउद्दीं सुलतानू॥
प्रेम कथा एहि भांति विचारहु। बूझि लेहु जौ बूझै पारहु॥[2]

कथा मे चित्तौड शरीर का, रतनसेन मन का, सिंहल हृदय का, पद्मावती बुद्धि की, हीरामन तोता गुरु का, नागमती प्रपच, राघव शैतान और अलाउद्दीन माया का प्रतीक है। प्रसगात् इसका उल्लेख पहले भी किया गया है। साधना के क्षेत्र मे इन सबकी उपयोगिता एव अनुपयोगिता का प्रश्न है। गुरु साधना-मार्ग का निदेशक होता है। गुरु की कृपा से ही शिष्य साधना के भेद को जानता है :

चेला सिद्धि सो पावै, गुरु सौं करै अछेद।
गुरु करै जो किरिया, पावै चेला भेद॥[3]

हीरामन सुआ गुरु का प्रतीक है :

हीरामनि राजा सौं बोला। एही समुंद आइ सत डोला॥
एहि ठाउं कहं गुरु संग कीजै। गुरु संग होइ पार तौ लीजै॥[4]
पूछा राजैं कह गुरु सुआ। न जनौ आज कहां दिन उवा॥[5]

पदमावत की कथा मे रतनसेनरूपी साधक प्रेममार्ग की नागमती-रूपी प्रपंच, राघव शैतान और अलाउद्दीनरूपी माया आदि बाधाओ को हटाता हुआ सिंहल द्वीप अर्थात् हृदय मे पहुँचता है। वहाँ से पुन नौ द्वारो को पार करता हुआ दशम द्वार या ब्रह्मरन्ध्र मे पहुँचता है। वही

---

१. पदमावत, पृ० ५१
२. जायसी-ग्रन्थावली, पृ० ३०१
३ वही, पृ० १०८
४. पदमावत, पृ० १४९.
५. वही, पृ० १७३.

उसे उसकी प्रेमिका पद्मावती अर्थात् सिद्धि प्राप्त होती है। इस प्रकार कथा के आध्यात्मिक तथ्यो से परिचित हुआ जा सकता है।

सूफी प्रेमाख्यानको मे ही कथा को आध्यात्मिक ढाँचे मे ढालने के लिए प्रतीको का प्रयोग नही हुआ है वरन् हिन्दू काव्यो मे भी ऐसा पाया जाता है। पुहुकर कवि ने रसरतन वैरागर को वैराग्य रूप और सूरसेन राजा को जीवनी सज्ञा से अभिहित किया है। उसके सत्सगति और सद्बुद्धि नामक दो पत्नियाँ है। इन्ही के सहारे प्रीत की ज्योति जलाकर, विषयादिक सुखो का त्याग करके इष्टलाभ लेना चाहता है :

वैरागर वैराग वपु, हीरा हित हरि नाम।
प्रीत जोत जिय जगमगै, हरै त्रिविध तनु ताप॥
सतसंगति सतबुद्धि उर, विव घरनी संग लाय।
ज्ञान वान प्रस्थान करि, तजै विषै सुख पाय॥

उसमान कवि की रचना चित्रावली का कथासार द्वितीय अध्याय मे दिया गया है। कथा के अध्ययन से लगता है कि इनका आध्यात्मिक पक्ष जायसी की रचना से प्रभावित है। कवि की अद्वैत भावना का तब पता चलता है जबकि वह स्वय कहता है :

सब वही भीतर वह सब मांही। सबै आपु दूसर कोउ नाहीं॥
दूसर जगत नामु जिन पावा। जैसे लहरी उदधि कहावा॥[2]

पात्रो को प्रतीक रूप मे देखा जा सकता है। चित्रावली विद्या और कंवलावती अविद्या की प्रतीक हैं। चित्रावली ईश्वरीय शक्ति की प्रतीक भी है। जब वह जल मे अदृष्ट हो जाती है तब उसकी सखियाँ कहती हैं कि तू प्रकट रूप मे भी छिपी रहती है फिर गुप्त रूप मे हम तुझे क्या जान सकते हैं। ब्रह्मा चारों वेदो को पढ़कर भी तुम्हे न खोज सका और तुम्हारे भेद को न जान सका। शकर भी सेवा करके हार गये और पार न पा सके। हम ऐसी अधी हैं कि अपना आपा ही नही सूझता तब तुम्हारा भेद कैसे जानेगी? तुम्हारा ऐसा कौनसा स्थान है जहाँ तुम नही हो? तुम सर्वत्र हो परन्तु हमारी नेत्र-ज्योति ऐसी नही जो तुम्हे देख सके। योगी होने अथवा पोथियो के पढने से कुछ नही होता। तुम्हे तो वही पा सकता है जिसे तुम स्वय मार्ग दिखाती हो।

---

१. रसरतन, सपा०—डा० शिवप्रसाद सिंह, पृ० २६८.

२. चित्रावली, पृ० १.

गुपुत तोहि पावहिं का जानी। परगट मंह जो रहहि छपानी॥
चतुरानन पढ़ि चारौ वेदू। रहा खोजि पै पाव न भेदू॥
संकर पुनि हारे कै सेवा। ताहि न मिलिज आर को देवा॥
हम अंधी जेहि आप न सूझा। भेद तुम्हार कहाँ लौं बूझा॥
कौन सो ठाऊं जहाँ तुम नाही। हम चषु जोति न देखहिं काहीं॥
पावै खोज तुम्हार सो, जेहि देखलावहु पंथ।
कहा होइ जोगी भए, और पुनि पढ़े गरंथ॥[1]

कथा मे राजकुमार सुजान का सुबुद्धि नामक मित्र है, वह भी आध्यात्मिक दृष्टि का ही प्रतीक है। साधना बिना सद्‌बुद्धि के योग के नही होती। सद्‌बुद्धि गुरु देता है। उसमान गुरु के महत्त्व को स्वीकार करते हैं

कथा मान कवि गायेउ नई। गुरु परसाद समापत भई॥[2]

जैसा कि लिखा जा चुका है कि चित्रावली विद्या की प्रतीक है और सुजानरूपी साधक उसे प्राप्त करने का प्रयत्न करता है। चित्रावली के स्वरूप का वर्णन कथा मे परेवा द्वारा कराया गया है। उसका वह स्वरूप पूर्णत आध्यात्मिक है। परेवा कहता है कि चित्रावली वह है जिसका तीनो लोको मे ध्यान किया जाता है। देवलोक में सभी उसका ध्यान करते हैं। पाताललोक मे सभी उसकी सेवा करते हैं। मर्त्यलोक मे प्रत्येक घर मे उसकी चर्चा होती है। पक्षी उसी को पाने के लिए उदास घूमते है। पर्वत एकस्थ होकर उसके नाम का जाप करते हैं। पृथ्वी एक पग पर खड़ी हो उसी की सेवा करती है। जो व्यक्ति जान-बूझकर उसके नाम को भूलता है वह व्यक्ति जीवित होते हुए भी अभागा है। चित्रावली का स्वरूप ऐसा दीप्तिमान है कि चन्द्र-सूर्य भी उसकी समता नही कर सकते। वह व्यक्ति धन्य है और उस व्यक्ति का हृदय धन्य है जिसने ऐसे स्वरूप वाली चित्रावली के मार्ग पर अपना मन लगा दिया है :

बहु चित्रावलि आहै सोई। तीन लोक वेदै सब कोई॥
सुरपुर सबै ध्यान ओहि धरहीं। अहिपुर सबै सेव तेहि करही॥

---

१. चित्रावली, पृ० ४७-४८
२. वही, पृ० २३६

ऋतुमंडल जो देखा हेरी। घर-घर चलै बात तेहि केरी॥
पंछी वोहि लगि फिर्रहि उदासा। जल के सुत ओहि नाउं पिपासा॥
परवत जर्पहि मौन होइ नाऊं। आसन मारि बैठि एक ठाउं॥
पहुमी दहु जो सरग लहु बाढ़ी। सेवा करतहिं एक पग ठाड़ी॥
जानि बूझि जो ताहि बिसारा। सो मनु जियतहिं मरा अड़ारा॥
अति सुरूप चित्रावली, रवि ससि सर न करेइ।
धन सो पुरुष और धन हिया, ओहिक पंथ जिउ देइ॥[1]

उसमान की कथा को आध्यात्मिक प्रमाणित करने के लिए इतने तथ्य पर्याप्त हैं। कवि ने एक स्थान पर परमात्मा अथवा प्रिय तक पहुँचने के लिए चार नगरो—जोकि शरीअत, तरीकत, मारीफत आदि चार स्थितियो के प्रतीक है—को पार करने का उल्लेख किया है। विषयादिक वासनाओ का प्रतीक पहला नगर भोगपुर है। यहाँ साधक की प्रथम भूमिका होती है। साधक को इस भूमिका अथवा अवस्था से निकलना कठिन होता है क्योकि सांसारिक माया अपनी ओर खीचती है। दूसरा नगर गोरखपुर है जिसमे साधक गुरु से योगमार्ग की शिक्षा ग्रहण करके पथ पर अग्रसर होता है और तृतीय नेहनगर मे प्रवेश पाता है। यहाँ वह परमात्मा अथवा प्रेमिका से समन्वय स्थापित करता है। इसके बाद की अतिम स्थिति रूपनगर है जहाँ वह उस रूप की सत्ता मे एकाकार हो जाता है। साधना के मार्ग आदि के उल्लेख के अतिरिक्त कवि ने सत्य, पाप और पुण्य की भी व्याख्या की है जिसका धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्त्व है। सत्य के विषय मे उसमान कहते हैं :

सत्य समान पूत जग नाहीं। सत सो रहै नाउं जग माही॥
कोखि पूत एक देस बखाना। सत्य पूत चारो खंड जाना॥
निश्चय सत्य अमर की मूरी। प्रगट देखिये हरिचन्द पूरी॥[2]

पाप-पुण्य :

पाप न रहै छिपाए छिपा। छिपे पुण्य जो अहनिसि जपा॥
पापहि गोइ कहां कोउ सोवा। आपहि पाप जनम तेहि खोवा॥
तजहु पाप पंथहि जिर जानी। करहु पुन्य औ रहै कहानी॥
पुन्य करत जनि लावहु धोखा। जासौं होइ दुहं जग मोखा॥[3]

१. चित्रावली, पृ० ७८
२. वही, पृ० १८.
३. वही, पृ० ५४.

इन आधारो पर चित्रावली की कथा के आध्यात्मिक स्वरूप से हम परिचित हो सकते हैं।

सूफी कवि कासिमशाहकृत हसजवाहिर नामक प्रेमाख्यान भी इन्ही के समान आध्यात्मिक तथ्य प्रकट करता है। कवि ससार की नश्वरता के विषय मे अपने विचार प्रकट करते हुए कहते हैं.

कासिम जक्त जान सब धोखा, जो जग भूल गयो सो खोखा।
धोखा गगन फरै दिन राती, धोखा देखि बलबला मांती।
धोखा नगर कोटि घर बारा, धोखा द्रव्य और रूप सिंगारा।
धोखा राजकाज सुख भोगू, धोखा सब लक्षण कुल लोगू।
धोखा किया पुरुष जहं पाई, धोखा अहै सबै दुनियाई॥[1]

नूरमुहम्मद का इन्द्रावती नामक एक प्रेमाख्यानक है। इसकी कथा में कवि ने एक-दो पात्रो के अतिरिक्त सभी पात्रो के नाम प्रतीकात्मक ही रखे हैं। अन्य सूफी काव्यो की भाँति ही इसमे राजकुमार जीवात्मा और इन्द्रावती ब्रह्मज्योति है। कवि ने इस विषय में स्वयं ही कहा है कि इन्द्रावती उस दीपक-ज्योति के समान है जिस पर संसार ही पतगा बन गया है

जेहि दरसन के दीप पर है पतंग संसार।
प्रेम तेहिक तुम लीन्हा मरै न नाम तोहार॥[2]

इन्द्रावती के दिव्य सौन्दर्य को बिना देखे ही लोग सराहते रहते है। उसके रूप मे दैवीय शक्ति है। वह अपनी दृष्टि से जिसको देख लेती है फिर उसे संसार अच्छा नही लगता। वह परमात्मा की ओर उन्मुख हो जाता है

जो काहुअ पर डारै डीटी। सो जन देइ जगत दिस पीठी॥
अस रूपवन्ती सुन्दर आहै। बिनु देखे सब ताहि सराहै॥[3]

सूफी काव्यो मे चन्द्र-सूर्य का उल्लेख प्रतीको के लिए किया गया है, इसका उल्लेख पीछे किया गया है। हर भक्त अथवा साधक सारे ससार को उसी परमात्मा से प्रकाशित मानता है। इन्द्रावती का तेज कवि ने

---

१ हंस-जवाहिर, पृ० २१.

२. इन्द्रावती, पृ० ४५

३ वही.

ईश्वरीय सिद्ध किया है। उस परम ज्योति से चन्द्रमा प्रकाशवान है। आकाश सहस्रो तारागणरूपी नेत्रों से उस परमज्योति के दर्शन करता है.

है तेहि चन्द्र वदन लखि, जगत नयन उजियार।
गगन सहस लोचन सों, निरखे तेहिक सिंगार॥[1]

इन्द्रावती मे आने वाली अवान्तर कथाओ के माध्यम से कवि ने अध्यात्मवाद को पर्याप्त स्थान दिया है। कुंवर योगी के भेष में इन्द्रावती की प्राप्ति के लिए उसकी फुलवारी मे साधना करता है, यह वृत्तान्त इन्द्रावती को उसकी चेता नामक मालिन से मिला। इन्द्रावती फुलवारी मे गई। कुमार देखकर मूर्च्छित हो गया। इन्द्रावती एक पत्र लिखकर वहाँ से चली आई। इस पत्र मे जिस कहानी को लिखा गया है उससे कथा की आध्यात्मिकता पर अच्छा प्रकाश पड़ सकता है। अतः उस पत्र को दे देना उपयुक्त होगा—'जीव नाम के राजा का जन्म शरीरपुर मे हुआ। वह नगर की शोभा देखकर सब भूल गया। उसी नगर में दुर्जन नाम का राजा भी था जो जीव राजा को मोह-माया द्वारा उसके मार्ग में बाधक था। जीव राजा ने बुद्ध नामक अपने मन्त्री से यह वृत्तान्त कहा कि एक नगर मे दो राजा नही रह सकते। मन्त्री ने उसे सावधानीपूर्वक राज्य चलाने की मन्त्रणा दी। जीव राजा के मन नाम का एक पुत्र था। वह एक सुन्दरी पर आसक्त था परन्तु वह उसे प्राप्त नही हुई तो उसने दुर्जन से सब बात कह दी। दुर्जन ने जीव राजा को सलाह दी कि कायापुर के राजा दर्शन की रूप नामक सुन्दरी कन्या से मन का विवाह करा दिया जाये। राजा ने इसे उचित मानकर दृष्टि नामक अपना दूत कायापुर भेजा। दर्शन ने अपनी कन्या से पूछा तो उसने अस्वीकार कर दिया। जीव क्रुद्ध हो उठा। उसने पुन. बुद्ध मन्त्री को भेजकर सारा वृत्तान्त मगाया। दर्शन की कन्या रूप ने अपनी दासी चितवन को मन का रूप आदि देखने को भेजा। रूप को मन पर दया आई। मन रूप के यहाँ आने-जाने लगा। दोनों का विवाह हो गया। मन को पुत्र-पुत्री भी हो गए। जीव राजा बालको में फँस गया और राज-काज दुर्जन को सौंप दिया। जीव के सेवक दुर्बल हो गए। बुद्ध ने जीव के हाल को साहस

---

१. इन्द्रावती, पृ० ४५

तपी से कहा। साहस तपी ने कहा कि प्रीतपुर नामक स्थान पर कृपा नाम के राजा के पास जाने से तुम्हारा काम सिद्ध हो जायेगा। कृपा के पास पहुँचने पर कृपा ने बुद्ध के सहयोग से जीव के हृदय मे प्रेम संचार कर दिया। इस प्रकार महाराज सुखदाता के प्रसाद से जीव पुन शरीरपुर के अधिपति बन गए।' इस पत्र मे जीव, मन, दुर्जन, शरीर, काया, दृष्टि, चितवन आदि शब्द प्रतीकात्मक हैं। अत· कथा को आध्यात्मिकता स्वत· सिद्ध है।

इसी प्रकार अनुराग-बासुरी की कथा मे मन फुलवारी, मूरतिपुर नामक नगर मे जीव नाम का राजा तथा उसके अन्त करण नाम का पुत्र। अन्त करण के सकल्प और विकल्प नामक दो साथी। इनके अतिरिक्त बुद्धि, चित्त और अहंकार नामक तीन मित्र। ये सभी प्रतीक हैं जो साधनात्मक स्थिति के अग ही हैं। कथा मे और भी इसी प्रकार के विद्यापुर, मोहनमाला, ज्ञातस्वाद, सनेह, दर्शनराय, सर्वमंगला आदि ऐसे पात्र हैं जो पूरी तरह प्रतीकान्तर्गत आते हैं। इस कथा मे अन्य कथाओं की अपेक्षा अध्यात्म तत्त्व अधिक स्पष्ट होकर सामने आते हैं। यही कारण है कि कथा को पढने मात्र से ही कथा का उद्देश्य समझ मे आ जाता है। इन कवियो की प्रेम के माध्यम से अध्यात्म का प्रचार करने की सूझ-बूझ सराहनीय रही है।

सूफी काव्यो और हिन्दू-काव्यो के शिल्प, मसनवी एव चरितकाव्यों के तुलनात्मक अध्ययन तथा प्रतीक व आध्यात्मिकता पर विचार करने के बाद स्वभावत: एक प्रश्न उभरने लगता है। वह यह कि सूफी काव्यो का प्रासाद सूफियो ने पूर्णत: भारतीय ईंट-पत्थर और गारे से खड़ा किया अथवा उसमें विदेशी उपादानो का ही उपयोग किया? इस सम्बन्ध मे जहाँ तक शिल्प का सवाल है मै अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत कर चुका हूँ कि मंगलाचरण, स्तुति-निंदा, कवि-विवेचन, शाहेवक्त का उल्लेख और कथानक रूढियो का उल्लेख सूफी कवियो ने भारतीय साहित्य विशेषकर अपभ्रश साहित्य के अनुसार ही किया है। मसनवियो की एक विशेषता यह बताई जाती है कि विषयानुसार विवेचन करते समय ऊपर शीर्षक देकर कवि या लेखक उसका वर्णन करता है। हमारे यहाँ भी कवि या तो आरम्भ मे ही अथवा अध्याय, परिच्छेद या सर्ग के अन्त मे विषयगत सूचना दे देता है। उदाहरण के लिए मयणपराजयचरिउ के रचयिता

प्रथम सन्धि समाप्त होने पर लिखते हैं—'इय मयणपराजयचरिए हरिएवकइ विरइए मयणरायवण्णणोणाय पढमो संधी परिच्छेउ समत्तो' अर्थात् 'इस प्रकार हरिदेव कविकृत मदनपराजयचरित्र में मदनराज-वर्णन नामक प्रथम सन्धि परिच्छेद समाप्त हुआ।' इसमे कवि ने सूचित कर दिया कि प्रथम परिच्छेद में मदनराज का सविस्तार वर्णन किया गया है। इसी प्रकार अन्य अपभ्रंश-प्राकृत और संस्कृत की रचनाओ में देखा जा सकता है। जहाँ तक सूफी सिद्धान्त का सवाल है उसमें विदेशी प्रभाव का पाया जाना स्वाभाविक है। बिना खीचा-तानी के यह कहना ठीक और न्यायसंगत होगा कि सूफ़ी काव्यो का मुख्य उपादान भारतीय है।

सूफ़ियो ने जिन प्रतीको को अपने काव्यो का उपादान बनाया वे भारतीय चिन्तनधारा के ही प्रतीक हैं। डा० वीरेन्द्र सिंह का कथन इस संदर्भ मे महत्त्वपूर्ण है। सूफियो ने 'जिन भारतीय चिन्तन पर आश्रित प्रतीको को ग्रहण किया है उन्हे उन्होने अधिकतर भारतीय रूप में ही चित्रित किया है। दूसरी ओर अपने सूफी प्रतीको को भारतीय वातावरण के अनुकूल रूपातरित किया है।..... उनकी गाथाओ मे जो भी पात्र हैं वे सूफी प्रभाव से कही अधिक भारतीय प्रभाव के द्योतक हैं। उनके योग-परक प्रतीको मे भारतीय प्रणय-भावना तथा वस्तुएँ ही अधिक हैं। उनके तत्त्वनिर्देशो मे वेदान्त, योग तथा सूफी विचारधाराओ का समन्वय है और उनकी वर्णन शैली पर भारतीय प्रभाव है।'[1]

मूलत प्रतीको की भारतीय परम्परा ही थी। वैदिक, उपनिषद्, पुराण और जैन-बौद्ध एवं सिद्ध साहित्य आदि भारतीय साहित्य मे प्रतीको की योजना को स्थान दिया गया है। वैदिक ऋषियो ने अग्नि, वायु, आकाश, मेघ, सूर्य आदि को प्रकृति के प्रकोप का रूप समझकर प्रतीक के रूप में इन्हे स्तुत्य कहा। वेद मे संसार, आत्मा एवं परमात्मा को एक रूपक द्वारा समझाया गया है, वह प्रतीकात्मक ही तो है। एक वृक्ष पर दो पक्षी रहते हैं। उनमे से एक स्वादिष्ट फल खाता है तथा दूसरा पक्षी कुछ खाता नही, बस देखता भर है.

---

१. डा० वीरेन्द्र सिंह, हिन्दी काव्य मे प्रतीकवाद का विकास, पृ० २६२–६३

द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते ।
तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्नन्यो अभि चाकशीति ॥[1]

—अ० २, सू० १६४.

इसमे वृक्ष संसार का प्रतीक है, जो दो पक्षी है वे जीवात्मा और परमात्मा के प्रतीक हैं। जीवात्मारूपी पक्षी संसार के मोह-मायारूपी फलो को खाने मे लगा रहता है और परमात्मा निर्लिप्त रहता है। वेद का ही एक उदाहरण और देखने से पता चलता है कि उसमे दस युवतियों को दस उंगलियो का प्रतीक माना गया है। उत्तम उद्देश्य वाली दो भिन्न रूपिणी स्त्रियाँ गमनशील है। दोनो एक-दूसरे के बालको का पोषण करती हैं। एक से सूर्य अन्त प्राप्त कराता और दूसरी से अग्नि सुन्दर दीप्ति से युक्त होता है। त्वष्टा के इस खेलने वाले शिशु को निरालस्य दसो युवतियाँ (दस उगलियाँ) प्रकट करती हैं.

द्वे विरूपे चरत स्वर्थे अन्यान्या वत्समुप धापयेते ।
हरिरन्यस्यां भवति स्वधावाञ्छुक्रो अन्यस्यां ददृशे सुवर्चाः ॥
दशेमं त्वष्टुर्जनयन्त गर्भमतन्द्रासो युवतयो विभृत्रम् ।
तिग्मानीकं स्वयशसं जनेषु विरोचमानं परिषीनयन्ति ॥[2]

—अ० १, सू० ९५.

ऋग्वेद मे ही बताया गया है कि केशयुक्त तीन देवता नियमक्रम से दर्शन देते है। एक वर्ष मे बोता है. एक बलो से ससार को देखता है और एक का रूप दिखाई नही पडता। इसमे प्रतीकात्मक शैली में ही यह बताया गया है कि जिन दो देवताओ का रूप दिखाई पडता है वे हैं अग्नि और सूर्य तथा जिसका रूप दिखाई नही पडता वह वायु है :

त्रयः केशिन ऋतुथा वि चक्षते संवत्सरे वपत एक एषाम् ।[3]
विश्वमेको अभि चष्टे शचीभिर्ध्राजिरेकस्य ददृशे न रूपम् ॥

—अ० २, सू० १६४

एक अन्य स्थान पर वर्ष भर की ऋतुओं, माह और दिनो की संख्या को प्रतीको के माध्यम से ही समझाया है

---

१ ऋग्वेद (प्रथम खण्ड), संपा०-पं० श्रीराम शर्मा, पृ० ३१६
२ वही, पृ० १८६.
३ वही, पृ० ३२०.

द्वादश प्रधयश्चक्रमेकं त्रीणि नभ्यानि क उ तच्चिकेत।[1]
तस्मिन्त्साकं त्रिशता न शङ्कवोर्पिताः षष्टिर्न चलाचलासः॥

—अ० २, सू० १६४.

अर्थात् जिस रथ के बारह घेरे, एक चक्र और तीन नाभियाँ हैं उस रथ का ज्ञाता कौन है? उसमे तीन सौ साठ मेखलाएँ ठुकी हैं जो कभी ढीली नही होती। इसमे एक चक्र अर्थात् एक वर्ष, तीन नाभियाँ अर्थात् तीन ऋतुएँ और तीन सौ साठ मेखलाएँ हैं जो वर्ष के तीन सौ साठ दिन ही हैं।

सामान्यत. 'अर्णव' समुद्र के लिए प्रयुक्त होता है। परन्तु वेद में कई स्थानो पर 'तेजोराशि' के लिए अर्णव शब्द का प्रयोग किया गया है। जैसे—

यस्या अनन्तो अह्रुतस्त्वेषश्चरिष्णुरर्णवः। अमरश्चरति रोरुवत्।
सा नो विश्वा अति द्विषः स्वसृरन्या ऋतावरी। अतन्नहेव सूर्यः॥[2]

अर्थात् जिस सरस्वती के अनन्त-निर्बाध वेगवान अर्णव हैं और जिसकी शब्दायमान शक्ति भ्रमण करती रहती है, सूर्य जैसे दिन को लाते हैं वैसे ही सरस्वती सत्य ज्योति से भरी हुई अपनी बहिनों (शक्तियो) के साथ सबके शत्रुओं को पराभूत कर दे। एक दूसरे स्थान पर भी अर्णव का प्रयोग देखिए·

उद्वेति प्रसवीता जनानां महान् केतुरर्णवः सूर्यस्य।
समानं चक्रं पर्याविवृत्सन्यदेतशो वहति धूर्षु युक्तः॥[3]

'सबको उत्पन्न करने वाले सूर्य की महाज्योति और तेजोराशि प्रकट हो रही है। समान रूप से यह चक्र को घुमाती है, जिसकी धुरी मे लगे हुए हरे रंग (एतश) के घोडे खीचते हैं।'

हिनरिख ज़िमर ने अपनी पुस्तक Myths and Symbols in Indian Arts and Civilization में हिन्दू मिथक और प्रतीक कथाओ पर बहुत विस्तार से लिखा है। ज़िमर के अनुसार सभी भारतीय देवताओ

---

१ ऋग्वेद, पृ० ३२१.
२. वही, ६.५.६१ ८-९
३ वही, ७ ४ ६३.२

का रूप प्रतीकात्मक है। शिव का चन्द्रमा वागोद्भव का, नाग कास्मिक शक्ति का, त्रिशूल इच्छा-क्रिया-ज्ञान का प्रतीक है। इसी प्रकार अनेक उपादानो और तत्त्वो की उन्होने बड़ी विशद व्याख्या की है।

प्राय: ही भारतीय देवताओ के स्वरूप को लेकर विदेशी विद्वानो ने गलत धारणाएं व्यक्त की हैं। यदि भारतीय देवता के चार हाथ हैं और उनमे शंख, चक्र, गदा और पद्म लगा है तो उनको इसमे कला का भोडापन ही दिखाई देता है। उनमे से अधिकाश की बुद्धि प्रतीकात्मक प्रक्रिया तक पहुँच ही कैसे सकती थी ? अस्तु, वेद मे विष्णु का प्रतीक आया है, उसके सम्बन्ध मे श्री अरविन्द का कथन है : यह वैदिक वाक्यालंकार पुराणो की समान प्रतीकात्मक कल्पनाओ पर प्रकाश डालता है, विशेषकर उस प्रतीक पर जिसमे कि विष्णु प्रलय के बाद क्षीरसागर मे अनन्तनाग के वलय पर सोये हुए हैं। संभवतः कुछ लोग यह आक्षेप कर सकते हैं कि पुराण अन्धविश्वासी हिन्दू पुरोहितो या कवियो द्वारा लिखे गए थे, जिनका विश्वास था कि ग्रहण एक दैत्य के कारण होता है, जो सूर्य और चन्द्रमा को खाता है, वे सरलता से इस बात पर विश्वास कर लेते थे कि जब भी विसृष्टिकाल होता है तब सर्वोच्च देव अपने स्थूल शरीर से क्षीरसमुद्र मे शेषनाग पर सोने चला जाता है और इसलिए इन लोककथाओ या गपाष्टको से आध्यात्मिक अर्थ खोजना कोई बुद्धिमत्ता नही होगी। मैं उत्तर दूँगा कि वास्तव मे ऐसे अर्थों को खोजने की कोई आवश्यकता नही है क्योकि उन अन्धविश्वासी कवियो ने सामान्यरूप से सबके सामने अपनी बात बडे सरल ढङ्ग से रख दी है। उन्होने विष्णु के सर्प का अनन्त नाम दिया है और अनन्त का अर्थ होता है अनादि, इसीलिए उन्होने स्पष्ट कहा है कि यह कल्पना अलकार मात्र है और विष्णु अर्थात् समस्त ब्रह्माण्ड मे व्याप्त शक्ति विसृष्टि के काल मे उस अनन्त के वलय पर सोती है। समुद्र के सदर्भ मे वैदिक कल्पना स्पष्ट कर देती है कि यह समुद्र का अस्तित्व अनादि सत्ता का प्रतीक है और यह अनादि सत्ता का समुद्र पूर्ण माधुर्य का सागर है, दूसरे शब्दो मे महानन्द का निधि है। क्योकि मधुर क्षीर (स्वयं एक वैदिक कल्पना) और मधु मे कोई तात्त्विक भेद नही है, मधु अथवा माधुर्य वामदेवो का स्तोत्र है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि वेद और पुराण दोनो एक ही प्रकार की प्रतीकात्मक धाराए रखते हैं, उनके लिए समुद्र अनन्त सत्ता का प्रतीक

है। हम देखते है कि नदियाँ अथवा बहती हुई धाराओ की कल्पना चेतना के प्रवाह के प्रतीकार्थ की गई है। इसी प्रकार सरस्वती जो सात नदियो मे से एक नदी है तत्त्वज्ञान से बहती हुई चेतना की धारा है। इसी प्रकार हम अन्य छ नदियो को भी मनोवैज्ञानिक प्रतीक मान सकते है।[1]

इसी अध्याय मे हिन्दी प्रेमाख्यानको के प्रतीको पर विचार करते समय सख्यावाची प्रतीको का उल्लेख हम कर चुके हैं। वेद मे सप्त संख्या का बड़ा महत्त्व है। इस पर विचार करते हुए श्री अरविन्द लिखते हैं : 'अन्य प्राचीन विचारधाराओ के समान ही वैदिक पद्धति मे सात संख्या का बडा महत्त्व है। वेद मे बार-बार आता है—सात प्रकार के आनन्द, सप्त रत्नानि, अग्नि की सात लपटे, जिह्वा या किरणें, सप्त अर्चिष.; सप्त ज्वालाएँ, अध्ययन के सात प्रकार, सप्त धीतय., सात किरणें अथवा गौवें, अवध्य गौवे, देवमाता अदिति, सप्त गाव:; सप्त नदियाँ, सप्त माताएँ अथवा धातृ गौवे, सप्त मातर:; सप्त धेनव , धेनु शब्द किरणो और नदियों के लिए समान रूप से व्यवहृत होता है। मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि ये सप्त वर्ग वेद के सैद्धान्तिक मूलोद्देश्यो के वर्गीकरण व सत्ता के तत्त्वो पर आधारित है। इन तत्त्वो की जानकारी मे प्राचीन विचारको का मन खूब लगता था और भारतीय दर्शन मे हमे विभिन्न प्रकार के एक से बीस तक उत्तर मिलते हैं।'[2]

इसके आगे श्री अरविन्द वैदिक प्रतीको की ग्रन्थि खोलते हुए लिखते हैं : 'वृहस्पति सात किरणो वाले मनीषी हैं, सप्तगु., सप्तरश्मि., वे सात-मुख वाले अगिरस हैं जो नौ किरणो वाले, दस किरणो वाले अनेक रूपो मे उत्पन्न होते हैं। सात मुख सात अगिरा है जो दिव्य शब्द ब्रह्म का उच्चारण करते रहते हैं, जो सत्य के स्रोत स्वर से निकलता है और जिसके वे स्वामी (ब्रह्मस्पति) हैं। प्रत्येक वृहस्पति की सात किरणों मे से वे एक-एक किरण हैं। इसलिए वे सात भविष्यद्रष्टा है, सप्तविप्रा: और सप्तऋषय: हैं जो उन सात ज्ञान की किरणो को अलग-अलग मूर्त रूप देते हैं। ये सप्त किरणें सूर्य के सात घोडे हैं, सप्त हरित. और उनका संगठन अयस्य का सप्तमुख विचार बन जाता है जिसके द्वारा खोये हुए सूर्य का पुनरुद्धार होता है। वही विचारप्रवाह पुन: सात नदियो के रूप

1. On the Vedas, Shri Aurobindo, pp. 123-24
2 Ibid p 206

मे आता है, ये सात दैवीय और मानवीय सिद्धान्त मिलकर पूर्ण आध्यात्मिक सत्ता का रूप बनते है। वृत्त द्वारा जीती गई सात नदियो और वल द्वारा सात किरणो के अवरोध से और सभी प्रकार के मिथ्यापन से सत्य द्वारा मुक्ति मिल जाने से शुद्ध चेतना की प्राप्ति होती है और स्वरलोक पर अधिकार हो जाता है, आत्मप्रवाह के हो जाने से मिथ्याज्ञान और अन्धकार का नाश होकर मानसिक और शारीरिक आनन्द मिलता है, हममे दैवीय तत्त्वो के बढने से हम मृत्यु एव अन्धकार पर विजय पा लेते है।'[1]

वेदों के समान ही उपनिषदो मे भी प्रतीक-योजनासम्बन्धी सामग्री उपलब्ध हो जाती है। जैसा कि ससार के लिए वेद मे वृक्ष का प्रतीक आया है उसी प्रकार कठोपनिषत् मे ब्रह्मा ही ससारवृक्ष के रूप मे अवस्थित है :

ऊर्ध्वमूलोऽवाक्शाख एषोऽश्वत्थः सनातन ॥
तदेव शुक्रं तद्ब्रह्म तदेवामृतमुच्यते ॥
तस्मिल्लोकाः श्रिताः सर्वे तदु नात्येति कश्चन
एतद्वै तत् ॥[2]

अर्थात् मूल ऊपर है, शाखाएँ नीचे की ओर हैं। यह चिरन्तन अश्वत्थ है। यही तेज है, यही ब्रह्म है, इसे ही अमृत कहते हैं। इसी से सब लोक लगे हुए हैं। इसका अतिक्रमण कोई नही कर सकता। यही वह है।

स वृक्षकालाकृतिभिः परोऽन्यो।[3]

वह वृक्ष, काल, आकृति आदि से परे और कुछ है।

इनके अतिरिक्त उपनिषदो मे जिस प्रणव अथवा ओऽम् की व्याख्या है, स्वयं एक प्रतीक ही है।

ओमिति ब्रह्म। ओमितीदं सर्वम् ॥[4]

ओऽम् ब्रह्म है। ओऽम् ही यह सब कुछ है।

---

1 Ibid, p 207

२ कठोपनिषत्, २.२ १

३. श्वेताश्वतरोपनिषत्, ६ ६.

४ तैत्तिरीयोपनिषत्, १.८.

ब्रह्मपुराण मे ओऽम् की व्याख्या इस प्रकार की गई है :

सैव वागब्रवी देवी प्रकृतिर्याभिधीयते ।
विष्णुना प्रेरिता माता जगदीशा जगन्मयी ॥
ओंकारभूता या देवी मातृकल्पा जगन्मयी ॥[1]

वही देवी वाक् जो प्रकृति कहलाती है, माता जगदीशा, जगद्रूपिणी है। जो ओऽम्कार बनी हुई है उसने विष्णु से प्रेरित होकर कहा।

बौद्ध साहित्य मे प्रदीप, नौका, जुआ, पंचेन्द्रियाँ, पंचस्कन्ध, ब्राह्मण, नगर, गृह, वृक्ष, अन्धकार और उसपार आदि बहुत से प्रतीकात्मक शब्द उपलब्ध हैं। 'उसपार' का अर्थ बौद्धो मे निर्वाण से लिया जाता है अथवा यो कह सकते हैं कि निर्वाण का 'उसपार' प्रतीक है। धम्मपद की एक गाथा है जिसमे उसपारबोधक एवं निर्वाण के लिए प्रयुक्त प्रतीक को देखा जा सकता है :

अप्पका ते मनुस्सेसु ये जना पारगामिनो ।
अथायं इतरा पजा तीरमेवानुधावति ॥[2]

इसी प्रकार सिद्ध साहित्य मे भी प्रतीकों की भरमार है। यहाँ कुछ शब्दो का उल्लेख मात्र कर देना पर्याप्त होगा। सिद्ध साहित्य मे वृक्ष को शरीर का प्रतीक माना गया है। स्मरण रहे कि ऋग्वेद मे वृक्ष को ससार के प्रतीक के लिए प्रयोग में लाया गया है जिसका उल्लेख ऊपर किया जा चुका है। चादर को भी तन का प्रतीक माना है। गंगा-यमुना को इडा-पिंगला अथवा सुषुम्ना का, गाय को इद्रियों का, हंस को चित्त, मन, पवन या प्राण का, हरिणी को माया का, चोर को दुष्ट मन का, दशमद्वार को ब्रह्मरन्ध्र का, काग को अज्ञानी चित्त का, कमल को चक्रो का, ससुराल को ब्रह्मलोक का प्रतीक मानकर प्रयोग किया गया है। इसी प्रकार के अन्य प्रयोग भी मिल जाते हैं। वास्तव मे सिद्धो ने योगमार्ग का अनुसरण करने के लिए प्रतीको को अपने साहित्य मे स्थान दिया।

अन्य साहित्यो की भाँति जैन साहित्य मे भी प्रतीको का महत्त्व था। इस विषय मे मयणपराजयचरिउ की प्रस्तावना में डा० हीरालाल जैन ने 'प्रतीकात्मक नाटक परम्परा' शीर्षक से विशद अध्ययन प्रस्तुत किया है। जैन दर्शन में प्रतीको का निक्षेप से तात्पर्य है। डाक्टर साहब ने लिखा है

---

१. ब्रह्मपुराण (आनन्दाश्रम, पूना), अध्याय १६१, श्लोक १४, १८.
२ धम्मपद, गाथा ८५

कि इन प्रतीको को जैन दर्शन मे निक्षेप कहा है। जब हम बोलकर कुछ कहना चाहते है तब वस्तुओ के जो ध्वन्यात्मक नाम लेते हैं वह नाम निक्षेप है। जब चित्र खीचकर या मूर्ति बनाकर उसे प्रकट करते हैं तब हम स्थापना निक्षेप की सहायता ले रहे हैं। जब हम उसके बाह्य मूर्त-स्वरूप को सन्मुख रखते हैं तब वह द्रव्य निक्षेप कहलाता है और जब उसके आभ्यन्तर स्वरूप को व्यक्त करने लगते है तब वह भाव निक्षेप कहलाता है। इस प्रकार निक्षेपो द्वारा हम प्रकृति के तथ्यो को उनकी अनुपस्थिति मे दूसरो को उनका अनुभव कराने का प्रयत्न करते हैं।[1] यहाँ किसी विशेष साहित्य के प्रतीको की व्याख्या करना इष्ट नही है। मेरा ध्येय सिर्फ इतना है कि सूफी साहित्य की प्रतीक परम्परा से पूर्व भारतीयो के पास प्रतीक परम्परा थी अथवा नही—इसका पता लग सके। प्रतीकात्मक नाटको की भारतीय परम्परा प्राचीन रही है। अश्वघोष के नाटको के पात्र प्रतीकात्मक हैं। वे पात्र कोई सामान्य व्यक्ति नही किन्तु बुद्धि, कीर्ति, धृति आदि भाव हैं। वे रगमच पर आते हैं और वार्तालाप करते हैं।[2] डा० हीरालाल जी ने कृष्ण मिश्र द्वारा लिखित प्रबोध-चन्द्रोदय (११वी शताब्दी) नाटक का उल्लेख किया है, उसके निवृत्ति, विवेक, प्रबोधोदय, उपनिषत्, मति आदि पात्र भी प्रतीकात्मक हैं। श्रद्धा, शम, दम आदि अनेक पात्र हैं जो प्रतीको की कोटि मे ही आते हैं। प्रतीकात्मक शैली का ही एक जैन नाटक मोहराजपराजय है। इसकी रचना यश पाल ने सन् १२२९-३२ के बीच की थी।[3] इस नाटक के कथा-पात्र ज्ञानदर्पण, विवेकचन्द्र, कृपासुन्दरी, शान्ति आदि प्रतीकात्मक ही रखे गए हैं। मनोनगर राज्य मन का प्रतीक है। इस प्रकार प्रतीकात्मक कथाओ की जैन परम्परा ही थी। जैनो के उत्तराध्ययनसूत्र, णायाधम्म-कहाओ, वसुदेवहिण्डी, हरिभद्रसूरिकृत समरादित्यकथा और उपमिति-भवप्रपचाकथा आदि ऐसे कई ग्रन्थ हैं जिनमे प्रतीकात्मक शैली अपनाई गई है।

अपभ्रंश भाषा की मयणपराजयचरिउ (१२वी और १५वी शती के मध्य) रचना प्रतीकात्मक शैली की एक प्रमुख रचना है। इस रचना

१ डा० हीरालाल जैन द्वारा सपादित मयणपराजयचरिउ की प्रस्तावना, पृ० ३८

२. वही, पृ० ३९

३. वही.

मे जीव द्वारा मोक्ष की प्राप्ति का उपाय प्रतीकरूप से बताया गया है। मोक्ष-मार्ग की ओर अग्रसर होने मे जीव को किन-किन बाधाओं का सामना करना होता है, इसका भी विशद वर्णन इस रचना मे है। कवि ने मगलाचरण आदि के बाद कथा प्रारम्भ की है। कथा के प्रारम्भिक अश को उदाहरणार्थ प्रस्तुत किया जा रहा है जिससे रचना की प्रतीकात्मक शैली पर प्रकाश पडेगा। 'भवनगर नामक पट्टन के राजा मकरध्वज अपने महामन्त्री मोह और रति-प्रीति नामक दोनो पत्नियो के साथ सभाभवन मे बैठे थे। वहाँ शल्य, गर्व, कर्म, मिथ्यात्व, दोष, आश्रव, विषय व क्रोध, लोभ, रौद्र व आर्त, मद, मान, सप्तभय व व्यसन आदि बली योद्धा विराजमान थे। इस प्रकार असंख्य नराधिपो तथा तीनों लोको के प्रभुओ से सेव्यमान मकरध्वज गरज रहा था।'[1] इस प्रकार इसमे जितने भी नाम हैं सभी साधना के साधक और बाधक रूप के प्रतीक हैं। अत: कथा का प्रतीकात्मक होना स्वत प्रमाणित है।

-पर्युक्त आधार पर प्रतीको की अपनी एक भारतीय परम्परा थी जो वैदिक काल से सूफी काव्यो के समय तथा उसके बाद यानी आज तक चली आ रही है। पुनः मैं इस बात को दुहराना चाहूगा कि सूफियों की रचनाओ पर भारतीयता की छाप विदेशीपन की अपेक्षा कही अधिक है। मूलत: प्रतीको के सन्दर्भ मे यह बात और भी दृढता से कही जानी चाहिए। कुछ अतिशय प्रगतिवादियो का विरोध हो सकता है कि प्राय. ही लोग अपनी बात को वेदो से जोडकर प्रमाणित करने का प्रयत्न करते हैं। उनसे मेरा विनम्र अनुरोध इतना ही है कि यदि बिना आयास के हमे वेदो मे भी अपनी बात की पुष्टि मिलती है और उससे हमारी शृंखला विघटित होने से बच जाती है तो निरर्थक क्या है? हाँ, हमे तथ्यो को नकारने भर का दु.साहस नही करना चाहिए।

●

१. डा० हीरालाल जैन द्वारा संपादित मयणपराजयचरिउ की प्रस्तावना, पृ० २.

अध्याय ५

अपभ्रंश कथा : परिभाषा, व्याप्ति और वर्गीकरण

अपभ्रंश-कथाकाव्यो के शैली-शिल्प पर लिखने के पूर्व कथा के काव्य-रूप (पोइटिक फार्म) पर विचार कर लेना आवश्यक है। कथा शब्द इतना रूढ हो गया था कि इसका प्रयोग नाना अर्थो मे होने लगा था। सस्कृत की कथ धातु से इस शब्द की रचना हुई। इस अर्थ मे कथन मात्र को कथा कहा जा सकता है। आज भी बगला मे कुशल समाचार पूछने के लिए 'कथा' का तथा मैथिली मे 'कहनी' का प्रयोग होता है। साहित्यिक विधा के रूप मे इस शब्द का भिन्न अर्थ और परिभाषा है। कथा अथवा कथाकाव्यो की परिभाषाओ के सम्बन्ध मे दण्डी, भामह, रुद्रट आदि सस्कृत लक्षणकारो की मान्यताओ का उल्लेख प्रबन्ध के प्रास्ताविक मे कर दिया गया है। 'जो कुछ कहा जाता है' वह अनिवार्यत कथा नही हो सकती फिर भी कथाकाव्य एक ऐसा व्यापक और लचीला काव्य-रूप रहा है कि इसके अन्तर्गत चरित, रास, विलास, पुराण, धर्मकथा, वार्ता, ख्याल, लीला आदि अनेक काव्यरूप समाहित हो गए हैं। कथा-काव्य के विषय मे प्रचलित कतिपय मान्यताओ तथा धारणाओ का अवलोकन करने से इसकी पुष्टि होगी।

'कथा का विशिष्ट अर्थ हो गया है किसी ऐसी कथित घटना का कहना, वर्णन करना जिसका निश्चित परिणाम हो। घटना किसी से भी सम्बन्धित हो सकती है—मनुष्य, अन्य जीवधारी, पशु-पक्षी आदि तथा जगत् के नाना पदार्थ जिनका अनुभव किया जा चुका है या जो कल्पित किये जा सकते हैं। जिस किसी से सम्बन्धित घटना हो, उसकी किसी विशेष परिस्थिति या परिस्थितियो का (निश्चित आदि और अन्त से युक्त) वर्णन ही 'कथा' कहलाता है। कथाएँ अनेक प्रकार की होती हैं, परन्तु उन्हे दो प्रधान वर्गों मे बाँटा जा सकता है : १. इतिहास-पुराण की कथाएँ और २. कल्पित कथाएँ। ऐतिहासिक कथाओ के आधार पर निर्मित महाकाव्य, खण्डकाव्य, नाटक आदि को साधारणतया कथा-साहित्य या कथाकाव्य नही कहते। यद्यपि उपन्यास और कथा-कहानियो का एक

वर्ग ऐतिहासिक भी माना जा सकता है, किन्तु ऐतिहासिक कथा, उपन्यास या कहानी मे प्रयुक्त होने पर अनिवार्यत: कल्पना मिश्रित हो जाती है। कल्पनाप्रसूत या प्रधानरूप से कल्पनाप्रसूत कथाए ही कथा-साहित्य का आधार बनती हैं। यो तो साहित्य और काव्य समानार्थी शब्द हैं और काव्य का पद्यबद्ध होना अनिवार्य नही है। परन्तु साधारणतया पद्यवद्ध कथाओ को कथाकाव्य और गद्य मे रचित कथाओ को कथा-साहित्य, उपन्यास, उपन्यासिका, कहानी आदि कहते हैं। आधुनिक साहित्य मे कथा-साहित्य शब्द का प्रयोग अग्रेजी के 'फिक्शन' के अर्थ मे होता है।'[1]

काव्यरूपो के विकास के प्रसंग मे डा० शम्भूनाथ सिंह ने वीरभावना प्रधान, रोमांसिक तत्त्वो से युक्त प्रेमभावना प्रधान और लोकविश्वासों एव निजन्धरी पात्रो से सम्बन्धित तथा धर्मभावना प्रधान इन तीन गाथा-चक्रो से काव्यरूपो का विकास माना है। उनकी मान्यता के अनुसार 'विकासोन्मुख सामन्तयुग मे समाज के वर्गविभक्त हो जाने और अभिजात वर्ग के उदय के वाद सामन्ती दरवारी वातावरण मे विशिष्ट कवियो द्वारा विकसनशील महाकाव्यो के अनुकरण पर रोमासिक कथा-आख्यायिकाओ या प्रेमाख्यानो की रचना होने लगी। इस तरह प्रबन्धकाव्य (महाकाव्य-खण्डकाव्य) तथा कथाकाव्य मे दो भिन्न रूप हो गए। प्रबन्धकाव्य और कथाकाव्य का यह भेद भारतवर्ष मे ही नही, पाश्चात्य देशो मे भी बहुत प्राचीन काल से चला आ रहा है। यूनान मे चौथी शताब्दी मे इलियड ओडेसी के रोमासिक तत्त्वो और साहसपूर्ण कार्यो के अनुकरण मे गद्यबद्ध रोमांसिक कथाओ की रचना हुई और पुनर्जागरण-युग मे महाकाव्यो के पुन: उत्थान के पहले तक सारे योरप मे इस काव्य-रूप का बहुत प्रचार रहा। मध्ययुग के अन्तिम भाग में ये कथाएँ गद्य-वद्ध और पद्यवद्ध दोनो प्रकार की होती थी। उत्तर मध्ययुग मे पद्यवद्ध कथाकाव्य वहुत ही लोकप्रिय काव्यरूप था।' गद्यबद्ध रोमांस को आगे चलकर इटली और स्पेन मे नावेला और इग्लैड मे 'नावेल' कहा जाने लगा और वही आधुनिक उपन्यास या कहानी का आदि रूप था।'

'मध्ययुग मे अभिजातवर्गीय रोमन क्लासिकल परम्परा के विरुद्ध रोमासिक स्वच्छदता की प्रवृत्ति ने जो विद्रोह किया उसके परिणामस्वरूप

---

१. सपा०—डा० धीरेन्द्र वर्मा आदि, हिन्दी साहित्य कोश, पृ० १८३–८४.

महाकाव्य के शास्त्रीय और गुरुगम्भीर काव्यरूप की जगह सरल और रोमासिक कथाकाव्य का बहुत प्रचार हुआ। सर्वप्रथम फ्रास मे १२वी शती के उत्तरार्द्ध तथा १३वी शती के पूर्वार्द्ध में किंग आर्थर और उसके सामतो के वीरतापूर्ण कार्यों तथा प्रेम की रोमासिक कथाओ को पद्यबद्ध कथाकाव्य (ले) का रूप दिया गया (एनसाइक्लोपीडिया आफ लिट-रेचर—शिपले, पृ० २९२-९३)। इंग्लैड मे भी १३वी शताब्दी मे आर्थर-गाथा-चक्र से सम्बन्धित अनेकानेक पद्यबद्ध कथाकाव्य लिखे गये।···इन सभी कथाकाव्यो मे काल्पनिकता, रोमासिकता, उद्दाम साहस और सामन्ती प्रेम भावना की अधिकता दिखाई पडती है। कथाकाव्य के विकास का यह क्रम बहुत कुछ इसी रूप मे भारतवर्ष मे दिखलाई पड़ता है। रामायण-महाभारत के अनुकरण पर, किन्तु अलकृत शैली मे, सस्कृत के महाकाव्यो की परम्परा विकसित हुई और उन्ही दोनो महाकाव्यो के रोमासिक तत्त्वो और साहसिक कार्यों का अनुकरण करके 'बृहत्कथा' के सम्बन्ध मे तो अधिकाश विद्वान् एकमत हैं कि उसका मूलरूप भी पद्यबद्ध रहा होगा। उसके संस्कृत रूपान्तर तो पद्यबद्ध हैं ही ·· आदि।'[1]

कथाकाव्यो के विकास के मूल मे हमे कथा के दो रूपो का दर्शन होता है। उनमे पहला कथा का मौखिक रूप है और दूसरा लिखित रूप। वास्तव मे जब लेखन प्रणाली का श्रीगणेश नही हुआ था तब कथा का रूप मौखिक ही था। वैसे आज भी ग्रामीण क्षेत्रो मे मौखिक कथाओ का प्रचलन है। श्री सत्यव्रत अवस्थी मौखिक कथा-साहित्य को भारतीय कथा का आदिम रूप मानते हैं। अवस्थी जी ने मौखिक कथा-साहित्य को दो भागो मे विभक्त किया है—(अ) लोक-काव्य-कथा या लोक-गाथा, पद्य-रूप; (ब) लोक-कथा, गद्य-रूप।[2] लोकगाथा या लोककाव्य कथा से तात्पर्य ऐसी कथा से है जो काव्यरूप मे लोक मे प्रचलित हो।[3] लोक-कथा का तात्पर्य उस कथा से है जो लोक मे गद्यरूप में प्रचलित रही हो। लिखित कथाओ के भी दो रूप गिनाए गए हैं: १. पौराणिक कथाएँ, २. साहित्यिक कथाएँ।

---

१ संपा०—डा० धीरेन्द्र वर्मा आदि, हिन्दी साहित्य कोश, पृ० १८२-८३

२. सत्यव्रत अवस्थी, लोकसाहित्य की भूमिका, पृ० ५६.

३ वही, पृ० ४५२.

भारतीय आचार्यो—लक्षणकारो के कथा-आख्यायिकाओं के लक्षणो के आधार पर डा० शम्भूनाथ सिंह ने एक रूपरेखा प्रस्तुत की है, जो इस प्रकार है .

१ कथा-आख्यायिकाओ मे रोमाचक तत्त्वो और साहसिक कार्यों जैसे युद्ध, वलपूर्वक विवाह, कन्याहरण, भयकर यात्रा, मार्ग की दुरूह कठिनाइयाँ, देव-असुर, गंधर्व, यक्ष आदि के अलौकिक कार्य आदि का वहुत अधिक विस्तार होता है।

२. कथा-आख्यायिका का कथानक अधिक प्रवाहयुक्त, इतिवृत्तात्मक और आकर्षक होता है किन्तु उसका मूलाधार यथार्थ जीवन नही होता। (बाण की 'हर्षचरित' सदृश कुछ रचनाएँ इसके लिए अपवादस्वरूप हैं) इसमे कल्पनाजन्य अलौकिक, अतिमानवीय एवं अतिप्राकृत तत्त्वों, पात्रो तथा असंभव घटनाओ की अधिकता होती है। परिणामस्वरूप उसमें काल्पनिक कथा का चमत्कार और असम्भव या अविश्वसनीय घटनाओ की भरमार होती है।

३. कथा-आख्यायिका मे कथानक को कोई शृंखलित योजना नही होती। उसका कथानक स्फीतियुक्त, उलझा हुआ और जटिल होता है। प्राय. उसका प्रारम्भ ही कथातर से होता है और फिर उसमे कथा के भीतर कथा और उस अन्तर्गत कथा में भी गर्भ-कथाएँ भरी रहती हैं। कुछ कथाएँ ऐसी भी होती हैं जिनमे अनेक कथाएँ किसी एक सूत्र से परस्पर वाँध दी गई रहती है। यद्यपि उन सबका अस्तित्व अलग-अलग ही रहता है।

४. कथा-आख्यायिकाओ की कथाओ में विवाह और उसके लिए युद्ध तथा प्रेम के सयोग एवं वियोग पक्ष के वर्णन पर अधिक स्थान दिया जाता है। परिणामस्वरूप उसके नायक प्रायः धीरललित होते है और उनका जीवन अयथार्थ पर आधारित होता है। वे प्रायः निजन्धरी होते हैं या कथाकार द्वारा निजन्धरी ऊँचाई तक पहुँचा दिये जाते हैं। भारतीय कथाओ मे विक्रमादित्य, सातवाहन, उदयन, दुष्यंत, नल आदि ऐसे ही चरित्र हैं जो ऐतिहासिक होते हुए भी निजन्धरी व्यक्तित्व द्वारा गढे गए हैं। युद्ध, साहस और वीरता के कार्यों का वर्णन कथा-आख्यायिकाओ मे भी होता है पर वैसा नही जैसा अलकृत काव्यो मे होता है।

कथाकार युद्ध और वीरता को प्रेम और शृगार का साधनमात्र समझता है, जिससे उसका मन इन बातो मे ही रमता है।[1]

कथाकाव्यो के काव्यरूप पर विचार करने के बाद यह स्पष्ट हो जाता है कि चरितकाव्यो को निस्सन्देह रूप से इन कथाकाव्यों की कोटि मे परिगणित करना चाहिए। जहाँ एक ओर हम इन्हे कथाकाव्यो की श्रेणी मे लाकर बैठाने का प्रयत्न करते हैं वही दूसरी ओर चरितकाव्य स्वयं अपने को कथाकाव्य घोषित करते हैं। कहने का अभिप्राय यह कि अपभ्रंश के चरित-लेखको ने स्वय ही णायकुमारचरिउ, करकडुचरिउ, जसहरचरिउ, भविसयत्तकहा, पज्जुण्णकहा, रिट्ठणेमिचरिउ, पुप्फदतकहा, महापुराण आदि रचनाओ मे उनको कही कथा, कही चरित और कही पुराण कहा है। वास्तव मे सर्वत्र उनका कहने का ध्येय 'कहा' से ही रहा है। चरितकाव्यो के स्वरूप-विकास एव लक्षण पर प्रथम अध्याय मे विचार कर चुके हैं। आगे हम कथाकाव्यो के अन्तर्गत आने वाले रास अथवा रासक पर विचार करेंगे।

रास, रासो, रासक आदि के विषय मे हिन्दी साहित्य के इतिहासो मे एव अन्यत्र फुटकर निबन्धो के रूप मे सविस्तार विवरण अथवा उसके इतिहास की चर्चा हुई है। आचार्य हेमचन्द्र ने रासक को गेय उपरूपक माना है—**'गेयं डोम्बिका भाण प्रस्थान शिगक भाणिका प्रेरण रामाक्रीड़ हल्लीसक रासक गोष्ठी श्रीगदित राग काव्यादि'**[2] अर्थात् प्रेक्ष्य काव्य मे डोम्बिका, भाण, प्रस्थान, शिगक, भाणिका, प्रेरण, रामाक्रीड, हल्लीसक, रासक आदि गेय उपरूपको के अन्तर्गत हैं। वाग्भट्ट ने भी इसी प्रकार को स्वीकार किया है—**'डोम्बिका-भाण-प्रस्थान-भाणिका-प्रेरण-शिगक-रामाक्रीड़-हल्लीसकरासकगोष्ठीप्रभृतीनि गेयानि'** अर्थात् इनके अभिनयात्मक स्वभाव के कारण ये डोम्बिकादि सभी गेय रूपक हैं.

पदार्थाभिनयस्वभावानि गोम्बिकादीनि गेयनिरूपकाणि चिरन्तनैरुक्तानि।

उक्त आचार्यो के बहुत पूर्व यानी बाणभट्ट (७वी शताब्दी) के हर्षचरित मे रासक पदो के गाये जाने का उल्लेख मिलता है—**'पदे पदे झणझणितभूषणरवैरपि सहृदयैरिवानुवर्त्तमानतालल्याः, कोकिला इव**

---

१ डा० शम्भूनाथ सिंह, हिन्दी महाकाव्यो का स्वरूप और विकास, पृ० ४०१-४.

२ हेमचन्द्र, काव्यानुशासन, ८. ४.

मदकलकाकलीकोमलालापिन्यो विटानां कर्णामृतान्यश्लीलरासकपदानि गायन्त्यः ।'[1]

अभिनवगुप्त ने अभिनव-भारती मे रासक की जो परिभाषा दी है उससे स्पष्ट होता है कि रासक एक ऐसा गेय रूपक है जिसमें अनेक नर्तकियाँ एव अनेक प्रकार के ताल-लयादि होते हैं और इसमे चौसठ नर्तक युग्म भाग लेते हैं :

अनेकनर्तकीयोज्यं चित्रतालल्यान्वितम् ।
आचतुषष्टियुगलाद्रासकं मसृणोद्धतम् ॥[2]

रास अथवा रासको की रचनाएँ अपभ्रंश के प्रारम्भिक काल से ही मिलनी शुरू हो जाती है। गेय और नृत्य पदो के रूप मे बाणभट्ट के समय तक इसका प्रचलन पर्याप्त मात्रा में हो चुका था। अधिकांश रासो रचनाएँ राजस्थानी और गुजराती भाषा के जैन साहित्य मे मिलती है। जैन रासो ग्रन्थो मे अनेक प्रकार के रासको का उल्लेख मिलता है। उन रचनाओ से पता चलता है कि जैन लोग ताली बजा-बजाकर मन्दिरो में रात्रि के समय गाते थे। दिन मे पुरुष-स्त्री लगुडारास करते थे।

जैनो के यहाँ ये दोनो रास १३वी-१४वी शताब्दी तक भी खेले जाते थे। इसका प्रमाण सप्तक्षेत्रीरासु (सं० १३२७) नामक रचना के एक उद्धरण से ही मिल जायेगा :

बइसइ सहूइ श्रमणसंघ सावय गुणवंता।
जोयइ इच्छवु जिनह भुवणि मनि हरख धरंता ॥
तीछे तालारस पडइ वहु भाट पढंता।
अनइ लकुटारस जोईई खेला नाचंना ॥ ४८ ॥

सविहू सरीखा सिणगार सवि तेवउ तेवड़ा।
नाचइ घामीय रंभरे तउ भावहि रुडा ॥
सुललित वाणी मधुरि सादि जिणगुण वायंता।
ताल मानु छंद गीत मेलु वाजिंत्र वाजंता ॥ ४९ ॥[3]

---

१. हर्षचरित, चतुर्थ उच्छ्वास

२. भरतनाट्यशास्त्र, भाग १, पृ० १८३

३. प्राचीन गुर्जर काव्यसग्रह, गायकवाड ओरियण्टल सिरीज़, १९१६, पृ० ५२.

परन्तु रात्रि एव दिन मे खेले जाने वाले तालारासु और लगुडारास का जैनो मे निषेध किया गया क्योकि इस तरह के खेलो से जीवहिंसा की संभावना रहती है :

ताला रासु रयणि नहि देइ, लउड़ा रासु मूलह वारेइ ।[1]

शारदातनय (१२वी शती) ने रासक के तीन भेद लतारासक, दण्ड-रासक तथा मण्डलरासक बताये हैं

लतारासक नाम त्रे स्यात्त्रेधा रासकं भवेत् ।
दण्डरासकमेकन्तु तथा मण्डलरासकम् ॥[2]

हेमचन्द्र के शिष्य रामचन्द्र ने रासक का लक्षण अपनी गुरु-परम्परा से भिन्न दिया है :

षोडश द्वादशाष्टौ वा यस्मिन्नृत्यन्ति नायिकाः ।
पिण्डीबन्धादिविन्यासैः रासकं तदुदाहृतम् ॥
पिण्डनात् तु भवेत् पिण्डी गुम्फनाच्छृङ्खला भवेत् ।
भेदनाद् भेद्यको जातो लताजालापनोदतः ॥
कामिनीभिर्भुवो भर्तुश्चेष्टितं यत्तु नृत्यते ।
रागाद् वसन्तमासाद्य स ज्ञेयो नाट्यरासकः ॥[3]

हेमचन्द्राचार्य के गीत-नृत्यादि के तत्त्व को रामचन्द्र ने स्वीकार किया है ।

साहित्यदर्पणकार आचार्य विश्वनाथ ने रासक को नाटक का रूप माना है । उसका लक्षण इस प्रकार किया है

रासकं पंचपात्रं स्यान्मुखनिर्वहणान्वितम् ।
भाषा विभाषा भूयिष्ठं भारती केशिकी युतम् ॥
असूत्रधारमेकांकं सवोधृयंग कलान्वितम् ।
श्लिष्टनान्दीयुतं ख्यातनायिकं मूर्खनायकम् ॥
उदात्तभावविन्याससंश्रितं चोत्तरोत्तरम् ।
इह प्रतिमुखं संधिमपि केचित्प्रचक्षते ॥[4]

---

१ प्राचीन गुर्जर काव्यसग्रह, गायकवाड ओरियण्टल सिरीज़, १९१६, पृ० ८०.

२. डा० शिवप्रसाद सिंह, सूरपूर्व व्रजभाषा और उसका साहित्य, पृ० ३२९ से उद्धृत

३ नाट्यदर्पण, ओरियण्टल इस्टिट्यूट, बड़ौदा, १९२१, भाग १, पृ० २१४

४. साहित्यदर्पण, पृ० १०४-५

जो ने कथाकाव्य मानते हुए लिखा है कि 'पृथ्वीराजरासो आरम्भ मे ऐसा कथाकाव्य था जो प्रधानरूप से उद्धत प्रयोग प्रधान मसृण प्रयोग युक्त गेयरूपक था।'[1] अपभ्रंश मे सदेशरासक और पुरानी हिन्दी का वीसल-देवरासो शुद्ध मसृण रासक है। हिन्दी मे आगे चलकर उद्धत रासो की परम्परा ही फूली-फली। रासो सज्ञक रचनाओ मे ही कही उन्हे चरित, कही चौपाई, कही कथा तथा कही रास नाम दिए गये हैं।[2] १५वी शताब्दी के बाद के रास काव्यों मे चरित्र-वर्णन की परिपाटी चल पड़ी थी। समयसुन्दर ने अपने चार 'रास' ग्रन्थो में से एक को कथा, एक को प्रवन्ध और चारो को चौपाईवन्ध करने का उल्लेख किया है :

सांव पजुनक कथा सरस प्रत्येक वुद्ध प्रबन्ध।
नलदमयंती मृगावती चउपई चार सम्वन्ध॥[3]

—सीतारामचउपई.

इस प्रकार अनेक जैन रासग्रन्थों में प्रेम-कथानको के माध्यम से जैन सिद्धान्तो का प्रतिपादन किया गया है। यहाँ मानकविकृत हंसराज-वच्छराज रास की सक्षिप्त कथा द्वारा यह भलीभांति स्पष्ट हो जायेगा कि इस प्रकार की रचनाएँ कथाकाव्य के अतिरिक्त कुछ नही हैं। कथा का संक्षेप इस प्रकार है—नरवाहन नामक जम्बूद्वीप का एक राजा था। उसके सालिवाहन नाम का एक पुत्र और शक्तिकुमार नाम का छोटा भाई था। एक बार राजा को स्वप्न मे परमसुन्दरी के दर्शन हुए। राजा सुखद स्वप्न के कारण अधिक देर तक उसी मे निमग्न सोता रहा। मन्त्री ने राजा की निद्रा भंग कर दी। अत. वह राजा का कोपभाजन हुआ। राजा ने मन्त्री को आदेश दिया कि वह स्वप्न मे देखी गई कन्या को एक माह के अन्दर उसके समक्ष प्रस्तुत करे। मन्त्री का सारा सुख-चैन जाता रहा। विभिन्न सूत्रो से उसे पता चला कि कणयापुर को हंसाउली नामक राज-कुमारी परम सुन्दरी है परन्तु वहाँ तक पहुँचने के लिए ही तीन माह की अवधि चाहिए थी। मत्री ने राजकार्य राजा के छोटे भाई शक्तिकुमार को सौपकर स्वय जोगी का भेष रमाया। वह किसी प्रकार कणयापुर

---

१ प० हजारीप्रसाद द्विवेदी, हिन्दी साहित्य का आदिकाल, पृ० ६०.

२. डा० रामवावू शर्मा, हिन्दी काव्यरूपो का अध्ययन, पृ० १७०.

३. वही.

पहुँचा। वहाँ उसकी एक मालिन से भेंट हुई। जोगी को उसने बत्तीस लक्षणो से युक्त पाया अत अपने घर मे स्थान दिया। मालिन ने उसे बताया कि राजकुमारी देवी के मदिर मे नर-बलि चढाती है। अत· वह पहले से ही देवी के मंदिर मे छिप गया। राजकुमारी जब देवी के मदिर मे गई तो उसने नरबलि को हेय बताया। राजकुमारी ने समझा कि देवी का आदेश है अत उसने बलि न चढाने की शपथ ली। मन्त्री ने नगर मे अपने को एक बड़ा चित्रकार घोषित कराया। राजकुमारी को जब इसकी सूचना मिली तो उसने चित्रकार को बुलवा भेजा। यह गया और राम, कृष्ण के चित्रो को दिखाने के बाद नरवाहन का चित्र दिखाते हुए उसके गुणो का बखान किया। कुमारी उस चित्र पर मोहित हो गई। मन्त्री ने राजकुमारी से कहा कि वह एक माह के अन्दर उसकी भेट राजा से करा देगा। इसी वचन के आधार पर दोनो का विवाह हो गया। राजा नरवाहन और हसाउली सुखपूर्वक दिवस व्यतीत करने लगे। समयानुसार हसाउली के दो पुत्र उत्पन्न हुए। दोनो पुत्र अत्यधिक बलिष्ठ और सुन्दर थे। वे जगल मे शिकार आदि भी खेलने जाते। नरवाहन की दूसरी रानी लीलावती हंसराज के रूप पर आसक्त हो गई। रानी ने हसराज से अपना प्रस्ताव बताया। हसराज सुशील था। उसने कहा कि आप तो मेरी माता हैं। इस पर लीलावती ने राजा से शिकायत कर दी कि हसराज ने उसे अपमानित किया है। राजा ने उसकी शिकायत पर दोनो पुत्रो को निष्कासित कर दिया। मार्ग मे चलते-चलते हसराज को प्यास लग गई। वच्छराज जल लेने चला गया। लौटकर आया तो उसने हसराज को सर्पदश से मृत पाया। वह बहुत दु खित हुआ और समीप के नगर मे उसका अन्तिम सस्कार करने के लिए उसे ले गया। वच्छराज को नगर के कोटपाल ने पुत्र न होने के कारण पुत्ररूप मे स्वीकार किया। उसी नगर मे अरिमर्दन नामक राजा था। वच्छराज को उसने नगर मे भ्रमण करते समय देख लिया। राजा ने उसे बत्तीस लक्षणो से पूर्ण पाकर विचार किया कि वह उसकी पुत्री त्रिलोचना के लिए उपयुक्त वर होगा। वच्छराज ने जब विवाह की बात सुनी तो वह नगर छोड़कर चला गया। इस व्यवहार से कुमारी त्रिलोचना को महान् विरह सहना पड़ा। अन्त मे किसी प्रकार हसराज को उसने जीवित पा लिया। इस बीच उन्हे अनेक कष्टो से गुजरना पडा। बाद मे दोनो ने विवाह कर लिये और अपने

रासक की शैली मूलत: गेय शैली ही थी। संभवत: इसीलिए कुछ विद्वानो ने रासक की व्युत्पत्ति रास से मानी है। इस सदर्भ मे पडित विश्वनाथप्रसाद मिश्र का कथन है—'रास शब्द का विशेष आग्रह हो तो स्वार्थ मे 'क' मानकर इस रासक को नाट्यरासक या रासक नामक उपरूपको से पृथक् श्रव्यकाव्य का वोधक मान लिया जा सकता है। रासक शब्द को इसलिए भी ग्रहण करना चाहिए कि रासो शब्द के विभिन्न रूपो की निष्पत्ति रासक से ही सुभीते के साथ होती है।'[1] यों रास का उत्सवरूप मे प्रयोग भागवतपुराण मे मिलता है :

तत्रारभत गोविन्दो रासक्रीडामनुव्रतैः।
स्त्रीरत्नैरन्वितः प्रीतैरन्योन्याबद्धवाहुभिः।
रासोत्सवः संप्रवृत्तो गोपीमण्डलमण्डितः।
योगेश्वरेण कृष्णेन तासां मध्ये द्वयोर्द्वयोः॥[2]

उपर्युक्त विवेचन से हम इस मन्तव्य पर पहुँचे हैं कि प्रारम्भिक अवस्था मे रासक गेय रूपक था और कालान्तर मे इसने ही नाट्यरासक का रूप ग्रहण कर लिया। यही से इसमे विकासोन्मुख धारा का प्रवाह हुआ। आगे चलकर इसमे काफी परिवर्तन आ गया। 'वस्तुत. रासक काव्य परम्परा पर मध्यकालीन चरितकाव्यो खासतौर से सस्कृत के ऐतिहासिक चरितकाव्यो का इतना व्यापक प्रभाव पड़ा कि इसका रूप ही बदल गया।'[3] हमारा संकेत इसी बदले हुए रूप की ओर है कि इस प्रकार के 'रासो' नामक काव्य कथाकाव्यो के अन्तर्गत ही आते है। श्री अगरचन्द नाहटा का भी कथन है कि 'पीछे रास, रासु अथवा राउस शब्द प्रधानतया कथाकाव्यों के लिए रूढ-सा हो गया और रसप्रधान रचना रास मानी जाने लगी।'[4]

मारवाडी भाषा में रासो का भिन्न अर्थ है। मुशी देवीप्रसाद जी के अनुसार 'रासे के मायने कथा के हैं। यह रूढी शब्द है। एकवचन 'रासो' और बहुवचन 'रासा' है। मेवाड़, ढूढाड़ और मारवाड मे झगड़े

---

१. विश्वनाथप्रसाद मिश्र, हिन्दी साहित्य का अतीत, प्र० भाग, पृ० ५५.

२. भागवत, १०. ३३ २.

३. डा० शिवप्रसाद सिंह, सूरपूर्व व्रजभाषा और उसका साहित्य, पृ० ३३०.

४ प्राचीन काव्यो की रूप-परम्परा, पृ० ५.

को भी रासा कहते है। जैसे यदि कई आदमी झगड रहे हो या वाद-विवाद कर रहे हो तो तीसरा आदमी आकर पूछेगा—'काई रासो है'। लंबी चौडी वार्ता को भी रासो और रामायण कहते है। बकवाद को भी रामायण और रासा ढूढाड मे बोलते है। 'कांई रामायण है' क्या बकवाद है। यह एक मुहावरा है। ऐसे ही 'रासा' भी इस विषय मे बोला जाता है।'[1] इसी प्रसग मे पडित मोहनलाल विष्णुलाल जी पड्या का मत भी उद्धरणीय है—'हिन्दी 'रासो' शब्द सस्कृत 'रास' अथवा 'रासक' से है और सस्कृत भाषा मे 'रास' के शब्द, ध्वनि, क्रीडा, शृखला, विलास, गर्जन, नृत्य और कोलाहल आदि के अर्थ और 'रासक' के काव्य अथवा दृश्यकाव्यादि के अर्थ परम प्रसिद्ध है। यह 'रासो' शब्द आजकल की व्रजभाषा मे भी अप्रचलित नही है, किन्तु अन्वेषण करने से वह काव्य के अर्थ के अतिरिक्त अन्य अनेक अर्थों मे भी प्रयोग होता हुआ दृष्टि आवेगा, जैसे—हमने चौदे के गदर को एक 'रासो' जोड्यौ है—कल बहादुर सिंघ जी की बैठक मे बदर ने गदर कौ रासो गायो हौ—फिर मैंने भरतपुर के राजा सूरजमल को रासौ गायो सो सब देखते ही रह गए—अजी ये कहा रासौ है—मैं तो कल्ल एक रासे मे फस गयौ यासू तुमारे वहा नाय आय सक्यौ—अजी राम गोपाल बड़ौ दिवारिया है, वाके रासे मे फस कै रूपैया मत बिगाड दोजो। हम नै आज दिन कौ रासौ नियराय दीनौ है—देखौ साब! रासे के सग रासौ है, बुरी मत मानौ—तथा लुगाइये भी गाया करती है

गीत— मत काची तोन्हं रखियो धानी नान्ह करूंगी अंत रासा।
गुर राख, पकावा, मत काचा। इत्यादि॥ १॥
जिव लोगन की 'रास' उठेगी तौन्ह के खाक उठावेगा।
हलजोत नही पछतावेगा। इत्यादि॥ २॥[2]

जैसा कि पहले लिखा जा चुका है कि रास, रासो, रासक आदि का प्रारम्भिक रूप जो भी रहा हो परन्तु बाद मे उसका प्रचलन कथाकाव्यो के रूप मे रूढ हो गया। रासो सज्ञक अधिकाश रचनाओ को कथाकाव्यो की श्रेणी मे रखा जा सकता है। पृथ्वीराजरासो को आचार्य हजारीप्रसाद

---

१ सरस्वती, भाग ३, पृ० ९८.

२. हिन्दी साहित्य का अतीत, पृ० ५३ से उद्धृत

नगर को वापिस हुए। उधर भी सब शात हो चुका था। लीलावती रानी ने अपने किये का प्रायश्चित्त किया। सभी सुखपूर्वक रहने लगे।

यही उक्त रास की कथा है। मै नही समझता कि इसमे किसी कथा-काव्य के गुण नही पाये जाते। स्वप्न-दर्शन, चित्रदर्शन, जोगीवेष, सौतेली मा का प्रणय-निवेदन, सर्पदश आदि कथानक-रूढियो तक का इसमे पाया जाना इस बात का प्रमाण है। रास सज्ञक सभी रचनाओ को कथाकाव्यो मे स्वीकार करने का मेरा आग्रह कदापि नही है। डा० दशरथ ओझा ने रास ग्रन्थो की सख्या के विषय मे लिखा है कि 'उपलब्ध रास ग्रन्थो को संख्या न्यूनाधिक एक सहस्र तक पहुँच जाती है।'[1] ऊपर हसराज-वच्छ-राज रास संज्ञक रचना की कथा के आधार पर एवं अद्दहमाण के अप-भ्रश भाषा मे रचित सदेशरासक आदि रचनाओ के आधार पर हम रासको को कथाकाव्यो के अन्तर्गत समाविष्ट करना अनुचित नही समझते।

इसी प्रकार चरित एव रास का पर्याय विलास भी होता है अथवा इसे पर्याय न माने तो समानार्थक शब्द मान सकते हैं। पण्डित गौरी-शकर हीराचन्द जी ओझा का कथन है कि 'मै रासा शब्द को उत्पत्ति सस्कृत के रास शब्द से होना मानता हूँ। रास शब्द का अर्थ विलास भी होता है (शब्दकल्पद्रुम, चतुर्थ खण्ड, पृ० १५९) और विलास शब्द चरित, इतिहास आदि के अर्थ मे प्रचलित है। जयविलास, भीमविलास आदि ऐतिहासिक ग्रन्थ प्रसिद्ध हैं और प्राचीन गुजराती भाषा मे कई राजाओ के इतिवृत्त रास नाम से प्रसिद्ध हैं (कुमारपालरास, श्रीपाल-रास आदि)।[2] अत विलास भी चरितादि काव्यो की श्रेणी मे आ जाता है।

पुराण-साहित्य कथा-साहित्य के अन्तर्गत आता है अथवा नही, यह प्रश्न विचारणीय है। वास्तव मे परपरया स्मृतियो से प्राप्त सामग्री का वर्णन करना ही पुराण का कार्य है और वही उसका लक्षण है.

पुरा परंपरां वक्ति पुराणं तेन वै स्मृतम्।[3]

---

१. डा० दशरथ ओझा, हिन्दी नाटक · उद्भव और विकास, पृ० ९१

२ काशी नागरी प्रचारिणी सभा, हस्तलेख सख्या २९ की पुष्पिका से.

३. वायुपुराण, १ २.५३.

पुराणो के प्रयोजन के सम्बन्ध मे कहा गया है—'लोक सग्राहक कृष्ण द्वैपायन व्यास ने भारतीय युद्ध के बाद की देश की एव लोगो की, विशेषकर स्त्रियो, शूद्रो तथा नाम मात्र से द्विजों की, स्थिति का आलोचन किया, और चारो वेदो का अर्थ, जो अत्यन्त गूढ है, सभी लोग सरलता से समझे जिससे उनका कल्याण हो, इस हेतु इतिहास और पुराण रूपी सीधा मार्ग निर्माण किया।[1] इन पुराणो मे विधि और निषेध रूप मे धर्मों का विवेचन किया गया।'[2]

आचार्य जिनसेनकृत जैन आदिपुराण मे पुरातन आख्यानो को पुराण कहा गया है—'पुरातन पुराण स्यात्।'[3] पुराणो का अर्थ ही है पुरानी कहानियाँ अथवा पुराने इतिहास के ग्रन्थ।[4] अनेक पुराणो मे पुराण की जो परिभाषाएँ उपलब्ध हैं उनमे पुरातन कहानियो से युक्त उन्हे अवश्य वतलाया गया है। विष्णुपुराण मे पुराण उसे कहा गया है जो इन पाँच बातो से युक्त हो

सर्गश्च प्रतिसर्गश्च वंशमन्वन्तराणि च।
सर्वेष्वेतेषु कथ्यन्ते वशानुचरितं च यत्॥[5]

आगे पुराण के वर्ण्य विषय के सम्बन्ध मे भी वही उल्लेख किया गया है कि पुराण मे आख्यान, उपाख्यान, गाथा और कल्पशुद्धि के अन्तर्गत वर्णन होने चाहिए

आख्यानैश्चाप्युपाख्यानैर्गाथाभिः कल्पशुद्धिभिः।
पुराणसंहितां चक्रे पुराणार्थविशारदः॥[6]

महाभारत मे पुराणो के वर्ण्य विषय के सन्दर्भ मे कहा गया है कि उनमे दिव्य कथाओ और श्रेष्ठ चिन्तको का चरित्र वर्णित होना चाहिए·

पुराणे हि कथा दिव्या आदिवंशाश्च धीमताम्।
कथ्यन्ते ये पुरास्माभिः श्रुतपूर्वाः पितुस्तव॥[7]

---

१ हिन्दी विश्वकोश, खंड ७, पृ० २४९
२ वही, पृ० २५०.
३ आदिपुराण, १ २१
४ रामप्रताप त्रिपाठी, पुराणो की अमर कहानियां, भाग १ का निवेदन.
५ विष्णुपुराण (गीताप्रेस, गोरखपुर), ३ ६ २५.
६. वही, ३.६.१५.
७. महाभारत, १ ५ २

हिन्दू धर्मानुसार पुराणो की सख्या अठारह मानी गई है ·

१. ब्रह्मपुराण, २. पद्मपुराण, ३ विष्णुपुराण, ४. शिवपुराण, ५. श्रीमद्भागवतपुराण, ६. नारदपुराण, ७ मार्कण्डेयपुराण, ८. अग्निपुराण, ९ भविष्यपुराण, १०. ब्रह्मवैवर्तपुराण, ११. लिंगपुराण, १२ वराहपुराण, १३ स्कदपुराण, १४. वामनपुराण, १५ कूर्मपुराण, १६ मत्स्यपुराण, १७ गरुडपुराण, १८. ब्रह्माण्डपुराण।[1] गणेशपुराण और मुद्गलपुराण ये दो उपपुराण हैं।[2]

जैन पुराण-साहित्य मे पुराणो की संख्या निर्धारित नही है। फिर भी यह मान्य है कि त्रेसठ शलाका पुरुषो अथवा महापुरुषो के जीवन-चरित को उद्घाटित करने वाली कथा ही पुराण-कथा होती है। ये त्रेसठ शलाका पुरुष प्रत्येक काल में अलग-अलग होते हैं। जैनो के वर्तमान शलाका पुरुषो मे २४ तीर्थंकर, १२ चक्रवर्ती, ९ वासुदेव, ९ वलदेव और ९ प्रतिवासुदेवो की गणना की जाती है।

तीर्थंकर : १ ऋषभनाथ, २. अजितनाथ, ३. संभवनाथ, ४. अभिनदननाथ, ५ सुमतिनाथ, ६ पद्मप्रभ, ७ सुपार्श्वनाथ, ८ चद्रप्रभ, ९ पुष्पदन्त, १० शीतलनाथ, ११ श्रेयांसनाथ, १२. वासुपूज्य, १३ विमलनाथ, १४. अनतनाथ, १५ धर्मनाथ, १६ शातिनाथ, १७. कुथुनाथ, १८ अरहनाथ, १९. मल्लिनाथ, २०. मुनिसुव्रतनाथ, २१. नमिनाथ, २२. नेमिनाथ, २३ पार्श्वनाथ, २४ महावीर।

चक्रवर्ती १ भरत, २ सगर, ३. मघवा, ४. सनत्कुमार, ५ शांति, ६ कुंथु, ७ अर, ८ सुभौम, ९. पद्म, १०. हरिषेण, ११ जय. १२ ब्रह्मदत्त।[3]

वासुदेव : १ त्रिपृष्ठ, २. द्विपृष्ठ, ३ स्वयंभू, ४. पुरुषोत्तम, ५. पुरुषसिंह, ६ पुंडरीक, ७. दत्त, ८ लक्ष्मण, ९ कृष्ण।[4]

बलदेव : १. अचल, २ विजय, ३ भद्र, ४. सुप्रभ, ५ सुदर्शन, ६ आनद, ७ नंदन, ८. पद्म अथवा राम, ९ वलराम।[5]

प्रतिवासुदेव : १. अश्वग्रीव, २ तारक, ३ मेरक, ४ मधु, ५ निशुभ, ६ वलि, ७ प्रहलाद, ८ रावण, ९ मगधेश्वर जरासध।[6]

---

१ हिन्दी विश्वकोश, खड ७, पृ० २४८

२. वही, पृ० २६०-६१.

३–६. अभिधानचिन्तामणि, श्लो० ६९२–६९९.

जिस प्रकार हिन्दुओ मे पुराण और उपपुराण है उसी प्रकार जैनो मे भी पुराण एव महापुराण माने गये हैं। जिस पुराण मे एक शलाका पुरुष का चरित वर्णित होता है वह पुराण है और जिसमें त्रेसठ शलाका पुरुषो का चरित वर्णित होता है वह महापुराण है। पुराण का लक्षण देते हुए आचार्य जिनसेन (ई० सन् ८वी शती) लिखते हैं कि जो पुराण का अर्थ है वही धर्म है, यह पुराण पांच प्रकार का है—क्षेत्र, काल, तीर्थ, सत्पुरुष और सत्पुरुष का चरित्र

स च धर्मः पुराणार्थः पुराणं पञ्चधा विदु ।
क्षेत्रं कालश्च तीर्थञ्च सत्पुंसस्तद्विचेष्टितम् ॥[1]

आचार्य ने क्षेत्र, काल और तीर्थादि को अलग-अलग स्पष्ट किया है। आकाश, मर्त्य और पाताल लोक के विन्यास को क्षेत्र, भूत, भविष्य और वर्तमान तीन कालो के विस्तार को काल; मोक्षप्राप्ति के उपाय को तीर्थ कहते हैं और तीर्थ का सेवन करने वाले शलाका पुरुष कहलाते है :

क्षेत्रं त्रैलोक्यविन्यासः कालस्त्रैकाल्यविस्तरः ।
मुक्त्युपायो भवेत्तीर्थं पुरुषास्तन्निषेविणः ॥[2]

आदिपुराण मे पुराण के वर्ण्य पर विचार करते हुए लोक, देश, नगर, राज्य, तीर्थ, दान-तप, गति और फल इन आठ का पुराणो में वर्णन आवश्यक बतलाया गया है :

लोको देशः पुरं राज्य तीर्थं दानतपोऽन्वयम् ।
पुराणेष्वष्टधाख्येयं गतयः फलमित्यपि ॥ ३ ॥[3]

लोक का नाम कहना, उसकी व्युत्पत्ति बतलाना, प्रत्येक दिशा तथा उसके अन्तरालों की लम्बाई, चौड़ाई आदि बतलाना, इनके सिवाय और भी अनेक बातो का विस्तार के साथ वर्णन करना लोकाख्यान कहलाता है। लोक के किसी एक भाग में पहाड, द्वीप तथा समुद्र आदि का विस्तारपूर्वक वर्णन करने को जानकार सम्यग्ज्ञानी देशाख्यान कहते है। भारतवर्ष आदि क्षेत्रो मे राजधानी का वर्णन करना पुराण जानने वाले आचार्यों के मत से पुराख्यान कहलाता है। उस देश का यह भाग अमुक राजा के

---

१. आदिपुराण, २.३८.
२ वही, २ ३९
३. वही, ४.३.

अधीन है अथवा वह नगर अमुक राजा का है इत्यादि वर्णन करना जैन-शास्त्रो मे राजाख्यान कहा गया है। जो इस अपार संसार से पार करे उसे तीर्थ कहते हैं, ऐसा तीर्थ जिनेन्द्र भगवान् का चरित्र ही हो सकता है अतः उसका कथन करने को तीर्थाख्यान कहते हैं। जिस प्रकार का तप और दान करने से जीवो को अनुपम फल की प्राप्ति होती हो उसका कथन करना तपदानकथा कहलाती है। नरकादि चार गतियो का कथन करने को गत्याख्यान कहते हैं। ससारी जीवो को पुण्य-पाप का जैसा फल मिलता है उसका मोक्षप्राप्ति पर्यन्त वर्णन करना फलाख्यान कहलाता है

लोकोद्देशनिरुक्त्यादिवर्णनं यत्सविस्तरम्।
लोकाख्यानं तदाम्नातं विशोधितदिगन्तरम् ॥ ४ ॥
तदेकदेशदेशाद्रिद्वीपाब्ध्यादिप्रपञ्चनम् ।
देशाख्यानं तु तज्ज्ञेयं तज्ज्ञैः संज्ञानलोचनैः ॥ ५ ॥
भरतादिषु वर्षेषु राजधानीप्ररूपणम्।
पुराख्यानमितीष्टं तत् पुरातनविदां मते ॥ ६ ॥
अमुष्मिन्नधिदेशोऽयं नगरञ्चेति तत्पतेः।
आख्यानं यत्तदाख्यातं राज्याख्यानं जिनागमे ॥ ७ ॥
संसाराब्धेरपारस्य तरणे तीर्थमिष्यते।
चेष्टितं जिननाथानां तस्योक्तिस्तीर्थसंकथा ॥ ८ ॥
यादृशं स्यात्तपोदानमनीदृशगुणोदयम्।
कथनं तादृशस्यास्य तपोदानकथोच्यते ॥ ९ ॥
नरकादि प्रभेदेन चतस्रो गतयो मताः।
तासां संकीर्त्तनं यद्धि गत्याख्यानं तदिष्यते ॥ १० ॥
पुण्यपापफलावाप्तिर्जन्तूनां यादृशी भवेत्।
तदाख्यानं फलाख्यानं तच्च निःश्रेयसावधि ॥ ११ ॥[1]

पुराण के वर्ण्य विषय से उसके क्षेत्र की व्यापकता पर तो प्रकाश पड़ता ही है, उससे कथाकाव्य के क्षेत्र का भी ज्ञान होता है। पहले लिखा जा चुका है कि हिन्दू धर्म की तरह १८ पुराण और १८ उपपुराणो की संख्या जैनो मे निर्धारित नही है, फिर भी उनका पुराण-साहित्य संस्कृत,

---

१ वही, ४. ४-११

प्राकृत, अपभ्रंश और हिन्दी तक मे विपुलरूप से उपलब्ध है। नीचे जैनों के पुराण-साहित्य की एक सूची दी जा रही है[1].

पुराण का नाम	लेखक	समय
१ पद्मपुराण—पद्मचरित	रविषेण	७०५ वि० सं०
२ महापुराण (आदिपुराण)	जिनसेन	नवी शती
३. उत्तरपुराण	गुणभद्र	१०वी शती
४. अजितपुराण	अरुणमणि	१७१६ वि० सं०
५. आदिपुराण (कन्नड)	कवि पप	
६. आदिपुराण	भट्टारक चन्द्रकीर्ति	१७वी शती
७. आदिपुराण	,, सकलकीर्ति	१५वी शती
८ उत्तरपुराण	,, ,,	
९. कर्णामृतपुराण	केशवसेन	१६८८ वि० स०
१० जयकुमारपुराण	ब्र० कामराज	१५५५
११ चन्द्रप्रभपुराण	कवि अगामदेव	
१२ चामुण्डपुराण	चामुण्डराय	९८० शक स०
१३. धर्मनाथपुराण	कवि वाहुवली	
१४. नेमिनाथपुराण	ब्र० नेमिदत्त	
१५ पद्मनाभपुराण	भ० शुभचन्द्र	१७वी शती
१६ पउमचरिय (अपभ्रंश)	चतुर्मुखदेव	अनुपलब्ध
१७ ,, ,,	स्वयभूदेव	
१८ पद्मपुराण	भ० सोमसेन	
१९ पद्मपुराण	भ० ब्रर्मकीर्ति	१६५६
२० पद्मपुराण (अपभ्रंश)	कवि रइधू	१५–१६वी शती
२१ ,,	भ० चन्द्रकीर्ति	१७वी शती
२२. ,,	ब्रह्म जिनदास	१५–१६वी शती
२३ पाण्डवपुराण	भ० शुभचन्द्र	१६०८
२४ ,, (अपभ्रंश)	भ० यश कीर्ति	१४९७
२५ ,,	भ० श्रीभूषण	१६५७

१ प्रस्तुत सूची हिन्दी विश्वकोश, खड ७, पृ० २६४–६५ एवं जिनसेनकृत आदिपुराण, प्रथम भाग की प्रस्तावना पृ० ८-९ के आधार पर दी गई है। हिन्दी विश्वकोश के अनुसार क्र० स० १६,१७,२७–३०, ४५–४६, ४८-५२ अपभ्रंश भाषा में लिखित हैं।

पुराण का नाम	लेखक	समय
२६ पाण्डवपुराण	भ० वादिचन्द्र	१६५८
२७ पार्श्वपुराण (अपभ्रंश)	पद्मकीर्ति	९९९
२८. ,, ,,	कवि रइधू	१५–१६वीं शती
२९ ,,	चन्द्रकीर्ति	१६५४
३०. ,,	वादिचन्द्र	१६५८
३१. महापुराण	आचार्य मल्लिषेण	११०४
३२. ,, (अपभ्रंश)	महाकवि पुष्पदत	
३३. मल्लिनाथपुराण (कन्नड़)	कवि नागचन्द्र	
३४. पुराणसार	श्रीचन्द्र	
३५ महावीरपुराण	कवि असग	९१०
३६. ,,	भ० सकलकीर्ति	१५वी शती
३७ मल्लिनाथपुराण	,,	,,
३८. मुनिसुव्रतपुराण	ब्रह्म कृष्णदास	
३९ ,, ,,	भ० सुरेन्द्रकीर्ति	
४०. वागर्थसंग्रहपुराण	कवि परमेष्ठी	जिनसेन से पूर्व
४१. शान्तिनाथपुराण	कवि असग	१०वी शती
४२ ,,	भ० श्रीभूषण	१६५९
४३ श्रीपुराण	भ० गुणभद्र	
४४ हरिवशपुराण	पुन्नाटसंघीय जिनसेन	७०५ शक स०
४५ हरिवंशपुराण (अपभ्रश)	स्वयभूदेव	
४६ ,, ,,	चतुर्मुखदेव	
४७ ,,	ब्र० जिनदास	१५–१६वी शती
४८. ,, (अपभ्रश)	भ० यश.कीर्ति	१५०७
४९ ,, ,,	भ० श्रुतकीर्ति	१५५२
५०. ,, ,,	कवि रइधू	१५–१६वी शती
५१. ,,	भ० धर्मकीर्ति	१६७१
५२. ,,	कवि रामचन्द्र	१५६० से पूर्व

उपर्युक्त पुराणो की सूची मे बारह पुराण अपभ्रंश भाषा में लिखित हैं। वास्तव मे पुराणो की रचना धर्म से सम्बन्धित है परन्तु धर्म कथा-साहित्य मे कोई प्रत्यवाय उपस्थित नही करता। जैनो के पुराण-साहित्य

के अतिरिक्त उनका संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश का कथा-साहित्य धार्मिक कोटि मे डालकर बहुत पहले बहिष्कृत किया जा चुका था। विशेषरूप से यहाँ अपभ्रंश रचनाओ की चर्चा करना आवश्यक है। अपभ्रंश साहित्य की प्राप्त रचनाओ मे से अधिकतम रचनाएँ जैन कवियों-लेखको द्वारा लिखी गई है। उनका विषय भी जैन शलाका पुरुषो की कथा अथवा अन्य जैन कथाओ से सम्बन्धित होता है। यद्यपि जैन कथाओं के नायको को जैन सिद्धान्तो का पालन करते हुए मोक्ष-प्राप्त्यर्थ दीक्षित होते दिखाया गया है तथापि इन कथाओ मे शृगारिकता एवं व्यावहारिक पक्ष किसी बात मे कम दिखाई नही पडता। साधारणतया जैन साहित्य मे जैनधर्म का ही शान्त वातावरण व्याप्त है, सन्त के हृदय मे शृगार कैसा ?[1] डा० रामकुमार वर्मा के इस कथन पर डा० शिवप्रसाद सिंह की टिप्पणी विवेकपूर्ण और यथार्थ है—'जैन काव्य मे शान्ति या शम की प्रधानता है अवश्य किन्तु वह आरम्भ नही, परिणति है। सभवत· पूरे जीवन को शम या विरक्ति का क्षेत्र बना देना प्रकृति का विरोध है। जैन कवि इसे अच्छी तरह जानता है इसीलिए उसने शम या विरक्ति को उद्देश्य के रूप मे मानते हुए भी सासारिक वैभव, रूप, विलास और कामासक्ति का चित्रण भी पूरे यथार्थ के साथ प्रस्तुत किया है।'[2] इस टिप्पणी का प्रथम वाक्य अत्यधिक मार्मिक और जैन साहित्य की सम्पूर्ण व्याख्या के लिए एक तथ्य है। असल मे जो लोग सिर्फ इतना जानते हैं कि जैनधर्म निवृत्ति मार्ग का पोषक है वे ही जैनधर्म की अपूर्ण जानकारी होने के कारण धर्म एव साहित्य पर अनेक दोषारोपण थोपते हैं। जैन साहित्य के अध्ययन से पता चलता है कि उसमे भारतीय कला, विद्या एवं अन्य लोक पक्ष अथवा परलोक पक्ष आदि विषयो के अन्तर्गत एक व्यवस्थित अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। जैनो के यहाँ जीवन को दो भागो मे विभक्त किया गया है १ मुनिधर्म और २ गृहस्थधर्म। इन्ही दोनो धाराओ की छाप उनके साहित्य पर पड़ती है। 'मुनिधर्म के द्वारा एक ऐसे वर्ग की स्थापना का प्रयत्न किया गया है जो सर्वथा नि स्वार्थ, नि स्पृह और निरीह होकर वीतराग भाव से अपने व दूसरो के कल्याण मे ही अपना समस्त समय व शक्ति लगावे। साथ ही गृहस्थधर्म की

---

१. डा० रामकुमार वर्मा, हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, पृ. १००.

२ डा० शिवप्रसाद सिंह, सूरपूर्व ब्रजभाषा और उसका साहित्य, पृ० २८२.

व्यवस्थाओ द्वारा उन सब प्रवृत्तियो को यथोचित स्थान दिया गया है जिनके द्वारा मनुष्य सभ्य और शिष्ट बनकर अपनी, अपने कुटुम्ब की, तथा समाज व देश की सेवा करता हुआ उन्हे उन्नत बना सके।[1]

अपभ्रंश काव्यो मे लौकिक आनन्द की दृष्टि से एक ओर शृगारिक पक्ष का चमत्कार मिलेगा तो दूसरी ओर सयम की यथार्थता का बयान भी। पाटलिपुत्र मे मुनि स्थूलभद्र चातुर्मास कर रहे थे। नगर की एक रमणी वेश्या उन पर अनुरक्त हो गई। वेश्या को अपने रूप का गर्व था अत. वह मुनि को रिझाने चल पड़ी। उस वेश्या का रूप अपभ्रंश कवि की लेखनी मे देखिये :

कन्नजुयल जसु सहलहंत किर मयण हिंडोला
चंचल चपल तरंग चंग जसु नयण कचोला
सोहइ जासु कपोल पालि जणु मालि मसूरा
कोमल विमल सुकंठ जासु वाजइ सखंतूरा
तुंग पयोहर उल्लसइ .सिंगार थपक्का
कुसुम वाण निय अमिय कुंभ किर थापण मुक्का ॥[2]

अर्थात् प्रकम्पित कर्णयुगल मानो कामदेव के हिंडोले थे, चचल ऊर्मियो से आपूरित नयन कचोले, सुन्दर विपेले फूल की तरह प्रफुल्लित कपोल-पालि, शंख की तरह सुडोल सुचिक्कण निर्मल कठ—उसके उरोज शृंगार के स्तवक थे, मानो पुष्पधन्वा कामदेव ने विश्वविजय के लिए अमृत कुम्भ की स्थापना की थी।

इस सुरम्य सुन्दरी का रूप भी मुनिवर के संयम को डिगाने के लिए नाकाफी रहा। क्योकि उन्होने सिद्धिरूपी रमणी से परिणय कर लिया था तथा वे संयम श्री के भोग मे लीन हो चुके थे :

मुनिवइ जंपइ वेस सिद्धि रमणी परिणेवा।
मनु लीनउ संयम सिरि सो भोग रमेवा ॥[3]

---

१. डा० हीरालाल जैन, भारतीय संस्कृति मे जैनधर्म का योगदान, पृ० २८३-८४.

२. डा० शिवप्रसाद सिंह, सूरपूर्व व्रजभाषा और उसका साहित्य, पृ० २८३ से उद्धृत.

३. वही

अन्यत्र भी ऐसे अनेकानेक उद्धरणो से अपभ्रंश काव्य भरे पडे हैं। अपभ्रंश भाषा के उत्कृष्ट कवि स्वयभू और पुष्पदंत आदि कवियो की साहित्य-समाज को बहुत बडी देन है। इसीलिए राहुल जी ने स्वयंभू का मूल्याकन इन शब्दो मे किया हिन्दी कविता के पाचो युगो—सिद्ध सामन्त युग, सूफी युग, भक्त युग, दरबारी युग और नवजागरण युग के जितने भी कवियो को हमने यहाँ सगृहीत किया है, उनमे यह नि:सकोच कहा जा सकता है कि स्वयभू सबसे बड़ा कवि था।[1] इतने से भी जब महापंडित राहुल जी को संतोष नही होता तो वे कहते हैं कि 'राम के हाथो मुक्ति पाने वालो का जब हमारे देश मे नाम भी नही रह जायेगा, तब भी तुलसी की कद्र होगी, स्वयभू के जैनधर्म का अस्तित्व भी न रहने पर वह नास्तिक भारत का महान् कवि रहेगा। उसकी वाणी मे हमेशा वह शक्ति रहेगी कि कही अपने पाठको को हर्षोत्फुल्ल कर दे, कही शरीर को रोमाचित कर दे और कही आँखो को भीगने के लिये मजबूर कर दे।'[2]

उक्त विद्वानो के निष्पक्ष वक्तव्यो से अपभ्रंश साहित्य को प्रकाश मे लाने की प्रेरणा लोगो को मिली। आज अपभ्रंश साहित्य की प्रतिष्ठा हिन्दी के आदि स्रोत के रूप मे हो चुकी है। यदि जैनेतर कहानियो की धार्मिक रचनाएँ कथा-कोटि मे रखी जा सकती है तो न्यायोचित यही है कि हमे पक्षपातरहित होकर अपभ्रंश कथाकाव्यो की धार्मिक रचनाओ पर विचार करना चाहिये। कथासरित्सागर कथाकाव्य है परन्तु वह भी धार्मिक उद्देश्यपूर्ण है। इसकी पुष्टि डा० सत्येन्द्र के कथन से होगी—'कथासरित्सागर की भाँति के अनेक ग्रन्थ भारतीय साहित्य मे मिलते है और इनमे से अधिकाश धार्मिक उद्देश्यनिहित है। कथासरित्सागर भी साम्प्रदायिक भावना से मुक्त नही है। शैव और शाक्त भावनाओ का इसमे प्राधान्य है। शिव और देवी की पूजा और वलि, इनके दिये वरदान तथा विद्याधरत्व प्राप्त करना ये सभी साम्प्रदायिक दृष्टि की पुष्टि करते हैं। ऐसी ही विलक्षण दिव्यतापूर्ण कहानियाँ जैनियो के साहित्य मे मिलती है। कथासरित्सागर के विद्याधर-विद्याधरियाँ आदि शिव-परिकर के हैं, जिन-परिकर के नही।'[3] इस प्रकार के बन्धन यदि स्वीकार किये

---

१ राहुल साकृत्यायन, हिंदी काव्यधारा, प्रयाग, १९५४, पृ० ५०

२. वही, पृ० ५४.

३ डा० सत्येन्द्र, मध्ययुगीन हिन्दी साहित्य का लोकतात्विक अध्ययन, पृ० १६१

जायेगे तब तो महाकवि तुलसीदासकृत रामचरितमानस भी साम्प्रदायिक श्रेणी मे रखा जायेगा। जबकि तुलसी बाबा स्वयं उसे 'कथा' कहते हैं। आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी धार्मिक प्रेरणा को काव्यत्व मे बाधक नही मानते। उनके मत से 'इधर कुछ ऐसी मनोभावना दिखाई पडने लगी है कि धार्मिक रचनाएँ साहित्य मे विवेच्य नही है। कभी-कभी शुक्ल जी के मत को भी इस मत के समर्थन मे उद्धृत किया जाता है। मुझे यह बात उचित नही मालूम होती। धार्मिक प्रेरणा या आध्यात्मिक उपदेश होना काव्यत्व का बाधक नही समझा जाना चाहिये।'[1]

इन तथ्यो के आधार पर कथाकाव्य की व्यापकता की पुष्टि होती है। साथ ही यह भी सिद्ध होता है कि कथाकाव्य के अन्तर्गत रास, चरित, विलास, पुराण के अतिरिक्त धर्मकथाओं तथा कथात्मक काव्यो का भी समावेश किया जाना चाहिये। अपभ्रंश कथा-साहित्य मे शलाका पुरुषो की कथा के अतिरिक्त धार्मिक व्रत, अनुष्ठान और विधानादि सम्बन्धी रचनाएँ भी 'कथा' संज्ञक उपलब्ध हैं। उदाहरणस्वरूप नयनदिकृत सकलविधिविधानकहा (वि० सं० ११००), रइधूकृत पुण्णासवकहा-कोसो, बालचन्द्रकृत सुगधदहमीकहा एवं णिद्दहसत्तमीकहा, यश.कीर्ति की जिणरत्तिविहाणकहा व रविवयकहा का नामोल्लेख किया जा सकता है। इस प्रकार अपभ्रंश कथा-साहित्य को व्रत-कथाकाव्य, पुराण, चरित आदि कथाकाव्यों से भरपूर पाते हैं।

अपभ्रंश एवं प्राकृत मे कथा के लक्षण, भेद एवं उपभेदों पर यत्र-तत्र कथाग्रन्थो, कोषो तथा अन्य धार्मिक ग्रन्थो मे विचार किया गया है। प्राकृत ग्रन्थ दशवैकालिक मे कथाएँ चार प्रकार की बताई गई हैं—अर्थ-कथा, कामकथा, धर्मकथा और मिश्रितकथा।

अत्थकहा कामकहा धम्मकहा चेव मीसिया य कहा।
एत्तो एक्केक्कावि य णेगविहा होइ नायव्वा॥ १८८॥[2]

इन कथाओ के भी उपभेद होते हैं। सबका उल्लेख करना यहाँ प्रासगिक नही है। अर्थकथा का लक्षण इस प्रकार है :

---

१ हिन्दी साहित्य का आदिकाल, पृ० ११.

२. दशवैकालिक, पृ० २१२.

विज्जासिप्पमुवाओ अणिवेओ संचओ य दक्खत्तं ।
सामं दंडो भेओ उवप्पयाणं च अत्थकहा ॥ १८९ ॥[1]

अर्थात् विद्या, शिल्प, उपाय, साम, दड और भेद का जिस कथा मे वर्णन हो वह अर्थकथा है। मूलत· अर्थकथाओ मे अर्थसम्बन्धी अथवा अर्थोपार्जनसम्बन्धो बातो की प्रधानता रहती है। अतएव उसे अर्थकथा संज्ञा से अभिहित किया जाता है।

कामकथा का लक्षण इस प्रकार है—रूप, अवस्था, वेश, दाक्षिण्य, शिक्षा आदि विषयो की एव कला-शिक्षा की दृष्टि, श्रुति, अनुभूति और सस्तुति कामकथा है।

रूव वओ य वेसो दक्खत्तं सिक्खियं च बिसएसुं ।
दिट्ठं सुयमणुभूयं च संथवो चेव कामकहा ॥ १९२ ॥[2]

दशवैकालिक मे धर्मकथा आक्षेपिणी, विक्षेपिणी, संवेगिनी और निर्वेदिनी चार प्रकार की कही गई है। आक्षेपिणी कथा मे आचार, व्यवहार, प्रज्ञप्ति और दृष्टिवाद ये चार बाते मुख्यतया होती हैं

धम्मकहा बोद्धव्वा चउव्विहा धीरपुरिसपन्नत्ता ।
अक्खेवणि विक्खेवणि संवेगे चेव निव्वेए ॥
आयारे ववहारे पन्नत्ती चेव दिट्ठीवाए य ।
एसा चउव्विहा खलु कहा उ अक्खेवणी होइ ॥१९४-१९५॥[3]

विक्षेपिणी कथा चार प्रकार की होती है—अपने शास्त्र के कथनोपरान्त परशास्त्र का कथन करना, परशास्त्र के कथनोपरान्त अपने शास्त्र का कथन, मिथ्यात्व का वर्णन करके सम्यक्त्व का कथन, और सम्यक्त्व का विवेचन करके मिथ्यात्व का वर्णन करना।

विक्खेवणी सा चउव्विहा पण्णत्ता, तंजहा—ससमयं कहेत्ता परसमयं कहेइ, परसमयं कहेत्ता ससमयं कहेइ, मिच्छावादं कहेत्ता सम्मावादं कहेइ, सम्मावादं कहेत्ता मिच्छावायं कहेइ ॥[4]

---

१ वही
२ वही, पृ० २१८.
३ वही, पृ० २१९
४ दशवैकालिक-सूत्र · हरिभद्रवृत्ति, म०म० प्रिंटिंग वर्क्स, पृ० २२१

इसी प्रकार सवेगिनी कथा आत्मशरीर सवेगिनी, परशरीर संवेगिनी, इहलोक सवेगिनी और परलोक सवेगिनी के भेद से चार प्रकार की होती है। शुक्र, शोणित, मांस, वसा, मेदा, अस्थि, स्नायु, चर्म, केश, रोम, नाक, दन्त आदि सघातस्वरूप मलमूत्रयुक्त अपने शरीर की अशुचिता का वर्णन कर विरक्ति उत्पन्न करना आत्मशरीर संवेगिनी कथा है। इसी प्रकार दूसरे व्यक्ति के शरीर की (उक्त पदार्थों द्वारा) अशुचिता का वर्णन करना परसंवेगिनी कथा है। संसार की असारता का वर्णन करके विरक्ति का कथन लोक सवेगिनी कथा के अन्तर्गत आता है। देवादि भी कषायो वश दुर्गति को पाते हैं—इस प्रकार के कथन से वैराग्य की प्रभावशाली व्याख्या परलोक संवेगिनी कथा है

आयपरसरीरगया इहलोए चेव तहय परलोए।
एसा चउव्विहा खलु कहा उ संवेयणी होइ॥
वीरियविउव्वणिद्ढी नाणचरणदंसणाण तह इड्ढी।
उवइस्सइ खलु जहियं कहाइ संवेयणीइ रसो॥[1]

तंजहा—आयसरीरसंवेयणी परसरीरसंवेयणी इहलोयसंवेयणी परलोयसंवेयणी, तत्थ आयसरीरसंवेयणी जहा जमेयं अम्हच्चयं सरीरयं एव सुक्कसोणियमसवसामेदमज्जट्ठिण्हारुचम्मकेसरोमणहदंतअंतादि-संघायणिप्फण्णतणेण ·· एसा परलोयसंवेयणी गयत्ति।[2]

उद्योतनसूरि ने भी धर्मकथा के आक्षेपिणी, विक्षेपिणी, संवेदिनी और निर्वेदिनी चार भाग किये हैं। आक्षेपिणी मनोनुकूल तथा विक्षेपिणी मन के प्रतिकूल होती है। संवेदिनी ज्ञानोत्पत्ति का कारण बनती है और निर्वेदिनी से वैराग्योत्पत्ति होती है :

तत्थ अक्खेवणी मणोणुकूला, विक्खेवणी मणो-पडिकूला, संवेग-जणणी णाणुप्पत्ति-कारणं, णिव्वेय-जणणी उण वेरग्गुप्पत्ती। भणियं च गुरुणा सुहम्म-सामिणा।

अक्खेवणि अक्खित्ता पुरिसा विक्खेवणीए विक्खित्ता।
संवेयणि संविग्गा णिव्विण्णा तह चउत्थीए॥[3]

---

१. वही, पृ० २१९.

२. वही, पृ० २२३–२४

३. उद्योतनसूरि, कुवलयमाला, पृ० ४.

धार्मिक कथान्तर्गत निर्वेदिनी कथा पापाचरण से छुटकारा दिलाने के लिए कही जाती है। इसके चार भेद है। प्रथम प्रकार की निर्वेदिनी कथाए वे होती हैं जो इस लोक मे किए गए दुराचरणो का फल इसी लोक मे पाने का कथन करके व्यक्ति में वैराग्योत्पादन करती हैं। इस जन्म के किये गये कार्यकलापो का फल जन्मजन्मान्तरो तक भोगना पडता है, इसका कथन करके व्यक्ति मे निर्वेद उत्पन्न करनेवाली कथा दूसरा प्रकार है। इसी प्रकार परलोकसम्बन्धी क्रियाकलापो का सरस वर्णन करने वाली निर्वेदिनी कथा तीसरा प्रकार है। चतुर्थ प्रकार सहित निर्वेदिनी कथाएं सरस ढग से व्यक्ति को वैराग्योन्मुख करने मे सहायक होती है। इस कथा का दशवैकालिक मे निम्नलिखित स्वरूप है :

पावाणं कम्माणं असुभविवागो कहिज्जए जत्थ।
इह य परत्थ य लोए कहा उ णिव्वेयणी नाम॥
थोवंपि पमायकयं कम्मं साहिज्जई जहिं नियमा।
पउरासुहपरिणामं कहाइ निव्वेयणीइ रसो॥[1]

दशवैकालिक मे कथा के जो चार प्रकार बताए हैं उनमे चौथी मिश्रित कथा होती है। मिश्रित कथा में धर्म, अर्थ, काम इन तीनो प्रकार की कथाओ का मिश्रित रूप होता है। जिस कथा में किसी एक पुरुषार्थ की प्रधानता न होकर तीनो ही पुरुषार्थों के वर्णन मे समानता रहे वह मिश्रकथा कहलाती है.

सा पुनः 'मिश्रा' मिश्रानाम संकीर्णपुरुषार्थाभिधानात्।[2]

हरिभद्रसूरि ने 'समराइच्चकहा' मे उक्त चार प्रकार की ही कथाओं का उल्लेख किया है—**एत्थ सामन्नओ चत्तारि कहाओ हवन्ति। तं जहा। अत्थकहा, कामकहा, धन्मकहा, संकिण्णकहा य।**[3] इन कथाओ के अलग-अलग लक्षण भी दिये गये है। अर्थकथा और कामकथा के लक्षण लगभग दशवैकालिक ग्रन्थ के लक्षणो के समान ही हैं।[4] हरिभद्रसूरि के

---

१. दशवैकालिक, पृ० २१९
२. दशवैकालिक-सूत्र हरिभद्रवृत्ति, पृ० २२८
३. समराइच्चकहा, सपा०—एम० सी० मोदी, भाग २, पृ० २
४. तत्थ अत्थकहा नाम—जा अत्थोवायाणपडिबद्धा असिमसिकसिवाणिज्जसिप्पसगया विचित्तधाऊवायाइपमुहमहोवायसपउत्ता सामभेयउवप्पयाणदण्डाइपयत्थविरइया, सा अत्थकह त्ति भणइ। जा उण कामोवायाणविसया वित्तवपुव्वयकलादक्खिणपरिगया अणुरायपुलइयपडिवत्तिजोयसारा दूईवावाररमियभावाणुवत्तणाइपयत्थसगया, सा कामकहा त्ति भणइ।—वही, पृ०२–३

अनुसार धर्मकथा वह है जिसमे क्षमा, मार्दव, आर्जव, मुक्ति, तप, संयम, सत्य, शौच, आकिंचन्य, ब्रह्मचर्य, अणुव्रत, दिग्व्रत, देशव्रत, अनर्थ-दण्डव्रत, सामायिक, प्रोषधोपवास, भोग-परिभोग, अतिथिसंविभाग, अनुकम्पा तथा अकाम निर्जरा के साधनो का प्रचुरता से वर्णन हो .

जा उण धम्मोवायाणगोयरा खमामद्दवज्जवमुत्तितवसंजमसच्चसोयाकिचण्णबंभचेरपहाणा अणुव्वयदिसिदेसाणत्थदण्डविरईसामाइयपोसहोववासोवभोगपरिभोगातिहिसंविभागकलिया अणुकम्पाकामनिज्जराइपयत्थसंपउत्ता, सा धम्मकह त्ति ।[1]

मिश्रकथा धर्म, अर्थ और काम त्रिवर्गो का कथन करने वाली तथा उदाहरण, हेतु और कारणो से पुष्ट होती है :

जा उण तिवग्गोवायाणसंबद्धा कव्वकहागन्थत्थवित्थरविरइया लोइयवेयसमयपसिद्धा उयाहरणहेउकारणोववेया, सा संकिण्णकह त्ति वुच्चइ ।[2]

आचार्य जिनसेन ने कथा के सद्धर्मकथा या सत्कथा एवं विकथा ये दो भेद माने हैं। उनका कथन है कि मोक्ष पुरुषार्थ के लिए उपयोगी होने से धर्म, अर्थ तथा काम का कथन करना कथा कहलाती है। जिसमे धर्म का विशेष निरूपण होता है उसे बुद्धिमान् सत्कथा कहते हैं। धर्म के फलस्वरूप जिन अभ्युदयों की प्राप्ति होती है उनमे अर्थ और काम भी मुख्य हैं अत: धर्म का फल दिखाने के लिए अर्थ और काम का वर्णन करना भी कथा कहलाती है। यदि यह अर्थ और काम की कथा धर्मकथा से रहित हो तो विकथा ही कहलायेगी जो मात्र पापाश्रव का कारण होती है। जिससे जीवो को स्वर्गादि अभ्युदय तथा मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है वास्तव मे वही धर्म कहलाता है, उससे सम्बन्ध रखनेवाली कथा को सद्धर्मकथा कहते है

पुरुषार्थोपयोगित्वात्त्रिवर्गकथनं कथा ।
तत्रापि सत्कथां धर्म्यामामनन्ति मनीषिणः ॥ ११८ ॥
तत्फलाभ्युदयाङ्गत्वादर्थकामकथा कथा ।
अन्यथा विकथैवासावपुण्यास्रवकारणम् ॥ ११९ ॥

---

१ वही, पृ० ३.

२. वही

यतोऽभ्युदयनिःश्रेयसार्थसंसिद्धिरञ्जसा ।
सद्धर्मस्तन्निबद्धा या सा सद्धर्मकथा स्मृता ॥ १२० ॥[1]

सद्धर्मकथा के द्रव्य, क्षेत्र, तीर्थ, काल, भाव, महाफल और प्रकृत ये सात अग होते हैं। जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल ये छ· द्रव्य हैं, ऊर्ध्व, मध्य और पाताल ये तीन लोक क्षेत्र है। जिनेन्द्र देव का चरित्र ही तीर्थ है; भूत, भविष्य और वर्तमान तीन प्रकार के काल हैं; क्षायोपशमिक अथवा क्षायिक ये दो भाव हैं, तत्त्वज्ञान का होना फल कहलाता है और वर्णनीय कथावस्तु को प्रकृत कहते है। उक्त सात अग जिस कथा में पाये जायें उसे सत्कथा कहते हैं .

द्रव्यं क्षेत्रं तथा तीर्थं कालो भावः फलं महत् ।
प्रकृतं चेत्यमून्याहुः सप्ताङ्गानि कथामुखे ॥ १२२ ॥
द्रव्यं जीवादि षोढा स्यात्क्षेत्रं त्रिभुवनस्थिति. ।
जिनेन्द्रचरितं तीर्थं कालस्त्रेधा प्रकीर्तितः ॥ १२३ ॥
प्रकृतं स्यात् कथावस्तु फलं तत्त्वावबोधनम् ।
भावः क्षयोपशमजस्तस्य स्यात्क्षायिकोऽथवा ॥ १२४ ॥
इत्यमूनि कथाङ्गानि यत्र सा सत्कथा मता ।
यथावसरमेवैषां प्रपञ्चो दर्शयिष्यते ॥ १२५ ॥[2]

कथा के लक्षणो के साथ-साथ ही इन आचार्यों ने वक्ता और श्रोता के लक्षण भी बताये हैं।[3] कथा का विस्तार न तो अधिक हो और न अति सक्षेप हो तो वह कथा महान् अर्थ वाली कथा होती है :

महार्थापि कथा अपरिक्लेशबहुला कथयितव्या ।[4]

उद्योतनसूरि ने कथा के पाच भेद स्वीकार किये है सकलकथा, खंडकथा, उल्लापकथा, परिहासकथा और सकीर्णकथा—ताओ पुण पंच कहाओ । तं जहा । सयलकहा, खडकहा, उल्लावकहा, परिहासकहा, तहा वरा कहिय त्ति · संकिण्ण कहत्ति ।[5]

---

१ जिनसेन, आदिपुराण, पृ० १८
२. वही.
३. वही, पृ० १८-२०
४. दशवैकालिक-सूत्र हरिभद्रवृत्ति, पृ० २३०.
५ उद्योतनसूरि, कुवलयमाला, पृ० ४.

आचार्य हेमचन्द्र ने काव्यानुशासन में कथाओं के १. कथा, २. उपाख्यान, ३. आख्यान, ४ निदर्शन, ५ प्रवल्हिका, ६ मन्थल्लिका, ७ मणिकुल्या, ८. परिकथा, ९. खंडकथा, १०. सकलकथा, ११. उपकथा, १२. बृहत्कथा के भेद से १२ भेद गिनाए हैं। उनका कथन है कि धीर-प्रशान्त नायक द्वारा समस्त भाषाओं मे गद्य अथवा पद्य में अपना वृत्तान्त लिखा जाना कथा है। धीर-प्रशान्त नायक की अन्य कवि द्वारा कोई गद्यमय रचना जैसे कादम्वरी, कोई पद्यमय रचना जैसे लीलावती कथा है और समस्त भाषाओं मे कोई संस्कृत, कोई प्राकृत, कोई मागधी, शौरसेनी, पैशाची अथवा कोई अपभ्रंश भाषा मे निबद्ध वृत्तात कथा है।

किसी प्रवन्ध मे प्रबोधनार्थ उदाहरणस्वरूप जो कथा आये वह उपाख्यान है, जैसे नलोपाख्यान। आख्यान अभिनय, पठन, गायन के रूप मे ग्रन्थिक द्वारा कहा गया होता है—जैसे गोविन्दाख्यान। जहाँ अनेक प्रकार की चेष्टाओ द्वारा कार्य-अकार्य, उचित-अनुचित का निश्चय किया जाय और जिसके पात्र धूर्त, विट, कुट्टिनी, मयूर और मार्जारादि हो, वहाँ निदर्शन होता है, जैसे—पचतन्त्र। जहाँ दो विवादों मे एक की प्रधानता दिखायी जाय और जो अर्ध-प्राकृत मे रची गई हो वह प्रवल्हिका है, जैसे—चेटक। प्रेत महाराष्ट्री भाषा मे लिखी गई क्षुद्रकथा को मन्थल्लिका कहते हैं, जैसे—अनगवती। जिसमे पुरोहित, अमात्य, तापसी आदि का प्रारब्धनिर्वाह मे वर्णन हो वह भी मन्थल्लिका है। जिसमे वस्तु का पूर्व मे प्रकाशन न होकर बाद मे हो, वह मणिकुल्या है, जैसे—मत्स्यहसित। धर्म, अर्थ, कामादि पुरुषार्थों मे से किसी एक पुरुषार्थ को उद्देश्य कर लिखी गई कथा जो अनेक वृत्तान्त, वर्णन प्रधान हो वह परिकथा कहलाती है, जैसे—शूद्रक। जिसका मुख्य इतिवृत्त रचना के मध्य या अन्त के समीप वर्णित हो, वह खण्डकथा है, जैसे—इन्दुमती। ऐसा इतिवृत्त जिसके अन्त मे समस्त फलो की सिद्धि हो जाय वह सकलकथा है, जैसे—समरादित्य। प्रसिद्ध कथा के अन्तर्गत किसी एक पात्र के आश्रय से उपनिबंधित कथा उपकथा होती है। लम्भ चिह्न से अकित, अद्भुत अर्थ वाली कथा बृहत्कथा कहलाती है, जैसे—नरवाहनदत्तचरितादि ·

धीरशान्तनायका गद्येन पद्येन वा सर्वभाषा कथा ॥ अ०८, सू०८॥

आख्यायिकावन्न स्वचरितव्यावर्णकोऽपि तु धीरशान्तो नायकः, तस्य तु वृत्तमन्येन कविना वा यत्र वर्ण्यते, या च काचिद् गद्यमयी यथा

कादम्बरी, काचित्पद्यमयी यथा लीलावती, या च सर्वभाषा काचित् संस्कृतेन काचित् प्राकृतेन काचिन्मागध्या काचिच्छूरसेन्या काचित् पिशाच्या काचिदपभ्रंशेन बध्यते सा कथा।

प्रबन्धमध्ये परबोधनार्थं नलाद्युपाख्यानमिवोपाख्यानमभिनयन् पठन् गायन् यदेको ग्रन्थिकः कथयति तद्गोविन्दवदाख्यानम्।

तिरश्चामतिरश्चां वा चेष्टाभिर्यत्र कार्यमकार्यं वा निश्चीयते तत्पञ्चतन्त्रादिवत्, धूर्तविटकुट्टनीमतमयूरमार्जारिकादिवच्च निदर्शनम्।

(पृ० ४६३)

प्रधानमधिकृत्य यत्र द्वयोर्विवादः सार्धप्राकृतरचिता चेटकादिवत् प्रवाल्लिका।

प्रेतमहाराष्ट्रभाषया क्षुद्रकथा गोरोचना-अनङ्गवत्यादिवन्मन्थल्लिका। यस्यां पुरोहितामात्यतापसादीनां प्रारब्धनिर्वहे उपहासः सापि मन्थल्लिका।

यस्यां पूर्वं वस्तु न लक्ष्यते पश्चात्तु प्रकाश्यते सा मत्स्यहसितादिवन्मणिकुल्या।

एकं धर्मादिपुरुषार्थमुद्दिश्य प्रकारवैचित्र्येणानन्तवृत्तान्तवर्णनप्रधाना शूद्रकादिवत् परिकथा।

(पृ० ४६४)

मध्यादुपान्ततो वा ग्रन्थान्तरप्रसिद्धमितिवृत्तं यस्यां वर्ण्यते सा इन्दुमत्यादिवत् खण्डकथा। समस्तफलान्तेतिवृत्तवर्णना समरादित्यादिवत् सकलकथा। एकतरचरितात्रयेण प्रसिद्धकथान्तरोपनिबन्ध उपकथा। लम्भाङ्कितादद्भुतार्था नरवाहनदत्तादिचरितवद् बृहत्कथा। एते च कथाप्रभेदा एवेति न पृथग्लक्षिताः॥

(पृ० ४६५)

उपाख्यानमिति। यदाह—

नलसावित्रीषोडशराजोपख्यानवत्प्रबन्धान्तः।
अन्यप्रबोधनार्थं यदुपाख्यातं ह्युपाख्यानम्॥

आख्यानमिति। तथा चाह—

आख्यानकसंज्ञां तल्लभते यद्यभिनयन् पठन् गायन्।
ग्रन्थिक एकः कथयति गोविन्दवदवहिते सदसि॥

निदर्शनमिति । तथा च—

निश्चीयते तिरश्चामतिरश्चां वापि यत्र चेष्टाभिः ।
कार्यमकार्यं वा तन्निदर्शनं पञ्चतन्त्रादिः ॥

(पृ० ४६३)

धूर्तविटकुट्टनीमतमयूरमार्जारिकादि यल्लोके ।
कार्याकार्यनिरूपणरूपमिह निदर्शनं तदपि ॥

प्रवल्हिकेति । तथा च—

यत्र द्वयोर्विवादः प्रधानमधिकृत्य जायते सदसि ।
सार्धप्राकृतरचिता प्रवल्हिका चेटकप्रभृतिः ॥

मन्थल्लिकेति । तथा च—

क्षुद्रकथा मन्थल्ली प्रेतमहाराष्ट्रभाषया भवति ।
गोरोचनेव कार्या सानङ्गवतीव वा कविभिः ॥

सापीति । तथा च—

यस्यामुपहासः स्यात्पुरोहितामात्यतापसादीनाम् ।
प्रारब्धनिर्वहे सापि हि मन्थल्लिका भवति ॥

मणिकुल्येति । तथा च—

मणिकुल्यायां जलमिव न लक्ष्यते तत्र पूर्वतो वस्तु ।
पश्चात्प्रकाशते सा मणिकुल्या मत्स्यहसितादिः ॥

परिकथेति । तथा च—

पर्यायेण बहूनां यत्र प्रतियोगिनां कथाः कुशलैः ।
श्रूयन्ते शूद्रकवज्जिगीषुभिः परिकथा सा तु ॥

(पृ० ४६४)

खण्डकथेति । तथा च—

ग्रन्थांतरप्रसिद्धं यस्यामितिवृत्तमुच्यते विबुधैः ।
मध्यादुपान्ततो वा सा खण्डकथा यथेन्दुमती ॥

सकलकथेति । चरितमित्यर्थः ।

उपकथेति । तथा च—

यत्राश्रित्य कथान्तरमतिप्रसिद्धं निबध्यते कविभिः ।
चरितं विचित्रमन्यत्सोपकथा चित्रलेखादिः ॥

बृहत्कथेति । तथा च—

लम्भाङ्कितादद्भुतार्था पिशाचभाषामयी महाविषया ।
नरवाहनदत्तादेश्चरितमिव बृहत्कथा भवति ॥

(पृ० ४६५)

कौतूहल कवि ने लीलावईकहा को दिव्यमानुषी कथा कहा है। दिव्यमानुषी कथा पाठको को आकर्षित करती है। अपनी कथा के सन्दर्भ में कवि कहता है कि उसकी पत्नी ने उससे कहा कि वह मुग्ध युवतियो के लिए प्राकृत भाषा मे, जिसमे देशी शब्द भी हों, एक दिव्य-मानुषी कथा कहे

एमेयमुद्ध-जुयई-मणोहरं पाययाए भासाए ।
पविरल-देसि-सुलक्खं कहसु कहं दिव्व-माणुसियं ॥
तं तह सोऊण पुणो भणियं उव्विंब-बाल-हरिणच्छि ।
जइ एवं ता सुव्वउ सुसधि-बंधं कहा-वत्थु ॥[1]

और कवि कौतूहल त्रस्त बालहरिणी के समान नेत्रवाली अपनी पत्नी के आग्रह को स्वीकार कर दिव्यमानुषी लीलावतीकथा की रचना कर देते हैं। उन्होने आगे सस्कृत, प्राकृत और मिश्र भाषा मे रची जाने वाली कथाओ का भी सदर्भ दिया है अर्थात् इसे उनके अनुसार भाषा के आधार पर कथाओ का भेद माना जा सकता है ·

अण्णं सक्कय-पायय-संकिण्ण-विहा सुवण्ण-रइयाओ ।
सुव्वंति महा-कह-पुंगवेहि विविहाउ सुकहाओ ॥[2]

अर्थात् सस्कृत, प्राकृत एवं मिश्र भाषा मे सुन्दर शब्दावली मे रचित महाकवियो की विविध कथाएँ सुनी जाती है।

मुख्यतः प्राकृत-अपभ्रश का अधिकतम भाग जैन साहित्यान्तर्गत है। आगे जिन अपभ्रश कथाकाव्यो के विषय मे विशद विचार करेंगे वे भी उक्त साहित्य मे से ही होगे। डा० ए० एन० उपाध्ये ने जैन कथा-साहित्य को पाँच भागो मे विभक्त किया है[3]

---

१. लीलावईकहा, पृ० ११
२ वही, पृ० १०
३ बृहत्कथाकोश की प्रस्तावना, पृ० ३५

१ प्रबन्ध काव्य के रूप मे शलाका पुरुषों के चरित ।
२ शलाका पुरुषो मे से किसी एक का विस्तृत चरित ।
३ रोमाण्टिक धर्मकथाएँ ।
४ अर्ध-ऐतिहासिक प्रबन्ध कथाएं ।
५ उपदेशप्रद कथाओ के संग्रह—कथाकोश ।

डा० उपाध्ये ने यह वर्गीकरण समग्र जैन कथा-साहित्य को दृष्टि मे रखकर प्रस्तुत किया है किन्तु यही वर्गीकरण अपभ्रंश कथा-साहित्य पर भी पूर्णतः लागू हो सकता है। विशेष द्रष्टव्य यह है कि अपभ्रंश रचनाकारों ने मिश्रित अथवा मिश्रकथा को प्रधानता दी अथवा यो कहें कि अपभ्रंश कथाकाव्यो मे मिश्र ढंग की कथाए अधिक हैं। प्राकृत कथा-साहित्य मे समराइच्चकहा को हरिभद्र ने धर्मकथा माना है परन्तु जब हम उन्ही के बताए मिश्रकथा के लक्षणो की कसौटी पर इस कथा को कसते हैं तो यह मिश्रकथा ही ठहरती है।[1] कहने का तात्पर्य यह है कि लौकिक एवं पारलौकिक दोनो ही दृष्टियो से मिश्रकथा की प्रशसा की जा सकती है। इसका एक कारण यह है कि इस प्रकार की कथा मे लेखक को पात्रो की अभिव्यक्तियो अथवा इसके मिस अपने अनुभवों को अभिव्यक्त करने का अवसर रहता है। अपभ्रंश कथाकाव्यो के अध्ययन से यह बात और भी स्पष्ट हो जाती है। अपभ्रश की जिन रचनाओ को हमने कथाकाव्यो को कोटि मे स्वीकार किया है उनके कथानकों को सक्षिप्त रूप मे यहाँ प्रस्तुत करेंगे। इन कथानको से जहाँ हम एक ओर (उनमे वर्णित विषयो के आधार पर) उनकी कथात्मकता से परिचित होंगे वही दूसरी ओर हमे हिन्दी प्रेमाख्यानको पर उनके प्रभाव की बात को समीक्षात्मक दृष्टिकोण से विचार करने का अवसर भी मिलेगा।

लीलावईकहा

इस कथा[2] के रचनाकार कवि कोऊहल (कौतूहल) हैं। ग्रन्थ की रचना ई० सन् आठवी शताब्दी के लगभग हुई।[3] कौतूहल ने अपने वश

---

१. समराइच्चकहा, पृ० २.
२. डा० ए० एन० उपाध्ये द्वारा सपादित, सिंघी जैन ग्रं० बम्बई से १९४९ ई० में प्रकाशित
३. डा० जगदीशचन्द्र जैन, प्राकृत साहित्य का इतिहास, पृ० ५२९.

का परिचय दिया है। इनके पितामह बहुलादित्य प्रकाण्ड पण्डित थे। अत. पाण्डित्य इन्हे विरासत मे मिला। इस कथा को कवि ने 'दिव्य-मानुषी' कहा है।[1] अपनी पत्नी की विनती पर कवि ने 'मरहट्ठ-देसिभासा' मे इसकी रचना की। मूलत यह रचना अपभ्रंश-भाषा की नही है तथापि एक महत्त्वपूर्ण प्रेमकथा होने के कारण यहाँ इसका उल्लेख करना आवश्यक समझा गया है। दूसरी प्रमुख बात यह है कि इसे सस्कृत की कादम्बरी के टक्कर की रचना घोषित किया गया है। जो हो, प्राकृत-अपभ्रश की दूरी मे इसे एक कडी ही समझना चाहिए। इसका कथा-सारांश इस प्रकार है

मगलाचरणादि के बाद मूल विषय प्रारम्भ होता है। प्रतिष्ठान नामक एक रमणीक नगर था। वहाँ का राजा सातवाहन था। कथा का नायक राजा सातवाहन ही है। राजा विपुलाशय की अप्सरा रम्भा से कुवलयावलि नाम की पुत्री थी। गन्धर्वकुमार चित्रांगद से उसका प्रेम हो गया और उसने गन्धर्व-विवाह कर लिया। जब राजा विपुलाशय को इस बात का पता लगा तो उसने चित्रांगद को राक्षस होने का शाप दे दिया। वह भीषणानन नामक राक्षस बन गया। कुवलयावलि बहुत दु खित होती है और आत्महत्या करने लगती है। परन्तु उसकी मां रम्भा उसे रोक देती है। रम्भा ने उसे सान्त्वना दी तथा यक्षराज नलकूबर के पास छोड दिया। इस यक्षराज की पत्नी एक विद्याधरी वसन्तश्री थी जिससे महानुमति नामक पुत्री हुई। महानुमति का कुवलयावलि से स्नेह बढता गया और दोनो अच्छी सखियाँ बन गईं। एक बार दोनो सखियाँ विमान द्वारा मलयगिरि पर गईं। वहाँ सिद्धकुमारियो के साथ झूला झूलते हुए कुवलयावलि की आँखें सिद्धकुमार माधवानिल से मिल गईं और वह प्रेमाविद्ध हो गई। वहाँ से वह घर वापिस आई तो उसकी व्याकुलता बढ़ने लगी। कुवलयावलि सखी की दशा देखकर सिद्धकुमार का पता लगाने मलय पर्वत पर गई। वहाँ पहुँचने पर पता चला कि माधवानिल को उसका कोई शत्रु पाताललोक मे ले गया है। कुवलयावलि अपनी सखी के पास लौट आती है और उसे धैर्य बधाती है। दोनो सखियो ने अपनी इष्टसिद्धि के लिए भवानी-पूजन

---

१. लीलावईकहा, पृ० ११

का निश्चय किया और वे गोदावरी नदी के किनारे भवानी की पूजा करने लगी।

कथा की नायिका लीलावती सिंहलदेश की राजकुमारी थी। इसके पिता सिंहलराज शिलामेघ थे और माता शारदश्री वसन्तश्री की बहन थी। लीलावती ने राजा सातवाहन का चित्र देखा और वह मोहित हो गई। राजा सातवाहन को वह स्वप्न में देखती। उसने माता-पिता की आज्ञा ली और अपने प्रिय की खोज में निकल पडी। मार्ग मे गोदावरी नदी पडी वहाँ उसका दल ठहर गया। वही उसकी मौसी वसन्तश्री की पुत्री महानुमति और उसकी सखी कुवलयावलि से भेंट हो गई। दो से तीन विरहिणियाँ हो गईं और एक साथ रहने लगी।

राजा सातवाहन को साम्राज्य-विस्तार की इच्छा हुई। अत: वह सेना लेकर सिंहल की ओर चला। राजा के दूत ने सातवाहन को मत्रणा दी कि सिंहलराज से शत्रुता नही बढ़ानी चाहिए। अतः सातवाहन ने विजयानन्द सेनापति को दूत बनाकर सिंहलराज के पास भेजा। वह रामेश्वर के मार्ग से सिंहल रवाना हुआ। विजयानन्द जिस नौका से जा रहा था वह टूट गई अतः उसे गोदावरी के तट पर रुक जाना पड़ा। यहाँ पर उसे नग्न पाशुपत के दर्शन हुए। उसे पता लगा कि सिंहलराज की पुत्री अपनी सखियो के साथ यही रहती है। विजयानन्द लौट आया और सातवाहन से आकर पूरा वृत्तान्त कहा। सातवाहन ने उससे विवाह करने की इच्छा व्यक्त की। सातवाहन सेनासहित उपस्थित हुआ। परन्तु लीलावती ने कहा कि जब तक महानुमति का प्रिय नही मिलेगा तब तक वह विवाह नही करेगी। राजा पाताललोक गया और माधवानिल को छुड़ा लाया। राजा ने अपनी राजधानी लौटकर भीषणानन राक्षस पर आक्रमण किया तो चोट खाते ही वह राजकुमार बन गया।

संयोगात् यक्षराज नलकूवर, विद्याधर हंस और शिलामेघ एक ही स्थान पर एकत्रित होते है। नलकूवर अपनी पुत्री महानुमति का उसके प्रिय सिद्धकुमार माधवानिल से, विद्याधर हस अपनी कन्या कुवलयावलि का चित्रागद से और सिंहलनरेश अपनी राजकुमारी लीलावती का राजा सातवाहन के साथ विवाह कर देते हैं।

पउमसिरीचरिउ

कवि धाहिल का लिखा हुआ पउमसिरीचरिउ[1] चार संधियो में समाप्त एक प्रेमकथा है। जैसा कि जैनो के अन्य काव्यो में भी धार्मिक उद्देश्य अधिक निहित रहता है, वैसा ही इसमे भी है। धाहिल ने स्वयं ही अपने को दिव्यदृष्टि कहा है—'धाहिलु दिव्वदिट्ठि कवि जपइ'। इनका समय वि० ८वो श० के बाद और बारहवो शताब्दी के पूर्व माना गया है। कथा संक्षेप मे इस प्रकार है .

भगवान् चन्द्रप्रभ एव सरस्वती की स्तुति के बाद कवि कथा आरम्भ करता है। भरत क्षेत्र के मध्यदेश मे वसन्तपुर नामक एक नगर था। वहां के राजा का नाम जितशत्रु था और लीलावती नामक उसकी रानो थी। उसी नगर में अतुल धनराशि का स्वामी धनसेन नामक एक श्रेष्ठी रहता था। धनश्री नामक उसकी दिव्यस्वरूपा एक कन्या और धनदत्त तथा धनावह नामक दो पुत्र थे। कन्या की शादी तो हो गई परन्तु दुर्भाग्य से वह विधवा हो गई। अपना जीवन बिताने के लिए वह अपने भाइयो के घर रहने लगी और भजन-पूजन करने के साथ घर की भी देखभाल करती थी।

एक दिन नगर मे धर्मघोष नामक एक मुनिवर आये। उनके उपदेशो का धनश्री पर बहुत प्रभाव हुआ। धनश्री नित्य पूजन-दानादि कर्म करने लगी। चूंकि धन भाइयो का था अतः भाभियो को बुरा लगा और वे कभी-कभी धनश्री पर व्यग्य करती थी। धनश्री स्त्री थी अतः उसके मन मे दूषित भाव आ गए और उसने भाइयो को भाभियो के विरुद्ध कर दिया। बाद मे उसने उन दोनो भाई-भाभियो के भेद-भाव को मिटा दिया। इस प्रकार धनश्री ने अच्छे धर्मध्यान-पूर्वक मरणोपरान्त देवलोक पाया।

धनदत्त ने दूसरे जन्म मे अयोध्या के राजा अशोकदत्त के यहाँ पुत्ररूप मे जन्म लिया। इसके भाई धनावह ने भी इसी राजा के यहा जन्म लिया। यहां धनदत्त का नाम समुद्रदत्त और धनावह का वृषभदत्त

---

१. एच० भायाणी तथा एम० मोदी द्वारा सम्पादित, भा० वि० भ० बम्बई, वि० सं० २००५ में प्रकाशित.

रखा गया। उधर धनश्री हस्तिनापुर के राजा श्रीषेण और उनकी रानी शीलवती की पद्मश्री नाम की पुत्री हुई। जैसे-जैसे वह बड़ी होती, गई इसके सौन्दर्य की कीर्ति चारों ओर फैलती गई। वसन्त माह का आगमन हुआ। पद्मश्री अपने अपूर्वश्री नामक उद्यान में गई। समुद्रदत्त भी वहाँ पहुँचा और दोनों की दृष्टियाँ मिल गईं। दोनों एक-दूसरे पर मुग्ध हो गए। दोनों की प्रेमविह्वलता विवाहोपरान्त समाप्त हुई।

समुद्रदत्त अपनी पत्नी पद्मश्री के साथ आनन्दमय दिवस बिताने लगा। आठ वर्षों के बाद वराहदत्त नामक पत्रवाहक ने समुद्रदत्त को माता की ओर से पत्र दिया। माता अपने पुत्र को देखने के लिए व्याकुल थी। उस समय पद्मश्री अपने पिता के घर थी। अतः समुद्रदत्त ने दूत को वापिस भेज दिया और स्वयं पत्नी को लेने हस्तिनापुर गया। पूर्वजन्म के दोष से केलिप्रिय पिशाच ने पद्मश्री और समुद्रदत्त के प्रेम में अन्तर डाल दिया। समुद्रदत्त को यह विश्वास हो गया कि पद्मश्री परपुरुष में आसक्त है। समुद्रदत्त को पद्मश्री सब भाँति विश्वास दिलाती है कि सब झूठ है। फिर भी समुद्रदत्त विश्वास नहीं करता।

पद्मश्री हतप्रभ हो जाती है और विलाप करती है परन्तु समुद्रदत्त उसे छोड़कर घर चल देता है। समुद्रदत्त कौशलपुरी के एक व्यापारी की पुत्री कांतिमती से विवाह कर लेता है,। कांतिमती की एक कीर्तिमती बहिन थी जिसका विवाह समुद्रदत्त के भाई उदधिदत्त से होता है। पद्मश्री के पिता को समुद्रदत्त के विवाह का पता चला तो वे पुत्री के जन्म से दुःखी हुए। पद्मश्री को विमलशीला नामक साध्वी ने धर्मोपदेश दिया। उसके प्रभाव से पद्मश्री व्रतादि करने लगी। बाद में वे दोनों कांतिमती और कीर्तिमती के घर पहुँची। वहाँ पद्मश्री पर चोरी का कलंक लगा। फिर भी कठिन तपश्चर्या करके पद्मश्री ने मोक्षलाभ लिया।

भविसयत्तकहा

दशमी शताब्दी के कवि धनपाल धक्कड ने जैनधर्म के श्रुतपंचमी व्रत के माहात्म्य-निर्देश के लिए इस कथा-काव्य[1] की रचना की। प्रारम्भ

---

१ सी० डी० दलाल और पी० डी० गुणे द्वारा संपादित, गा० ओ० सिरीज में १९२३ में प्रकाशित.

मे कवि जिन-स्तुति एवं सज्जन-दुर्जनप्रशंसा करता है। तत्पश्चात् मूल विषय आरम्भ होता है। कवि ने अपने काव्य को दो भागो मे विभक्त किया है—'त्रिहि खडहिं वावीसहिं सधिहिं परिचिंतिय नियहेउ निबंधिहि।'[1] परन्तु हर्मन जेकोबी ने कथा को तीन भागो मे विभक्त किया है। प्रथम भाग मे धनपाल नामक एक व्यापारी के पुत्र भविष्यदत्त के भाग्य का वर्णन है। प्रारम्भ मे भविष्यदत्त को उसका सौतेला भाई धोखा देता है अतः भविष्यदत्त को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पडता है। बाद मे वह अतुल धनराशि पाता है। द्वितीय भाग मे कुरुराज और तक्षशिलाराज मे युद्ध वर्णित है। भविष्यदत्त की इसमे महत्त्वपूर्ण भूमिका है। इसको विजय के फलस्वरूप कुरुराज्य का अर्द्धभाग प्राप्त होता है। तृतीय भाग मे भविष्यदत्त एव उसके साथियों के पूर्वजन्म तथा उत्तर-जन्मो का विवरण है। कथा सक्षेप मे इस प्रकार है·

गजपुर नामक समृद्ध नगर मे एक व्यापारी था जिसका नाम धनपाल था। उसकी कमलश्री नामक पत्नी थी जो मन को हरनेवाली और अरविन्द के समान मुखवाली थी। किसी पुत्र के न होने से दोनो चिन्तित थे। कमलश्री एक बार मुनि श्रेष्ठ के पास गई और पुत्र न होने की बाते कही। मुनि ने पुत्र होने का आशीर्वाद दिया। समयानुसार मुनि का आशीर्वाद फलित हुआ। विलक्षण प्रतिभा के लक्षणो से युक्त पुत्र उत्पन्न हुआ जिसका नाम भविष्यदत्त रखा गया। धनपाल सरूपा नामक सुन्दरी से अपना दूसरा विवाह कर लेता है और कमलश्री तथा भविष्यदत्त को भूलने लगता है। सरूपा से बधुदत्त नामक पुत्र उत्पन्न होता है। बधुदत्त का लालन-पालन होता है और वह बडा हो जाता है। बधुदत्त व्यापार करने के लिए देशान्तर की तैयारी कर लेता है। वह अन्य ५०० व्यापारियो के साथ कंचनपुर की यात्रा करता है। बधुदत्त को देशान्तर जाते हुए देखकर भविष्यदत्त ने उसके साथ जाने का कमलश्री से आग्रह किया। कमलश्री के बहुत मना करने पर भी भविष्यदत्त ने बधुदत्त का विश्वास किया और उसके साथ हो लिया। यात्रा पर चलने के पूर्व कमलश्री ने अपने पुत्र को सदाचार का उपदेश दिया और सरूपा ने अपने पुत्र बधुदत्त से कहा कि वह भविष्यदत्त को समुद्र

---

१. भविसयत्तकहा, पृ० १४९

मे डाल दे। नौकाओ से यात्रा प्रारम्भ हुई। कुछ दिन बाद अचानक समुद्र मे तूफान आ गया और किसी प्रकार ये लोग तिलक द्वीप के किनारे पहुँच गए। भविष्यदत्त को बंधुदत्त ने धोखे से यही छोड़ दिया और स्वयं आगे चल पड़ा।

भविष्यदत्त परेशान होता हुआ एक श्रेष्ठ नगरी मे पहुँचा परन्तु वह जनशून्य थी। वहाँ उसने एक अतीव सुन्दरी कन्या को देखा। एक राक्षस ने आकर दोनों का परिणय कराया। बारह वर्ष तक आनन्दपूर्वक वह उस नगरी मे रहा। उसके बाद अपार धन-सम्पत्ति के साथ वे समुद्र के किनारे पर पहुँचे और किसी जहाज की खोज में थे। एकाएक बंधुदत्त व्यापार मे असफल लौटता हुआ वहाँ आ पहुँचा। उसने भविष्यदत्त से अपने पूर्व कृत्य के लिए क्षमा याचना की। भविष्यदत्त ने सब सामान जहाज पर लाद दिया। अपनी पत्नी को भी बैठा दिया। स्वयं जहाज मे बैठने से पूर्व जिनमदिर मे दर्शन करने गया। इसी बीच बंधुदत्त ने जहाज चलवा दिया। बंधुदत्त ने घर आकर भविष्यदत्त की पत्नी को अपनी पत्नी बताया और विवाह की तिथि आदि निश्चित कर ली। भविष्यदत्त उधर जिन भगवान् का पूजन करने लगता है। इधर भविष्यदत्त की माँ श्रुतपचमी का व्रत रखती है। इन दोनो के धर्मप्रभाव से एक देव भविष्यदत्त को घर पहुँचा देता है। भविष्यदत्त ने घर आकर पूरा भेद बतलाया और वहाँ के राजा से न्याय की माँग की। बंधुदत्त दोषी ठहरता है अत· उसे दंड मिलता है और भविष्यदत्त को उसकी पत्नी वापिस मिल जाती है। इसके साथ ही राजा भविष्यदत्त को अपना उत्तराधिकारी बनाकर अपनी पुत्री सुमित्रा का विवाह करने को कहता है।

इतने मे गजपुर के राजा के पास पोदनपुर के राजा का एक संदेश आता है। सदेश मे वह सुमित्रा की माँग करता है। राजा के इस अपमान से युद्ध आवश्यक हो जाता है। युद्ध मे भविष्यदत्त प्रमुख भाग लेता है और विजयी होकर सुमित्रा से परिणय करता है। भविष्यदत्त गजपुर का युवराज बनता है और सुखपूर्वक रहने लगता है।

तत्पश्चात् भविष्यदत्त की प्रथम पत्नी की अपनी मातृभूमि जाने की

इच्छा बलवती होती है। अत भविष्यदत्त अपने माता-पिता, सुमित्रा आदि को लेकर मैनाक द्वीप की यात्रा पर निकल पडता है। मैनाक द्वीप पर उन्हे एक जैन मुनि के दर्शन होते हैं। वे उन्हे धर्मोपदेश देते हैं। वहाँ कुछ दिन रहने के पश्चात् वे सब अपने घर वापिस आ जाते हैं। एक बार मुनि विमलबुद्धि वहाँ आते हैं। भविष्यदत्त उनके दर्शनो को जाता है तो मुनि ने धर्मोपदेश के साथ उसके पूर्वभव की कथा सुनाई। भविष्यदत्त को वैराग्य हो जाता है और वह अपने पुत्र को राज्यभार सौंपकर स्वय जगल चला जाता है। उसकी पत्नियाँ एव माता भी उसी के साथ तपस्या करती हैं। अन्त मे समाधिमरण होता है और उच्च-पद प्राप्त करके मोक्ष हो जाता है। कथा के अन्त में श्रुतपचमी का माहात्म्य बताया गया है।

जसहरचरिउ

इस चरितकाव्य[८२] के रचयिता पुष्पदन्त १०वी शताब्दी के कवि माने जाते हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ चार सन्धियो मे समाप्त है। कथा का अतिम उद्देश्य अहिंसा के माहात्म्य को सिद्ध करना है। ग्रन्थ की कथा सक्षेप मे इस प्रकार है ·

अन्य चरितकाव्यो के समान मगलाचरण, जिनस्तुति के बाद कथा प्रारम्भ होती है। यौधेय नामक एक रमणीक देश था जिसकी राजधानी राजपुर थी। इसका मारिदत्त नामक राजा था जो अपना अधिकाश समय रानियो के साथ विलास मे व्यतीत करता था। एक दिन भैरवानन्द नामक कापालिकाचार्य यात्रा करते हुए उस राजधानी मे आये। वे नगरी में अपने धर्म का प्रचार करते थे तथा उन्होने घोषणा की कि उन्हे दैवीय शक्ति प्राप्त है। वे सूर्य-चन्द्र को भी अपनी आज्ञानुसार चला सकते है, यह खबर राजा मारिदत्त को मिली। राजा ने ससम्मान भैरवानन्द को दरबार मे आमन्त्रित किया। भैरवानन्द से राजा ने वायुगमन की शक्ति प्राप्त करने की प्रार्थना की। भैरवानन्द ने राजा से कहा कि यदि वह मनुष्यसहित सभी प्राणियो के जीवित जोडो की बलि देवी चडमारी को दे तो उसे दिव्यशक्ति अवश्य प्राप्त होगी। राजा ने अपने राज्याधि-

८२. पी० एल० वैद्य द्वारा सपादित, कारंजा जैन सिरीज में १९३१ में प्रकाशित.

को भूनकर जसवई ने ब्राह्मणो को खिलाया। अगले जन्म मे चन्द्रमती बकरी और यशोधर बकरा बना। इसके बाद वे भैंस, मुर्गा-मुर्गी के जन्मो मे भी उत्पन्न हुए। अन्त मे राजा द्वारा मारे जाने पर उसके पुत्र-पुत्री के जोडे के रूप मे पैदा हुए। पुत्र का नाम अभयरुचि और पुत्री का नाम अभयमति हुआ। एक बार राजा जसवई ५०० कुत्तो के साथ जंगल मे शिकार खेलने गया। वहाँ उसने एक जैन मुनि सुदत्त को देखा तथा उनके ऊपर कुत्तो को छोड़ दिया। परन्तु कुत्ते अपनी गर्दन झुकाकर खडे हो गए। अत जसहर ने अपनी तलवार से मुनि को मारने का विचार किया। उसके एक व्यापारी मित्र ने उसे निरपराध मुनि को मारने से रोका। जसवई ने अपने पापो के प्रायश्चित्तस्वरूप मुनि के सामने अपनी गर्दन काटने का विचार किया। मुनि राजा के अन्तर्भावो को समझ गए और उसे इस प्रकार के कार्यों से विरत रहने को कहा। राजा को यह देखकर कि मुनि दूसरे के अन्त.करण की बात जानते हैं—आश्चर्य हुआ। राजा ने अपने माता-पिता और दादी के जन्मो के विषय मे पूछा। इस पर मुनि ने राजा को उनके विभिन्न जन्मो की कहानी सुनाते हुए कहा कि उसके पिता और दादी उसके पुत्र अभयरुचि और पुत्री अभयमति के रूप मे पैदा हुए है। उसकी मां पाँचवे नरक मे है।

मुनि से सब बाते जानकर राजा जसवई ने महल छोड़कर साधु बनने का निश्चय किया। अभयरुचि और अभयमति ने भी साधु बनना चाहा परन्तु अवस्था मे छोटे होने के कारण सुदत्त मुनि ने उन्हे क्षुल्लक ही रहने को कहा। इस प्रकार अभयरुचि ने राजा मारिदत्त को पूरी बात समाप्त करते हुए कहा कि हम क्षुल्लक नगर मे घूम ही रहे थे कि आपके आदमियो द्वारा पकड़ लिये गये और यहाँ लाये गये।

इस वृत्तान्त को सुनने के बाद राजा मारिदत्त और देवी चन्द्रमारी ने क्षुल्लको से प्रणिपातपूर्वक जैनधर्म की दीक्षा देने का आग्रह किया। अभयरुचि ने कहा कि दीक्षा हमारे गुरु ही दे सकते हैं। इसी अवसर पर सुदत्त भी वहाँ आ पहुँचे। उन्होने मारिदत्त एव दूसरो के पूर्वभवो की बातें बताईं। अन्त मे मारिदत्त एवं भैरवानन्द को भी जैनधर्म मे दीक्षित किया। इस प्रकार अभयरुचि ने मुनि की और अभयमति ने साध्वी की पदवी प्राप्त की तथा पवित्र जीवन बिताते हुए ईशान स्वर्ग मे देव हुए।

णायकुमारचरिउ

यह काव्य[1] भी जसहरचरिउ के रचयिता कविवर पुष्पदन्त द्वारा ९ सन्धियो मे रचित है। यह काव्य कथा की दृष्टि से मूलत: प्रेमाख्यान ही है। इसकी कथा सक्षेप मे इस प्रकार है .

इस ग्रन्थ का आरम्भ वाग्देवी सरस्वती की वंदना से होता है। ग्रन्थकार ने लिखा है कि मान्यखेट के राजा कृष्णराज वल्लभराज के मन्त्री नन्न की प्रेरणा से उन्होने इस ग्रन्थ की रचना की। कवि ने मगध देश और राजगृह तथा उसके राजा का सुन्दर वर्णन किया है। एक बार तीर्थंकर महावीर राजगृह पधारे। वहाँ के राजा श्रेणिक भगवान् के दर्शनार्थ उनके समीप पहुँचे। श्रेणिक ने महावीर से श्रीपचमीव्रत का माहात्म्य पूछा। भगवान् के गणधर गौतम ने राजा के समाधानार्थ एक कथा सुनाई।

प्राचीनकाल मे मगध देश मे कनकपुर नाम का एक नगर था। वहाँ राजा जयन्धर अपनी रानी विशालनेत्रा के साथ राज्य करता था। रानी को श्रीधर नाम का एक पुत्र था। एक बार वासव नाम का व्यापारी अपनी व्यापार-यात्रा से लौटा और राजा को अनेक उपहारो के साथ एक सुन्दरी का चित्र भेंट किया। राजा ने व्यापारी से चित्र के विषय मे पूछा तो पता चला कि वह चित्र सौराष्ट्र मे गिरिनगर के राजा की पुत्री पृथ्वी-देवी का है। राजा चित्र पर मुग्ध हो जाता है। व्यापारी ने बताया कि गिरिनगर का राजा इस राजकुमारी का विवाह आपसे करना चाहता है तो राजा उस व्यापारी और अपने मन्त्री को विविध उपहारो के साथ गिरिनगर भेजते हैं। वे राजकुमारी को कनकपुर लाते हैं और राजसी ठाट-बाट के साथ विवाह होता है।

एक दिन राजा अपनी रानियो के साथ आनन्दोद्यान मे गया। दोनो रानियो मे से नवीन रानी पृथ्वीदेवी राजा की पहली रानी को देख चौंक उठी। उसे ईर्ष्या हो गई और वह उद्यान मे न ठहर जिनमदिर मे चली गई। वहाँ उसने जिनेन्द्रदेव की पूजा की तथा मुनि पिहिताश्रव

---

१. डा० हीरालाल जैन द्वारा संपादित, जैन सिरीज, कारंजा से १९३३ मे प्रकाशित.

कारियो को प्राणियो के जोडों का प्रवन्ध करने का आदेश दे दिया। अधिकारियो ने सभी प्राणियों के जोडो का प्रवन्ध कर दिया परन्तु मानव-जोडे का प्रवन्ध नही हो सका।

इसी अवसर पर सुदत्त नामक जैन मुनि अपने अभयरुचि एवं अभयमति नाम के शिष्यो के साथ नगर के समीप एक वगीचे मे पधारे। क्षुल्लकावस्था के शिष्य-अभयरुचि और अभयमति ने अपने गुरु से नगर मे भिक्षा के लिए जाने की आज्ञा ली। वे दोनो नगर में भ्रमण कर ही रहे थे कि राजा के कर्मचारियो द्वारा पकड़ लिये गये और देवी चण्डमारी के मन्दिर मे बलि हेतु ले जाये गये। क्षुल्लको ने गम्भीरता से राजा को आशीर्वाद दिया। उनकी आवाज ने राजा को आकर्षित एव प्रभावित किया। राजा ने उनसे पूछा कि क्या वे किसी राजपरिवार से आये हैं और क्यो इतनी कम अवस्था मे कठोर व्रत लिया है? इस पर क्षुल्लक बालक ने कहा—इस भारतवर्ष मे अवन्ती नामक देश की उज्जैनी राजधानी है। वहाँ यशोवन्धु नामक राजा राज्य करता था। उसके पुत्र यशोर्ह ने राज्य सभाला और राजा अजितनाग की सुन्दर कन्या चन्द्रमती से विवाह किया। मेरा नाम यशोधर था और मै इन्ही दोनो का पुत्र था। सभी कलाओ मे दक्षता प्राप्त करने के साथ मेरा विवाह क्रथकेशिका की राजकुमारी एव अन्य राजकुमारियो के साथ हो गया। पिता यशोर्ह ने अपने बालों को श्वेत होते देखा तो उन्हे वैराग्य हो गया और उन्होने यशोधर को राज्य सौप दिया। यशोधर ने पृथ्वी पर अपना सुदृढ राज्य स्थापित किया और सुख से रहने लगा।

यशोधर अत्यधिक भोग-विलासी जीवन व्यतीत करने लगा। एक दिन पूर्णिमा की अर्धरात्रि मे यशोधर अपनी रानी अमृतमतो के पास गया। जव यशोधर को नीद आ गई तो रानी अमृतमती उसकी भुज-पाश को अलग करके अपने प्रेमी के पास गई जो कि एक कुरूप व्यक्ति था। राजा की निद्रा तत्काल भंग हो गई थी अत. हाथ मे तलवार लेकर रानी का पीछा किया। रानी उस कुरूप व्यक्ति के पैरो पर गिरकर उसे प्रसन्न कर रही थी परन्तु वह दुत्कार रहा था कि इतना विलम्ब क्यो हुआ? इतना कहकर उसने रानो को एक ठोकर लगाई। रानी ने तब भी उसे अपनी सफाई दी कि वह अपने राजा पति की मृत्यु के लिए देवी की पूजा कर रही थी। इस सबको राजा ने देखा तो क्रोध से काँप

उठा और तलवार से दोनो को मारने का निश्चय किया। परन्तु उसने निश्चय बदल दिया और लौट आया। रानी भी भोर से पूर्व अपने विस्तर पर पहुँच गई।

यशोधर को इस घटना से धक्का लगा और उसने राज्य छोडने का विचार बना लिया। दूसरे दिन उसने अपनी मा से कहा कि उसने एक बुरा स्वप्न देखा है अतः उसे साधु हो जाना चाहिए अन्यथा वह मर जाएगा। माता ने उसे बुरे स्वप्न का प्रभाव समाप्त करने के लिए देवी को एक जानवर की बलि देने की सलाह दी। राजा ने इसे उचित नही माना। अत. एक आटे का मुर्गा बनाकर देवी को बलि चढ़ाई गई और उसे सबने खाया। लेकिन राजा घर लौटा और उसने अपने पुत्र को राज्य सौंपकर जगल मे जाने का निश्चय किया। यह सुनकर रानी ने राजा से कहा कि वह एक दावत का प्रबन्ध कर रही है, तत्पश्चात् राजा के साथ वे भी चलेंगी। राजा ने स्वीकार कर लिया। रानी ने राजा तथा उसकी माता को विष दे दिया। विष के प्रभाव से दोनो की मृत्यु हो गई। यशोधर के पुत्र जसवई ने जब यह देखा तो उनका सस्कार उत्तम रीति से किया जिससे कि उन्हे सुगति मिले। परन्तु इस जन्म मे उन्होने आटे के मुर्गे की बलि दी थी अत दूसरे जन्म में यशोधर को मयूर और चन्द्रमती को जगल के कुत्ते का जन्म मिला। मयूर को एक जंगली ने पकड़कर राजा जसवई को भेंट किया। मयूर ने अपनी पूर्वभव की रानी को आनन्द की जिन्दगी बिताते देखा तो उस पर और उसके प्रेमी पर आक्रमण कर दिया। फलस्वरूप रानी ने मयूर की टाग तोड दी। उसकी लडकी मयूर का पीछा करती। पूर्वभव की चन्द्रमती, जिसे कुत्ता का जन्म मिला था, आई और उसे मार डाला। राजा जसवई ने जब सुना तो उन्होने कुत्ते को मार डाला। इस प्रकार अगले भव मे यशोधर को नकुल और चन्द्रमती को सर्प का जन्म मिला। जगल मे नकुल ने सर्प को और नकुल को सुअर ने मार डाला।

फलत अगले भव मे यशोधर को क्षिप्रा नदी मे मछली और माता चन्द्रमती को मगरमच्छ का जन्म मिला। मगर ने मछली को पकडना चाहा ही था कि महल की राजकुमारी जलक्रोड़ा के लिए वहाँ आई और मगर द्वारा पकड़ी गई। मछली मगर से तो बच गई परन्तु जाल द्वारा मगर और मछली दोनो पकड़े गए। मगर मार डाला गया और मछली

से पुत्रोत्पत्ति का आशीर्वाद पाया। अतः प्रसन्नतापूर्वक वह महल मे वापिस आ गई। उद्यान में जलक्रीड़ा आदि के उपरान्त राजा ने पृथ्वी-देवी को उद्यान मे खोजा। राजकर्मचारी द्वारा जानकर जिनमन्दिर और महल मे भी खोजा। रानी पुत्र का आशीर्वाद पाकर अपनी ईर्ष्या को भूल गई और राजा के आते ही मन्दिर की घटना बताई। राजा पुनः रानी को लेकर जिनमन्दिर मे मुनिराज के समीप गए। मुनि ने भावी पुत्र के विषय मे और भी भविष्यवाणी की कि पुत्र उत्पन्न होगा। जिन-मदिर का लौहद्वार बन्द रहेगा परन्तु बच्चे के पैर के स्पर्श से खुल जाएगा। फिर बच्चा कुएँ मे गिर जाएगा, उसकी रक्षा एक नाग करेगा। समय पर पुत्र उत्पन्न हुआ। बच्चे के बड़े होने पर वे जिनमदिर गए परन्तु उसके दरवाजे बन्द थे अत. बडी निराशा हुई। परन्तु बच्चे का पैर लगते ही दरवाजे खुल गए। राजा जिनेन्द्र-पूजन मे व्यस्त थे। परिचारिकाएँ बालक को उद्यान मे ले जाती हैं और एक परिचारिका की गोद से वह कुएँ मे गिर जाता है। पता चलते ही मा भी कुएँ मे कूद पडती है। नाग रक्षा करता है अत उसका नाम नागकुमार रखा जाता है। बडे होने पर नागकुमार को नाग अपने घर ले जाता है।

नाग ने राजकुमार को राजनीति के साथ विविध कलाओ और विज्ञान की शिक्षा दी। अपनी शिक्षा के बाद राजकुमार अपने पिता के घर आ गए। एक बार पंचसुगन्धिनी महल में एक दिव्य बासुरीवादक की खोज मे पहुची और उसने कहा कि वह उसी पुरुष के साथ अपनी मनो-हारी एव किन्नरी कन्याओ का विवाह करेगी। नागकुमार कला मे श्रेष्ठ उतरता है और दोनो कन्याओ का वरण करता है। एक दिन नागकुमार अपनी पत्नियो के साथ जल-क्रीडा के लिए गया। पीछे से उसकी माँ आभूषण और कपडे देने के लिए गई। विशालनेत्रा को अवसर मिल गया और उसने राजा के कान भर दिये कि पृथ्वीदेवी अपने प्रेमी से मिलने गई है। राजा ने पीछा किया परन्तु विशालनेत्रा झूठी प्रमाणित हुई। अत उसे राजा ने फटकारा। राजा को सपत्नियो की ईर्ष्या से भय हो गया कि नागकुमार का जीवन संकट मे न पड़ जाए। अत इस ध्येय से राजा ने पृथ्वीदेवी को कहा कि वह अपने पुत्र को बाहर भ्रमण पर जाने दे। रानी ने इसे अपना अपमान समझकर अपने पुत्र से कहा कि एक हाथी पर बैठकर वह राजधानी का भ्रमण करे। राजा को यह बात बहुत

बुरी लगी और उसने रानी से उसके आभूषण लेकर दडित किया। नागकुमार को जब यह पता चला तो वह द्यूतभवन गया और वहाँ से बहुत से रत्नाभूषण जीतकर लाया और अपनी माँ को दिये।

दूसरे दिन राजा ने उस भवन मे अनेक आभूषणो को नही पाया। जब उसे पता चला कि राजकुमार जीतकर ले गए तो वह बहुत प्रभावित हुआ। राजा ने राजकुमार को अपने साथ जुआ खेलने को आमन्त्रित किया। राजा अपना सब कुछ हार गया परन्तु राजकुमार ने अपनी माँ के आभूषणों के अतिरिक्त सब वापिस कर दिया।

इसके बाद एक दिन राजकुमार को एक उद्धत घोडा दिया जाता है जिसे राजकुमार ठीक कर लेता है। नागकुमार की शक्ति को देखकर उसका सौतेला भाई श्रीधर उससे जलने लगता है। वह सोचता है कि नाग के रहते राज्य उसे नही मिल सकता। अत वह उसे मरवाना चाहता है। जब राजा को यह पता चलता है तो उसे बहुत धक्का लगता है और वह नागकुमार को अलग भवन मे रहने की व्यवस्था कर देता है। एक दिन नगर मे जगली हाथी ने आकर आतक फैला दिया। श्रीधर हाथी को मारने के प्रयास मे पूर्णत विफल हुआ। राजा स्वयं हाथी को मारने चला तो रानियो को घबराहट होने लगी। अत मे मल्लयुद्ध मे प्रवीण नागकुमार ने हाथी को इस प्रकार उठा लिया जैसे कि कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठा लिया था। सभी लोग आश्चर्यचकित हो गए।

इसी समय उत्तरी मथुरा मे जयवर्मा अपनी रानी जयावती के साथ राज्य करता था। उसके व्याल और महाव्याल नामक दो ज्ञानवान् पुत्र थे। उनमे से एक शिव के समान त्रिनेत्र था और दूसरा अद्वितीय सुन्दर था। एक बार राजधानी मे एक साधु आया जिससे राजा ने अपने पुत्रो के भविष्य के विषय मे प्रश्न किये। कुछ समय बाद राजा ने अपना राज्य पुत्रो को सौप दिया और स्वयं साधु हो गया। दोनो भाई राज्यसुख का आनन्द ले रहे थे। इसी बीच पाटलिपुत्र के राजा श्रीवर्मा की पुत्री की सुन्दरता की ख्याति दोनो भाइयो ने सुनी। दोनो भाइयो ने अपना राज्य मन्त्री के पुत्र दूर्वाकन को सौंप दिया और स्वय पाटलिपुत्र चले गए। वहाँ गणिकासुन्दरी ने छोटे भाई और सुरसुन्दरी ने बड़े भाई से

विवाह कर लिया। कुछ दिन बाद पाटलिपुत्र को गौड देश के अरिदमन ने घेर लिया। ये दोनो भाई भी वही थे। दोनों राजकुमारियों ने पिता और अपने भय की बात राजकुमारो को बताई। राजकुमार राजा की सहायता के लिए तैयार हो गए। घमासान युद्ध हुआ और शत्रु की पराजय हुई। व्याल अपने छोटे भाई को छोड़कर कनकपुर आ गया जहाँ कि नागक की दृष्टि से उसका तीसरा नेत्र नष्ट हो गया था।

इसी समय श्रीधर ने नागकुमार को मारने का अन्तिम प्रयत्न किया। श्रीधर ने जिन आदमियो को मारने के लिए नियुक्त किया था वे नागकुमार के निवासस्थान मे जिस द्वार से घुसे उसकी निगरानी व्याल कर रहा था। सभी शत्रु मार डाले गए। नागकुमार बाहर निकलकर आया तो उसे नयनधर मन्त्री मिला जिसने उसके पिता का सन्देश दिया। पिता ने सन्देश भेजा था कि यद्यपि वह सम्राट होने वाला है परन्तु कुछ समय के लिए देश छोड़ दे और बुलाने पर आ जाए। राजकुमार ने पिता को आज्ञा मानकर अपनी सेनाशक्ति के साथ मथुरा की ओर प्रस्थान किया।

नागकुमार ने मथुरा पहुँचकर अपनी सेना को शहर से बाहर ही रोक दिया और स्वयं शहर देखने गया। वहाँ उसे पता चला कि वहाँ के राजा ने कान्यकुब्ज के राजा की पुत्री शीलवती को, जिसका कि विवाह सिंहपुर के राजा हरिवर्मा से होने जा रहा था, जबरदस्ती भगाकर कैद कर लिया है। नागकुमार का दुर्वचन और उसके सैनिको से युद्ध हुआ। इसी बीच व्याल आ पहुँचा। दुर्वचन ने अपने राजा को पहचान लिया और स्वयं को छोड़ने की प्रार्थना की। नागकुमार ने उसे यह कहकर छोड़ दिया कि कैद की हुई राजकुमारी को अपनी बहिन की तरह उसके पिता के यहाँ पहुँचा दो।

एक दिन नागकुमार ने देखा कि उसके मार्ग पर ५०० वाद्यकलाकार चले आ रहे हैं। उनमे से मुख्य राजा जालन्धर से ज्ञात हुआ कि उन्हे कश्मीर के राजा नन्द की पुत्री त्रिभुवनरति ने वाद्य मे हरा दिया है। उस राजकुमारी की प्रतिज्ञा है कि जो उसे कला मे पराजित करेगा वह उसी का वरण करेगी। नागकुमार व्याल के साथ कश्मीर गया। वहाँ नागकुमार को देखते ही राजकुमारी मोहित हो गई। बाद मे नागकुमार से सभी तरह संतुष्ट होकर दोनो का विवाह हुआ।

एक दिन एक व्यापारी ने, जो अपनी यात्रा-से वापिस आया था, नागकुमार से कहा कि रभ्यक जगल मे तीन चोटी वाला एक पर्वत है। उसके तल मे एक जिनमदिर था जिसके लोहे के बन्द दरवाजे इन्द्र के वज्र से भी नही खुले। नागकुमार यह सुनकर सदल वहाँ पहुँचा और उसके हाथ के स्पर्शमात्र से मन्दिर के कपाट खुल गए। मन्दिर मे चन्द्रप्रभु तीर्थंकर की प्रतिमा थी। उसने वहाँ पूजन किया। इतने मे संवर ने आकर बताया कि उसकी पत्नी को भीमासुर कालगुहा मे उठाकर ले गया। नागकुमार व्याल के साथ पाताल मे गया। वहाँ उसने दानवकुमारी, जो अतीव सुन्दरी थी, को देखा। द्वारपाल ने उन्हे अन्दर प्रविष्ट नही होने दिया अत वे ससद-भवन की ओर आए, जहाँ असुर ने आदर के साथ उनका स्वागत किया और जवाहरात तथा रत्न भेंट किये। संवर की पत्नी ने उनका विरोध किया ॥ ५ ॥

तत्पश्चात् नागकुमार उसी जगल की कचनगुहा मे प्रविष्ट हुआ। इसका मार्ग सवर ने बताया था। वहाँ उसकी भेंट देवी सुदर्शना से हुई। सुदर्शना ने नागकुमार का स्वागत किया और अपनी समस्त विद्याओ को उसे आग्रहपूर्वक प्रदान किया। नागकुमार ने विद्याओ की प्राप्ति को कथा जानकर विद्याएँ स्वीकार कर ली। परन्तु देवी से कहा कि अभी सभी विद्याएँ वह अपने पास रखे और आवश्यकता होने पर उसे दे दे। इसके बाद देवी सुदर्शना की सलाह से नागकुमार एक अन्य कालवेतालगुहा मे घुसा और वहाँ जितशत्रु की पूर्ण सम्पत्ति को प्राप्त कर लिया। तदनन्तर वह 'दैत्य-वृक्ष-छिद्र' के पास गया। वहाँ लकडी के राक्षस को ठोकर मारी और वहाँ जितशत्रु का पुराना धनुष देखा। बाहर आने पर वह जिनमन्दिर गया तथा वहाँ से अपने निवासस्थान पर आया।

तदनन्तर नागकुमार सवर के मार्गनिर्देशन मे जगल के बाहर आ गया। गिरिशिखर का वनराजा राजकुमार के समीप आया और उसने बताया कि एक साधु के आदेशानुसार वह अपनी कन्या लक्ष्मीमती का विवाह उसके साथ करना चाहता है। अत. वह वनराजा के घर गया और विवाह किया। एक दिन नागकुमार ने एक साधु से प्रश्न किया कि वनराजा कोई जगल का आदमी है अथवा राजा ? इस पर साधु ने वनराजा की कहानी सुनाई। पुण्ड्रवर्धन नामक नगर मे अपराजित नाम का सूर्यवशी राजा था। उसके सत्यवती और वसुन्धरा दो रानियाँ थी।

अतिबल और भीमबल दो पुत्र थे। राजा के वृद्ध होने पर भीमबल गद्दी पर बैठा और अतिबल को देशनिकाला दे दिया। अत. वह जंगल मे बस गया और गिरिशिखर नाम का नगर बसाया। अब तक तीन पीढ़ियाँ बीत चुकी है, वर्तमान मे वनराजा गिरिशिखर में है और सोमप्रभ पुण्ड्रवर्धन मे शासन करता है। इसको सुनकर नागकुमार ने ब्याल से कहा कि शीघ्र ही पुण्ड्रवर्धन पर आक्रमण करो और राज्य लेकर वनराजा को सौंप दो। बाद मे नागकुमार और वनराजा वहाँ पहुँचे और वनराजा को मुकुट पहनाया। सोमप्रभ सुप्रतिष्ठपुर पहुचा और राजा विजयसिंह के अचय एव अभय को अपनी पराजय का समाचार दिया। बाद मे वे नागकुमार के सेवक हो गए ॥ ६ ॥

लक्ष्मीमती को उसके पिता के पास छोडकर वह अपनी अन्य तीन पत्नियो एवं सिपाहियो के साथ उर्जयन्त पर्वत की यात्रा पर चला। वह एक जलन्ती नामक जगल मे पहुँचा और विषैले आम्र-कुंज मे पडाव डाला। उसने पूरे परिकर के साथ आम्रफलो को खाया परन्तु उनका कोई बुरा प्रभाव नही पड़ा। इस पर दुरमुख नाम का भील प्रस्तुत हुआ और एक चमत्कार बताया। नागकुमार की खबर सब जगह हो गई। अत. ५०० योद्धाओ ने आकर नागकुमार को अपना स्वामी स्वीकार किया। वहाँ से वह अन्तरवन पहुँचा और राजा अन्तरपुर का अतिथि बना। अन्तरपुर के राजा के पास गिरिनगर के राजा अरिवर्मा को सहायता के लिए पत्र आया था। नागकुमार ने अन्तरपुर के राजा के साथ चन्द्रप्रद्योत के विरुद्ध चलने की इच्छा व्यक्त की। दोनों ने सेना के साथ गिरिनगर को प्रयाण किया। नागकुमार के युद्धकौशल से चन्द्रप्रद्योत पकड़ लिया गया। गिरिनगर के राजा ने जब युद्ध के नायक के विषय मे पूछा तो अन्तरपुर के राजा ने कहा कि वह उसका अतिथि था। बाद मे जानकारी हुई कि वह उसकी बहिन पृथ्वीदेवी का पुत्र है तो अत्यानन्द मनाया गया। नागकुमार ने उसकी पुत्री गुणमती से विवाह किया। नागकुमार ने पवित्र पर्वत की यात्रा की और पूजन किया।

एक दिन नागकुमार से सहायता प्राप्त करने के लिए गजपुर के राजा अभिचन्द्र का दूत आया। विद्याधर सुकण्ठ ने अपने भाई शुभचन्द्र को मारकर उसकी सात कन्याओं का अपहरण कर लिया था। नागकुमार सहायता के लिए गया और सुकण्ठ को मारकर राजकुमारियो को मुक्त

कराया। सुकण्ठ के पुत्र वज्रकण्ठ को राज्य सौपकर उसकी पुत्री रुक्मिणी से विवाह किया तथा गजपुर लौटकर अभिचन्द्र की पुत्री चन्द्रा के साथ उन सातो राजकुमारियों का वरण किया ॥ ७ ॥

इधर महाव्याल वहुत समय से गणिकासुन्दरी के साथ पाटलिपुत्र मे आनन्द कर रहा था। एक दिन एक यात्री द्वारा उसे ज्ञात हुआ कि दक्षिण मदुरा के राजा पांड्या की अवैध पत्नी की पुत्री को कोई वर ही पसन्द नही आता। वह मदुरा पहुँचा और सड़क पर एक कुंवारी कन्या द्वारा देखा गया। वह यात्री से प्रभावित हुई और अपने कर्मचारियो से यात्री को पकड लाने के लिए कहा। यात्री ने सभी को मार दिया। इस पर लडकी द्वारा वह पुरस्कृत हुआ। इसी प्रकार एक दिन उसे एक यात्री से मालूम हुआ कि उज्जैन की राजकुमारी को कोई आदमी पसन्द नही है। महाव्याल ने राजा पाड्या से उज्जैन जाने की अपनी इच्छा व्यक्त की। वह उज्जैन आया और अन्य विवाहेच्छुको के साथ महल मे गया। राजकुमारी ने दूर वालकनी से ही उसे देखकर अस्वीकार कर दिया। अत. वह अपने वडे भाई के पास गजपुर आया और नागकुमार का चित्र लेकर पुन उज्जैन पहुचा। चित्र देखकर राजकुमारी मोहित हो गई। नागकुमार के साथ उसका विवाह हुआ।

नागकुमार ने महाव्याल से उसकी दक्षिण-यात्रा का कोई आश्चर्य पूछा। उसने वताया कि किष्किन्धा-मलाया मे मेघपुर के राजा की कन्या ने प्रतिज्ञा की है कि जो उसे नृत्य करते हुए मृदग से हरा देगा वह उसी का वरण करेगी। नागकुमार सुनते ही वहाँ गया और उससे विवाह किया। एक दिन एक सौदागर मेघपुर उसके ससुर के यहाँ उपहारो के साथ आया और नागकुमार से कहा कि तोयावली द्वीप मे एक जिनमन्दिर है और वहाँ एक वृक्ष पर कुछ कुमारियाँ सहायता के लिए चिल्ला रही थी। वे एक विद्याधर के सरक्षण मे थी जो कि उन्हे किसी से वार्तालाप की अनुमति नही दे रहा था। नागकुमार ने सुदर्शना का स्मरण किया और वह अविलम्ब उपस्थित हुई। उससे विद्याएँ लेकर वह तोयावली द्वीप पहुँचा और प्रथम जिनमन्दिर मे पूजन किया। उन कुमारियो मे से बडी ने उसे बताया कि भूमितिलक के राजा श्रीरक्ष के ५०० पुत्रियाँ थीं जिनको कि उनके भान्जे ने कत्ल कर दिया और उन्हे तथा उनके दो भाइयो को जेल मे डाल दिया। नागकुमार ने अचय और अभय को

राजदूत बनाकर पवनवेग के पास भेजा। परन्तु वे अपने कार्य में असफल रहे। अतः युद्ध हुआ और पवनवेग मारा गया। राजकुमारियों से शादी की और उनके भाइयो को राज्य दिलाकर नागकुमार पाड्या के राज्य में लौट आया ॥ ८ ॥

नवी और अन्तिम सधि मे नागकुमार आन्ध्र के दन्तीपुर नगर मे पहुँचते हैं। वहाँ चन्द्रगुप्त को पुत्री रत्नमजूषा से उनका विवाह होता है। वहाँ से वे त्रिभुवनतिलक जाते हैं और लक्ष्मीमति का वरण करते हैं, जो उन्हे सर्वाधिक आकृष्ट करती है। मुनि पिहिताश्रव इसी अवसर पर वहाँ आते हैं। नागकुमार उनके दार्शनिक और धार्मिक व्याख्यानो को सुनता है। मुनि से राजकुमार ने अन्तिम पत्नी के आकर्षण का कारण पूछा। इसके उत्तर मे मुनि नागकुमार के पूर्वजन्म की कथा सुनाते हैं। ऐरावत देश मे वीतशोकपुर नाम का एक नगर था। वहाँ धनदत्त नाम का सेठ और धनेश्वरी नाम की उसकी पत्नी थी। उसके पुत्र नागदत्त ने वही के एक सेठ की पुत्री नागवसु से विवाह किया। नागदत्त ने फाल्गुन माह की पचमी का व्रत लिया। व्रत रखने पर दिन का समय तो पूजनादि में व्यतीत हो गया परन्तु अर्ध रात्रि होते-होते उसे गर्मी-प्यास लगी। व्रतभंग उसने नही होने दिया परन्तु मर गया और मरकर प्रथम स्वर्ग मे देव हुआ। मुनि ने आगे कहा कि नागदत्त ही नागकुमार के रूप मे जन्मा और लक्ष्मीमति उसकी पूर्वभव की पत्नी ही है अतः प्रगाढ प्रेम हुआ। मुनि इसके बाद व्रत पालने का ढंग बताते हैं। ऐसे ही अवसर पर मन्त्री नयनधर आते हैं और नागकुमार को वापिस कनकपुर ले जाते हैं। पिता स्वागत करते हैं और राज्यतिलक करते है। राज्यारूढ होत ही नागकुमार व्याल द्वारा अपनी समस्त विवाहिताओ को बुलवा लेते है। उन सबके साथ वे राज्योपभोग करते हैं। राजा जयन्धर और पृथ्वीदेवी वैराग्य यापन करते हैं। नागकुमार बहुत काल तक राज्य करते हैं और बाद मे व्याल, महाव्याल, अचय और अभय के साथ मुनिदीक्षा ले लेते है। नागकुमार को श्रीपंचमी के व्रत का फल मिलता है।

जम्बूसामिचरिउ

जैन वाङ्मय मे जम्बूस्वामी सम्बन्धी विपुल सामग्री उपलब्ध है। जम्बूस्वामी का चरित्र जैनो मे अत्यधिक महत्त्वपूर्ण और स्तुत्य रहा है।

यही कारण है कि चरित, कथा, रास आदि विविध काव्यरूपों मे एव संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, गुजराती, राजस्थानी आदि विविध भाषाओ मे ९५ काव्य जम्बूस्वामी-विषयक मिलते हैं। प्रस्तुत काव्य[1] की रचना वीर कवि (वि० सं० १०२५) ने अपभ्रश भाषा मे की है। इसकी कथा संक्षेप मे इस प्रकार है ·

ग्रन्थ का प्रारम्भ जिनेन्द्र देवो की स्तुति से होता है। ग्रन्थकार अपने माता-पिता, प्रेरणादायको का परिचय देने के बाद मूलकथा आरम्भ करता है। मगधदेश मे राजगृह नामक नगर था। वहाँ के राजा का नाम श्रेणिक था। श्रेणिक कई सहस्र सुन्दर रानियो का पति था। एक बार विपुलाचल पर भ० महावीर का समवसरण हुआ। श्रेणिक राजा अपने समस्त सम्बन्धित परिकर के साथ भ० महावीर के दर्शनो के लिए वहाँ गया।

राजा की जिज्ञासानुसार भगवान् ने जीवादि तत्त्वों की व्याख्या की। इसी अवसर पर एक महातेजस्वी देव अपनी चार देवियो के साथ विमान से उतरा और भगवान् को वन्दना कर उचित स्थान पर बैठ गया। श्रेणिक ने कुतूहलवश उसके विषय मे भगवान् से पूछा। भगवान् ने बताया कि यह विद्युन्माली नामक देव है जो सातवे दिन स्वर्ग से च्युत होकर इसी नगर मे मनुष्य का जन्म लेगा तथा तपस्या द्वारा इसी भव से मोक्ष जायेगा। श्रेणिक ने देव के पूर्व भवो की कथा जानने की इच्छा भगवान् से प्रकट की। भगवान् ने देव के पूर्व भवो की कथा सुनाई। मगधदेश मे वर्द्धमान नामक ब्राह्मणो का गांव था। वहाँ सोमशर्म अपनी पत्नी सोमशर्मा के साथ रहता था। उनके भवदत्त और भवदेव नामक शास्त्रो को जानने वाले दो पुत्र थे। कुछ दिनो बाद सोमशर्म व्याधि से इतना पीडित हुआ कि जीवित ही अग्नि मे प्रविष्ट हो मृत्यु को प्राप्त हुआ। उसकी पत्नी भी उसी समय चिता मे जलकर भस्म हो गई। वियोग ज्ञात हो जाने पर बडे पुत्र भवदत्त ने राज्य सभाला। कुछ समय पश्चात् सुधर्म नामक मुनि नगर मे पधारे। उनके

---

१ डा० वी० पी० जैन द्वारा सम्पादित व भारतीय ज्ञानपीठ, वाराणसी से १९६७ में प्रकाशित, प्रस्तावना पृ० ४३--४७ पर जम्बूस्वामी-विषयक रचना-सूची

उपदेशो के प्रभाव से भवदत्त को वैराग्य हो गया। अब भवदेव ने राज्य सभाल लिया। १२ वर्ष पश्चात् एक मुनिसघ उस नगर मे आया। भवदेव का विवाह हो रहा था तभी मुनि भवदत्त (उसके बडे भाई) उसके दरवाजे पर पहुँचे। भवदेव बीच मण्डप से भवदत्त की खबर सुनकर उठ आया। भवदेव ने मुनि को आहार दिया। तदनन्तर नगरवासियो सहित मुनि को छोडने दूर तक आया। सभी लौट गए परन्तु भवदेव ने सोचा कि भवदत्त मुनि लौटने को कहे तब वह लौटे। परन्तु मुनिसघ मे पहुँचने पर उसने अनेच्छा होते हुए भी आचार्य से दीक्षा ले ली। परन्तु भवदेव अपनी विवाहिता के ध्यान मे रहता और घर लौटने का अवसर खोजता रहता। किसी प्रकार बारह वर्ष बीतने पर मुनिसंघ पुन वर्द्धमान ग्राम के समीप ठहरा। भवदेव अपने मन मे पत्नी की इच्छा से ग्राम मे आता है। मार्ग मे जिनचैत्यालय मे नागवसू से उसकी भेट हो गई। नागवसू व्रतादि के कारण अत्यधिक कृश हो गई थी। अतः भवदेव उसे नही पहचान सका। भवदेव ने उसी से अपने कुटुम्ब के विषय मे पूछा। नागवसू ने अपना परिचय दिया और भवदेव को व्रतभंग न करने का उपदेश दिया। भवदेव ने पुन. प्रायश्चित्त के साथ तप किया और दोनो भाई मरकर तीसरे स्वर्ग मे देव हुए।

तदनन्तर भवदत्त स्वर्ग से अपनी आयु पूर्ण करके पुडरिकिणी नगरी के राजा वज्रदंत की रानी यशोधना का पुत्र हुआ। अब इसका नाम सागरचन्द था। पूर्वविदेह मे वीतशोक नगरी के राजा महापद्म की रानी वनमाला के गर्भ से भवदेव ने जन्म लिया। इसका नाम शिवकुमार रखा गया। अवस्था प्राप्त होते ही युवराज पद पर आसीन हुआ और कई राजकुमारियो से विवाह किया। सागरचन्द की नगरी मे सुबधुतिलक मुनि ने सागरचन्द को उसके पूर्व जन्म के दोनो भाइयो की कथा सुनाई। अत वह दीक्षित हो गया। शिवकुमार को भी पूर्वभव की कथा का स्मरण हो आया। परन्तु उनके माता-पिता ने दीक्षा की अनुमति नही दी। फिर भी वे मन्त्री-पुत्र के हाथो शुद्ध आहार ग्रहण करते थे। अन्त मे सन्यासपूर्वक मरण हुआ। उसी तप के प्रभाव से पहले भवदेव, फिर स्वर्ग मे देव, फिर शिवकुमार और इसके बाद यह विद्युन्माली नाम का देव हुआ है। अब विद्युन्माली देव मनुष्यभव मे जन्म लेकर विद्युत्प्रभ नामक चोर के साथ दीक्षा लेगा। श्रेणिक ने विद्युन्माली की चार देवियो

के पूर्वभवो के विषय मे भगवान् से पूछा। भगवान् ने कहा—भारतदेश मे चम्पानगरी का सूर्यसेन नामक एक सेठ था, जिसके चार पत्नियाँ थी। सूर्यसेन कोढी हो गया। उसकी चारो पत्नियो ने सुमति नामक मुनि से श्रावकधर्म के व्रत ले लिए। पति की मृत्यु के बाद सम्पूर्ण सम्पत्ति से मदिर निर्माण कराया। आर्यिका बनकर तप द्वारा स्वर्ग में विद्युन्माली की चारो देवियाँ हुई है।

श्रेणिक राजा ने पुन विद्युच्चोर के पूर्वभव के विषय मे पूछा तो भगवान् ने बताया कि वह हस्तिनापुर के राजा विसध्र का पुत्र है। चोरी का व्यसन हो जाने से वह राजा के पास से भाग आया और यहाँ कामलता वेश्या के घर मे रहता है। चोरी उसका मुख्य व्यसन है।

इसके बाद भगवान् ने बताया कि विद्युन्माली इसी राजगृह नगर के श्रेष्ठी अरहदास की पत्नी जिनमती के यहाँ पुत्ररूप मे जन्म लेगा। इसी बीच एक यक्ष अपने कुल की प्रशसा सुनकर नाच उठा। श्रेणिक ने इसका कारण पूछा तो भगवान् ने समाधान किया कि धनदत्त सेठ की गोत्रवती नाम की पत्नी थी। उससे अरहदास और जिनदास दो पुत्र उत्पन्न हुए। जिनदास व्यसनो मे पड गया। एक दिन एक जुआरी ने उसे मार दिया। शुभकर्मों से उसे यह यक्षयोनि मिली है और पूर्वभव के कुल की उन्नति सुनकर प्रसन्न हो रहा है। तत्पश्चात् भगवान् ने राजा को धर्मोपदेश दिये और जम्बूस्वामी के विषय मे सविस्तार बताया। राजा सपरिकर अपने नगर लौट आया। सात दिन बीतने पर अरहदास की पत्नी ने रात्रि के अन्तिम प्रहर में पाँच स्वप्न देखे १. सुवासित जम्बूफलो का गुच्छा, २ समस्त दिशाओ का प्रकाशित करने वाली निर्धूम अग्नि, ३ पुष्पित एव फलभार से नम्र शालिक्षेत्र, ४. चक्रवाक, हस आदि पक्षियो के कलरव से युक्त सरोवर, ५. मगरमच्छ आदि जलचरो से परिपूर्ण विशाल सागर। इसी समय विद्युन्माली देव जिनमती के गर्भ मे आया। समय आने पर पुत्रोत्पन्न हुआ। उस समय चन्द्रमा रोहिणी नक्षत्र मे था। पुत्र का नाम जम्बूस्वामी रखा गया। सुन्दरता से इस बालक ने कामदेव को जीत लिया था। बडे होने पर शिक्षा-दीक्षा पूर्ण हुई। ख्याति चारो ओर फैल गई। नगर की स्त्रियाँ इसे देख मन्त्रमुग्ध होकर बेसुध हो जाती थी।

अरहदास ने बातो-बातो मे ही बहुत पहले अपने चार मित्रो को उनकी

कन्याओं से अपने पुत्र की शादी का वचन दे दिया था। अतः उन चारों से धूमधाम के साथ जम्बूस्वामी का विवाह रचाया गया। इसी उपलक्ष पर राजा ने वसन्तोत्सव मनाने की घोषणा की। सभी ने उपवन में जाकर केलिक्रीड़ापूर्वक उत्सव मनाया। जलक्रीड़ा के बाद जब सभी नगर को लौट रहे थे तभी राजा का विषमसग्रामशूर नामक हाथी बिगड़ गया और उसने आतंक की स्थिति पैदा कर दी। सभी प्रयत्न निष्फल हुए परन्तु जम्बूस्वामी ने हाथी को वश में किया और राजा द्वारा प्रशंसापात्र बने।

राजा ने जम्बूस्वामी का सम्मान किया और नगर में पहुँचकर राजसभा बुलाई। एक दिन राजा जम्बूस्वामी के साथ राजसभा में बैठा था तो गगनगति नामक विद्याधर आया और राजा से निवेदन करने लगा कि केरल के मृगांक राजा की सौन्दर्यमूर्ति विलासवती नामक कन्या से आपका विवाह होना चाहिये—यह एक मुनि का कथन है। परन्तु हंसद्वीप के रत्नचूल राजा ने उस कन्या को प्राप्त करने के लिए केरल का घेरा डाल दिया है। केरल के राजा ने कल के दिन नगर से बाहर आकर युद्ध करने का निश्चय किया है। अतः मैं भी केरल जा रहा हूँ और अपने धर्म का पालन करूंगा। राजा की आज्ञा लेकर जम्बूस्वामी विद्याधर के विमान से केरल की ओर चल दिये। इधर राजा ने अपने सेनापतियों को केरल की ओर कूच कर देने की आज्ञा दी। राजा भी सेना के साथ चला। वन-नदियों-पर्वतों को पार करते हुए कुरल पर्वत के समीप राजा ने पड़ाव डाल दिया। जम्बूस्वामी केरल नगरी के बाहर ही विमान से उतर गए और मृगांक राजा के दूत बनकर रत्नशेखर की छावनी में गए। रत्नशेखर को दूसरे की कन्या बलपूर्वक न लेने की सलाह देने पर दोनों में विवाद बढ़ गया। रत्नशेखर ने दूत को पकड़कर मार डालने का आदेश दिया। जम्बूस्वामी ने विद्याधर द्वारा दी गई तलवार-ढाल से सैकड़ों योद्धाओं को मृत्यु के घाट उतार दिया। विद्याधर ने भी युद्ध किया और शत्रु की सेना छिन्न-भिन्न कर दी।

मृगांक को यह समाचार मिला तो वह भी अपनी सेनाओं के साथ नगर से बाहर आया और भयंकर युद्ध हुआ। रत्नशेखर और गगनगति ने आकाश-युद्ध किया जिसमें विद्याधर घायल हुआ। रत्नशेखर ने पुनः मृगांक से युद्ध किया और उसे बाँधकर ले गया। इससे मृगांक की सेना घबड़ा गई।

जम्बूस्वामी अभी तक छावनी में ही थे। जैसे ही वे बाहर आये, गगनगति ने युद्ध के समाचार दिए तो जम्बूस्वामी ने केरलीय सेना को पुन एकत्रित किया और युद्ध छेड़ दिया। नरसंहार होने लगा। जम्बूस्वामी ने रत्नशेखर को द्वन्द्व युद्ध के लिए ललकारा जिससे अधिक विनाश न हो। दोनो मे द्वन्द्व युद्ध हुआ। रत्नशेखर परास्त हुआ। मृगांक को बन्धनमुक्त कराकर जम्बूस्वामी केरल नगरी मे गए। कुछ दिन केरल मे रहने के पश्चात् मृगांक अपनी कन्या व पत्नी के साथ गगनगति विद्याधर, रत्नशेखर आदि के अनेक विमानों को लेकर मगधदेश को चल पडे। पर्वत के निकट पहुँचते ही राजा श्रेणिक की ससैन्य भेंट हुई। राजा ने जम्बूस्वामीसहित सबका स्वागत किया। विलासवती कन्या का राजा से विवाह कर दिया गया। मृगाक व रत्नशेखर मे मैत्री हो गई। सब लोग अपने-अपने निवासो को लौट गए। श्रेणिक राजा भी राजगृह की ओर चल पडे। नगर के बाहर उपवन मे सुधर्म नामक मुनि ५०० मुनियो के साथ विराजमान थे। राजा ने सभी के साथ मुनि की वंदना की। जम्बूकुमार ने प्रणाम किया।

सुधर्म मुनि को देखते ही जम्बूस्वामी का उनके प्रति स्नेह उमड पडा। अत इसका कारण उन्होने मुनि से पूछा। सुधर्म मुनि ने भवदत्त-भवदेव के जन्म से लेकर दोनो के ५ भवो का वर्णन किया। उन्होने बताया कि जम्बू पहले भवदेव था और मुनि स्वय भवदत्त। इसके बाद दोनो स्वर्ग मे देव हुए। वहा से विद्युन्माली देव के रूप से च्युत होकर जम्बूस्वामी के रूप मे आये और मुनि स्वयं मगधदेश के सवाहन नगर के राजा के सुधर्म नामक पुत्र हुए। इस प्रकार मुनि ने कहा कि राजा सुप्रतिष्ठ एक दिन भगवान् के समवसरण मे गए और दीक्षित हो गए। मैंने भी पिता का अनुगमन किया। पिता भगवान् के चतुर्थ गणधर और मैं पाचवा गणधर हुआ। वही मैं ससंघ यहाँ आया हूँ। तुम्हारी चार देवियो ने भी चार श्रेष्ठियो के यहाँ चार सुन्दरी कन्याओ के रूप मे जन्म लिया है। आज से ठीक दसवें दिन तुम्हारा उनसे परिणय हो जायेगा। यह सब सुनकर जम्बूस्वामी को वैराग्य हो गया। उन्होने दीक्षा की अनुमति मागी। माता-पिता एव चारो कन्याओ के पिताओ के अनुरोध पर जम्बूस्वामी ने यह स्वीकार कर लिया कि वे एक दिन के लिए विवाह

करेगे और दूसरे दिन दीक्षा ले लेंगे। विवाह हुआ और रात्रिकाल मे सुन्दर चन्द्रोदय हुआ। चारों कुमारिया वासगृह मे जम्बूस्वामी को रिझाने के लिए विविध कामचेष्टाए करने लगी।

जम्बूस्वामी की चारो पत्नियो के सौन्दर्य एव कामचेष्टाओं का उन पर किंचित् प्रभाव नही पड़ा। उन्होने निराश होकर क्रमश: लौकिक सुखो की कहानियां जम्बूस्वामी को सुनाईं। परन्तु इनके उत्तरस्वरूप जम्बूस्वामी ने भी उतनी ही कहानियां सुनाईं और पत्नियो की कहानियो का खण्डन कर दिया। इसी मे आधी रात हो गई। विद्युच्चर नामक चोर छिपकर इन सबके वार्तालाप को सुन रहा था। उसका चित्त बदल गया। जम्बूकुमार की मा व्याकुलतावश बार-बार जाग रही थी, उसने चोर को देखा और उससे पूछा कि तू यहा क्यो है और तुझे क्या चाहिये ? चोर ने अपना परिचय दिया और मां से सब बात पूछकर कहा कि इस घर मे मुझे पहुँचाओ, यदि मैं समझा सका तो ठीक है अन्यथा मै भी दीक्षा ले लूंगा। मा ने जम्बूस्वामी को उसका परिचय अपने भाई के रूप मे कराया। जम्बूस्वामी ने मामा के समाचार पूछे। विद्युच्चर ने उत्तर, दक्षिण, पश्चिम के बाद पूर्व दिशा मे भ्रमण किए हुए देशो के नाम लिए।

तत्पश्चात् विद्युच्चर ने जम्बूस्वामी को सासारिक सुख की आवश्यकता आदि के विषय मे चार कथाएं सुनाईं। परन्तु उनके खण्डन मे जम्बूस्वामी ने भी चार कथाए सुनाईं। जम्बूस्वामी पर किसी का कुछ प्रभाव नही पडा। विद्युच्चर को भी संसार असार लगने लगा और उसने भी दीक्षा लेने की इच्छा व्यक्त की। जम्बूस्वामी के साथ उनके माता-पिता, चारो वधुएं और विद्युच्चर तथा राजा श्रेणिक सुधर्मगणधर के पास पहुँचे। जम्बूस्वामी, उनके पिता और विद्युच्चर निर्ग्रन्थ साधु हो गए। उनकी माता एव वधुएं आर्यिकाएं हो गईं। अठारह वर्षोपरान्त विपुलगिरि से सुधर्मस्वामी मोक्ष गए। इसी दिन जम्बूस्वामी को केवलज्ञान प्राप्त हुआ। इसके बाद जम्बूस्वामी अठारह वर्षो तक धर्मोपदेश करते रहे और विपुलगिरि पर्वत से मोक्ष गए। माता-पिता एव वधुए विभिन्न स्वर्गो में देव हुए। जम्बूस्वामी के मोक्षगमनोपरान्त विद्युच्चर मुनिसंघ के साथ ताम्रलिप्ति पधारे और नगर के बाहर ठहरे।

वहां भूत-पिशाचो ने घोर उपसर्ग किए जिन्हे मुनि श्री विद्युच्चर के अतिरिक्त अन्य कोई सहन नही कर सके। अन्य मुनि ध्यान छोडकर भाग गए।

उपसर्ग मे कोई कमी नही आई परन्तु मुनि विद्युच्चर बारह भावनाओ के स्मरण के साथ ध्यान मे तल्लीन बने रहे। इस प्रकार समाधिमरण के बाद वे सर्वार्थसिद्धि मे पहुँचे। वहाँ वे अपनी आयु पूरी करके मनुष्यजन्म लेंगे और उसी जन्म से मोक्ष जायेंगे।

करकंडुचरिउ

करकडुचरिउ[1] ११वी शताब्दी के मध्यभाग की रचना मानी गई है। इसके रचयिता मुनि कनकामर हैं। ग्रन्थ मे दस परिच्छेद है जिनमे करकंडु महाराज का चरित्र-वर्णन किया गया है। कथा का सक्षेप इस प्रकार है :

ग्रंथारम्भ मे कवि कामदेव का विनाश करने वाले परमात्मपद मे लीन जिनेन्द्रदेव के चरणो का स्मरण करता है। तदनन्तर सरस्वती देवी को मन में धारण करके लोगो के कानो को सुहावने लगने वाले करकडु राजा के चरित्र का वर्णन करता है। जम्बूद्वीप के भरतक्षेत्र मे अगदेश की चम्पा नामक रमणीक नगरी मे शत्रुओ का नाश करने वाले पराक्रमी एवं दानी धाडीवाहन नाम के राजा थे। एक दिन राजा धाडीवाहन ने कुसुमपुर नामक स्थान को गमन किया। वहाँ एक माली द्वारा पोषित सुन्दर कन्या को देख राजा काम से पीडित हो गए। कुसुमदत्त नामक माली से राजा को ज्ञात हुआ कि उसने उस कन्या को नदी मे बहती हुई पिटारी से प्राप्त किया था। राजा ने पेटी मे रखी स्वर्णमयी अगुली की मोहर के अक्षरो से ज्ञात किया कि कन्या कौशाम्बीनरेश वसुपाल की पद्मावती नाम की कन्या है। राजपुत्री होने से राजा ने उससे परिणय कर लिया।

राजा माली को बहुत-सा द्रव्य देकर रानी के साथ अपने नगर वापिस लौट आये। एक दिन रानी ने स्वप्न मे एक मस्त हाथी देखा।

---

१ डा० हीरालाल जैन द्वारा सम्पादित, कारंजा जैन सिरीज, १९३५ और द्वि० सस्करण भारतीय ज्ञानपीठ, वाराणसी, १९६४

राजा ने स्वप्नफल मे पुत्रोत्पत्ति की बात कही। जब पद्मावती की गर्भावस्था आई, राजा ने सौभाग्योत्सव मनाया। इस शुभ अवसर पर रानी को दोहला उत्पन्न हुआ। वह दिन-ब-दिन कृश होती गई। राजा ने कारण पूछा तो सकोच के साथ रानी ने कहा कि रिमझिम बूँदों मे नर-रूप मे हाथी पर आपके साथ भ्रमण करने की इच्छा है। राजा ने यह सम्भव कर दिया। परन्तु जिस हाथी पर वे चढकर चले वह हाथी भागकर कालिंजर की ओर चल पड़ा और किसी भी प्रकार नहीं रुका।

रानी के आग्रह पर राजा वृक्ष की डाल पकड़कर बच गया और दुःखी मन राज्य मे वापिस लौट आया। दौड़ते-दौडते हाथी एक गहरे सरोवर मे घुस गया। रानी चतुराई से जल मे कूद पडी। रानी सरोवर से निकलकर एक उपवन मे पहुँची जोकि सूखा पडा था। वह वही एक वृक्ष के नीचे विश्राम करने लगी। उपवन नन्दनवन के समान फल-फूल उठा। यह देखकर वनपाल वहाँ आ पहुँचा। वनपाल वन के फूलने के कारण को खोज करने लगा। वनपाल ने रानी को देखा और उसे पुत्री कहकर अपने घर चलने को कहा। वह उसके घर चली गई। माली की पत्नी कुसुमदत्ता के मन मे रानी के सौन्दर्य को देखकर पाप आ गया और वह अपने पति के प्रति शंका करने लगी। अत. मालिन ने रानी को दोष लगाकर घर से निकाल दिया। गर्भवती रानी ने एक श्मशान भूमि मे होनहार पुत्र को जन्म दिया।

बालक के जन्म से श्मशान मे भी अनेक मगल हुए। रानी अपने पुत्र को गोदी मे उठा ही रही थी कि उसे अपने सामने एक मातग दिखाई पड़ा। मातग ने शिशु को उठा लिया। रानी विलाप करने लगी तो मातगरूपधारी विद्याधर ने रानी को समझाया कि एक बार मै अपनी पत्नी के साथ आकाशमार्ग से जा रहा था तो विंध्यपर्वत के ऊपर पहुँचते ही मेरा विमान रुक गया। नीचे आकर देखा तो मुनि थे, मैंने उन्हे खड्ग से मारने का निश्चय किया। मुनि ने मेरी विद्याओ के नाश होने का शाप दिया। मेरी प्रार्थना पर उन्होने कहा कि धाडीवाहन की रानी पद्मावती श्मशान भूमि मे पुत्रोत्पन्न करेगी। तब तू उसका पालन करेगा तथा उसे राज्य मिलेगा और तुझे सभी विद्याएँ पूर्ववत् मिल जायेगी।

मातंग बालक को अपने घर ले गया। पद्मावती ने दु खहारी व्रत ले लिया। बालक के हाथ में खाज था अत उसका नाम करकंडु रखा।

एक बार श्मशान मे यशोभद्र और वीरभद्र मुनीश्वर आये। उनके सघ मे से एक ने एक नरकपाल की आँखो और मुख से बाँस का विटप निकलते देखा। इस आश्चर्य का कारण उन्होने मुनि से पूछा। मुनि ने बताया कि ये थोडे से बाँस जिसके हाथ चढ जायेंगे वह समस्त पृथ्वी का राजा होगा। किसी प्रकार वे सब बाँस करकडु के हाथ लग गए। मातग ने करकंडु को नाना विद्याए सिखलाईं। मातंग करकंडु को विद्यावान् की संगति का उपदेश देता है। उसे उदाहरण द्वारा स्पष्ट करता है। मूर्ख-सगति का कुफल एवं नीच-संगति की कहानी बताता है। उच्च-पुरुष की कहानी बताता है। इस प्रकार करकडु को मातग कुछ-न-कुछ सिखलाता रहता है। करकडु भी हर समय खेचर मातंग के पास रहता है। इधर दन्तीपुर के राजा की मृत्यु हो जाती है। कोई राजकुमार न होने के कारण मन्त्री ने एक हाथी को पूजकर उसे जल से भरा घड़ा देकर यह निश्चय किया कि यह हाथी जिस किसी का इस जल से अभिषेक करेगा उसी को राज्य सौप दिया जायेगा। हाथी ने श्मशान भूमि मे एक काम-देव स्वरूप राजकुमार को देखा और उसी पर घडे का जल छोड़ दिया। लोग उसे मातगपुत्र समझ रहे थे। विद्याधर की सारी विद्याएं लौट आईं और तभी उसने सबको करकंडु के राजकुमार होने की बात बताई। करकंडु इस प्रकार राज्य पर आसीन हुआ।

एक दिन करकडु नगर मे भ्रमण कर रहा था तो उसने एक देशा-तर से आये हुए पटधारी को देखा। उससे करकडु ने पट लेकर देखा तो वह मुग्ध-सा देखता रहा। पूछने पर पटधारी ने बताया कि 'सोरठ देश के गिरनगर नामक नगर के राजा यमराज अजयवर्मा की अतीव सुन्दर कन्या मदनावली का जन्म हुआ। अवस्था-प्राप्त कन्या ने खेचरो से करकडु की कीर्ति के गीत सुने और वह मदनपीडित हो गई। अत यह चित्रपट उसी का मैं लिए घूम रहा हूँ। जो इसे देखकर मोहित हो वही उसका वर होगा। आप मेरी बात मानकर उसे ग्रहण करें।' करकडु ने बात स्वीकार कर ली और मदनावली को विवाह लाये। माता आशीर्वाद दे रही थी कि चम्पाधीश का सदेश पहुँचा। चम्पाधीश और करकडु की सेनाओ मे घमासान युद्ध हुआ। युद्ध मे करकडु ने खेचरी विद्या छोड़ी। जब उसकी विद्या का हरण कर लिया गया तो उसने धनुष हाथ मे लिया। युद्ध मे चम्पाधिप का मान दलित हुआ। समरा-

गण मे माता पद्मावती का आगमन हुआ। उसने करकडु को बताया कि चम्पाधिप उसके पिता है। पद्मावती ने पिता-पुत्र की पहचान कराई। दोनो का मिलाप हुआ और करकंडु को चंपाधिप का राज्य मिला।

इसके बाद करकडु ने द्रविड देश को जोतने की प्रतिज्ञा की। करकंडु के मन्त्री ने बताया कि चोल, पाण्ड्य और चेर नाम के राजा आपकी सेवा नही करते। इस पर करकडु ने उनके पास अपना दूत भेजा। दूत को उन राजाओ ने यह कहकर वापिस कर दिया कि वे जिन के सिवाय किसी को सिर नही झुकाते। करकडु ने सूचना पाते ही उन पर सेना के साथ चढाई कर दी। मार्ग में वह तेरापुर नगर मे पहुँचा। वहां के राजा शिव ने करकडु से भेंट की और समीप की पहाडी के चढाव पर एक वामी है जिसकी पूजा प्रतिदिन एक हाथी करता है—यह बात उसे बतलाई। राजा करकंडु उस राजा के साथ वहां गया, पार्श्वनाथ के दर्शन किये तथा ऊपर चढकर वामी को भी देखा। उसी समय हाथी सरोवर से कमल लेकर आया और वही आकर चढाया। राजा ने वामी को खुदवाया तो वहा पार्श्वनाथ भगवान् की मूर्ति निकली, जिसे वे बड़ी भक्ति से गुफा मे ले आये। मूर्ति के सिंहासन पर करकडु को एक गाठ-सी दिखाई पडी। उसने शिल्पी से पूछा तो शिल्पी ने बताया कि यहा एक जलवाहिनी थी, उसी को बन्द करने के लिए यह लगाई गई है। करकडु को जलवाहिनी देखने का कौतुक हुआ और गांठ को तुड़वा दिया। गाठ के टूटते ही अथाह जल निकल पडा। करकडु पश्चात्ताप करने लगे तभी एक विद्याधर ने आकर गुफा का इतिहास बताया और जलप्रवाह रोकने का वचन दिया।

करकडु ने उस देव से पूछा कि इस गुफा-मन्दिर को किसने बनवाया? देव ने कहा कि एक समय दक्षिण विजयार्ध के रथनूपुर नगर मे नील और महानील नाम के दो विद्याधर भाई राज्य करते थे। शत्रु ने उन्हे खदेड दिया तो वे तेरापुर में आकर रहने लगे। धीरे-धीरे उन्होंने वहा राज्य स्थापित कर लिया और एक जैन मुनि के उपदेश से इस गुफा-मन्दिर का निर्माण कराया। इसी समय दो विद्याधर लका की ओर यात्रा पर जा रहे थे। उन्होने रावण के वशजो द्वारा बनवाये गये मलय-

देश के पूदी पर्वत पर जिनमदिर मे एक सुन्दर जिनप्रतिमा देखी। वे वैसी मूर्ति अपने यहां बनवाने के ध्येय से उस मूर्ति को उठाकर चले। तेरापुर पहुँचने पर वे पर्वत पर मूर्ति को रखकर जिनमदिर के दर्शन को चले गए। लौटकर वे उस मूर्ति को उठाने लगे तो वह उनसे नही उठी। उन लोगो ने मुनि के उपदेश से मूर्ति को वही छोडा और स्वय वैराग्य ले लिया। इनमे से एक भाई मरकर स्वर्ग गया और दूसरा मायाचारी होने के कारण हाथी बना। स्वर्गवासी भाई ने अपने भाई को आकर जातिस्मरण कराया जिससे वह उक्त वामी की पूजा करने आता था। फिर विद्याधर ने करकडु को एक दूसरी गुफा बनवाने की सलाह दी। करकडु ने वहा दो गुफाए और बनवाई। इसके बाद करकडु के साथ एक दु खद घटना हुई कि उसकी रानी मदनावली को कोई विद्याधर हाथी के रूप मे आकर हरण कर ले गया। करकडु को शोकसन्तप्त देखकर पूर्व जन्म के सयोगी विद्याधर ने उसे समझाया कि उसे मदनावली अवश्य मिल जायेगी। इसके साथ ही नरवाहनदत्त का आख्यान भी करकडु को सुनाया। इसके बाद करकडु को विद्याधर की बातो से समाधान हो गया और वे आगे बढे।

करकंडु को अनेक शुभ शकुन हुए। खेचर ने शकुनो का फल बताया। करकडु बीच-बीच मे रुकता हुआ सिंहलद्वीप पहुँचा। सिंहलनरेश ने करकडु का स्वागत किया। जब करकडु को सिंहलनरेश ने अपनी पुत्री रतिवेगा को दिखाया तो रतिवेगा करकडु को देखते ही मुग्ध हो गई। पिता ने स्थिति समझकर उसका विवाह करकडु से कर दिया। वह अपने दहेज और रतिवेगा के साथ समुद्र मार्ग से स्वदेश रवाना हुआ। समुद्र मे एक भीमकाय मच्छ ने उनकी नौका पर आक्रमण किया। मच्छ को देखकर करकंडु मल्ल-गाठ बाध और शस्त्र से समुद्र मे कूद पडा। मच्छ को उसने मार डाला परन्तु एक विद्याधर की पुत्री ने उसका हरण कर लिया। रतिवेगा विलाप करने लगी। मन्त्री आदि ने नौकाओ के बेड़े को किनारे लगाया। रतिवेगा ने बहुत पूजा-पाठ किया। पद्मावती देवी प्रकट हुई और रतिवेगा को उसके पति मिल जाने की बात कही।

रतिवेगा ने धैर्य धारण करके देवी से पूछा कि कोई गया हुआ व्यक्ति लौटकर कभी आता है? देवी ने जिन भगवान् के भक्त अरिदमन का

चरित्र उसे सुनाया। रतिवेगा वही धर्म-कर्मपूर्वक अपने दिन विताने लगी। करकंडु को जो विद्याधरी अपने घर ले गई थी उसने अपने पिता को अनुमति से करकडु को अपना पति वना लिया। वहाँ भोग करने के वाद करकडु नववधू के साथ रतिवेगा से आ मिले। इसके वाद उन्होने चोल, चेर और पाड्य नरेशो पर आक्रमण किया और उन्हें परास्त किया। करकडु ने विजय के वाद अपना पैर उनके मुकुट पर रखा तो उसे जिनप्रतिमा दिखाई पड गई। इससे करकंडु को वहुत पश्चात्ताप हुआ। उसने राज्य वापिस करना चाहा परन्तु उन राजाओ ने इसे स्वीकार नही किया और वे तपस्या करने चले गये। करकंडु वहाँ से लौटते हुए पुन तेरापुर आये। यहाँ विद्याधर ने स्वय मदनावली को लौटा दिया। वे चम्पापुरी आकर राज्य-सुख का भोग करने लगे।

एक दिन वनमाली ने करकडु को सूचना दी कि नगर के उपवन मे गीलगुप्त नामक मुनिराज का शुभागमन हुआ है। राजा ने अपने नगर मे भेरी पिटवा दी। सभी पुरजनो और भक्तो के साथ वे मुनि महाराज के दर्शनो को चले। मार्ग मे एक स्त्री अपने पुत्र-शोक से व्याकुल हो रही थी। उसे देखकर करकडु को संसार की असारता का भान होने लगा। वे उसी विषय को सोचते-सोचते मुनि के पास पहुँचे। मुनि ने धर्मोपदेश दिया जिसे सुनकर उनका चित्त वैराग्योन्मुख होने लगा। करकंडु ने मुनि से तीन प्रश्न किये—(१) वे इतने सुन्दर हैं परन्तु उनके हाथ मे कडु क्यो हुई? (२) उनके माता-पिता मे अतिस्नेह होने पर भी उनका देहान्त क्यो हुआ? (३) खेचर ने उनकी रानी मदनावली का क्यो हरण किया? मुनिराज ने पहले प्रश्न का उत्तर दिया कि करकंडु पूर्वजन्म मे एक श्रेष्ठी के यहाँ ग्वाल थे। ग्वाल एक दिन भैंसे चराने गया था। उसने सरोवर मे एक सुन्दर कमल देखा और उसे तोड़ लिया। उसी समय एक देव ने प्रकट होकर ग्वाल से कहा कि तूने यह अत्यधिक साहस का कार्य किया है। तू इस फूल को त्रिभुवन के स्वामी को चढा देना अन्यथा मै तुझे मार डालूँगा। ग्वाल ने अपने स्वामी को ही सबसे वडा स्वामी समझा क्योकि उसकी दृष्टि मे मालिक की सेवा मे सैकड़ो लोग लगे रहते थे। यही सोचकर वह पुष्प लेकर श्रेष्ठी के सम्मुख उपस्थित हुआ और अपनी इच्छा व्यक्त की। ग्वाल से श्रेष्ठी ने कहा कि राजा मुझसे वडा है, अत फूल राजा को चढाना चाहिये। ग्वाल राजा के पास गया और

उसे अपना मन्तव्य बताया। राजा ने उसे मुनि को पुष्प अर्पित करने को कहा। मुनि के पास जाने पर मुनि ने उसे जिनेन्द्र भगवान् को फूल चढ़ाने को कहा। ग्वाल ने भगवान् जिनेन्द्र का पूजन किया अत उसे सुन्दर रूप मिला और चूँकि कमल चढाते समय हाथ मे कीचड़ लगा था अत उसके हाथ मे कंडु हुआ।

दूसरे प्रश्न के उत्तर मे मुनि महाराज ने बताया कि पद्मावती पूर्व जन्म मे श्रावस्ती के सेठ की स्त्री थी। उसके व्यभिचारी होने के कारण सेठ ने वैराग्य ले लिया और पुन जन्म लेकर चम्पा नगरी का धाडीवाहन राजा बना। जिस ब्राह्मण के साथ सेठ की पत्नी ने व्यभिचार किया था वह मरकर हाथी हुआ। सेठानी मरकर पुन. स्त्री हुई। उसे पतिवियोग हुआ। अन्त मे वह अपनी पुत्री के प्रयत्न से धर्म-ध्यानपूर्वक मरकर कौशाम्बी नरेश वसुपाल के यहाँ उत्पन्न हुई। राज परिवार मे इसका अशुभ जन्म जानकर उसे मंजूषा मे बन्द करके यमुना नदी मे बहा दिया। एक माली ने जल से निकालकर उसका पालन-पोषण किया। पूर्व कर्मानुबन्ध से धाडीवाहन राजा से उसका विवाह हुआ। हाथी द्वारा हरण अथवा अन्य ऐसे ही कष्टो से पीड़ित पद्मावती करकंडु जैसे महान् व्यक्ति की माँ थी।

तीसरे प्रश्न मे मुनिराज जी ने कहा कि पूर्वजन्म मे करकंडु के पास एक सुआ था। सुआ चतुर था पर उसके ऊपर सर्प ने धावा बोल दिया तो करकंडु ने उसकी रक्षा की और णमोकार-मन्त्र उसे दिया। उस सर्प को भी णमोकार-मत्र मरते समय मिल गया था। इतने मात्र से उसे विद्याधर का जन्म मिल गया। पूर्वभव का वैर होने के कारण उसने मदनावली का हरण किया। मुनि के इन सब उत्तरो को पाकर करकडु की वैराग्यभावना प्रबल हो उठी। वह अपने पुत्र वसुपाल को राज्य देकर मुनि हो गया। करकडु की मा भी अर्जिका (साध्वी) हो गई तथा उसकी पत्नियो ने भी वैसा ही किया। करकडु ने घोर तपश्चरण किया और केवलज्ञान तथा मोक्ष प्राप्त किया।

सुअंधदहमीकहा

जैनधर्म पालन करने वाला प्रत्येक गृहस्थ सुगन्धदशमी व्रत की कथा से अवगत होता है। उनके वार्षिक पर्व दशलक्षणधर्म पर भाद्रपद शुक्ला

दशमी के दिन इस कथा को सुनने और इसका व्रत रखने का धार्मिक महत्त्व है। इस कथा की अपभ्रंश, सस्कृत, मराठी, गुजराती और हिन्दी रचनाएँ उपलब्ध हुई है जिनका सुसम्पादन डा० हीरालाल जैन ने किया है। अपभ्रंश रचना[1] के रचयिता उदयचन्द थे। कथा का रचना-काल ११५० ई० माना गया है।[2] प्रस्तुत रचना की कथा पूर्णत धार्मिक दृष्टिकोण से लिखी गई है। संक्षेप मे कथा इस प्रकार है :

रचना का प्रारम्भ चौबीसो तीर्थंकरो को नमस्कार के साथ होता है। राजा श्रेणिक भगवान् महावीर से सुगन्धदशमी व्रत के पालने का फल पूछते हैं। भगवान् श्रेणिक के प्रश्न का उत्तर देते है—जम्बूदीप मे भरत नामक देश है। भरत देश के काशी प्रदेश में वाराणसी नामक नगरी है। वहाँ पद्मनाथ नाम का सुविख्यात राजा अपनी प्रिय रानी श्रीमती के साथ राज्य करता था। वसन्तागमन पर सभी नर-नारियाँ वसन्तोत्सव मनाने लगे। राजा भी मदोन्मत्त सुन्दर हाथी पर अपनी रानी को साथ बैठाकर अन्य परिजनो के साथ उद्यान-क्रीड़ा के लिए निकला। मार्ग मे उसे मुनीश्वर सुदर्शन का दर्शन हुआ। राजा ने विचार किया कि मुनि को आहार देना चाहिये। अत राजा ने रानी से आग्रह किया कि वे स्वयं घर वापिस जाकर मुनि को अपने हाथ से सुन्दर आहार दे। रानी आहार देने चली तो गई परन्तु उसके मन को बड़ा सताप हुआ कि मुनि ने बीच मे आकर आनन्द भंग किया। आहार में रानी ने कड़वे फल दिये। मुनि अस्वस्थ और अशक्त हो गए तथा उन्होने नगर के ही एक जिनमदिर मे विश्राम किया। रानी उद्यान-क्रीड़ा के लिए पहुँच गई। इधर मन्दिर मे भीड एकत्र हो गई और रानी के गलत आहार देने से नगरवासियो मे क्षोभ फैल गया।

जब राजा उद्यान-क्रीडा से वापिस लौट रहा था, उसे नगर का कोलाहल सुनाई पड़ा। राजा को वास्तविक स्थिति का पता चला तो उसने रानी को राजमहल से निकाल दिया। रानी को क्लेश हुआ और मर गई। मरणोपरान्त रानी भैंस, शूकरी, मृगी को कष्टमय योनियो

---

१. डा० हीरालाल जैन द्वारा सम्पादित, भारतीय ज्ञानपीठ, वाराणसी से १९६६ में प्रकाशित.

२. सुगन्धदशमीकथा, प्रस्तावना, पृ० ४.

को पार करती हुई चाण्डालिनी कन्या हुई। माता-पिता दोनों ही की मृत्यु हो गई। उसके शरीर की दुर्गन्ध एक योजन तक पहुँचती थी। इस दुर्गन्ध को चाण्डाल भी सहन नही कर सके और उन्होने उसे एक अटवी मे छोड़ दिया। वहा उदुम्बर फलो-पत्तो को खाकर वह जीवित थी।

एक दिन उधर से एक मुनिसंघ विहार करते हुए निकला। एक मुनि ने आचार्य से पूछा कि इतनी दुर्गन्ध किस वस्तु की हो सकती है? आचार्य ने उस चाण्डाल-सुता का नाम लिया और वताया कि रानी श्रीमती ने मुनि सुदर्शन को क्रोधपूर्वक कड़वे फलो का आहार दिया था अत: इस योनि मे भटक रही है। पुन मुनि ने आचार्य से पूछा कि इस स्त्री का पाप कैसे दूर होगा? आचार्य ने जैनधर्म का उपदेश दिया और कहा कि इसका पालन करने पर प्राणीमात्र का कल्याण होता है। चाण्डाल-सुता ने भी उपदेश सुना और धर्म-ध्यानपूर्वक मर गई। इसके वाद वह उज्जैनी के एक गरीब ब्राह्मण की कुरूप कन्या हुई।

अव भी उसकी दुर्गन्ध एक कोस तक जाती थी। एक बार वहा के नन्दभवन मे मुनि सुदर्शन का आगमन हुआ। दुर्गन्धा भी मुनि के प्रवचन मे पहुँची। सभा मे उपस्थित राजा जयसेन ने मुनि से दुर्गन्धा के विपय मे पूछा। दुर्गन्धा के पाप को दूर करने का उपाय भी राजा ने मुनि से पूछा। मुनि ने सुगन्धदशमी व्रत पालन करने का उपदेश देकर उसके पालन और उद्यापन की विधि वतलाई।

सौभाग्य से जिस दिन मुनि का उपदेश हुआ उस दिन सुगन्धदशमी ही थी। अतएव सभी ने व्रत का पालन किया एव जिनेन्द्रदेव का पूजन किया। दुर्गन्धा ने इस व्रत का पालन किया था अत वह मरकर सुगति मे गई। भगवान् महावीर ने राजा श्रेणिक को आगे की कथा इस प्रकार सुनाई. रत्नपुर नगरी मे राजा कनकप्रभ अपनी पत्नी कनकमाला के साथ राज्य करते थे। उसी नगर मे एक सेठ जिनदत्त थे जिनकी पत्नी जिनदत्ता थी। इनके तिलकमती नाम की एक पुत्री थी जो रूपवती तथा गुणवती थी। सेठानी के मर जाने से सेठ ने दूसरा विवाह कर लिया। उससे तेजमती नामक कन्या उत्पन्न हुई। तिलकमती की सौतेली मा का व्यवहार बहुत कठोर था। सेठ राजा के आदेश से देशान्तर भ्रमण को चला गया तो विमाता का व्यवहार और भी कटु

हो गया। सेठानी ने तिलकमती और तेजमती के विवाह की तैयारी कर ली। तिलकमती को फुसलाकर सेठानी रात्रि मे एक श्मशान मे छोड आई और उसके चारो ओर दीपक रखकर उससे कहा कि तेरा पति रात्रि मे यही आयेगा और तुझसे विवाह करेगा। राजा नगर की शोभा देखने अपनी अटारी पर चढ़ा तो उसे कौतुक हुआ। अतः वह स्वयं श्मशान गया और सुदरी से विवाह करके वही घर मे छोड़ आया। वह प्रतिदिन रात्रि मे उसके पास जाने लगा।

कुछ समय बाद सेठ देशान्तर से लौटा। विमाता ने तिलकमती के विषय मे झूठी खबरे दी। सेठ ने राजा से कहा कि मेरी पुत्री ने किसी चोर से विवाह कर लिया है और पूछने पर कहती है कि मै अपने पति के चरण छूकर ही पहचान सकती हूँ, वैसे नही। राजा ने इष्ट मित्रो सहित सेठ के घर पर दावत का प्रबन्ध किया। तिलकमती को आख पर पट्टी बाध दी गई और उससे सभी अतिथियो के पैर धुलाये गए तो उसने राजा के पैर पकड़ लिए कि यही चोर मेरा पति है। राजा ने विधिपूर्वक विवाह द्वारा उसे स्वीकार किया। सभी ने हर्ष मनाया। विवाहोपरान्त वे लोग जिनमन्दिर गए। वही एक मुनि विराजमान थे। मुनि स तिलकमती ने पूछा कि अपने पति के प्रथम दर्शन से ही मेरा उनसे इतना प्रेम क्यो उत्पन्न हुआ? मुनि ने बताया कि पूर्वजन्म मे उसने बहुत कष्ट उठाये और अब सुगन्धदशमी व्रत के प्रभाव से उसे यह भव मिला है। वह राज्य-सुख भोगने लगी। तत्पश्चात् तपस्यापूर्वक अपने प्राणो का परित्याग करके वह ईशान स्वर्ग के विमान मे देव हुई। अगले भव में वह देव मनुष्ययोनि में आया और कर्मों का क्षय करके मोक्ष-गामी हुआ।

मयणपराजयचरिउ

हरिदेवकृत मदनपराजयचरित[1] का रचनाकाल डा० हीरालाल जैन के अनुसार १२वी से १५वी शती के मध्य ठहरता है[2]। कवि ने रचना को दो सधियो मे समाप्त किया है। सक्षेप मे कथा इस प्रकार है :

---

१. डा० हीरालाल जैन द्वारा संपादित, भारतीय ज्ञानपीठ, वाराणसी से १९६२ मे प्रकाशित.

२ प्रस्तावना, पृ० ६१.

अन्य अपभ्रंश-काव्यो की भाति ही कवि ने परमात्मा के चरणकमलो की वन्दना की है। तदुपरान्त अपने अल्पज्ञ होने की स्वीकारोक्ति है। भावनगर नामक पट्टन मे मकरध्वज नाम का राजा राज्य करता था। एक दिन राजा अपनी रति-प्रीति नामक दोनो पत्नियो सहित सभा-भवन मे बैठा था। वहा महामन्त्री, शल्य, गारव, कर्म, मिथ्यात्व, दोष, आश्रवादि योद्धा बैठे थे एव अन्य असख्य नरेश्वर उसकी सेवा मे जुटे हुए थे। राजा ने गर्व-गर्जन के साथ कहा कि त्रैलोक्य की महिलाए भी उसके वश में हैं। कामदेव के इस गर्जन पर उसकी रति-प्रीति रानियो को हंसी आ गई। राजा ने कारण पूछा। रति ने बताया कि सिद्धि रमणी नाम की स्त्री उनके वश मे नही है। राजा को अत्यधिक विस्मय हुआ। उसने रति से कहा कि उचित-अनुचित मै नही जानता। महिला महिलाओ का विश्वास करती है अत प्रियतमे! तुम जाओ और उस सिद्धि रमणी को लिवा लाओ। रति के अस्वीकार करने पर काम ने उसे बुरा-भला कहा। येन-केन-प्रकारेण रति ने दूती बनना स्वीकार किया। वह चल दी तो मार्ग मे उसे मोह मिल गया और वह उसे कामदेव के पास लौटा लाया। मोह ने काम को समझाया कि रति को नही भेजना चाहिए अन्यथा उसे निर्वेद मार्ग मे ही नष्ट कर देगा। सिद्धि का विवाह तो जिनेन्द्रदेव से निश्चित होगा अतः उधर का तुम्हारा प्रयास निरर्थक है। इस पर कामदेव क्रुद्ध हो गया और अपने धनुप-बाण के साथ सिद्धि को प्राप्त करने के लिए निकल पडा।

मोह ने काम को सलाह दी कि आप युद्ध करने निकले है तो पहले शत्रु की शक्ति का तो पता लगा लीजिये। काम ने अपने पचबाण शस्त्र रख दिये और मोह से पूछा कि जिनेन्द्र का निवासस्थान कहाँ है? मोह ने पूरी कथा बतलाई कि जिनेन्द्र भी पहले भावनगर मे रहते थे और भोगासक्त थे। परन्तु ससार मे दुर्गति जानकर उन्होने घर-द्वार सब छोडकर चरित्रपुरी मे निवासस्थान बना लिया। वहाँ वे अकेले नही हैं अपितु पाँच महाव्रत, सात तत्त्व, दशविध धर्म, पाँच ज्ञान और सुध्यान, तप, चारित्र, क्षमा आदि सुभट उनके सहयोगी भी हैं। इस प्रकार मोह-मन्त्री ने काम को जिनेन्द्र के सम्बन्ध में सब कुछ बताया। काम ने राग-द्वेप को बुलाकर जिनेन्द्र के पास दूतरूप मे भेजा। दूतो से जिनेन्द्र के

पास संदेश भेजा कि या तो जिनेन्द्र आकर काम की सेवा करे या फिर युद्ध के लिए तैयार रहे।

दूत के चारित्रपुर पहुँचने पर जिनेन्द्र की सभा में उपस्थित संज्वलन ने आज्ञा लेकर राग-द्वेष को जिनेन्द्र के सम्मुख उपस्थित किया। काम के दूतो ने जिनेन्द्र से कहा कि आप सिद्धि रमणी से विवाह का विचार छोड़कर काम की सेवा करे जिसमे कल्याण है—यही काम का आदेश है। काम की सेवा से सभी भोगसामग्री—सुख उपलब्ध होगा। जिनेन्द्र ने काम के दूतो से स्पष्ट कह दिया कि मैं सिद्धि रूपी वरांगना को परणूंगा। मै उस दुर्दम मदन को, तुम्हारे तथा उसके वली सहायक मोह को नष्ट कर डालूँगा। राग-द्वेष दूतो ने निराश लौटकर काम को वताया कि जिनेन्द्र को आपकी बात स्वीकार नही है।

मदन ने युद्ध की तैयारी करके रणभेरी वजवा दी। पाँचों इन्द्रियाँ, आर्त-रौद्र ध्यान, तीनो शल्य, अठारह दोष, सात व्यसन, पुण्य-पाप, दर्शन-मोह, पाँच आश्रवादि योद्धाओ को लेकर जिनेन्द्र पर चढ़ाई कर दी जिससे स्वर्ग में इन्द्र, गोविन्द, त्रिनेत्र, ब्रह्मा, सूर्य, चन्द्रादि देव भी शकित होते हैं। उस मोह को काम ने प्रधान सेनापति वनाया। अन्य योद्धाओ को लेकर काम समुद्र के समान गर्जन करता हुआ जिनेन्द्र पर चढाई करने चल पडा।

उधर जिनेन्द्र के पास से राग-द्वेप के लौटने पर जिनेन्द्र ने सवेग को आज्ञा दे दी की रणभेरी बजवा दो। पंचसमितियो की रणभेरी बजते ही रणदक्ष पचमहाव्रत, दशधर्म, सप्ततत्त्व आदि योद्धा एकत्र हो गए। सम्यक्त्व को प्रधान सेनापति का पद दिया गया। जिनेन्द्र का अद्भुत प्रभाव था। उनके समीप लब्धियो की ध्वजाएं फहरा रही थी तथा स्याद्वाद भेरी की ध्वनि गूंजी। जिनेन्द्र स्वय क्षायिक-दर्शन हाथी पर सवार थे, अनुप्रेक्षा का कवच पहने, समाधि की गदा का प्रहरणरूप धारण किये थे और ललकार रहे थे कि स्मर कहाँ है? स्मर कहाँ है? भव्यो ने नमस्कार किया, सरस्वती ने मंगलगान किया और दया ने आशीर्वाद दिया। इसी समय संज्वलन ने विचार किया कि काम के पास जाना चाहिये। सज्वलन ने काम से जिनेन्द्र की शक्ति को वताकर कहा कि वह वहाँ से भाग जाय इसी मे वुद्धिमानी है।

मदन ने संज्वलन से कहा कि चूहो की सेना कभी बिल्ली के ऊपर चढी है ? सज्वलन लौट आया। काम ने अपने प्रधान सेनापति और मन्त्री मोह को बुलाया और कहा कि यदि मै जिनेन्द्र को आज नही जीत सका तो अग्नि मे जल जाऊँगा। मोह ने काम को विश्वास दिलाया कि समर मे काम का कौन सामना कर सकता है। आकाश मे इन्द्र आपसे भयभीत है, पाताल मे धरणेन्द्र कम्पित हैं। जिननाथ आकाश-पाताल अथवा गिरि पर छिपे बच नही सकता। हमलोग जिन को जीतकर, बाँधकर सप्तव्यसन की कोठरी मे डाल देगे।

मदन ने पुन श्रृंगार भाट को बुला भेजा। उसके आने पर मदन ने कहा कि तू जिनेन्द्र को युद्धभूमि मे लाकर मुझे दिखला दे तो तुझे बहुत पारितोपिक मिलेगा। श्रृगार भाट जिनेन्द्र के पास गया और उनसे कहा कि काम के पास असंख्य योद्धा है अत. आप काम की सेवा स्वीकार कर सुख से रहे। सम्यक्त्व ने इतना सुनते ही श्रृगार को फटकारा कि मैं मिथ्यात्व का मुकाबला करूगा। पाच इन्द्रियो को पाच महाव्रत जीत सकते हैं। ज्ञान मोह को, शुक्ल ध्यान १८ दोपो को, सात तत्त्व सातो भयो को, श्रुतज्ञान अज्ञान को, तप आश्रवकर्म को जीत सकेगा। जिनेन्द्र ने भाट से कहा कि यदि तू अपने काम को दिखला दे तो मै तुझे भूमि आदि दान दूगा। भाट ने कहा कि यदि तू मेरे पोछे-पीछे आए तो मैं एक क्षण मे मदन को दिखला दूंगा तथा उसके समीप सारग पर आक्रमण करने वाले सिंह के समान मोह को भी दिखला दूगा। निर्वेद को यह सहन नही हुआ तो भाट का सीस मुडाकर, नाक काटकर उसे बाहर निकाल दिया।

मदन के पूछने पर भाट ने अपनी दुर्दशा का समाचार दिया। मदन बहुत उत्तेजित हुआ। वह वहा से समुद्र की भाति चल पडा। चलते समय मदनराज को सर्प की फुफकार, कौए की काव-काव सुनाई दी। गृद्ध ऊपर मंडराने लगे, घडा फूट गया, पवन के प्रतिकूल चलने आदि जैसे अपशकुन हुए। मदन अपशकुनो से स्तब्ध रह गया। उधर से जिनेन्द्र का सैन्य-सचालन हुआ, उससे गिरिराज टलमला गया, समुद्र, शेपनाग आदि सभी विचलित हो गए। दोनो सेनाएं आमने-सामने जुट गईं और युद्ध होने लगा।

युद्ध की भयकरता को देखकर मदन की स्त्री रति घवराकर आई और मदन को जिनेन्द्र की अजेयता के विषय मे वतलाया। मदन से कहा कि आप सिद्धि से परिणय करके क्या करेंगे ? अनेक भाति से रति के समझाने पर भी मदन नही माना और कहा कि यह जिनेन्द्र पहले रत्न चोरी करके ले गया, मेरे दूतो को गला पकडकर निकाला, मेरे भाट का सिर मुडवा दिया। उसने जो यह सव किया है वह मेरे लिए लज्जास्पद है। जिनेन्द्र वहुत दिनो से गरजता था, आज मेरे सामने समर-भूमि मे है, उसे आज मेरी वाणवृष्टि का सामना करना पड़ेगा। इसी बीच वन्दी ने मदन को सम्यक्त्व, संयम, पंचमहाव्रत आदि के साथ जिनेन्द्रदेव को दिखाया।

भाट ने जब इस प्रकार मदन की दृष्टि जिनेन्द्र की ओर खीची तो मकरध्वज की सेना जिनेन्द्र की सेना पर टूट पड़ी। मिथ्यात्व ने जो अग्निवाण छोड़े उनसे जिनेन्द्र की सेना घवड़ाकर भाग उठी। आकाश मे ब्रह्मा और सुरेन्द्र ने आपस मे वात-चीत प्रारम्भ की। इधर सम्यग्दर्शन ने आकर मिथ्यात्व को ललकारा। मिथ्यात्व ने बिगड़कर मूढत्रय वाणावलि छोडी जिसे दर्शन ने षडायतन वाण छोड़कर नष्ट कर दिया। दर्शन ने मिथ्यात्व को तत्त्वरुचि वाणो से मार दिया। यह देख इन्द्र ने ब्रह्मा से कहा कि सम्यक्त्व ने मदन को कैसा परास्त किया। अव स्वयं मोह ज्ञान और दर्शन के सम्मुख आया। मोह एव अन्य उसके सहयोगी जिनेन्द्र के सेनानियो से परास्त हुए।

सवका मानमर्दन हो जाने पर मदन स्वयं वशीकरण आदि वाणो को लेकर जिनेन्द्र देव के सामने आया। दोनो मे उत्तेजक वार्तालाप हुआ। मदन ने अपना मन-हाथी जिनेन्द्र के आगे वढाया जिसे उन्होने समभाव-रूप मुद्गर से चूर-चूर कर दिया। रति अपने पति को समझाने आई परन्तु उसने एक नही मुनी। अन्ततोगत्वा केवलज्ञान के प्रभाव से काम का वल क्षीण होने लगा। तव उसने मोह के उपदेश से २२ परीषहो को छोडा। करते-करते मदन मैदान छोड़कर कुपन्थो में जाकर छिप गया। देवराज इन्द्र ने ब्रह्मा से कहा कि देख लो, मदन की हार हो गई। इस प्रकार जिनेन्द्र ने केवलज्ञानरूपी आभूषण धारण किया। इस प्रकार सिद्धि रमणी का जिनेन्द्र ने परिणय किया। विवाह करने के वाद जव जिनेन्द्र क्रीडानिमित्त मोक्ष को गमन करने लगे तभी तपश्री ने

आकर प्रार्थना की कि आपके चले जाने के बाद मकरध्वज चारित्रनगर का ध्वंस कर देगा। यह सुनकर जिनेन्द्रदेव ने श्रुतलेख देकर वृषभसेन गणी को भेजा कि वह तपश्री और चारित्रनगर की भली प्रकार रक्षा करे।

अपभ्रंश कथाकाव्यो के कथानको के विवरणो से उन कथाकाव्यो की विशेषता और उनमे प्रयुक्त कथानकरूढियों पर तो प्रकाश पडता ही है, उनके लक्षणो के निर्धारण में भी मदद मिलती है। इस विवेचन से प्राप्त निष्कर्ष के आधार पर हम कह सकते है कि संस्कृत कथाकाव्यो और अपभ्रंश काव्यो मे कुछ मौलिक अन्तर है। मुख्य रूप से कथानकरूढियो के प्रयोग का अन्तर उल्लेखनीय है। सस्कृत ग्रन्थो मे कथानकरूढियो का प्रयोग न हुआ हो, ऐसा नही कहा जा सकता। परन्तु अपभ्रश काव्यो मे कथानकरूढियो का प्रयोग खुलकर किया गया है। संस्कृत-अपभ्रश कथाकाव्यो की वर्णन की परिपाटी मे भी शिल्पगत अन्तर प्रतीत होता है।

अधिकतर अपभ्रंश कथाए या तो लोककथाओ के आधार पर रची गईं या फिर उनमें लोक-उपादानो को महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया। लोकवार्ता के संदर्भ मे डा० सत्येन्द्र ने लिखा है—'यह एक जातिवोधक शब्द की भाँति प्रतिष्ठित हो गया है, जिसके अन्तर्गत पिछड़ी जातियो मे प्रचलित अथवा अपेक्षाकृत समुन्नत जातियो मे असंस्कृत समुदायो मे अवशिष्ट विश्वास, रीति-रिवाज, कहानियाँ, गीत तथा कहावतें आती हैं। प्रकृति के चेतन तथा जड़ जगत् के सम्बन्ध मे मानव स्वभाव तथा मनुष्य-कृत पदार्थो के सम्बन्ध मे भूत-प्रेतो की दुनिया तथा उसके साथ मनुष्यो के सम्बन्ध मे जादू-टोना, सम्मोहन, वशीकरण, तावीज, भाग्य, शकुन, रोग तथा मृत्यु के सम्बन्ध मे आदिम तथा असभ्य विश्वास इसके क्षेत्र मे आते है। और भी, इसमे विवाह, उत्तराधिकार, बाल्यकाल तथा प्रौढ जीवन के रीति-रिवाज और अनुष्ठान सम्मिलित है।'[1] वास्तव मे जो कथाएँ लोक-कथाओ की पृष्ठभूमि पर खडी की जाती है उनमे लोक-सस्कृति की छाप रहती है। अत वे तत्कालीन समाज की सामाजिक एव सास्कृतिक स्थिति को स्पष्ट करती है। सभवत इसीलिए डा० नेमिचन्द्र शास्त्री लिखते हैं कि 'लोक-कथाएँ मानव जाति की आदिम परम्पराओ, प्रथाओ और उसके विभिन्न प्रकार के विश्वासो का वास्तविक प्रति-

---

१ डा० सत्येन्द्र, व्रज लोकसाहित्य का अध्ययन, पृ० ४.

निधित्व करती है। सारे विश्व मे लोककथाओं का रूप प्रायः एक जैसा ही पाया जाता है और विषयवस्तु तथा कथनशैली की दृष्टि मे इनमें समान रूढियों और समान अभिप्रायो का ही उपयोग हुआ है। लौकिक सौन्दर्यबोध, लोकचिन्ता की एकरूपता और सामान्य अभिव्यजना प्रणाली विश्व की लोककथाओ मे समान रूप से उपलब्ध हैं।'[1] लोकवार्ता और लोककथा के सबंध मे उक्त दो विद्वानों के मत उद्धृत किये गये हैं जिनके आधार पर यह स्पष्ट है कि अपभ्रंश कथाएँ लोककथाएँ न होते हुए भी उनमे लोक-उपादानों की स्वीकृति है।

अपभ्रश कथाकाव्यो मे कतिपय ऐसी कथानकरूढियाँ चल पड़ी थी जिन्हे हम उनका रूढशिल्प कह सकते हैं। अपभ्रंश काव्यो में समुद्र मे नौका-भग होना, रानी को दोहद होना, एकाधिक जन्मो का विस्तृत विवरण आदि ऐसी रूढ़ियां है जिनसे कोई ही काव्य मुक्त रह सका हो। हिन्दी प्रेमाख्यानको की रूढ़ियो के विषय में हम पहले लिख चुके हैं। अपभ्रंश कथाकाव्यो की कथानकरूढियों आदि पर प्रबन्ध के पष्ठ अध्याय मे विस्तृत विचार किया जायेगा।

●

---

१. डा० नेमिचन्द्र शास्त्री, हरिभद्र के प्राकृत कथा-साहित्य का आलोचनात्मक परिशीलन, पृ० १४५.

अध्याय ६

हिन्दी प्रेमाख्यानकों और अपभ्रंश कथाकाव्यों के शिल्प का तुलनात्मक अध्ययन

सांस्कृतिक पृष्ठभूमि

यो तो आठवी शती से लेकर सोलहवी शती तक अपभ्रश ग्रन्थो का प्रणयन होता रहा किन्तु अपभ्रंश साहित्य का समृद्धतम युग नवी शती से तेरहवी शती तक माना गया है।[1] ऐतिहासिक दृष्टि से यह राजनीतिक उथल-पुथल का समय था। किसी भी भाषा का साहित्य अपने युग की सामाजिक, धार्मिक, सास्कृतिक और राजनीतिक प्रवृत्तियो से अपने को अछूता नही रख सकता। यही कारण है कि तत्कालीन युग की प्रवृत्तियो की जानकारी के लिए हम उस युग के साहित्य की छानबीन करते है। इतिहासकारो ने गुप्तकाल को 'स्वर्णयुग' की सज्ञा दी है। गुप्तकाल की विशेषताओ पर विचार करते हुए ए० सी० चटर्जी ने लिखा है कि गुप्तकाल कला एव साहित्य की महान् उन्नति का समय था और उस समय मे शासन समुन्नत तथा सुव्यवस्थित था।[2] उस समय भारतीय संस्कृति का प्रचार सुदूर पूर्व एव दक्षिण-पूर्व एशिया मे भलीभाति होने लगा था। इस सन्दर्भ मे प्रसिद्ध इतिहासज्ञ डा० अल्तेकर लिखते हैं कि 'उस समय के हिन्दू दर्शन के नवीन एव दृढ प्रतिमानो का विकास करने मे उतने ही सफल थे जितने कि समुद्रो मालवाहक पोतो का

---

१ डा० हरिवश कोछड, अपभ्रंश-साहित्य, पृ० ३४

2 Gupta period was a time of great activity in art, literature and the empire was prosperous and well governed
—सतीशचन्द्र अग्रवाल, भारतीय इतिहास, इलाहाबाद, पृ० १३९ से उद्धृत.

निर्माण करने मे।'[1] यही कारण है कि इस काल की तुलना विश्व के पेरिक्लिज आगस्टन तथा एलिजाबेथन युग से की गई है।

राजनैतिक स्थिति

ईसा की छठी शती आते-आते गुप्त साम्राज्य की रीढ टूट गयी और वह छिन्न-भिन्न हो गया। फिर भी मगध पर गुप्तो का ही राज्य रहा। सातवी शती के आरम्भिक समय मे प्रभाकरवर्धन ने उत्तरी भारत में अपनी शक्ति बढाई। इसके पुत्र हर्षवर्धन ने पुन: उत्तर भारत के विघटित राज्य को सगठित किया और थानेश्वर तथा कन्नौज को भी जीत लिया। वाणभट्ट के हर्षचरित में आसाम प्रदेश के भास्करवर्मन और हर्ष की मैत्री का उल्लेख मिलता है। कहने का तात्पर्य यह है कि हर्ष ने साम्राज्य-विस्तार किया। परन्तु भारतेश्वर बनने का उसका रूप पुलकेशी द्वितीय ने तोड दिया और दक्षिणापथ पर उसका अधिकार न हो सका। यद्यपि भारत की राजनैतिक, धार्मिक, सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था मे दिनोदिन अस्थिरता की स्थिति आती जा रही थी तथापि हर्ष ने अपने शासन मे स्थितियो मे सुधार किया और उन्हे स्थिरता प्रदान की। इसका विवरण ह्वेनसाग के भारत-यात्रा के वृत्तान्तो मे मिल जाता है। ह्वेनसाग ने सातवी शताब्दी के लगभग सभी भारतीय राज्यो का उल्लेख किया है। वह यहाँ के शासको से मिला भी था। हर्ष की शासन-व्यवस्था का जो परिचय उसने दिया है उसे प्रकारान्तर से भारत की मूल राजनीतिक स्थिति का भी दस्तावेज कहा जा सकता है। वह लिखता है कि 'शासन-व्यवस्था उदार सिद्धान्तो पर आधारित है। कार्यकारिणी परिषद् साधारण है। लोगो से जबर्दस्ती कार्य नही लिया जाता। राज्य-कर भी साधारण ही हैं। व्यापारी स्वतन्त्र रूप से अपना माल बाहर ले जाते और ले आते हैं।'[2] हर्ष के समय की धार्मिक

1 The Hindus of that age were as successful in evolving new and bold systems of philosophy as in building large and steady vessels to carry goods over sea —वही, पृ० १३८

2 As the administration of the government is founded on benign principles, the executive is simple People are not subject to forced labour In this way taxes on people are light The merchants who engage in commerce come and go in carrying out their transaction —वही, पृ० १४८

अवस्था का पता हर्ष को छठी परिषद से लगता है जिसका उल्लेख ह्वेनसाग के जीवन-चरित मे किया गया है। हर्ष प्रत्येक वर्ष प्रयाग मे एक धार्मिक परिषद करता था जिसमे वह प्रत्येक सम्प्रदाय के धार्मिको को दान दिया करता था। छठी परिषद के प्रथम दिवस हर्ष ने बुद्ध भगवान् की प्रतिमा प्रतिष्ठित की और विभिन्न प्रकार के रत्न एवं वस्त्रादि वितरित किये। दूसरे दिन उन्होने सूर्यदेव की मूर्ति स्थापित की और दान दिया। तीसरे दिन ईश्वरदेव की मूर्ति स्थापित की और उपहार वितरित किये। चौथे दिन १०,००० बौद्ध भिक्षुओ को बहुमूल्य उपहार भेट किये। इस प्रकार साधुओ-भिक्षुओ के अतिरिक्त दीन-दुःखियो को महीनो तक दान बॉटा गया। इस विवरण से यह स्पष्ट हो जाता है कि शासन की ओर से सभी धर्मो का समान आदर था। साथ ही बौद्ध धर्म के प्रभाव को बात भी स्पष्ट हो जाती है।

तत्कालीन सामाजिक स्थिति के विषय मे ह्वेनसाग के विवरण से ज्ञात होता है कि परम्परागत जाति-विभेद के चार वर्ग थे। ब्राह्मण सर्वाधिक पवित्र और पूज्य माने जाते थे। ब्राह्मणो के नाम के अन्त मे 'शर्मा' लगा रहता था। क्षत्रियो को भी उचित आदर प्राप्त था और वे युद्धप्रिय थे। हर्ष के समय वैश्यो की स्थिति काफी सुदृढ थी। उन्होने कृषि को छोड़कर व्यापार अपना लिया था। शूद्रो की दशा बहुत बिगडी हुई थी। इस जातिगत विभाजन के होते हुए भी समाज का नैतिक स्तर ऊचा था और शिक्षणसंस्थाए भारतीय सस्कृति के अध्ययन-अध्यापन का कार्य करती थी।

आठवी शताब्दी मे भारत पर विदेशी आक्रमण प्रारम्भ हो गए। भारतवासियो के लिए यह नई बात तो नही थी चूकि छठी शताब्दी मे भारत हूणो को परास्त कर चुका था। परन्तु ७१० ई० में अरबों ने भारतीय प्रदेश सिन्ध पर विजय प्राप्त कर ली। अरबो ने सिन्ध से आगे बढने की जीतोड कोशिश की किन्तु उन्हे सफलता नही मिली। फिर भी आठवी शताब्दी के मध्य तक अरब सौराष्ट्र और भिन्नमाल राज्यो पर आक्रमण करते रहे। अन्तत अरबो ने भारत मे प्रवेश पा लिया। इस समय भारतीय और अरबी सस्कृतियो का मिलन हुआ। सास्कृतिक आदान-प्रदान की भूमिका मे अनेक भारतीय विद्वान् अरब गये और अरब से अनेक विद्वान् अध्ययन के लिए भारत आये। सस्कृत

भाषा की विभिन्न विधाओ के ग्रन्थो का अरबी मे अनुवाद हुआ और भारतीय सस्कृति का विदेशो मे प्रचार हुआ।[1]

सम्राट हर्ष के समय मे भारत की स्थिति शोचनीय नही थी। परन्तु उनकी मृत्यु के बाद यहा के राजाओ मे मतभेद वढते गए और छोटे-छोटे राज्य स्थापित होने लगे। गुर्जर प्रतिहारो का प्रथम शासक नागभट्ट (७वी सदी) हुआ। इसने अरवो के आक्रमण का सामना किया। इसके वश की शक्ति वढी और वत्सराज के प्रतिनिधित्व मे गुर्जर प्रतिहारो का कन्नौज पर अधिकार हो गया। इस वंश का पालो से सीमावर्ती क्षेत्रो मे सदैव सघर्ष बना रहा। १०वीं शताब्दी तक आते-आते इनमे आपसी फूट हो गई और इनकी शक्ति क्षीण हो गई। गुजरात, मालवा इनके आधिपत्य से मुक्त हो गए। १०२० ई० मे गुर्जर प्रतिहारो का राज्य पूर्णत विघटित होकर कई राज्यो मे विभक्त हो गया।

जैसा कि उल्लेख किया जा चुका है कि भारतवर्ष मे अनेक शक्तियां उदय मे आ रही थी। आठवी शती के प्रारम्भिक समय मे बंगाल में पालवशो के राज्य का श्रीगणेश हुआ। इस वंश के राजा धर्मपाल ने दक्षिणी विहार से लेकर बगाल तक अपना आधिपत्य जमाकर कन्नौज को भी विजित किया। देवपाल, महीपाल आदि इस वश के अन्य प्रमुख राजा हुए। इस वश का ४०० वर्षो तक शासन चला और १२वी शताब्दी के पूर्वार्द्ध मे इनका पतन हो गया। गुजरात के चौलुक्यो का शासनकाल ९६१-१२४१ ई० तक रहा। इस वश का प्रथम शासक मूलराज था। १०२४ ई० मे भीमदेव के समय मे महमूद गजनवी ने भारत पर आक्रमण किया। महमूद गजनवी के गुजरात पहुँचते ही भीम भाग खड़ा हुआ और बचकर निकल गया। १०६४ ई० में भीम का पुत्र कर्ण राजा हुआ। गुजरात मे इस वश के प्रमुख राजाओ मे कुमारपाल (११४२-११७३ ई०) का शासन उल्लेखनीय है।

इसी समय मे चौहान, चेदि, गहड़वाल, चन्देल और परमार आदि क्षत्रियो की अलग-अलग शक्तिया उभर रही थी। ये लोग किसी एक

---

१ जयचद्र विद्यालंकार, इतिहास-प्रवेश, सरस्वती प्रकाशन मदिर, इलाहाबाद, १९४१, के आधार पर

शक्ति-संगठन में एकत्रित नही हो सके। परिणामस्वरूप फूट दिनो दिन वढती गई। राजनैतिक उथल-पुथल मे क्षत्रिय वंशजो का महत्त्वपूर्ण स्थान है। प्रारम्भिक समय मे तो ये लोग शक्तिशाली और नीतिनिपुण साबित हुए। आगे चलकर जैसे-जैसे आपसी मतभेद वढते गए वैसे-वैसे शक्ति क्षीण होती गई और मुसलमानो के आक्रमणो का जवाब देने मे असमर्थ होकर विलासप्रिय जीवन विताने के आदी हो गए।

यो महमूद गजनवी का भारत पर प्रथम आक्रमण १००० ई० मे हुआ। फिर भी मुसलमानो को भारत पर पूरी तरह आधिपत्य जमाने मे कई शताब्दिया लगी थी। परन्तु वे निरन्तर प्रयत्नशील रहे। १२वी शताब्दी मे पृथ्वीराज चौहान ने मुहम्मद गौरी से टक्कर ली। परन्तु क्षत्रियो की आपसी फूट के कारण कन्नौज के राजा जयचन्द ने पृथ्वीराज का साथ नही दिया। अत पृथ्वीराज को अन्तत हार खानी पडी और दिल्ली गौरी के हाथ पहुँच गई। धीरे-धीरे उसने मध्यभारत को भी हस्तगत कर लिया। इन्ही सब परिस्थितियो मे भारत यवनो के अधीन हुआ। अस्तु।

भाषागत स्थिति

आक्रमणो और राजनीतिक उथल पुथल के समय भी साहित्यिक रचनाए होती रही। इनकी भाषा के सम्बन्ध मे डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या ने लिखा है कि 'तुर्की विजय के पहले भारतीय चालू या कथ्य वोलियो मे सबसे अधिक प्रचलित यही शौरसेनी अपभ्रश थी। उन दिनो पश्चिमी अपभ्रश का स्थान आजकल की हिन्दुस्थानी जैसा था। पश्चिमी अपभ्रश की उत्तराधिकारिणी कुछ अशों मे व्रजभाषा हुई। मुसलमान आक्रमणकारियो के साथ पश्चिमी अपभ्रश की उत्तराधिकारिणी हिन्दी दक्षिण मे भी पहुँची।'[1]

१०वी–११वी शती के विदेशी आक्रमणो के समय साहित्यिक रचनाओ की भाषा पश्चिमी अपभ्रश थी—इसका उल्लेख भी डा० चाटुर्ज्या ने किया है। वे लिखते हैं कि १०वी–११वी शती मे जब अपने मुसलमानी मजहव को साथ लिए हुए तुर्की तथा ईरानियो ने उत्तरी भारत पर आक्रमण करना एव आधिपत्य जमाना आरम्भ किया था, उस समय राजपूज राजवशो मे साहित्यिक रचनाओ की भाषा, धार्मिक

१. डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या, भारतीय आर्यभाषा और हिन्दी, पृ० १८९.

एवं शास्त्रीय भाषा संस्कृत के अतिरिक्त, पश्चिमी अपभ्रंश ही थी, जिसमे भिन्न-भिन्न प्रदेशो की स्थानीय बोलियों का प्रभाव रहता था। विशुद्ध ब्रज या नव्यभारतीय आर्य अवस्था की हिन्दी का तब तक उदय नही हुआ था।[1] इन उद्धरणो से तत्कालीन भाषा एवं उस पर राजनीतिक प्रभाव का सदर्भ रेखाकित होता है। आक्रमणों की स्थिति सामान्य होने पर दोनो सस्कृतियों के मिश्रण एव समन्वय के परिणाम सामने आये। संभवत: मुसलमान लेखक अद्दहमाण की अपभ्रंश रचना सदेश-रासक (१४ वी शती) इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।

धार्मिक अवस्था

भारत मे ब्राह्मण, बौद्ध और जैन धर्म तो पहले से ही स्थापित थे, उसमे इस्लाम धर्म अतिरिक्त बढ गया। ८–१३वी शतो अशान्ति और परि-वर्तनो की अवधि थी। विभिन्न धर्मो का कभी उत्थान और कभी पतन होता रहा। मुसलमानी आक्रमणो और उनके देवालयो, धार्मिक स्थलो के विनाश से भक्ति-आन्दोलन को बल मिला। बौद्ध धर्म हर्षवर्धन के समय मे ही ह्रास की ओर उन्मुख था। महायान, हीनयान दो शाखाओ के बाद बौद्ध धर्म मे कई उपशाखाए भी हो गईं। महायान मे शून्यवाद और विज्ञानवाद की स्थापना हुई। बौद्ध धर्म की एक वज्रयानी शाखा हुई जिसमे मन्त्र-तन्त्र, विषय-भोग, देवपूजा आदि की रुचि के अनुसार खुली छूट मिली। सहजयानी सम्प्रदाय मे भ्रष्टाचरण को कोई रोक नही सका। अतएव पाखण्डो को जनता अधिक दिन तक सहन नही कर सकी। आठवी शताब्दी मे बगाल के पाल राज्य ने बौद्ध धर्म को प्रचा-रित करने मे सहयोग दिया। यही से बौद्ध धर्म नेपाल और तिब्बत पहुँचा। भारत मे बौद्ध धर्म का विकास नालन्दा और विक्रमशिला के नष्ट होने तक ही हो सका। उसकी पाच–छ. पीढियो बाद ही बौद्ध धर्म समाप्तप्राय हो गया।

जैनधर्म की स्थिति लगभग सामान्य रूप से एक समान रहती आई। जैन पचमकारो से सदैव दूर रहे अत बौद्ध धर्म के समान उन्हे दुर्दिन नही देखने पडे। इस काल के राष्ट्रकूट (७५३–९७५) और सोलकी-गुर्जर (९६१–१२५७) राजा जैनधर्म से बहुत प्रभावित थे। फिर भी इन्होंने अपने राज्य की सुरक्षा के लिए युद्ध से कभी मुख नही

१. वही, पृ० १८९

मोड़ा। वस्तुतः जैनधर्म क्षत्रियों एवं वीरो ने ही स्वीकार किया था तथा उन्होने यवनो और शको को युद्ध में लोहे के चने चवाये थे। परन्तु धीरे-धीरे यह व्यापारियो का धर्म बनकर रह गया और क्षत्रियोचित धर्म उनमे से जाते रहे। जिस अपभ्रंश की पृष्ठभूमि की चर्चा हम कर रहे है उसमे यह स्मरणीय है कि अपभ्रश साहित्य के प्रणयन एव उसके संरक्षण का श्रेय सर्वाधिक जैनों को ही मिला है। इस काल मे जैनाचार्यों ने दर्शन, ज्योतिष, नाटक, काव्य, आयुर्वेद, व्याकरण आदि सभी विषयो पर सस्कृत, प्राकृत और अपभ्रश मे ग्रन्थ लिखे। जैनाचार्यों ने सदैव उस समय की प्रचलित भाषाओ को अपने ग्रन्थो का आधार बनाया। यही कारण था कि इस काल की अधिकाश रचनाए देशभाषा मे—अपभ्रश मे—लिखी गईं। विशेषकर इसमे चरितादि कथाकाव्य अधिक लिखे गए।

अन्य धर्मों की भाति ही जैनधर्म को भी दिगम्बर, श्वेताम्बर दो शाखाएं हो गई। इसका प्रचार-प्रभाव समस्त भारत मे फैल गया। ११-१२वी शताब्दी मे पश्चिम भारत मे जैनधर्म, दक्षिण मे शैवधर्म, पूर्व तथा उत्तर मे वैष्णवधर्म विशेषरूप से फैला था।[1] अव इन सभी धर्मो के विचार-भेदो से समाज मे अनेक परिवर्तन आये। विचार-भेदो से भारतीय समाज मे वैमनस्य का विष फैलने लगा। ये धार्मिक विवाद चलते रहे। ११वी शती के प्रारम्भ मे इस्लाम ने भारत मे जगह बना ली और भारत पर उसकी सस्कृति का प्रभाव पड़ने लगा। इस्लाम और हिन्दुओ मे धार्मिक कलह जारी रहा। इसी समय हिन्दू-मुस्लिम दोनो ही धर्मो के कुछ ऐसे सत हुए जिन्होने मतभेदो को मिटाने का प्रयत्न किया।

सामाजिक स्थिति

इस काल की परिस्थितियो के कारण हिन्दुओ के बहुप्रचलित चार वर्ण अनेक जातियो-उपजातियो मे विभक्त हो गए। फलत. सामाजिक व्यवस्था एव एकता की रीढ़ टूट गई। ऐसे अवसर का लाभ विदेशी आक्रमणकारी मुसलमानो ने उठाया। विघटित और असगठित जातिया मुसलमान आक्रमणकारियो का सामना करने मे असमर्थ रही। चारो

---

१. अपभ्रंश-साहित्य, पृ० २९

वर्णों के नियमपालन का आधार मनुस्मृति थी। फिर भी कतिपय क्षत्रिय नरेशों ने शस्त्र और शास्त्र दोनो विद्याओं पर समानाधिकार प्राप्त किया। राजा भोज पडितो के आश्रयदाता भी थे और स्वय एक प्रकाण्ड विद्वान् भी। भोज के चाचा मुंजराज को अपभ्रश का कौन-सा पाठक नही जानता? मुज न स्वय अपभ्रश का कवि था वल्कि अपने रोमांटिक व्यक्तित्व के कारण अनेक प्रेमाख्यानो का नायक भी। कहने का तात्पर्य यह कि शास्त्र-ज्ञान मे ब्राह्मण ही पारंगत हो सकता था, यह इन राजाओं ने असिद्ध कर दिया था। स्मृति के अनुसार कृषिकर्म वैश्यो का ही था। परन्तु धर्म परिवर्तन कर लेने से वैश्यो ने अधिकतर यह कर्म छोड दिया। अत शूद्रो को यह भार भी वहन करना पड़ा। ९वी-१०वी शताब्दी तक ब्राह्मण एव क्षत्रियो के लिए भी कृषिकर्म त्याज्य नही रह गया था। इन सब बातो के रहते जाति-पाति के भेद बढते जा रहे थे। छुआछूत का रोग चरम सीमा तक पहुँच गया। बाल-विवाह की प्रथा चल पडी। जम्बूस्वामीचरिउ आदि अपभ्रश रचनाओं से पता चलता है कि राजाओ एवं सेठो मे बहुपत्नी प्रथा भी थी।

इस प्रकार १४वी--१५वी शताब्दी तक जहां एक ओर भारतीयों का राजनैतिक जीवन छिन्न-भिन्न हो रहा था वहा दूसरी ओर सामाजिक जीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया था। फिर भी हिन्दू समाज की धार्मिक चेतना विलुप्त नही हुई थी, सुसुप्त अवश्य हो गई थी। यही कारण था कि विदेशी सभ्यता और सस्कृति का बीजारोपण होने पर भी भारतीयों ने उसे जमने नही दिया। मुसलमानी आक्रमण के बाद देश के समन्वयवादी धर्मवेत्ता पुरुषों की प्रेरणा से एक नई मिली-जुली सस्कृति पैदा होने लगी थी।

साहित्यिक अवस्था

साहित्यिक अवस्था की दृष्टि से इस काल का महत्त्व कम नही है। महापडित राहुलजी का इस काल के सम्बन्ध मे कथन है कि 'हमारा यह साहित्य-युग उस वक्त आरंभ होता है, जब कि बाण और हर्षवर्धन को रगमच छोड़े बहुत देर नही हुई थी। कवियो मे अश्वघोष, भास, कालिदास, दण्डी, भवभूति और बाण की कृतियाँ बहुत चाव से पढी जाती है। स्वयंभू ने इन पुराने कवियो के प्रति अपनी कृतज्ञता साफ

प्रकट की है।'[1] जैसा कि इस युग की राजनीतिक अवस्था का विवेचन करते समय हम देख चुके हैं कि अनेक छोटे-छोटे राज्य थे। उनमे बहुत से कवियो को राज्याश्रय प्राप्त था। परन्तु इसका अर्थ यह नही कि रजवाडो अथवा सामन्तो के लिए ही इस युग मे काव्य रचे गये अपितु साधारण जनता के लिए भी कथाकाव्यों की रचनाएँ हुईं। प्रबन्ध के पांचवें अध्याय मे विवेचित लीलावईकहा, समराइच्चकहा, भविसयत्त-कहा, पउमसिरिचरिउ, जसहरचरिउ, णायकुमारचरिउ, जम्बूसामिचरिउ, करकंडुचरिउ, सुअंधदहमीकहा, मयणपराजयचरिउ आदि रचनाएँ इसी काल (८वी से १५वी शती) की अपभ्रंश रचनाएँ है।

अपभ्रंश-हिन्दी प्रेमाख्यानकों मे पूर्वापर सम्बन्ध

हिन्दीसाहित्य के इतिहासकारो ने काल-विभाजन की दृष्टि से १०५० ई० से हिन्दी साहित्य का आरम्भ स्वीकार किया है। जैसा कि हम देख चुके हैं, अपभ्रंश साहित्य की रचनाएँ ८वी शताब्दी से १६-१७वी शती तक होती रही। हिन्दी प्रेमाख्यानको मे सबसे पहला प्रेमाख्यान चन्दायन (१३५० ई०) उपलब्ध है। अपभ्रंश कथाकाव्यो एव हिन्दी प्रेमाख्यानको मे पूर्वापर क्रमिक सम्बन्ध है। इसका कारण यह है कि अपभ्रंश कथाकाव्यों के सर्जनकाल और हिन्दी प्रेमाख्यानको के रचना-काल के मध्य मे कोई अन्तराल नही है। कुछ समय तक हिन्दी प्रेमा-ख्यानक और अपभ्रंश कथाकाव्य समानान्तर रूप से भी लिखे जाते रहे। अपभ्रंश कथाकाव्यो एव हिन्दी प्रेमाख्यानकों के अध्ययन से यह स्पष्ट हो जाता है कि अपभ्रंश कथाकाव्य हिन्दी प्रेमाख्यानको के ही पूर्व प्रच-लित शिल्प-विधान मे रचे गये—अर्थात् हिन्दी प्रेमाख्यानको का शिल्प अपभ्रंश कथाकाव्यो के शिल्प का ही ऐतिहासिक विकास है। उदाहरण के लिए इनके कथा-विन्यास, चरित्र, कथोद्देश्य, वस्तुवर्णन आदि का क्रमश तुलनात्मक अध्ययन करना आवश्यक है।

कथा-विन्यास

कथा-विन्यास किसी कथाकाव्य को अच्छा-बुरा साबित करने की कसौटी है। यही कारण है कि एक श्रेष्ठ कथाकार अपनी रचना को पूर्वनियोजन के आधार पर विन्यस्त करता है। इस सदर्भ मे अपभ्रंश

१. पं० राहुल सांकृत्यायन, हिन्दी-काव्यधारा, १९५५, पृ० ४५

कथाकाव्यों के रचयिताओ की सराहना करनी होगी। लगता है अपभ्रंश कथाकारो ने संस्कृत के लक्षणकारो की मान्यताओ का भी ध्यान रखा। संस्कृत साहित्य के प्रमुख आचार्य रुद्रट ने कथा का जो लक्षण दिया है उसमे वे लिखते हैं—'रचयेत् कथाशरीर पुरेव पुरवर्णकप्रभृतीनि' अर्थात् कथा की रचना 'पुर' की तरह करनी चाहिये। रुद्रट के इस मत को या तो नजरन्दाज कर दिया गया अथवा जानकर भी लोगो ने इसे महत्त्व नही दिया है। इस प्रसग का जो भी कारण रहा हो किन्तु तथ्य यह है कि रुद्रट के इस लक्षण को कथाओं के मूल्याकन की दृष्टि से देखा जाये तो नि.सन्देह यह प्रामाणिक होगा। अर्थात् कथा का पुर की तरह विन्यास होता है। पुरविन्यास और कथाविन्यास का प्रश्न विचारणीय है।

पुरविन्यास और कथाविन्यास

प्राचीन साहित्य मे 'पुर' शब्द नगर के अर्थ मे प्रयुक्त होता था। उदाहरणार्थ—तैत्तिरीयसहिता मे नगर शब्द का उल्लेख पुर के अर्थ मे ही हुआ है।[२] 'पुर' शब्द का उल्लेख तैत्तिरीयब्राह्मण[३], ऐतरेयब्राह्मण[४] और शतपथब्राह्मण[५] मे मिलता है। पिशेल के अनुसार प्राकार एवं परिखा से परिवेष्ठित नगर 'पुर' कहलाता था।[६] उल्लिखित पुर के विन्यास के लिए विभिन्न ग्रन्थो में नगर-निवेशन, नगर-स्थापन, नगर-विन्यास, नगर-विनिवेश, पुर-निवेशन, पुरस्थापन, नगर-करण और नगर-मापन जैसे अन्य शब्दों का प्रयोग किया गया है।[७] हिन्दी-विश्वकोश मे 'पुरनिवेश या नगरनियोजन नगरों, कस्बो और गांवों के प्रसार का, विशेषकर उनमें भवन-निर्माण हेतु भूमि के और संचरण व्यवस्था के

---

१ देखिए—'श्रमण', नव०-दिस० अंक, १९६७, पृ० ४७–४९ पर लेखक का लेख.

२. नैतमृषि विदित्वा नगरं प्रविशेत—तैत्तिरीयसंहिता, १.२ १८.३१ ४.

३. तैत्तिरीयब्राह्मण, १.७.७५

४. ऐतरेयब्राह्मण, १ २३.२.११.

५. शतपथब्राह्मण, ३ ४.४.३.

६. वेदिक इण्डेक्स, भाग १, पृ० ५३९.

७. डा० हृदयनारायण राय, प्राचीन भारत में नगर तथा नगर-जीवन, पृ० २३१.

विकास का, नियोजन करने के लिये सामयिक गतिविधि' को कहा गया है।[1] भारतीय वास्तु वाङ्मय में विश्वकर्मीयशिल्प, मानसार, मयमत और समरांगणसूत्रधार जैसे प्रतिष्ठित ग्रन्थो मे इस विषय पर सविस्तार प्रकाश डाला गया है।[2] आदिपुराण मे नगर उसे कहा गया है जिसमे परिखा, गोपुर, अटारी और प्राकारमण्डित नाना प्रकार के भवन हो, जो जलाशय और उद्यान से युक्त हो। पानी निकालने के लिए नालिया भी जहाँ बनी हो।[3]

पुरविन्यास के लिए योग्य शिल्पियो द्वारा योजना प्रस्तुत कराई जाती थी। उसी पूर्वनिर्धारित योजना के अनुसार पुरविन्यास का कार्य पूर्ण किया जाता था। डा० उदयनारायण राय ने 'प्राचीन भारत मे नगर तथा नगर-जीवन' नामक अपने शोध-प्रबन्ध मे पुरविन्यास सम्बन्धी महत्त्वपूर्ण तथ्य उद्घाटित किए हैं। उनके अनुसार पुरविन्यास की संक्षिप्त योजना इस प्रकार कार्यान्वित होती थी.

१. **भूपरीक्षा** किसी भी नगर के निर्माण के पूर्व भूमि का निर्धारण करना आवश्यक था। भूमि के चुनाव मे प्राचीन विशेषज्ञो के विचारो को महत्त्व दिया जाता था। अनेक ग्रन्थो मे नदियो के संगम पर अथवा नदियो के तट पर या पर्वत के पास पुर का बसाना उत्तम माना गया है।

२. **बलिकर्मविधान** · भूमि का निर्धारण करने के बाद उसके शोधन का कार्य किया जाता था। भूमि-शुद्धिकरण के लिये पूजा चढ़ाई जाती थी जिसे 'बलिकर्मविधान' की संज्ञा दी गई। एक प्रकार का भूमि पर अनुष्ठान होता था जिसके बाद भूमि शुद्ध मान ली जाती थी और सम्राट विभिन्न वस्तुएं दान करता था।

---

१. हिन्दी विश्व-कोश, भाग ७, पृ० २४३

२. वही

३. परिखागोपुराट्टालवप्राकारमण्डितम्।
नानाभवनविन्यासं सोद्यानं सजलाशयम्॥
पुरमेवविधं शस्तमुचितोद्देशसुस्थितम्।
पूर्वोत्तरप्लवाम्भस्कं प्रधानपुरुषोचितम्॥ —आदिपुराण, १६ १६९-७०.

३. **नगर-चिह्न** : भूमि-शोधन क्रिया के बाद नगर के विभिन्न भागो परिखा, प्राकार, दुर्ग, राजपथ तथा अन्य स्थानो—भवनो की निर्माणयोजना के अनुसार भूमि पर धातुनिर्मित कीलों को गाड़ दिया जाता था और उन्हे मजबूत धागो से एक-दूसरे के साथ बाध दिया जाता था। इस प्रकार सभी स्थान निर्दिष्ट कर दिये जाते थे।

४. **सुरक्षा के साधन** : नगर-नियोजन के पूर्व उसकी सुरक्षा का प्रबन्ध कर लिया जाता था। ये साधन दो प्रकार के होते थे : १ प्राकृतिक—नदो, पर्वत आदि, २ कृत्रिम—परिखा, प्राकार आदि। सर्वप्रथम परिखा का निर्माण किया जाता था। परिखा से निकलने वाली मिट्टी द्वारा ही वप्र का निर्माण किया जाता था और इस पर विषैले-कटीले पौधे लगा दिये जाते थे। परिखा ३ प्रकार की—जलपरिखा, रिक्त-परिखा और पंकपरिखा होती थी।

५. **प्राकार** : परिखा के बाद जो वप्र होता था उसी के ऊपर पर-कोटा या चहारदीवारी बनाई जाती थी। यह नगर की सुरक्षा का अभेद्य साधन माना जाता था। प्राकार की सख्या बड़े-बड़े नगरो की एकाधिक भी होती थी। इन प्राकारो पर चारो दिशाओ मे बुर्ज भी बनाये जाते थे।

६. **गोपुर** : नगर के प्राकार मे जो द्वार होते थे उन्हे गोपुर कहा जाता था। इन द्वारो की सख्या भिन्न-भिन्न प्रकार से मानी गई है। परन्तु सभी में ४ प्रधान द्वार होते थे जिनमे मजबूत फाटक लगे होते थे।

७. **नगरो का आकार** : नगरों के चौकोर, आयताकार, वृक्षाकार, समानान्तर चतुर्भुजाकार, अर्धचन्द्राकार, भुजगाकार और त्रिभुजाकार होने का प्राचीन ग्रन्थो में उल्लेख मिलता है।

८. **राजमार्गो का निर्माण** : परिखा आदि के निर्माण के पश्चात् राजमार्गो का निर्माण किया जाता था। इसका उद्देश्य यह रहता था कि भवनो के निर्माण को यदि पहले किया जाता तो राजपथो का कम चौडा होना या टेढे-मेढे होना सम्भावित था। ये राजमार्ग नगरो के आकार, आबादी के हिसाब से तथा सुरक्षा की दृष्टि से बनाये जाते थे। राजमार्गो के साथ ही छोटे-छोटे मार्ग भी बनाये जाते थे। ये जहा एक-दूसरे को काटते थे वहां चौराहे बनते थे।

९. हाट : राजमार्गों के किनारे-किनारे हाटों का निर्माण किया जाता था। इन हाटों की सख्या नगरो के छोटे-बडे होने के हिसाब से होती थी।

१०. पुरभूमि का वितरण : राजमार्गों के बाद राजप्रासाद, उच्चाधिकारियो के निवास-स्थान एवं अन्य नागरिको तथा कर्मचारियो के भवनो के लिए भूमि का वितरण किया जाता था। और तब इन सबका निर्माणकार्य किया जाता था।

उक्त विधि से नगर-नियोजन होता था। नगर-सन्निवेश की विभिन्नता थी। नगरों का विभाजन राजधानी, पत्तन, द्रोणमुख, पुटभेदन, निगम, स्थानीय, खर्वट और खेट के रूप मे मिलता है।

आचार्य रुद्रट का 'पुर के समान कथाविन्यास' के होने का कथन पुरविन्यास और कथाविन्यास के तुलनात्मक अध्ययन से अधिक स्पष्ट हो सकेगा। पुरविन्यास के लिए पहले योजना बनाई जाती है। ठीक इसी तरह किसी कथा को रचना के पूर्व रचनाकार अवश्य ही अपनी कथा का प्रारूप अथवा विषय-प्रारूप निर्धारित करता है। पूर्व नियोजन के सम्बन्ध में रचनाकार को रचना के पूर्व उसका नियोजन किसी-न-किसी रूप मे अनिवार्य होता है। इस प्रकार पूर्व नियोजन सम्बन्धो सिद्धान्त मे कथाविन्यास और पुरविन्यास मे समानता देखी जाती है।

द्वितीय बात पुरविन्यास मे भूमिपरीक्षा की आती है अर्थात् यह देखा जाता है कि किस स्थान पर नगर-नियोजन किया जाये जो प्रत्येक दृष्टि से उपयुक्त हो। इधर कथाविन्यास मे कथाकार प्रथम अपना 'प्लाट' कथानक खोजता है। वह अपने मनोनुकूल और युगानुरूप विषय चुनता है। 'प्लाट' शब्द भूमिखंड और कथावस्तु दोनो के लिए आज भी समान रूप से प्रयुक्त होता है। पुन पुरविन्यास की भूपरीक्षोपरान्त भूमि-शोधन का पूजा-कार्य किया जाता है जिससे निर्माणकार्य निर्विघ्न सम्पन्न हो। कथा-विन्यास के अन्तर्गत मगलाचरण-स्तुति आदि इसी विधि के समान हैं। कथा की निर्विघ्न पूर्णता के लिए ही ऐसा किया जाता है।

पुरविन्यास मे नगर-चिह्न बना लिये जाते हैं। कथाविन्यास मे भी कथा को कई भागो मे विभक्त देखा जाता है। किस परिच्छेद, अश या

अध्याय मे क्या रहेगा उसी के अनुसार रचनाकार उसे चित्रांकित करता है। नगर-निर्माण में सुरक्षा के साधन के रूप मे परिखा, प्राकार आदि की रचना होती है तो कथा को सुगठित बनाने के लिए कथानक की सीमा-रेखाए तै कर ली जाती हैं। नगरो मे प्रवेशद्वार, गोपुर आदि होते हैं तो कथाओ में परिच्छेद और अध्यायादि होते हैं। कथानक मे प्रवेश करने के लिये इन्ही परिच्छेदो या खण्डो को जानकर ही आगे का प्रवेश सुगम्य होता है। नगरो का सौन्दर्य वहाँ के उद्यानों, सरोवरों, चित्रशालाओं एवं हाटो आदि के सुन्दर निर्माण पर आधारित होता है। श्रेष्ठ कथानको मे उक्त वस्तुओ के सरस वर्णनो से कथानक की शोभा बढती है। आचार्य रुद्रट की परिभाषा विवेच्य प्रेमाख्यानको पर कही पूर्णरूप से और कही अधिकाशरूप से लागू होती है। यह बात पुर-विन्यास और कथाविन्यास के तुलनात्मक अध्ययन को दृष्टि मे रखकर प्रमाणित सिद्ध होती है। इतना ही नही अपितु नगरो के नामकरण के समान ही कथाओ के नामकरण की परिपाटी भी हमारे सामने है। वाल्मीकि-रामायण के अनुसार अलम्बुषा नामक एक अप्सरा थी जिसके गर्भ से इक्ष्वाकु नामक एक परम धार्मिक एव पराक्रमी नरेश को विशाल नामक पुत्र उत्पन्न हुआ। इसी ने वैशाली नामक नगर की नीव डाली।[1] इसी तरह पाटलिपुत्र के नामकरण के सम्बन्ध मे किंवदन्ती है कि पाटलि वृक्ष के पुत्र के घर के चतुर्दिक इस नगर के बसने के कारण इसका नाम पाटलिपुत्र पड़ गया।[2] वरुणा और अस्सी नदियो के तट पर बसने के कारण वाराणसी नाम पड़ा। पुराणो के अनुसार निमि के पुत्र मिथि के नाम के आधार पर मिथिला नाम पडा।[3] कहने का तात्पर्य यह कि नगरो के नाम श्रेष्ठ व्यक्तियो, नदियो, पर्वतो आदि के नाम पर रखे जाते थे। इसी प्रकार हम कथाओ के नामकरण को भी देख सकते हैं। पूर्व विवेचित अपभ्रंश कथाकाव्यों के नामो से स्वत प्रमाणित हो जाता है कि उनका नामकरण कथा के प्रधान नायक, नायिका अथवा विषय के आधार पर किया जाता था। यदि नागकुमारचरित नामक

---

१ डा० उदयनारायण राय, प्राचीन भारत में नगर तथा नगर-जीवन, पृ० १४०.

२ वही, पृ० १५०.

३ वही, पृ० १७९.

कथाकाव्य है तो उसमे मूलकथा नागकुमार को लेकर ही चलेगी। करकंडुचरिउ नाम है तो उसमे उसी व्यक्तित्व का चरित्रांकन मिलेगा। ठीक यही पद्धति हिन्दी प्रेमाख्यानको ने स्वीकार की और कथा के नायक या नायिका अथवा दोनो के नाम पर ही काव्य का नाम रखा। उदाहरणार्थ—मधुमालती, मृगावती, चन्दायन, माधवानल-कामकन्दला, छिताईवार्ता, कनकावली, पुहुपावती, लैला-मजनूँ आदि।

कथाकाव्यो के चरित्र

अपभ्रश कथाकाव्यो मे अधिकांश रचनाए चरितसंज्ञक ही है। उनमे चरितनायको के चरित्र को उत्तम कोटि का सिद्ध करने के लिए कथाकारो ने अपनी प्रतिभा का पूर्ण सदुपयोग किया है। सम्भवत इसका मूल कारण अपभ्र श रचनाकारो की धार्मिक भावना रही है। चूकि अपभ्रश के कथाकाव्यो मे प्राय जैन शलाकापुरुषो मे से ही किसी के चरित को कथा का विषय बनाया गया है। दूसरी बात यह कि रचनाकार उत्कृष्ट कोटि के चरित्रो के माध्यम से समाज मे अच्छे चरित्रो के निर्माण की भी अपेक्षा रखता है। प्राय अपभ्रश काव्यो मे चरित नायक अथवा प्रधान पात्र के अतिरिक्त अन्य प्रासगिक पात्रो के चरित्र पर विशेष दृष्टि नही रखी गई। सस्कृत के काव्य अपभ्रंश काव्यो से चरित्र-चित्रण की दृष्टि से भिन्न प्रारूप मे रचे गए। चरित्र-चित्रण की अपेक्षा सस्कृत काव्यो मे रस-अलंकारो का विशेष ध्यान रखा गया। हिन्दी प्रेमाख्यानको की चरित्र-चित्रण की पद्धति पर अपभ्रश कथाकाव्यो का प्रभाव पडा।

अपभ्रश काव्यो मे कुछ पात्र ऐतिहासिक और कुछ काल्पनिक चुने जाते रहे। ऐतिहासिक और काल्पनिक कथाओ का मिश्रण करके कथाओ का न्यास किया जाता था। इस परम्परा का भी हिन्दी प्रेमाख्यानको मे पालन किया गया। कौतूहलकृत लीलावतीकथा का नायक सालिवाहन ऐतिहासिक व्यक्ति है। कवि ने कथा की नायिका लीलावती को सिंहल की राजकुमारी के रूप मे अकित किया है। हर्ष (सातवी शती) ने अपनी रत्नावली नाटिका मे रत्नावली को सिंहल की राजकुमारी बताया है।[1]

---

१ रत्नावली नाटिका, अक ४

करकडुचरिउ मे करकंडु भी सिंहल की राजकुमारी रतिवेगा से विवाह करता है। कहने का तात्पर्य यह कि उन दिनो सिंहल प्रदेश की स्त्रियो के सौन्दर्य की निजधरी कथाए प्रचलित थी। हिन्दी प्रेमाख्यानक पदमावत का ऐतिहासिक नायक रतनसेन भी सिंहल की पद्मिनी के वियोग मे मारा-मारा फिरता है। सिंहल की राजकुमारियो को लेकर हिन्दी-प्रेमाख्यानको से पूर्व अनेक रचनाए हुईं।

चरित्रों की मुख्य विशेषताएं

नायको के चरित्र को ऊचा उठाने के लिए नायक को अतिशय पराक्रमी सिद्ध किया जाता है। जो कार्य कोई व्यक्ति कठिनाई से भी नही कर सकता उसे इन कथाओ का नायक निमेप मात्र मे कर डालता है। प्राय. हो अपभ्रंश कथानायको के चरित्र मे यह अभूतपूर्व प्रतिभा दिखाई पडती है। करकडुचरिउ मे करकडु सिंहल से रतिवेगा के साथ समुद्री मार्ग से लौट रहा था तो एक भीमकाय मच्छ ने उनकी नौका पर आक्रमण किया। करकडु मल्ल-गाठ बांधकर समुद्र मे कूद पड़ा और मच्छ को मार डाला। इसी प्रकार णायकुमारचरिउ मे एक मदोन्मत्त हाथी को (जो किसी के वश मे नही आ रहा था) नागकुमार ने पलभर मे मार गिराया। यह सब नायक को पराक्रमी सिद्ध करने के लिए किया जाता था। यही बात हिन्दी प्रेमाख्यानको के नायको के चरित्र मे देखने को मिल जायेगी। किसी मे नायक को राक्षस को परास्त करना पडता है तो किसी मे योगी वेश धारण कर भटकना पड़ता है। कहने का तात्पर्य यह कि अपभ्रंश के-काव्यो मे नायको के चरित्रोत्थान के लिए जो प्रक्रियाएं अपनाई गई है ठीक वे ही अथवा उनसे मिलती-जुलती बाते हिन्दी प्रेमाख्यानको के पात्र-पात्राओ के चरित्र मे देखने को मिल जाती हैं।

अपभ्रंश चरितनायको मे एक विशेषता और पाई जाती है वह यह कि वे एकाधिक नारियो से परिणय करते हैं। कही-कही वे कुमारियो द्वारा बाध्य कर दिये जाते हैं जिससे उन्हे परिणय के बाद ही मुक्ति मिलती है। जैसे करकडु ने समुद्र मे मच्छ को तो मार डाला परन्तु उसे एक विद्याधरी हरण करके ले गई। जब उसने उससे परिणय कर लिया तब करकडु उसको साथ लेकर रतिवेगा से मिल सका। इसी प्रकार भविसयत्तकहा मे कथा का नायक प्रथम शादी एक सुनसान नगर मे

स्थित अतीव सुन्दर कन्या से करता है। पुन· गजपुर के राजा की युद्ध मे सहायता करता है। विजयी होने पर राजा सुमित्रा नामक अपनी कन्या से भविष्यदत्त का विवाह कर देता है। णायकुमारचरिउ का नायक नागकुमार चौदह कुमारियो का विभिन्न स्थितियो मे वरण करता है। प्राय· ही यह अपभ्रंश काव्यो के नायको की चरित्रगत विशेषता है। इन सब मे नायक सब कुछ अपनी असाधारण शक्ति द्वारा ही प्राप्त करता है। हिन्दी प्रेमाख्यानको के नायको मे भी बहुविवाह की बात देखने मे आती है। दामोकृत लखमसेन-पद्मावती कथा का नायक दो विवाह करता है। मधुमालती कथा मे नृपति कवर कर्ण और पद्मावती की अन्तर कथा आती है, उसमे कर्ण को ६१ शादिया करते दिखाया गया है। इसी प्रकार रसरतन, चन्दायन आदि के नायको को भी एकाधिक रानिया थी। अपभ्रंश कथाकाव्यो के नायको की भाति ही हिन्दी प्रेमाख्यानको मे भी नायको के चरित्र का विकास दिखाया जाता है।

कथोद्देश्य

कथोद्देश्य की दृष्टि से अपभ्रंश एव हिन्दी प्रेमाख्यानको मे समानता दृष्टिगत होती है। सर्वालकारविभूषित राज्यकन्या की प्राप्ति सस्कृत कथाओ का ही उद्देश्य नही था बल्कि अपभ्रंश और हिन्दी मे भी इसे एक महत्त्वपूर्ण कथोद्देश्य माना गया। हिन्दी कवियो की प्रेमकथाओ मे सिंहल की पद्मिनी का अनिर्वचनीय आकर्षण बार-बार चित्रित हुआ है। जायसी के पदमावत मे पद्मावती को सिंहल की राजकुमारी बताया गया है। सिंहल की राजकुमारियो को लेकर कथानक गढ़ने की प्रथा रूढ हो चुकी थी। कौतूहलकृत लीलावईकहा, भविसयत्तकहा, करकडुचरिउ, जिनदत्तचरित आदि मे सिंहल की राजकुमारियो को लेकर कथाएं मिलती है। अपभ्रंश कथाकाव्यो एव हिन्दी प्रेमाख्यानको के कथानको मे भावसाम्य तो प्राय देखा जाता है। अपभ्रंश प्रेमाख्यानको मे कन्याप्राप्ति के फल के अतिरिक्त कुछ और भी लक्ष्य है। अर्थात् काव्य की समाप्ति नायक को कन्याप्राप्ति कराने के बाद ही नही कर दी जाती। इस बात मे अपभ्रंश के काव्यो ने संस्कृत लक्षणकारो की मान्यताओ का पालन नहीं किया। जैसा कि अपभ्रंश कथाकारो पर आरोप किया जाता रहा है कि वे साम्प्रदायिक भावनाओ के वशीभूत थे और धर्मविशेष के प्रचार के लिए काव्य लिखते थे। किसी हद तक बात सच हो सकती है

परन्तु अपभ्रंश कथाओं में प्रेमाख्यानकों का होना सिद्ध है, साथ ही कन्याप्राप्ति का फलरूप भी विद्यमान है। मनुष्य के लिए इसके आगे भी कुछ करना रहता है, यह भारतीय दर्शन है। इसी भारतीय दर्शन के अनुसार उन काव्यों में नायक को सांसारिक मौज-मस्ती ले लेने के बाद किसी मुनि के सदुपदेश से धर्म की मान्यताओं के अनुसार मोक्ष अथवा स्वर्गादि पारलौकिक गति प्रदान कराई जाती है। यही उनका कथोद्देश्य हो जाता है। संस्कृत कथाएं प्राय. उस भारत की उपज हैं जो विदेशी आक्रमणों से सुरक्षित समृद्धि और निश्चिन्तता में जी रहा था। अपभ्रंश और हिन्दी के प्रेमाख्यानों में यदि इस लोक के सुख के अलावा कुछ और भी चित्रित हुआ तो इसे हम तत्कालीन परिवेश की बाध्यता तथा धार्मिक आन्दोलनों का परिणाम मान सकते हैं। हिन्दी प्रेमाख्यानकों पर इस प्रवृत्ति का पूरा प्रभाव पड़ा। सूफी काव्य तो आध्यात्मिक उद्देश्य से लिखे ही गए, संस्कृत परम्परा का अनुसरण करने वाले हिन्दी प्रेमाख्यानों में भी जीवन के चतुर्थ पुरुषार्थ 'मोक्ष' की कम चर्चा नहीं हुई। पुहकरकृत रसरतन में कथा का उद्देश्य कन्याफल के अतिरिक्त कुछ और भी दिखलाया गया है। पुहकर कहते हैं

पुहकर वेद पुरान मिल, कीनो यही विचार।
यहि संसार असार मे, राम नाम है सार॥ ३५०॥

वैरागर वैराग वपु, हीरा हित हरिनाम।
प्रीत जोत जिय जगमगै, हरै त्रिविध तन तापु॥ ३५१॥

सत संगति सत बुद्धि उर, विष घरनी संग लाय।
ज्ञान वान प्रस्थान करि, तजै विषै सुखपाय॥ ३५२॥

ताते तत्व लहै मुकर, सूझ देख मन मांहि।
कोई तेरे काम नहि, तू काहू को नांहि॥ ३५३॥

परधन पर दारा रहित, पर पीरहि मन लाय।
काम क्रोध मद लोभ तज, विजय निसान बजाय॥ ३५४॥

पुहकर भव सागर गरुव, निपट गहिर गंभीर।
राम नाम नौका चढ़े, हरिजन लागै तीर॥ ३५५॥

रसरतन के रचयिता ने विशुद्ध एव उत्कृष्ट कोटि के भारतीय प्रेमाख्यान की रचना की। अन्त में उन्होंने सूरसेन (कथानायक) को

सांसारिक सुखो से वैराग्योत्पादन के लिए वैरागर खड (वैराग्य खड) की ही रचना कर दी। इसका कारण यही था कि वे कथा का अन्तिम लक्ष्य कन्याप्राप्ति ही नही मानते थे। अतएव कथानायक सूरसेन को जब यह पता चलता है कि ·

जगत अनित्य कर्म ही नीरा।
केवल विमल नामु हरि हीरा॥
कामिनि कनक और हय हाथी।
ये तो नहीं संग के साथी॥ ३२९॥

सुकृत संग और नहिं कोई।
क्यो नहिं भजन हरी तिहिं सोई॥
ममता चित्त करौ जिन कोई।
है प्रभु और न दूजौ होई॥ ३३०॥

मुक्ति संग है और न कोई।
क्यों न भजे हरि से हितु होई॥
कलि प्रतिपाल बाल सुत दारा।
मनो ग्वाल गोचारन हारा॥ ३३४॥

तभी सूरसेन को वैराग्य उत्पन्न हो जाता है

सुनत सूर उपज्यौ वैरागा।
विष्णु भक्ति बाढ़ौ अनुरागा॥
सब संपति तह त्रिन कर जानी।
विष्णुभक्ति निश्चय उर आनी॥

इसके बाद वे अपना सारा राज्य पुत्रो को सौपकर काशीवास करने के लिए चले जाते हैं ·

सुंदर सूर सुबुद्धि उदारा। गोरख ज्ञान सैनिक अवतारा॥
काशीवास कियो तिन जाई। इतनी कथा सुकवि गुन गाई॥३४३॥

साराश यह कि कथोद्देश्य की दृष्टि से भी यह नही कहा जा सकता कि हिन्दी प्रेमाख्यानक अपभ्रश कथाकाव्यो के प्रभाव से मुक्त रहे।

वस्तु-वर्णन

वस्तु-वर्णन काव्य का प्रधान अग है। कथानक की शोभा वस्तु-वर्णन के सफल चित्रण पर निर्भर करती है। वस्तु-वर्णन के अन्तर्गत आने वाले तत्त्वो के विषय मे प्रबन्ध के तृतीय अध्याय में विचार किया जा चुका है। यहाँ तुलनात्मक दृष्टि से विचार किया जा रहा है। कथा मे प्रमुख स्थलो अथवा नगरविशेष का वर्णन आवश्यक होता है। अपभ्रश काव्यो की इस परम्परा का हिन्दी प्रेमाख्यानको ने अनुकरण किया।

नगर-वर्णन

अपभ्रश कथाकाव्य करकंडुचरिउ मे चम्पानगरी का वर्णन इस प्रकार किया गया है

तहि देसि रवण्णइं धणकणपुण्णइंअत्थि णयरि सुमणोहरिय।
जणणयणपियारी महियलि सारी चंपा णामइं गुणभरिय॥

जा वेढिय परिहाजलभरेण।
णं मेइणि रेहइ सायरेण॥
उत्तुंगधवलकउसीसएहिं ।
णं सग्गु छिवइ बाहूसएहि॥

अर्थात् उस रमणीक देश मे धन-धान्य से पूर्ण आकर्षक चम्पानगरी थी, जो लोगों की आँखो को प्रिय लगती थी और इस महीतल पर सभी गुणो से युक्त थी। वह चारों ओर से जल-परिखा से घिरी हुई थी तथा ऐसी लगती थी मानो पृथ्वी समुद्र से घिरी हो। गगनचुम्बी धवल शिखर आकाश को छूती हुई सैकडो बाहुओ के समान लगते थे और जहाँ जैन मन्दिर उत्तु ग खड़े शोभित हो रहे थे मानो निर्मल अभंग पुण्य-पुज हो। उन मदिरो पर रेशमी वस्त्रों की झडियाँ लहलहा रही थी। ऐसा लगता था मानो आकाश मे श्वेत सर्प लहरा रहे हो :

जिण मंदिर रेहहिं जाहिं तुंग।
णं पुण्णपुंज णिम्मल अहंग॥
कोसेयपडायउ घरि लुलंति।
णं सेयसप्प णहि सलवलंति॥१.३-४.

पुहकरकृत रसरतन मे भी चंपावती नगरी का वर्णन आया है। बहुत कुछ विशेषताएँ और स्थिति करकडुचरिउ की चंपानगरी से मिलती-जुलती है। रसरतन की चपावती नगरी की भौगोलिक स्थिति इस प्रकार है ·

गुज्जर नगर उदधि के तीरा। अचवहिं कूप सरोवर नीरा॥
नगर अनूप रम्य सुषदाई। मनौ अवनि अमरावति आई॥
—चपा० खड, ८, पृ० १३२

करकंडुचरिउ की चंपानगरी सुमनोहर है और रसरतन की चंपा-नगरी भी चित्त को हरने वाली है

नागर चतुर सुजान नगर भाव देष्यो तहां।
मन जान्यौ उन्मान चित्त हरन चंपावती॥
—वही, २०, पृ० १४०.

यह नगरी भी अनेक गुणो से युक्त है ·

उपवन सुंदर सुखद अनूपा। गुन गाहक सोभित सब कूपा॥
—वही, ९१

वहाँ जिनमंदिर की शोभा का वर्णन है तो रसरतन मे शंकरजी के मन्दिर की

थंभ सौपन्न मुत्ती झलक्कै। देषि गंधर्प मुनि देव थक्कै॥
उच्च उत्तंग सोभा न आवै। सिषिर कैलास उपमान पावै॥
नमंडियौ नाद गंधार सोहै। हरत षल पास जब नैन जोहै॥
—वही, १५६-५७, पृ० १४५

द्वीप-वर्णन

करकंडुचरिउ के सिंहल-द्वीपवर्णन को तुलना जायसीकृत पदमावत मे वर्णित सिंहल-द्वीपवर्णन से की जा सकती है। वर्णन-परिपाटी एक ही है परन्तु विस्तार मे अन्तर आ जाना स्वाभाविक है। करकंडुचरिउ मे सिंहल-द्वीपवर्णन इस प्रकार है.

ता एक्कहिं दिणि करकंडएण।
पुणु दिण्णु पयाणउ तुरियएण॥
गउ सिंहलदीवहो णिवसमाणु।

करकंडु णराहिउ णरपहाणु ॥
जहिं पाउलपिल्लइं मणु हरंति ।
सुर खेयर किंणर जहिं रमंति ॥

गयलीलइं महिलउ जहिं चलंति ।
णियरूवें रइरूउ वि खलंति ॥
जहिं देक्खिवि लोयहं तणउ भोउ ।
वीसरियउ देवहं देवलोउ ॥

आवासिउ णयरहो वहिपएसे ।
अरिसंक पवड्ढिय तहिं जि देसे ॥
आवासु मुएवि सहयरसमेउ ।
करकंडु गयउ रमणिहिं अमेउ ॥

तहिं गरुवउ सवणसएहिं भरिउ ।
णं कप्पवच्छु देवेहिं धरिउ ॥
दलवंतहिं पत्तहिं परियरिउ ।
वडु दिट्ठु राएं समु वित्थरिउ ॥

घत्ता—करकंडें पेक्खिवि तहो वडहो दीहइं सुट्ठु सुकोमलइं ।
ता लेविणु गुलिया धणुहडिया विद्धाइं असेसइं सद्दलइं ॥

—वही, ७ ५. पृ० ६४

अर्थात् एक दिन करकंडु ने (सिंहलद्वीप) शीघ्र प्रस्थान करने की आज्ञा दी। नराधिप करकंडु अपने परिकर के बीच विराम लेता हुआ सिंहलद्वीप पहुँचा। जहाँ पर (सिंहलद्वीप मे) लाल बत्तखे (पक्षी विशेष) मन को लुभा रही थी, सुर, खेचर और किन्नर क्रीड़ारत थे। जहाँ की स्त्रियाँ गजगामिनी थी और अपने रूप-सौन्दर्य से रति के रूप को भी फीका कर रही थी। जहाँ पर तरुणो के भोग-विलास को देखकर देवताओं को देवलोक विस्मृत हो जाता था। नगर के बाहर उसने पड़ाव डाला जिससे उस नगर के लोगो को शत्रु की शका हो गई। अपने आवास को छोड़कर करकंडु अपने साथियो के साथ क्रीडा करने के लिए बाहर गया। वहाँ करकंडु ने एक विशाल बरगद का वृक्ष देखा जिस पर सैकड़ो पक्षी बैठे थे, ऐसा लगता था मानो देवताओ से रक्षित कल्पतरु हो जोकि घनी पत्तियों से युक्त था। अधिक एवं कोमल पत्तियो को

देखकर करकंडु ने अपनी कमान से छोटी-छोटी गोलिया मारनी शुरू की और उसे पत्रहीन कर दिया।

पहले लिखा जा चुका है कि जायसी ने भी सिंहलद्वीप को श्रेष्ठतम द्वीप कहा है। यदि जायसी के वर्णन और इसकी तुलना करे तो लगेगा कि जायसी ने उसी पैटर्न पर सिंहल-द्वीप का वर्णन किया है। जायसी को सिंहलद्वीप के समान अन्य कोई द्वीप नही मिला।[1]

सब संसार परथमै आए सातौं दीप।
एकौ दीप न उत्तिम सिंघल दीप समीप॥

—पदमावत, पृ० २५

भविसयत्तकहा मे एक नगर का वर्णन इस प्रकार किया है.

तहिं गयउरु णाउं पट्टणु जणजणियच्छरिउ।
णं गयणु मुएवि सग्गखंडु महि अवयरिउ॥ १५

अर्थात् वहाँ गजपुर नाम का नगर है जिसने मनुष्यो को आश्चर्य मे डाल दिया है। मानो गगन को छोड़कर स्वर्ग का एक खड पृथ्वी पर उतर आया हो।

स्वयभू कवि ने अपने महाकाव्य में महेन्द्रनगर का जो वर्णन किया है उसकी तुलना जायसी के सिंहलनगर-वर्णन से की जा सकती है। स्वयभू के महेन्द्रनगर का वर्णन

गयणंगणे थिएण, विज्जाहर-पवरणरिन्दहो।
णाइ स-णिच्चरेण, अवलोइउ णयरु महिंदहो॥११॥
चउ-दुवारु चउ-गोअरु चउ-पायारु-पंडरं।
गयण-लग्ग पवणाहय-धयमालाउरं पुरं।
गिरि-म्महिन्द-सिहरे रमाउले।
रिद्धि-विद्ध-धण-धण्ण-संकुले।
तं णिएवि हणुयेण चिंतियं।
सुरपुरं किमिंदेण धत्तियं॥

—स्वयंभूरामायण, ४६.१-२

---

१ पदमावत, संपा०—वा० श० अग्रवाल, सिंहल-द्वीप-वर्णन, पृ० २५.

इस ऋद्धि-वृद्धि और धन-धान्य से पूर्ण तथा गगनचुम्बी द्वार-प्राकार और गोपुरों पर पवन से लहलहाती ध्वजाओ वाले महेन्द्रनगर को देखकर हनुमान जी सोचने लगते हैं कि क्या यह इन्द्र का देवलोक है ? ठीक इसी प्रकार जायसी ने भी सिंहलनगर का वर्णन करते हुए उसके ऊँचे भवनो एव निवासियो के सुख-समृद्धिपूर्ण होने के साथ ही उसे 'इन्द्रासनपुरी' अर्थात् अमरावती के समान सुन्दर कहा है :

सिंघल नगर देखु पुनि वसा । धनि राजा असि जाकरि दसा ॥
ऊँची पंवरी ऊंच अवासा । जनु कबिलास इन्द्र कर बासा ॥
राऊ रांक सब घर घर सुखी । जो देखिअ सो हंसता मुखी ॥
रचि रचि राखे चंदन चौरा । पोते अगर मेद औ केवरा ॥
सब चौपारिन्ह चंदन खंभा । ओठंघि सभापति बैठे सभा ॥
जनहु सभा देवतन्ह कै जुरी । परी द्रिस्टि इन्द्रासन पुरी ॥

—पदमावत, पृ० ३६

सरोवर-वर्णन

अपभ्रंश काव्यो मे वस्तुवर्णन के अन्तर्गत सरोवरो का सजीव चित्रण किया गया है। करकंडुचरिउ में सरोवर का चित्रण करते हुए चरितकार कहता है कि तालाब के समीप चिड़ियो की चहचहाहट से लगता है मानो वह अपने समीप बुला रहा हो, जलकुजर अपनी सूंड मे पानी भर-भरकर घड़े की तरह उड़ेल रहे हैं जैसे प्यासे प्राणियो को पानी दे रहे हो, ऊपर निकले हुए कमलदंडो से वह गर्व करता हुआ प्रतीत होता है, उछलती हुई मछलियाँ जैसे उसकी उद्घोषणा हो, शुभ्र फेन के बुलबुलो से वह हसता हुआ सा प्रतीत होता है, विविध पक्षियो से नाचता हुआ, भ्रमरावलि के गुंजन से गाता हुआ और पवन से आदोलित होने के कारण दौड़ता हुआ सा प्रतीत होता है :

जलकुंभिकुंभकुंभइं धरंतु तणुहाउरजीवहं सुहु करंतु ।
उद्दंडणलिणिउण्णइ वहंतु उच्छल्लियमीणहिं मणु कहंतु ।
डिंडीरपिंडरयणहिं हसंतुअइणिम्मलपउरगुणेहिं जंतु ।
पच्छण्णउवियसियपंकएहिं णच्चंतउ विविहविहंगएहिं ।

गायंतउ भमरावलिरवेण धावंतउ पवणाहयजलेण ।
ण सुयणु सुहावउ णयणइट्ठु जलभरिउ सरोवरु तेहिं दिट्ठु ॥
—करकडुचरिउ, ४ ७. ३--८

परवर्ती हिन्दी प्रेमाख्यानको मे नगर-वर्णन के अन्तर्गत सरोवरो का वर्णन अपने पूर्ववर्ती अपभ्रश काव्यो के समान है। छिताईवार्ता मे सरोवर का वर्णन इस प्रकार किया गया है

सोहै कमल कमोदिनि पान। भंवर बास रस भूलहिं न्यान ॥
निमसहिं हंस हंसिनी संग। भरे अनंद कुरंग कुलंग ॥
क्रीलति चकई चक्क चकोर। बन के जीव गुंजरहिं मोर ॥
ढैकि पंखि मटामरे घनै। जल कूकरी आरि अनगनै ॥
सारिस वग्ग हंस उनहारि। निमसहि पंखि सरोवर पारि ॥
पुरइनि कमल रहे जल छाइ। बहु फुलवारि रही महकाइ ॥
—छिताईवार्ता, पृ० ६३.

हिन्दी प्रेमाख्यानको मे वस्तुवर्णन के अन्तर्गत प्रबन्ध के तृतीय अध्याय मे सरोवरो का विवरण दिया गया है। वही यह स्पष्ट कर दिया है कि ये अपने पूर्ववर्ती वर्णन-परिपाटी से कितने अधिक प्रभावित हैं। सरोवर-वर्णन की प्रणाली मे कुछ रूढियो का अन्त तक पालन किया जाता रहा। जैसे कुछ सरोवरो के वर्णन मे जलचरो के नाम ही गिना दिए जाते थे। वर्णरत्नाकर और चन्दायन आदि के सरोवर-वर्णनो मे अद्भुत साम्य है। वर्णरत्नाकर मे सरोवर-वर्णन इस प्रकार है[1]

'शरतक चाँद अइ(स)न निर्म्म ·· सरोवर देषु। कमल, कोकनद, कल्हार, कुवलय, कुमुदते उपशोभित सौर, मिलिन्धि, सफरी प्रभृति अनेक ये मत्स्य तें वलवलायमान ·· हंस, कलहंस, सारस, सरालि, सिन्धु, कंकारी, कराल, कोयष्टि, कारण्डव, कुकुल, खएर, आंजन, मोरापालि, वक, पुण्डेरि, चक्रवाक प्रभृति अनेक जलचटक ते सुशोभन ··· ।'

उपर्युक्त सदर्भ मे 'चन्दायन' मे सरोवर-वर्णन मे आये जलचर जन्तुओ के नाम देखिए

---

१ वर्णरत्नाकर, सपा०—सुनीतिकुमार चटर्जी, पृ० ३९--४०

पैरहिं हंस मांछ बहिराहै। चकवा चकवी केरि कराहै॥
दबला ढेंक बैठ झरपाये। वगुलाबगुली सहरी खाये॥
बनलेउ सुवन घना जल छाये। अरु जलकुकुरी वर छाये॥
पसरी पुरई तूल मतूला। हरियर पात तइ रात फूला॥
पाँखी आइ देस कर परा। कार कंरजवा जलहर भरा॥

सारस कुरलहिं रात, नींद तिल एक न आवइ।
सबद सुहाव कान पर, जागहिं रैंन बिहावइ॥ २२॥

संस्कृत कथाकाव्यो एवं अपभ्रश के सरोवर वर्णनो मे रूढिगत साम्य तो है परन्तु संस्कृत काव्यो मे जो आलकारिक चित्रण किया गया है वह अपेक्षाकृत अधिक आकृष्ट करता है। उदाहरण के लिए कादम्वरी के पम्पा एव अच्छोद सरोवर का वर्णन इस प्रकार है :

'वह सरोवर ऐसा आभायुक्त था मानों पृथ्वी देवी ने अपने निवास के लिए स्फटिक का भूमिगृह रच रखा हो। वह ऐसा गभीर था मानों समुद्रो ने पाताल से ऊपर आने का मार्ग वनाया हो। वह क्षितिज के छोर तक फैला हुआ था मानो दिशाओ के भीतर से उनका रस चूकर एकत्र हो गया हो। वह इतना विस्तृत था मानों आकाश का अंशावतार हो। उसके जल की शुभ्रता ऐसी थी मानो रजताद्रि कैलाश ही द्रवित हो गया हो'। उसकी धवलता से ज्ञात होता था मानो शिव का अट्ट-हास ही जल बन गया हो।''''उसकी नीली आभा से ऐसा लगता था मानो वैदूर्य पर्वत सलिल के रूप मे दिखाई पड़ रहा हो। उसकी उज्ज्वलता ऐसी थी मानो शरदाकाश की मेघमाला गलकर पृथ्वी पर आ गई हो' '''। कही उसमे तरंगे उठ रही थीं। कही क्रौचवनिताएँ कलरव कर रही थी। कही धार्तराष्ट्र नामक पाण्डुवर्ण के हस पानी मे पंख फडफडा रहे थे। ''कही किनारे पर बैठकर मोर जल मे चोच डुबा रहे थे'। कही अनत शतपत्र और पुंडरीक खिले हुए थे जिन पर उडते हुए भ्रमरकुल सगीत की तान छेड रहे थे। कही क्रीडा के लिए आए हुए हाथी सूडो में जल भर कर उडेल रहे थे।'[1]

---

१ डा० वासुदेवशरण अग्रवाल, कादम्बरी . एक सांस्कृतिक अध्ययन, पृ० १३३–३४

जल-क्रीड़ा

निर्मल सरोवरों मे स्त्रियो की जलक्रीडा का चित्रण भी अपभ्रश काव्यो मे बेजोड़ किया गया है। कही-कही ऐसा भी देखा गया है कि जो राजा दिग्विजय करते थे वे विजित राजा की रानियो के साथ वापियो मे स्नान करते थे। कविवर पुष्पदन्त ने णायकुमारचरिउ मे स्त्रियो की जल-क्रीडा का जो वर्णन किया है वह बड़ा ही सजीव और स्वाभाविक बन पडा है :

गयणिवसण तणु जलेल्हिक्कावइ अद्ध मिल्लु का वि थणु दावइ।
पउमिणिदलजलबिंदु वि जोयइ का वि तहिं जि हारावलि ढोयइ।
का वि तरंगहिं तिवलिउ लक्खइ सारिच्छउ तहो सुहयहो अक्खइ।
काहे वि महुयरु परिमल वहलहो कमलु मुएवि जाइ मुह कमलहो।
सुहुमु जालोल्लु दिट्ठणहमग्गउ काहे वि अंबरु अगि विलग्गउ।
काहे वि उप्परियणु जले घोलइ पाणियछल्लि व लोउ णिहालइ॥

कोई स्त्री (लज्जावश) अपने वस्त्ररहित शरीर को जल मे छिपा रही है। कोई अर्धोन्मीलित स्तन को प्रदर्शित कर रही है। कोई हारावलि को धारण करती हुई जल बिन्दु युक्त पद्मिनी कमलिनी के समान लग रही है। कोई तरगो से त्रिवलियुक्त प्रतीत हो रही है। भ्रमर कमल को छोडकर किसी के मुख-कमल पर बैठ रहा है। किसी के शरीर पर भीगा वस्त्र चिपका हुआ है जो मेघ के समान प्रतीत हो रहा है। स्वयभू कवि ने भी जल-क्रीडा का चित्रण करते हुए लिखा है कि युवक-युवतिया जल-क्रीडा कर रहे हैं। वे देवताओ के समान स्नान करते हुए लीला कर रहे हैं। जल को हाथो से उछाल रहे हैं। मुरज-वाद्य आदि दिखाई पड रहे हैं। वे नाना प्रकार के गीत गा रहे हैं और भिन्न-भिन्न प्रकार की भगिमाएं बना रहे हैं आदि

तहं नर-नारि-जुवइ जल कीडइ। कीडंताइ एहंति सुरलीलइ॥
सलिलु करग्गह आप्फालंतइ। मुरय-वज्ज-धायव दरिसंतह॥
खलियहि वलियहि अहिणव-गेयहि। बद्धइ मुयक्खित्तिय तेयहिं॥
छंदेहिं तालिहिं वहुलय-भंगेहि। करुणुच्छेत्तिहि णाणा भंगेहि॥

चोक्खु स-रागउ, सिंगार-हार-दरिसावणु ।
पुप्फ-रज्जु-ज्झुवंत, जलकीडणउ सलक्खणु ।।

—स्वयंभूरामायण, २६.१४–१६.

हिन्दी प्रेमाख्यानको मे भी जलक्रीड़ा के प्रसंग प्राय. ही आये हैं। कुतुवनकृत मृगावती मे जलक्रीडा का स्वाभाविक वर्णन इस प्रकार है :

अभरन चीर उतार धरि, पैठी सवै अन्हाइ ।
ससिर नखन लै तारे, सरवर खेलै आइ ।।

चंचल चपल सुजान सुनारी । मिलि सहेलिन्हि खेलि धमारी ।।
कोड़ करींह कुमुदिनि सब तोरहि । विहंसहि हंसहि कंवलघट तोरींह ।।

—पृ० १५५

जायसो ने मानसरोदक खंड मे पद्मिनी बालाओ के सरोवर-स्नान का चित्रण इस प्रकार किया है .

धरीं तीर सब छीपक सारी । सरवर मंह पैठी सब बारी ।।
पाएं नीर जानु सब बेलीं । हुलसी करींह काम कै केलीं ।।

—पृ० ६२.

लागी केलि करै मझ नीरा । हस लजाइ बैठ होइ तीरा ।।
पदुमावति कौतुक करि राखी । तुम्ह ससि होहु तराइन साखी ।।
बादि मेलि कै खेल पसारा । हारु देइ जौ खेलत हारा ।।
सँवरहि सावरि गोरिहिं गोरी । आपनि आपनि लीन्हि सो जोरी ।।

—पृ० ६०

उसमानकृत चित्रावली का चित्रण भी लगभग इसी परम्परा मे देखिए

तीर धरिन सब चीर उतारी, धाइ धंसी सब नीर मंझारी ।
कनकलता फैलीं सब बारी, पुरइनि तोर जानु जल डारी ।
मानहुँ ससि संग सरग तराई, केलि करत अति लाग सोहाई ।
हंस देखि जलहर तजि गए, पदुम सबै दिन कुमुदिनी भए ।

आइ चकोर देखि मुख रहा, सरवर नाहि गगन सब कहा।
भूले गगन अचक रहे तहां, अब निसि नषत कहहि दिन कहां॥

—चित्रावली, पृ० ४७.

इन सब उद्धरणो को देखने से ज्ञात होता है कि अपभ्रंश काव्यो तथा हिन्दी प्रेमाख्यानको मे पर्याप्त साम्य है। वस्त्र उतारकर तट पर रखने वाली बात एवं जल में स्नान करती हुई सुन्दरियो की रूपगत विशेषता का उल्लेख इन सभी काव्यो मे समान रूप से किया गया है।

बाग-वन-वर्णन

अपभ्रंश काव्यों मे वन, उपवन, बाग-बगीचो का विस्तृत वर्णन मिलता है। प्राय. कवियो ने विविध वृक्षो, लताओ आदि के नाम गिना दिए है। परन्तु पुष्पदन्त प्रभृति विद्वानो ने जो बाग-उपवनादि के वर्णन किए हैं उनमे मात्र वृक्षो के नाम ही नही गिनाए गए हैं अपितु संस्कृत साहित्य के वर्णनों को भी मात कर दिया है। स्वयभूकृत रिट्ठणेमिचरिउ में एक वन का वर्णन किया गया है जिसमें वृक्षो की नामावलि ही रख दी गई है·

हरिवंसुभावेण हरि विक्कम सारवलेण रण्णयं।
दीसइ देव दारु तल ताली तरल तमाल छण्णयं।
लवलि लवंग लउय जंबु वर अंब कवित्थ रिट्ठयं।
सम्मलि सरल साल सिणि सल्लइ सीस वस मिस मिट्ठयं।
चंपय चूय चार रवि चंदग वंदण वंद सुन्दरं।
पत्तल वहल सीयल छाय लया हर मय मणोहरं।
मंथर मलय मारुयंदोलियं पायव पडिव पुप्फयं।
पुप्फप्फोथ सकल भसलावलि णाविय पहिय गुप्फयं।
केसरि णहर पहर खर दारिय करि सिर लित्त मोत्तियं।
मोत्तिय पंति कंति धवलीकय सयल दिसा वहंतियं॥ २१॥

कविवर राजसिंहकृत पुरानी हिन्दी के काव्य जिणदत्तचरित मे जो उद्यान-वर्णन मिलता है उसमे भी अपभ्रंश काव्यो की तरह फलो अथवा वृक्षो के नाम गिना दिए गए हैं.

उस समय के प्रासादो मे चित्रशाला, प्रमदवन, पुष्पवाटिका, कृत्रिम-नदी, क्रीडाशैल, धारागृह, यत्रव्यजन, शृंगार-सकेत, माधवी-मडप, विश्रामचौरा आदि होते थे। कीर्तिलता मे उसका उल्लेख इस प्रकार है :

प्रमदवन, पुष्पवाटिका, कृत्रिमनदी, क्रीड़ाशैल, धारागृह, यन्त्रव्यजन, शृंगारसंकेत, माधवीमंडप ॥ २.२४४.

विश्रामचौरा, चित्रशाली, खट्वा-हिंडोल, कुसुमशय्या, प्रदीप-माणिक्य, चन्द्रकान्तशिला। चतुस्सम पल्लवकरो परमार्थ ॥

—२.२४४–४६

रसरतन मे सूरसेन की चित्रसारी का वर्णन इस प्रकार किया गया है :

सखि रहइ भूमि मृग पहुंमिपाल।
अति रुचिर रुचितवर चित्रसाल ॥
राखिय सुगंध भरि करि वनाइ।
अंगनह मध्यि सरवर सुभाइ ॥
गुंजरत भृंग रसवास लीन।
मृगवाल नाद स्वादहिं अधीन ॥
परजंक मंड तहं चित्त चारि।
परवार हेतु जनु अमर नारि ॥

—चपा० खंड, २२३–२५

चित्रसाल चित्रित बहुरंगा। उपजतु निरषि सुषद सुष अंगा ॥
विविध चित्र अनवन विधि साजे। जल थल जीव जंतु सब राजे ॥
लिखी बहुत लीला करतारा। चित्र चारु दसउं अवतारा ॥
ब्रज विनोद बहु भांतन चीन्हा। राम चरित्र चारु सब कीन्हा ॥
सोरह सहस अष्ट पटरानी। चित्री इंद्र धरनि इंद्रानी ॥
नायक नाथ लिषे सुर ग्यानी। रुकमिन आदि आठ पटरानी ॥
रति रतिनाथ चित्र पुनि कीन्हा। ऊषा हित अनुरुध मनु लीन्हा ॥
चित्रित सकल प्रेम रस प्रीति। माधो कामकन्दला रीती ॥
अग्निमित्र यौरावत धाता। भरथरि प्रेम पिंगला राता ॥

—स्वयंवर खंड, २३०–२३४ आदि.



हाट-वर्णन

हाटो का वर्णन विद्यापति की कीर्तिलता, वर्णरत्नाकर, पृथ्वीचन्द्र-चरित, मानसोल्लास और कादम्बरी आदि मे जिस तरह हुआ है उसी को हिन्दी प्रेमाख्यानको ने स्वीकार किया है। पृथ्वीचन्द्रचरित मे चौरासी हाटो का उल्लेख इस प्रकार है

सोनी हटी, नाणावर हटी, सौगधिया हटी, फोफलिया, सूत्रिया, सड़सूत्रिया, घोया, तेलहरा, दन्तरा, वलीयरा, मणीयार हटी, दोसी, नेस्ती, गधी, कपासी, फडीया, फडीहटी, एरडिया, रसणीया, प्रवालीया, बावहटा, साषहटा, पीतलगरा, सोनार, सीसाहडा, मोतीप्रोया, सालवी, मीगारा, कुआरा, चूनारा, तूनारा, कूटारा, गुलीयाल, परीयटा, द्यांची, मोची, सुई, लोहटिया, लोढारा, चित्रहारा, सूतहारा, कागलीया, मद्यप हटी, वेश्या, पणगोला, गाछा, भाडभुंजा, वीवाहडा, त्राम्बडीया, भइसायत, मलिननापित, चोषानापित, पाटीवणा, त्रागडोया, वाहीत्रा, काठवीठीया, चोषावीठीया, सूपडीया, साथरीया, तेरमा, वेगडीया, वसाह, सान्थूआ, पेरुआ, आटीआ, आलीआ, दउढीआ, मुजकूटा, सरगस, भरथारा, पीतल-हडा, कंसारा, पत्तसागीआ, षासरीआ, मंजीठीया, साकरीया, सावूगर, लोहार, सूत्रहार, वणकर, तम्बोली, कन्दोई, वुद्धि हटी और कुत्रिका-पण हटी।[1]

इन हाटो मे वेश्या-हाट (बाजार) का चित्रण अपभ्रंश काव्य णायकुमारचरिउ मे स्वाभाविक ढग से किया गया है

वेसावाडइं झत्ति पइट्ठउ। मयरकेउ पुरवेसहिं दिट्ठउ।
का वि वेस चिंतइ किं वड्ढिय। णीलालय ए एण ण कड्ढिय।
का वि वेस चिंतइ कि हारें। कंठु ण छिण्णउ एण कुमारें।
का वि वेस अहरग्गु समप्पइ। झिज्जइ खिज्जइ तप्पइ कंपइ।
का वि वेस रइसलिलें सिंचिय। वेवइ वलइ घुलइ रोमचिय।

घत्ता—ता वीणाकलरवभासिणिए देवदत्तए रायविलासिणिए।
हियउल्लए कामदेउ ठविउ कयपंजलिहत्थें विण्णविउ॥

---

१ प्राचीन गुर्जर काव्यसग्रह—पृथ्वीचन्द्रचरित, पृ० ९५.

नारिग जंबु छुहारी दाख, पिंडखजूर फोफिली असंख ।
जातीफल इलायची लवग, करणा भरणा कीए नवरंग ॥
काथु कपित्थ वेर पीपली, हरड वहेड खिरी आविली ।
सिरीखंड अगर गलीदी धूप, णरहि नारि तहि ठाइ सरूप ॥
जाई जूहि वेल सेवती, दवणो मरुवउ अरु मालती ।
चंपउ राइचंपउ मचकुंद, कूजउ वउलसिरी जासउदु ॥
वालउ नेवालउ मंदारु, सिंदुवार सुरही मंदार ।
पाडल कठपाडल घणहूल, सरवर कमल वहुतक फूल ॥

—जिणदत्तचरित, पृ० ५८–५९

छिताईवार्ता मे भी यही परिपाटी मिलती है। एक उद्धरण देखिए :

कुसुम कुंद मचकुंद मरुवौ केवरौ केतुकी कल्हार ।
गुलाल सेवती मोकरो सुन्दर जाइ ।
महदी पदमाख केवरौ अतिवर्ष चंपग पाइ ।
जाति कूजौ जुही अति गनि रही महकाइ ।
सघन दाप्यौ दाख कमरख नार्यंग निबुवा नारि ।
बादम्म अंम जंभीर खारिक सघन सरवर पारि ॥ ३९९ ॥
कुंद खिरणी जाती फुलवादि गनत ब्रिच्छ को जानै आदि ।
लौग लाइची बेलि अनूप चंदन बन देखे महि भूप ॥ ४०० ॥

रसरतन मे कवि पुहुकर ने वृक्षो के नामो को गिनाकर बाग-वर्णन की परम्परा से अपने को जोड़ लिया है

सुन्यो पुर मित्र बढ्यो अनुराग । बिलोकित नैन मनोहर बाग ॥
रह्यो सुख संपति आनंद झेलि । घनै फुल फुलहि लसै द्रुमबेलि ॥
सदा फर दाड़िम सोभित अंब । बनै वर पीपर नीम कदंब ॥
महारग नारंग निव्बू संग । लता जनु अमृत सीचि लवंग ॥
जमीरी गलग्गल श्रीफल सेव । फलै कदली फल चार्षाहि देव ॥
षजूरिनि षारक ताल तमाल । सुधा सम दाख अनूप रसाल ॥
चमेलिय चंपक बेल गुलाब । वंधूप सरूपित सोभित लाल ॥

—चंपा० खंड, १००–१०३, पृ० १४१

उक्त अपभ्रंश एवं हिन्दी प्रेमाख्यानको के बाग-बगीचो के वर्णन मे अधिकतम साम्य है। अत यह कहने मे सकोच नही होना चाहिये कि यह अपभ्रश कथाकाव्यो के शिल्प का ही प्रभाव है। इसी सदर्भ मे पृथ्वीराजरासो के एक राजोद्यान का उद्धरण भी देखा जा सकता है

श्री खंड झंड वासयं। गुलाव फूल रासयं।
जु चंपकं कदंवयं। षजूरि भूरि अंवयं॥
सु अन्ननास जोरयं। सतूतयं जमीरयं॥
अषोट सेव दामयं। अवाल वेलि सामयं॥
जु श्रीफलं नरंगयं। सवद्द स्वाद होतयं॥
चवंत मोर वायक। मनो सगोत गायकं॥

चित्रशाला-वर्णन

चित्रशाला का वर्णन हिन्दी प्रेमाख्यानकों मे अपने पूर्ववर्ती साहित्य के अनुरूप ही हुआ है। जिनसेनकृत आदिपुराण मे वर्णित चित्रशाला की विशेषताओ का डा० नेमिचन्द्र शास्त्री ने इस प्रकार उल्लेख किया है·

१ चित्रशाला वहुत ही मनोज्ञ, स्वच्छ और सुन्दर होती थी।

२. चित्रशाला की भित्तिया भी चित्रित रहती थी।

३ चित्रशाला मे धर्मनायको, पुराणपुरुषो, ऐतिहासिक व्यक्तियो एवं शलाका पुरुषो के चित्र टगे रहते थे।

४ चित्रशाला मे दर्शको को आने-जाने की पूर्ण स्वतन्त्रता रहती थी।

५ चित्रशाला मे विनोदार्थ चित्रो का अकन भी होता था।

६. प्रतीक चित्रो और व्यक्ति चित्रो का भी आलेखन किया जाता था।

७ चित्रशाला मे चित्रपट, काष्ठचित्र, पाषाणचित्र आदि रसमय चित्रो के साथ धूलिचित्र भी उपलब्ध होते थे।[1]

---

१. डा० नेमिचन्द्र शास्त्री, आदिपुराण मे प्रतिपादित भारत, पृ० ३१२.

कामे कामिणि भणिय हसेप्पिणु—आदि ।

—णायकुमारचरिउ, पृ० ४८-४९.

हिन्दी प्रेमाख्यानको मे कई स्थानो पर चौरासी हाटो का उल्लेख अथवा सकेत मिलता है। प्रद्युम्नचरित (१४११ वि० सं०), सधार अग्रवालकृत मे इस प्रकार लिखा है .

इक सौं वने धवल आवास । मठ मंदिर देवल चउपास ।
चौरासी चौहट्ट अपार । वहुत भांति दीसइ सुविचार ॥१७॥

कविवर पुहकर ने रसरतन मे जो हाटो का वर्णन किया है उसकी तुलना पूर्ववर्ती साहित्य के हाट-वर्णनो से की जा सकती है :

पठंवर मंडित सोभित हाट । रच्यो जनु देव सुरप्पति वाट ॥
कहूं नग मोतिय वेचत लाल । करैं तहं लच्छिय मोल दलाल ॥
कहूँ गढ़ै कंचन चारु सुनार । कहूँ नट नाटिक कौतिक हार ॥
कहूँ पट पाट बनैं जरतार । कहूँ हय फेरत हैं असवार ॥
कहूँ गुहैं मालिनि चौसर हार । कहूँ तिसवारत हैं हथियार ॥
कहूँ वरई कर फेरत पान । कहूँ गुनी गाइन साजत गान ॥
कहूँ पढ़ै पंडित वेद पुरान । कहूँ नर तानत वान कमान ॥
कहूँ गनिका गनरूप निधान । कहूँ मुनि ईस करै तप ध्यान ॥
चल्यौं नगरी सब देखत सूर । कहूँ मृगमछ सुगंध कपूर ॥
रहै इक नागरि नैन निहार । चलै इक पाट गवाष उधार ॥

—चंपा० खड, १४६–१५३.

इसी प्रकार शृङ्गार-हाट और फूलहाट का चित्रण जायसी के पदमावत (३७, ३८, ३९) मे देखा जा सकता है। चन्दायन मे गोवर नगर के सुगन्धि-बाजार और वहाँ की खरीददारी का वर्णन देखिए :

सुनो फूल हाट सब फूला । जीउ विमोह गा देखत भूला ॥
अगर चन्दन सब धरा विकाने । कुंकुं परिमल सुगंधि गंधाने ॥
बेनां और केवर सुहावा । मोल किये (पर) महंक (सुंघावा) ॥
पान नगरखण्ड सुरंग सुपारी । जैफर लौंग बिकारी झारी ॥
दौना मरवा कुन्द निवारी । गूदइ हार ते बेचहिं नारी ॥
खांड चिरौंजी दाख खुरहुरी, बैठे लोग बिसाह ।
हीर पटोर सो भल कापड़, जित चाहे सब आह ॥

—चन्दायन, २८, पृ० ९२.

अश्व-वर्णन

हिन्दी प्रेमाख्यानको मे घोड़े-हाथियो के जो चित्रण किये गये है वे भी अपनी पूर्व परम्परा से शृखलाबद्ध है। वर्णरत्नाकर मे अश्वो के निम्न भेद किये गए हैं

हरिअ, महअ, मागल, कुही, कुवाल, कओस, उरज, नील, गरुड, पीअर, राओट, दोरो, उवाह, वलिआह, सेवाह, कोकाह, केयाह, हराह, षोराह, रोरिह

माणिक्यचन्द्रसूरि ने अश्वो की जातियो के विषय मे एक लम्बी तालिका पृथ्वीचन्द्रचरित मे दी है

तरल तेजी तरवारिया। किस्या ते– हयाणा, मयाणा, कूकणा, कास्मीरा, हयठाणा, पइठाणा, सरसईया, सीधउरा, केकाइला, जाइला, उत्तर-पथा, ताजा, तेजो, तोरक्का, काच्छूला, कावोजा, भाडेजा, आरट्ट, वाल्हीकज, गाधार, चापेय, तैत्तिल, त्रैगर्त, आर्जनेय, कादरेय, दरद, सौवीर क्षेत्रशुद्ध, प्रमाणशुद्ध, चपल, सरल, तरल, उचासणा, परीक्षणा, जोयड सहइं, बाकी द्रेठी, समरपूठि, छोटे काने, सधइ बानि, सइरनी ललवलाई, नीघटनी कलाई, पूछतणी आयताई, पलाणतणी सामंत्राई, वाकी तुडवालि, बहुली पेटवालि, मुहिरुधा, आसणि सूधा, हसमंत, हय-हेवारवि, अंवर वधिर करता।

विद्यापति ने कीर्तिलता मे कीर्तिसिंह की सेना के घोड़ो की जाति और उनकी चालो तथा शरीर-गठन के विषय मे इस प्रकार लिखा है

अनेक वाजि तेजि ताजि साजि साजि आनिआ ॥
पक्कमेहि जासु नाम दीप दीपे जानिआ ॥
विसाल कन्ध चारु वन्ध सत्ति अरू सोहणा ॥
तलप्प हाथि लांघि जाथि सत्तु सेण खोहणा ॥
सुजाति शुद्ध कोहे कुद्ध तोरि धाव कन्धरा ॥
विमुद्ध दापे मार टापे चूरि जा वसुन्धरा ॥ ४.२९-३६

इसी संदर्भ मे तुलनात्मक दृष्टि से रसरतन के अश्वों का वर्णन देखिए

पलानैं तहां तेज-ताजी तुरंगा। परै उच्च उच्छाल मानौ कुरंगा॥
कथाहे सुलासं दुरंगा सुरंगा। खरै स्वेत पीतं तथा सावरंगा॥
इराकी अरव्वी तुरक्की दवच्छी। ममोला अमोला लिये मोल लच्छी॥
वजै धाव धावैं लसें पूंछ अच्छी। मनो उड्डहीं वाहं वैठे सुपच्छी॥
उभै कर्न ऊचे मह उच्च ग्रीवा। मनौ उच्च उच्चैश्रवा सोभ सीवां॥
चढै सूरवसी महासूर वीरं। उलंघै मनौ चांपि वाराधि नीर॥
सवै षड्गधारी चित्तै चित्त मोहै। मनौ चित्त औरेषि पेषंत सोहै॥

—२०३-२०८, पृ० १०३.

चन्दायन पृ० १३३ एवं १४१ पर रावमहर के अश्वो का वर्णन देखा जा सकता है।

युद्ध-वर्णन

अपभ्रश काव्यो मे युद्धो का चित्रण विस्तृत और दृश्य उपस्थित कर देने वाला किया गया है। धवल कवि ने हरिवशपुराण मे जो युद्ध का दृश्य उपस्थित किया है वह साक्षात् एक चित्र उभार देता है.

रहवउ रहहु गयहुगउ धाविउ, धाणुक्कहु धाणुक्क परायउ।
तुरउ तुरंग कुरवग्ग विहत्थउ, असिवक्खरहु लग्गु भय चत्तउ।
वज्जहिं गहिर तूर हय हिंसहिं, गुलु गुलंत गयवर वहु दीसहिं॥
विंधहिं तडातडा, मुच्छिहिं मडा मडा।
कुंत धाय दारिया, खग्गहिं वियारिया।
जीव आस मेल्लिया, कायरा विचल्लिया॥ ८९.१०

अर्थात् रथ वाला रथ की ओर, गज गज की ओर दौडा, धानुष्क धानुष्क की ओर भागा, घोडे घोडे से, बिना खड्ग वाले निहत्थो से और असि भय छोडकर कवच से भिड गई। वाद्य जोर-जोर से वज रहे हैं, घोडे हिनहिना रहे हैं और हाथी चिंघाडते हुए दिखाई दे रहे है। योद्धा विद्ध हो रहे हैं, भट मूर्छित हो रहे हैं, कोई भालो के प्रहार से विदीर्ण हो रहे हैं, कोई खड्ग से छिन्न-भिन्न हो रहे हैं, जीवन की आशा छोड कर कायर भाग रहे हैं।

इसी प्रकार का युद्ध-वर्णन कविवर स्वयभू ने किया है।

सुभट सुभट से, कवध कवध से, धनुषबाण धनुपबाण से, चक्र चक्र से, त्रिशूल त्रिशूल से भिड गये—आदि :

सुहडें सुहडु कवंध कवंधे। छत्तें छत्तु चिधुहउ चिंधे।
वाणें वाणु चाव वर-चावें। खग्गें खग्गु अणिट्ठिय-गव्वे।
चक्कइं चक्कु तिसूल तिसूलें। मोग्गर मोग्गरेण हुलिहूलें।
कणएंण कणउ मुसलु वर-मुसले। कोते कोतु रणंगणे कुसले।
सेल्ले सेल्लु खुरप्पु खुरुप्पे। फलिहि फलिहु गयावि गय-रुप्पे॥

—स्वयभूरामायण, ५३.७

जायसी के पदमावत मे राजा और बादशाह का जो युद्ध दिखाया है उसमे और उक्त युद्ध-वर्णन मे तुलना करने से पर्याप्त साम्य दिखाई पडता है। दोनो ओर से योद्धा कोप सहित मिले और हाथी हाथियो पर पिल गये। अंकुश बिजली के समान चमक रहे थे। हाथी मेघ के समान गरज रहे थे। पृथ्वी से आकाश तक दोनो दल भर गये, झुंड के ऊपर झुंड टूट रहे थे। कोई भी एक-दूसरे के दबाव से हटता नही था। दोनो ही ठोस वज्र की तरह थे.

कोपि जुझार दुहुँ दिसि मेले। औ हस्ती हस्तिन्ह कहं पेले।
आंकुस चमकि बीज अस जाही। गरजहिं हस्ति मेघ घहराहीं।

धरती सरग दुऔ दर जूहहिं ऊपर जूह।
कोऊ टरै न टारे दुऔ बज्र समूह॥—पृ० ५४९

हस्तिन्ह सौं हस्ती हठि गाजहिं। जनु परबत परबत सौं बाजहिं॥
गरुअ गयंद न टारे टरहीं। टूटहिं दंत सुंड भुइं परही।
परबत आइ जो परहिं तराहीं। दर महं चापि खेह मिलि जाही।
कोई हस्ती असवारन्ह लेही। सुंड समेटि पाय तर देही॥

—पृ० ५५०.

देवसेनगणि के सुलोचनाचरिउ मे जय और अर्ककीर्ति के युद्ध के वर्णन मे कवि ने योद्धाओ की गति का चित्रण किया है

भडो को वि खग्गेण खग्गं खलंतो,
रणे सम्मुहे सम्मुहो आहणंतो।

भडो को वि वाणेण वाणो दलंतो,
समद्धाइज्ज दुद्धरो णं कयन्तो ।
भडो को वि कोतेण कोतं सरंतो ।
करे गीढ चक्को अरी संपहुत्तो ।
भडो को वि खंडेहि खडी कयंगो ।
भडन्त ण मुक्को सगावो अभंगो ॥ ६.१२

कीर्तिलता मे विद्यापति ने युद्ध के दृश्यो मे रूढ़िगत प्रतीक और दृश्यो को ही रखा है

दुहु दिस पाखर उट्ठ मांझ सगाम भेट हो ॥
खग्गे खग्गे सघलिय फुलुग उपफलइ अग्नि को ॥
अस्सवार असिधार तुरअ राउत सो दुट्टइ ॥
वेलक वज्ज निघात काअ कवचहु सो फुट्टइ ॥
अरि कुजर पंजर सल्लि रह रुहिर चीकि गए गगन भर ॥
रा कित्तिसिंह को कज्ज रसे वीरसिंह संगाम कर ॥
—४.१८२–१८७.

विद्यापति की कीर्तिलता मे युद्ध-स्थल पर हुँकार करके वीर गरज रहे थे। दौडते हुए घोडो की पक्तियाँ टूट जाती थी। बाण से कवच फट जाते थे। राजपुत्र रोष से तलवारो से जूझ रहे थे। आरुष्ट वीर आ रहे थे और इधर-उधर दौड़ रहे थे। एक-एक से लड रहे थे, शत्रु की लक्ष्मी का नाश कर रहे थे · खड से खंड टकरा रहे थे। अग्नि के स्फुलिंग फूट पडते थे। घुड़सवारों की तलवार की धार से राउत घोड़े के साथ कट जाता था ·

हुकारे वीरा गज्जन्ता पाइक्का चक्का भज्जन्ता ॥
धावन्ते धारा दुट्टन्ता सन्नाहा वाणे फुट्टन्ता ॥
राउत्ता रोसे लग्गीआ खग्गही खग्गा भग्गीआ ॥
आरुट्ठा सूरा आवन्ता उमग्गे मग्गे धावन्ता ॥
एकक्के रगे मेट्टन्ता परारी लच्छी मेट्टन्ता ॥
खग्गे खग्गे संघलिअ फुलुग उपफलइ अग्गि को ॥
अस्सवार असिधार तुरअ राउत सजो दुट्टइ ॥
—४ १७५–१८१

पुहुकर ने सेनाप्रयाण के अवसर पर इसी प्रकार की शब्दावलि का प्रयोग किया है ·

सुनै सोर इदौर तें इद्र लज्यौ । जहां सैन चतुरंग गभीर सज्यौ ॥
चले मत्त मैमंत घूमंत मंता । मनो बद्दला स्याम माथे चलंता ॥
चलंते बंधी पाइ वैरी षरक्कैं । बजै घूंघरू घोर घंटा ठनक्कैं ॥
बनी किंकिनी लंक लागी धनक्कै । मनो पावसी रैन झिल्ली झनक्कै ॥
पलानैं तहां तेज ताजी तुरंगा । परैं उच्च उच्छाल मानौ कुरंगा ॥

—विजय० १९८–२०३

पुहकर कवि ने सेनाप्रयाण का वर्णन अपनी पूर्व परपरानुसार ही किया है । स्वयंभू कविकृत पउमचरिउ के रण-यात्रा का विवरण इस प्रसग मे उद्धृत किया जा सकता है ·

पेक्खु पेक्खु आवन्तउ साहणु । गलगज्जन्त महागय-वाहणु ॥
पेक्खु पेक्खु हिंसन्ति तुरङ्गम । णहयलें विउलें भमन्ति विहङ्गम ॥
पेक्खु पेक्खु चिन्धइ धुव्वन्तइं । रह-चक्कइं महियलें खुप्पन्तइं ॥
पेक्खु पेक्खु वज्जन्तइं तूरइं । णाणाविह णिणाय-गंभीरइं ॥

—पउमचरिउ, २५.४

इन्द्रावती मे कवि नूरमुहम्मद ने घनघोर युद्ध का वर्णन किया है । योद्धाओ की ढालें इतनी अधिक हैं कि चारो ओर काली घटा छाई हुई लगती है । खड्गो से बिजली जैसी चमक होती है :

भयउ घटा ढालन सो कारी, खरगत भये बीज चमकारी ।
माला खरग हनै सब कोई, वोडन खरग ठनाठन होई ।
गगन खरग घटा सो ठन गयऊ, हिन-हिन औ घुन हन हन भयऊ ।
ओनई घटा धूर सो, दिन मनि रहा छिपाय ।
वहां महाभारत्य मा, सवद परेउ हू हाय ॥ —पृ० ९८

स्वयभू के पउमचरिउ मे धनुष की टकार और खड्गो की खन-खनाहट के लिए जिस शब्दावलि का प्रयोग किया गया है वह इससे बहुत साम्य रखती है

हण-हण-हणकारु महारउद्दु । छण-छण-छणन्तु गुण-सिन्थ-सद्दु ॥
कर-कर-यरन्त कोदण्ड पयरु । थर-थर हरन्त णाराय-णियरु ॥

खण-खण-खणन्त तिक्खग्ग खग्गु। हिलि-हिलि-हिलन्त हय चञ्चुलगु ॥
गुल-गुल-गुलन्त गयवर विसालु। हणु-हणु भणन्त णरवर वमालु ॥
—पउमचरिउ, ६३.३

अव तक युद्ध की विभीषिका का वर्णन देखा। अव युद्ध के वाद युद्ध-स्थल की वीभत्सता का भी दृश्य देखिए—सियारिने चिल्लाती, फेंकरती और शोर मचाती है, अनेक भूतनियां भूख से डकारें लेती है। लाशो को चीरता-फाड़ता वैतालो का झुंड शोर करता, कवन्धों को उलटतत पलटता और ठेल देता।' रक्त रंगे सिर को सियारी धड़ से अलग करके फोड़-फोड़ करके खाने लगती है।' 'रुधिर की नदी के किनारे भूतगण 'झिझरी' का खेल खेलते है, आदि।

सिआ सार फेक्कार रोलं करन्तो।
बुहुज्खा बहू डाकिनी उक्करन्तो।
बहुप्फाल वेआल रोलं करन्तो।
उलट्टो पलट्टो कबन्धो पलन्तो।'
रकत क रांगल माथ उफरि फेरवी फोरि षा।
रुहिर तरंगिणि तीर भूत गण जरहरि खेल्लइ[1] ॥ २०१-२१२.

जायसीकृत पदमावत में युद्धोपरान्त युद्ध-स्थल की वीभत्सता का वर्णन इस प्रकार किया है :

कंध कवध पूरि भुइं परे। रुहिर सलिल होइ सायर भरे ॥
अनंद बियाह करहिं मंसुखाए। अब भख जरम जरम कहं पाए ॥
चौंसठि जोगिन खप्पर पूरा। बिग जंमुकन्ह घर बाजहिं तूरा ॥
गीध चील्ह सब मांडौ छावहिं। काग कलोल करहिं और गावहिं ॥
आजु साहि हठि अनी बियाही। पाई भुगुति जैस जियं चाही ॥
जेन्ह जस मांसू मखा परावा। तस तेन्ह कर लै औरन्ह खावा ॥
—पदमावत, पृ० ५५२

इसी प्रकार रसरतन (युद्ध खंड, ६८–६९) एवं चन्दायन (१४३, पृ० १५९) मे युद्धस्थल पर वीभत्सता के दृश्य देखे जा सकते हैं।

---

१. डा० शिवप्रसाद सिंह, कीर्तिलता और अवहट्ट भाषा, पृ० ३३–३८.

युद्ध-वाद्य-वर्णन

जब सेना युद्ध करने के लिए प्रस्थान करती थी, नगारा, भेरी, तूर्य, नीसान, ढोल आदि वाद्यो का वादन होता था। युद्ध-वाद्यो के विभिन्न नाम अपभ्रंश काव्यो मे तथा उसी की परम्परा मे हिन्दी प्रेमाख्यानो मे भी उल्लिखित मिलते है। आचार्य सोमदेव (१०वी शती) के यशस्तिलक मे विभिन्न प्रसगो मे तेईस प्रकार के वादितो का उल्लेख है

शंख, काहला, दुंदुभी, पुष्कर, ढक्का, आनक, भम्भा, ताल, करटा, त्रिविला, डमरुक, रु जा, घंटा, वेणु, वीणा, झल्लरी, बल्लकी, पणव, मृदग, भेरी, तूर, पटह और डिण्डिय।[1]

पृथ्वीचद्रचरित मे निम्नोक्त वाद्ययन्त्रो का उल्लेख है .

वीणा, विपंची, बल्लको, नकुलोष्ठी, जया, विचित्रिका, हस्तिका, करवादिन, कुब्जिका, घोषवती, सारगी, उदबरी, त्रिसरी, झंषरी, आलविणि, छकना, रावणाहत्था, ताल, कसाल, घट, जयघट, झालरि, उगरि, कुरकचि, कयरउ, घाघरी, द्राक, डाक, ढाक, घूस, नीसाण, तावकी, कडुआलि, सेल्लक, कासी, पाठी, पाळ, साष, सीगी, मदन, काहल, भेरी, धुंकार और तरवार, मृदग, पटु, पडह प्रमुख वादित्र वाज्या। ये है इगुण-पचास भेद वाजित्रो के नाम।

स्वयंभू ने सैनिक बाजों का वर्णन इस प्रकार किया है

पडु-पडह-सङ्ख-भेरी-रवेण। कंसाल ताल-दडि-रउरवेग॥
कोलाहल-काहल-णीसणेण। पच्चविय-मुउन्दा-मीसणेण॥
धम्मुक्क-करड-टिविला-धरेण। झल्लरि-रुञ्झा-डमरुअ-करेण॥
पडिढक्क-हुडुक्का-वज्जिरेण। घुम्मन्त-मत्त-गय-गज्जिरेण॥
तण्डविय-कण्ण-विहुणिय-सिरेण। गुमु-गुमु-गुमन्त-इन्दिन्दिरेण॥
पक्खरिय - तुरय - पवणुब्भडेण। धूवंत-धवल-धुअ-धयवडेण॥
मण-गमणामेल्लिय-सन्दणेण। जम-वरुण-कुवेर-विमद्दणेण॥
वन्दिण-जयकारुग्घोसिरेण। सुर-वहुअ-सत्थ-परिओसिरेण॥
घत्ता—सहुं सेण्णेंण सहइ दसाणणु णीसरिउ।
छण-चन्दु व तारा-णियरें परियरिउ॥
—पउमचरिउ, ६३.१.

---

१ डा० गोकुलचन्द्र जैन, यशस्तिलक का सास्कृतिक अध्ययन, पृ० २२५

पुहकर कवि के रसरतन मे सेनाप्रयाण के समय निम्न प्रकार के बाजों का उपयोग होता था :

तहा सूर पयान निस्सान बाजै । मनो मेघ भादो महा नाद नाजै ।
बजे दुंदुभी ढोल भेरी मृदंगा । सुनै सोर पाताल मध्ये भुजंगा ॥ १९६ ॥
बजै बांसुरी संष सहनाइ तूरं । भये सब्द दिग्पाल के कर्म पूरं ।
भई पच हज्जार दुंदुभी धुकारं । उठै नीर पाताल चलि वारपारं ॥ १९७ ॥

—विजय० खंड, पृ० १०२–३.

जायसी ने पदमावत मे लिखा है कि युद्ध का ऐसा दृश्य होने पर भी राजा के हृदय में हार न थी ! उसकी आज्ञा से राजद्वार के ऊपरी भाग मे अखाडा सजाया गया । सामने ही जहा शाह उतरा हुआ था, उसके ऊपर नाच का अखाड़ा जुडा था । जन्त्रों मे पखावज और आउज आदि बाजे बज रहे थे । वे वाद्य इस प्रकार थे :

जंत्र पखाउझ आउझ वाजा । सुरमंडल रबाब भल साजा ॥
बीन पिनाक कुमाइच कही । बाजि अंबिरती अति गहगही ॥
चग उपग नागसुर तूरा । महुवरि बाज बंसि भल पूरा ॥
हुरुक बाज डफ बाज गभीरा । औ तेहि गोहन झाझ मंजीरा ॥
तत बितत सुभर घनतारा । बाजहिं सबद होइ झनकारा ॥
जस सिंगार मन मोहन पातर नांचहि पांच ।
पातसाहि गढ़ छेका राजा भला नांच ॥

—पदमावत, पृ० ५६२.

रणवाद्यो अथवा वाद्यो का विवरण हिन्दी प्रेमाख्यानक छिताईवार्ता (पृ० ११९), रसरतन (पृ० ३८६) आदि मे भी देखा जा सकता है । अपभ्रंश कथाकाव्यो एव हिन्दी प्रेमाख्यानको के संक्षिप्त वस्तुवर्णन की तुलनात्मक स्थिति से यह स्वीकार करना पड़ता है कि हिन्दी प्रेमाख्यान अपने पूर्ववर्ती साहित्य से पूर्णरूपेण अनुप्राणित ही नही हुए अपितु उन्ही के विकसित रूप हैं ।

मोटिफ—अभिप्राय

मोटिफ (अभिप्राय), कथा-अभिप्राय या कथानक-रूढ़ि की परिभाषा आदि का प्रश्न प्रवन्ध के तृतीय अध्याय में हल किया जा चुका है ।

विवेचित हिन्दी प्रेमाख्यानको की कथानक-रूढियो का भी अध्ययन उसी अध्याय मे किया गया है। यहाँ प्रश्न अपभ्रश कथा-काव्यो मे प्रयुक्त कथानक-रूढियों का एवं उनके प्रभावक्षेत्र दिखलाने का है। लगभग वे सारी-की-सारी कथानक-रूढियाँ जिनका विवरण हम तृतीय अध्याय में दे चुके हैं—अपभ्रंश काव्यो मे विद्यमान है। लोकक्षेत्र अथवा लोक-कथाओ के प्रभाव से कतिपय रूढियाँ भिन्न भी हो सकती हैं। जिन अपभ्रश काव्यो के कथानक हम पीछे लिख चुके है, क्रमश उन्ही की कथानक-रूढ़ियाँ यहाँ प्रस्तुत की जा रही हैं।

लीलावईकहा की कथानक-रूढियाँ :

१ मंगलाचरणादि।
२ कथा का नायक राजा है।
३ एक अन्य राजा विपुलाशय की पुत्री का गधर्वकुमार से प्रेम और गन्धर्व विवाह।
४. पिता ने गन्धर्वकुमार को राक्षस होने का शाप दिया।
५. कुवलयावली का आत्महत्या का असफल प्रयास।
६. सखी सिद्धकुमार का पता लगाने मलय पर्वत पर गई।
७. माधवानिल को उसका शत्रु पाताल लोक ले गया।
८. दोनो सखियो ने इष्टसिद्धि के लिए भवानी-पूजन का निश्चय किया।
९. कथा की नायिका लीलावती सिंहल द्वीप की राजकुमारी।
१०. लीलावती सातवाहन के चित्र को देखकर मोहित हुई—चित्रदर्शन।
११ सातवाहन को साम्राज्य-विस्तार की इच्छा और सिंहल को प्रस्थान।
१२. विजयानन्द दूत को सिंहल भेजा—नौका मार्ग मे टूट गई।
१३ तट पर उसे नग्न पाशुपत के दर्शन।
१४ लीलावती की विवाह करने की शर्त कि उसकी सखी के प्रिय के मिल जाने पर वह विवाह करेगी।
१५. शर्त का पूरा होना और विवाह का सम्पन्न होना।

पउमसिरिचरिउ की कथानक-रूढ़ियाँ :

१. मगलाचरण—सरस्वती-वदना ।
२ कथा के नायक समुद्रदत्त की पूर्व भव की कथा ।
३ कथानायिका पद्मश्री का अपूर्वश्री नामक उद्यान मे समुद्रदत्त का दर्शन और दोनो एक-दूसरे पर मुग्ध ।
४ विवाहोपरान्त पद्मश्री के साथ जीवन विताना ।
५. माता का पत्र बुलाने के लिए ।
६. समुद्रदत्त और उसकी पत्नी के वीच केलिपिशाच ने अन्तर डाल दिया ।
७. पत्नी का विलाप और समुद्रदत्त का छोड़कर जाना ।
८ समुद्रदत्त का दूसरा विवाह ।
९ पद्मश्री को एक साध्वी का उपदेश ।
१० सदाचरण करने पर भी पद्मश्री पर चोरी का कलक लगा ।
११ अत मे तपस्या द्वारा मोक्षलाभ ।

भविसयत्तकहा की कथानक-रूढियाँ :

१. मंगलाचरण—सज्जन-दुर्जन-प्रशंसा ।
२. धनपाल सेठ और उसकी पत्नी पुत्राभाव से चिन्तित ।
३ मुनि के आशीर्वाद से समय पर पुत्ररत्न की प्राप्ति ।
४ धनपाल का दूसरी शादी करना ।
५ पहली पत्नी और भविष्यदत्त की उपेक्षा ।
६ दूसरी पत्नी से बंधुदत्त उत्पन्न हुआ ।
७ दोनो पुत्रो का ५०० व्यापारियों के साथ देशान्तर-भ्रमण पर जाना ।
८. समुद्र मे तूफान का आना और बंधुदत्त का भविष्यदत्त को धोखा देकर तिलक द्वीप पर छोड़ जाना ।
९ भविष्यदत्त का जनशून्य नगरी मे पहुँचना ।
१० वहाँ अतीव सुन्दरी कन्या के दर्शन ।
११. एक राक्षस द्वारा दोनों का विवाह और १२ वर्ष तक साथ-साथ रहना ।

१२ समुद्र के किनारे किसी जहाज की खोज मे जाना, वहाँ असफल लौटते हुए वंधुदत्त से भेट।

१३. बंधुदत्त की क्षमायाचना और भविष्यदत्त की सारी सम्पत्ति जहाज पर लादना, उसकी पत्नी को उसी पर बैठाना।

१४ भविष्यदत्त का जहाज चलने से पूर्व जिनमदिर मे दर्शन करने जाना और वधुदत्त का उसे छोड़कर पत्नी एव सम्पत्ति लेकर भाग जाना।

१५ देव की सहायता से भविष्यदत्त का घर पहुँचना।

१६. राजा से शिकायत और न्याय प्राप्त करना।

१७. राजा ने भविष्यदत्त को अपना उत्तराधिकारी वनाया और अपनी कन्या से विवाह किया।

१८. प्रथम पत्नी की मातृभूमि जाने की इच्छा, मैनाक द्वीप की यात्रा और जैन मुनि के दर्शन।

१९. कुछ दिन बाद मुनि का भविष्यदत्त के पूर्वभव का वर्णन और भविष्यदत्त का वैराग्य।

२० श्रुतपंचमी का माहात्म्य।

जसहरचरिउ की कथानक-रूढ़ियाँ

१ मंगलाचरण।

२ कथा का नायक राजा।

३ एक कापालिकाचार्य का नगर में आगमन और अपूर्व गुणो से सम्पन्न होने की घोषणा।

४ राजा का वायुगमन की शक्ति प्राप्त करने का अनुरोध।

५ मनुष्य सहित सभी प्राणियों के जोड़ो की बलि देवी को चढाने का विधान।

६. अधिकारियो ने सभी जोडो का प्रबन्ध किया परन्तु मनुष्य के जोडे का अभाव।

७ जैन साधु-साध्वी का नगर मे भिक्षा के लिए आना और कर्मचारियो द्वारा पकड़े जाना।

८. साधु का राजा को आशीर्वाद और राजा का आकर्षित होना।

९ साधु बालक का पूर्व भव की कथा बताना।

१०. पूर्व भव की कथा मे रानी अमृतमती एक कुरूप व्यक्ति से प्रेम करती थी।
११ रानी ने राजा तथा उसकी माँ को विष दिया।
१२ मुनि द्वारा विभिन्न जन्मों की कथा का बताना।
१३ अन्त मे मारिदत्त और भैरवानन्द कापालिक भी जैन धर्म मे दीक्षित हुए।

णायकुमारचरिउ की कथानक-रूढियाँ :

१ सरस्वती-वदना से कथारम्भ।
२. कथा का श्रीपचमी व्रत के माहात्म्य-प्रदर्शन के लिए निर्माण।
३ कथा का नायक जयन्धर।
४. वासव नाम का व्यापारी व्यापार-यात्रा से लौटा और अन्य उपहारो के साथ राजा को एक सुन्दरी का चित्र भेट किया।
५. राजा चित्र पर मुग्ध हो गया।
६ राजा का मंत्रियो को भेजना और उस कन्या से व्याह करना।
७ रानियो के साथ आनन्दोद्यान मे जाना।
८ प्रथम रानी को दूसरी रानी से ईर्ष्या और जिनमदिर चले जाना।
९ वहां मुनि से पुत्र-प्राप्ति का आशीर्वाद।
१०. पुत्र के विषय मे मुनि की अन्य भविष्यवाणियां।
११. बच्चे का कुए मे गिरना और नाग द्वारा रक्षा।
१२. बच्चे का पैर लगते ही मदिर के द्वार खुल गए।
१३ पंचसुगन्धिनी का महल मे दिव्य बाँसुरीवादक की खोज मे पहुँचना और नागकुमार को श्रेष्ठ पाकर अपनी दोनो कन्याओ का विवाह करना।
१४ द्यूतक्रीड़ा।
१५ राजकुमार का उद्धत घोड़े को ठीक करना।
१६ सौतेले भाई की ईर्ष्या और नागकुमार को मरवाने का प्रयत्न।
१७ मल्लयुद्ध मे नागकुमार द्वारा हाथी को उठा लेना।
१८ घमासान युद्ध।
१९ नागकुमार ने बहुविवाह किए।

२०. भीमासुर का नागकुमार की पत्नी को पाताल मे ले जाना।
२१. नागकुमार द्वारा पाताल जाना और उद्धार।
२२ अन्तर्कथाओ का समावेश।
२३ नागकुमार बहुत काल तक राज्य करते हैं और अन्त मे मुनि-दीक्षा ले लेते है।

जम्बूसामिचरिउ की कथानक-रूढियाँ

१. मंगलाचरण।
२. जम्बूस्वामी की माता के पाच स्वप्न और मुनि द्वारा उनका फलकथन।
३ श्रेणिक राजा के विवाह की भविष्यवाणी कि उनका विवाह मृगांकपुत्री से होगा।
४. विद्युच्चर ने चोरी करने के लिए पहरेदारो को औषधि से वेहोश कर दिया।
५. सागरदत्त मुनि के दर्शन से शिवकुमार को वैराग्य उत्पन्न होना।
६ भवदेव का विवाह होते समय मुनिसघ का आगमन। भवदेव का मुनि भवदत्त को पहुँचाने जाना और अनिच्छापूर्वक दीक्षा लेना।
७ दीक्षा के बाद मे नगर मे आना और मार्ग मे पत्नी के मिल जाने पर विचलित होना परन्तु पत्नी के सदुपदेश से प्रायश्चित्त करना।
८. तीसरे भव मे मुनि सागरदत्त के द्वारा, पाचवे भव मे सुधर्मा और जम्बूस्वामी द्वारा अपने पूर्वभव की कथा कही जाती है।
९ जम्बूस्वामी सुधर्मा से सम्यक्त्वोपलब्धि का कारण पूछते है।
१० सागरदत्त, शिवकुमार मुनि और जंबूस्वामी को एक-दूसरे के निमित्त से वैराग्य होता है।
११ अन्य जल-उपवन-उद्यानक्रीडा आदि सम्बन्धी रूढियो का भी निर्वाह हुआ है।
१२ युद्ध के अन्तर्गत आकाशयुद्ध आदि का वर्णन।

५ दोहद स्त्री के द्वारा प्रस्तुत एक विश्वास है कि वह कुछ इच्छाओ की संतुष्टि कर सके।

६ दोहद एक बनावटी आवश्यकता है जो कि इस विश्वास मे स्त्रियों की एक चाल (ट्रिक) है कि उनकी इच्छा-पूर्ति होनी चाहिए।

दोहद के उक्त छ रूपों में से अन्तिम रूप का प्रयोग अपभ्रंश अथवा हिन्दी प्रेमाख्यानको मे देखने को नही मिला। भारतीय मान्यता से दोहद गर्भिणी की इच्छापूर्ति का उपक्रम है। याज्ञवल्क्यस्मृति मे स्पष्ट लिखा है कि गर्भिणी की विचित्र इच्छाएँ गर्भ का स्वाभाविक और सहज परिणाम है अत· उनकी पूर्ति अवश्य होनी चाहिए। संस्कृत, अपभ्रश और हिन्दी के प्रेमाख्यानो मे इस परिपाटी को काल्पनिक कलेवर देकर चित्र-विचित्र बनाने का खूब प्रयत्न हुआ। दोहद के तीन भेद किये जा सकते हैं · सामान्य दोहद अर्थात् गर्भिणी की इच्छापूर्ति और वृक्ष-दोहद तथा तिथि-दोहद। वृक्ष-दोहद एक प्रकार की काव्यरूढ़ि हो गई थी। वृक्ष के साथ दोहद का अर्थ पुष्पोद्गम है। मेघदूत, रघुवंश, नैषध आदि मे इस शब्द का प्रयोग इसी अर्थ मे हुआ है। तिथि-दोहद के अन्तर्गत यात्रा के समय तिथि, वार या दिशा से उत्पन्न दोषो की शान्ति के उपक्रमों को परिगणित किया जा सकता है। मुहूर्तचिन्तामणि आदि ग्रन्थों मे इस पर विस्तार से विचार है। रास्ते मे होने वाले शकुन-अपशकुनों को भी इसी मे सम्मिलित कर लेना चाहिए। अपभ्रश और हिन्दी कथाकाव्यो मे तीनो प्रकार के दोहदो से सम्बद्ध सामग्री प्राप्त होती है।

यह रूढि सस्कृत साहित्य से ही चली आ रही है। भवभूति ने उत्तररामचरित मे सीता के मुख से दोहदपूर्ति का आग्रह कराया है। राम, लक्ष्मण और सीता जब वनवासादि के समय के भित्तिचित्रों को देखकर पूर्वानुभूतियो का स्मरण कर रहे थे तो इसी बीच अर्जुन के फूलो से सुगन्धित माल्यवान् पहाड के चित्र का चित्रण लक्ष्मण द्वारा किये जाने पर राम ने उन्हे रोका। राम से सीता कहती हैं—'आर्यपुत्र, एतेन चित्रदर्शनेन प्रत्युत्पन्नदोहदाया मम विज्ञापनीयमस्ति।' सीताजी को गर्भिणी की इच्छा के रूप मे भागीरथी में स्नान करने की इच्छा हुई। वे कहती है—'जाने पुनरपि प्रसन्नगम्भीरासु वनराजिषु विहृत्य पवित्रनिर्मलशिशिरसलिलां

भगवती भागीरथीमवगाहिष्य इति' (पृ० ५८-५९)। ठीक इसी प्रकार अपभ्रंश कथाकाव्य करकंडुचरिउ मे रानी को राजा के साथ हाथी पर बैठकर घूमने का 'दोहद' हुआ। ऐसे सामान्य दोहदो के अनेक उदाहरण हैं।

वृक्षदोहद के विषय मे, जैसा कि उल्लेख किया जा चुका है, नैषध, मेघदूत, रघुवंशादि मे इस शब्द का प्रयोग इसी अर्थ मे हुआ है। साहित्यदर्पण मे 'कविसमयप्रसिद्धि' के अन्तर्गत वृक्ष-दोहद के सदर्भ मे लिखा है कि प्रियंगु स्त्रियों के स्पर्श से विकसित होता है, बकुल नायिकाओ द्वारा मदिरा के कुल्ले किये जाने पर, अशोक उनके पादाघात से, मन्दार मधुर वचनो से, चम्पक मधुर हास से, आम्र वक्त्रवात से, नमेरु संगीत से और कर्णिकार उनके नृत्य से पुष्पित होते है

स्त्रीणां स्पर्शात्प्रियंगुर्विकसति बकुलः सीधुगण्डूषसेकात्
पादाघातादशोकस्तिलककुरबकौ वीक्षणालिङ्गनाभ्याम्।
मन्दारो नर्मवाक्यात् पटुमृदुहसनाच्चम्पको वक्त्रवाता-
च्चूतो गीतान्नमेरुर्विकसति च पुरो नर्तनात्कर्णिकारः॥

—साहित्यदर्पण, पृ० ५६२

एक श्लोक और भी आया है

पादाघातादशोको विकसति बकुलो योषितामास्यमद्यै-
र्नामङ्गेषु हाराः, स्फुटति च हृदयं विप्रयोगस्य तापैः।
मौर्वी रोलम्बमाला धनुरथ विशिखाः कौसुमाः पुष्पकेतो-
भिन्नं स्यादस्य बाणैर्युवजनहृदयं स्त्रीकटाक्षेण तद्वत्॥

—वही, पृ० ५६१

अशोक वृक्ष के दोहद के सन्दर्भ मे कुमारसभव की मल्लिनाथटीका के उद्धरण भी द्रष्टव्य हैं :

सनूपुररवेण स्त्रीचरणेनाभिता नम्।
दोहदं यदशोकस्य ततः पुष्पोद्गमो भवेत्॥

अन्य—

पादाहतः प्रमदया विकसत्यशोकः
शोकं जहाति बकुलो मुखसीधुसिक्त।

१३. अन्तर्कहानियो का उल्लेख ।

१४. अन्त मे जम्बूस्वामी केवलज्ञान प्राप्त करके मोक्ष गए ।

करकडुचरिउ की कथानक-रूढ़ियाँ

१. मंगलाचरण ।

२ राजकुमारी पद्मावती का अशुभ लग्न मे उत्पन्न होना और एक उद्यान मे छोडा जाना ।

३. करकंडु ने विवाह किया ।

४. रानी को दोहद हुआ कि वह पुरुष वेश मे राजा के साथ भ्रमण करे ।

५ नगर-भ्रमण के समय हाथी भाग खडा हुआ । रानी की प्रार्थना पर राजा एक वृक्ष की शाखा से लटक कर अलग हो गया । रानी एक वन मे पहुँच गई ।

६. रानी के पहुंचते ही सूखा वन हरा हो गया ।

७. रानी को श्मशान मे पुत्र उत्पन्न हुआ जिसे एक चांडाल ले गया ।

८. एक अन्य राजा की मृत्यु पर करकडु को राजा बनाया गया ।

९ नायक और उसके पिता मे युद्ध तथा मा ने दोनो को मिलाया ।

१०. नायक करकंडु की पत्नी को एक विद्याधर हाथी के रूप मे आकर हरण कर ले गया ।

११. करकंडु का सिंहल मे जाकर राजकुमारी से विवाह ।

१२ सिंहल की राजकुमारी के पेट से सर्प का निकलना और करकडु द्वारा उसका मारना ।

१३. सिंहल से लौटते समय नौका पर मच्छ का आक्रमण ।

१४ करकंडु ने मच्छ को मार डाला पर उसका एक विद्याधरो द्वारा हरण कर लिया गया और वह नौका पर न लौट सका ।

१५ रानी एक अन्य द्वीप पर पहुँच गई और पति की प्राप्ति हेतु पूजा की । पद्मावती ने प्रकट हो पति-मिलन का आश्वासन दिया ।

१६ विद्याधरी ने करकंडु से विवाह किया और वियुक्त रानी से मिलाया।

१७ शीलगुप्त नामक मुनिराज का शुभागमन, करकंडु के उनसे तीन प्रश्नो का समाधान।

१८. करकंडु का वैराग्य, केवलज्ञान और मोक्षप्राप्ति।

उपर्युक्त अपभ्रंश कथाकाव्यो की कथानक-रूढियों को देखने से इतना अनुमान अवश्य हो जाता है कि यह एक परिपाटी ही थी जिसका पालन कवि के जाने अथवा अनजाने ही होता रहा। जैसा कि पहले कहा जा चुका है कि हिन्दी प्रेमाख्यानको की कथानक-रूढियो (जिनका विवरण प्रबन्ध के तृतीय अध्याय मे किया गया है) और अपभ्रंश काव्यो की रूढियो मे नायक का योगी होना, किसी चमत्कारी घटना का सहायक होना, सिंहल द्वीप की यात्रा और वहाँ की राजकुमारी से विवाह, प्राकृतिक दृश्य-वर्णन, रानी को दोहद होना आदि कथानक-रूढियाँ सामान्य रूप से दोनो मे पाई जाती हैं। अनेक कथानक-रूढियाँ सस्कृत साहित्य से ज्यो-की-त्यो अपभ्रंश और हिन्दी मे आ गईं। अनेक तत्कालीन लोकमानस की उपज हैं।

दोहद

प्रो० ब्लूमफील्ड ने दोहद 'मोटिफ' को निम्न छ भागो मे विभक्त किया है·

१. दोहद की अपूर्ति गर्भस्थ पुत्र को विकृत करती है अथवा उसके किसी अंग विशेष को आघात पहुँचाती है अथवा प्रजनन मे कष्ट पैदा होता है।

२ दोहद पति को शीघ्र ही वीरता के कार्य, उच्चतम ज्ञान, बुद्धिमत्तापूर्ण कार्य करने की प्रेरणा करता है।

३ दोहद दैवी कर्मों का रूप धारण करता है अथवा दैवी इच्छा का रूप लेता है।

४. दोहद घटना को आलंकारिक या रोचक बनाने के लिए भी प्रयुक्त किया जाता है, जो कहानी की मुख्य घटनाओं को प्रभावित नही करता।

भगवती भागीरथीमवगाहिष्य इति' (पृ० ५८-५९)। ठीक इसी प्रकार अपभ्रश कथाकाव्य करकंडुचरिउ मे रानी को राजा के साथ हाथी पर बैठकर घूमने का 'दोहद' हुआ। ऐसे सामान्य दोहदो के अनेक उदाहरण है।

वृक्षदोहद के विषय मे, जैसा कि उल्लेख किया जा चुका है, नैषध, मेघदूत, रघुवंशादि मे इस शब्द का प्रयोग इसी अर्थ मे हुआ है। साहित्यदर्पण मे 'कविसमयप्रसिद्धि' के अन्तर्गत वृक्ष-दोहद के सदर्भ मे लिखा है कि प्रियगु स्त्रियो के स्पर्श से विकसित होता है, बकुल नायिकाओ द्वारा मदिरा के कुल्ले किये जाने पर, अशोक उनके पादाघात से, मन्दार मधुर वचनो से, चम्पक मधुर हास से, आम्र वक्त्रवात से, नमेरु संगीत से और कर्णिकार उनके नृत्य से पुष्पित होते हैं.

स्त्रीणां स्पर्शात्प्रियंगुर्विकसति बकुलः सीधुगण्डूषसेकात्
पादाघातादशोकस्तिलककुरबकौ वीक्षणालिङ्गनाभ्याम्।
मन्दारो नर्मवाक्यात् पटुमृदुहसनाच्चम्पको वक्त्रवाता-
च्चूतो गीतान्नमेरुर्विकसति च पुरो नर्तनात्कर्णिकारः॥

—साहित्यदर्पण, पृ० ५६२

एक श्लोक और भी आया है

पादाघातादशोको विकसति बकुलो योषितामास्यमद्यै-
र्यूनामङ्गेषु हाराः, स्फुटति च हृदयं विप्रयोगस्य तापैः।
मौर्वी रोलम्बमाला धनुरथ विशिखाः कौसुमाः पुष्पकेतो-
र्भिन्नं स्यादस्य बाणैर्युवजनहृदयं स्त्रीकटाक्षेण तद्वत्॥

—वही, पृ० ५६१

अशोक वृक्ष के दोहद के सन्दर्भ मे कुमारसभव की मल्लिनाथटीका के उद्धरण भी द्रष्टव्य हैं.

सनूपुररवेण स्त्रीचरणेनाभिता नम्।
दोहदं यदशोकस्य ततः पुष्पोद्गमो भवेत्॥

अन्य—

पादाहतः प्रमदया विकसत्यशोकः
शोकं जहाति बकुलो मुखसीधुसिक्त।

आलोकितः कुरवकः कुरुते विकाश-
मालोडितस्तिलक उत्कलिको विभाति ॥
—कुमारसंभव, ३.२६ की टीका.

वृक्ष-दोहद पर आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी ने हिन्दी साहित्य की भूमिका (पृ० २३० आदि) में विस्तृत विवेचन किया है।

तिथि-दोहद के उदाहरण हमें हिन्दी कथाकाव्य माधवानल-काम-कंदला, रसरतन आदि ग्रन्थों में बहुतायत से मिल जाते हैं। जैसे गणपति-कृत माधवानल-कामकदला में तिथि-विधि-निषेध शीर्षक से तिथि-दोहद की बात पुष्ट होती है .

आजा पडवा प्रेतबीज, अखात्रीज युग आदि।
वरजी चुथि गणेसनी, रिसिपंचमी प्रसादि ॥ ५९ ॥
चंपाछठि नइ अंचला, सत्तमि सीतल सुजाण।
आठमि दुर्वा गोकुला, नवमी राम रमाण ॥ ६० ॥
कलियुग आदि त्रयोदशी, चौदशि ईश अनंत।
आमा नइ पुनिम प्रगट, नारि न देखइ कंत ॥ ६२ ॥
आदित्यवार अनइं वली, मूल मघा रेवत्ति।
पौढी पुष्य पुनर्वसु, सोचि चढइ नही सत्य ॥ ६३ ॥
चैत्र आसोई नुरतां, अपर पक्षना दीह।
परवशि पिंड करी रहइ, अेतां आडी लीह ॥ ६७ ॥

रसरतन में पुहुपावती के जन्मोपरान्त ज्योतिषी भविष्यवाणी करते हैं .

इह विधि पंडित करहिं बखाना। विद्यावान भविष्य निदाना ॥ १८३ ॥

दस अतीत एंकादशी होंहि अवर्ष समान।
तन पीड़ा मन मूढता, रहहिं जतन कर प्रान ॥ १८४ ॥
जबहिं चतुर्दस वरष, वर बाला करहि प्रवेस।
तब कुटुम्ब चिंता मिटहि, निश्चित होंहि नरेस ॥ १८५ ॥

सूरसेन और राजकुमारी का सरोवर के तीर पर सयोग हुआ उसमें तिथिवार दिया है :

जेठ मास सित पश्छिमी, तिथि दसमी दस जोग।
सूर सरोवर तीर पर, भयौ उभै संजोग ॥ २३३ ॥

एक मास मारग चले, सह्यो सीत अरु घाम।
सरवर सोहनु पैषि कै, भयौ मनहिं विश्राम ॥ २३४ ॥

—रसरतन, पृ० १०६

वस्तुवर्णन, मोटिफ, निजंधर तत्त्व आदि के तुलनात्मक अध्ययन के वाद हम मंगलाचरण, सज्जन-दुर्जनप्रशसा-निन्दा आदि का तुलनात्मक अध्ययन करेंगे।

मंगलाचरण

मगलाचरण समस्त भारतीय ग्रन्थो मे मिलता है। संस्कृत आचार्यो ने तीन प्रकार से मंगलाचरण करने का विधान बताया है। ग्रन्थ के आदि, मध्य और अन्त मे मगलाचरण करने का निर्देश किया गया है। इसका उद्देश्य यह है कि कार्य का प्रारम्भ, उत्थान और अन्त निर्विघ्न हो सके। यह एक आस्था—विश्वास और सस्कृति की देन है। अपभ्रंश काव्य हो अथवा हिन्दी प्रेमाख्यानक सभी मे कवियो ने अपने-अपने इष्ट-देवो का स्मरण किया है। कही-कही वाग्देवी सरस्वती के स्मरण से ही काव्य का आरम्भ किया गया है—जैसे णायकुमारचरिउ। नयनदी ने सकलविधिनिधान काव्य मे सरस्वती की स्तुति इस प्रकार की है :

छद्दंसण छच्चरण छंदालंकार फुरिय पक्खउडा।
णवरस कुसुमासत्ता, भिंगिव्व गिरा जए जयउ ॥ १ ॥
विलसिय सविलास पया वाएसी परमहंस तल्लीण।
मुणिगण हर पमुह मुहारविंद ठिय जयउहं सिव्व ॥ २ ॥

रसरतनकार ने सरस्वती देवी को विभिन्न विशेषणों से युक्त स्मरण किया है .

जा गंगा तारंगीवानी। साम्या पातायो ब्रह्मानी।
जा ब्रह्मा ईसो गोविंदं। जा सूरो देवानं इंदं ॥ ७ ॥
जा वानी वोगेसं ईसं। जा वानी आदेषं दीसं।
जा वीना वानोदा दंडी। सा वानी पादोय चंडी ॥ ८ ॥
सुमृत वेद अरु व्याकरन सेव सो आहि।
ब्रह्म सुता नाराइनी देत बुद्धि बल ताहि ॥ १० ॥

—आदि खण्ड, पृ० ४–५.

अपभ्रंश-स्तुति में सरस्वती को षड्दर्शन, छंदालंकार, रस आदि से युक्त बताया गया है। उसी प्रकार स्मृति-वेद-व्याकरण आदि सरस्वती की सेवा करने से मिलते हैं, यह बताया गया है।

पूर्ववर्ती कवियो का स्मरण

अपभ्रंश काव्यो के रचनाकारो मे अपने पूर्ववर्ती कवियो को स्मरण करने की भी परम्परा थी। सकलविधिनिधान काव्य के रचयिता ने अन्य कवियो का स्मरण इस प्रकार किया है :

मणु जण्ण वक्कु वम्मीउ वासु, वररुड वामणु कवि कालियासु।
कोऊहल वाणु मऊरु सूरु, जिणसेण जिणागम कमल सुरु।
वारायणवरणाउ विवियदद्दु, सिरि हरिसु राय सेहरु गुणदद्दु।
जसइंधु जए जयराय णाभु, जय देउ जणमणाणंद कामु।
पालित्तउ पाणिनि पवरसेणु, पायंजलि पिंगलु वीरसेणु।
सिरि सिंहणंदि गुणसिंह मद्दु, गुणभट्टु गुणिल्लु समंस भद्दु।
अकलंकु विखम वाईय विहंडि, कामदद्दु रुद्दु गोविंदु दंडि।
भम्मुई भारहि भरहुवि महंतु, चहुमुह सयंमु कह पुप्फयंतु।
घत्ता—सिरि चंदु पहाचंदु वि विवुह, गुण गण णंदि मणोहरु।
कइ सिरि कुमार सरसइ कुमरु, कित्ति विलासिणि सेहरु॥ १५.

इसी प्रकार मुनि कनकामर ने करकंडुचरिउ में सिद्धसेन, समंतभद्र, अकलंकदेव, जयदेव, स्वयंभू और पुष्पदन्त का उल्लेख किया है.

तो सिद्धसेण सुसमंतभद्द अकलंकदेव सुअजलसमुद्द।
जयएव सयंभु विसारुचित्तु वाएसरिघरु सिरिपुप्फयंतु॥
—१ २ ८-९

यह परम्परा अथवा रूढि हिन्दी-प्रेमाख्यानको मे ज्यो-की-त्यो चली आई। पुहकर ने निम्नलिखित कवियो का उल्लेख किया है.

प्रथम सेष अरु व्यासुदेव सुषदेवहं पायौ।
वालमीक श्रीहर्ष कालिदासहं गुन गायौ।
माघ-माघ दिन जेमि वांन जयदेव सुदंडिय।
भानदत्त उदयेन चंद वरदाइक चंडिय॥

ये काव्य सरस विद्या निपुन वाकवानि कठह धरन ।
कविराज सकल गुन गन तिलक सुकवि पौहकर वंदत चरन ॥

—रसरतन, पृ० ५.

सज्जन-दुर्जन-उल्लेख

अन्य कई कवियों ने भी इस प्रकार की परम्परा का निर्वाह किया है। इसके अतिरिक्त रचयिता सज्जन-दुर्जनो का भी स्मरण करते थे। भविष्यदत्तकथा मे इस प्रकार का स्मरण किया गया है

इहु सज्जणलोयहो विणउ सिट्ठु ।
जो सुहि मज्झत्थु विसिट्ठु इट्ठु ॥
जो पुणु खलु खुड्डु अइट्ठु संगु ।
सो किं अब्भत्थिउ देइ अंगु ॥
परिच्छिद्दसएहिं वावारु जासु ।
गुणवन्तु कहिमि किं कोवि तासु ॥
णउ सक्कइ देखिवि परहो रिद्धि ।
णउ सहइ सउरिसहं गुणपसिद्धि ॥ १ ३.

रामचरितमानस मे तुलसीदास ने भी खल-वन्दना की है

बहुरि बन्दि खलगन सतिभाए । जे बिनु काज दाहिनेहु बाएं ।
परहित हानि लाभ जिन्ह केरे । उजरे हरष विषाद बसेरे ॥

इन कवियो मे अनभिज्ञता-प्रकाशन की भी प्रणाली थी अथवा यो कहे कि इनकी प्रकृति अत्यधिक सरल थी। तुलसी और स्वयभू दोनो ने अपने को अविवेकी तक कह डाला है

बुहयण सयम्भु पइ विण्णवइ ।
भइं सरिसउ अण्णु णहिं कुकइ ॥
वायरणु कयावि ण जाणियउ ।
णउ वित्ति-सुत्तु वक्खाणियउ ॥
णउ बुज्झिउ पिङ्गल-पत्थारु ।
णउ भम्मह-दंडि-अलङ्कारु ॥ पउमचरिउ, १.३.

तुलसीदास कहते है :

कवित विवेक एक नहि मोरे । सत्य कहौं लिखि कागद कोरे ॥
कवि न होउं नहि चतुर प्रवीनू । सकल कला सब विद्या हीनू ॥

इसी प्रकार के अनेक उद्धरण मिलते हैं जिनका तुलनात्मक अध्ययन की दृष्टि से विशेष महत्त्व है ।

ऋतु-वर्णन

ऋतु-वर्णन के प्रसंग में अपभ्रंश से लेकर हिन्दी प्रेमाख्यानको तक ऐसा कोई प्रेमकाव्य नही मिलेगा जिसमें ऋतुओ का वर्णन षड्ऋतु अथवा वारहमासा या चौमासा के रूप मे न मिलता हो । प्रेमकाव्य मे विरहिणी अथवा विरही की स्थिति का सही चित्रण करने लिए ऋतु-वर्णन आवश्यक भी होता है । संस्कृत में तो ऋतुसंहारादि काव्य ही रच दिए गये ।

षड्ऋतुवर्णन और बारहमासे का वर्णन कवियों ने संयोग-वियोग के निश्चित पक्षों के आधार पर किया है । मूलत षड्ऋतुवर्णन की परिपाटी सयोगश्रृगार के लिए और बारहमासे की विप्रलभ के लिए चली आई है । षड्ऋतु और वारहमासे के सम्वन्ध मे डा० शिवप्रसाद सिंह ने निम्नलिखित विशेषताओ का उल्लेख किया है[1] ·

१. दोनो ही उद्दीपन के निमित्त व्यवहृत काव्य-प्रकार हैं किन्तु सामान्यत षड्ऋतु का वर्णन सयोगश्रृंगार मे, बारहमासे का विरह मे होता है । इन नियमो का पालन वड़े शिथिल ढंग से होता है, अत अपवाद भी मिलते हैं ।

२. षड्ऋतुवर्णन ग्रीष्मऋतु से आरम्भ होता है, बारहमासे की पद्धति के प्रभाव के कारण कई स्थानो पर वर्षा से भी आरम्भ किया गया है । वारहमासा प्राय. आसाढ महीने से आरम्भ होता है ।

---

१. डा० शिवप्रसाद सिंह, सूरपूर्व व्रजभाषा और उसका साहित्य, पृ० ३३७

३ इन काव्यो की पद्धति बहुत रूढ हो गई है, कवि-प्रथा का पालन बहुत कड़ाई से होता है, इसलिए मौलिक उद्भावना को कमी दिखाई पडती है।

हरिवशपुराण में मधुमास का वर्णन करते हुए कवि लिखता है कि फाल्गुन मास बीत गया और मधुमास आ गया। मदन उद्दीप्त होने लगा। लोक अनुरक्त हो गया। वन भाँति-भाँति के पुष्पो से सुन्दर और मनोहर हो गया। मकरन्द-पान से मत्त भ्रमर गुंजार करते हुए सुन्दर लग रहे हैं। गृहो में नारिया सज रही हैं, झूला झूलती हैं, विहार करती हैं। वन में कोयल मधुर आलाप करती है। सुन्दर मयूर नृत्य कर रहे हैं :

फग्गुण गउ महुमासु परायउ, मयणुद्दलिउ लोउ अणुरायउ।
वण सय कुसुमिय चारु मणोहर, बहु मयरंद मत्त बहु महुयर।
गुमगुमंत खणमणइं सुहावहिं, अहपणट्ठ पेम्मुउक्कोवहिं।
केसु व वर्णाहं घणारुण फुल्लिय, ण विरहग्गे जाल पमिल्लिय।
घरि घरि णारिउ णिय तणु मंडिहिं, हिंदोलहिं हिंडहि उग्गायहिं।
वणि परपुट्ठ महुर उल्लावहिं, सिहिउल सिहि सिहरेहि धहावइ॥

—१७.३.

ऊपर वसंत ऋतु का एक चित्रण प्रस्तुत किया गया। वस्तुत ऋतु-वर्णन के प्रसग मे यह नही कहा जा सकता कि वर्णन की परिपाटी या मान्यता क्या थी अर्थात् उनका क्रम क्या था। किसी ने वसन्त को पहले रखा है तो किसी ने ग्रीष्म को। सामान्यत षड्ऋतुओ का वर्णन करने वालो ने वसन्त ऋतु से ही ऋतुओं का प्रारम्भ माना है। षड्ऋतु और बारहमासा सम्बन्धी रचनाएँ भारतीय प्रदेशो की कई भाषाओ मे उपलब्ध होती हैं। प्राय षड्ऋतुवर्णन संयोगशृंगार को लेकर हुआ है, संदेशरासक इसका अपवाद है। बारहमासो मे प्रकृतिचित्रण आसाढ़ मास से किया जाता रहा है। पूर्व मे ऋतुवर्णक कतिपय रचनाओ का नामोल्लेख किया जा चुका है। सदेशरासक और पृथ्वीराजरासो के षड्ऋतुवर्णन भी उल्लेखनीय है। इन विभिन्न काव्यो मे ये वर्णन विभिन्न उद्देश्यो की पूर्ति के लिए किए गए ही प्रतीत होते हैं। यो प्राचीनतम प्रणाली मे ऋतुवर्णनो का महत्त्व मात्र प्रकृति के सौन्दर्यनिरू-

पण की दृष्टि से ग्राह्य था। रासो के ऋतुवर्णन की विशेषताओ पर प० हजारीप्रसाद द्विवेदी ने विशद प्रकाश डाला है[1]। कुछ ऋतुवर्णन सम्बन्धी पद विभिन्न काव्य-सग्रहो मे भी मिलते है। वसन्त ऋतु का एक आकर्षक चित्र प्रस्तुत करने वाला उदाहरण देखिए :

फुल्लिअ केसु चन्द तह पअलिअ मंजरि तेज्जइ चूआ।
दक्खिण वाउ सीअ भइ पवहइ कम्प विओइणि होआ॥
केअइ धूलि सव्व दिस पसरइ पीअर सव्वउ भासे।
आउ वसन्त काइ सहि करिअइ कन्त ण थक्कइ पासे॥

—प्राकृतपैंगलम्, २१३

वसंत ऋतु की आम्र-मंजरिया, चाँदनी, दक्षिणी शीतल पवन आदि विरहिणी के हृदय को पीड़ा देती हैं। वसन्तागमन से केशर की धूलि चारो ओर फैल गई है जिससे सभी ओर पीला-पीला ही दिखाई पडता है। नायिका अपनी सखी से पूछती है कि प्रिय पास नही है और वसन्त आ गया, मैं क्या करूं ? मधुमास की इस पीड़ा को मंझन ने मधुमालती मे व्यक्त किया है :

चैत करह निसरे बन बारी। बनसपती पहिरी नव सारी।
चहुं दिसि भा मधुकर गुंजारा। पांखुरि फूल डारिन्ह अनुसारा।
कुसुम सीस डारिन्ह सेउं काढ़े। तरिवर नौ साखा भे बाढ़े।
फागुन हुते जे तरु पतझारे। ते सभ भए चैत हरियारे।
मोहि पतझार जो भा बिनु साईं। सो न सखी मौला अब ताईं।
दुखु दै प्रीतम छाड़ि गा जननि दीन्ह बनवास।
औ रबि आठौ मै तपा कै मोहि सिर परगास॥ ४१०॥

—मधुमालती, पृ० ३५८.

वसन्तागम के समय विरही लोग पुष्पों की गन्ध, मन्द पवन के झोको, भौरों की गुंजार और कोयल-रव से कष्टानुभव करते हैं तथा पूर्वसंयोगावस्था का स्मरण करते हैं

जं फुल्लु कमलवण बहइ लहु पवण
भमइ भमरकुल दिसि विदिसं

---

१. डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी, हिन्दी साहित्य का आदिकाल, पृ० ८२--८३

झंकार पलइ वण रवइ कुहिल गण
विरहिअ हिअ हुअ दर विरसं ॥

—प्राकृतपैंगलम्, २१३.

रसरतनकार ने षड्ऋतु—बारहमासे का अत्यधिक मनमोहक चित्र उपस्थित किया है। वसत ऋतु का रसरतन मे इस प्रकार वर्णन किया गया है :

मधु मास चैत सोभित वसंत। संयोग संग दंपति लसंत।
रितु पाइ राज रति राज साज। दल सज्ज कीन विरहिनी काज ॥ ७९ ॥
अकुरित पत्र तरु हरित नील। हलि चलित मनौ दल मदन पील।
रंग अरुन फूलि किंसुकि विधान। जनु कटक मांझ सोभित वितान ॥८०॥
सोभित सरस छवि अम्ब मौर। सिर ढरहिं मनौ मनमथ्थ चौर।
केवरो मलति मालती जाइ। जनु मैन वान राषिय वनाइ ॥ ८१ ॥
गुजरत भ्रमर कोकिल सुकीर। जसु भनत बदिजन विप्र धीर।
लपटाइ लता लागी तमाल। जनु करति त्रिया कर अंकमाल ॥ ८२ ॥
सुनु सुक जु चित्त मुहिं नहिन चैत। भये मदन सूर मिलि मदन कैत।
हिय सून प्रान घरनी निकंत। किहि अंग संग मानौ वसंत ॥ ८३ ॥

—युद्धखंड, पृ० २१२.

बारह मासो के वर्णन के लिए नेमिनाथचउपई का नाम उल्लेखनीय है। नेमिनाथचउपई मे जैनो के बाईसवें तीर्थंकर नेमिनाथ और राजमती के प्रेम का रोमाचकारी एवं स्वाभाविक चित्रण है। ज्येष्ठ मास मे जिस प्रकार सूर्य तप्त होता है, नदिया सूख जाती है, ऐसी अवस्था मे पति के न आने से चंपा-लता को पुष्पित देखकर नेह-पगी राजुल मूर्च्छित हो जाती है :

जिट्ठ विरह जिमि तप्पइ सूर, छण वियोग सूखिउ नइ पूर।
पिक्खिउ फुल्लिउ चपइ विल्लि, राजल मूर्छी नेह गहिल्लि ॥

इस वर्णन का जायसी के पदमावत में किए गए ज्येष्ठ मास के वर्णन से साम्य देखा जा सकता है :

जेठ जरै जग वहै लुवारा। उठै बवंडर धिकै पहारा॥
बिरह गाजि हनिवंत होइ जागा। लंका डाह करै तन लागा॥
चारिहुँ पवन झँकोरै आगी। लंका डाहि पलंका लागी॥
दहि भइ स्याम नदी कालिंदी। विरह कि आगि कठिन असि मंदी॥
परबत समुंद मेघ ससि दिनअर सहि न सकहिं यह आगि।
मुहमद सती सराहिऐं जरै जो अस पिय लागि॥ ३५५॥

—पदमावत, पृ० ३५४.

पृथ्वीराजरासो में पृथ्वीराज भिन्न-भिन्न ऋतुओं मे काम से प्रताड़ित होता है। चन्द ने ऐसे अवसरों पर ऋतुओ का अद्वितीय वर्णन किया है

मोर सोर चहुँ ओर घटा आसाढ़ बधि नभ।
वच दादुर झिगुरन रटत चातिग रंजत सुभ॥
नील बरन वसुमतिय पहिर आभ्रंन अलंकिय।
चंद वधू सिव्यंद धरे वसुमत्तिसु रज्जिय॥
बरषत बूंद धन मेघसर तब सुभोग जद्दव कंअरि।
नन हंस धीर धीरज सुतन इष फुहे मन मत्थ करि॥२५-६५॥
घन घटा बंधि तम मेघ छाय।
दामिनिय दमकि जामिनिय जाय॥
बोलंत मोर गिरवर सुहाय।
चातिग्ग रटत चिहुँ ओर छाय॥

कवि अद्दहमाण एक नायिका के माध्यम से वर्षा ऋतु का चित्रण करते हुए लिखते है कि कोई विरह-कातरा प्रिया किसी पथिक से अपने प्रिय को सदेशा भेजती है। वह मेघो का समय है। दसो दिशाओ मे बादल छाये हुए हैं, रह-रह के घहरा उठते है, आकाश मे विद्युल्लता चमक रही है, कडक रही है, दादुरो की ध्वनि चारो ओर व्याप्त हो रही है—धारासार वर्षा एक क्षण के लिए भी नही रुकती। हाय पथिक, पहाड़ की चोटियो पर से उसने (प्रिय ने) कैसे सहा होगा ?

झंपवि तम वद्दलिण दसह दिसि छायउ अबरु,
उन्नवियउ घुरहुरइ घोरु घणु किसणडबरु।

णहहमग्गि णहवल्लिय तरल तडयडिवि लडक्कइ,
ददुररडण रउद्दु सद्दु कवि सहवि ण सक्कइ ।
निवड निरन्तर नीरहर दुद्धर धरधारोह मरु ।
किम सहउ पहिय सिहरट्ठियइ दुसहउ कोइल रसह सरु ॥१४८॥

—संदेशरासक.

पृथ्वीराजरासो के वर्षा-वर्णन मे कवि लिखता है—बादल गरज रहे हैं, प्रत्येक क्षण पहाड के समान बीत रहा है, सजल सरोवरो को देखकर सौभाग्यवतियो के हृदय फटे जा रहे है, बादल जल से सीच-सीचकर प्रेमलता को पलुहा रहे है, कोकिलो के स्वर के साथ मदन अपना बाण-सधान कर रहे हैं, दादुर, मोर, दामिनी, चातक शत्रु-सम व्यवहार कर रहे है आदि :

घन गरजै घरहरै पलक निस रैनि निघहै ।
सजल सरोवर पिष्षि हियौ तत्तछन घन फहै ॥
जल बद्दल बरषंत पेम पल्लहौ निरन्तर ।
कोकिल सुर उच्चरै अंग पहरंत पंचसर ॥
दादुरह मोर दामिनि दसय अरि चवत्थ चातक रटय ।
पावस प्रवेस बालम न चलि विरह अगिनि तन तप घटय ॥

जैसा कि पहले लिखा जा चुका है कि बाद के ऋतुवर्णनो मे प्राकृतिक दृश्यो का ध्यान उतना नही रखा जाने लगा जितना वस्तुओं की नाम-परिगणना का। इस पद्धति मे जिनपद्मसूरि के थूलिभद्दफागु के वर्षा-वर्णन को देखा जा सकता है

झिरिझिरि झिरमिर झिरमिर ए मेहा वरसंति ।
खलहल खलहल खलहल ए बादला वहति ॥
झब झब झब झब झब झब ए बीजुलिय झक्कइ ।
थर हर थर हर थर हर एक विरहिणि मणु कपइ ॥ ६ ॥
महुर गंभीर सरेण मेह जिमि जिमि गाजन्ते ।
पंच बाण निज कुसुम बाण तिम तिम साजन्ते ॥
जिमि जिमि केतकि महमहत परिमल विगसावइ ।
तिमि तिमि कामिय चरण लग्गि निज रमणि मनावइ ॥ ७ ॥

विषय-विवेचन की दृष्टि से ग्रन्थ या रचना को एकाधिक भागों में विभक्त करना अनिवार्य तत्त्व है। इनको नामकरण की दृष्टि से सर्ग, अध्याय, परिच्छेद, खंड, लम्बक और सन्धि आदि रूपों में देखा जा सकता है। अपभ्रंश कथाकाव्यों में प्राय: 'सन्धि' होती थी और उनमें कहीं-कहीं परिच्छेद भी होते थे। इसकी सूचना प्रत्येक संधि के प्रत्येक परिच्छेद की समाप्ति पर दे दी जाती थी। उदाहरणार्थ :

इह णायकुमारचारुचरिए पण्णणामंकिए महाकविपुप्फयंतविरइए महाकव्वे बालवीरलंभो णाम चउत्थो परिच्छेउ समत्तो। संधि ॥ ४ ॥

हिन्दी में कहीं खंड, कहीं अध्याय और कहीं परिच्छेदादि द्वारा विषय-विभक्त करके विवेचन की परिपाटी रही है। पदमावत, रसरतन आदि में 'खंड' नामकरण किया गया है, जैसे—अप्सरा खंड, युद्ध खंड, सिंहल यात्रा-वर्णन खंड आदि।

छंद

अपभ्रंश एवं हिन्दी प्रेमाख्यानकों की छन्द-योजना पर विचार करने के पूर्व 'छन्द' शब्द के अर्थ से परिचित होना आवश्यक है। 'छन्द' शब्द का कई अर्थों में प्रयोग किया जाता रहा है। श्रीमद्भगवद्गीता में वेदों को 'छन्दस्' कहा गया है :

ऊर्ध्वमूलमधःशाखमश्वत्थं प्राहुरव्ययम्।
छन्दांसि यस्य पर्णानि यस्तं वेद स वेदवित् ॥ १५ १.

अमरकोश में 'छन्द' शब्द का अर्थ अभिप्राय लिखा गया है—'अभिप्रायश्छन्द आशय'[1]। अन्यत्र अमरकोशकार ने छन्द का अर्थ 'वश'—'अभिप्रायवशौ छन्दाव्दौ जीमूतवत्सरा'[2] किया है। गायत्री प्रमुख छन्द है—'गायत्री प्रमुखं छन्दो'[3]। पद्य द्वारा व्यक्त अभिलाषा छन्द है—'छन्दः पद्येऽभिलाषे च'[4]। हिन्दी शब्दसागर के अनुसार 'छंद' संज्ञा

---

१ अमरकोश, तृतीय काण्ड, संकीर्णवर्ग, श्लोक २०.
२. वही, नानार्थवर्ग, श्लोक ८८
३. वही, द्वितीय काड, ब्रह्मवर्ग, श्लोक २२
४ वही, तृतीय काड, नानार्थवर्ग, श्लोक २३२.

पुलिंग शब्द है जो संस्कृत 'छंदस्' से निकला है। हिन्दी मे इस शब्द का सोलह अर्थो मे प्रयोग मिलता है।[1] डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी ने छन्द को आवेग का 'वाहन'[2] तथा 'एक चित्त के अनुभव को अनेक चित्तो मे अनायास संचरित करने वाला महान् साधन'[3] माना है। कालिदास ने छन्द का आदि रूप प्रणव को माना है।—'प्रणवश्छन्दसामिव'[4]। पाणिनीयशिक्षा मे वेदज्ञान की जिस पुरुषरूप मे कल्पना की गई है उस पुरुष के चरण छन्द है :[5]

छन्द पादौ तु वेदस्य हस्तौ कल्पोऽथ पठ्यते।
ज्योतिषामयनं चक्षुर्निरुक्तं श्रोत्रमुच्यते ॥ ४१ ॥
शिक्षा घ्राणं तु वेदस्य मुखं व्याकरणं स्मृतम्।
तस्मात् साङ्गमधीत्येव ब्रह्मलोके महीयते ॥ ४२ ॥

ऐसी मान्यता है कि वैदिक युग मे छन्द देवताओ को प्रसन्न करने के साधन थे। परन्तु साहित्यिक विधाओ मे छन्दो का प्रयोजन 'एक चित्त के अनुभव को अनेक चित्तो मे अनायास संचरित करने वाले महान् साधन' से है। डा० पुत्तूलाल शुक्ल के शब्दो मे 'छन्द वह वैखरी ध्वनि (मानवोच्चारित ध्वनि) है, जो प्रत्यक्षीकृत निरन्तर तरगभंगिमा से आह्लाद के साथ भाव और अर्थ की अभिव्यंजना कर सके।'[6] छन्द को भेदो की दृष्टि से पिंगल नागमुनि ने सम, अर्द्धसम और विषम तीन रूपो मे विभक्त किया है—सममर्धसमं विषम च। पिंगलच्छन्द सूत्रम् के टीकाकार हलायुध भट्ट ने लिखा है कि जिसके चारो पाद एक लक्षणयुक्त हो वह सम वृत्त और जिसके अर्ध पाद (दो चरण) एक समान हो तथा दूसरे दो चरण एक समान हो उसे अर्धसम छन्द

---

१ हिन्दी शब्दसागर (वृहत्)
२. डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी, साहित्य का मर्म, पृ० ४१
३. वही, पृ० ४६
४ रघुवश, १ ११.
५ पाणिनीयशिक्षा, ४१-४२
६. डा० पुत्तूलाल शुक्ल, आधुनिक हिन्दी-काव्य में छंद-योजना, पृ० २१

कहते है।[1]

उक्त विषय के विस्तार मे न जाकर यहाँ हम कतिपय अपभ्रंश कथाकाव्यो मे प्रयुक्त छन्दो के अध्ययन के बाद हिन्दी प्रेमाख्यानको मे वर्णित छन्दो पर तुलनात्मक दृष्टि से विचार करेगे। अपभ्रंश रचना सुदंसणचरिउ मे कवि नयनंदी ने वार्णिक और मात्रिक दोनो प्रकार के छन्दो का प्रयोग किया है। इसमे प्रयुक्त छन्दो की तालिका इस प्रकार है·

पादाकुलक, रमणी, मत्तमातंग, कामबाण, दुवई भयण विलासा, भुजंगप्रयात, प्रमाणिका, तोडसाउ, मंदाक्रान्ता, शार्दूलविक्रीडित, मालिनो, दोधय, समानिका, भयण, त्रिभंगिका (मजरी, खंडिय और गाथा का मिश्रण), आनंद, द्विभंगिमा (दुवई और गाहा का मिश्रण), आरणाल, तोमर, मंदयारुत्ति, अमरपुरसुन्दरी, मदनावतार, मागहणक्कुडिया, शालभंजिका, विलासिनी, उविदवज्जा, इंदवज्जा अथवा अखोणइ, उवजाइ (उपजाति), वसंतचच्चर, वसंत्थ, उव्वसी, सारीय, चंडवाल, भ्रमरपद, आवली, चन्द्रलेखा, वस्तु, णिसेणी, लताकुसुम, रचिना, कुवलयमालिनी, मणिशेखर, दोहा, गाथा, पद्धडिया, उण्हिया, मोत्तियदाम, तोणउ, पंच-चामर, सग्गिणी, मदारदाम, माणिणी, पद्धडिया (रयणमाल, चित्तलेह, चंदलेह, पारंदिया, रयडा इत्यादि)।

नयनन्दीकृत सकलविधनिधान काव्य मे सुदंसणचरिउ मे प्रयुक्त छन्दो के अतिरिक्त ये छन्द प्रयुक्त हुए हैं

श्रेणिका, उपश्रेणिका, विषमशीर्षक, हेममणिमाल, रासाकुलक, मदरतार, खंडिका, मंजरी, तुरगगति (मदन), मंदतारावली (कुसुमकुमुमावलि), सिंधुरगति, चारुपदपंक्ति, मनोरथ, कुसुममंजरी, विश्लोक, मयणमजरी, कुसुमघर, भुजंगविलास. हेला, उवविछिया, रासावलय, कामललिया, सुन्दरमणिभूषण, हंसलील, रक्ता, हसिणी, जामिणो, मंदरावली, जयतिया, मंदोद्धता, कामकीड़ा, णागकण्णा, अणंगभूसण, गउदलोल, गुणभूषण, रुचिरग, स्त्री, जगन्सार, सगीतकगान्धर्व, वाल-

---

१ पिंगल नागमुनि, पिंगलच्छन्द सूत्रम्, २.५.

भुजंगललित, चड, शृगार, पवन, हरिणकुल, अकणिका, धनराजिका (हेला), अंजनिका, वसन्ततिलक, पृथिवी, प्रियवदा (अनन्तकोकिला), पुष्पमाल, पतिया, शालिनो, विद्युन्माला, यथोद्धता, कौस्तुभ (तोणक), अशोकमालिनी इत्यादि ।

कवि लक्खण ने जिणदत्तचरिउ मे वार्णिक-मात्रिक दोनो प्रकार के छन्दो का प्रयोग किया है

विलासिणी, मदनावतार, चित्तगया, मोत्तियादाम, पिंगल, विचित्त-मणाहरा, आरणाल, वस्तु, खडय, जभेट्टिया, भुजगप्पयाउ, सोमराजी, सग्गिणी, पमाणिया, पोमणी, चच्चर, पचचामर, णराच, तिभगिणिया, रमणीलता, समाणिया, चित्तिया, भमरपय, भोणय, अमरपुरसुन्दरी, लहुमत्तियसिगिणी, ललिता इत्यादि ।

पउमचरिउ मे गन्दोकधारा, द्विपदी, हेलाद्विपदी, मजरी, शाल-भाजिका, आरणाल, जभेदिया, पद्धडिका, वदनक, पाराणक, मदनावतार, विलासिनो, प्रमाणिका, समानिका, भुजगप्रयात आदि छन्दो का प्रयोग हुआ है ।

अपभ्रंश के उक्त छन्दो की एक लम्बी तालिका प्रस्तुत करने का मात्र यह उद्देश्य रहा है कि अपभ्रंश काव्यो मे प्रयुक्त अधिकाश छन्दो की जानकारी हो सके । इन छन्दो के लक्षण या परिभाषा देने का उद्देश्य नही है । यो अपभ्रंश के जिन काव्यो का सम्पादन हो चुका है उनके सम्पादको ने अपनी भूमिका अथवा प्रस्तावना मे सम्पादित काव्य के छन्दो पर भी विचार किया है । उदाहरणार्थ—भविसयत्तकहा (पृ० २८–३६), णायकुमारचरिउ (पृ० ५९–६२), करकडुचरिउ (पृ० ४९), जम्बूसामिचरिउ (पृ० १०१–१०७), मयणपराजयचरिउ (पृ० ७१–७७) आदि हमारे सामने है ।

अपभ्रंश काव्य कडवकबद्ध अधिक लिखे गये । अपभ्रंश काव्यो मे सर्ग की जगह प्राय सन्धि का व्यवहार किया जाता है । प्रत्येक संधि मे अनेक कडवक होते हैं और एक कडवक आठ यमको का तथा एक यमक दो पदो का होता है । एक पद मे, यदि यह पद्धडियाबद्ध

हो तो, सोलह मात्राएँ होती है। आचार्य हेमचन्द्र के अनुसार चार पद्धड़ियो यानी आठ पक्तियो का कडवक होता है। अपभ्रश काव्यो मे चौपाई का प्रयोग प्रारम्भिक अवस्था मे पद्धड़ियो की अपेक्षा कम हुआ है। पद्धड़िया छन्दो मे श्रेष्ठ और मन को प्रसन्न करने वाला माना जाता था। स्वयभू कवि ने लिखा है कि रासावध मे घत्ता छड्डणिआ और पद्धड़िया के प्रयोग से जनमन-अभिराम हो जाता है.

घत्ता छड्डणिआहिं पद्धड़ियाहिं सुअण्ण रूए हि।
रासावंधो कव्वे जणमण अहिरामओ होहि॥

पुहकर ने रसरतन मे लिखा है कि जिस प्रकार समस्त छन्दो मे पद्धरी छन्द शोभित होता है वैसे ही पूर्ण कलाओ से युक्त चन्द्र शोभित हो रहा था.

रतिनाथ देषि तहां धवल धाम।
मनि मुक्ति जटित नैननि विराम॥
नवसत कलानि मिलि लसत चद।
जिहि छंद समत पद्धरी छंद॥ २४॥—स्वप्न, पृ० ३१

अपभ्रंश कथाकाव्य भविसयत्तकहा मे पद्धरि छंद का बहुतायत से प्रयोग हुआ है। वहाँ इसका प्रयोग कडवक विधान के लिए हुआ है। कडवक के अन्त मे घत्ता प्राय. रखा गया है। पद्धरि के चार पाद और प्रत्येक पाद १६ मात्राओ का होता है। उदाहरण के लिए भविसयत्त-कहा का पद्धरि छंद देखिए :

वित्थारिव लोयणदल विसाल। उल्लवइ हसेविणु कयणमाल॥
आयहो आएं फिर कवणु कज्जु। हुंतउ पडिउत्तरु देमि अज्जु॥

उक्त पद्धरि छद मे चार पाद और प्रत्येक पाद मे १६ मात्राएं हैं। भविसयत्तकहा मे अलिल्लह छंद का भी प्रयोग हुआ है जो बाद के हिन्दी काव्यो मे आकर अरिल्ल छंद के नाम से जाना गया। पुष्पदत ने

---

१. डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी, हिन्दी साहित्य का आदिकाल, पृ० १००.

णायकुमारचरिउ, कनकामर ने करकडुचरिउ एवं अन्य अपभ्रंश कवियो ने पद्धरि छंद का प्रयोग कड़वक विधान के लिए किया है। करकंडुचरिउ का एक उदाहरण देखिए

जहिं सरवरिउग्गयपंकयाइं।
णं धरणि वयणि णयणुल्लयाइं ॥—पृ० ४

जिस प्रकार अपभ्रंश मे ८ यमको अर्थात् एक कडवक के बाद घत्ता देने की प्रणाली थी उसी प्रकार हिन्दी के दोहा-चौपाई मे लिखे जाने वाले पदमावत, रामचरितमानस आदि ग्रन्थो मे ७ चौपाई के बाद एक दोहा देने की प्रणाली चल पड़ी।

अपभ्रंश में जो स्थान पद्धरि का था वही हिन्दी मे चौपाई को मिला। चौपाई छंद हिन्दी प्रेमाख्यानक कवियों का प्रिय छंद रहा है। कुतुबन की मृगावती मे प्रयुक्त छन्दो को चौपाई और दोहरा कहा गया है। उदाहरण के लिए :

मृगावती सुनि जिअ रहसाई। कामा जनु मधवानल पाई ॥

—सूफी काव्यसग्रह, पृ० ९८.

जायसी, मझन, उसमान, जान आदि कवियो ने क्रमश: पदमावत, मधुमालती, चित्रावली और कनकावती मे इस छद का प्रयोग किया है। चौपाई छद के सम्राट तुलसीदास जी हुए जिन्होने रामचरितमानस मे इस छद का सर्वाधिक प्रयोग किया। चौपाई और पद्धरि छद मूलत कथाकाव्यो मे प्रयुक्त होने वाले छद है। दोहा मात्रिक छद है। इसके प्रथम और तृतीय चरण मे १३-१३ मात्राए एव द्वितीय और चतुर्थ चरण मे ११-११ मात्राए होती हैं। जायसीकृत पदमावत में सात चौपाइयो के बाद एक दोहे का क्रम रखा है। परन्तु उसमें ऐसे दोहे ही मिलते हैं जिनमे प्रथम-तृतीय चरणो मे १३-१३ मात्राएं नही मिलती। १३ मात्राओ के स्थान पर कही १६ मात्राए भी मिलेती हैं। वास्तव मे यह अपभ्रंश का ही प्रभाव समझना चाहिये। अपभ्रंश काव्यो में पद्धडिका (१६ मात्राओ का छद), वदनक (भी १६ मात्राओ का) और पारणक (१५ मात्राओ का) छदों को कड़वको मे प्रयुक्त किया गया है। छदो की विभिन्नता की परम्परा अपभ्रंश-कालीन है।

कवि पुहकर ने रसरतन मे लगभग पैंतीस छदो का प्रयोग किया है :

छप्पय, दोहा, सोमकाति, घाटक, सारदूल, चौपही, दडक, सवैया, तोटक, पद्धरी, प्रयगम, मोतीदाम, सोरठा, कुडलिया, कवित्त, प्रवानिक, गीतिका, कठभूषण, भुजगप्रयात, सोरठा-दोहा, वथूह, पैडी, गुनदीपक, गीतमालती, मोदिका, तोटकी, कामिनीमोहन, नाराच, गाथा, भुजगी, लीलावती, दुर्मिला, त्रिभगी, शखधारा, चद्रजोति ।

नयनदी ने जिन छदो का प्रयोग किया था उनकी तालिका पीछे दी जा चुकी है। रसरतनकार ने जिन छदो का प्रयोग किया है उनमे से गाथा, दोहा, पद्धरी, भुजगप्रयात, त्रिभंगी, चौपही और मोतीदाम आदि अनेक छदो का नयनदी आदि पूर्ववर्ती कवियो ने प्रयोग किया है।

प्रयगम छद यह २१ मात्राओ का छद होता है। ८, १३ पर यति, आदि मे गुरु और अन्त मे जगण होता है

उठत उरोज नवीन छीन कटि केहरी ।
नूपुर की झनकार जराऊ जेहरी ॥
कज तै कोमल चरन अरुन अति वाम के ।
पूरित पंचहु बान तरक्कस काम के ॥ ३३९ ॥

—रसरतन, पृ० १६१.

वथूह छद : डा० शिवप्रसाद सिंह इसे रोला का ही एक रूप मानते है।[1] रोला के सदर्भ मे डा० विपिनबिहारी त्रिवेदी का मत है कि 'प्राचीन छद ग्रन्थो मे कोई रोला नामक छद ही नही मिलता। हा, काव्य, वस्तु, वदनक, वत्थुओ और वत्थुवरण लगभग इसी के अनुरूप है।[2] छद पयोनिधि भाषा मे लिखा है कि उपदोहा के प्रथम दो चरणो के योग के समान चार चरण रखने से उस छद को (रोला) रोलावत्थू कहते है।[3] रोलावत्थू को दोहावत्थू का भेद माना गया है जिसके आनदवत्थू, मगलवत्थू, रायवत्थू और मोहनवत्थू ये चार भेद है।[4] रस-

---

१ चदवरदाई और उनका काव्य, पृ० २३६

२. हरदेवदास, छद पयोनिधि भाषा, ३ १९३-१९४.

३. वही, ७.१९२

४ पउमचरिउ, सपा०—डा० हरिवल्लभ भायाणी, भारतीय विद्याभवन, बम्बई, पृ० ७८

रतन के १४ + १० = २४ मात्राओ के इस छद का उदाहरण प्रस्तुत कर रहे है

कासी कौसल कारनाट, कनवज्ज कलिंजर ।
कामरूप कैकय कलिंग, केदार कछघर ।।

कुछ छन्द संस्कृत से अपभ्रंश मे ठीक उसी नाम से ले लिए गए और कुछ का कालभेद से नामपरिवर्तन तो हुआ परन्तु रूपपरिवर्तन नही हुआ। अपभ्रंश-हिन्दी छन्दो के विषय मे भी उक्त बात लागू होती है। संस्कृत का जो सुग्विणी छन्द है वही कामिनीमोहन नाम से सामने आया।

कामिनीमोहन छन्द : इसमे चार रगण होते है। अपभ्रंश-कवि यश-कीर्ति का छन्द उदाहरणार्थ प्रस्तुत है .

अस्सथामो मुऊ तेहि ता उत्तऊ ।
मुच्छिऊ दोण धनु बाण हत्थह चुऊ ।
चेयणा या लहिवि कस्सा वि णउं पत्तिउ ।
सच्चवाई य तउ धम्म सुउ पुच्छिउ ।।

रसरतन मे कामिनीमोहन छद का प्रयोग हुआ है

देषि सोभा रही रीझि प्यारी प्रिया । मग्ग भूलै चलै चित्त हारै त्रिया ।
संग छांड़ै मृगी जेमि भूली फिरै । हार टूटै हियै भूमि मोती गिरै ।।१२५।।

एक जानै नहीं छीन है अंचरा । मौन रीति चली सीस मंजै धरा ।
एक टक्कै रही अंषिया जोहनं । रूप देषौ जहां कामिनी मोहनं ।।१२८।।

—रसरतन, पृ० १४३.

पुहकर ने जिस छन्द मे वर्णन किया है उसी मे उस छन्द का नामोल्लेख और कही-कही लक्षण भी दे दिया है। कामिनीमोहन यहाँ दो अर्थों मे प्रयुक्त होता है · एक प्रासगिक अर्थ के लिए, दूसरा छन्द के नामोल्लेख के लिए। इसी प्रकार भुजगप्रयात 'भुजगा' शब्द द्वारा व्यक्त किया गया है :

बजै दुंदुभी ढोल भेरी मृदगा ।
सुनै सोर पाताल मध्ये भुजगा ।। १९६ ।।

कंठभूषण छंद मे भी उपर्युक्त प्रणाली अपनाई गई है :

कंठ अभूषन कै वह नामा ।
यो सुमरे सुष प्रीतम स्यामा ॥ १७० ॥
भुजा जनु नाग विराजत वाम ।
उरस्थल सोभित मोतिय दाम ॥ ३४ ॥
वत्तीसौ लच्छिन लच्छि लसै ।
तन ज्यो गुनं अच्छरि लीलवती ॥

पुहकर ने छद के नामोल्लेख के साथ ही यहा उसका लक्षण भी बता दिया है कि यह ३२ अक्षर का छद है। पूर्ववर्ती अपभ्रंश साहित्य मे इस प्रकार के कई उदाहरण मिल सकते है। जैसे नयनंदी ने प्रासगिक विषय के साथ ही छद के नाम का भी उल्लेख कर दिया है ·

वसंततिलक सिंहोद्धता वा णामेद छन्दः
तुरंगति मदनो वा छन्दः
प्रियवदा अनन्तकोकिला वा नामेदं छन्दः ॥

प्रेमाख्यानको में विविध छन्दो का प्रयोग प्राय विशुद्ध भारतीय प्रेमाख्यानको में हुआ है। यो छन्दोगत परिवर्तन भी होते रहे। दोहा अपभ्रंश का पर्यायवाची ही बन गया। डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी ने लिखा है कि 'यह (दोहा) नवी-दसवी शताब्दी मे बहुत लोकप्रिय हो गया था। इस छन्द मे नई बात यह है कि इसमे तुक मिलाये जाते है। सस्कृत-प्राकृत मे तुक मिलाने की प्रथा नही थी। दोहा वह पहला छन्द है, जिसमे तुक मिलाने का प्रयत्न हुआ और आगे चलकर एक भी ऐसी कविता नहीं लिखी गई जिसमे तुक मिलाने की प्रथा न हो। इस प्रकार अपभ्रंश केवल नवीन छन्द लेकर ही नही आई, बिल्कुल नवीन साहित्यिक कारीगरी लेकर भी आविर्भूत हुई।'[1] स्पष्ट है कि कविता मे तुकबन्दी का प्रभाव सीधा अपभ्रंश से आया। यह लिखा जा चुका है कि छन्दोगत परिवर्तन प्रारम्भ से ही होते रहे। उनमे कुछ नवीन छन्द भी प्रकाश मे आये और कुछ के नाम मात्र बदल गए। अपभ्रंश मे विषय के अनुसार छन्द रखने की प्रथा थी। यदि कवि को युद्ध का वर्णन करना है तो वह ऐसे छन्द और शब्दयोजना का गठन करता है जिससे ध्वन्यात्मक रव से

---

१ हिन्दी साहित्य का आदिकाल, पृ० ९३.

युद्ध-स्थल का चित्र प्रस्तुत हो सके। वही प्रवृत्ति हिन्दी प्रेमाख्यानको में भी अपनाई गयी। वैसी ही तुकबन्दी और शब्द-योजना।

हिन्दी प्रेमाख्यानको की वर्णन-परिपाटी अपभ्रंश कथाकाव्यो की नीव पर ही खड़ी हुई। इनकी कथानक-रूढियो मे तादात्म्य के सम्बन्ध मे पहले लिखा जा चुका है। यह भी वर्णन परिपाटी का अंग था। प्रेम होने-मे साक्षात् दर्शन, चित्र-दर्शन अथवा सौन्दर्य की प्रशंसा सुनना दोनो काव्यो मे कारण माना जाता रहा है। जिस नारी से नायक का प्रेम-सम्बन्ध हुआ है उसके नख-शिख का वर्णन ये कवि अवश्य करते थे। सुदंसण-चरिउ मे मनोरमा का रूप-वर्णन करते समय कवि को उपमाए ही नही मिल रही थी। वह लिखता है कि जो मनोरमा लक्ष्मी के समान है उसकी तुलना किससे की जा सकती है? जिसकी चाल से लज्जित होकर समस्त हस मानस मे चले गये। जिसके अतिकोमल अरुण चरणो को देखकर रक्त कमल जल मे प्रविष्ट हो गए। जिसके पैरो के नखो की कांति से पराजित हो नक्षत्र आकाश मे चले गये। जिसकी जंघाओ की कदली से तुलना करने पर वह फीका पड़ गया आदि

जा लछि समा तहे काउवमा जाहे गइए सकलत्तइं।
णिरु णिज्जियइं, णं लज्जियउं हंसइं माणसे पत्तइं॥ ४.१.
जाहे चरण सारूण अइ कोमल, पेछेवि जले पइट्ठ रत्तुप्पल।
जाहे पायणह मणिहि विचित्तइं, णिरसियाइं सहे ठिय णक्खत्तइं।
जाहि लडह जंघहि उहामिउं, रंभउ णीसारउ होएवि थिउ।
जाहे णियंबु बिंबुब अलहंते, परिसेसियउ अंगु रह कंते॥

इस प्रकार के नखशिख वर्णनो मे पदमावत आदि हिन्दी प्रेमाख्यानक भी पीछे नही रहे। इनकी भी वही परिपाटी रही आई। इन सब बातों के अतिरिक्त दोनो ही प्रकार के प्रेमाख्यानको मे प्रेमोत्पत्ति, प्रेमोत्थान, मिलनस्थल आदि की प्रक्रियाएं समान रूप से चलती हैं। नायक का योगी होकर घूमना, किसी वाद्य विशेष द्वारा प्रेमिका को अपने आने की खबर देने जैसी घटनाए कही-कही हूबहू मिल जाती हैं। नायिका की विरहा-वस्था मे सखियो द्वारा उपचार किया जाना, समझाया जाना और सहा-यता करना ये सब भी सामान्य रूप से दोनो मे आते हैं। रसरतन मे नायिका प्रथम मिलने से भयभीत होती है तो सखियां पहले ही समझाती

हैं और पति की सेज तक ले जाकर छोड़ आती हैं। कुछ कथानकों को उदाहरणस्वरूप सामने रखकर विचार करने पर वर्णन-परिपाटी का प्रश्न और भी स्पष्ट हो जायेगा। भविसयत्तकहा मे श्रुतपंचमी का महत्त्व बताया गया है। कथा मे सज्जन-दुर्जन प्रसंग से लेकर कथावतार, उद्देश्य आदि कथानक-रूढियो तक का पालन किया गया है। इस प्रेमाख्यानक का पूर्वार्ध रोमाचक और साहसिक यात्रा-वर्णनो से परिपूर्ण है। उत्तरार्द्ध मे युद्ध तथा पूर्व भवों का वर्णन है। इस प्रकार यह किसी लोकप्रचलित कथानक पर आधारित कथा मालूम होती है। यदि हम भविष्यदत्तकथा और रत्नसेन-पद्मावती की तुलना करे तो दोनों की कथापरिपाटियो मे अधिकाशत साम्य प्रतीत होगा। जिस प्रकार का प्रेम-चित्रण भविष्यदत्तकथा मे है, ठीक उसी प्रकार का चित्रण रत्नसेन-पद्मावती की कथा में है। रत्नसेन की रानी पद्मिनी का हरण करने का प्रयत्न अलाउद्दीन द्वारा किया जाता है और इधर भविष्यदत्त की स्त्री का हरण उसके सौतेले भाई बंधुदत्त द्वारा कर लिया जाता है। कालक्रम-घटनाक्रम के अनुसार भविष्यदत्त को उसकी स्त्री वापिस मिल जाती है।

करकडुचरिउ नामक एक अन्य अपभ्रंश काव्य ऐसा है जिसकी कथा अत्यधिक रोचक है। इसकी कथा का उल्लेख पांचवें अध्याय मे किया जा चुका है परन्तु तुलनात्मक अध्ययन को दृष्टिगत रखते हुए यहाँ उसे दुहराना पडेगा। अंगदेश की चपापुरी मे धाडीवाहन राजा राज्य करते थे। एक बार वे कुसुमपुर गये। वहाँ पद्मावती नाम की एक युवती को देखकर मोहित हो गए। उसके साथ उन्होने पाणिग्रहण कर लिया। रानी गर्भवती हुई और उसे दोहद उत्पन्न हुआ। इसी बीच वह जगल मे भटक गई और समय पर श्मशान मे करकडु नामक पुत्र उत्पन्न हुआ।

कुछ समय बाद करकडु का विवाह मदनावली से हो गया। न पहचानने के कारण पिता-पुत्र मे युद्ध हुआ जिसका वर्णन लव-कुश और राम के युद्ध का स्मरण कराये बिना नही रहता। करकंडु का राज्यविस्तार हुआ। वे सिंहलद्वीप पहुँचे और वहां रतिवेगा से विवाह किया। जलमार्ग से लौट रहे थे तब किसी विद्याधरपुत्री द्वारा हरण कर लिए गए। इस प्रकार की मुख्य कथा मे नौ अवान्तर कथाएं भी हैं।

उक्त कथानक एवं जायसी के पदमावत के कथानक की तुलना से एक परिपाटी की शृंखला जुड जाती है। करकडुचरिउ मे नायक सिंहलद्वीप की यात्रा करता है, वहा की राजकुमारी रतिवेगा से विवाह करता है, समुद्र मे उससे विछोह तथा रतिवेगा को पद्मावती का आश्वासन आदि घटनाए जायसी के पदमावत की निम्न घटनाओ से पर्याप्त मेल खाती है—सिंहलद्वीप की राजकुमारी पद्मावती के रूप-गुणो का वखान सुनकर चित्तौड का राजा रतनसेन उसपर मोहित हो जाता है, वह यात्रा करता है, उसका विवाह होता है और समुद्रमार्ग से लौटने पर दोनो का वियोग भी होता है। पुन मिलन आदि की घटनाए ऐसी हैं जो ज्यो की त्यो मिल जाती है।

रामचरितमानस मे राम-कथा की तुलसीदास ने एक सरोवर और सरिता से तुलना की है। सरोवर की तुलना देखिए

सुठि सुन्दर संवाद वर विरचें बुद्धि विचारि।
तेहि एहि पावन सुभग सर घाट मनोहर चारि॥

सप्त प्रबंध सुभग सोपाना। ग्यान नयन निरखत मन माना।
रघुपति महिमा अनुगन अबाधा। बरनब सोइ वर वारि अगाधा॥

रोप सीय जस सलिल सुधा सम। उपमा वीचि विलास मनोरम।
पुरइनि सघन चारु चौपाई। जुगुति मंजु मनि सीप सुहाई॥

छंद सोरठा सुंदर दोहा। सोइ बहुरंग कमल कुल सोहा।
नरथ अनूप सुभाव सुभासा। सोइ पराग मकरंद सुवासा॥

सुकृत पुंज मंजुल अलि माला। ग्यान विराग विचार मराला।
धुनि अवरेख कवित गुन जाती। मीन मनोहर ते बहु भांती॥

अरथ धरम कामादिक चारी। कहब ग्यान विग्यान विचारी।
नवरस जप तप जोग विरागा। ते सब जल चर चारु तड़ागा॥

—बालकाड, ३७

अब रामकथा की सरिता से तुलना प्रस्तुत है

श्रोता त्रिविध समाज पुर ग्राम नगर दुहु कूल।
संत सभा अनुपम अवध सकल सुमंगल मूल॥

रामभगति सुरसरितहि जाई । मिली सुकीरति सरजु सुहाई ।
सानुज राम समर जसु पावन । मिलेउ महानदु सोन सुहावन ॥

जुग विच भगति देवधुनि धारा । सोहति सहित सुविरति विचारा ।
त्रिविध ताप त्रासक तिमुहानी । राम सरूप सिंधु सुमुहानी ॥

मानस मूल मिली सुरसरिही । सुनत सुजन मन पावन करिही ।
बिच-बिच कथा विचित्र विभागा । जनु सरि तीर तीर वन भागा ॥

उमा महेस बिवाह बराती । ते जलचर अगनित बहु भांती ।
रघुवर जनम अनंद बधाई । भवंर तरग मनोहर ताई ॥

बालचरित चहु बधु के बनज विपुल बहुरंग ।
नृप रानी परिजन सुकृत मधुकर वारि विहग ॥

—बालकाड, ३९-४०.

स्वयंभू ने भी अपने पउमचरिउ में रामकथा की तुलना सरिता से करते हुए लिखा है कि यह रामकथारूपी सरिता क्रम से चली आ रही है। इसमे अक्षरसमूह सुन्दर जलसमूह है, सुन्दर अलकार और शब्द मत्स्यगृह है, दीर्घ समास वक्र प्रवाह है, संस्कृत और प्राकृत अलकृत पुलिन है, देशी भाषा दोनो उज्ज्वल तट हैं, कवि से प्रयुक्त कठिन और सघन शब्द शिलातल के समान हैं, अर्थबहुलता उठती हुई तरगे हैं—इस प्रकार यह रामकथा शोभित होती है .

वड्ढमाण मुह कुहर विणिग्गय राम कहाणइ एह कमागय ।
अक्खर पास जलोह मणोहर सुअलंकार सद्द मदोहर ॥

दीहसमास पवाहा पंकिय सक्कय पायय पुलिणालंकिय ।
देसी भासा उभय जडुज्जल कवि ठुक्कर घण सद्द सिलायल ॥
अत्थ बहल कलेलाणिट्ठिय आसासय सम तूह परिट्ठिय ।
एह रामकह सरि सोहंती गणहर देविहि दिट्ठ वहंती ॥

—पउमचरिउ, १ २.

वर्णन को परिपाटी मे भी समानता पाई जाती है, इसके लिये उक्त प्रमाण से अच्छा कौन-सा प्रमाण दिया जा सकता है।

अपभ्रंश कथाकाव्यो एव हिन्दी प्रेमाख्यानको के मनोरजन के साधनो, सांस्कृतिक, सामाजिक उपादानो के वर्णनप्रसंगो मे भी कदाचित् मूल-

भूत अन्तर दृष्टिगोचर नही होता। अपभ्रंश कथाकाव्यो मे जल-क्रीड़ा, उद्यान-क्रीड़ा, आखेट, गोपियों के रास व चर्चरी नृत्य, वेश्याओ द्वारा गायन व नृत्य, वेश्यागमन और द्यूतक्रीड़ा आदि मनोरजन के साधनो का उल्लेख हुआ है। वीर कवि (११वी शती) के जम्बूसामिचरिउ मे जिनदास नामक पात्र प्रतिदिन घर से द्रव्य चुराकर वेश्या का उपभोग करता और डिम व डक्का बजते हुए सजी दुकानो मे मद्य पीता तथा जुए का एक बड़ा फलक सजाकर ककरो के स्वर और ज्वारियो की विरस ध्वनियो के साथ जुआ खेलता

अणुदिणु दविणु घराउ हरेप्पिणु वेसायणु भुंजइ त देप्पिणु।
बज्जिय डक्क-हुडुक्क समाणए पियइ मज्जु विरइय-आवाणए॥

—४.२.१

उक्त काव्य मे ही वेश्यागामी का एक सुन्दर चित्र प्रस्तुत किया गया है—'सुदृढ गाठ से अपने परिधान मे शलाका लगाये हुए, पृथुल कटितट पर छुरी लटकाये हुए, सिर पर घना जटा-जूट बाधे हुए, अगरू आदि सुगन्धित द्रव्य से पवन को सुगन्धित करते हुए, श्वेत ताम्बूल पत्र का बीडा चबाते हुए, दाहिने हाथ से तलवार घुमाते हुए, कामलता नामक कामिनी को घर छोडकर प्रतिदिन वेश्याहाट को देखा करता था। जहाँ वेश्याएँ अत्यधिक सुडौल-रूपवान व्यक्ति को भी धन-हीन हो जाने पर कुरूप मानती हैं ... ' आदि।[1] स्पष्ट है कि उस समय वेश्यागमन खुलेरूप मे मनोरंजन का साधन था और शासन का उसपर कोई प्रतिबन्ध नही था। णायकुमारचरिउ (पृ० ४८-४९), कीर्तिलता (पृ० २५८-६०) आदि अपभ्रंश काव्यो में वेश्याहाटो की विस्तृत चर्चा की गई है।

सन्देशरासक मे मनोरजन के साधनो का उल्लेख करते हुए अद्दहमाण ने लिखा है .

कह व ठाइ चउबेइहि वेउ पपासियइ।
कह बहुरुवि णिबद्धउ रासउ भासियइ॥
कह व ठाइ सुदयवच्छ कत्थ व नलचरिउ।
कत्थ व विविह विणोइह भारहु उच्चरिउ॥

---

१ जम्बूसामिचरिउ, ९.१२-१३, पृ० १८०–१८४

कह व ठाइ आसीसिय चाइहि दयवरिहि ।
रामायणु अहिणवियअइ कत्थविकय वरिहि ॥

—सदेशरासक, ४३-४४.

अर्थात् कही चारो वेदों को जानने वाले पाठ कर रहे है । कही विविध रूप धारण करने वाले बहुरूपिये या बहुरूप धारण करने वालो द्वारा रासकपाठ हो रहा है, कही सदयवत्स और नल की कथा कही जा रही है । कही विविध विनोद के साथ महाभारत की कथा हो रही है और कही रामायण की कथा हो रही है ।

सगीत-नृत्य आदि भी मनोरजन के साधन थे । चर्चरी, चांचरि अथवा चाचरि जो कि ताल एव नृत्य के साथ विशेष उत्सवादि मे गाई जाती थी—सामूहिक मनोरजन का साधन थी । विक्रमोर्वशीय (चतुर्थ अक), समरादित्यकथा आदि रचनाओ मे इसका उल्लेख मिलता है । वीर कवि ने जबुसामिचरिउ मे इसका उल्लेख करते हुए लिखा है कि महाकवि देवदत्त ने सरस चच्चरिया बन्ध मे शातिनाथ का महान् यशोगान किया तथा जिन भगवान् के चरणो की सेविका अम्बादेवी का रास रचा जिसका जिन भगवान् के सेवको द्वारा नृत्याभिनय भी किया जाता है

चच्चरियबाधि विरहउ सरसु गाइज्जइ संतिउ तारजसु ।
तच्चिज्जइ जिणपय सेवयहिं किउ रासउ अंबादेवयहिं ॥ १ ४

सुदसणचरिउ मे नयनन्दी ने चच्चरि का उल्लेख किया है :

जिण हरेसु आढविय सुच्चरि ।
करहिं तरुणि सवियारी चच्चरि ॥७.५

उक्त उद्धरणो से इतना स्पष्ट है कि यह मनोरंजन का ही एक साधन था । हिन्दी प्रेमाख्यानक पदमावत, रसरतन आदि मे चच्चरि अथवा चाचरि का वही रूप विद्यमान है जो उसके पूर्व था । यहा पदमावत से उदाहरण प्रस्तुत किये जाते हैं

पिउ संजोग धनि जोवन वारी । भंवर पुहुप संग करहिं धमारी ॥
होइ फागु भलि चांचरि जोरी । विरह जराइ दीन्ह जसि होरी ॥

—पदमावत, षड्ऋतुवर्णन, ३३५.५-६

नागमतीवियोग खंड मे भी चाचरि का इसी अर्थ मे उल्लेख हुआ है :

फागु करहिं सब चांचरि जोरी ॥
मोहि तन लाइ दीन्हि जस होरी ॥ —वही, ३५२ ५.

पुहकर कवि ने मनोरंजन के साधन के रूप मे ही चाचरि का उल्लेख किया है .

गीत नाद चांचरि चित लावहु । काव्य कथा कहि काल गमावहु ।
वात सरस कवि कहै सब कोई । इक सिंगार रस वरजित सोई ॥
—आदि खंड, १५.

जलक्रीडा, उद्यानक्रीडा, वेश्यावर्णन आदि के उदाहरण वस्तुवर्णन के अन्तर्गत दिये गये हैं अतः यहाँ मनोरजन के साधनो मे उनको उद्धृत नही किया जा रहा है। कदाचित् जिन मनोरजन के साधनो का ऊपर उल्लेख किया गया है वे सामूहिक साधन है। व्यक्तिगत साधनो मे कुछ लोग प्रेमकथाओ को वाचकर अथवा दूसरे से सुनकर भी समय यापन कर लिया करते थे। वनारसीदास जी ने अपने अर्ध-कथानक मे इसकी चर्चा भी की है

तव घर मे बैठे रहे, जांहि न हाट बाजार ।
मधुमालति मिरगावति, पोथी दोइ उदार ॥ ३३५ ॥
ते वाचहिं रजनी समै, आवहिं नर दस बीस ।
गावहिं अरु वातें करहिं, नित उठि देहि असीस ॥ ३३६ ॥
—पृ० ३८

पदमावत मे रतनसेन के शिकार को जाने का उल्लेख एवं शतरज के खेल का वर्णन ये सब मनोरजन के साधनो के अन्तर्गत आते हैं। इस प्रकार अपभ्रंश एव हिन्दी प्रेमाख्यानको की सास्कृतिक पृष्ठभूमि, कथा-विन्यास, चरित्र, कथोद्देश्य, वस्तुवर्णन और मोटिफ आदि के तुलनात्मक अध्ययन के वाद हम कह सकते है कि हिन्दी प्रेमाख्यानको का शिल्प अपभ्रंश कथाकाव्यो के शिल्प का ही ऐतिहासिक विकास है।

●

अध्याय ७

उपसंहार

अपभ्रंश और हिन्दी के प्रेमाख्यानको के इस अध्ययन से जो निष्कर्ष निकले और जो उपलब्धियाँ हुई उन्हे संक्षेप मे क्रमिक रूप से इस प्रकार रखा जा सकता है .

१. हिन्दी प्रेमाख्यानक अपनी सम्पूर्ण आत्मा और कलेवरगत विशिष्टताओ के कारण हमारे साहित्य की एक वहुत बड़ी उपलब्धि है। इस काव्यरूप के भीतर प्राचीन और नवीन अनेक प्रकार के तत्त्वो का मिश्रण हुआ है। यह मिश्रण इस काव्यरूप को पुराने काव्यरूपो के जोड़-तोड़ से वना एक अलग काव्यरूप ही नही वनाता वल्कि इस मिश्रण की रासायनिक प्रक्रिया ने हिन्दी प्रेमाख्यानक के रूप मे एक ऐसी विधा (फार्म) को जन्म दिया जो किंचित् पुराने उपादानों को स्वीकार करते हुए भी नई लोकात्मक भाव-भूमियो का स्पर्श करने वाली बिल्कुल विलक्षण शिल्पभंगिमा वाली वस्तु बन गई।

यह काव्यरूप हिन्दी मे पूर्ण विकास को प्राप्त हुआ, किन्तु इसका बीजबिन्दु-वपन और अंकुरोद्भव अपभ्रंश साहित्य मे हो चुका था। ऐसा स्वाभाविक भी है। क्योंकि अपभ्रश न केवल हिन्दी की जननी भाषा है वल्कि लोकभाषा के रूप मे हिन्दी का आगे चलकर जो विकास हुआ, उसकी पूर्ववर्ती पीठिका भी यही तैयार हुई। अनेकानेक विद्वानो ने अपभ्रश को जो लोकभाषा कहा है, उसके पीछे यही मन्तव्य छिपा हुआ है। अपभ्रश प्राकृत, पालि और संस्कृत की तुलना मे कही अधिक लोकजीवनसम्पृक्त भाषा रही। परिणामत न केवल उसके भाषिक कलेवर मे वल्कि वस्तुगत आत्मा और शैली-शिल्प आदि के भीतर भी लोकतत्त्वो का प्रचुर समन्वय हुआ। हेमचन्द्राचार्य जब अपभ्रंश के वैयाकरणिक नियमों का आख्यान करते

हुए 'लोकतोऽवगन्तव्या, :कहते है, तो वे प्रकारान्तर से इसी बात की पुष्टि करते हैं।

अपभ्रंश का पूरा कथा-साहित्य, विशेषकर प्रेमाश्रित कथा-साहित्य इसी लोकमानस की देन है। हिन्दी के प्रेमाख्यानको की पृष्ठभूमि के रूप मे इसका अध्ययन प्रेमाख्यानको के अध्ययन की अनेकानेक समस्याओ के समाधान मे सहायक हो सकता है। इस अध्ययन ने निम्न तत्त्वो के आधार पर इस मान्यता की साधार पुष्टि की है

२. संस्कृत मे कथा-आख्यायिका का बृहत् साहित्य उपलब्ध है। कादम्बरी, दशकुमारचरित, बृहद्कथा तथा हर्षचरित आदि को कौन नकार सकता है। इन कथाओ मे रोमांस, प्रेम के नाना पक्षो तथा जन्म-जन्मान्तर की अनेक घाटियो मे भटकती आत्माओ के मिलन का चटक रगीन और धूमिल उदास करने वाला बहुविध वर्णन सर्वत्र मिलेगा। सस्कृत के आलकारिको ने इन कथा-आख्यायिकाओ को आधार बनाकर इनके लक्षण-निरूपण का भी बहुत ही महत्त्वपूर्ण कार्य किया है, किन्तु क्या रुद्रट, भामह, मम्मट, विश्वनाथ आदि द्वारा निरूपित लक्षण सस्कृत के कथा-साहित्य मे यथावत् मिल जाते हैं? ऐसा प्रतीत होता है कि ज्यो-ज्यो कालसरिता बढ़ती गयी और ज्यो-ज्यो उसके प्रवाह मे नये-नये तत्त्व और उपादान बहकर आते गये त्यो-त्यो आचार्यों के लक्षणनिरूपण भी बदलते गये। अपभ्रंश कथाओ मे ऐसे अनेकानेक उपादान दिखाई पड़ते हैं जो सस्कृत कथा-साहित्य मे दुर्लभ हैं, इसीलिए इन आचार्यों को कथाकाव्य के लक्षणो के निरूपण मे अनेक ऐसी बातो का समावेश करना पडा जो सस्कृतेतर लोकभाषा मे गृहीत होने वाले उपादानो को बाँध सकें। हेमचन्द्राचार्य ने तो स्पष्ट ही संस्कृत कथा और सस्कृतभिन्न कथा को विलगाने का प्रयत्न किया। अन्य आचार्यों के लक्षणग्रन्थो मे भी यह विभाजन साकेतिक ही सही वर्तमान अवश्य है।

३ अपभ्रंश कथा मे गृहीत लक्षण आगे चलकर लोकभाषा हिन्दी के प्रेमाख्यानको मे पूरी तरह विकसित और पल्लवित हुए। दूसरे अध्याय के अध्ययन से इस बात की पुरस्सर पुष्टि हो जाती है।

हिन्दी मे प्रेमाख्यानक प्राय· दो प्रकार के लिखे गये एक सूफी कवियो की मसनवी पद्धति पर आधारित, दूसरे शुद्ध भारतीय पद्धति के। इन दोनो प्रकार के प्रेमाख्यानको का शैलीशिल्प बहुत साम्य रखता है। ऊपर-ऊपर से देखने पर सूफी प्रेमाख्यान दोहे-चौपाई मे लिखे गये, उनमे छन्दवैविध्य कम है, लोग उनकी रचना के पीछे मसनवी शैली का प्रभाव भी देखते हैं, पर मगलाचरण, गुरुवन्दना, कविवंशपरिचय, प्रेम की विभिन्न अवस्थाएं, वस्तुचित्रण, नगर, भवन, चित्रकशाला, अश्व, रथ तथा युद्ध के दूसरे उपादान, सरोवर, बाग-बगीचे के वर्णनो के अलावा कथाभिप्रायो की दृष्टि से भी ये कथाकाव्य अपभ्रंश कथाओ का अनुसरण करते हुए दिखाई पड़ते हैं। शुद्ध हिन्दू प्रेमाख्यानको में तो यह प्रभाव पर्याप्त स्पष्ट और घनिष्ठ रूप से परिलक्षित होता ही है।

४. प्रतीकयोजना सूफी काव्यो की एकदम नई वस्तु मानी जाती है और उस पर अनेकानेक विद्वानो ने बहुत विस्तार से विचार भी किया है, किन्तु क्या प्रतीकविद्या अभारतीय है? प्रतीक भारतीय दर्शन, धर्म और शास्त्रो के बहुपरिचित तत्त्व हैं जिनका उपयोग हमारे देश मे ऋग्वेद से लेकर आज तक अनेकानेक रूपो मे होता रहा है। यह सही है कि दार्शनिक प्रतीको को काव्य का अनिवार्य उपादान बनाने की कोशिश नही की गई। किन्तु क्या बाणभट्ट की कादम्बरी का अक्षोदसरोवर प्रेमह्रद का प्रतीक नही है? क्या कादम्बरी स्वय मासल वासनामूलक प्रेम का और महाश्वेता तप.पूत चिन्मय प्रेमतत्त्व का प्रतीक नहीं है? डा० वासुदेवशरण अग्रवाल ने 'कादम्बरी एक सास्कृतिक अध्ययन' मे इस तरह के प्रतीको पर विस्तृत विचार किया है। यह सही है कि संस्कृत साहित्य मे प्रतीकात्मकता लाने का सचेष्ट प्रयत्न कम हुआ। अपभ्रंश में और भक्ति आन्दोलन से प्रभावित हिन्दी साहित्य मे इस प्रकार का प्रचुर प्रयत्न हुआ है। अपभ्रंश मे तो 'मयणपराजयचरिउ' जैसे काव्य नितान्त प्रतीकात्मक है। अत. सूफी कथाकाव्यो की प्रतीक पद्धति को भी अपभ्रंश कथाकाव्यो की प्रतीक पद्धति मे सीधे जोड़ा जा सकता है।

५. अपभ्रंश प्रेमाख्यानको की सीमा मे कई तरह के काव्यरूपो मे लिखे

काव्य समाहित हो जाते हैं। चरित्र, रास, विलास, पुराण आदि वस्तुत वाह्य कलेवर की विशिष्टताओ को सूचित करने वाले नाम हैं, इनकी आत्मा मे वे ही शैलीशिल्प के तत्त्व घुले-मिले हैं जो अपभ्रंश की प्रेमकथाओ या हिन्दी प्रेमाख्यानको मे मिलते हैं। यही पर विस्तार से संस्कृत से अपभ्रंश कथाओ को बिलगाने वाले उपादानों का विश्लेषण भी किया गया है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि ये तत्त्व संस्कृत कथाओ से कितने अलग और हिन्दी प्रेमाख्यानको से कितने निकट हैं।

६ अपभ्रंश और हिन्दी प्रेमाख्यानको का पूरा वस्तुविवेचन इस दृष्टि से किया यया है कि वह अपने भीतर के सभी शिल्पगत रहस्यो को उद्घाटित कर सके। कथाओ का साराश इसी उद्देश्य की पूर्ति करता है ताकि हम उसमे से कथाशिल्प के सभी तत्त्व, वर्णनपद्धतियाँ आदि छाँट सकें।

७. अन्त मे इन सभी उपादानो का सम्यक् अध्ययन करके यह दिखाने का प्रयत्न किया गया है कि हिन्दी के प्रेमाख्यान वस्तुत अपभ्रश कथाकाव्यो मे स्वीकृत पद्धति को पूरी तरह स्वीकार करके चलते हैं। जहा कुछ भिन्नता है वहाँ विकास के कारण आई है, भिन्नता लाने के लिए नही।

इस दृष्टि से इस प्रबन्ध मे अपभ्रश और हिन्दी प्रेमाख्यानको की पृष्ठभूमि मे विद्यमान सामाजिक, सास्कृतिक स्थितियो का साम्य दिखाते हुए इस वात को स्पष्ट किया गया है कि कथाविन्यास (पुरविन्यास से तुलना करते हुए), चरित, कथोद्देश्य, वस्तुवर्णन, कथाभिप्राय (मोटिफ), निजधरी तत्त्व, मंगलाचरण, सर्गनिबन्ध, ऋतुवर्णन, छन्दप्रयोग तथा कथा को भराव देने वाले जीवन के विभिन्न तत्त्व, खेल-क्रीडा, मनोरजन आदि सास्कृतिक मनबहलाव के साधनो के वर्णन मे दोनो के भीतर कितनो समानता है।

इस तरह से यह प्रबंध अपभ्रंश और हिन्दी प्रेमाख्यानको के बीच की शृखला के नियोजन का कार्य तो करता ही है, दोनो के बीच

की समानधर्मा प्रवृत्तियो के उद्‌घाटन द्वारा हिन्दी की इस महत्त्वपूर्ण काव्यविद्या के अध्ययन के कुछ नये क्षितिज भी उद्‌घाटित करता है।

शैली और शिल्प को व्यापक अर्थ मे प्रस्तुत करते हुए वस्तुत इस प्रबंध के द्वारा लोकभाषा के पूर्व और पश्चात् कालावधि के बीच के अन्तराल को दूर करना ही इस प्रबध का मुख्य उद्‌देश्य रहा है।

●

सहायक ग्रन्थ-सूची

हिन्दी प्रेमाख्यानको की सूची प्रबन्ध के प्रथम अध्याय के अन्त मे संलग्न है। अतः उन्हें इस सूची मे उल्लिखित नही किया है।

हिन्दी-ग्रन्थ

अपभ्रंश-साहित्य : प्रो० हरिवंश कोछड़, भारतीय साहित्य मदिर, दिल्ली, वि० स० १०१३

अपभ्रंश भाषा का अध्ययन . डा० वीरेन्द्र श्रीवास्तव.

अर्द्धकथानक · बनारसीदास, सपा०—नाथूराम प्रेमी, १९५७.

आदिपुराण . आचार्य जिनसेन, भारतीय ज्ञानपीठ, काशी, १९६३

आदिपुराण मे प्रतिपादित भारत : डा० नेमिचन्द्र शास्त्री, वर्णी ग्रन्थ-माला, काशी.

आधुनिक हिन्दी काव्य मे छन्द-योजना डा० पुत्तूलाल शुक्ल.

इतिहास-प्रवेश जयचन्द्र विद्यालकार, सरस्वती प्रकाशन मदिर, इलाहाबाद, १९४१

कविप्रिया आचार्य केशवदास.

कबीर-ग्रन्थावली · संपा०—श्यामसुन्दरदास, १९२८

कहानी जैनेन्द्रकुमार

कादम्बरी—एक सांस्कृतिक अध्ययन डा० वासुदेवशरण अग्रवाल

काव्य के रूप गुलाबराय

काव्यो मे शैली और कौशल · पं० परशुराम चतुर्वेदी

घनानन्द (सुजानहित) · आचार्य विश्वनाथप्रसाद मिश्र

चन्दवरदायी और उनका काव्य

चन्दायन · मुल्ला दाऊद, संपा०—डा० परमेश्वरीलाल गुप्त

चिन्तामणि (प्रथम भाग) . आचार्य रामचन्द्र शुक्ल.

चित्ररेखा . जायसी, संपा०–डा० शिवसहाय पाठक

चित्रावली उसमान, सपा०–जगमोहन वर्मा, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी.

छन्द पयोनिधि भाषा हरदेवदास.
छिताई-वार्ता संपा०–माताप्रसाद गुप्त, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, वि० सं० २०१५.
जायसी-ग्रन्थावली : सपा०–आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, १९२४.
ढोला-मारू रा दोहा · रामसिंह, सूर्यकिरण पारीक आदि, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, १९३४.
तसव्वुफ अथवा सूफीमत · चन्द्रवली पाण्डेय.
दामोचरित संपा०–नर्मदेश्वर चतुर्वेदी, परिमल प्रकाशन, प्रयाग.
पदमावत जायसी, सपा०–वासुदेवशरण अग्रवाल, साहित्य-सदन, झाँसी.
पृथ्वीराज रासो सपा०–कृष्णशंकर शुक्ल, साहित्य-निकेतन, कानपुर
प्राचीन भारत मे नगर तथा नगरजीवन · डा० उदयनारायण राय.
प्राचीन काव्यो की रूपपरम्परा : अगरचन्द नाहटा
पुराणो की अमर कहानियाँ · रामप्रताप त्रिपाठी.
ब्रज लोकसाहित्य का अध्ययन · डा० सत्येन्द्र
भारतीय प्रेमाख्यान काव्य · डा० हरिकान्त श्रीवास्तव.
भारतीय सस्कृति मे जैनधर्म का योगदान डा० हीरालाल जैन.
मधुमालती . मंझन, सपा०–डा० माताप्रसाद गुप्त, मित्र प्रकाशन, इलाहाबाद, १९६१
मधुमालती मझन, संपा०—शिवगोपाल मिश्र, हिन्दी-प्रचारक, वाराणसी, १९५७
मधुमालती वार्ता चतुर्भुजदास, सपा०—डा० माताप्रसाद गुप्त
मध्यकालीन धर्मसाधना डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी.
मध्ययुगीन हिन्दी साहित्य का लोकतात्विक अध्ययन · डा० सत्येन्द्र.
मृगावती कुतवन, सपा०—डा० शिवगोपाल मिश्र, हिन्दीसाहित्य सम्मेलन प्रयाग.
यशस्तिलक का सास्कृतिक अध्ययन डा० गोकुलचन्द्र जैन, पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध सस्थान, वाराणसी.
रसरतन पुहकर, सपा०—डा० शिवप्रसाद सिंह, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी.

राजस्थानी भाषा और साहित्य मोतीलाल मेनारिया.

रूपमंजरी · नंददास, सपा०—ब्रजेश्वर वर्मा.

लखमसेन-पदमावतीकथा सपा०—नर्मदेश्वर चतुर्वेदी, परिमल प्रकाशन, प्रयाग, १९५९.

लोकसाहित्य की भूमिका सत्यव्रत अवस्थी.

वीरकाव्य · डा० उदयनारायण तिवारी

शैली . प० करुणापति त्रिपाठी

शैली और कौशल प० सीताराम चतुर्वेदी

सस्कृत साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास डा सत्यनारायण पाण्डेय.

सस्कृत साहित्य का इतिहास श्री ए० वी० कीथ [हिन्दी अनुवाद]

साहित्य का मर्म डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी.

सूफीमत—साधना और साहित्य डा० रामपूजन तिवारी

सूरपूर्व ब्रजभाषा और उसका साहित्य डा० शिवप्रसाद सिंह, हिन्दी-प्रचारक, वाराणसी.

हरिभद्र के प्राकृत साहित्य का आलोचनात्मक परिशीलन · डा० नेमि-चन्द्र, शास्त्री

हर्षचरित—एक सास्कृतिक अध्ययन डा० वासुदेवशरण अग्रवाल

हिन्दी काव्यधारा : राहुल साकृत्यायन, १९५४

हिन्दी काव्य मे प्रतीकवाद का विकास डा० वीरेन्द्र सिंह

हिन्दी काव्यरूपो का अध्ययन : डा० रामबाबू शर्मा

हिन्दी काव्यशास्त्र का इतिहास डा० भगीरथ मिश्र

हिन्दी के विकास मे अपभ्रश का योगदान डा० नामवर सिंह

हिन्दी नाटक—उद्भव और विकास डा० दशरथ ओझा

हिन्दी महाकाव्यो का स्वरूप और विकास डा० शम्भूनाथ सिंह

हिन्दी साहित्य डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी, वि० सं० २००९

हिन्दी साहित्य का अतीत : आचार्य विश्वनाथप्रसाद मिश्र

हिन्दी साहित्य का आदिकाल . डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी.

हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास · डा० रामकुमार वर्मा

हिन्दी साहित्य का इतिहास आचार्य रामचन्द्र शुक्ल.

हिन्दी सूफी कवि और काव्य डा० सरला शुक्ल, वि० स० २०१३

संस्कृत-ग्रन्थ

अग्निपुराण.
अभिधानचिन्तामणि
अमरकोश : अमरसिंह.
उत्तररामचरित . भवभूति, चौखम्भा संस्कृत सिरीज, वाराणसी.
ऋग्वेद : संपा०—श्रीराम शर्मा.
ऐतरेयब्राह्मण
कामसूत्र : वात्स्यायन
काव्यप्रकाश आचार्य मम्मट.
काव्यादर्श : दण्डी, भाडारकर ओरियटल इस्टीट्यूट, पूना, १९३८.
काव्यानुशासन : हेमचन्द्र, भाग १, महावीर जैन विद्यालय, बबई, १९३८
काव्यालंकार · रुद्रट.
काव्यालंकार भामह, चौखंभा संस्कृत सिरीज, १९२८
केनोपनिषत्
तैत्तिरीयब्राह्मण.
तैत्तिरीयोपनिषत्.
तैत्तिरीयसंहिता
ध्वन्यालोक : आनन्दवर्द्धनाचार्य.
नाट्यदर्पण . ओरियण्टल इन्स्टीट्यूट, बड़ौदा, १९२१
नाट्यशास्त्र · भरत मुनि, बड़ौदा, १९२६.
पाणिनीयशिक्षा.
पिंगलच्छन्द सूत्रम् : पिंगल नागमुनि.
वृहत्कथाकोश
ब्रह्मपुराण.
मानसार.
रघुवंश · कालिदास
रत्नावली नाटिका : श्रीहर्ष
वक्रोक्तिजीवित : भामह
वर्णरत्नाकर : संपा०—सुनीतिकुमार चटर्जी.
वाचस्पत्य कोश : तारानाथ
वायुपुराण.

वैदिक इण्डेक्स, भाग १
शतपथब्राह्मण
श्वेताश्वतरोपनिषत्
श्रीमद्भागवत . गीताप्रेस, गोरखपुर
सरस्वतीकण्ठाभरण भोजराज
साहित्य-दर्पण : आचार्य विश्वनाथ, चौखम्भा सस्कृत सिरीज, वाराणसी.
हर्षचरित . बाण, निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१८

अपभ्रंश-प्राकृत-ग्रन्थ

करकंडचरिउ . मुनि कनकामर, सपा०—डा० हीरालाल जैन, प्रथम संस्करण, जैन सिरीज, कारंजा, १९३४, द्वितीय संस्करण, भारतीय ज्ञानपीठ, काशी, १९६४

कामकन्दलाख्यान आनन्दधर, संपा०—एम० आर० मजूमदार

कीर्तिलता और अवहट्टभाषा डा० शिवप्रसाद सिंह, हिन्दी-प्रचारक, वाराणसी.

कुवलयमाला उद्योतनसूरि, सपा०—डा० ए० एन० उपाध्ये, सिंघी जैन ग्रन्थमाला, भारतीय विद्याभवन, बम्बई, वि० सं० २०१५

गोम्मटसार आचार्य नेमिचन्द्र, रायचन्द्र शास्त्रमाला, बम्बई, १९२७-२८

जम्बूसामिचरिउ वीर कवि, सपा०—डा० वी० पी० जैन, भारतीय ज्ञानपीठ, काशी, १९६७.

जसहरचरिउ . पुष्पदन्त, सपा०—पी० एल० वैद्य, जैन सिरीज, कारंजा, १९३१.

दशवैकालिक-सूत्र . हरिभद्र-वृत्ति, मनसुखलाल महावीर प्रिंटिंग वर्क्स, बम्बई

धूर्ताख्यान . हरिभद्रसूरि, संपा०—डा० ए० एन० उपाध्ये, सिंघी जैन ग्रन्थमाला, बम्बई, १९४४.

णायकुमारचरिउ · पुष्पदन्त, सपा०—डा० हीरालाल जैन, जैन सिरीज, कारजा, १९३३.

पउमचरिउ : स्वयभू, संपा०—डा० एच० सी० भायाणी, भारतीय विद्याभवन, बम्बई

पउमसिरिचरिउ : धाहिल, सपा०—डा० एच० सी० भायाणी, भारतीय विद्याभवन, बम्बई, वि० स० २००५.

भविसयत्तकहा : धनपाल धक्कड़, संपा०—सी० डी० दलाल, गायकवाड ओरियण्टल सिरीज, वडौदा, १९२३

मयणपराजयचरिउ हरिदेव, संपा०—डा० हीरालाल जैन, भारतीय ज्ञानपीठ, काशी, १९६२.

माधवानल-कामकन्दला : कुशललाभ, संपा०—एम० आर० मजूमदार, गायकवाड़ ओरियण्टल सिरीज, बड़ौदा

लीलावईकहा . कौतूहल, संपा०—डा० ए० एन० उपाध्ये, सिंघी जैन ग्रन्थमाला, भारतीय विद्याभवन, बम्बई, १९४९

वसुदेवहिण्डी · संघदासगणि, संपा०—मुनि चतुरविजय-पुण्यविजय, जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर

वीसलदेवरासो : संपा०—सत्यजीवन वर्मा, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, वि० स० १९८२; डा० माताप्रसाद गुप्त, हिन्दी परिषद, प्रयाग विश्वविद्यालय; डा० तारकनाथ अग्रवाल, हिन्दी प्रचारक, वाराणसी, १९६२

समराइच्चकहा · हरिभद्रसूरि, संपा०—डा० हर्मन जेकोबी, एशियाटिक सोसाइटी आफ बंगाल, कलकत्ता, १९२६

सिरिपासनाहचरिय गुणचन्द्र, संपा०—आचार्य विजयकुमुदसूरि, अहमदाबाद, १९४५

सिरिसिरिवालकहा · रत्नशेखरसूरि, भावनगर, १९२३

सुअन्धदहमीकहा उदयचन्द्र, संपा०—डा० हीरालाल जैन, भारतीय ज्ञानपीठ, काशी, १९६६

सुपासनाहचरिय : लक्ष्मणगणि, संपा०—हरगोविन्ददास, वाराणसी, वी० सं० २४४५

संदेशरासक · अब्दुर्रहमान, हिन्दी ग्रन्थ-रत्नाकर, बम्बई, १९६०

गुजराती-ग्रन्थ

प्राचीन गुर्जर काव्य-संग्रह : गायकवाड़ ओरियण्टल सिरीज, बड़ौदा, १९१६

अंग्रेजी-ग्रन्थ

ऑन दि वेद्स · श्री अरविन्द, पाण्डिचेरी, १९५६

ऑन दि लिमिट्स ऑफ पोइट्री · एलेन टेट.
आर्ट ऑफ जेम्स जोयस · ए० वाल्टन लित्ज
आर्ट एण्ड रीयलिटी जॉयस केरी
आस्पेक्ट्स ऑफ नॉवेल वी० एम० फोर्सटर
इंगलिश लिटरेचर एण्ड आइडियाज इन दि ट्वेंटियथ सेचुरी डा० एच० वी० रथ.
इनसाइक्लोपीडिया ऑफ दि आर्ट डेगोवर्ट रुन्स एण्ड एच० जी० श्रिकल्स, पीटर ऑन लदन, १९६५
इनसाइक्लोपीडिया ऑफ रिलीजन्स एण्ड इथिक्स जेम्स हेस्टिंग्स
इन्फ्लूएन्स ऑफ इस्लाम
एसेज ऑन लिटरेचर एण्ड आइडियाज जॉन वेन
ओरिजिन एण्ड इवोल्यूशन ऑफ रिलीजन हॉपकिन्स.
क्राफ्ट ऑफ फिक्शन · ल्यूबक.
टाइम एण्ड दि नॉवेल
टू चीयर्स फॉर डेमोक्रेसी : ई० एम० फोर्सटर.
टेकनिक ऑफ नॉवेल : डएविन म्योर.
डिक्शनरी ऑफ वर्ल्ड लिटरेचर टी० शिप्ले
नॉवेलिस्ट ऑन दि नॉवेल
पर्सियन मिस्टिक्स · अत्तार
फॉर्म्स ऑफ मॉडर्न फिक्शन.
मिस्टिक्स ऑफ इस्लाम फनाफिल हक
राइटर्स एट वर्क.
लव अगेंस्ट हेट कालमेनिगर
साइंस ऑफ इमोशन्स डा० भगवानदास
सेक्रेड वुड टी० एस० इलियट
स्टाइल · वाल्टर रेले
स्ट्रक्चर ऑफ नॉवेल कार्ल एच० ग्रेवो.

हिन्दी-पत्रिकाएँ

अनेकान्त, दिल्ली
अवन्तिका
नागरी प्रचारिणी पत्रिका, काशी.
परिषद्-पत्रिका, पटना.

परिशोध, चण्डीगढ
राजस्थान-भारती.
श्रमण, वाराणसी.
हिन्दुस्तानी, इलाहाबाद.

अंग्रेजी-पत्रिकाएँ

इंडियन एण्टीक्वेरी.
जर्नल ऑफ दि ओरियण्टल इन्स्टीट्यूट, वड़ौदा
लन्दन मेगजीन
न्यू इडियन एण्टीक्वेरी
जैन एण्टीक्वेरी
जर्नल ऑफ दि रॉयल एशियाटिक सोसाइटी, लंदन.

अनुक्रमणिका

शब्द	पृष्ठ	शब्द	पृष्ठ
अजमेर	३४	आख्यानक	२७
अजितनाग	२३४	आख्यायिका	११
अद्दहमाण	२७२	आनन्दधर	४१
अधर	१६१	आनासागर	३४
अनिरुद्ध	५०	आलम	४२
अनुराग-बासुरी	१८५	आलीसर	३४
अपभ्रंश-कथाकाव्य	१९५	इन्द्र	३८
	२६७	इन्द्रावती	१८३
अभयमति	२३४	ईश्वरदास	३८
अभयरुचि	२३४	उज्जैन	४०
अभिप्राय	१२६	उडीसा	३४
	३०८	उदधिदत्त	२३०
अमरावती	३९	उदयचन्द	२५८
अमृतमती	२३४	उपकथा	२२२
अरब	२६९	उपन्यास	१९६
अरिदमन	२४०	उपन्यासिका	१९६
अरिमर्दन	२०५	उपाख्यान	२२२
अर्थकथा	२१६	उल्लापकथा	२२१
अर्धकथानक	३४३	उषा-अनिरुद्ध	९१
अलाउद्दीन	५०,	उसमान	८८
	८१, १७२	ऊमर सूमरा	३२
अलिफ	१७६	ऋतुवन	३८
अशोकदत्त	२२९	ऋतु-वर्णन	३२२
अश्व	१४८	ऐन	१७७
अश्व-वर्णन	३०१	कवलावती	८९, १८०
आकार	२७८	कठभूषण छद	३३६
आकृति	९७	कडवक	३३१
आख्यान	१२, २८, २२२	कडवकवद्ध	३३१

शब्द	पृष्ठ
कणयापुर	२०४
कत्था	१७६
कथा	९, १०, ११७, १९५, २२२
कथा-अभिप्राय	१२६, ३०८
कथा-आख्यायिका	१४, १९८
कथाकाव्य	१९६
कथानक	११०
कथानक-रूढि	१२८, ३०९
कथानिका	११
कथा-विन्यास	२७५
कथासरित्सागर	२१५
कथा-साहित्य	१९६
कथोद्देश्य	२८३
कनकपुर	६३
कनकप्रभ	२५९
कनकमाला	२५९
कनकहाट	१४४
कनकामर	२५१
कनकावली	३७
कनैगिरिगढ	८६
कन्नौज	८३
कपूरधारा	३८
कमलश्री	२३१
कमलावती	५६
करकडु	२५२
करकडुचरिउ	२५१, ३१४
कर्ण	४४
कल्पलता	६१
कल्याणसिंह	८३
कविसमय	१२६
कहानी	१९६
कातिमती	२३०
कादम्बरी	६, ७
काफ	१७७
कामकथा	२१६
कामकन्दला	३९
कामकन्दलाचउपई	४१
कामप्रबन्ध	४३
कामसेन	३९
कामिनीमोहन छद	३३५
काव्य	११०, १११
काव्यरूप	११५
काशी	५५, ८४
कासिमशाह	१८३
किशोर	१५८
कीर्तिमती	२३०
कुडलिनी	१७२
कुडालदेश	३४
कुतुवन	७४
कुन्दनपुर	४८
कुमारपालरास	२०६
कुवलयावलि	२२७
कुशललाभ	४१
कृष्ण	४८
कृष्णराज	२३७
केलिप्रिय	२३०
केश	१५८
केशव	३५
कोऊहल	२२६
कौतूहल	२२६
कौशल	९७
खडकथा	११,२२१,२२२
खे	१७६

शब्द	पृष्ठ
स्याल	१९५
गन्दर्भसेन	७९
गढसामोर	३६
गणपति	३९
गणिकासुन्दरी	२३९
गत्याख्यान	२१०
गद्यकाव्य	११
गुप्तकाल	२६७
गैन	१७७
गोपुर	२७८
गोरखपुर	१८२
गोरा-बादल	८२
गोवर महर	६८
घन्टा	३३२
घोडा	१४७
चन्द्रावती	३८
चक्रवर्ती	२०८
चच्चरि	३४२
चतुर्भुजदास	४३
चन्दायन	६७,१२८,२७५
चन्द्र	१७०
चन्द्रपुर	८३
चन्द्रप्रभा	६३
चन्द्रभानु	८३
चन्द्रमती	२३४
चन्द्रमा	१७०
चन्द्रमारी	२३६
चन्द्रसेन	३८,४३
चन्द्रोदय	३८
चम्पावती	५६,७९
चरित	९,११८,१९५
चरितकाव्य	१०

शब्द	पृष्ठ
चरित्र	२८१
चर्चरी	३४२
चाचरि	३४२
चाँद	६८,१७१
चाचरि	३४२
चिंतामणि	५५
चित्तौड	३४,८२,१७२
चित्ररेखा	८२,८३,१३०
चित्रविश्रामपुर	८७
चित्रशाला	१४५
चित्रशाला-वर्णन	२९७
चित्रशिल्प	५०
चित्रसारी	१४५
चित्रसेन	८७
चित्रागद	२२७
चित्रावली	८८,८९,१८०
चूना	१७६
चैनरेखा	४४
चौपाई	३३२
चौमासा	३२२
छद	३२८
छडुणिया	३३२
छिनाई	५०
छिताईवार्ता	५०,१३५
जम्बूसामिचरिउ	२४४,३१३
जम्बूस्वामी	२४४,२४७
जयन्धर	२३७
जयवर्मा	२३९
जयविलास	२०६
जयावती	२३९
जलक्रीडा	२९३
जलचर	१४२

शब्द	पृष्ठ
जल्ह	४२
जसवई	२३५
जसहरचरिउ	२३३,३११
जायसी	८२
जालन्धर	२४०
जितशत्रु	२२९
जिनदत्त	२५९
जिनदत्ता	२५९
जीम	१७६
जैसलमेर	३४
जोय	१७७
टंडक	३४
टे	१७६
ढग	९७
ढोला	३१
ढोला-मारू रा दोहा	३१
णायकुमारचरिउ	२३७,३१२
तकनीक	९७
तपदानकथा	२१०
तरुणी	१५८
तारनसाह	४३
ताराचन्द	८८
तालारासु	२०१
तिथि-दोहद	३१६
तिलकमती	२५९
तीर्थंकर	२०८
तीर्थास्थान	२१०
तुकवन्दी	३३६
तै	१७६
तेजमती	२५९
तोड़ा	३४

शब्द	पृष्ठ
त्रिभुवनरति	२४०
त्रिलोचना	२०५
थूलिभद्दफागु	३२७
दतकथा	१२२
दण्डरासक	२०१
दण्डी	८
दर्पण	१७५
दशकुमारचरित	८
दाऊद	६७
दामो	३६
दामोदर	४१
दूर्वाकिन	२३९
देवकी	४९
देवगिरि	५०
देवपाल	८२
देशाख्यान	२०९
दोहद	३१५
द्वारिका	४९
द्वीप-वर्णन	२८६
धनदत्त	२२९
धनपाल	२३०,२३१
धनश्री	२२९
धनसेन	२२९
धनावह	२२९
धरनीधर	८९
धरमपुर	६५
धर्मकथा	१९५,२१६
धर्मघोष	२२९
धाडीवाहन	२५१
धारा	३३
धाहिल	२२९
नददास	४६

शब्द	पृष्ठ
नगर-चित्त	२७८
नगर-वर्णन	१४०,२८६
नन्त्र	२३७
नन्द	२४०
नरवर	३१
नरवाहन	२०४
नल	३१
नलकूवर	२२७
नागकुमार	२३८
नागमती	८०,८२,१७२
नागवसु	२४६
नारायणदास	५०
नाल्ह	३३
निदर्शन	२२२
निर्भयपुर	४६
नीतिकथा	१२
नुसरतखा	५०
नून	१७७
नूरमुहम्मद	१८३
नेपाल	८९
नेमिनाथचउपई	३२५
नेहनगर	१८२
पउमसिरीचरिउ	२२९,३१०
पद्धडिका	३३२
पद	३३१
पद्धडिका	३३२
पद्धडिया	३३२
पद्धडियावद्ध	३३१
पद्धरिछंद	३३२
पदमावत	७८,१३१
पद्मनाथ	२५८
पद्मश्री	२३०
पद्मावती	३६,४४,७८,७९,१७२ २५१
परिकथा	११,२२२
परिहासकथा	२२१
पात्र	२८१
पान	१७६
पारणक	३३३
पिंगल	३१
पिहिताश्रव	२३७
पीपा	५३
पुरभूमि	२७९
पुरविन्यास	२७६
पुराख्यान	२०९
पुराण	९,१९५,२०६,२०९
पुराण-कथा	२०८
पुराण-साहित्य	२११
पुष्प	१४३
पुष्पदंत	२१५,२३३,२३७
पुष्पावती	३९,५६
पुहकर	५४
पूगल	३१
पृथ्वीदेवी	२३७
पृथ्वीराज	४७
पृथ्वीराजरासो	४
प्रतिवासुदेव	२०८
प्रतिष्ठान	२२७
प्रतीक	१५५,१५६,१८८
प्रद्युम्न	५०
प्रबन्धकाव्य	१९६
प्रबोधचन्द्रोदय	१९३
प्रभाकर	६२
प्रयगम छद	३३४

शब्द	पृष्ठ
प्रवल्हिका	२२२
प्राकार	२७८
प्राति	२६१
प्रीतम कुवर	८४
प्रीतम सिंह	८४
प्रेम	२४,१५७
प्रेमकथा	२४
प्रेमकहानी	२४
प्रेमगाथा	२४
प्रेमपयोनिधि	६२
प्रेमा	८७
प्रेमाख्यानक	१६,२४
प्रेमावती	९१
फलाख्यान	२१०
फूलहाट	१४४,३००
फूलारानी	६८
फै	१७७
वधुदत्त	२३१
वदनक	३३३
वनारसीदास	३४३
वरौनी	१५९
वलदेव	२०८
बलराम	४९
वलिकर्मविधान	२७७
वसन्तपुर	२२९
वाग-वन-वर्णन	२९५
वाग-वर्णन	१४०
वाजा	१४९
वाणभट्ट	७
वारहमासा	३२२
वुद्धिरासो	४२
वुद्धिविचित्र	५८
वंदी	३४

शब्द	पृष्ठ
वे	१७६
वेलि कृष्ण-रुक्मिणी री	४७
वृहत्कथा	२२२
वोधा	४२
ब्रह्माण्ड	१७२
भर्तृहरि	५१
भवदत्त	२४५
भवदेव	२४५
भविष्यदत्त	२३१
भविसयत्तकहा	२३०,३१०
भावशैली	१०९
भाषा-काव्य	११४
भीमविलास	२०६
भीषणानन	२२७
भीष्मक	४८
भूपरीक्षा	२७७
भैरवानद	२३३
भोगपुर	१८२
भोज	३३
मगलाचरण	३१९
मज्जन	८६
मकरध्वज	२६१
मणिकुल्या	२२२
मण्डलरासक	२०१
मदनमुदिता	५७
मदनावली	२५३
मदिरा	१६१
मधु	४३,१६२
मधुमालती	८६,९१,१२९
मधुमालतीवार्ता	४३,१३४
मधुमास	३२३

शब्द	पृष्ठ
मनोरमा	३३७
मनोहर	८६
मन्थल्लिका	२२२
मय	१६१
मयणपराजयचरिउ	१९३,२६०
मलयगिरि	२२७
मसनवी	१५३
महाकालेश्वर	४०
महाकाव्य	११
महानुमति	२२७
महापद्म	२४६
महापुराण	२०९
महाव्याल	२३९
महासरनगर	८७
महिपाल	६४
माधव	३९,४९
माधवानल	३९
माधवानलकथा	४१
माधवानल-कामकन्दला	४१
माधवानल-कामकन्दलाकथा	४१
माधवानल-कामकन्दलाप्रबन्ध	३९
माधवानलनाटक	४१
माधवानलभाषा	४२
माधवानलाख्यान	४१
माधवानिल	२२७
मानकवि	२०४
मानगढ	८८
मानसर	१६७
मानसरोवर	१४०,१४२
मान्यखेट	२३७
माखणी	३१
मारिदत्त	२३३

शब्द	पृष्ठ
मालती	४३,८७
मालदेश	३४
माशूक	१५७
मिथक	१८८
मिश्रितकथा	२१६
मीम	१७७
मुजराज	२७४
मुकामात	१६३
मुग्धावती	९१
मूर्तिशिल्प	५०
मृगावती	६२,७४,९१,१३७
मृगेन्द्र	६२
मेघराजप्रधान	६२
मैनरेखा	५२
मैना	७३
मोटिफ	३०८
मोहराजपराजय	१९३
यमक	३३१
यशोधना	२४६
यशोधर	२३४
यशोवन्धु	२३४
यशोर्ह	२३४
युद्धवर्णन	१४९,३०२
युद्धवाद्यवर्णन	३०७
ये	१७७
रभा	५७,२२७
रभावती	५७
रघुराजसिंह जूदेव	६५
रणयात्रा	३०५
रतनसेन	८०,१७२
रति	१५७,२६१
रतिवेगा	२५५

शब्द	पृष्ठ
रसरतन	१४,५४,१३६
राघव	१७२
राघव चेतन	५२,८१
राजमती	३३
राजमार्ग	२७८
राजाख्यान	२१०
राम-कथा	३३९
रामदेव	५०
रायमेहर	३८
रास	१९५,१९९
रासक	१९९
रासो	१२७,१९९
रीति	९७,१०२
रुक्म	४९
रुक्मिणी	४८
रुक्मिणीपरिणय	६५
रूपचन्द	६९
रूपनगर	८९,१८२
रूपमजरी	४६
रूपरेखा	८३
रूपशैली	१०८
लक्ष्मणसेन-पद्मावती	१३३
लखनौती	३७
लखमसेन	३७
लखमसेन–पद्मावतीकथा	३६
लगुडारास	२०१
लट	१५९
लतारासक	२०१
लाम	१७७
लाम-अलिफ	१७७
लीला	१९५
लीलावईकहा	२२६,३०९

शब्द	पृष्ठ
लीलावती	१४,४३,२०५,२२८,२२९
लोककथा	१२,१९७
लोककाव्य-कथा	१९७
लोकगाथा	१९७
लोकाख्यान	२०९
लोरक	६९
वच्छराज	२०५
वज्रदंत	२४६
वथूह छद	३३४
वनमाली	२४६
वराहदत्त	२३०
वर्षाऋतु	३२६
वसन्तऋतु	३२४
वसन्तश्री	२२७
वसुदेव	४९
वस्तु-वर्णन	२८६
वाजिर	६९
वाणासुर	५०
वाणी	१६०
वाद्ययंत्र	१४९,३०७
वार्ता	११,१९५
वाव	१७७
वासव	२३७
वासुदेव	२०८
वास्तुशिल्प	५०
विकथा	२२०
विक्रम	४०
विजयपाल	५६
विजयानन्द	२२८
विदर्भ	४८
विद्युत्प्रभ	२४६
विद्युन्माली	२४५

शब्द	पृष्ठ
विधान	९७
विपुलाशय	२२७
विमलबुद्धि	२३३
विमलशीला	२३०
विरस्पत	७०
विलास	१९५,२०६
विशालनेत्रा	२३७
विषम	९७
वीरकवि	२४५
वीरपाल	३७
वीसलदेव	३४
वीसलदेवरासो	४,३२
वृक्ष	१४३
वृक्ष-दोहद	३१६
वृत्ति	१०२
वृषभदत्त	२२९
वेताल	४०
वेश्यागमन	३४१
वेश्या-हाट	२९९
वैरागर	५५
व्याल	२३९
शंख	२३०
शक्तिकुमार	२०४
शय्या-वर्णन	१४७
शलाका-पुरुष	२०८
शारदश्री	२२८
शिलामेघ	२२८
शिल्प	९४,९७
शिवकुमार	२४६
शिशुपाल	४८
शीलगुप्त	२५६
शीलवती	२३०,२४०

शब्द	पृष्ठ
शृंगारहाट	१४४,३००
शैली	९७,१०८
श्रीधर	२३७,३३९
श्रीपालरास	२०६
श्रीमती	२५८
श्रीवर्मा	२३९
सकीर्णकथा	२२१
सघटना	१०५
सदेशरासक	२७२
सकलकथा	२२१,२२२
सज्जन-दुर्जन-उल्लेख	३२१
सत्कथा	२२०
सत्यवती	३८
सत्यवती की कथा	३८
सदयवत्स-सावलिंगा	३५
सद्धर्मकथा	२२०
सपादलक्ष	३४
समराइच्चकहा	८
समुद्रदत्त	२२९
सरिता-वर्णन	१४०
सरूपा	२३१
सरोवर	१४१
सरोवर-वर्णन	२९०
ससिकला	६३
सहदेवराय	६९
साकी	१५७
सागरगढ	८९
सागरचन्द	२४६
सातवाहन	२२७
सालिवाहन	२०४
सिंघनदेव	८३
सिंहल	८३,१७३

शब्द	पृष्ठ	शब्द	पृष्ठ
सिंहलदेश	२२८	सोमशर्मा	२४५
सिंहलद्वीप	७९	सोमेश्वर	५५
सिद्धनाथ	३६	सोहिल	९०
सुअंधदहमीकहा	२५७	स्थापत्य	९७
सुआ	१७२	स्मरण	३२०
सुगन्धदशमी	२५७	स्वप्नावती	९१
सुगन्धि-बाजार	३००	स्वयभू	२१५
सुजान	८९	स्वर	१६०
सुदत्त	२३४	हसजवाहिर	१८३
सुदर्शन	२५८	हसमित्र	९०
सुधर्म	२४५	हंसराज	३६,२०५
सुन्दरनगर	६३	हसराज-बच्छराज	२०४
सुपारी	१७६	हसाउली	२०४
सुबधुतिलक	२४६	हठयोग	१७३
सुमित्रा	२३२	हयवती	५२
सुरक्षा	२७८	हरदी	७२
सुरति	१५७	हरिदेव	२६०
सुरसुन्दरी	२३९	हरिनारायण	४२
सुरा	१५७	हरिया	३८
सूफी काव्य	१५२	हरिवर्मा	२४०
सूफी प्रेमाख्यानक	१५२	हर्ष	२६८
सूरज	१७१	हर्षचरित	६
सूरजप्रभा	६५	हाट	१४४,२७९
सूरजभान	८६	हाट-वर्णन	२९९
सूरसेन	५७	हाथी	१४८
सूर्य	१७०	हिन्दी प्रेमाख्यानक	२६७
सेनाप्रयाण	३०४	हीरामन	७९
सोरसी	५१	हे	१७६,१७७
सोमशर्म	२४५	ह्वेनसाग	२६८